परहित-साधन जिनका प्रधान व्रत है, जनसेवा ही जिनका धर्म है, अशिक्षितों को विद्यादान करने, दीन दुःखियों और अनाथों की सहायता करने में ही जो अपना जीवन सफल समझते हैं—नहीं, नहीं जो निर्लेपता के साथ अपना जीवन इसी काम के लिए निवेदन कर देते हैं—ऐसे पुण्यश्लोक मनुष्यों में भगिनी निवेदिता अत्यन्त श्रेष्ठ थी। विलायत में जन्म लेकर और केवल आर्य धर्म की तेजस्विता से मोहित होकर इस परम साध्वी ने आमरण ब्रह्मचारिणी रहकर आर्यभूमि के दुःखी और आर्त जनों की जो सेवा की उस पर ध्यान जाते ही मन विस्मय और कौतुक से भर जाता है और सहसा, आपही आप यह आत्माधिक्कारोद्गार मुख से निकल पड़ता है कि हाय! हम आर्यभूमि को, केवल प्रसव-वेदना देनेही के लिए जन्मे और उसकी छाती पर भाररूप होकर खेल रहे हैं! हा! जिस आर्यमाता ने हमें अपने पेट से जन्म दिया है—जो आर्यमाता हमारा सब प्रकार से लालन पालन करती है उसके प्रति हमारी ऐसी अभव्य कृतघ्नता!!

अस्तु। जब हम भगिनी निवेदिता के पिता के चरित्र पर विचार करते हैं तब हमें मालूम होता है कि एक साधु ने जो यह कहा है कि "शुद्ध बीज के पेट में रसाल और सुन्दर फल रहते हैं" सो बिलकुल ठीक है। इसी न्याय के अनुसार योग्य पिता से इस योग्य कन्या का निपजना स्वाभाविक ही है। भगिनी निवेदिता के पिता धर्मोपदेशक और सुवक्ता तथा सुशिक्षित थे। परन्तु अपनी भौतिक उन्नति की ओर बिलकुल ध्यान न देते हुए उन्होंने मिचेस्टर के दीन दुर्बल लोगों की सेवा करने के लिए अपना जीवन दे दिया था। ऐसे परोपकाररत की यह परोपकारी कन्या २८ अक्टूबर सन १८६७ में उत्पन्न हुई। बाल्यपन में भगिनी निवेदिता का नाम मिस मार्गरेट ई नोबल था। लड़कपन से ही इनकी धर्म की ओर प्रवृत्ति थी। इनके पिता का एक मित्र हमारे भारतवर्ष में धर्मोपदेशक था। वह एक दिन उनके पिता से मिलने के लिए गया। कन्या मार्गरेट की धर्मलालसा देखकर वह बड़ा चकित हुआ। उसने उस होनहार कन्या को आशीर्वाद देकर कहा कि आगे कभी न कभी इस सुलक्षण कन्या पर भारतसम्बन्धी कर्तव्य की जवाबदारी आ पड़ेगी। और यह योगायोग तो देखिये कि सचमुच ही उसकी भविष्यवाणी सत्य निकली! मार्गरेट के पिता भी अपनी सद्गुणी कन्या के भावी जीवन की उज्ज्वलता पहले ही से समझ चुके थे। अतएव मृत्यु के समय उन्होंने अपनी पत्नी से यह कहा था कि, "यह कन्या कभी कोई बड़े महत्व का कार्य करने के लिए जायगी, उस समय तुम इसके कार्य में विघ्न न डालना।"

मार्गरेट की शिक्षा अच्छी तरह हुई थी। आगे चलकर शिक्षणशास्त्र ही उनका प्यारा विषय हो गया। उस समय लंडन शहर में उक्त विषय में उनकी बराबरी करनेवाले बहुत कम थे। यही नहीं, बल्कि लंडन की शिक्षा-विषयक हलचल थोड़े ही दिनों में इन्हीं पर आ रही। विशेषतः उन्होंने, छोटे छोटे बच्चों को सरल और मनोरंजक रीति से शिक्षा देने पर विचार किया और इस विषय का निश्चय करने में उन्होंने अपना अपूर्व बुद्धिसामर्थ्य दिखलाया; पर उनके उस उत्तम ज्ञान का फल लंडन शहर को नहीं मिलना था। उनके ज्ञानसूर्य के किरणों का प्रकाश लंडन शहर पर अच्छी तरह पड़ने न पाया था कि आर्यमाता की पुकार उनके कानों में पड़ी। सारे संसार की धर्मपरिषद होने के बाद अमेरिका में दो वर्ष तक आर्यधर्म का प्रचार करके श्रीमत् स्वामी विवेकानन्द सन् १८७५ ई० में लंडन को पधारे। वेदान्तधर्म के समान महत्वपूर्ण और मनोरम विषय और विवेकानन्द के समान तेजस्वी, दिव्य और वक्तृत्वपूर्ण वाणी! फिर क्या कहना!! लंडन नगर में धूम मच गई। उस समय अनेक लोग स्वामीजी के शिष्य बन गये। उन्हींमें हमारी चरित्रनायिका मिस मार्गरेट भी थीं। आर्यभूमि और आर्यधर्म पर उनकी निरपेक्ष और निस्सीम भक्ति देखकर स्वामी विवेकानन्दजी ने भारतवर्षीय स्त्रियों की शिक्षा और अनाथसेवा का कार्य उन्हें सौंप दिया, और उन्होंने भी अपने गुरु की आज्ञा शिरोधार्य की। उनकी माता को कन्यावियोग से अत्यन्त दुःख हुआ, पर अपने पति की अन्तिम आज्ञा ध्यान में लाकर उसने भी अपनी कन्या को प्रेमपूर्वक लोकसेवा के लिए विदा किया। उस दिन से अपनी कन्या की भक्तिदात्री आर्यभूमि पर उसे भी प्रेम हो गया। विलायत गये हुए भारतीय जनों के लिए 'विम्बलडन' का उसका घर बहुधा स्वगृह का सा अनुभव दे रहा था।

भगिनी निवेदिता।

मिस मार्गरेट जनवरी सन् १८९८ में पहले पहल कलकत्ते आईं। पर उस समय उनके स्वीकृत कार्य का प्रबन्ध ठीक ठीक नहीं जमा। उसी वर्ष के मई महीने से लेकर अक्टूबर तक उन्होंने स्वामीजी के साथ वायव्य-प्रान्त, कमाऊं, काश्मीर, इत्यादि प्रदेशों में भ्रमण किया। इसके बाद जून १८९९ में वे गुरु के साथ स्वदेश लौट गईं। १९०२ तक वहीं रहीं। बाद को फिर अपना निश्चित कार्य हाथ में लेने के लिए अपनी मानी हुई मातृभूमि में लौट आईं।

कलकत्ते आने पर आर्य स्त्रियों की दुर्दशा देखकर उनका चित्त बहुत व्याकुल हुआ। इसलिए उन स्त्रियों में शिक्षा का प्रचार करने का व्रत उन्होंने धारण किया। केवल वक्तृत्व के मीठे फौवारे छोड़कर, वादविवाद मचाकर, अथवा सिर्फ पत्रों में निबन्ध लिखकर ही वे चुप नहीं रहीं—किन्तु उन्होंने पहले यह निश्चय किया कि जिनके लिए हमें उद्योग करना है उन्हींके समान प्रथम हमें बनना चाहिए, उन्हींमें से एक होकर हमें प्रयत्न करना चाहिए। अपनी सुख-सम्पत्ति का त्याग करके आर्य ब्रह्मचारिणी का कठोर-संयमी रहनी के लिए ले और भी कठोर—जीवनक्रम उन्होंने शुरू किया। उन्होंने कलकत्ते के उत्तर भाग में बसुपाड़ा लेन में एक मकान किराये पर ले लिया, और वहीं वे आर्य-स्त्रियों के सिखलाने करने का प्रयत्न करने लगीं। पहले पहल उन्हें जो क्लेश हुआ उसका वर्णन नहीं किया जाता! उन्हें घर के बरतन माँजने के लिए कोई नौकरानी भी नहीं मिलती थी! पहले पहल कुछ दिनों तक उन्हें भोजन पकाने का मौका ही·

नेपाल के मुख्य प्रधान चन्द्र समशेर बहादुर और सम्राट् की भेंट।

नेपाली जंगल का बाघ सम्राट् के हाथी पर आक्रमण करने को आ रहा है।

हाजी मुहम्मद इस्माइलखाँ, अलीगढ़। आपको दिल्ली दरबार के उपलक्ष में नवाब की पदवी दी गई।

नेपाल के महाराज ने सम्राट् को ये जानवर भेंट किये।



लड़नेवाले बकरों की जोड़ी (ये बकरे इतने बलवान हैं कि इनको पकड़ने के लिए पहलवान लगाये गये, तथापि वे उनसे नहीं पकड़े जा सके।)

अलबीनो चिनकारा (एक प्रकार की नेपाली गाय)।

शिकम प्रदेश का बारहसिंगा।

तिब्बत का मेस्टिक नामक कुत्ता।



हिमालय का झब्बू बैल।

सावन के रंग और सुगन्धित अर्क।

सावन के उपयोग में आनेवाले भिन्न भिन्न रंग और सुगन्धित अर्क हम, किफायत के जर्मनी से मँगा दे सकते हैं।

मैनेजर—चित्रशाला प्रेस, पूना।

भगिनी निवेदिता।

भला यह कौनसी वस्तु है जो हमारे इस मृत्युलोक में चिर-स्थायी है! उत्पत्ति के पीछे लय, उदय के पीछे अस्त, जन्म के पीछे मृत्यु लगेही हुए हैं। इस नियम के अनुसार मृत्यु मनुष्य के सिर पर नित्यही नाच रहा है। लाखों मनुष्य रोज जन्मते हैं और लाखोंही नित्य काल के गाल में चले [illegible] हैं। पर कुछ मनुष्य—कुछ नहीं, संसार के अधिकांश मनुष्य—जहां एक बार [illegible] कि फिर सदा के लिए लुप्त हो जाते हैं, उनके पीछे किसीको उनकी [illegible]द भी नहीं आती, उनका कोई नाम तक नहीं लेता। इसके विरुद्ध इस [illegible]श्वर जगत में कुछ विभूतियां ऐसी होती है कि उनका यह पञ्चभौतिक देह [illegible]ाहे भलेही मर जाय; पर वे स्वयं सदा के लिए नष्ट नहीं होते। वे अपने [illegible]व्य चरित्र के अविनाशी स्मारक पहलेही से रख रखते हैं। इस कारण वे [illegible]ीतिरूप से इस अशाश्वत संसार में भी अजर और अमर बने रहते हैं। हमारी [illegible]रितनायका भगिनी निवेदिता इसी श्रेणी में है।

परहित साधन जिनका प्रधान व्रत है, जनसेवा ही जिनका धर्म है, [illegible]शिक्षितों को विद्यादान करने, दीन दु[illegible]खियों और अनाथों की सहायता करने में [illegible] जो अपना जीवन सफल समझते हैं—[illegible]हीं, नहीं जो निरपेक्षता के साथ अपना [illegible]ीवन इसी काम के लिए निवेदन कर देते [illegible]ं— ऐसे पुण्यश्लोक मनुष्यों में भगिनी निवे[illegible]दिता अत्यन्त श्रेष्ठ थी। विलायत में जन्म [illegible]ेकर और केवल आर्य धर्म की तेजस्विता [illegible]े मोहित होकर इस परम साध्वी ने आम[illegible]रण ब्रह्मचारिणी रहकर आर्यभूमि के दुःखी और आर्य जनों की जो सेवा की उस पर ध्यान जाते ही मन विस्मय और कौतुक से भर जाता है और सहसा, आपही आप यह आत्माधिकारोद्गार मुख से निकल पड़ता है कि हाय! हम आर्यभूमि को, केवल प्रसव-वेदना देनेही के लिए जन्मे और उसकी छाती पर भाररूप होकर खेल रहे हैं! [illegible]! जिस आर्यमाता ने हमें अपने पेट से जन्म दिया है—जो आर्यमाता हमारा सब प्रकार से लालन पालन करती है उसके प्रति हमारी ऐसी अक्षम्य कृतघ्नता!!

अस्तु। जब हम भगिनी निवेदिता के पिता के चरित्र पर विचार करते हैं तब हमें मालूम होता है कि एक साधु ने जो यह कहा है कि "शुद्ध बीज के पेड़ में रसाल और सुन्दर फल लगते हैं" सो बिल्कुल ठीक है। इसी न्याय के अनुसार योग्य पिता से इस योग्य कन्या का निपजना स्वाभाविक ही है। भगिनी निवेदिता के पिता धर्मोपदेशक और [illegible] तथा सुशिक्षित थे। परन्तु अपनी भौतिक उन्नति की ओर बिल्कुल ध्यान न देते हुए, उन्होंने [illegible] के दीन दुर्बल रोगियों की सेवा करने के लिए अपना जीवन दे दिया था। [illegible] की यह [illegible] कन्या २८ अक्टूबर सन् १८६७ में उत्पन्न हुई। बालपन में भगिनी निवेदिता का नाम मिस मार्गरेट ई० नोबल था। [illegible] से ही इनकी धर्म की ओर प्रवृत्ति थी। [illegible]

था कि, "यह कन्या कभी कोई बड़े महत्व का कार्य करने के लिए जायगी, उस समय तुम इसके कार्य में विघ्न न डालना।"

मार्गरेट की शिक्षा अच्छी तरह हुई थी। आगे चलकर शिक्षणशास्त्र [illegible] उनका प्यारा विषय हो गया। उस समय लंडन शहर में उक्त विषय में उन-की बराबरी करनेवाले बहुत कम थे। यही नहीं, बल्कि लंडन की शिक्षा-विषयक हलचल थोड़े ही दिनों में इन्हीं पर आ रही! विशेषतः उन्होंने, छोटे छोटे बच्चों को सरल और मनोरंजक रीति से शिक्षा देने पर विचार किया और इस विषय का निश्चय करने में उन्होंने अपना अपूर्व बुद्धिसामर्थ्य दिखलाया; पर उनके उस उत्तम ज्ञान का फल लंडन शहर को नहीं मिलना था। उनके ज्ञानसूर्य के किरणों का प्रकाश लंडन शहर पर अच्छी तरह पड़ने न पाया था कि आर्यमाता की पुकार उनके कानों [illegible] पड़ी। सारे संसार की धर्मपरिषद होने के बाद अमेरिका में दो वर्ष तक आर्यधर्म का प्रचार करके श्रीमत् स्वामी विवेकानन्द सन् १८७५ ई० में लंडन को पधारे। वेदान्तधर्म के समान महत्वपूर्ण और मनोरम विषय और विवेकानन्द के समान तेजस्वी, दिव्य और वक्तृत्वपूर्ण वाणी! फिर क्या कहना!! लंडन नगर में धूम मच गई। उस समय अनेक लोग स्वामीजी के शिष्य बन गये। उन्हींमें हमारी चरित्रनायिका मिस मार्गरेट भी थीं। आर्यभूमि और आर्यधर्म पर उनकी निरपेक्ष और निस्सीम भक्ति देखकर स्वामी विवेकानन्दजी ने भारतवर्षीय स्त्रियों की शिक्षा और अनाथसेवा का कार्य उन्हें सौंप दिया, और उन्होंने भी अपने गुरु की आज्ञा शिरोधार्य की। उनकी माता को कन्यावियोग से अत्यन्त दुःख हुआ, पर अपने पति की अन्तिम आज्ञा ध्यान में लाकर उसने भी अपनी कन्या को प्रेमपूर्वक लोकसेवा के लिए विदा किया। उस दिन से अपनी कन्या की भक्तिवाली आर्यभूमि पर उसे भी प्रेम हो गया। [illegible] गये हुए भारतीय जनों के लिए '[illegible]' का उसका घर बहुधा [illegible] का सा अनु-भव दे रहा था।

भगिनी निवेदिता।

मिस मार्गरेट जनवरी सन् १८९८ में पहले पहल कलकत्ते आईं। पर उस समय उनके [illegible] कार्य का प्रबन्ध ठीक ठीक नहीं जमा। उसी वर्ष के मई महीने से लेकर अक्टूबर तक उन्होंने स्वामीजी के साथ [illegible], [illegible], काश्मीर, इत्यादि प्रदेशों में भ्रमण किया। इसके बाद जून १८९९ में वे गुरु के साथ स्वदेश लौट गईं। १९०२ तक वहीं रहीं। बाद को फिर अपना निर्दिष्ट कार्य हाथ में लेने के लिए अपनी प्यारी हुई मातृभूमि में लौट आईं।

कलकत्ते में आने पर अपने [illegible] स्त्रियों की दुर्दशा देखकर उनका चित्त बहुत व्याकुल हुआ। [illegible]

नहीं मिला; फल मूल खाकर ही वे अपने कष्टमय दिन आनन्द से काटने लगीं। जिन लोगों से उन्होंने सहायता के लिए याचना की उन लोगों ने भी अपना सन्देह स्पष्ट रीति से व्यक्त किया। लोग उनसे मिलजुलकर चलने के लिए तैयार ही न थे! पर थोड़े ही दिनों में उनके सब बन्धुवर्गों को अपनी इस भगिनी— मार्गरेट— की भक्ति और कार्यनिष्ठा की दृढ़ता पर विश्वास हो गया। प्रेम का आकर्षण ही ऐसा है; सेवा का गुण ही ऐसा है, कि आबालवृद्ध सब स्त्रियां धीरे धीरे उनपर भक्ति करने लगीं। पहले पहल छोटे छोटे बच्चे उनके माया पाश में फँसे और जैसे वे अपनी माता से ढिठाई का बर्ताव करते थे वैसेही इस भगिनी से भी करने लगे। मिस मार्गरेट ने उन्हें अपने पास रखकर और अपने प्रेम की अपूर्व वस्तु देकर उन्हें पढ़ाने के लिए बालोद्यान-पद्धति (किंडरगार्टन सिस्टेम) की एक पाठशाला खोली। इसके बाद स्वाभाविक ही उन बच्चों की माताएँ उनकी ओर आकर्षित हुई। तब उन्होंने प्रौढ़ स्त्रियों के लिए भी एक वर्ग खोल दिया। अनाथ और विधवा स्त्रियां उनके पास शिक्षा पाने के लिए आने लगीं। उनके लिए धीरे धीरे उस पुण्यशील गली में उन्होंने 'भगिनी-आश्रम' स्थापित किया। अध्यापिकाएँ तैयार करना उनका हेतु था।

जिस गली में उन्होंने घर लिया था वह बहुत मैली-कुचैली और आरोग्य-विघातक थी। पर यह बात वहां के लोगों के ध्यान में भी कभी नहीं आती थी। पर मिस मार्गरेट को इस पर बहुत खेद हुआ; उन्होंने वहां रहनेवाले लोगों को स्वच्छता रखने के लिए बहुत उपदेश किया। परन्तु जब उन्होंने देखा कि हमारे उपदेश की ओर इनका कुछ भी ध्यान नहीं जाता तब उन्होंने स्वयं अपने हाथ में झाड़ू लेकर सफाई करना शुरू किया। इस पर लोग स्वयं लज्जित हुए और स्वच्छता की ओर वे ध्यान रखने लगे। उन्हीं दिनों कलकत्ते में प्लेग देत्य का प्रादुर्भाव हुआ। लोग भय से व्याकुल हो उठे। अनेक गाड़ियों और नौकाओं पर से लोग अन्य गावों को जाने लगे। उस समय मिस मार्गरेट ने तरुण बंगाली स्वयंसेवकों का समूह एकत्र करके, उनकी सहायता से, कलकत्ते के उत्तर भाग में अच्छी स्वच्छता कर ली। शहर का यह भाग अत्यन्त गन्दा था। उन्होंने अनेकों प्लेगाक्रान्त रोगियों की सेवा की, कितने ही प्लेगपीड़ित बालकों की मातृप्रेम से शुश्रूषा की। उस समय की उनकी जनसेवा पर विचार करने से मन विस्मय और कौतुक से मुग्ध हो जाता है। जिनके स्पर्शमात्र से स्वयं मृत्यु हो जाने का डर रहता है उनकी इस प्रकार सेवा करना कितने साहस का काम है! पर जिनका हृदय ईश्वरभक्ति से पूर्ण रहता है— जनसेवा ही जो अपना सच्चा धर्म समझते हैं, रोग भला उनका क्या कर सकता है! इस प्रकार मिस मार्गरेट ने जब आत्मनिवेदन कर दिया तब उन्हें लोग 'निवेदिता' कह कर पुकारने लगे।

जरासा भी दूसरे का दुःख देखकर भगिनी निवेदिता का हृदय पिघल उठता था। एक समय उन्होंने अपनी नौकरानी को शीत से कांपते हुए देखा। बस, उसी क्षण उन्होंने अपना गर्म कपड़ा निकालकर उसे पहना दिया और आप स्वयं शीत का क्लेश भोगने लगीं। भगिनी निवेदिता के जीवन में इसी प्रकार के सैकड़ों उदाहरण पाये जाते हैं।

इन सब प्रकार के श्रमों का परिणाम उनकी प्रकृति पर हुआ। दिन दिन उनका शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। अन्त में वे बहुत ही बीमार हो गईं। उनके जीने की आशा भी न रही थी। पर आर्यभूमि के सौभाग्य से वे बच गईं। तब डाक्टरों ने उन्हें सलाह दी कि अब से ऐसा परिश्रम न करना चाहिए। पर उसका कोई उपयोग नहीं हुआ। थोड़े ही दिनों में यह बात हमारी इस भगिनी के कान में पड़ी कि बारीसाल प्रान्त में अकाल ने बड़ी धूम मचा रखी है। लोगों का दुःख सुनकर भला उन्हें चैन कैसे पड़ सकती थी! सैकड़ों लोग बड़े बड़े चन्दे इकट्ठे करने लगे। पर भगिनी निवेदिता ने इस ओर कभी ध्यान नहीं दिया। किन्तु बारीसाल की प्रत्यक्ष दशा देखकर स्वयं अपने हाथों से दुष्काल-पीड़ितों की सेवा करने के लिए वे वहां चली गईं। वे बरसात के दिन थे। सारे मार्ग पानी और कीचड़ से भरे हुए थे। पर उसी दशा में कितने ही दिनों नंगे पैरों गावँ गावँ घूमकर उन्होंने दीन-दुबलों की सेवा-चाकरी की। उन्होंने अपनी "पूर्व बंगाल का अकाल और बाढ़" नामक ग्रन्थ में इस प्रान्त की उस भयंकर अवस्था का बहुत अच्छा चित्र खींचा है। इस बार उन्होंने जो कष्ट सहकर दीनदुखियों की सेवा की उसका वर्णन पढ़कर भक्ति से आप ही आप उनके सामने सिर नवाना पड़ता है। घटपटादि शाब्दिक वेदान्त की चर्चा छाँटने बैठने में धन्यता माननेवालों को इस सच्ची वेदान्तिन रमणी का वृत्त विशेष मनन करने योग्य है। हम वेदान्त 'बोलना' छोड़कर जिस दिन उसका 'आचरण' करने लगेंगे उसीको सुदिन समझना चाहिए!

हमारे देश की विधवाओं की दशा बहुत ही शोचनीय है। वे अपनी के दिन सिर्फ अपने पेट भरने के लिए किसीके घर का काम-काज करती हैं और कदाचित् पद पद पर क्लेश और अपमान सहती रहती मगी भरेरा, यदि लोकसेवा करने में अपना समय काटने का वे निश्चय किया करें तो देश के अनेक दुःखों के दूर करने का पुण्य उन्हें प्राप्त इतना ही नहीं बल्कि उस पवित्र कार्य से उनके दुःखद जीवन को भी मिलेगी वह अवर्णनीय है।

अस्तु। भगिनी निवेदिता की 'अहं'—भावना बिल्कुल ही मिट गई थी। उनके उपर्युक्त लोकोत्तर कार्यों का सुगन्ध चारों ओर फैल गया। बड़े बड़े लोग उनके दर्शन के लिए उक्त देशों से आने भगिनी निवेदिता के दर्शन से और कार्य से तो उन्हें आनन्द होता ही किन्तु आर्यभूमि के प्रति भी उनकी पूज्यबुद्धि हो जाती थी।

इस भरतभूमि पर भगिनी निवेदिता का असाधारण प्रेम था। यह उन्हें अपना ही मालूम होता था। इस देश की आवश्यकताओं अथवा स्त्रियों के सम्बन्ध में वार्तालाप करते समय "भारतीय लोगों की अथवा "भारतीय स्त्रियां" आदि परकीयता के शब्दप्रयोग न करते हुए वे "हमारी आवश्यकताएँ" अथवा "हमारी स्त्रियां" कहा करती थीं। कल की जिस गली में वे रहती थीं वह गली तो उन्हें इतनी प्रिय हो गई थी उसे छोड़कर दूसरी जगह जाने में उन्हें बड़ा दुःख होता था। बरसात के सहकर बारीसाल के अकालग्रस्तों की सेवा करने के बाद कलकत्ते आकर बहुत बीमार हो गईं। उस समय उनके विलायत के और यहां के ने उस मैली गली को छोड़कर दूसरी जगह रहने के लिए बड़ा आग्रह पर उन्होंने एक नहीं सुनी और यही उत्तर दिया कि "मैं इसी गली की कन्या हूं; अतएव अपनी इस माता को छोड़कर अब मैं कहीं भी रहने जाऊंगी"।

इस बीमारी के अच्छे होने पर न्यूयार्क और लंडन की दो अन्य मंडलियों की प्रार्थना से उन्होंने भारत के विषय में दो बड़े बड़े ग्रन्थ लिखने प्रारम्भ किया। कई बार बीमार होने से उनका शरीर कुछ तो यों ही निर्बल गया था; तिस पर भी अध्यापन आदि कार्यों में वे परिश्रम करती ही रहती अब ग्रन्थलेखन का परिश्रम उसमें और भी बढ़ गया। इन कारणों से प्रकृति एकदम बिगड़ गई। तब अपने बन्धुवर्ग के आग्रह से हवा बदलने लिए वे दार्जिलिंग चली गईं। वहां जाने पर उनका स्वास्थ्य ठीक करने के लि कई अनुभविक और विद्वान् डाक्टरों ने तन मन से उपचार किया; पर को कुछ और ही मंजूर था; सब मानवी प्रयत्न विफल हुए; और निर्मल जीवात्मा १३ अक्टूबर १९११ को परमात्मा में विलीन हो गया दार्जिलिंग जाने के कुछ दिन पहले बौद्ध धर्मपुस्तकों से चुन चुनकर उन्होंने प्रार्थनापुस्तक प्रसिद्ध की थी। और संसार भर के अपने बन्धुवर्गों को भेंट के तौर उसकी एक एक कापी भेज दी थी। कौन कह सकता है कि इस पुस्तक रूप से जगत् को उन्होंने अपना अन्तिम सन्देशा ही नहीं भेजा! रुग्ण-पर पड़े हुए उन्होंने बराबर उसका पारायण जारी रक्खा था; और ध्यान तथा अपने कान उसी पर लगा रक्खे थे। इससे सहज ही पाठकों को मालूम हो जायगा कि भगवत्प्रेम से उनका हृदय कैसा भर गया था।

हम ऊपर कह चुके हैं कि इस देश की स्त्रियों को शिक्षा प्रदान करके उनकी उन्नति करने के लिए ही उन्होंने अपना सब समय अर्पण कर था। स्त्रीशिक्षा के सम्बन्ध में विशेष कर भारतीय स्त्रियों की शिक्षा पर समाचारपत्रों और मासिकपत्रों में अनेक लेख भी लिखे हैं। वे लेख उन लोगों के पठन और मनन करने योग्य हैं जो लोग अपनी स्त्रियों को अँगरेजी पद्धति पर शिक्षा देने के पक्षपाती हैं। भगिनी निवेदिता जैसी लेखनपटु थी वैसी ही व्याख्यान देने में भी अलौकिक थीं। हमारे देश की विद्यमान और भावी दशा के सम्बन्ध में जो लेख उन्होंने अनेक पत्रों में लिखे उन्हें जो कोई आँखें खोलकर पढ़ेगा उसको वे अवश्य ही अच्छे मार्गदर्शक होंगे।

सिस्टर निवेदिता स्वयं निर्धन ही थीं; इंगलैंड की एक मानी हुई माता— धर्ममाता-से उन्हें कुछ द्रव्य की सहायता मिलती थी। इसके सिवाय अपने लेखन व्यवसाय से वे कुछ प्राप्त करती थीं। इतनी प्राप्ति से वे स्वयं अपनी सादी चाल से रहकर अपनी स्थापित की हुई पाठशाला का भी खर्च चलाती थीं। इसके सिवाय अपने आवश्यक खर्च में भी कुछ कम करके वे भूखों को अन्न और उघड़ों को कपड़ा देती थीं। उन्होंने तीन चार सुन्दर पुस्तकें लिखी हैं। भगिनी निवेदिता की इच्छा से अब इन पुस्तकों का उत्पन्न उनकी स्थापित की हुई स्त्रीपाठशाला में खर्च हुआ करेगा। उनकी लिखी हुई पुस्तकें, जो प्रकाशित होनेवाली हैं, जान पड़ता है, बहुत ही लोकप्रिय होंगी।

इस अपने प्रिय देश के सम्बन्ध में उन्होंने सिर्फ [illegible] शाब्दिक सहानुभूति के कर्ण-मधुर फौवारे कभी नहीं छोड़े; क्योंकि उनके मन में इस देश के विषय में परकीयता की गन्ध भी न थी। वे हममें से ही एक बन गई थीं— वे इस देश के लोगों में पूर्णतया मिल गई थीं— और इसी कारण इस देश में रहनेवाले अनेक अंगरेज लोग उनका उपहास करते; पर भगिनी निवेदिता ने कभी उसकी ओर ध्यान नहीं दिया। "[illegible] लोग क्या कहते हैं"

सका विचार करने के लिए उन्होंने कभी अपने काम में विराम नहीं किया। स्पष्ट ही है, कि विमलभाव के साथ स्वीकृत कार्य से जिनकी वृत्ति तादात्म्य पा जाती है उसके मन में कुत्सित अतएव अज्ञान जनों की निंदा का भय कैसे प्रवेश कर सकता है!

स्त्री-शिक्षा-प्रचार के साथ साथ भारत में एकराष्ट्रीयता करने का पवित्र व्रत भी उन्होंने स्वीकार किया था। उनका मत था कि "देशहितैषिता ही धर्म है और बुद्धि की जिस दशा से अपने अज्ञान और दीन हीन भाइयों के हितार्थ आत्मत्याग करने की स्फूर्ति उत्पन्न होती है वही ज्ञान है।" वे अपनी स्फूर्तिदायक वाणी से अपने ये विचार तरुण बंगालियों के सामने सदा प्रकट करती थीं। अन्य प्रान्तों की अपेक्षा बंगाल में जो अधिक जागृति देख पड़ती है उसका बहुत सा श्रेय सिस्टर निवेदिता की वक्तृता को भी दिया जा सकता है।

यद्यपि वे रामकृष्ण मिशन का कार्य पूर्ण करने में लगी थीं; तथापि बौद्ध धर्म पर भी उनकी बड़ी भक्ति थी। वे बौद्ध धर्म को आर्य धर्म से भिन्न नहीं मानती थीं। उनका कथन है, "रामकृष्ण मिशन जिस प्रकार आर्य धर्म के अन्तर्गत है उसी प्रकार बौद्ध धर्म भी उसमें अन्तर्गत है। मैं अपने गुरु को जिस प्रकार सर्वश्रेष्ठ साधु मानती हूं उसी प्रकार बुद्ध के शिष्य उन्हें सर्वश्रेष्ठ साधु मानते; और उनके उपदेशानुसार चलते थे। उस समय आर्य साधुओं में बुद्धदेव बहुत ही श्रेष्ठ थे। उनके अनुयायी आर्यसमाज, अर्थात् हिन्दु-समाज से कभी अलग नहीं हुए। उनका आचरण अन्य लोगों की अपेक्षा अधिक शुद्ध और पवित्र था।"

भारत की प्रत्येक पौराणिक वस्तु सिस्टर निवेदिता को बहुत ही पूज्य और प्रिय मालूम होती थी। जब कि वे बुद्ध-गया में रहती थीं तब एक दिन सायंकाल को वे अपने साथियों से बोलीं, "आओ चलें हम सब लोग आज सुजाता के घर का स्थल देख आवें। अब वहां प्राचीन कुछ अवशिष्ट नहीं है, तथापि उस जगह की हरी घास भी पवित्र है। सुजाता सचमुच पुण्यवान् थी! उसने योग्य समय में महाराज बुद्ध की सेवा की। बुद्ध जी जब क्षुधा से व्याकुल हुए तब उसने उन्हें अन्नदान किया।" एक बार जब वे खुदाबख्श की लाइब्रेरी देखने गईं तब वहां उन्हें शाहजहां के हस्ताक्षर दिखाए गए। उन हस्ताक्षरों के स्पर्श करने की उन्होंने अनुमति चाही। अनुमति मिलने पर उन अक्षरों पर भगिनी निवेदिता ने अपना हाथ रक्खा और क्षणभर के लिए नेत्र बन्द कर के वे ध्यानस्थ सी हो गईं। इसी तरह नालन्द की एक प्राचीन ईंट और सारनाथ के पुराने पत्थर का एक टुकड़ा भी वे अपने साथ ले आईं और उन दोनों वस्तुओं को उन्होंने बड़ी भक्ति से अपने वाचनमन्दिर में रक्खा।

यह देखकर कि भारतीय लोग प्रत्येक बात में परकीयों का अनुकरण करते हैं, वे बहुत दुःखित होती थीं।

शिक्षा विषय पर उन्होंने एक बार कहाः– "भारत के सामने आज जो सब से महत्व का प्रश्न विचार करने के लिए उपस्थित है वह शिक्षा ही है! सच्ची शिक्षा–राष्ट्रीय शिक्षा–कैसे दी जाय? युरोपियनों की निर्जीव प्रतिमाएँ न बनाकर तुम आर्यमाता के सच्चे सुपुत्र प्राचीन राजर्षियों और ब्रह्मर्षियों के समान तेजस्वी पुत्र– कैसे तैयार करोगे? अन्तःकरण की शिक्षा, आध्यात्मिक शिक्षा, मस्तिष्क की शिक्षा, सारांश उच्च प्रकार की धार्मिक और नैतिक शिक्षा तुम्हें आवश्यक है। अर्वाचीन सभ्यता और प्राचीन भारतीय सभ्यता पर पूर्ण विचार कर के तुम्हें शिक्षा दी जानी चाहिए। आक्सफर्ड और केम्ब्रिज के छात्रालयों और कालेजों की सिर्फ नकल करने से तुम्हारे देश को कुछ भी लाभ नहीं होगा, प्रत्युत, इस देश की स्वाभाविक दशा ही कुछ ऐसी है कि, पश्चिमी देशों की नकल से उत्पन्न हुई युनिवर्सिटियों के चाकों में तुम्हारे बालकों की बुद्धि और आत्मप्रत्यय का ऐसा चकनाचूर उड़ जायगा कि फिर तुम्हारी जाति का पता भी नहीं चलेगा! ऐसे छात्रालयों में उनकी बुद्धि का स्वाभाविक और पूर्ण विकास कभी नहीं होगा।"

एक बार नवयुवकों को सम्बोधन कर के वे बोलीं:– प्यारे तरुण पुरुषो! किसी बात में भी तुम परकीयों से पराजित मत हो। कोई भी उद्योग हो, जिसे तुमने हाथ में लिया है, उसमें सब से आगे बढ़ने का प्रयत्न करो। परकीयों से पीछे मत पड़ो और न उनका अनुकरण करो।"

हमारी स्त्रियों के सम्बन्ध में एक बार उन्होंने कहा:– तुम्हें अपनी स्त्रियों के सुगृहिणी, सुपाचिका और सुधात्री बन जाने ही पर सन्तुष्ट नहीं रहना चाहिए। ये सब गुण अच्छे हैं; पर यह उन्नति की पराकाष्ठा नहीं है। यदि तुम अपनी स्त्रियों को सच्ची सहधर्मचारिणी बनाना चाहते हो तो तुम उन्हें वह योग्यता प्रदान करो जिससे वे तुम्हें तुम्हारे प्रत्येक कार्य में सहायता दे सकें। भारतीय समाज में स्त्रियों पर पुरुषों का जो अनुचित प्रभुत्व और निठुरता हो रही है उसे सोच कर मैं स्तम्भित ही हो जाती हूं। यह अत्यन्त भयंकर है! इस शोचनीय दशा से स्त्रियों का बुद्धिसामर्थ्य नष्ट हुआ जाता है। बहुत बार मेरे मन में ऐसा आता है कि यदि भारतीय स्त्रियां मन की कुछ कम कोमल होतीं और कुछ कम अच्छी होतीं तो इससे भारतीय पुरुष जाति का सच्चा कल्याण हुआ होता।"

समाज सुधार के विषय में एक बार उन्होंने कहाः– "हमारे समान जब कोई मनुष्य तुमसे कहता है कि तुम्हारे देशसुधार और राष्ट्रोन्नति के ये मार्ग हैं और तुम इस मार्ग से जाओ तब तुम कहते हो कि यदि हम ऐसा करेंगे तो लोग हमसे रोटी-बेटी का व्यवहार न करेंगे। पर इस पर मेरा यह उत्तर है कि इस प्रकार के जिन लोगों से तुम डरते हो वे मानवी प्रगति के भारी शत्रु हैं; उन्हें तुम अशिक्षित, नीच और देशद्रोही समझो। अतएव ऐसे लोगों ही के साथ भोजन आदि का व्यवहार रखना तुम्हें लांछनास्पद मानना चाहिए। तुम्हें यह अच्छी तरह जानना चाहिए कि ऐसे लोगों में विवाह शादी करने से अपना भी रक्त दूषित होता है!"

भगिनी निवेदिता ने जब यह देखा कि हम जीजान तोड़ कर अपने इन सब भाइयों को सदुपदेश कर रही हैं और इनके मन पर कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ता, चिकने घड़े पर पानी डालने के समान हाल होता है, तब उनका हृदय एक दिन बहुत व्याकुल हुआ। उस दिन रात भर उनके आंसू नहीं बन्द हुए। उस समय उन्होंने अपने मुख से जो दुःख के वचन निकाले उन्हें यहां उद्धृत करके हम यह लेख पूरा करते हैं:–"हमें सफलता नहीं हुई; हमारा यह देश अपनी कुम्भकर्णी निद्रा से कुछ जगा नहीं; इसमें फिर कुछ चेतना उत्पन्न नहीं हुई। सब लोग मेरा कहना भर तो सुन लेते हैं, पर अपने पूर्वक्रम में रत्ती भर भी फर्क करना मानो उन्हें शपथ है! हमारे हाथ से कुछ कार्य नहीं हुआ। आर्यभूमि का सच्चा तेज– जिसने किसी समय इसे सारे जगत् का भूषण और एशिया महाद्वीप का प्राण बना रक्खा था वह ज्वलन्त तेज– अभी तक फिर नहीं आया। जिस चेतनाशक्ति ने हमारे पूर्वजों का वैभव बढ़ाया, जिस शक्ति ने किसी समय मानवी सुधार और मानवी ज्ञान की वृद्धि के लिए हमारे पूर्वजों को प्रेरित कर रक्खा वह शक्ति– वह चेतनाशक्ति–क्या अब कभी इस देश में उत्पन्न होगी? वह तेज, वह चैतन्य, अब क्या फिर लौटेगा?"

मराठा राजा और सरदार।

१ श्रीछत्रपति शिवाजी २ राजा व्यंकोजी, तंजौर ३ संभाजी ४ ताराबाई ५ शाहू ६ श्रीमान् पहले बाजीराव पेशवा ७ बालाजी बाजीराव उर्फ नानासाहेब ८ रायेवा दादा ९ ज्येष्ठ माधवराव पेशवा १० नारायणराव ११ सवाई माधवराव १२ यशोदाबाई (सवाई माधवराव की पत्नी) १३ नाना फड़नवीस १४ महादजी सेंधिया १५ दौलतराव सेंधिया १६ [illegible] १७ [illegible] १८ महाराजा होल्कर १९ बापू गोखले २० अहल्याबाई होल्कर २१ [illegible] २२ [illegible] २३ गुरनानक २४ राना भीमसिंह, उदयपुर २५ नारायणराव पेशवा का खून।

मैनेजर चित्रशाला पूना।

महाराज पंचम जार्ज और महारानी मेरी के रंगीन चित्र।

ये चित्र प्रत्येक आकार १७×११ में हमारे खास कारीगरों के [illegible] तैयार हैं। [illegible]

मैनेजर-चित्रशाला पूना।

गायत्री की तसवीर।

गायत्री के चित्र की एक आवृत्ति समाप्त होगई, अब फिर दूसरी आवृत्ति निकाली है। इससे सहज ही मालूम हो सकता है कि गायत्री का ध्यान चित्र उत्तम निकला है और वह धार्मिकजनों को [illegible] पसन्द आया है। अब अधिक प्रशंसा करने की जरूरत नहीं। मूल्य ४ आने। विशाय [illegible] की तीन तसवीरें और गायत्री की तसवीर–चारों एक साथ लेने से मूल्य १२ आने। एक नगि में चार तसवीर एक रा. द. दो आने।

मैनेजर चित्रशाला पूना।

स्वामी रामतीर्थ ।

(Great men are the living fountain which it is good and pleasant to be near; the light which enlightens, which has enlightened the darkness of the world; and this not as a kindled lamp merely, but rather as a natural luminary shining by the gift of the heaven, a flowing light fountain of native original insight and heroic nobleness in whose presence souls feel all is well with them.)

स्वामी रामतीर्थ ।

इसमें कुछ भी संशय नहीं कि सन्तों के चरित्रों में अमृतरस से भी अधिक मिठास रहता है। जितनाही उसका गान किया जाय उतना ही थोड़ा है। संतचरित्र गान करते हुए मन कभी तृप्त ही नहीं होता। ज्यों ज्यों अधिक चखते हैं त्यों त्यों अधिक मिठास मालूम होता है। अतएव आज हम एक ऐसे महात्मा का संक्षिप्त जीवन-चरित अपने प्यारे पाठकों को सुनाते हैं जिसने अपने तेज से, इसी देश को नहीं किन्तु, जापान और अमेरिका आदि स्वतन्त्र देशों को भी चकित किया है। ऐहिक वासनाओं के जाल से छूटकर सच्चे कर्तव्य का ज्ञान कैसे-प्राप्त करना चाहिए? जीवन का सच्चा साफल्य किसमें है? मतमतान्तरों के झगड़े में न पड़कर, मन की समता कायम रखते हुए, अपना मार्ग अन्धकार होते से किस प्रकार ढूँढ़ लेना चाहिए? आदि अनेक प्रश्नों का हल करना ही महात्मा लोगों के जीवन का मुख्य उद्देश्य होता है। यह उद्देश्य उपर्युक्त महात्मा ने बड़ी खूबी के साथ पूर्ण किया है।

जो वीरों की भूमि है, पुरुषार्थ का प्रदेश है, जो भूमि कुरुक्षेत्र के अस्तित्व से भारतभूमि का महत्व दिखलाती है, हिमालय के वृक्षों से, ऋषियों के उच्छ्वास से मिलती हुई पवित्र वायु जहाँ प्रथम संचार करती है उस पंजाब प्रदेश में गुजरानवाला जिले के मुरालीवाला नामक गाँव में स्वामी रामतीर्थ का जन्म हुआ! कोई कोई इन्हें महात्मा तुलसीदास जी के ही वंश में उत्पन्न हुआ मानते हैं। वेदान्त को घरघर के संकट में दूर कर अध्यात्मिक कायदों की प्रस्थापना करनेवाला यह धनु, यह ज्ञानभास्कर, यह आर्यभूमि का पुत्र, सन् १८७३ के ८ अक्तूबर के दिन, कलित हुआ! यह आर्यभूमि का महाभाग्य ही समझना चाहिए! फिर इसकी उत्पत्ति की बड़ाई हम क्यों न करें! स्वामीजी का मूल नाम गोस्वामी तीर्थ राम था। कहते हैं कि "होनहार बिरवान के होत चीकने पात!" इसी के अनुसार इस बालक के अलौकिक तेज का प्रकाश बचपन ही से निकलने लगा था! आगे ज्ञान ही का सूर्य क्यों न हो, पर उसका तेज थोड़े ही छिप सकता है! जब इनकी शिक्षा मुरालीवाला में पूर्ण हो चुकी तब इनके पिता हीरानन्दजी ने आगे की शिक्षा पाने के लिए गुजरानवाले को भेज दिया। स्वामीजी की माता बालपन ही में मर गई थी; इस लिए उनके होने में माया के विशेष आने की सम्भावना नहीं थी। गुजरानवाला में आतेही उनके भावी जीवनक्रम की नींव जमने लगी। भौतिक शिक्षा प्राप्त करने के साथ ही साथ आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने का भी उन्हें अच्छा मौका मिला! गुजरानवाला में उस समय धन्ना भगत नामक एक सत्पुरुष रहते थे। रामतीर्थजी अपने गाँव मुरालीवाला से आकर इन्हीं धन्ना गुरू के पास रहने लगे! एक तो रामतीर्थ स्वयं ही लोकोत्तर बुद्धि का, असामान्य प्रतिभा का, पूर्ण पवित्र आचरण का, शुद्ध शील का और निस्स्वार्थ प्रेमी था; फिर उसमें भी उसे धन्ना गुरू के समान सन्त का संग मिल गया! फिर यह कुन्दन क्यों न सुन्दर देख पड़े? कोहनूर, यह पहले ही से था और फिर कुन्दन से जड़ा गया! स्वामीजी का जीवन यहीं से परिवर्तित होने लगा! सन्तों का सहवास अरे, सन्तों का सहवास क्या नहीं कर सकता? नीच जीव सन्तों के सहवास से शुद्ध होते हैं—पतित लोग पावन होते हैं। स्वामीजी के समान अद्वितीय पुरुष का तेज यदि सारे संसार में छा रहा है तो इसमें आश्चर्य ही क्या है? रामतीर्थजी, अपनी पढ़ाई का अभ्यास करने के बाद जो समय मिलता उसमें धन्ना गुरु के पास बैठकर उनके उपदेश सुना करते थे। इन्हीं उपदेशों से उनका मन आध्यात्मिक मार्ग में तैयार हुआ! बाद को प्रवेशिका की परीक्षा उत्तीर्ण हो जाने पर धन्ना गुरूजी ने उन्हें कालेज में शामिल होने के लिए लाहोर भेज दिया। पिता की विशेष सम्मति न थी। पर परमेश्वर की इच्छा दूसरी थी! देखो कैसी विचित्रता है! जान पड़ता है कि ईश्वरी इच्छा से प्रेरित होकर धन्ना गुरुजी ने उन्हें इसी लिए लाहोर भेजा कि जिससे स्वामीजी अमेरिका को पावन करके उसे सच्चे धर्म का ज्ञान करा दें और जो लोग भौतिक सुख के मद में अंधे हो रहे हैं उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान के प्रकाश से चकाचौंध में डाल दें! कालेज में जाने पर वे अपना अभ्यास तो ठीक ठीक करतेही थे; इसके सिवा वे धन्ना गुरू का उपदेश भी सुनते रहे। पश्चिमी सुधार की भड़कीली सभ्यता का गर्व उन्हें जीत न सका! वे यथाक्रम अपनी सब परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए और बी० ए० की परीक्षा में तो वे सारी पंजाब-युनिवर्सिटी में प्रथम रहे! बाद को एम० ए० की परीक्षा देकर फोरमैन क्रिश्चियन कालेज में अध्यापक की नौकरी कर ली! गणितशास्त्र उनका प्यारा विषय था और यही विषय लेकर वे एम० ए० में उत्तीर्ण हुए थे! कुछ दिन उत्तम शिक्षक बनकर उन्होंने नौकरी की; इसके बाद उनकी इच्छा हुई कि अब 'रेंगलर' हो आना चाहिये; पर ईश्वर की इच्छा कुछ और ही थी—वह चाहता था कि अंकों को तोड़मोड़ करनेवाले रेंगलर रामतीर्थ को कहीं किसी कालेज में सड़ते रहने की अपेक्षा इसे वेदान्त का ऐसा रेंगलर बनानाही उत्तम होगा जो, एक युनिवर्सिटी में नहीं, किन्तु संसार की युनिवर्सिटी में, कुछ लोगों को नहीं, किन्तु सारे जगत् को सच्चे तत्व का ज्ञान करा दे! और ऐसाही हुआ! रेंगलर का परवाना उन्हें नहीं मिला! इस काम में उनको निराशा अवश्य हुई; पर निराशा से ही चित्त अन्तर्मुख होता है, अतएव, तब से आत्मसंशोधन की ओर उनका ध्यान और भी अधिक लगा! उनकी सम्मति थी कि हमारे लोग, दूसरों पर अवलम्बित रहकर उत्तम भोजन चाहे न करें; किन्तु अपने कष्ट से धन प्राप्त करें और सादगी के साथ रहकर, सूखी रूखी रोटी ही का भोजन करें! इसके अनुसार थोड़ासा धनसंग्रह करके उन्होंने अपना रास्ता साफ किया! सन् १८९९ के अन्त में वे नगराज, पिता हिमालय, की ओर चलते हुए! इस समय उनकी अवस्था सिर्फ २६।२७ वर्ष ही की थी और उनके दो लड़के तथा एक लड़की थी! एक वर्ष की ही अवधि में हृषीकेश के पास, ब्रह्मपुरी के वन में, स्वामीजी को आत्म दर्शन हुआ! और जो लाहोर के प्रिय शिष्यों का गुरु, धन्ना गुरु का चेला, कालेज के प्रोफेसरों और प्रिन्सिपालों का प्यारा शिष्य इसके पहले प्रोफेसर रामतीर्थ एम० ए० के नाम से प्रसिद्ध था वह अब आगे चलकर, सिर्फ लाहोर ही में नहीं किन्तु सारे जगती-तल पर स्वामी रामतीर्थ एम० ए० के नाम से सब के सम्मुख उपस्थित हुआ! सब का गुरु बना! सभों ने—क्रिश्चियनों ने, मुसल्मानों ने, जापानियों ने—उसे अपना कहा! जिस माता के गर्भ से यह हीरा उत्पन्न हुआ उसकी कुक्षि को धन्य है, धन्य है!

स्वामी होने पर स्वामी रामतीर्थ भारत में बहुत दिन नहीं रहे! सन् १९०२ के आरम्भ में वे सफर के लिए निकले और टोकियो को ...

क इजिप्त, जापान और अमेरिका आदि देशों में घूमकर उन्होंने ान्त सूर्य के किरण प्रसृत किये! लोगों में चैतन्य भर दिया! र पूज्यपाद स्वामी विवेकानन्द की ही तरह अलौकिक यश म्पादन करके अपने नाम का जयजयकार सुनते हुए, सहस्रों लोगों मस्तकों को अपने चरणकमलों की धूल से पावन करते हुए, गस्त सन् १९०६ में, इस आर्यभूमि को लौट आये। इस प्रवास में न्होंने ऐसा कुछ अप्रतिम कर्तव्य कर दिखाया कि जिसका वर्णन रने के लिए एक अलग ग्रन्थ लिखना पड़ेगा! भारतवर्ष की ओर न्होंने सारे जगत् का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने सम्पूर्ण सार को यह सन्देशा सुना दिया कि:—"भौतिक सुख से तुम ाहे जितना मतवाले हो जाओ; अहम्मन्यता तुम्हारी चाहे जितनी ढ़ जाय, पर आर्यराष्ट्र मरा नहीं-और नहीं कभी मरेगा; वह ीवित है; सारे जगत् को बाट देखता हुआ स्तब्ध है। ध्यान में क्खो कि हर एक बात में सब से पहले हमीं आगे हैं!" और न्होंने पश्चिमी राष्ट्रों के मुख से इस प्रकार के पश्चात्तापपूर्ण वचन कहला लिये कि "सभ्य जगत् ज्ञान का मार्ग भूला हुआ है; क्योंकि इस ज्ञानवृद्धि में आज तक एक भी रामतीर्थ नहीं पैदा हुआ!" र, प्रभो! तेरी महिमा भी अतर्क्य है! स्वामीजी के स्वदेश में पधारने के बाद ही सितम्बर का महीना व्यतीत हुआ और अक्तूबर की पहली आई! दिशाएं धुँधली देख पड़ने लगीं! तारागण टूटने लगे! बिजली कुसमय में चमकने लगी! आकाश फटने लगा! तमः संकुलता अधिक घिरने लगी! घुघ्घुओं का घूत्कार दिन में सुनाई देने लगा! पन्द्रह सोलह तारीख तक किसी न किसी तरह दिन कटे!! सत्रहवीं तारीख आई और देखते क्या हैं कि एक हाथ दूसरे पर रखा हुआ है, दोनों हाथ छाती पर हैं, आसन लगा हुआ है, प्रणव का उच्चार करते समय उनका मुखकमल जैसा सदा रहता था वैसा ही इस समय भी है-इस प्रकार, स्वामी 'राम' के निर्जीव कलेवर का अभद्र दृश्य आर्य-राष्ट्र को निज नेत्रों से देखना पड़ा!! पांचाल प्रदेश की भूमि-किंबहुना सम्पूर्ण आर्यमाता-फूट फूट कर रोने लगी! कैलीफोर्निया चीखकर धरती पर गिर पड़ी! सैन्फ्रांसिस्को को तार पढ़ते ही मूर्च्छा आगई! हमेटिक ब्रदरहुड आँसू बहाने लगे! अमेरिका के अकेडमी आफ सायन्स का भवन भयानक सा भासने लगा! सारा संसार सिसक सिसककर रोने लगा!! इस प्रकार १७ अक्तूबर सन् १९०६ को स्वामी राम का पंचभौतिक शरीर जहां का तहां मिल गया; पर आपकी कीर्ति कौमुदी तब तक इस संसार में अक्षय बनी रहेगी जब तक वेदान्त का नाम 'अमर' रहेगा!

दिल्ली का इतिहास।

दिल्ली की स्थापना:—सारे भारतवर्ष में किंबहुना सारे पृथ्वीतल पर दिल्ली ने जितनी राजकीय क्रान्तियां देखी हैं उतनी शायद ही किसी शहर [illegible] लि- [illegible] वेज, [illegible] के बाबिलोन, बगदाद, पर्सेपोलिस, नानकिन, पेकिन, इत्यादि शहर राजकीय दृष्टि से महत्व के हैं। परन्तु इन सब शहरों ने उत्कर्ष और अपकर्ष के सुख-दुःख का अधिक से अधिक एक ही दो बार अनुभव किया है। परन्तु दिल्ली शहर ने ऐसे विपर्यन्तर कितनी बार देखे, इसका पूरा पूरा पता इतिहासकारों को भी नहीं लगता। भारतवर्ष के प्राचीन इतिहास का जिस काल से लेकर विश्वसनीय ज्ञान उपलब्ध होता है उस काल से लेकर आज पर्यन्त किसी समय भी ऐसा नहीं हुआ कि दिल्ली नगर का वैभव पूर्ण लोप हो गया हो, अथवा आर्यावर्त को उसका पूर्ण विस्मरण हो गया हो। "नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण" के न्याय से भरतखण्ड की इस प्राचीन राजधानी की उन्नत-अवनत-अवस्था बराबर हो ही रही है। सारांश, जिस प्रकार आर्यधर्म आज तक अनेकों प्रकार के संकटों से पार पड़कर 'सनातन' नाम धारण करके अटल हो रहा है उसी प्रकार यह कहने में भी कोई अतिशयोक्ति नहीं कि दिल्ली नगर भी भरतखण्ड की 'सनातन राजधानी' है।

दिल्ली को यह महत्व प्राप्त होने का कारण उसका विशिष्ट स्थल-माहात्म्य ही है। भारत के उत्तर में हिमालय के समान दुर्लंघ्य नगराज, और पूर्व, दक्षिण, तथा पश्चिम की ओर अपार सागर होने के कारण इस देश पर स्थल-मार्ग से पर-चक्र का आक्रमण होने के लिए सिर्फ एक ही रास्ता है-और मलाबार के किनारे पर पश्चिमी व्यापारियों के जहाज आ लगने के पहले इस देश पर जितने शत्रुओं ने आक्रमण किया थे सभी वायव्य की ओर से खैबर घाटी होकर ही यहां आये। खैबर घाटी पार होकर और पंजाब की पांच नदियां लांघकर आने के बाद फिर यमुना नदी तक सब सपाट प्रदेश है। यहां यमुना के किनारे प्राचीन इन्द्रप्रस्थ अथवा अर्वाचीन दिल्ली नगर बसा है; अतएव उसके उत्तर की ओर पहाड़ी प्रदेश, पूर्व में यमुना नदी, दक्षिण में राजपुताने का बालुकामय प्रान्त है-और हां, पश्चिम की ओर रणभूमि के योग्य सपाट मैदान भी है। भारतवर्ष-भवन के दालान में प्रवेश करने के लिए पहला द्वार खैबर की घाटी है और लाहौर शहर उसका महाद्वार है। उसके आगे का सपाट प्रदेश राजांगण है, दिल्ली शहर दालान है और पीछे के, अर्थात् पूर्व ओर के, भाग क्रमशः मध्यगृह और भोजनगृह आदि हैं। इस कल्पना पर ध्यान रखने से यह प्रश्न सहज ही हल हो जाता है कि घर के स्वामी की बैठक दिल्ली ही में क्यों है और घर के स्वामित्व के लिए जो लड़ाइयां हुईं वे कुरुक्षेत्र ही में क्यों हुईं। इस दृष्टि से यह स्थान सब प्रकार से सुभीते का देखकर हमारे प्राचीन आर्य भूपतियों ने इन्द्रप्रस्थ नगरी में ही अपने सिंहासन की स्थापना की।

पांडवों के समय के पहले बहुत वर्षों तक हस्तिनापुर में राजधानी थी; परन्तु धर्मराज युधिष्ठिर ने जब से इन्द्रप्रस्थ को अपने मयासुर-निर्मित राजभवन और राजसूय यज्ञ की सुन्दरता तथा पवित्रता से पूर्ण किया तबसे हस्तिनापुर फीका पड़ गया। बाद को कुछ काल तक पांडव वनवास में रहे, इस कारण, यद्यपि इन्द्रप्रस्थ की शोभा क्षीण अवश्य हो गई, तथापि भारती युद्ध में दुर्योधन आदि कौरवों का निःपात करके धर्मराज के सिंहास- [illegible] हुआ होगा। [illegible] हस्तिनापुर [illegible] त के समय [illegible] पि अर्जुन ने [illegible] कर इन्द्रप्रस्थ नगरी में उसका राज्याभिषेक करके सौराष्ट्र का राज्य उसे सौंप दिया। इसके बाद इस नगर का स्वामित्व यादववंशियों के हाथ से निकलकर कुरुकुल के हाथ में कब से और किस कारण से गया, इसका पता नहीं लगता। तब से लेकर अर्वाचीन काल तक का इन्द्रप्रस्थ का इतिहास प्रायः लुप्तप्राय हो गया है।

परन्तु इन्द्रप्रस्थ नगरी को पौराणिक काल में जो महत्व प्राप्त हुआ था वह केवल वहां के बाह्य सौन्दर्य पर से नहीं प्राप्त हुआ था। प्रत्येक आर्य को, 'इन्द्रप्रस्थ' नाम कान में पड़ते ही, जो अभिमान मालूम होने लगता है उसका कारण यह नहीं है कि वहां मयसभा की अद्भुत कारीगरी का दृश्य था, अथवा इस अभिमान का कारण वहां के राजसूय यज्ञ आदि के समारम्भों का वर्णन भी नहीं है; किन्तु इसका कारण कुछ और ही है। इन्द्रप्रस्थ और उसके आसपास का प्रदेश, आर्यावर्त के अत्यन्त पूज्य युधिष्ठिर, आदि राजर्षियों का निवासस्थान था, और निमित्तमात्र से महायोगी श्रीकृष्ण, नारद-मुनि और भीष्माचार्य, इत्यादि ने यहां उन्हें कर्तव्योपदेश किया। इन्हीं कारणों से इन्द्रप्रस्थ नगरी अद्यापि सब का चित्त आकर्षण कर रही है। इसी स्थल में महायोगेश्वर श्रीकृष्ण-द्वारा प्रतिपादन की हुई गीता मनुष्यमात्र को अपना कर्तव्यकर्म करने के लिए अर्नत काल से प्रोत्साहित कर रही है-और करती रहेगी। नारदमुनि ने 'कच्चित्' प्रकरण में धर्मराज को जो राजनीति का उपदेश किया है और भीष्मपितामह ने शरशय्या पर पड़े हुए निर्वाणकाल में जो राजधर्म का उपदेश किया है उसका विस्तारभय से हम यहां सिर्फ उल्लेख मात्र ही करते हैं। इन उपदेशों की योग्यता ऐसी अगाध है, कि कोई भी समय हो, राजनैतिक हलचल में पड़नेवाले प्रत्येक पुरुष को उन उपदेशों का पारायण कर लेना चाहिए। प्रजा के हितार्थ राजा का कर्तव्य क्या है, प्रजा का राजा से कैसा बर्ताव होना चाहिए, लक्ष्मी की स्थिरता और चंचलता के कौन से कारण हैं, उनके लक्षण क्या हैं, इत्यादि अनेक महत्व के प्रश्नों पर उनमें मार्मिकता के साथ ऊहापोह किया गया है; अतएव राजधर्म का यह एक विमल आदर्श ही बन गया है। इस आदर्श के अनुसार बर्ताव करनेवाले अनेक राजा इसी इन्द्रप्रस्थ के आसपास आज तक हो गये, इसी लिए इस क्षेत्र-क्षेत्र को इतना महत्व और पवित्रता प्राप्त हुई है। परन्तु भरतखण्ड के आज तक के इतिहास पर से स्पष्ट ज्ञात पड़ता है कि केवल सत् भूपतियों के निवास के कारण प्राप्त हुई पवित्रता पर्याप्त नहीं है, उसमें दुष्टों के शासन का भाग मिले बिना मानो वह सर्वांग पूर्ण नहीं होता-यही समझकर, ज्ञात पड़ता है कि, ईश्वर ने यह कुरुक्षेत्र-भूमि 'विनाशाय च दुष्कृतां' बना रखी है। ऋग्वेद के अनुसार राजा सुदास ने इन्द्र और वरुण की कृपा से इसी कुरुक्षेत्र में दश सनार्य राजाओं को पूर्ण पराजित करके आर्यों का वर्णान्तरवास निर्मूल किया। महाप्रबल राजा वेन को इसके पाप का प्रायश्चित्त यहीं मिला। सुरधेनु-नन्दनी ने मुद्गल-वंशज

मराठे राजपूतों का चित्त आकर्षित हुआ; और उन्हें विश्वास हो गया कि दिल्ली-पद प्राप्त हुए बिना यह भी नहीं कहा जा सकता कि हमारी सत्ता की पूर्ण बाढ़ हुई-फिर उस सत्ता की शाश्वतता का तो नाम ही न लो। परन्तु इसके बाद करीब अर्ध शतक तक मराठे अपना रुख दिल्ली की तरफ़ नहीं झुका सके। औरंगज़ेब की मृत्यु के बाद दिल्ली में गड़बड़ मची और मराठों को वहां के राजकाज में हाथ डालने का मौका मिला और उन्होंने 'स्वराज्य,' 'चौथाई,' और सरदेशमुखी की 'सनदें' मार लीं। इसके बाद सन् १७३८ ई० में पहले बाजीराव ने, मुसल्मानी सत्ता के मूल पर ही घाव करने का जो मराठों का विचार था, उसका 'श्रीगणेश' कर दिया और उसीको आदर्श मानकर सन् १७६० ई० में सदाशिवराव भाऊ साहब ने दिल्ली का तख्त विध्वंस कर डाला। इसमें कोई शक नहीं कि भाऊ साहब के इस कृत्य का परिणाम बहुतही भयंकर हुआ और उसका प्रायश्चित्त सब महाराष्ट्र को और मराठों की सत्ता को मिला। तथापि मुसल्मानी सत्ता का अन्त करने के लिए राघोबादादा की विद्युल्लता के समान क्षणिक चमकनेवाली विजयी दौड़ जितनी कारणीभूत हुई उसकी अपेक्षा भाऊ साहब का, प्रारम्भ में निष्फल ठहरा हुआ, वह घाव ही अधिक कारणीभूत हुआ। क्योंकि राघोबा दादा के दो विजयी हमलों से मुसल्मानों के आधिराज्य की जो जादू तिलभर भी कम नहीं हुई थी वह, दिल्लीपति के सिंहासन पर भाऊ साहब का घाव पड़ते ही, चकनाचूर हो गई। अस्तु। भाऊ साहब के पानीपत की लड़ाई में पराजित होने के कारण कुछ दिन तक दिल्ली का स्वामित्व मराठों के हाथ में लेने का काम शिथिल पड़ गया। परन्तु भाऊ साहब की इस चढ़ाई में सदा उनके साथ रहनेवाला एक मराठा वीर (महादजी सेंधिया) आगे बढ़ा और उसने शिवाजी महाराज के मन का विचार, सौ सवा सौ वर्ष बाद, पूर्ण किया। तथापि महादजी सेंधिया ने दिल्ली का जो बन्दोबस्त किया वह कुछ साफ़ न था, इस कारण नाना फड़नवीस के समान सुचतुर राजनीतिज्ञों को वह पसन्द नहीं आया। पर इस काम के लिए उन्हें महादजी के ही मुख की ओर ताकने के सिवाय और कोई चारा नहीं था, इस कारण अन्त में महादजी की उक्त व्यवस्था उन्हें मंजूर करनी पड़ी। नाना के कहने के अनुसार यह धुँधला सौभाग्य बहुत दिन टिकना असम्भव था; और अन्त में वैसाही हुआ। सन् १८०३ में दिल्ली अँगरेज़ों के अधिकार में चली हो गयी।

दिल्ली राजधानी:—यहां तक इस सनातन राजधानी का जो वृत्तान्त दिया उससे हमारे पाठक समझ गये होंगे कि दिल्ली प्रान्त की वास्तुदेवता बहुत कोपप्रिय है। दिल्ली पर अनादिकाल से जो अनर्थ आये और जो रक्त-स्राव हुए उनसे उक्त विचार कितने ही लोगों के मन में आता है। परन्तु यदि वास्तव में देखा जाय तो दिल्ली कुछ नरबलि लेनेवाली भूखी अनिष्ट डाकिनी नहीं है; किन्तु वह केवल मानिनी स्त्री है। संस्कृत-साहित्य-शास्त्र-कारों ने मानिनी स्त्रियों का जो स्वभाव वर्णन किया है वह इसके विषय में ठीक ठीक लगता है। मानी स्त्रियों की यह इच्छा रहती है कि हमारा पति सदैव पराक्रम करता हुआ हमारी दृष्टि पड़े। इस गुण के अभाव की जिन पर उन्हें शंका होती है उनकी वे भयंकर रीति से परीक्षा लेने में भी नहीं चूकतीं। राजपूत स्त्रियां रण में शत्रु को पीठ दिखलाकर लौटे हुए अपने पतियों का मुखावलोकन भी नहीं करतीं थी-ऐसाही कुछ हाल इस नगरी का भी है। रण में स्वयंवर होते देखनेवाले और अपनी पत्नी की विटम्बना देखनेवाले धर्मराज का भी इसने १९ वर्ष तक मुखावलोकन नहीं किया। परन्तु जब भारतीय युद्ध में शत्रु-पक्ष की अक्षौहिणियों का नाश करके पांडव वीर विजयी हुए तब इस नगरी ने उनका स्वागत किया। पृथ्वीराज पर पहले इसकी बड़ी प्रीति थी। पर विषयासक्त हो जाने के कारण जब प्रजापालन में उनका ध्यान कम हो गया तब इसने पृथ्वीराज को भी अलग कर दिया। अफ़गान बादशाहों में से एक भी इसकी परीक्षा में पास नहीं हुआ, इसी कारण किसी घराने की सत्ता यहां स्थिर नहीं रही। तैमूरलंग ने उसके लड़के-बच्चों को कतल करके उसे भयभीत कर देने का प्रयत्न किया, पर इसने उसकी भी दाल नहीं गलने दी। अन्त में मुगल खान्दान के पराक्रमी पुरुष बाबर [illegible] इसका पाणिग्रहण किया। उसने फ़तेहपुर सीकरी की लड़ाई में पराक्रम दिखलाया और यह शपथ की कि अब से मद्य का स्पर्श भी न करूंगा। इस प्रकार अपनी शूरता और आत्मसंयमन आदि गुण प्रकट करके उसका प्रेम सम्पादन किया। इसके बाद उसका दुर्बल लड़का हुमायूं कन्नौज की लड़ाई में शेरशाह से हार कर लौट आया। इस कारण दिल्ली-दुलहिन ने उसे निकाल दिया और पन्द्रह वर्ष तक उसका मुखावलोकन नहीं किया। हां, अकबर बादशाह के अनेक गुणों पर लुब्ध होकर उसने करीब आधे शतक तक, सुखसमाधान से उसका सहवास किया। जहांगीर की वृत्ति में आलस्य और सुखलोलुपता देख पड़ते ही उसने उसे अलग कर दिया। शाहजहां बादशाह अपने पूर्वजों [illegible] अपूर्व पराक्रमी था, इस लिए उस पर उसकी कृपा थी, और शाहजहां ने भी उसे अच्छी तरह अलंकारों से भूषित किया। परन्तु केवल दिखाऊ बाहरी तड़क-भड़क से उसका मन सन्तुष्ट नहीं हो सकता था, इस कारण शाहजहां को अपने वीर्यलोप का प्रायश्चित्त मिला। औरंगज़ेब में कुछ अच्छे गुण अवश्य थे, किन्तु राजपूतों से युद्ध में हार कर ज्यों ही वह लौटा त्यों ही दिल्ली-रमणी ने अपने स्वभाव के अनुसार, कठिन रीति से परीक्षा लेने के लिए उसे दक्षिण को रवाना कर दिया। वहां धनाजी और संताजी आदि मावलों ने ही औरंगज़ेब को खूब छकाया। यह देखते ही, उसका पुनर्दर्शन तो दूर ही रहा, किन्तु दिल्ली ने उसे नर्मदा पार होकर आर्यावर्त में (अपने घर के आंगन [illegible]) भी नहीं घुसने दिया। इस प्रकार मुसल्मानी बादशाहों की परीक्षा हो चुकने पर उसने मराठों की ओर दृष्टि फेरी। शूरवीर प्रथम बाजीराव यदि और कुछ दिन जीते रहते तो इस रमणी ने उनके गले में जयमाला डाल दी होती। परन्तु उनकी अकस्मात् मृत्यु के कारण यह योग ही नहीं आया। इसके बाद बाजीराव के भतीजे ने उसके साथ विवाह करने का प्रण किया। परन्तु पानीपत के घनघोर संग्राम में वह निरुत्साही ठहरा। अन्त में महादजी सेंधिया के गले में उसने माला पहनाई। पर महादजी पेशवाओं के अधीन थे, और पेशवे सितारे के राजाओं के अधीन थे, इस कारण उसे ऐसा दूर का दासीपन पसन्द नहीं आया और उसने मराठों का नाम ही छोड़कर अन्त में अँगरेज़ों का आश्रय लिया। तथापि, अपने सदैव के प्रण के अनुसार, उसने निश्चय किया कि इन की भी परीक्षा लिये बिना स्वामित्व स्वीकार नहीं करूंगी। अफ़गानिस्तान से कष्टों खा जाने के कारण और रामनगर तथा चिलियानवाला की युद्ध-वार्ताओं से इनके पराक्रम के विषय में भी उसका मन सन्देहित हुआ, और इस लिए उसने स्वयं ही इनकी एक बार कठिन परीक्षा लेने का निश्चय किया। इस परीक्षा का जलसा ८ जून सन् १८५७ ई० से लेकर २० सितम्बर तक स्वयं दिल्ली ही के किले में हुआ। उसमें बृटिश सैन्य के उत्तीर्ण होते ही सब शंकाओं का निरसन हो गया और इसने सनातन राजधानी से अँगरेज़ों की प्रभुता स्वीकार की। पर इनका ध्यान दिल्ली को छोड़कर अन्य स्थानों ही की ओर अधिक रहा। सिर्फ़ कहने भर के लिए, किसी तड़क-भड़कदार जलसे के समय में ही उन्हें इसकी याद आती रही। जान पड़ता है कि यह बात इसे पसन्द नहीं थी, इसी लिए अन्त में इस मानिनी ने महाराज जार्ज के द्वारा १२ दिसम्बर १९११ को अपने विषय का अनन्य प्रेम प्रकट करवाया।

दिल्ली के वैभव और यहां के पराक्रमी राजाओं की यह पूर्व परम्परा हमने पाठकों से निवेदन कर दी। यह बात सब विद्वज्जन मानते हैं कि इतिहास, पूर्वों के अनुभव से पिछलों को चातुर्य सिखाने का, उत्तम साधन है। इस लिए प्रत्येक बात की सिद्धि के लिए उसकी पूर्वपरम्परा का ज्ञान लेना आवश्यक है। अस्तु। यह दिल्ली [illegible]

[illegible]

सब भारतवासियों का आनंदित करना। अब, अन्त में, हम, उस परम पिता परमात्मा से यह प्रार्थना करते हैं, कि वह महाराज को [illegible] करने के लिए सुविचार दे और उन्हें सदा आरोग्य रखकर चिरायु करे।

फ्रीहँड-मॉडल—मेमरी ड्राइंग बुक (कीमत प्रत्येक की दो आने।)

फ्रीहँड ड्राइंग की पांच प्रकार की पुस्तकें तैयार हैं। पहली दो प्रकार की पुस्तकों में मूलरंग और मिश्ररंग की आकृतियां हैं और अगली दो प्रकार की पुस्तकों में मूलरंग, मिश्ररंग और पुनर्मिश्ररंग की आकृतियां हैं। पांचवें नम्बर की पुस्तक में फूलों और पत्तों की आकृतियां दी गई हैं; इसके सिवाय इस पुस्तक में मूल, मिश्र और पुनर्मिश्र रंगों का पूरा नक्शा और मिश्रण के विभाग का पूरा पूरा विवेचन किया गया है। मॉडल-ड्राइंग और मेमरी ड्राइंग के भी चार चार नम्बर तैयार हैं। मेमरी ड्राइंग में वस्तुओं का चुनाव बहुत सरल का है; और बड़ी [illegible] से किया गया है। इनके सिवाय मोर, खींचे हुए, [illegible] पत्तों के ड्राइंगबुक बिक्री के लिए तैयार हैं। [illegible] एक आना। व्यापारी और मास्टर लोगों को अच्छा कमीशन दिया जायगा।

फ्रीहँड-ड्राइंग-सिरीज़—(२२½ × १४) [illegible] बड़ा [illegible] की गई है। प्रत्येक की कीमत चार आने।

मैनेजर—चित्रशाला, पूना।

महाराज श्री-श्रीनिवासप्रसादसिंह।

[illegible] और पटना के बीच एक बड़ा प्रदेश "भोजपुर" है। यह देश बिहार में है। शाहाबाद जिले में बक्सर के पास [illegible] भोजपुर नामके दो नगर हैं। एक "पुराना भोजपुर" दूसरा "नया भोजपुर"। इन दोनों में केवल आधे कोस का अन्तर है। [illegible] दोनों की अवस्था अब अच्छी नहीं है और ये नगर [illegible] भी अब नहीं हैं तथापि यहांके ऊंचे ऊंचे राजभवन [illegible] उनकी प्राचीनता तथा महत्ताका परिचय आज भी दे रहे हैं। इन्हीं दोनों नगरों में क्रमशः भोजपुरेश महाराजाओं की राजधानी थी। इसी कारण इनका समस्त प्रान्त भी "भोजपुर" नाम से प्रसिद्ध हो गया। [illegible] ही वर्षों से उक्त महाराजाओं की राजधानी "डुमरांव" है। यह नगर भोजपुर से एक योजन दक्षिण है। यहां हरे सुहावने वन, अगणित अनुपम पुष्पवाटिकायें, अनेक देवमंदिर, बहुतसे जलाशय, एक पहाड़ी छोटी नदी, एक बहुत बड़ा शस्त्रागार, एक हाई इंग्लिश स्कूल, एक लाइब्रेरी, एक सदावर्त, और दो धर्म शालायें राजकीय हैं। नागरिक लोगों के भी उच्च भवन, पुष्पवाटिका, पाठशाला, देवमंदिर, जलाशय आदि अनेक वस्तु हैं देखने के योग्य हैं। डुमरांव नगर छोटा है पर बहुत सुहावना है।

यहां के महाराज विक्रमादित्य के वंशधर हैं और उज्जैन (उज्जयिनी) नगर से आये हैं इस लिए ये लोग "उज्जैन" कहलाते हैं। उक्त वीर विक्रमादित्य परमार थे, ये लोग भी परमार (पमार) कहे जाते हैं। धारा नगरी के ऐतिहासिक प्रसिद्ध "भोजदेव" इनके पूर्व पुरुष थे। इन लोगों ने उनकी भक्ति से आल्हादित होकर उनके स्मारक स्वरूप भोजपुर नगर बसाया। ये लोग "भोजराज" भी कहलाते हैं।

डुमरांव के अन्तिम राज्याधिकारी महाराज सर राधाप्रसादसिंह के सी आई. ई. थे। उनने बड़ी योग्यता के साथ प्रजा का पालन और गवर्नमेन्ट को प्रसन्न किया। महाराज की दो महारानियां थीं। पहली, महाराज बड़हर (जिला मिर्जापुर) की पुत्री, तथा दूसरी जिला बलिया बांसडीह ग्राम के परमप्रतिष्ठित रईसकी पुत्री थीं। पहली महारानी को कोई सन्तति न हुई। उनका शरीरान्त मध्यावस्था में हो गया। दूसरी महारानी श्री "बेणीप्रसाद कुमारी" जी की दो पुत्रियां थीं। प्रथम पुत्री का विवाह मांडा के महाराज श्री रामप्रतापसिंहजी के साथ हुआ। द्वितीय पुत्री का विवाह रीवां के वर्त्तमान महाराज बान्धवेश व्यङ्कटरमण रामानुजप्रसादसिंहजी के साथ हुआ।

महाराज श्री श्रीनिवासप्रसादसिंहजी।

[illegible] महाराज [illegible]प्रसादसिंह का देहान्त [illegible] के अनुसार डुमरांव की महारानी [illegible] कुमारी" जी [illegible] आदि [illegible] १५ वर्ष राज्य किया। [illegible] महारानी जी "दत्तक पुत्र" [illegible] था—डुमरांव, [illegible] और जगदीशपुर [illegible] [illegible] इस कारण महारानी [illegible] [illegible] "दत्तक पुत्र" बनाकर राज्य [illegible] के अनुसार सन् १९०७ ई० [illegible] दिनाजपुर की महारानी के [illegible] परम प्रतिष्ठित श्रीमान महाराज [illegible] [illegible]प्रसादसिंहजी के पौत्र, महाराज [illegible]प्रसादसिंहजी के पुत्र कुमार बाबू [illegible]प्रसादसिंहजी और महाराज कुमार बाबू [illegible] (सर [illegible]) जी के [illegible] बाबू [illegible]बहादुर सिंह जी, [illegible] गवर्नमेन्ट की आज्ञा लेकर, गवर्नमेन्ट के [illegible]—शाहाबाद के जज, बक्सर के [illegible], आरा के पुलिस सुपरिन्टेन्डेन्ट, [illegible] अनेक सम्बन्धी, महाराज [illegible] म० कु० बाबू [illegible]प्रसादसिंह डुमरांव आदि, एवं अपने प्रधान कर्मचारी दीवान बाबू शिवनारायणलाल बी ए. बी. एल्. आदि के सामने वेद विहित विधि से "दत्तक पुत्र" बनाया (गोद लिया)। और नवीन नाम "श्रीनिवासप्रसादसिंह" रक्खा।

महारानी के स्वर्गवास होने के बाद राज "कोर्ट आफ वार्ड्स" के आधीन हो गया। वर्तमान महाराज के गार्डियन म० कु० बाबू [illegible]प्रसादसिंहजी और स्वास्थ्य निरीक्षक भूतपूर्व सिविल सर्जन, श्रीयुक्त बाबू विपिन बिहारी गुप्तजी नियत किये गये।

महाराज श्रीनिवासप्रसादसिंह जी आज कल डुमरांव में सजधज के साथ रांची में विराज रहे हैं। आपकी अवस्था इस समय आठ वर्ष की है। इस छोटी अवस्था में भी आप कभी कभी ऐसी बातें कह देते हैं जिनसे पूर्व जन्म के शुभ संस्कार का अनुमान होता है। अभी आपको हिन्दी और अंग्रेजी की प्रारम्भिक शिक्षा हो रही है। आशा है कि ब्रिटिशगवर्नमेन्ट के उत्तम निरीक्षण से आप वयस्क होने पर आदर्श महाराज होंगे। जगदीश्वर से मेरी प्रार्थना है कि उक्त महाराज चिरजीवी होकर भोजपुर की प्रजाओं का पालन करें।

अक्षयवट मिश्र

राजा रविवर्मा के

प्रसिद्ध चित्र।

यह एक ८८ चित्रों की पुस्तक मोटे और चिकने कागज (आर्टपेपर) पर छपी तैयार है। प्रत्येक चित्र के साथ उसकी ऐतिहासिक कथा भी दी गई है। आर्यभाषा में बिलकुल नई चीज़ है। आवरणपृष्ठ पर राजा रविवर्मा का प्रसिद्ध चित्र "शकुन्तला-जन्म" तीन रंगों में दिया है। पुस्तक की शोभा देखते ही बनती है। तिस पर भी मूल्य सब के सुभीते के लिए सिर्फ १) ही रुपया रखा है।

सूचना—पुस्तक की मांग धड़ाधड़ आ रही है। एक एक ग्राहक ने अपने और अपने मित्रों के लिए पांच पांच दस दस तक कापियां मंगवाई हैं। अब ग्राहकों के पास पुस्तकें भेजी जा रही हैं। कृपापूर्वक ग्राहकगण वी. पी. का स्वीकार करें। नवीन ग्राहक शीघ्रता करें। मांग अन्यथा दूसरा एडीशन निकलने तक प्रतीक्षा करनी पड़ेगा।

मैनेजर—चित्रशाला पूना।

उत्तम कागज, सुंदर छपाई, मनोहर चित्र.

इन्दु.

१०० पृष्ठका

सुंदर सचित्र मासिकपत्र।

वार्षिक मूल्य ३॥ मात्र।

प्रतिमास इतिहास, धर्म, समाज, भूगोल, आदिसे सम्बन्ध रखनेवाले निबन्ध, सरस, सरल और मनोरञ्जन [illegible] वाले गद्य चुनी हुई चुटीली कविताएँ, चित्त प्रसन्न करदेनेवाले चुटकुले, जीवनचरित, भ्रमण वृत्तान्त, स[illegible] चन आदि प्रकाशित कर यह पत्र सर्व साधारण को प्रिय होगया है। हिन्दी के अच्छे २ लेखक प्राय इसमें लिखते हैं। आप पहिले ।=)आने के टिकट भेज नमूना मंगाकर देखिए, फिर यदि आप सहृदय और ग्राहक हैं तो हम जोर देकर कहते हैं कि ग्राहक [illegible] बिना न मानेंगे।

इन्दुके ग्राहक बनानेके लिए सब जगह एजंट [illegible] उचित कमिशन दिया जायगा।

मैनेजर इन्दु बनारस सिटी

बादशहा का दैनिक कार्यक्रम।



[Photo by Johnstone & Hoffmann at Government house]
CALCUTTA.

बादशाह और महारानी का कलकत्ते में लिया हुआ फोटो।

हमारे प्राचीन ग्रंथों—पुराणों और इतिहासों—से इस बात का पता नहीं लगता है कि हिंदुस्तान के प्राचीन राजाओं और महाराजाओं की दिनचर्या किस प्रकार थी—वे अपना समय कौन-कौन किस तरह व्यतीत किया करते थे। वर्तमान समय में हमारे पाठकों को यह जानने की बहुत इच्छा होगी कि

महाराज श्री-श्रीनिवासप्रसादसिंह।

काशी और पटने के बीच एक महा प्रदेश "भोजपुर" है। यह प्रदेश विहार में है। शाहाबाद जिले में बक्सर से चार कोस पूर्व भोजपुर नामके दो नगर हैं। एक "पुराना भोजपुर" दूसरा "नया भोजपुर"। इन दोनों में केवल आधे कोस का अन्तर है। यद्यपि इन दोनों की अवस्था अब अच्छी नहीं है और ये नगर कहलाने योग्य भी अब नहीं हैं तथापि यहाँके ऊंचे ऊंचे राज-भवनों के खंड़हर उनकी प्राचीनता तथा महत्ताका परिचय आज भी दे रहे हैं। इन्हीं दोनो नगरों में क्रमशः भोजपुरेश महाराजों की राजधानी थी। इसी कारण इनका समस्त प्रान्त ही "भोजपुर" नाम से प्रसिद्ध हो गया। डेढ़ सौ वर्षों से उक्त महाराजों की राजधानी "डुमरांव" है। यह नगर भोजपुर से एक कोस दक्खिन है। यहां दो सुहावने वन, अगणित अत्युत्तम पुष्पवाटिकायें, अनेक देवमंदिर, बहुतसे जलाशय, एक पहाड़ी छोटी नदी, एक बहुत बड़ा हासपिताल, एक हाई इंग्लिश स्कूल, एक लाइब्रेरी, एक सदाव्रत, और दो धर्म शालाएं राजकीय हैं। नागरिक लोगों के भी उच्च भवन, पुष्पवाटिका, पाठशाला, देवमंदिर, जलाशय आदि अनेक वस्तुएँ देखने के योग्य हैं। डुमरांव नगर छोटा है पर बहुत सुहावना है।

यहां के महाराज विक्रमादित्य के वंशधर हैं और उज्जैन (उज्जयिनी) नगर से आये हैं इस लिए ये लोग "उज्जैन" कहलाते हैं। उक्त वीर विक्रमादित्य परमार थे, ये लोग भी परमार (पम्मार) कहे जाते हैं। धारा नगरी के ऐतिहासिक प्रसिद्ध "भोजदेव" इनके पूर्व पुरुष थे। इन लोगों ने उनकी भक्ति से आल्हादित होकर उनके स्मारक स्वरूप भोजपुर नगर बसाया। ये लोग "भोजराज" भी कहलाते हैं।

डुमरांव के अन्तिम राज्याधिकारी महाराज सर राधाप्रसादसिंह के. सी. आई. ई. थे। उनने बड़ी योग्यता के साथ प्रजा का पालन और गवर्नमेन्ट को प्रसन्न किया। महाराज की दो महारानियां थीं। पहली, महाराज बड़हर (जिला मिर्ज़ापुर) की पुत्री, तथा दूसरी जिला बलिया बांसडीह ग्राम के परमप्रतिष्ठित रईसकी पुत्री थीं। पहली महारानी को कोई सन्तति न हुई। उनका देहान्त मध्यावस्था में हो गया। दूसरी महारानी श्री "वेणीप्रसाद कुमारी" जी की दो पुत्रियां थीं। प्रथम पुत्री का विवाह मांडा के महाराज श्री रामप्रसादसिंहजी के साथ हुआ। द्वितीय पुत्री का विवाह रीवां के वर्तमान महाराज बान्धवेश हरहाइनस रामानुजप्रसादसिंहजी के साथ हुआ।

सन् १८९४ ई. में महाराज राधाप्रसादसिंह का देहान्त होगया। महाराज के लिखे हुए "विल" के अनुसार डुमरांव की राजगद्दी महाराज की द्वितीय धर्मपत्नी "वेणीप्रसाद कुमारी" जी को मिली। महारानी ने बड़ी उत्तमता के साथ १४ वर्ष राज्य किया।

महाराज अपने "विल" में महारानी को "दत्तक" का अधिकार दे गये थे। विल में लिखा था—डुमरांव, और जगदीशपुर ये तीनों राजकुल अत्यन्त समीपीय, तथा आत्मीय हैं। इस कारण महारानी इन राजकुलों में जिसको सुयोग्य समझें "दत्तक पुत्र" बनाकर राज्य दे दें। विल के अनुसार सन् १९०७ ई० ता० दिसम्बर को महारानी ने जगदीशपुर परम प्रतिष्ठित रईस महाराज भागिरथीप्रसादसिंहजी के पौत्र, कुमार बाबू गयाप्रसादसिंहजी के और महाराज कुमार बाबू सिंह (दादूजी) जी के लघुभ्राता जोधी बाबू जंगबहादुर सिंह को, गवर्नमेन्ट की आज्ञा लेकर, गवर्नमेन्ट चारी—शाहाबाद के जज, बक्सर के प्लेडर, आरा के पुलिस सुपरिन्टेन्डेन्ट, स्वकीय अनेक सम्बन्धी, म० कु० बाबू रघुवीरप्रसादसिंह आदि, एवं अपने प्रधान कर्मचारी बाबू शिवशरणलाल बी. ए. बी. एल. के सामने वेद विहित विधि से "दत्तक पुत्र" बनाया (गोद लिया)। और नवीन "श्रीनिवासप्रसादसिंह" रक्खा।

महाराज श्री श्रीनिवासप्रसादसिंहजी।

महारानी के स्वर्गवास होने के "कोर्ट आफ वार्ड्स" के आधीन हो गया। वर्तमान महाराज के गार्डियन म० गयाप्रसादसिंहजी और स्वास्थ्य भूतपूर्व सिविल सर्जन, श्रीयुक्त बाबू बिहारी शुमजी नियत किये गये।

महाराज श्रीनिवासप्रसादसिंह जी आज कल राजसभ्रधज के साथ रांची में विराज रहे हैं। आपकी अवस्था इस आठ वर्ष की है। इस छोटी अवस्था में भी आप कभी कभी ऐसी बातें कह देते हैं जिनसे पूर्व जन्म के शुभ संस्कार का अनुमान होता है। अभी आपकी हिन्दी और अंग्रेजी की प्रारम्भिक शिक्षा हो रही है। आशा है कि ब्रिटिशगवर्नमेन्ट के उत्तम निरीक्षण में वयस्क होने पर आदर्श महाराज होंगे। जगदीश्वर से मेरी प्रार्थना है कि उक्त महाराज चिरंजीवी होकर भोजपुर की प्रजाओं का पालन करें।

आक्षयवट मिश्र

राजा रविवर्मा के

प्रसिद्ध चित्र।

यह एक सौ चित्रों की पुस्तक मोटे और चिकने कागज़ (कार्टरिज) पर छपी तैयार है। प्रत्येक चित्र के साथ उसकी ऐतिहासिक कथा भी दी गई है। कार्डनाका [illegible] जिल्द भी जोड़ है। कावरपृष्ठ पर राजा रविवर्मा का प्रसिद्ध चित्र "शकुन्तला-जन्म" सात रंगों में दिया है। पुस्तक की शोभा देखने ही बनती है। फिर पर भी मूल्य सर्व के सुभीते के लिए सिर्फ १) ही रक्खा गया है।

सूचना—पुस्तक का मांग बराबर आ रही है। एक एक ग्राहक ने पन्द्रह और बीस कापियां के लिए पांच पांच दस दस तक कापियां मँगवाई हैं। अब ग्राहकों के पास पुस्तकें भेजी जा रही हैं। कृपापूर्वक ग्राहकगण वी. पी. का स्वीकार करें। नवीन ग्राहक शीघ्रता करें। अन्यथा दूसरा एडीशन निकलने तक मार्ग जोहना करना पड़ेगा।

मैनेजर—चित्रशाला पूना।

उत्तम कागज़, सुंदर छपाई, मनोहर चित्र.

इन्दु.

१०० पृष्ठ

सुंदर सचित्र मासिकपत्र।

व र्षि क मू ल्य ३) मात्र।

ऐतिहासिक, धर्म, समाज, भूगोल, आदि से सम्बन्ध रखनेवाले निबन्ध, सरस, सरल और मनोहर भाव वाले गद्य चुनी हुई सुंदर कविताएं, चित्त प्रसन्न कर देनेवाले चुटकुले, जीवनचरित्र, अमण वृत्तान्त, समालोचन आदि प्रकाशित कर यह पत्र सर्व साधारण के अति प्रिय होगया है। हिन्दी के अच्छे २ लेखक इसमें लिखते हैं। आप पहिले ≈) आने के टिकट भेज नमूना मंगाकर देखिए, फिर यदि आप सहृदय और गुणग्राहक हैं तो हम जोर देकर कहते हैं कि ग्राहक हुए बिना न रहेंगे।

इन्दु के ग्राहक बनने के लिए एक बार पत्र व्यवहार कीजिए ... किया जायगा।

मैनेजर इन्दु बनारस सिटी।

बादशहा का दैनिक कार्यक्रम।



[Photo by Johnstone & Haffmann at Government house]
CALCUTTA.

बादशाह और महारानी का कलकत्ते में लिया हुआ फोटो।

हमारे प्राचीन ग्रंथों—पुराणों और इतिहासों—से इस बात का पता है कि हिंदुस्तान के प्राचीन राजाओं और

प्रकार थी—वे अपना समय प्रतिदिन किस तरह व्यतीत किया करते थे। वर्त... हमारे पाठकों को यह बात जानने की बहुत इच्छा होगी कि

...के शिखर पर पहुंचे हुए यूरपखंड के अत्यंत प्रसिद्ध और वैभवशाली इंग्लैण्ड ... राजा (और हिंदुस्थान के बादशाह) पंचम जार्ज का दैनिक कार्यक्रम किस प्रकार का है—वे प्रति-दिन कौन कौन काम किया करते हैं, उनका निजी बर्ताव कैसा है और उनके निजी कामों का प्रबंध किस भांति होता है। इस विषय में स्वयं बादशाह की सम्मति से हाल ही में एक लेख प्रकाशित हुआ है, उसीके आधार से नीचे लिखी कुछ बातें हम प्रकाशित करते हैं।

लॉर्ड स्टैंफोर्डहम।
(बादशाह के अत्यन्त विश्वासपात्र निजी कारबारी।)

पंचम जार्ज का 'कोर्ट'।

बादशाह पंचम जार्ज के कोर्ट के, सरकारी तौर पर, तीन विभाग किये गये हैं। इन विभागों का प्रबंध लार्ड स्टुअर्ड, लार्ड चेम्बर्लेन, और मास्टर आफ़ दि हार्स नाम के तीन अधिकारियों के हाथ में है। यथार्थ रीति से देखा जाय तो खुद बादशाह के निजी ... के प्रबंध का एक निराला ही ... हो सकता है; परंतु सरकारी तौर पर ... नहीं किया जाता। इस चौथे विभाग ... अधिकारी बादशाह के प्राइवेट सेक्रेटरी ...। सम्प्रति अर्ल आफ़ चेस्टरफ़ील्ड ... स्टुअर्ड' का काम करते हैं, अर्ल ... 'लार्ड चेम्बर्लेन' का काम और अर्ल ... 'मास्टर आफ़ दि हार्स' का ... म करते हैं। सर आर्थर बिग्गी को 'लार्ड ...' कहते हैं—यही बादशाह के प्राइवेट सेक्रेटरी हैं। बादशाह के 'कोर्ट' के ... तीनों विभागों के अफ़सर सरकारी ... र पर नियत किये जाते हैं। इन पदों ... बड़े बड़े लोगों में से ही कोई पुरुष ... नियत किया जाता है। जब कभी बादशाह ... ई सरकारी आज्ञा देना चाहते हैं तब ... 'लार्ड चेम्बर्लेन' के हस्ताक्षर से प्रकाशित की जाती है। कभी कभी ऐसे हुक्म ... अर्ल मार्शल आफ़ इंग्लैण्ड' (जो कोई ... कोई अफ़सर नहीं हैं) के हस्ताक्षर से भी ... किये जाते हैं। जब कभी बादशाह ... अपना संदेशा लोगों को भेजना चाहते ... या जब कभी वे किसी मामले में निजी तौर पर कुछ उत्तर देना चाहते हैं, तब उसका मसविदा 'प्राइवेट सेक्रेटरी' द्वारा तैयार किया जाता है और बादशाह की सम्मति मिलने पर वह बाहर भेजा जाता है। उदाहरणार्थ दरबार, लेवी, बाल वगैरह जिसों के हुक्म, ... के ... नामक ... 'लार्ड चेम्बर्लेन' के ... से, जारी होते हैं; और निजी तौर पर चिट्ठियां लिखने, वहीं ... के लिए जाने, दिवस के ... ये सब बातों का निर्णय ... का प्रबंध प्राइवेट सेक्रेटरी द्वारा किया जाता है। 'कोर्ट' ... ... का प्रबंध प्राइवेट सेक्रेटरी ही के द्वारा हुआ करता है।

बादशाह का आफ़िस।

यह आफ़िस लंडन में बकिंगहाम नामक राजमहल की पहली अटारी पर है। इसके सामने एक मनोहर बाग है। आफ़िस का कमरा बहुत बड़ा, हवादार, प्रकाशमय, स्वच्छ और सुंदर है। बादशाह के लिखने का टेबल यहां रखा रहता है। इसके दूसरी ओर के कमरे में लार्ड स्टैंफोर्डहम के लिए एक डेस्क रखा रहता है। बादशाह के असिस्टन्ट सेक्रेटरी और इस विभाग के अन्य अफ़सर भी यहीं रहते हैं। काम पड़ने पर ये लोग बादशाह के पास बुला लिये जाते हैं।

अर्ल स्पेन्सर (लार्ड चेम्बरलेन।)

बादशाह की डाक।

यह लिखने की आवश्यकता नहीं कि बादशाह की डाक बहुत बड़ी रहती है। निजी और सार्वजनिक चिट्ठियां, समाचारपत्र, पुस्तकें आदि, लंडन के पोस्ट आफ़िस से, एक निराली थैली करके ... बादशाह के पास ... जाती हैं। जब बादशाह बकिंगहाम-म... रहते हैं तब उनके डाक की थैलियां, ... काल के भोजन के समय, वहां जा प... हैं। थैली खोलकर बादशाह स्वयं सब ... देख लेते हैं; किसी पत्र पर कुछ चि... देते हैं; अत्यंत महत्त्व के पत्रों का ... उसी समय दिया जाता है; और जिन ... का उत्तर वे स्वयं कुछ विचार कर... बाद देना चाहते हैं उन्हें अपने बक्स ... कर देते हैं। अन्य बचे हुए पत्र वे ... सेक्रेटरी को दे देते हैं। बादशाह प्रात... बहुत जल्द उठते हैं। सबसे पहले वे ... के उत्तर लिखते हैं। इसके बाद स... भोजन का समय होता है और इसी ... बादशाह के डाक की दूसरी बड़ी थैली ... पहुंचती है। इस थैली को उनके प्रा... सेक्रेटरी खोलकर सब पत्र बाहर नि... और भिन्न भिन्न विषयों के पत्रों को ... भिन्न थैलियों में बंद करते हैं। उदाहर... सार्वजनिक कार्य संबंधी निमंत्रण पत्र, ... संस्था के लिये द्रव्य की सहायता मांगने... पत्र, निजी पत्र, हाउस आफ़ कामन्स ... हाउस आफ़ लार्ड्स के सरकारी रिपोर्ट वगैरह सब अलग अलग छांटकर उनमेंसे जो अत्यंत महत्त्व के होते हैं वे अलग अलग थैली में बंद कर दिये जाते हैं। इसी तरह अन्यान्य देशों के राजाओं के पत्र, भिन्न भिन्न स्थानों के वकीलों के भेजे हुए रिपोर्ट, मंत्रियों के पत्र आदि सब छांटकर दूसरी संदूक में बंद किये जाते हैं। इस संदूक पर एक छेद है जिसमें बाहर से पत्र आदि डाल दिये जा सकते हैं, परंतु ताला खोले बिना संदूक के भीतर ... बाहर नहीं निकल सकते। इस संदूक की एक कुंजी स्वयं बादशाह ... पास, दूसरी कुंजी लार्ड ... के पास और तीसरी कुंजी प्राइवेट सेक्रेटरी ...

मिस्टर आस्किथ—प्रधान मंत्री और उनके कुटुम्बी जन।
(खड़े होनेवालों की कतार—दाहिनी ओर से बाईं तरफ़—१ मिसेस आस्किथ; २ मिस्टर आस्किथ, ३ मि. ... । बैठनेवालों की कतार—बाईं ओर से दाहिनी ओर—१ मास्टर अन्थोनी आस्किथ कनिष्ठ पुत्र; २ मिसेस आस्किथ की बड़ी बहन।)

अर्ल आफ़ चेस्टरफ़ील्ड।
(...)

अर्ल आफ़ ...
(... के मुख्य अधिकारी।)

ष्टॉगडेम के पास है। चुने हुए ये सब पत्र और दिन भर बादशाह को जो करना है उसका संक्षिप्त ब्योरा एक कागज़ पर लिखकर बादशाह को सौंप दिया जाता है। बहुतेरे पत्रों के उत्तर बादशाह स्वयं अपने हाथ से लिखते हैं; कुछ पत्रों के उत्तर वे अपने मुख से कहते जाते हैं और कोई सेक्रेटरी उन्हें लिखता जाता है। बादशाह पंचम जार्ज पत्र लिखने या लिखवाने में कुछ धीमी चाल के मालूम होते हैं। अमुक शब्द लिखा जाय या न लिखा जाय, अमुक तौर पर लिखें या न लिखें, अमुक बात का उल्लेख करें या न करें—इन्हीं बातों का वे बहुत समय तक विचार करते रहते हैं। इस कारण पत्र व्यवहार में उनका बहुत समय व्यतीत हो जाता

सर डब्ल्यू कैरिंगटन।
[बादशाह की निजी मिल्कियत के अफसर।]

[illegible] प्रत्येक शब्द के अर्थ पर और इससे [illegible]नेवाले के मन पर होनेवाले परिणाम [illegible] वे बहुत सोचा करते हैं। इस तरह [illegible] सोच समझकर शब्दों का उपयोग [illegible]रने की उनकी आदत है। जो लोग [illegible] बात पर ध्यान नहीं देते कि हमारे [illegible]ब्दों का, सुननेवाले या पढ़नेवाले पर, [illegible]या परिणाम होगा उन्हें हमारे बादशाह [illegible] इस आदत से कुछ शिक्षा ग्रहण [illegible]रना चाहिये। कहा भी है कि "बिना [illegible]चारे जो करे (या कहे) सो पाछे [illegible]छताय।" अस्तु; बादशाह के लिखे [illegible] पत्र या उनकी नकलें हिफ़ाज़त से [illegible]दूक में रख दी जाती हैं। कुछ दिनों [illegible] बाद ये पत्र विंडसर महल के निजी [illegible]आफ़िस में संग्रहार्थ भेज दिये जाते हैं। [illegible]त्र लिखने और लिखवाने का काम हो [illegible]जाने पर बादशाह पहले दिन के

पार्लमेंट के कामों की रिपोर्ट।

पढ़ते हैं। जब वे किसी एक विषय के संबंध में कुछ विशेष हाल जानना चाहते हैं तब उसका पूरा ब्योरा तुरंत ही मंगवा लेते हैं, या जब कभी वे अपने प्रधान मंत्री या 'फ़ारेन मिनिस्टर' से किसी बात की सलाह करना चाहते हैं तब

किंग जार्ज घोड़ेपर बैठकर हवा खाने जा रहे हैं।

तुरंत ही यह प्रबंध हो जाता है कि अमुक स्थान में अमुक समय पर वे लोग उपस्थित हों। इस काम में [illegible] [illegible] नहीं होती। जब दुनिया के किसी भाग में कुछ [illegible] या लड़ाई होने की खबर मिलती है तब वे उस भाग का एक बड़ा नकशा [illegible] [illegible] में रख देते हैं [illegible] [illegible] देख सकें। बादशाह को

घोड़ों का शौक

भी बहुत है। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] है। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

विसकाउंट मोर्लि। [illegible]
([illegible])

है। इनके बादशाह [illegible] हुए इनके [illegible] बहुत ही [illegible]
[illegible] सी नहीं है। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

बादशाह एक प्राचीन सुन्दर रथ में बैठकर जाया करते थे। इस रथ में घोड़े लगाए जाते थे। परंतु अब इस रथ का उपयोग बहुत कम होता है। वह सरकारी रथ गृह से हटाकर गाड़ियां दुरुस्त करने के कारखाने में रख दिया गया है। महारानी मेरी जब किसी उपवन में हवा खाने को जाती हैं या 'वेस्ट-एन्ड' की ओर कुछ सामान खरीदने जाती हैं तब उनकी गाड़ी में घोड़े ही लगाए जाते हैं। स्वयं बादशाह हर दिन घोड़े पर बैठकर हवा खाने जाया करते हैं। कुछ घोड़े अफ़सरों के लिए भी रखे गये हैं। बादशाह अपने

आयव्यय की जांच

बहुत सावधानी से किया करते हैं।

सर चार्लस फ्रेडरिक।
(घरेलू काम काज के अधिकारी।)

ये बादशाही कुटुंब के विभिन्न भाग के आयव्यय की जांच हर महीने एक बार अवश्य किया करते हैं। अपने कुटुंब की सारी बातों पर वे बहुत सूक्ष्म रीति से ध्यान दिया करते हैं। इस बात पर उनका विशेष कटाक्ष रहता है कि तरुण 'प्रिंस ऑफ वेल्स' बादशाही मिल्कियत और आयव्यय के संबंध में सारी बातों से परिचित हो जाएँ।

मंत्री आदि लोगों से मिलना।

ऊपर लिख आए हैं कि बादशाह सबेरे बहुत जल्द उठते हैं। दो पहर होने के पहले ही वे अपना सब काम काज पूरा कर डालते हैं। दो पहर को वे अपने मंत्रियों से या विदेशी वकीलों से मिलते हैं। उस समय जो सेक्रेटरी उपस्थित रहता है वह मुलाकात की सब बातें लिख लेता है, यदि कोई सेक्रेटरी न हो तो स्वयं बादशाह अपने हाथ से संपूर्ण बातचीत का [illegible] लिख रखते हैं। इसकी नकल बादशाह के निजी दफ्तर में रख दी जाती है। वे इस बात पर सदा ध्यान दिया करते हैं कि इंग्लैंड के साथ विदेशों का संबंध किस तरह है।

बादशाह और उनका कुटुम्ब।

तीसरे पहर का भोजन करने के बाद वे कुछ समय तक आराम करते हैं और कुछ समय अपनी रानी, कन्या, पुत्र आदि के [illegible] में [illegible] करते हैं। [illegible] दिन [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] वे अपने पुत्र और कन्या के साथ [illegible] करते हैं। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] रहते हैं। दो पहर के बाद [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] 'अफ़सर' [illegible] हैं— [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] करते हैं। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

[illegible] [illegible] [illegible]।
([illegible])

[illegible] के [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]
है। [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

ही रहते हैं । कभी कभी बादशाह उस कमरे में जाते जहां अनेक चित्र टंगे हुए हैं और अद्भुत पदार्थों का संग्रह किया गया है । वहां जाकर कुछ समय तक वे अपना मनरंजन करते हैं । जो लोग सरकारी तौर पर मिलने आते हैं उनसे बादशाह आफ़िस ही में मिलते हैं, परंतु जब उनके मित्र गण आते हैं तब वे अपने निजी कमरे में उनसे बातचीत करते बैठे रहते हैं । जार्ज बादशाह अपने पिता की नाईं चुरुट बहुत नहीं पीते । कहते हैं कि इसका कारण यह है कि महारानी को तंबाकू की बास नहीं सुहाती । बादशाह दोपहर को कभी चाय नहीं लेते । तीसरे पहर का भोजन हो जाने पर रात्रि के भोजन समय तक बीच में वे कुछ खाते भी नहीं । रात्रि का भोजन प्रायः आठ बजे हुआ करता है । जब कभी बादशाह नाटक का खेल देखने जाते हैं तब भोजन एक घंटे पहले ही हो जाता है। प्रिंस आफ़ वेल्स की अवस्था में वे पार्लिमेंट में नित्य जाते और वहां दिल लगाकर सब बातें सुनते थे । परंतु अब 'राजा' होने के कारण वे ऐसा नहीं कर सकते । अब सिर्फ पार्लिमेन्ट के रिपोर्ट और दैनिक समाचार पत्रों के लेख पढ़कर ही वे सब हाल जान लिया करते हैं । सायंकाल का एक घंटा अपने देश की दशा संबंधी बातें सुनने में व्यतीत किया जाता है । और फिर रात को उन बातों पर खूब विचार किया जाता है । रात्रि के सब काम पूरा करके वे मध्य रात्रि के पहले अपने शयन-गृह में जाते हैं ।

पंचम जार्ज ।

(इंग्लैन्ड में इनके बराबरी का निशानेबाज दूसरा नहीं है । आप फुरसत के समय हाथ में बंदूक लेकर जंगल में सदा घूमते रहते हैं ।)

बादशाही मर्जी ।

इंग्लैन्ड की बाकायदा राज्यपद्धति के अनुसार बादशाह सब काम काज किया करते हैं । अपने मन्त्रियों की बातें ध्यानपूर्वक वे सुन लिया करते हैं । जब उन्हें कोई प्रस्ताव करना होता है तब वे उसकी सूचना अपने मंत्रियों को देते हैं और उस विषय पर उनके साथ चर्चा करते हैं । यदि उनके विचार मंत्रियों को पसंद नहीं होते तो वे कभी आग्रह नहीं करते । यद्यपि वे जानते थे कि ट्रिपोली में युद्ध क्यों और कैसे हुआ और यद्यपि उन्हें इस बात पर बहुत आश्चर्य मालूम हुआ कि इटली ने एकदम युद्ध आरंभ कर दिया; ... कहा कि ' यह हमारा निजी मत है—ऐसा न समझना चाहिये कि यह सरकारी मत है । ' वे इस बात को बिल्कुल पसंद नहीं करते कि हर ... में " बादशाही मर्जी " का दखल बना रहे । अपने निजी कारबार में ... दुराग्रही नहीं हैं । इस पर से यह न समझना चाहिये कि यदि कोई ... उनकी आज्ञा उल्लंघन करे तो वे चुप रह जाते हैं—कुछ करते नहीं । इन्हीं बात है कि बादशाह ने अपने एक अ...गर में कुछ लिखने को कहा और जो बातें लिखने की थीं वे सब अच्छी तरह समझा दी गईं; परंतु इस आदमी समय बचाने ... ही मन से उस लेख ... कुछ ' सुधार ' ... दल-बदल कर लिया । ... शाह ने देखा कि वह हमारी आज्ञा के ... नहीं लिखा गया है उन्होंने वह कागज़ ... रद्दी की टोकरी में दिया और बड़ी ... से कहा " मिस्टर, कोई हर्ज न हो तो काम अब हमारी इच्छा अनुसार कर लिया जावे । नियत समय ... शीघ्रता से ... करना बादशाह बहुत पसंद है । जब आदमी अपने काम ... ढीलापन, ' बेपरवाही ' टालमटोल करता है उन्हें यह बात बिल्कुल अच्छी नहीं लगती ।

(बादशाह को घुड़दौड़ का भी बहुत शौक है । आप न्यूबरी और वार्सेन्स की घुड़दौड़ देखने जा रहे हैं ।)

बादशाह और विदेशी राज्य ।

रशिया के ज़ार, जर्मनी के कैसर, इटली, स्पेन, ग्रीस और नार्वे के राजा तथा अन्य देशों के राजा लोगों के साथ बादशाह ... पत्रव्यवहार बहुत है । उन्हें यह जानने की बहुत इच्छा होती है कि सुधरे हुए सभ्य देशों में विशेषतः जिनका इंग्लैन्ड से संबंध है उन देशों में—क्या क्या हो रहा है । साम्राज्य के विषय में वे सदा ही कुछ न कुछ बातें अपने सेक्रेटरी से पूछा करते हैं । वे शीघ्र ही विदेश यात्रा के लिए जानेवाले हैं ।

कम्पोज़िटर चाहिये ।

" हिन्दी चित्रमय जगत " नामका एक मासिक पत्र हमारे प्रेस से प्रकाशित होता है। इसके सिवाय हिन्दी ग्रंथों का काम भी शीघ्र ही आरंभ होनेवाला है । इस लिये हमें ऐसे कम्पोज़िटरों की आवश्यकता है जो हिन्दी जानते हों और बम्बई-टाइप में कुछ वर्क अच्छी तरह कर सकते हों । दरख्वास्त में वेतन आदि का हाल लिखकर पता स्पष्ट लिखिये ।

मैनेजर—चित्रशाला प्रेस, पूना सिटी ।

संस्कृत-प्रबोध ।

यदि आप सरल हिन्दी-भाषा में संस्कृत ... का रहस्य जानना चाहते हैं, तो ... प्रबोध के चारों भागों को देख जाइये । ... इसको पढ़ने से अनायास संस्कृत में प्रवेश करा ... । मूल्य चारों भागों का ॥॥)

पता—...शर्मा ।

... हार्नेस..., ... कानपुर ।

सौ वर्षों का पंचांग ।

शाके १७०१ से शाके १८०१ तक ।

कुछ दिनों से फलज्योतिष की ओर लोगों का ध्यान बहुत आकर्षित हो रहा है और पुराने पंचांगों की बहुतही कमी मालूम होने लगी है । इस कमी को दूर करने के लिए ही हमने पिछले सौ वर्षों का पंचांग छापा है । इस पंचांग में सब प्रकार की जानकारी, अर्थात् तिथि, वार, तिथियों के घड़ी, पल, नक्षत्र और नक्षत्रों के घड़ी पल, योग और योगों के घड़ी पल, अंग्रेजी, मुसलमानी और पारसी तारीखें, रोज का चन्द्र, पखवाड़े के ग्रह और ग्रहचार, आदि आदि सब प्रकार की जानकारी, विस्तारपूर्वक दी है ।

इस पंचांग का व्यावहारिक उपयोग ।

(१) पिछली तारीखों और तिथियों का मेल; (२) किसी खास साल की ग्रहस्थिति और उसमें सुकाल या दुकाल आदि ठहराने के लिए साधन और उसकी पश्चात् अनुभव से क्या हुआ; (३) जन्मपत्रिका का बर्ताव और उसके फल का अनुभव; (४) आकाश की ग्रहस्थिति का मेल आदि । पंचांग पुस्तकाकार डेमी आठ पेजी ग्लेज कागज़ पर छपा हुआ है । आठ सौ से अधिक पृष्ठ हैं मोटे पुट्ठे की कपड़े की बंधाई मजबूत है । मूल्य १० रुपये, डाकमहसूल और पेकिंग मिलकर ११ मात्र ।

चित्रशाला दुकान, कालकादेवी रोड, बम्बई । मैनेजर—चित्रशाला प्रेस, पूना ।

वर्ष २] माघ और फाल्गुन सम्वत् १९६८ विक्रमी—फरवरी और मार्च सन् १९१२ ईसवी। [अंक

रामकृष्णवाक्सुधा।

बिन्दु ७

[illegible]

माता, जगन्माता की ओर, सच्चिदानंद ... ध्यान लगाकर तुम सब काम करते रहो,'—यह उपदेश उस दिन [illegible] यह यही पुरुष है!

ये सब बातें हो रही थीं और महाराज [illegible] चुपचाप बैठा था, [illegible] निकलता था, और न शरीर [illegible] उसकी आँखें भर महाराज के [illegible] की ओर लगी हुई थीं।

महाराज ने [illegible] से कहा, "यह [illegible]"

[illegible]

सूची ।

विषय	पृष्ठ
१ रामकृष्ण-वाक्सुधा	३३
२ अमेरिका में कृषि की शिक्षा देनेवाली रेलगाड़ियां	३५
३ "संत तुकाराम" नाम का जहाज	४०
४ प्रश्नी नाच	४१
५ जहाज पर बादशाह का कार्यक्रम	४२
६ राजकुटुम्ब की गृहचर्या	४८
७ रूस के युवराज	
८ राजमाता अलेक्ज़ेंड्रा महारानी	४९
९ महाराष्ट्र-साहित्य और विष्णुशास्त्री चिपळूणकर	
१० मि० लिओनेल मांडर	
११ स्वर्गवासी सर पी. एन. कृष्णमूर्ति के. सी. आय. ई.	५०
१२ स्वर्गवासी महाराजाधिराज पृथ्वीवीर विक्रमशाहदेव	
१३ स्वर्गवासी सर दीपासिंह महाराज	५१
१४ क्लॉप ग्राम्स्	५२
१५ चीन देश की राज्यक्रान्ति	६१
१६ शृंगेरी मठ के श्रीशंकराचार्य	६२
१७ कोल्हापुर के दृश्य	
१८ सूक्ष्मदर्शक यंत्र के नीचे परीक्षा किये हुए अश्रु	६३
१९ ब्रह्मचर्य का प्रभाव	६४
२० श्रीमत् [illegible] तीर्थ	

चित्रमयजगत् के नियम ।

ग्राहकों के लिये ।

१. प्रति मास इस पत्र के दो संस्करण निकलते हैं । एक साधारण मोटे और चिकने कागज़ पर और दूसरा बहुत मोटे और चिकने कागज़ (आर्टपेपर) पर । साधारण कागज़वाले का अग्रिम वार्षिक मूल्य डाकव्यय सहित ३।) रु० और एक संख्या का मूल्य ।)॥ तथा आर्टपेपरवाले संस्करण का वार्षिक मूल्य ४॥) और एक संख्या का मूल्य ॥) है ।

२. [illegible]

लेखकों के लिए ।

१. [illegible]

सांच देखिये जांच ! तन्दुरुस्ती का बीमा !!

असली

नमक सुलेमानी

(दाम फी सीसी १ रु० दाम फी बोतल ५ रु०)

यह असली नमक सुलेमानी पाचनशक्ति को बढ़ाता है कि जिसमें भोजन अच्छी तरह से पचकर नया और साफ खून मनुष्य के शरीर में पैदा होता है । इस असली नमक सुलेमानी के रोज़ सेवन करने से बदहज़मी, खट्टी डकारों का आना, गले का जलना, भोजन के पचने के बाद पेट का अफरना, भूख न लगना, पाखाने का खुलासा न होना इत्यादि सब तरह की शिकायतें बहुत जल्द अच्छी हो जाती हैं, हैज़े के वास्ते यह रामबाण है, हर तरह के बादी के दर्द भी इसके सेवन से अच्छे हो जाते हैं, दिमाग की कमज़ोरी को भी दूर करता है और आंखों की रोशनी को बढ़ाता है और खून को भी साफ करता है, हैज़े या प्लेग के दिनों में इसको व्यवहार करने से बीमारी का डर नहीं रहता, क्योंकि यह

[illegible]

के समान मुलायम कर देता है। रंग भी गुण भी निराली ही है। एकबार मंगाकर अवश्य इस्तेमाल करें। मूल्य ॥।) पैकिंग महसूल अलग ।-) देना होगा।

मिलने का पता :—

प्रयागलाल मैतिन

असली नमक सुलेमानी आफिस, जनेर [illegible]

जि० गया।

गायत्री की तसवीर।

गायत्री के चित्र की एक आवृत्ति [illegible] निकाली [illegible] होगई। अब फिर दूसरी आवृत्ति निकाली [illegible]। इससे सहज ही मालूम हो सकता है [illegible] गायत्री का ध्यान कितना उत्तम निकला [illegible] और वह भाविकजनों को कितना पसन्द [illegible] है। अब अधिक प्रशंसा करने की ज़रूरत [illegible] मूल्य ४ आने। त्रिकाल 'संध्या' की [illegible]

मेसर्स ग्राउड कम्पनी मथुरा का बनाया

बाल उड़ाने का स[illegible]

वर्ष २] माघ और फाल्गुन सम्वत् १९६८ विक्रमी—फरवरी और मार्च सन् १९१२ ईसवी। [अंक २—३

रामकृष्णवाक्सुधा।

बिन्दु ७

दूसरे दिन छुट्टी थी, इस लिए एम् तीन बजे दर्शन करने आया। महाराज अपने कमरे में बैठे थे। जमीन पर बैठनेवालों के लिए चटाई पड़ी थी। नरेन्द्र, भवनाथ और दो शिष्य वहां बैठे थे। ये सब तरुण, उन्नीस बीस वर्ष की आयु के थे। पहिले ही की तरह महाराज के मुख पर मंद हास्य देख पड़ रहा था। वे पलंग पर बैठकर उन युवकों से कुछ बातें कर रहे थे। इतने ही में एम् ने कमरे के भीतर प्रवेश किया। उसको देखते ही महाराज खूब खिलखिलाकर हँसने लगे। हँसते हँसते ही उन्होंने जोर से कहा, 'देखो, यह फिर आया!' उनके साथ वे युवक भी हँस रहे थे।

एम् ने महाराज के चरणों पर दंडवत प्रणाम किया। इसके पहले वह, अंग्रेजी शिक्षा पाए हुए युवकों की पद्धति के अनुसार, सिर्फ खड़े खड़े दोनों हाथ जोड़कर नमस्कार किया करता था। परंतु अब उसको मालूम हो गया है कि महाराज के चरणों का वंदन किस तरह करना चाहिये। नमस्कार करने के बाद वह एक ओर जाकर अपने स्थान पर बैठ गया। महाराज, नरेन्द्रादि शिष्यों से, अपने हँसने का कारण बताने लगे। उन्होंने कहाः—

"एक समय की बात है कि, किसी आदमी ने एक मोर को ठीक चार बजे अफीम की गोली खाने को दी। इसका नतीजा यह हुआ कि, दूसरे दिन ठीक चार बजे वह मोर फिर अफीम की गोली खाने को उस आदमी के पास आ पहुंचा!" (सब लोग हंसने लगे)।

यह सुनकर एम् अपने मन ही में कहने लगा— महाराज का कथन बहुत सत्य है। मैंने इनके समान लोकोत्तर पुरुष कोई देखा नहीं। जब मैं यहां से उठकर घर जाता हूं तब मेरा सारा मन इस दिव्य पुरुष के चरणों ही की ओर लगा रहता है। 'महाराज का दर्शन फिर कब होगा?'—यही एक विचार रात दिन मन में बना रहता है। जान पड़ता है कि मुझे यहां कोई जबरदस्ती से खींचकर ले आता है। अब यह स्थान छोड़कर दूसरी जगह जाने की कल्पना तक मेरे मन में नहीं आती।

इस प्रकार मन में विचार करते करते एम् महाराज की ओर टकटकी लगाए देख रहा था। उधर महाराज तो उन युवकों के साथ हँसी दिल्लगी करने में लगे थे। हँसते हँसते सब लोग लोटपोट हो रहे थे। ऐसा मालूम होता था कि महाराज उन युवकों को समवयस्क साथी ही समझ रहे हैं। हँसी हँसी में अनेक प्रकार के विनोद की बातें भी हो रही थीं।

इस अद्भुत व्यक्ति को देखकर—महाराज का यह विलक्षण बर्ताव देखकर—एम् को बहुत आश्चर्य हुआ। उसके मन में ये विचार आने लगे—क्या ये वही पुरुष हैं, जो कल समाधिसुख में निमग्न थे और जिन्होंने अपूर्व भक्तिरस हम लोगों को चखाया था? क्या ये वही पुरुष हैं, जिन्होंने पहले दिन मेरे विचार करने पर टीका की थी? क्या ईश्वर को साकार और निराकार कहनेवाले वही महात्मा हैं? क्या ये वही पुरुष हैं जो कहा करते हैं कि केवल एक ईश्वर सत्य है, शेष सब असत्य—क्षणिक—है? 'जिस प्रकार दासी—नौकरानी—हमारा काम करती है, काम तो करती है सही पर उसका सब ध्यान लगा रहता है अपने घर की ओर, उसी प्रकार अनासक्त बुद्धि से निरंतर स्वगृह की ओर, अपनी माता, जगन्माता की ओर, सच्चिदानंद पद की ओर ध्यान लगाकर तुम सब काम करते रहो,' —यह उपदेश उस दिन जिसने किया, क्या यह वही पुरुष है!

ये सब बातें हो रही थीं और महाराज कभी कभी एम् की ओर देख लिया करते थे। एम् चुपचाप बैठा था, जैसे कोई पत्थर का पुतला हो! न तो मुख से शब्द निकलता था, और न शरीर में कोई हलचल देख पड़ती थी! उसकी आंखें भर महाराज के तेजस्वी और मोहक चेहरे की ओर लगी हुई थीं।

महाराज ने रामलाल से कहा, "यह आदमी (एम्) इन युवकों से उमर में कुछ बड़ा है, इस लिए यह इतना गंभीर देख पड़ता है। देखो न; ये सब लड़के हँस रहे हैं, दिल्लगी कर रहे हैं और मजा उड़ा रहे हैं, परंतु यह (एम्) कैसा चुप बैठा है!"

एम् सत्ताईस वर्ष का था।

त्याग।

इसके बाद रामायण के सुप्रसिद्ध भक्त हनुमानजी के विषय में महाराज बातें करने लगे। महाराज ने कहा, प्रभु रामचन्द्र की सेवा करने के लिए, अपने सर्वस्व—द्रव्य, मान, शरीरसुख आदि—का त्याग करनेवाला सेवक और भक्त हनुमानजी के समान और कोई नहीं।

महाराज गाने लगेः—

पद।

मधुर फल क्यों चहिये। मुझको ॥ ध्रु० ॥
हृदयनिहित-सुरतरुफल-मुक्ति, सफल करे मुझको ॥ १ ॥
जो रामकल्पतरुतलवासी, कम है क्या उसको ॥ २ ॥
संसृतिसंभवफलाभिकांक्षा, है नहिं कुछ मुझको ॥ ३ ॥

हनुमानजी की अनुपम सेवा का वर्णन करते करते, त्याग और संसार-सुख के विषय में उपर्युक्त पद महाराज ने कहा। गाते गाते उन्हें देहभान का विस्मरण हो गया! वे समाधिस्थ हो गये! शरीर निश्चल हो गया और दृष्टि स्थिर हो गई। इस छाया-चित्र में जैसे वे दिखाई दे रहे हैं वैसी ही उनकी दशा हो गई।

एक क्षण ही भर पहले वहां बैठनेवाले सब युवक हँसी दिल्लगी कर रहे थे। परंतु अब महाराज की यह दशा देखते ही सब लोगों की मुद्रा अत्यंत शांत और गंभीर हो गई! उनकी दृष्टि महाराज के मुख की ओर निहारने में लग गई और वे विस्मय के कारण [illegible] हो गये! महाराज को समाधि-अवस्था में देखने का [illegible] दूसरा मौका है।

बहुत समय तक महाराज इसी समाधि-अवस्था में [illegible]। फिर उनके शरीर में कुछ ढीलापन देख पड़ने लगा। [illegible] उनकी ज्ञानेंद्रियां अपने अपने काम की ओर मुड़ने [illegible] लगीं। मंद हास्य की लहरें उनके मुख पर [illegible] मुखकमल प्रफुल्लित होने लगा। उनके नेत्र-[illegible] वे और जिव्हा रामनाम रट रही थी। यह [illegible] वृत्ति-परिवर्तन देखकर एम् अपने मन में सोचने [illegible] यही दिव्य पुरुष है जो थोड़े ही समय [illegible] छोटे बालक के समान हँसी दिल्लगी कर रहा [illegible] के बाद

अब महाराज की वृत्ति देहभान पर [illegible] हो गई [illegible]

...ा गई तब उन्होंने एम् और नरेन्द्र से कहा—"हमारी ...है कि हम, तुम दोनों को अंगरेज़ी में वार्तालाप करते ...विषय पर चर्चा करते हुए सुनें।" यह सुनकर एम् ...दोनों हँस पड़े! वे आपस में कुछ बोलने लगे, परंतु ...व नहीं। महाराज के सामने किसी प्रकार का वादविवाद ...म् के लिए तो बिलकुल असंभव था। यह कहने में कोई ...हीं कि, वादविवाद की आवश्यक सामग्री मस्तिष्क के जिस ...रहती है वह उसका भाग सदा के लिए बंद ही हो ...! महाराज ने दुबारा यही बात एम् से कही। परंतु वह ...में कुछ भी बोला नहीं!

...के पांच बजे। एम और नरेन्द्र को छोड़कर सब लोग यहां ...र घर चले गये। नरेन्द्र की इच्छा आज रात को यहीं ...ने की थी। वह हाथ, पैर, मुंह आदि धोने ...के समीप रहने की थी। ...लोटा लेकर झाऊ और पंच... ...की ओर गया। ये झाऊ (गृह...) ...(...) ...के मंदिर में उत्तर की ओर... एम् यहीं बाग में इधर उधर घूम ...था। पूर्व जन्म के पुण्य कर्म से ...महात्मा (श्रीरामकृष्ण परमहंस) ...उसे दर्शनलाभ हुआ था। ...में अनेक कल्याणकारक विचार ...मन में आ रहे थे। ...

[illegible]

अलग खड़े हो जाते हैं, और लात फटकारने लगते हैं। ऐसे ही बैल किसानों के उपयोगी होते हैं। नरेन्द्र इसी प्रकार का बैल है! यह यथार्थ में पानीदार आदमी है!"

महाराज ने हँसते हँसते और कहा—"बहुतेरे आदमी ऐसे होते हैं कि जिनमें कोई जान ही नहीं—पूरे गोबरगनेस, मुर्दा दिल और नरम होते हैं! आंतरिक शक्ति के नाम से केवल शून्य! दीर्घ समय तक प्रयत्न करने का कुछ भी सामर्थ्य नहीं! बस; जिसमें कोई प्रबल इच्छा शक्ति ही नहीं वह करही क्या सकेगा?"

शाम हुई। महाराज अपने कमरे में चले गये और आसन पर बैठकर ईश्वर का ध्यान करने लगे!

कुछ समय के बाद महाराज ने एम से कहा, "देखो, नरेन्द्र उधर बाग में कहीं रमता होगा। उसके पास जाकर उससे कुछ बातें करो और वह कैसा है सो हमसे कहो।"

संध्या समय होने के कारण मंदिर में भगवान की सायंपूजा और आरती होने लगी। चांदनी के पश्चिम भाग में नदी के घाट पर एम और नरेन्द्र की भेट हुई। इस भेट से दोनों बहुत आनंदित हुए। वे दिल खोलकर बातें करने लगे। नरेन्द्र ने अपने विषय में कहा, "मैं साधारणब्रह्म समाज का अनुयायी हूं। इस समय कालेज में पढ़ता हूं। और ......" इतना कहकर वह चुप हो रहा। विलंब के भय से एम भी वहांसे निकल पड़ा।

एम अब देखने लगा कि महाराज का दर्शन कहां होगा। उनके गीतों से उसका मन मोहित हो गया था। वह महाराज के मुख से और भी कुछ गीत सुनना चाहता था। महाराज अपने कमरे में न थे, इसलिए वह नट-मंदिर की ओर गया। यह नट-मंदिर काली माता के सामने ही है। जब काली माता की पूजा ... होता है तब इस नट-मंदिर में मेला लगता है।

महाराज उस मंदिर के दालान में ...में घूम रहे थे। वहां एक ... दीपक का मंद प्रकाश देख पड़ता था। ...थी, मंदिर में जगन्माता की मूर्ति के ... दीपकों का अच्छा ...था। परंतु जिस स्थान में महाराज घूम रहे थे वहां प्रकाश बहुत धुंधला था। ...प्रकाश और अंधकार ... मिश्रण होने के कारण यह स्थान ...

श्री रामकृष्ण परमहंस, कलकत्ता।

[illegible]

...विचार के लिए बहुत अनुकूल था।

[illegible]

महाराज—मेरे विषय में तुम क्या कह सकते हो? मेरा मतलब यह जानने का है कि, सत्य ज्ञान का कितना अंश, कितने आने ज्ञान, मुझमें है?

एम्—"कितने आने ज्ञान" इसका कुछ अर्थ ही मेरी समझ में नहीं आया। परंतु, हां, इतना तो मैं निस्सन्देह कह सकता हूं कि, इस प्रकार के दिव्य ज्ञान, भक्ति, श्रद्धा, वैराग्य, ईश्वरतन्मयता, विश्वबंधुत्व आदि अनेक सात्विक गुण एकही व्यक्ति में एकत्रित देखने का सुअवसर आज तक मेरे भाग्य में न था। ऐसा मौका कभी आया ही नहीं।

महाराज थोड़ासा हँसे।

एम् ने महाराज के पवित्र चरणों पर मस्तक नवाकर दण्डवत् प्रणाम किया और घर जानेके लिये वहांसे बाहर निकला। उत्तर के दरवाजे तक वह गया और वहां उसे कुछ स्मरण आया, इसलिए फिर महाराज के पास कुछ पूछने के लिए लौट आया।

महाराज उस धुंधले प्रकाश ही में इधर उधर घूम रहे थे। उस समय वे इकेले—बिलकुल इकेले—ही थे, दूसरा कोई भी न था! मृगराज केसरी भी इसी तरह वन में इकेला ही घूमा करता है। उस भयानक स्थान में उसको स्वयं अपनी आंतरिक शक्ति के सिवाय और किसीका कुछ भी आधार नहीं रहता। इसी तरह महात्माओं को भी किसी बाह्य वस्तु के आधार की आवश्यकता नहीं होती। उन्हें केवल आत्मसहवास ही में आनंद होता है। सचमुच उस नर-सिंह को इस जगदारण्य में इकेला रहने में, केवल आत्माराम ही के सहवास में रहने में, बहुत आनंद होता था।

एम् विस्मित होकर महाराज की ओर देखता हुआ खड़ा ही रहा। उसके मुख से एक शब्द भी न निकला! वह मन में सोचने लगा—"ऐहिक सुखों का त्याग करके अनंत के साथ एकांत में रममाण होना—अनंत के साथ तादात्म्यवृत्ति में रहना—यही मनुष्यजन्म की इतिकर्तव्यता है! इस इतिकर्तव्यता की प्रत्यक्ष सिद्धि यहीं देख पड़ रही है!"

महाराज—अरे, तू वापस फिर क्यों आया?

एम्—महाराज, आपने जहां मुझे आने को कहा है वह किसी श्रीमान का घर होगा और वहां दरवाजे पर चौकीदार, पहरेवाले वगैरह लोग बहुत से होंगे। मुझे वहां भीतर कौन जाने देगा? इस लिए मेरी यह इच्छा है कि मैं वहां न जाऊं तो अच्छा होगा। मैं महाराज के दर्शन करने सदा यहीं आया करूंगा।

महाराज—क्यों भाई, इतना डर क्यों? वहां जाकर मेरा नाम लेना और यह कहना कि मुझसे मिलना है। बस, इतना कहने ही से कोई न कोई तुमको मेरे पास ले आयगा।

एम्—अच्छा, जैसी महाराज की इच्छा!

इतना कहकर, फिर एक बार प्रणाम करके, वह चल पड़ा।

अमेरिका में कृषि की शिक्षा देनेवाली रेलगाड़ियां।

(Agricultural Instruction Trains अथवा Demonstration Trains.)

[लेखक—पी. सानखोजे, बी. एस्. सी., पुलमन वाश, युनाइटेड स्टेट्स, अमेरिका।]

पश्चिमी देशों की उन्नति:—भारतवर्ष का प्राचीन इतिहास पढ़कर सारी दुनिया के लोगों में आर्य जाति के संबंध में आदर-भाव उत्पन्न होता है; परंतु वही दुनिया के सब लोग इस हतभागी देश की वर्तमान दशा देखकर हम लोगों से घृणा करते हैं। इसका कारण क्या है? "हमारी करनी" यही इस प्रश्न का उचित उत्तर हो सकता है। हम लोगों ने अपने देश में जैसा बीज लगाया वैसा ही उसका फल भी इस समय मिल रहा है! यदि हम आफ्रिका में जाते हैं तो वहांसे धक्के मारकर निकाल दिये जाते हैं, दक्षिण-अमेरिका में जाते हैं तो वहां हमारी दुर्दशा होती है, कानडा में हमें कोई रहने ही नहीं देता, अमेरिका के संयुक्त संस्थानों में मजदूरी करने के लायक भी हम समझे नहीं जाते, आस्ट्रेलिया में जाने की मनाई होगई है, और यदि हिंदुस्थान में रहते हैं तो वहां पेटभर अन्न तक नहीं मिलता! इस प्रकार परदेश में अनादर और दुर्दशा होती है, स्वदेश में दरिद्रता भोगना पड़ती है। इसका कारण क्या है? भारतवासियों की यह बुरी दशा क्यों हुई? इसका भी उत्तर यही है—"हमारी करनी!" देखिये, क्या हिंदुस्थान में हम सुख से रह सकते हैं? इस देश में इतनी बहुत उपजाऊ भूमि होने पर भी दुर्भिक्ष और अकाल हमारे पीछे सदा लगे ही रहते हैं! इसका क्या कारण है? हमारी अयोग्यता—और कुछ नहीं! हमारे पूर्वजों ने बहुत परिश्रम करके, केवल अपने ही बल पर, ज्ञान संपादन किया, धन प्राप्त किया और नाम कमाया। परंतु हमने क्या किया? हम लोगों ने आलस, फूट और अज्ञान से सब बरबाद कर दिया और अब दरिद्री बन बैठे हैं! यद्यपि इस बात का निर्णय करना कठिन है कि भारत को गारत करने में आलस, फूट और अज्ञान में से किसने अधिक सहायता की, तथापि इसमें संदेह नहीं कि हमारी हीनावस्था का अज्ञान ही बहुत बड़ा कारण है! जब तक हम अपने अज्ञान का नाश करके ज्ञान प्राप्त न करेंगे तब तक हमारी ऐसी ही बुरी दशा बनी रहेगी। हमारे अनेक देशबंधु, अपने पूर्वजों की प्राचीन कीर्ति की प्रशंसा करके, वर्तमान शोकजनक स्थिति पर एक प्रकार का बाह्य आवरण डाल देने का यत्न किया करते हैं; परंतु इससे देश का कोई लाभ नहीं होता—हमारी यथार्थ उन्नति नहीं होती। कुछ दिन पहले चीन और जापान का भी यही हाल था, परंतु अब उनकी आंखें खुल गई हैं और वे लोग पश्चिमी ज्ञान के प्रकाश से अपना हित संपादन करने में लग गये हैं। यदि हम लोग भी पश्चिमी देशों की ओर इसी दृष्टि से देखें तो हमारा भी निस्सन्देह कल्याण होगा।



कृषि की शिक्षा देनेवाली रेल गाड़ी—(चित्र नं. १)
([illegible] स्टेशन और वाशिंगटन कृषिमहाविद्यालय की कृषिशिक्षक रेलगाड़ी।)

उपर्युक्त विचार प्रगट करने के लिए जापान, अमेरिका आदि देशों में प्राप्त किया हुआ मेरा अनुभव ही मुख्य कारण है। श्रीसमर्थ रामदास स्वामी ने अपने "दासबोध" नामक ग्रंथ में लिखा है कि "वह एक पढ़त-मूर्ख है जो अपने पूर्वजों की कीर्ति ही सदा गाया करता है (अर्थात् इसके सिवाय और कुछ नहीं करता)।" इसी "पढ़त-मूर्ख" की श्रेणी में मैं पहले पहल कुछ समय तक था। हमारे पूर्वजों ने ही सब से पहले कपास की खेती की और कपड़ा बुनने की कला सारे संसार को सिखाई, संसार की सब असभ्य जातियों को और पश्चिम की वर्तमान सभ्य जातियों के पूर्वजों को यथायोग्य कृषि की शिक्षा हमारे पूर्वजों द्वारा ही मिली; उन लोगों ने गाय, भैंस आदि जानवर पालकर पशुविद्या (Animal Husbandry) में प्रवीणता प्राप्त की, इसी प्रकार के विचारों के अभिमान से अंध होकर मैं यही समझा और कहता था कि,

परिचित हो गई तब उन्होंने एम् और नरेन्द्र से कहा—" हमारी यह इच्छा है कि हम, तुम दोनों को अंगरेजी में वार्तालाप करते और किसी विषय पर चर्चा करते हुए सुनें।" यह सुनकर एम् और नरेन्द्र दोनों हंस पड़े! वे आपस में कुछ बोलने लगे, परंतु अंगरेजी में नहीं। महाराज के सामने किसी प्रकार का वादविवाद करना एम् के लिए तो बिलकुल असंभव था। यह कहने में कोई हानि नहीं कि, वादविवाद को आवश्यक सामग्री मस्तिष्क के जिस भाग में रखी रहती है वह उसका भाग सदा के लिए बंद ही हो गया था! महाराज ने दुबारा यही बात एम् से कही; परंतु वह अंगरेजी में कुछ भी बोला नहीं!

शाम के पांच बजे। एम् और नरेन्द्र को छोड़कर सब लोग वहां से उठकर घर चले गये। नरेन्द्र को इच्छा आज रात को वहीं महाराज के समीप रहने की थी। वह हाथ, पैर, मुँह आदि धोने के लिए लोटा लेकर झाऊ और हंस-पूकर की ओर गया। ये झाऊ (वृक्ष) और पूकर (पुष्कर-छोटा तालाब) दक्षिणेश्वर के मंदिर में उत्तर की ओर हैं। एम् वहीं बाग में इधर उधर घूम रहा था। पूर्व जन्म के पुण्य कर्म से जिस महात्मा (श्रीरामकृष्ण परमहंस) का उसे दर्शनलाभ हुआ उसीके संबंध में अनेक कल्याणकारक विचार उसके मन में आ रहे थे। कुठी को चक्कर लगाकर जब वह हंसपूकर की ओर आया तब वहां श्रीरामकृष्ण को नरेन्द्र के साथ बातें करते हुए देखकर उसको कुछ आश्चर्य हुआ। (कुठी=कोठी। यह इस मंदिर के अहाते में एक सुंदर मकान है। दक्षिणेश्वर का यह मंदिर रानी राशमणि नामक एक धनवान बंगाली स्त्री ने १८५५ में बनवाया था। जब कभी वह पुण्यशीला स्त्री उस मंदिर में आती तब वह इसी कुठी में ठहरती थी। रानी राशमणि के जीवनसमय में श्रीरामकृष्ण इसी कुठी के एक कमरे में रहते थे। यहां से गंगा नदी का दृश्य बहुत सुहावना और रमणीय देख पड़ता है)।

श्री रामकृष्ण परमहंस, कलकत्ता।

महाराज और नरेन्द्र दोनों पूकर के घाट पर खड़े खड़े बातें कर रहे थे।

महाराज ने स्मितपूर्वक कहा—" हां, तुम यहां हाल ही में आने लगे हो। तुम इस समय नये हो। ऐसा मत करो कि, कभी तो यहां आओगे और कभी नहीं। प्रणय-योग का अभ्यास करते समय प्रणयी जन वारंवार आपसमें मिलते जुलते रहते हैं। क्या यह बात ठीक नहीं?" (नरेन्द्र और एम् हंसते हैं)।

महाराज फिर सस्मित होकर बोले—" अब क्या कहना है? तुम यहां बारबार आया करोगे न?"

नरेन्द्र ने प्रसन्नतापूर्वक उत्तर दिया— " हां महाराज, मैं यहां बारबार आनेका यत्न करूंगा।"

महाराज पीछे लौटकर अपने कमरे की ओर आने लगे। नरेन्द्र और एम उनके दोनों तरफ साथ साथ जा रहे थे। कुठी के पास पहुंचकर उन्होंने एम से कहा— " क्या तुम जानते नहीं कि जब किसान अपनी खेती के लिए बैल मोल लेता है तब वह उनकी अच्छी तरह परीक्षा किया करता है। वाह! इस काम में तो वह बहुत निपुण होता है। वह बैलों की परीक्षा करके जान लेता है कि अमुक बैल अच्छा है या नहीं। कोई कोई किसान तो ऐसे चतुर होते हैं कि बैलों को देखते ही पहचान लेते हैं कि अमुक बैल कितना उपयोगी होगा। सिर्फ पूंछ ही को हाथ लगाने से कैसा विलक्षण परिणाम देख पड़ता है! जो बैल अयाक होते हैं—बिलकुल बहुत होते हैं—वे कुछ भी हलचल करते नहीं, जमीन पर ही मुर्दे के समान पड़े रहते हैं। वहांसे उठकर खड़े तक नहीं होते! चाहे कुछ भी करो, उनके साथ चाहे जैसा बर्ताव करो, वे उसीमें आनंद मनाया करते हैं!! ऐसे बैल निकम्मे होते हैं। परंतु जो बैल तेजस्वी और सजग होते हैं वे अपने शरीर पर किसीका स्पर्श या आघात बिलकुल सह नहीं सकते। स्पर्श होते ही वे एकदम अपने स्थान पर से उछलकर अलग खड़े हो जाते हैं, और लात फटकारने लगते हैं। ऐसे ही बैल किसानों के उपयोगी होते हैं। नरेन्द्र इसी प्रकार का बैल है! यह यथार्थ में पानीदार आदमी है।"

महाराज ने हंसते हंसते और कहा—" बहुतेरे आदमी ऐसे होते हैं कि जिनमें कोई जान ही नहीं—पूरे गोबरगनेस, मुर्दा दिल और नरम होते हैं! आंतरिक शक्ति के नाम से केवल शून्य! दीर्घ काल तक प्रयत्न करने का कुछ भी सामर्थ्य नहीं! बस, जिसमें कोई प्रबल इच्छा शक्ति ही नहीं वह करही क्या सकेगा?"

शाम हुई। महाराज अपने कमरे में चले गये और आसन पर बैठकर ईश्वर का ध्यान करने लगे।

कुछ समय के बाद महाराज ने एम से कहा, " देखो, नरेन्द्र इस बाग में कहीं रमता होगा। उसके पास जाकर उससे कुछ बातें करो और वह कैसा है सो हमसे कहो।"

संध्या समय होने के कारण मंदिर में भगवान की सायपूजा और आरती होने लगी। चांदनी के पश्चिम भाग में नदी के घाट पर एम और नरेन्द्र की भेट हुई। इस भेट में दोनों बहुत आनंदित हुए। वे दिल खोलकर बातें करने लगे। नरेन्द्र ने अपने विषय में कहा, " मैं साधारणब्रह्म समाज का अनुयायी हूं। इस समय कालेज में पढ़ता हूं। और ......' इतना कहकर वह चुप हो रहा। विलंब के भय से एम भी वहांसे निकल पड़ा।

एम अब देखने लगा कि महाराज का दर्शन कहां होगा। उनके गीतों से उसका मन मोहित हो गया था। वह महाराज के मुख से और भी कुछ गीत सुनना चाहता था। महाराज अपने कमरे में न थे, इसलिए वह नट-मंदिर की ओर गया। यह नट-मंदिर काली माता के सामने ही है। जब काली माता की पूजा का महोत्सव होता है तब इस नट-मंदिर में मेला लगता है।

महाराज उस मंदिर के दालान में इकेले घूम रहे थे। वहां एक छोटेसे दीपक का मंद प्रकाश देख पड़ता था। हां, मंदिर में जगन्माता की मूर्ति के पास दीपकों का अच्छा प्रकाश था। परंतु जिस स्थान में महाराज घूम रहे थे वहां प्रकाश बहुत धुंधला था। प्रकाश और अंधकार का कोमल मिश्रण होने के कारण वह स्थान ईश-चिंतन के लिए बहुत अनुकूल था।

उस विलक्षण स्थान में पहुचते ही एम ने महाराज को ज़ोर से कालीमाता का भजन गाते देखा। बस, फिर क्या था, जिस बात की चटक लगी थी वही प्राप्त हुई! वह हर्ष से फूला न समाया! जादू के मोहनमंत्र से जैसा कोई मूढ़ हो जाता है वैसा ही वह इस समय हो गया। उसकी अवस्था का वर्णन किया नहीं जा सकता।

कुछ काल के अनंतर वह महाराज के समीप गया और डरते डरते अत्यंत नम्रता से पूछने लगा " महाराज, आज रात को और भी कुछ भजन होगा!"

क्षणभर विचार करके महाराज ने उत्तर दिया " नहीं; अब आज भजन नहीं करेंगे। थोड़े ही समय में मैं कलकत्ते में बलराम के घर जाऊंगा। तुम वहां आओ। तब वहां हमारा भजन सुन लेना।"

एम— जैसी महाराज की इच्छा।

महाराज— तुमको वह घर तो मालूम है न? क्या तुम बलराम बोस को नहीं जानते?

एम—नहीं महाराज, मैं नहीं जानता।

महाराज—अरे, बोसपारा का वह बलराम बाबू—

एम—हां, अच्छा, महाराज। वहां जाकर तलाश कर लूंगा।

(श्रीरामकृष्ण एम के साथ वहीं दालान में इधर उधर घूमने लगे।)

महाराज—अच्छा, अब मैं एक प्रश्न पूछता हूं—मेरे विषय में तुम्हारी क्या राय है?

एम विचार में निमग्न होकर स्तब्ध होगया।

महाराज—मेरे विषय में तुम क्या कह सकते हो? मेरा मतलब यह जानने का है कि, सत्य ज्ञान का कितना अंश, कितने आने ज्ञान, मुझमें है?

एम्—"कितने आने ज्ञान" इसका कुछ अर्थ हो मेरी समझ में नहीं आया। परंतु, हां, इतना तो मैं निस्सन्देह कह सकता हूं कि, इस प्रकार के दिव्य ज्ञान, भक्ति, श्रद्धा, वैराग्य, ईश्वरैकतानता, विश्वबंधुत्व आदि अनेक सात्विक गुण एकही व्यक्ति में एकत्रित देखने का सुअवसर आज तक मेरे भाग्य में न था। ऐसा मौका कभी आया ही नहीं।

महाराज थोड़ासा हँसे।

एम ने महाराज के पवित्र चरणों पर मस्तक नवाकर दण्डवत् प्रणाम किया और घर जानेके लिये वहांसे बाहर निकला। उत्तर के दरवाजे तक वह गया और वहां उसे कुछ स्मरण आया, इसलिए फिर महाराज के पास कुछ पूछने के लिए लौट आया।

महाराज उस धुंधले प्रकाश ही में इधर उधर घूम रहे थे। उस समय वे इकेले—बिलकुल इकेले—ही थे, दूसरा कोई भी न था! मृगराज केसरी भी इसी तरह वन में इकेला ही घूमा करता है। उस भयानक स्थान में उसको स्वयं अपनी आंतरिक शक्ति के सिवाय और किसीका कुछ भी आधार नहीं रहता। इसी तरह महात्माओं को भी किसी बाह्य वस्तु के आधार की आवश्यकता नहीं होती। उन्हें केवल आत्मसहवास ही में आनंद होता है। सचमुच उस नर-सिंह को इस जगदारण्य में इकेला रहने में, केवल आत्माराम ही के सहवास में रहने में, बहुत आनंद होता था।

एम् विस्मित होकर महाराज की ओर देखता हुआ खड़ा ही रहा। उसके मुख से एक शब्द भी न निकला! वह मन में सोचने लगा—"ऐहिक सुखों का त्याग करके अनंत के साथ एकांत में रममाण होना—अनंत के साथ तादात्म्यवृत्ति से रहना—यही मनुष्यजन्म की इतिकर्तव्यता है! इस इतिकर्तव्यता की प्रत्यक्ष सिद्धि यहीं देख पड रही है!"

महाराज—अरे, तू वापस फिर क्यों आया?

एम्—महाराज, आपने जहां मुझे आने को कहा है वह किसी श्रीमान का घर होगा और वहां दरवाजे पर चौकीदार, पहरेवाले वगैरह लोग बहुत से होंगे। मुझे वहां भीतर कौन जाने देगा? इस लिए मेरी यह इच्छा है कि मैं वहां न जाऊं तो अच्छा होगा। मैं महाराज के दर्शन करने सदा यहीं आया करूंगा।

महाराज—क्यों भाई, इतना डर क्यों? वहां जाकर मेरा नाम लेना और यह कहना कि मुझसे मिलना है। बस, इतना कहते ही से कोई न कोई तुमको मेरे पास ले आयगा।

एम्—अच्छा, जैसी महाराज की इच्छा!

इतना कहकर, फिर एक बार प्रणाम करके, वह चल पड़ा।

अमेरिका में कृषि की शिक्षा देनेवाली रेलगाड़िया।

(Agricultural Instruction Trains अथवा Demonstration Trains.)

[लेखक—पी. व्यानकोजे, बी एस् सी., पुलमन वाश, युनाइटेड स्टेट्स, अमेरिका।]

पश्चिमी देशों की उन्नति:—भारतवर्ष का प्राचीन इतिहास पढ़कर सारी दुनिया के लोगों में आर्य जाति के संबंध में आदर-भाव उत्पन्न होता है; परंतु वही दुनिया के सब लोग इस हतभागी देश की वर्तमान दशा देखकर हम लोगों से घृणा करते हैं। इसका कारण क्या है? "हमारी करनी" यही इस प्रश्न का उचित उत्तर हो सकता है। हम लोगों ने अपने देश में जैसा बीज लगाया वैसा ही उसका फल भी इस समय मिल रहा है! यदि हम आफ्रिका में जाते हैं तो वहांसे धक्के मारकर निकाल दिये जाते हैं, दक्षिण-अमेरिका में जाते हैं तो वहां हमारी दुर्दशा होती है, कानडा में हमें कोई रहने ही नहीं देता, अमेरिका के संयुक्त संस्थानों में मजदूरी करने के लायक भी हम समझे नहीं जाते, आस्ट्रेलिया में जाने की मनाई होती है, और यदि हिंदुस्थान में रहते हैं तो यहां पेटभर अन्न तक नहीं मिलता! इस प्रकार परदेश में अनादर और दुर्दशा होती है, स्वदेश में दरिद्रता भोगना पड़ती है। इसका कारण क्या है? भारतवासियों की यह बुरी दशा क्यों हुई? इसका भी उत्तर यही है—"हमारी करनी!" देखिये, क्या हिंदुस्थान में हम भूखे मर रहे हैं? इस देश में इतनी बहुत उपजाऊ भूमि होने पर भी दुर्भिक्ष और अकाल हमारे पीछे सदा लगे ही रहते हैं! इसका क्या कारण है? हमारी अज्ञानता—और कुछ नहीं! हमारे पूर्वजों ने बहुत परिश्रम करके, केवल अपने ही बल पर, ज्ञान संपादन किया, धन प्राप्त किया और नाम कमाया। परन्तु हमने क्या किया! हम लोगों ने आलस्य, फूट और अज्ञान के वश होकर सब किया और सब हाथों खो बैठे हैं! इसलिए इस समय यह निश्चय करना उचित है कि भारत को उन्नत करने में आलस्य, फूट और अज्ञान ने [illegible] अधिक सहायता की, तथापि इसमें संदेह नहीं कि हमारी हीनावस्था का अज्ञान ही बहुत बड़ा कारण है। जब तक हम अपने अज्ञान का नाश करके ज्ञान प्राप्त न करेंगे तब तक हमारी ऐसी ही बुरी दशा बनी रहेगी। हमारे अनेक देशबंधु, अपने पूर्वजों की प्राचीन कीर्ति की प्रशंसा करके, वर्तमान शोकजनक स्थिति पर एक प्रकार का बाह्य आवरण डाल देने का यत्न किया करते हैं, परंतु इससे देश का कोई लाभ नहीं होता—हमारी यथार्थ उन्नति नहीं होती। कुछ दिन पहले चीन और जापान का भी यही हाल था, परन्तु अब उनकी आंखें खुल गई हैं और वे लोग पश्चिमी ज्ञान के प्रकाश में अपना हित संपादन करने में लग गये हैं। यदि हम लोग भी पश्चिमी देशों की ओर इसी दृष्टि से देखें तो हमारा भी निस्सन्देह कल्याण होगा।

उपर्युक्त विचार प्रगट करने के लिए जापान, अमेरिका आदि देशों में प्राप्त किया हुआ मेरा अनुभव ही मुख्य कारण है। श्रीयुत रामदास स्वामी ने अपने "दासबोध" नामक ग्रंथ में लिखा है कि "वह एक पढ़त-मूर्ख है जो अपने पूर्वजों की कीर्ति ही सदा स्मरण करता है (वर्तमान स्थिति पर ध्यान कुछ नहीं करता)।" इसी "पढ़त-मूर्ख" की श्रेणी में [illegible] हमारे पूर्वजों ने [illegible] की [illegible] [illegible] हमारे पूर्वजों [illegible] [illegible] (Actual Husbandry) [illegible]



कृषि की शिक्षा देनेवाली रेल गाड़ी—(चित्र न. १)

([illegible])

देश की कृषि की प्रचलित पद्धति ही सब से उत्तम है—उसमें सुधार के अनुकरण करने की कोई आवश्यकता नहीं। [illegible] खेती करनेवाले प्रायः अधिकांश लोगों को भी यही है कि हमारी कृषि-प्रणाली अच्छी है। यदि खेती करनेवाले [illegible] को यह समझ है तो उसमें कोई आश्चर्य नहीं। क्योंकि

से रह सकते और न कृषि की कोई उन्नति कर सकते। पाश्चिमी देशों के कृषकों की दशा बहुत अच्छी है। इन देशों के किसानों की खेती चाहे थोड़ी हो या बड़ी हो, परंतु उनके रहने, खानेपीने आदि का प्रबंध अच्छे प्रकार का होता है। उनका मकान कीमती होता है और उसमें सुगमता की सब चीजें बनी रहती हैं, जैसे

कृ. शि. रेलगाड़ी—(चित्र नं० २)
(कृषि की शिक्षा देनेवाली रेलगाड़ी और कृषक स्त्रीपुरुषों की भीड़)

अज्ञानी, अपढ़ [illegible] होते परंतु खेद और की बात तो है कि हिंदुस्थान शिक्षित लोग भी [illegible] समझते हैं कि [illegible]-प्रणाली [illegible] कोई दोष नहीं। अब यह बात सब लोगों को विदित [illegible] कि हिंदुस्थान प्रति एकड़ भूमि [illegible] जो पैदावारी है पाश्चिमी सभ्य [illegible] की प्रति एकड़ [illegible] से बहुत ही कम है। कुछ लोग कहते हैं कि ईश्वरी कोप या वर्षा का अभाव ही इस भेद का मुख्य कारण है, परंतु विचारवान लोगों की दृष्टि में इस कथन में सत्य का अंश कम देख पड़ता है। आयर्लंड, स्कॉटलैंड, स्विट्जरलैंड, पुर्तगाल, न्यूज़ीलैंड, जापान और अमेरिका के



कृ. शि. रेलगाड़ी—(चित्र नं० १)
([illegible] विश्वविद्यालय की कृषिशिक्षक रेलगाड़ी में व्याख्यान तथा प्रदर्शन करनेवाले लोग। गाड़ियों प्रदर्शन करने [illegible] और अन्य काम करनेवाले मजदूर हैं। दो एक बढ़ई के व्याख्याता हैं। [illegible] कालेज के अध्यापक और [illegible] हैं। प्रत्येक विभाग का एक एक प्रधान अध्यापक रहता है। [illegible] अध्यापक और मजदूर [illegible] [illegible] होते हैं।)

अन्य [illegible] प्रदेशों में हिंदुस्थान की अपेक्षा बहुत कम वर्षा होती है, परंतु वहां के लोग भी हिंदुस्थान के लोगों से अधिक [illegible] करते हैं। [illegible] में [illegible] इत्यादि [illegible] कई स्थानों में, हिंदुस्थान की अपेक्षा दूनी अधिक, पैदावारी होती है। [illegible] में [illegible] लोगों से [illegible] मिलता है। इसमें अतिशयोक्ति नहीं है। हिंदुस्थान के कृषकों की गृहदशा भी बहुत बुरी है। वे [illegible] में [illegible] के [illegible] रहते [illegible] ये लोग [illegible] कि [illegible]

कुर्सी, मेज, बिजली के दीपक, उठाना के लिए वाष्पयंत्र, गाड़ी घोड़ा, गाय इत्यादि, खाने पीने के पदार्थ और पहनने ओढ़ने के वस्त्र भी बहुत बढ़िया होते हैं। खेती के हजारों रुपयों के यंत्र ये लोग सहज ही खरीद लेते हैं। सच पूछो तो ये लोग हमारे हिन्दुस्थान के श्रीमान जमींदारों को भी मात करते हैं। सारांश यह है कि हिंदुस्थान और अमेरिका के किसानों में जमीन आस्मान का अंतर है। इसका मुख्य कारण हमारा अज्ञान और उन लोगों का ज्ञान ही है। अब यह प्रश्न किया जा सकता है कि अमेरिका के किसान कृषिसंबंधी ज्ञान कैसे प्राप्त करते हैं? इसका उत्तर यही है कि अमेरिका

के प्रत्येक संस्थान में सरकारी कृषि महाविद्यालय (State Agricultural Colleges), सरकारी कृषि प्रयोगालय (State Agricultural Experiment Stations), कृषक-संघ और समाज (*Farmer's Unions & Societies*), कृषिसंबंधी पुस्तकें (Agricultural Bulletins & other publications), कृषि संस्था (Farmer's Institutes), इत्यादि अनेक उपयोगी साधनों के द्वारा सब किसानों को ज्ञानामृत पिलाया जाता है। इन सब संस्थाओं का वर्णन एक छोटे से लेख में प्रकाशित करना कठिन है। इस

लिए आज मैं कृषिसंस्था (Farmer's Institute) की एक शाखा ही का अल्प वृत्तांत इस लेख में देता हूं। इससे हिन्दुस्थान के लोगों को मालूम हो जायगा कि अमेरिका में कृषिसंबंधी ज्ञान का प्रसार किस तरह किया जाता है। यदि इन बातों पर उचित ध्यान दिया जायगा तो मननशील और बुद्धिमान लोगों को, भारतवर्ष की कृषि की उन्नति करने के लिए, कुछ न कुछ नये विचार अवश्य सूझ पड़ेंगे।



कृ. शि. रेलगाड़ी (चित्र नं. ४)

(यंत्र विभाग की गाड़ी से खड़े होकर प्रोफेसर थाम दुर्जल-कृषि (Dry farming) पर व्याख्यान दे रहे हैं।)

कृषिसंस्थाः—(Farmer's Institute)—यह संस्था उन सब लोगों की है जो कृषि की उन्नति में उत्तेजन देना चाहते हैं। कृषक लोगों में कृषिसंबंधी ज्ञान का प्रसार करना ही इस संस्था का मुख्य हेतु है। इस संस्था को अमेरिकन सरकार (Federal Government) स्थानिक सरकार (State Government), रेलवे कंपनी, व्यापारी, किसान वगैरह सब लोग सहायता देते हैं। इस प्रकार की कृषि-संस्था अमेरिका के प्रत्येक संस्थान में है। स्थानिक कृषि-महाविद्यालय की ओर से उसको सहायता मिलती है। इस संस्था के डाइरेक्टर या सुपरिन्टेन्डेन्ट का आफिस बहुधा कृषि महाविद्यालय ही में रहता है। यही अफसर गांव गांव घूमकर व्याख्यान, प्रयोग, प्रदर्शन, चित्र और लेख द्वारा कृषि शिक्षा का प्रसार करता है। इस विषय का वर्णन फिर कभी दूसरे लेख में दिया जायगा। इस लेख के शीर्षक में जो "कृषि की शिक्षा देनेवाली रेल गाड़ियाँ" का नाम लिखा है उनका भी प्रबंध इसी संस्था से किया जाता है। अमेरिका में कृषि की शिक्षा देने के लिए रेल गाड़ियों का उपयोग अभी अभी हाल ही में किया जा रहा है। जब कोई नया सुधार किया जाता है तब उसमें अनेक विघ्न और बाधाएं हुआ ही करती हैं। इसी नियम के अनुसार अमेरिका में भी रेल गाड़ियों द्वारा कृषि की शिक्षा देने के यत्न में पहले पहल बहुत विघ्न उत्पन्न हुए; परंतु धैर्यपूर्वक क्लेश सहन करने ही से आज वह यत्न सफल जान पड़ता है। यदि रेलगाड़ियों से कृषिशिक्षा की चलती हुई शालाओं का काम लेना है तो रेलवे कंपनियों की पूर्ण सहानुभूति और सहायता चाहिये। पहले पहले रेलवे कंपनियों को न तो सहानुभूति थी और न सहायता। अमेरिका में रेलवे कंपनियों पर सरकार का कोई ज़ोर नहीं चलता। इस लिए सरकार उनपर दबाव डाल न सकी कि रेल गाड़ियों का उपयोग कृषि शिक्षा के लिये किया जाय। परंतु धीरे धीरे रेलवे कंप-



कृ. शि. रेलगाड़ी (चित्र नं. ५)

(इस चित्र में कलम लगाने (Grafting), और वृक्षछेदनक्रिया का दृश्य गाड़ी की ओर दबाकर देख पड़ेगा। फल वृक्ष की टहनी का फ्रेम नीचे है। गाय बांधने का स्टेन्डर्ड अन्त में है। इसके अतिरिक्त और दृश्य हैं।)

नियों ने इस काम में सहायता करना, स्वार्थ की दृष्टि से, अपना कर्तव्य समझा। अमेरिकन सरकार ने रेलवे कंपनियों को पहले पहल बहुत सी ज़मीन मुफ्त ही में दे दी थी। कई कंपनियों के अधिकार में कृषि के योग्य उपजाऊ ज़मीन है। इस ज़मीन की कीमत भी बहुत बढ़ गई है। कंपनियों का यह इरादा है कि इस ज़मीन में खेती करके अल्प प्रयास से बहुत धन प्राप्त किया जाय। उनकी यह इच्छा सफल होने में कृषि शिक्षा की रेलगाड़ियां बहुत उपयोगी प्रतीत होने लगीं। तब उन लोगों ने इस काम में सहायता देने का निश्चय किया। इसके सिवाय और भी एक कारण है। अमेरिका का लोकमत रेलवे कंपनियों के विरुद्ध है। प्रायः सब समाचारपत्र, सर्व साधारण लोग और राजनीतिज्ञ भी यही शिकायत करते हैं कि रेलवे कंपनियां लोगों से मनमाना धन लूटती हैं और देशसेवा कुछ भी करती नहीं। पाठक जानते हैं कि अमेरिका में जो लोकमत होता है वही सरकार का भी मत होता है। सरकार इन रेलवे कंपनियों को अच्छी दृष्टि से नहीं देखती। ऐसी प्रतिकूल अवस्था में रेलवे कंपनियों को अपना काम करना कुछ कठिन सा हो रहा है। इस लिए उन्होंने सोचा कि सरकार और लोगों को खुश करनेका यही अच्छा मौका है। कृषि की शिक्षा देनेवाली रेल गाड़ियों की योजना में सहायक होने से कंपनियों को आत्मस्तुति करने का अवसर मिलता है, कृषक-वर्ग का विरोध दूर करके उनके मन में अनुकूल परिवर्तन करने का साधन प्राप्त होता है, कृषिशिक्षा की गाड़ियों का सब प्रबंध कृषिमहाविद्यालय की ओर होने के कारण उस संस्था के साथ मित्रता होती है, और इन गाड़ियों के द्वारा कृषि की उन्नति होने के कारण सरकार का कोप भी कुछ कम हो जायगा। बस यही सोच समझकर रेलवे कंपनियां इस नूतन कार्य में योग देने लगीं। कृषि संस्था और रेलवे कंपनियों के सुयोग से कृषिशिक्षा की गति बहुत बढ़ गई और कृषिसंबंधी ज्ञान का प्रसार सुलभ हो गया।

कृषिशिक्षा की रेलगाड़ियों की आवश्यकता और उनसे होनेवाला लाभः—युनाइटेड स्टेट्स आफ अमेरिका बहुत बड़ा देश है। सब संस्थान और प्रदेश मिलकर यह देश हिंदुस्थान से लगभग दूना बड़ा होगा। पश्चिम अमेरिका में एक एक खेत हजार एकड़ से भी बड़े पाये जाते हैं। किसानों के मकान खेतों ही में होते

। अर्थात् यहांके किसानों की बस्ती एकत्र किसी एक स्थान में नहीं । वे लोग अलग अलग रहते हैं । ऐसे एकांतवासी और भिन्न भिन्न स्थानों में रहनेवाले किसानों को कृषि की शिक्षा देने के लिए उनके मकानों के पास ही शाला होनी चाहिये । परंतु यह कब संभव है

लए, जाड़े के दिनों में, शिक्षा देने का प्रबंध किया जाता है। तथापि सब किसान इसमें शामिल नहीं होते । किसानों के सुबीते करने में यहां की सरकार इतना ख्याल नहीं करती; और न यहां के शिक्षा-प्रेमी लोग अपने किसान भाइयों की अवहेलना करते हैं । दूर दूर रहनेवाले किसानों को शिक्षा देने ही लिए इन चलती हुई शालाओं की योजना की गई है । इस देश में रेलगाड़ियों का उपयोग लड़ाई के काम में न होने के कारण सर्व साधारण लोगों के सुभीते की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है । जहां लोगों की बस्तियां हैं, जहां किसान और व्यापारी रहते हैं, जहां माल लाने लेजाने का काम होता है, वहीं रेल भी बनी है । इस देश में पहले रेल जाती है और फिर उसके पीछे लोग वहां जाकर बसते हैं । जहां बस्ती तक नहीं है वहां भी अनाज, जल वगैरह लाने के लिए-किसानों और व्यापारियों के सुभीते के लिए—जंगल ही में बड़े बड़े स्टेशन बनाये गये हैं । कहीं कहीं तो स्थानिक गाड़ियां (Local Trains) केवल एक ही आदमी के चढ़ने और उतरने के लिए खड़ी की जाती हैं ! तात्पर्य यह है कि लोगों के सुभीते की ओर विशेष ध्यान दिया जाता है। ऐसे स्थानों पर कृषि की " चलती हुई शालाएं " रहने से किसानों को आपही आप लाभ हो जाता है। इन चलती हुई शालाओं के कारण और शिक्षा प्रचार के हेतु लोगों के अविश्रान्त परिश्रम के कारण इस देश के किसान कृषिविद्या में सहज

... करने के लिए भी ... हजारों लोगों को ... जा रहा है तब वे अज्ञानी कैसे रह सकते हैं ? कौन कह सकता है कि, इन संस्थाओं की सिद्धि से लोगों का हित नहीं होता ?

कृषि-शिक्षा की रेलगाड़ियों का प्रसार और उनका प्रबंधः—कृषि-शिक्षा की " चलती शालाओं " की यह कल्पना अभी इस देश में केवल बाल्यावस्था में है । यद्यपि यह कल्पना बिलकुल नूतन है तथापि इस पद्धति से लोगों का ध्यान कृषि-शिक्षा की ओर आकर्षित हो रहा है और अनेक लोगों का इससे लाभ भी हुआ है । गत-वर्ष के जून महीने की रिपोर्ट से मालूम होता है कि, उस साल इस देश के अठारह संस्थानों (States) में कृषिशिक्षा की रेलगाड़ियां चलती थीं । इन गाड़ियों की संख्या २१ तक बढ गई और १८८६४५ लोगों ने इन " चलती शालाओं " द्वारा शिक्षा प्राप्त की । इन गाड़ियों ने १७०० मील की सफर की । ये ३६४ स्थानों में शिक्षा देने को ठहरी थीं । हमने जो अङ्क यहां लिखे हैं वे पूर्ण नहीं हैं; क्योंकि सब स्थानों की रिपोर्ट मिली नहीं । यह रेलगाड़ी प्रत्येक स्थान में तीन चार घंटे—आवश्यकता होने पर इससे भी अधिक समय तक-ठहरती है । जिस भाग में किसान लोग बहुतायत से रहते हैं उसी तरफ़ से रेल चलाई जाती है । यह रेल चलाने के लिये जो द्रव्य लगता है वह रेलवे कंपनियों की ओर से मिलता है । कृषिशिक्षा की रेलगाड़ियों पर जो शिक्षक, अध्यापक, व्याख्यान देनेवाले और अन्य काम करनेवाले नौकर होते हैं उन सब लोगों के भोजन आदि का प्रबंध भी रेलवे कंपनी ही की ओर से किया जाता है । एक गाड़ी में इन सब लोगों के सोने के लिये पलंग, ... आदि सजा रहता है, उसीसे लगी हुई दूसरी गाड़ी में रसोई बनाने और भोजन करने का प्रबंध होता है । भोजनगृह में ... टेबल पर स्वच्छ सफेद वस्त्र रहता है, उसपर भोजनपात्र, चमचे वगैरह सब सामान रहता है और टेबल के मध्यभाग में ... रंगों का पुष्पगुच्छ एक मनोहर कांचपात्र में रखा रहता है । यह ठाटबाट देखकर हिंदुस्थान के उन ' डिनर पार्टी ' (भोजन प्रसंग) की याद आती है जो किसी बड़े अफ़सर को राजा महाराजा के यहां दी जाती है ! परंतु हिंदुस्थान में यह ठाटबाट केवल प्रासंगिक होता है और यहां यह बात हर दिन हुआ करती है । भोजन के बाद इन सब लोगों को एकत्र बैठकर बातचीत और कैसी शिक्षा करने के लिये एक अलग गाड़ी मिलती है । इसको (Observation Car) कहते हैं । गाड़ी में शिक्षा विषयक सब प्रबंध स्थानिक कृषिमहाविद्यालय (Agricultural College) की ओर से किया जाता है । गाड़ी में प्रदर्शनी की रचना, शिक्षा का अभ्यासक्रम, शिक्षकों और व्याख्यानदाताओं का चुनाव इत्यादि का सब प्रबंध कृषि महाविद्यालय के अफ़सर लोग किया करते हैं । व्याख्यानदाताओं में बहुत करके कालेज के अध्यापक (Professors) ही रहते हैं, परंतु इनके सिवाय और लोग भी लिये जाते हैं जो कृषिविद्या में विशेष निपुण होते हैं या जो कृषिसंबंधी किसी विशेष कार्य में प्रसिद्ध होते हैं

कृषिशिक्षा प्रदर्शनी की गाड़ि तथा व्याख्यान दि.—कालेज के अ कारी लोग गाड़ि में कृषिशिक्षा प्रबंध करने में ब समयतक लगे र हैं । इन गाड़ियों संख्या और प्रद की रचना ... महाविद्यालय दशा पर अवलं रहती है । किसा को जिन जिन ब का ज्ञान प्राप्त कर आवश्यक है वे पदार्थ भिन्न भिन्न डियों में व्यवस्थि रीति से रखे जाते इन वस्तुओं के व्य स्थित रखने में प्र धकर्ताओं की मिहन और चतुरता प्र होती है । कृषिशि



कृ. शि रेलगाडी (चि नं. ६)

(यह चित्र पांचवें चित्र में प्रकाशित गाड़ी का दूसरा भाग है । इसमें टोंड हुए फल रखने की थैलियां, वृक्षच्छेदन की कैंचियां, वृक्ष काटने और कलम लगाने की आरी वगैरह सामान देख पड़ेगा । इस चित्र में दाहिनी ओर लोहदंड का आधा टेढ़ा किया हुआ भाग भी देख पड़ेगा ।)

के भिन्न भिन्न विषयों के लिये भिन्न भिन्न गाड़ियां नियत रहती हैं जैसे पशुविद्या (Animal Husbandry), वनस्पति फलविद्या (Horticulture), भूमि (Soils), कृषियंत्रशास्त्र (Agricultur... ... वगैरह विभा... ... देश वर्ष ... रचना भि... ... और प... ही समान नहीं किया जा सकता । निम्न लिखित वर्णन केवल उदाहरण-रूप है । इससे पाठक कल्पना कर सकेंगे कि अमेरिका की कृषिशिक्षा की गाड़ियों में विषयों के विभाग मामूली तौर पर कैसे होते हैं ।

प्राणि विभागः—इस विभाग में कृषि के उपयोगी सब जानवरों का संग्रह किया जाता है । संस्थान में जो अच्छे अच्छे जानवर होते हैं—उदाहरणार्थ गाय, बैल, घोड़ा, बकरी, भेड, सुअर, मुर्गी, बदक आदि—वे सब यहां व्यवस्थित रीति से रखे जाते हैं । प्रत्येक जानवर का वर्णन कागज़ पर या पट्टों पर छपा रहता है । उत्तम और निकृष्ट जानवरों के लक्षण शिक्षक और व्याख्यान देनेवाले लोग भली भांति समझाकर बताया करते हैं । प्रेक्षकों में से जब कोई कुछ पूछता है तब शिक्षक लोग बड़ी नम्रतापूर्वक उनको उत्तर दिया करते हैं । दूध ... रा होता है, खराब ... स्वच्छता की आवश्य... से करनी चाहिये, ... जाता है, मक्खन के व्यवसाय के लिये किस प्रकार का कारखाना होना चाहिये

इत्यादि अनेक बातें गाय के विषय में बताई जाती हैं। इसी तरह घोड़ा, बकरी, भेड़, सूअर, मुर्गी आदि के विषय में भी व्यवसाय की दृष्टि से अनेक उपयुक्त और लाभदायक बातों की शिक्षा दी जाती है। इस काम में शिक्षक लोग जो आनंद और उत्साह प्रगट करते हैं वह अवर्णनीय है!

वनस्पति फल और तरकारियों का विभाग:- इस विभाग में प्रवेश करते ही निराला दृश्य देख पड़ता है। विविध भांति के फलों के प्रकार, फलों का चुनाव (Sorting), फलों को बिक्री के लिये संदूक में बंद करना (Packing), संदूक पर चिपकाने के लेबल वगैरह का दृश्य एक ओर देख पड़ता है। दूसरी ओर उत्तम बाग का नमूना (चित्ररूप से या नकली वृक्षों और पौधों के रूप से), वृक्षच्छेदन क्रिया (Pruning), फल तोड़ने की रीति, तोड़े हुए फलों को लाने लेजाने की थैली आदि का दृश्य नज़र आता है। तीसरी ओर फलवृक्ष लगाने की रीति, पौधों की देखभाल और रक्षा, कलम लगाने का सामान, बालवृक्षसंगोपन आदि का सप्रयोग दृश्य दृग्गोचर होता है। चौथी ओर वृक्षों के रोग और कीटकों का प्रदर्शन, रोग पीड़ित वृक्ष, सूक्ष्म जीवन (Micro Organism) के चित्र, वृक्षरोग निवारण के उपाय, औषधि-सिञ्चन के यंत्र (Spraying Materials) आदि का दृश्य हमारे सामने प्रगट होता है। ये सारे दृश्य इस प्रकार से सजाए जाते हैं कि देखने वालों की समझ में सब बातें तुरंत आ जायं-दर्शन मात्र से शिक्षा का संस्कार उत्पन्न हो जाय। इसी विभाग में तरकारियों के अनेक प्रकार, लगाने की रीति, उनकी रक्षा और वृद्धि के उपाय, बाजार में बेचने की रीति इत्यादि कई बातों की प्रदर्शनी है। सब व्याख्याता, शिक्षक और व्यवस्थापक गण इस स्थान में लोकसेवा के लिए तत्पर रहते हैं।



कृ. शि. रेलगाड़ी (चित्र नं. ७)

(कृषियंत्र विभाग की दो गाड़ियों का यह चित्र है। चक्र, हल वगैरह जिन यंत्रों का उल्लेख लेख में किया गया है वे सब एक गाड़ी में हैं और दूसरी गाड़ी में औषधि सिंचन के तथा अन्य यंत्र हैं। दोनों में व्याख्याता और अध्यापक खड़े हुए देख पड़ेंगे। कई इंजन गाड़ियों में चलाकर दिखाए जाते हैं।)

भूमि, रसायनशास्त्र, जीवनशास्त्र, यंत्रविद्या आदि का विभाग:—भूमिविभाग की गाड़ी में भांति भांति की भूमि की प्रदर्शनी होती है। भूमि के भेद, गुण, उपयोग, भिन्न भिन्न फसल के योग्य भूमि की जाति, जोतना, बखरना, उपजाऊ और बंजर ज़मीन, बंजर ज़मीन को उपजाऊ बनाने का उपाय आदि भूमिविद्या की बहुतेरी सब महत्व की बातों का वर्णन पाया जाता है। अनाज विभाग में अनाज की भिन्न भिन्न जातियां, अच्छा और बुरा अनाज पहचानने की रीति, बीज का चुनना, अनाज बोने की रीति, नींदना आदि की सचित्र और सप्रयोग शिक्षा दी जाती है। कृषि रसायन विभाग में रसायन विद्या का व्यावहारिक परिचय किसानों को करा दिया जाता है। इसके सिवाय कृषि-उद्भिज्जानुशास्त्र (Agricultural Bacteriology), भूमिजीवनशास्त्र (Soil Biology and Soil Fungi), आदि कई गहन विद्या के मूलतत्वों की शिक्षा भी दी जाती है। कृषियंत्र विभाग में अनेक यंत्रों के नमूने, लाभदायक और हानिकारक यंत्र, औषधि सिञ्चन (Spraying), अनाज में से दाना अलग करना (Harvesting and Thrashing), कृषि के इञ्जन, भाप के यंत्र आदि और इन यंत्रों को दुरुस्त करने की शिक्षा दी जाती है। गृहविद्या (Domestic Science) विभाग में भोजन बनाना, चटनी, मसाला, अचार, मुरब्बा आदि बनाना, फलरक्षा (Canning), चूल्हा बनाना, भोजन के पदार्थों के गुणदोष, पुष्टि शास्त्र (Science of Nutrition), गृहशुद्धता, स्वच्छता, बालसंगोपन, कपड़ा सीना, कपड़ा धोना आदि सैकड़ों उपयोगी विषयों की सप्रयोग शिक्षा स्त्रियों को दी जाती है। इन सब विषयों के अतिरिक्त और भी अनेक बातों की शिक्षा इन "चलती शालाओं" के द्वारा दी जाती है। उन सबका यहां वर्णन करना असंभव है। जो कुछ थोड़ासा लिखा गया है उसपर से अमेरिका देश की "चलती शालाओं"—कृषि की शिक्षा देनेवाली रेलगाड़ियों—के विषय में हमारे पाठकगण बहुत कुछ कल्पना कर सकते हैं।

कृषि की "चलती शालाओं" से बोध:—यह लेख पढ़कर कोई ऐसा न समझे कि अमेरिका में इन "चलती शालाओं" की शिक्षा से सब किसान लोग एकदम अपने कार्य में निपुण हो जाते हैं। जिन विषयों का ज्ञान बरसों तक अध्ययन करने पर भी समाप्त नहीं होता उनकी शिक्षा इन क्षणिक शालाओं से पूर्ण रूप से कैसे दी जा सकती है? हां, इन शालाओं के द्वारा किसान लोग यह बात भलीभांति जान सकते हैं कि संसार में कृषि के व्यवसाय में क्या क्या सुधार हो रहे हैं, कृषि की उत्तम और निकृष्ट पद्धति कैसी होती है, कृषिसंबंधी गहन बातें किस प्रकार और कहां से सीखना चाहिये, कृषि की शिक्षा से क्या लाभ होता है और कृषि की उन्नति के लिए किन किन बातों पर ध्यान देना चाहिये। ये बातें जान लेना भी कुछ कम नहीं है। इन्हीं सब कारणों से अमेरिका के कृषकों में एकता बहुत दृढ़ है। वे लोग सदा अपनी उन्नति में लगे रहते हैं। भारतवर्ष के कृषक अज्ञान के अंधकार में गोते खा रहे हैं और पश्चिमी देशों के कृषक व्यावहारिक ज्ञान से अपनी उन्नति कर रहे हैं—यह अपनी अपनी करनी का फल है। यदि हिंदुस्थान के कृषकों को कृषिविद्या की उचित शिक्षा दी जाय तो वे भी अपने पश्चिमी किसान भाइयों की बराबरी कर सकेंगे। हिंदुस्थान की आधी से अधिक मनुष्य-संख्या, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रीति से, खेती ही पर अवलंबित है। ऐसी अवस्था में कृषि की उन्नति होते ही सारे देश का कल्याण होगा। इस विषय में, हर्ष की बात है कि, सरकार और लोगों का एकमत है—दोनों के मतों में किसी प्रकार की भिन्नता या विरोध नहीं। जिस तरह कृषिविद्या की शिक्षा देना और कृषि की उन्नति करना सरकार अपना कर्तव्य समझती है, उसी तरह यह लोगों का भी पवित्र कर्तव्य है। कृषिविद्या संपादन करने का उद्देश यह नहीं है कि हमारे लोग इन्स्पेक्टर, सरवेयर या प्रोफेसर बनकर केवल अपनाही पेट भरने का उद्योग किया करें, परंतु इस शिक्षा का उद्देश यह होना चाहिये कि बहुत प्रयत्न करके अपने देश की कृषि सुधारें और उसमें तरक्की करें। यह काम वकीली, बारिस्टरी, धर्मोपदेश, तत्वज्ञान, लाजिक आदि विषयों से अधिक श्रेष्ठ और महत्व का है; क्योंकि मनुष्यमात्र का जीवन—मुख्यतः भारतवासियों का जीवन—सिर्फ खेतीही पर अवलंबित है। आजतक जितना दुर्भिक्ष और अकाल हुआ वह अलम् है। इससे अधिक दरिद्रता और क्या हो सकती है? क्या अब भी हमारे देशवासी इस पवित्र कार्य में तन मन धन अर्पण करके अपने किसानों को शिक्षित करने का यत्न [illegible]

नकल ही की जाय। नहीं; सिर्फ नकल करने से कोई लाभ नहीं। अमेरिका का उदाहरण अपनी आंखों के सामने रखकर, देश की परिस्थिति के अनुसार, जो कुछ हम कर सकते हैं वह अवश्य करना चाहिये। सच तो यह है कि कृषि की उन्नति के लिये हिन्दुस्थान में बहुत सा काम किया जा सकता है। अमेरिका की भांति, हिन्दुस्थान के किसानों की बस्तियां बहुत दूर दूर नहीं हैं। यहां गांव गांव घूमकर सप्रयोग व्याख्यान, और चित्र आदि के द्वारा किसानों को कुछ उपयोगी शिक्षा दी जा सकती है। यात्रा,

जहाज़ पर बादशाह का कार्यक्रम।

पाठकों को यह मालूम है, कि बादशाह पंचम जार्ज और महारानी मेरी 'मदीना' नाम के जहाज़ पर इंग्लैंड से यहां आये। जब बादशाह लंडन में रहते हैं तब वे अपना समय प्रति दिन किस प्रकार व्यतीत करते हैं, वहां उनके निजी कामों का प्रबंध किस प्रकार होता है, सो सब गत संख्या में लिखा ही जा चुका है। अब इस संख्या में यह वर्णन किया जाता है कि 'मदीना' जहाज़ पर रहते हुए वे अपना समय किस भांति व्यतीत करते थे।

'मदीना' जहाज़ बहुत ही सुभीते की, सुशोभित और सुखदायक है। इस जहाज़ के जिस भाग में बादशाह और महारानी का निवास था वह अत्यंत मूल्यवान वस्तुओं से सुशोभित किया गया था। भोजन करने, बैठने, उठने, निद्रा करने आदि के लिए पृथक् पृथक् स्थान नियत किये गये थे। यह जहाज़ इतनी बड़ी थी कि इसीमें बादशाह के खास खास अफ़सर, उनके निजी नौकर, सिपाही, वगैरह सब लोग आराम से रहते थे। इसमें संदेह नहीं कि 'मदीना' में प्रवास करते समय बादशाह और महारानी को सब प्रकार का सुख हुआ। बादशाह अपने इस जल-प्रवास में प्रति दिन कुछ समय तक

राज्यप्रबंध का कार्य

किया करते थे। जहाज़ से लंडन तक और लंडन से जहाज़ तक बिना तार के विद्युत्संदेश भिजवाने का प्रबंध किया गया था। इससे लंडन की सब खबरें जहाज़ पर आती रहती थीं और जहाज़ पर की सब खबरें लंडन को पहुंच जाती थीं। मंत्री लोग अपने अपने कामकाज का सब हाल बादशाह को प्रतिदिन तारद्वारा निवेदन कर दिया करते थे और बादशाह भी उसका यथोचित उत्तर जहाज़ पर से भिजवा दिया करते थे। राजनैतिक गुप्त बातों के सिवाय अन्यान्य बातें प्रकाशित करने के लिए जहाज़ पर से एक समाचार-पत्र भी निकलता था। लंडन से आनेवाले राजनैतिक या निजी समाचार गुप्त और सांकेतिक भाषा में रहते। उनको सरल अंग्रेज़ी भाषा में लिखकर बादशाह के सामने पेश करने का काम प्राइवेट सेक्रेटरी लार्ड स्टॅमफोर्डम और मेजर क्लाइव विग्रम को सौंप दिया गया था। इनमेंसे अत्यंत महत्व के तारों का उत्तर स्वयं बादशाह ही अपने हाथ से लिख देते थे। जिस 'केबिन' (कमरे) में बैठकर बादशाह लिखने का काम करते उसीसे लगे हुए दूसरे कमरे में तारघर था। ज्योंही बादशाह तार लिखकर टेलीग्राफ़ आफ़िस में भेजते त्योंही वह लंडन को रवाना हो जाती थी। बादशाह जहाज़ पर अपना कुछ समय

ग्रंथावलोकन

में व्यतीत करते थे। बादशाह को सदैव यह शिकायत रहती कि 'जब हम लंडन में रहते हैं तब ग्रंथावलोकन भलीभांति नहीं हो सकता, पढ़ने के लिए हमें बहुत समय ही नहीं मिलता।' परंतु इस बार 'मदीना' में जलप्रवास करते समय उन्होंने अपना बहुत सा समय अच्छे अच्छे ग्रंथ पढ़ने में व्यतीत किया। बहुत दिनों से जिन पुस्तकों को पढ़ने की उनकी इच्छा थी उन्हें वे अपने साथ जहाज़ पर ले आये थे। इनमेंसे बहुतेरी उत्तमोत्तम पुस्तकें आपने पढ़ डालीं। दोपहर के समय 'डेक' पर महारानी की कुर्सी के पास अपनी कुर्सी पर बैठकर कुछ समय तक वे पुस्तक पढ़ा करते थे। कभी कभी हुक्का पीने, या पुस्तक में पढ़ी हुई किसी बात का महारानी से ज़िक्र करने के समय उनका पढ़ना बंद हो जाता था; अन्यथा इस सब समय में वे पढ़ने ही में निमग्न रहा करते थे।



'मदीना' जहाज़ पर बादशाह के कपड़े पहनने का स्थान।

पत्र लेखन।

बादशाह प्रति दिन पत्र लिखने में भी अपना कुछ समय व्यतीत करते थे। जर्मन बादशाह, रशियन ज़ार, नार्वे के राजा, हेलिनिस के राजा जार्ज आदि लोगों को वे हमेशा पत्र लिखा करते थे। कहते हैं कि हिंदुस्थान से लौटते समय जहाज़ में बैठकर उन्होंने अनेक लोगों को पत्र लिखे होंगे और इस बात का उल्लेख किया होगा कि हिंदुस्थान में हमने अपना समय कैसे आनंद से व्यतीत किया, इस देश के निवासियों ने अपनी राजनिष्ठा किस प्रकार व्यक्त की और यहां हमने क्या क्या देखा इत्यादि। हिंदुस्थान में प्रवास करते समय जो कुछ देखा, सुना, पढ़ा या प्रत्यक्ष अनुभव किया सो सब बादशाह और महारानी ने अपनी

नोट-बुक

में लिख रखा है। जो बातें यहां संक्षेप में लिखी गई थीं उनका विस्तार जहाज़ पर किया गया होगा। इस नोट-बुक में बादशाह और महारानी के स्वयं अनुभव की, अतएव अत्यंत महत्व की, अनेक बातें लिखी गई हैं, परंतु संभव नहीं है कि यह अनुपम लाभदायक नोट-बुक दुनिया की नज़र में आवे। हां, इसमें संदेह नहीं कि इंग्लैंड के भावी राजाओं के उपयोग के लिये बादशाह की नोट-बुक वकिंगहाममहल के दफ़्तर में बहुत सावधानी से रखी रहेगी। महारानी की नोट-बुक यथोचित समय पर प्रिन्सेस मेरी को दी जावेगी।



महारानी मेरी का विश्रामस्थान।

जहाज़ पर बादशाह के दिल्बहलाव के लिये कई प्रकार के खेलों का प्रबंध किया गया था। बादशाह 'डेक' पर

क्रिकेट

खेला करते थे। एक बार क्रिकेट खेलते समय बादशाह की गेंद समुद्र में जा गिरी। बादशाह ने तुरत अपने प्रतिपक्षियों से कहा कि "खोई हुई गेंद के बदले छः दौड़ गिनाना चाहिये"। परंतु प्रतिपक्षियों ने कहा "गेंद तो समुद्र

और त्योहार आदि मौकों पर बहुत से लोग एकत्र होते हैं। उस समय यदि एक मंडप में कृषिविषयक प्रदर्शनी खोलकर लोगों को कुछ शिक्षा दी जाय तो उससे भी लाभ होगा। इसके सिवाय भी अन्य मार्गों से कृषिशिक्षा का पवित्र कार्य किया जा सकता है। इससे पहले कुछ लोगों को स्वार्थत्याग करना होगा और एक यत्न करना होगा। अंत में इसके मधुर फलों का स्वाद सब ही लोग चखेंगे। ऐसा कोई सार्वजनिक कार्य नहीं है जिसमें स्वार्थत्याग की बुद्धि से धैर्यपूर्वक यत्न करने पर सफलता प्राप्त न हो। यदि भारतवर्ष की उन्नति के लिए हमारे शिक्षित भाई तन मन धन अर्पण करके कुछ यत्न करेंगे तो, इसमें संदेह नहीं कि, ईश्वर की कृपा से उन्हें सफलता प्राप्त होगी। यह केवल मनोराज्य की आशा नहीं है। यह मेरा दृढ़ विश्वास है।

"संत तुकाराम" नाम का जहाज।



बंबई की "इन्डियन कोआपरेटिव नेविगेशन ऐण्ड ट्रेडिंग कम्पनी" के नए जहाज का यह चित्र है। इसका नाम "संत तुकाराम" है। [महाराष्ट्र] में "तुकाराम" नाम के एक सुप्रसिद्ध साधु हो गये। इस पवित्र नाम के उच्चारण ही से इस देश में लाखों लोगों के अंतःकरणों में [भक्ति] प्रकाशित हो जाती है। इस जहाज के बनाने का ठीका ग्लासगो शहर के "ब्लैलाक और ग्रैंज माउथ" नामक सुप्रसिद्ध कंपनी को [दिया] गया है। इसकी लंबाई १८० फुट, चौड़ाई १८ फुट और डाम १० फुट है। इसकी गति हर घंटे में १३ नाट है। इस पर कमसे कम [illegible]०० मुसाफिर बैठ सकेंगे। इसकी रचना सुंदर और सामान मज़बूत है। इस कंपनी के पहले जहाज "सैन फ्रांसिस्को" से यह जहाज बहुत अच्छा है।

ब्रह्मी नाच।



ब्रह्मी नाच का यह चित्र देखिये। इसमें नृत्य करनेवाली स्त्री नाचने के लिये खड़ी है और उसके साजिन्दे अपने अपने वाद्य लेकर तैयार हैं। चित्र में प्रेक्षकों की ओर एक आदमी कुछ ऊंची जगह पर बैठा है। उसके चहुं ओर जालीदार लकड़ी का एक घेरा है जिसमें, पहिले की अपेक्षा दूसरा छोटा ऐसे, २७ ढोल बंधे हैं। इनके बजाने में जो कुशलता यह प्रगट करता है वह देखते ही बनती है। इसी प्रकार दाहिनी ओर भी लकड़ी का एक छोटासा कठघरा है जिसमें बहुत सी झांझें (मंजीरें) लटकाई गई हैं। एक आदमी अपने दोनों हाथों में दो हथौड़े उन झांझों पर पटकता जाता है और बहुत ही सुरीली मनोहर आवाज निकालता है। यह वाद्यप्रकार अंग्रेजी बैंड के समान कुछ कुछ पड़ता है।

जहाज़ पर बादशाह का कार्यक्रम।

पाठकों को यह मालूम है, कि बादशाह पंचम जार्ज और महारानी मेरी 'मदीना' नाम के जहाज़ पर इंग्लैंड से यहां आये। जब बादशाह लंदन में रहते हैं तब वे अपना समय प्रति दिन किस प्रकार व्यतीत करते हैं, वहां उनके निजी कामों का प्रबंध किस प्रकार होता है, सो सब गत संख्या में लिखा जा चुका है। अब इस संख्या में यह वर्णन किया जाता है कि 'मदीना' जहाज़ पर रहते हुए वे अपना समय किस भांति व्यतीत करते थे।

'मदीना' जहाज़ बहुत ही सुभीते की, सुशोभित और सुखदायक है। इस जहाज़ के जिस भाग में बादशाह और महारानी का निवास था वह अत्यंत मूल्यवान वस्तुओं से सुशोभित किया गया था। भोजन करने, बैठने, उठने, निद्रा करने आदि के लिए पृथक पृथक स्थान नियत किये गये थे। यह जहाज़ इतनी बड़ी थी कि इसीमें बादशाह के खास खास अफ़सर, उनके निजी नौकर, सिपाही, वगैरह सब लोग आराम से रहते थे। इसमें संदेह नहीं कि 'मदीना' में प्रवास करते समय बादशाह और महारानी को सब प्रकार का सुख हुआ। बादशाह अपने इस जल-प्रवास में प्रति दिन कुछ समय तक



'मदीना' जहाज़ पर बादशाह के कपड़े पहनने का स्थान।

राज्यप्रबंध का कार्य

किया करते थे। जहाज़ से लंदन तक और लंदन से जहाज़ तक बिना तार के विद्युत्संदेश भिजवाने का प्रबंध किया गया था। इससे लंदन की सब खबरें जहाज़ पर आती रहती थीं और जहाज़ पर की सब खबरें लंदन को पहुंच जाती थीं। मंत्री लोग अपने अपने काम काज का सब हाल बादशाह को प्रतिदिन तारद्वारा निवेदन कर दिया करते थे और बादशाह भी उसका यथोचित उत्तर जहाज़ पर से भिजवा दिया करते थे। राजनैतिक शुभ वार्ता के सिवाय अन्यान्य बातें प्रकाशित करने के लिए जहाज़ पर से एक समाचार पत्र भी निकलता था। लंदन से आनेवाले राजनैतिक या निजी समाचार शुभ और सांकेतिक भाषा [illegible] रहते। उनको सरल अंग्रेज़ी भाषा में लिखकर बादशाह के सन्मुख पेश करने का काम प्राइवेट सेक्रेटरी लार्ड स्टैमफर्डहम और मेजर [illegible] के सुपुर्द किया गया था। [illegible] बादशाह [illegible] अपने हाथ से लिख देते थे। जिस 'केबिन' (कमरे) में बैठकर बादशाह लिखने का काम करते [illegible] [illegible] बादशाह जहाज़ पर अपना कुछ समय



महारानी मेरी का विश्रामस्थान।

ग्रंथावलोकन

में व्यतीत करते थे। बादशाह [illegible] लंदन में रहते हैं तब ग्रंथावलोकन भलीभांति नहीं हो सकता, पढ़ने के लिए हमें वहां समय ही नहीं मिलता।' परंतु इस बार 'मदीना' से जलप्रवास करते समय उन्होंने अपना बहुत सा समय अच्छे अच्छे ग्रंथ पढ़ने में व्यतीत किया। बहुत दिनों से जिन पुस्तकों को पढ़ने की उनकी इच्छा थी उन्हें वे अपने साथ जहाज़ पर ले आये थे। इनमेंसे बहुतेरी उत्तमोत्तम पुस्तकें आपने पढ़ डालीं। दोपहर के समय 'डेक' पर महारानी की कुर्सी के पास अपनी कुर्सी पर बैठकर कुछ समय तक वे पुस्तक पढ़ा करते थे। कभी कभी चुरट पीने, या पुस्तक में पढ़ी हुई किसी बात का महारानी से ज़िक्र करने के समय उनका पढ़ना बंद हो जाता था, अन्यथा इस सब समय में वे पढ़ने ही में निमग्न रहा करते थे।

पत्र लेखन।

बादशाह प्रति दिन पत्र लिखने में भी अपना कुछ समय व्यतीत करते थे। जर्मन बादशाह, रशियन ज़ार, नार्वे के राजा, हेलिनिस के राजा जार्ज आदि लोगों को वे हमेशा पत्र लिखा करते थे। कहते हैं कि हिंदुस्थान से लौटते समय जहाज़ में बैठकर उन्होंने अनेक लोगों को पत्र लिखे होंगे और इस बात का उल्लेख किया होगा कि हिंदुस्थान में हमने अपना समय कैसे आनंद से व्यतीत किया, इस देश के निवासियों ने अपनी राजनिष्ठा किस प्रकार व्यक्त की और यहां हमने क्या क्या देखा इत्यादि। हिंदुस्थान में प्रवास करते समय जो कुछ देखा, सुना, पढ़ा या प्रत्यक्ष अनुभव किया सो सब बादशाह और महारानी ने अपनी

नोट-बुक

में लिख रखा है। जो बातें यहां संक्षेप में लिखी गई थीं उनका विस्तार जहाज़ पर किया गया होगा। इस नोट-बुक में बादशाह और महारानी के स्वयं अनुभव की, अतएव आनंद [illegible] की, अनेक बातें लिखी गई हैं, परंतु संभव नहीं है कि यह अनुपम [illegible] नोट-बुक दुनिया की नज़र में आवे। हां, इसमें संदेह नहीं कि [illegible] [illegible]

जहाज़ पर बादशाह के [illegible] [illegible] बादशाह 'डेक' पर

क्रिकेट

[illegible]

की लहरों पर खेल रही है; ऐसी अवस्था में उसे खोई हुई गेंद कैसे ला सकते हैं! और हम उसके लिये छै दौड़ क्यों लगावें!" तब बादशाह ने कहा "अच्छा; गेंद लाने का काम तुम्हारा है। यदि गेंद खो नहीं गई है तो जाओ उसे उठा लाओ, तब फिर हम खेलेंगे।" यह सुनकर अधिकारी निरुत्तर हो गये और उन्हें छै बार जुरमाना दौड़ना पड़ा। बादशाह जहाज़ पर कुछ समय तक

ताश

भी खेलते थे। महारानी मेरी कभी ताश नहीं खेलतीं। उन्हें सीने पिरोने का काम करने का बड़ा शौक है। हाथ से सीने पिरोने का काम करती हुई वे कभी कभी दिलबहलाव के लिये इधर उधर की कुछ बातें भी किया करती थीं। उस समय बादशाह हुक्का पीने के कमरे में या अफसरों के कमरे में जाकर ताश का 'ब्रिज' या 'पेनि नैप' खेल खेला करते। इसके अतिरिक्त बादशाह के मनोरंजनार्थ, वहां

अन्य खेल

भी बहुतसे थे। 'एयर-गन' से निशाना लगाना, 'मुरगियों की लड़ाई,' 'टग ऑफ़ वार' इत्यादि अनेक बातें वहां हुआ करती थीं। इन खेलों में जो विजयी होता उसे पारितोषिक दिया जाता था, इस लिये खेल में स्फूर्ति और ईर्षा का बढ़िया मिश्रण होकर खूब रंग आता था। शाम को जहाज़ पर

गाना बजाना

होता था। महारानी मेरी स्वयं अनेक प्रकार के गाने बजाना जानती हैं और गायन भी बहुत अच्छा होता है। अर्ल आफ़ शाफ़्टबरी भी गानविद्या में निपुण हैं। सायंकाल का भोजन हो जाने पर निद्रा के समय तक गाना बजाना होता था। जो कोई थोड़ा भी गाना जानता उसको भी गीत कहना पड़ता था। इससे वहां खूब हंसी दिल्लगी हुआ करती। इसके सिवाय

गप-शप

में भी कुछ काल व्यतीत होता था। बादशाह को बहुतसी कहानियां याद हैं। कहानी कहने का उनका ढंग भी ऐसा विचित्र और चित्ताकर्षक है कि श्रोतागण हंसते हंसते लोटपोट हो जाते हैं। कहानी कहने में [illegible] करके सब लोगों का आनंदित करने की कला बादशाह को भली भांति मालूम हो गई है।

'मदीना' जहाज़ पर प्रवास करते समय बादशाह के नित्य कार्यक्रम का संक्षिप्त वर्णन हो चुका। अब यह देखना चाहिये कि राजकुटुम्ब की गृहचर्या किस प्रकार की है—अर्थात् बादशाह के लड़के बच्चे और अन्य कुटुम्बीजन घर पर क्या किया करते हैं और कैसे रहते हैं। यह विषय बहुत मनोरंजक और शिक्षादायक भी है।

राजकुटुम्ब की गृहचर्या।

(इस विषय पर राजगृह के एक बड़े अधिकारी पुरुष ने, बादशाह पंचम जार्ज और महारानी मेरी की सम्मति से, एक लेख लिखा है जो अंग्रेजी के एक प्रसिद्ध मासिक पत्र में प्रकाशित हुआ है। उसी के आधार पर यह वृत्तान्त लिखा गया है।)

जिन लोगों का राजकुटुम्ब से किसी प्रकार का संबंध नहीं है वे इस बात की कल्पना कर नहीं सकते कि जब महारानी मेरी अपने लड़कों बच्चों को लंडन में छोड़कर इधर हिंदुस्थान में आई तब उनका कोमल अंतःकरण पुत्रप्रेम से कितना दुःखित हुआ होगा। राजगृह से जिनका कुछ संबंध है वही लोग यह जानते हैं कि महारानी का अपने कुटुम्बीजनों पर कितना प्रेम है; और वही लोग इस बात की कल्पना भी कर सकते हैं कि महारानी को यह वियोग-दुःख कितना असह्य हुआ होगा। महारानी का सन्तान प्रेम अद्वितीय है। वे सदा कहा करती हैं कि हमारा समय अपने लड़कों बच्चों के सहवास में जैसे आनंद और सुख से व्यतीत होता है वैसा आनंद और सुख हमें और कहीं नहीं मिलता। वे अपने बच्चों के साथ प्रेम और आनंद से स्वतंत्रतापूर्वक खेला करती हैं। जब लड़के खेल खेल में कहते हैं कि हम ऐसा करेंगे, हम वैसा करेंगे, तब उनके महत्वाकांक्षा से भरे हुए इन उद्गारों की ओर महारानी का ध्यान कुतूहलता से रहा करता है। यह लिखने की आवश्यकता नहीं है कि पुत्र और कन्याओं का प्रेम भी अपनी माता पर वैसा ही अद्वितीय है।

जब युवराज का जन्म हुआ तब महारानी स्वयं उसके लालन पालन में अपना सारा समय व्यतीत करने लगीं। इसका परिणाम यह हुआ कि सार्वजनिक कामों की ओर ध्यान देने के लिये उन्हें कमी फ़ुरसत ही मिलती न थी। परंतु महारानी के पद के अनुसार उन्हें किसी न किसी सार्वजनिक काम में शामिल होना ही पड़ता है; और जब ऐसा मौका आता है तब उन्हें अपने बच्चों की ओर का ध्यान कुछ कम करना पड़ता है। उस अवस्था में उन्हें बहुत दुःख होता है। वे बारबार कहा करती हैं कि "हमारा दर्जा इतना बड़ा न होता तो बहुत अच्छी बात होती। अपने पुत्रों के साथ रहने के लिये बहुत समय हमें मिलता।"

ज्यों ज्यों राजकुटुम्ब का विस्तार अधिक होने लगा त्यों त्यों जार्ज ... का निवासस्थान—यार्क कॉटेज—अंग्रेजी गृहस्थाश्रम का आदर्श होने लगा। महारानी अपने सन्तानों के लालन पालन के लिये हमेशा घरही में रहना पसंद करती हैं। वे किसी दरबार या सार्वजनिक उत्सव में बहुत कम शामिल होती हैं। उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति ही ऐसी है कि, सामाजिक उत्सवों में शामिल होनेकी अपेक्षा वे घर में रहना अधिक पसंद करती हैं। उन्हें दरबार के दिखाऊ ठाटबाट का कुछ भी शौक नहीं है।

महारानी की इस स्वाभाविक प्रवृत्ति का एक उदाहरण एडवर्ड बादशाह की मृत्यु के थोड़ेही दिनोंके बाद, स्पष्ट रीति से देख पड़ा। उस समय राजकुटुम्ब के सब लोगों को अपने पूर्व निवासस्थान—मार्लबरो हाउस और यार्क कॉटेज—से निकल कर बकिंगहाम-महल और विंडसर-किले में रहना पड़ा था। महारानी इस बात की चिंता कर रही थीं कि हमारे लड़कों बच्चों के रहने और खेलने योग्य स्थान यहां कैसे मिलेगा। जब वे कहीं बाहर रहने जातीं तब वे स्वयं अपने कमरे के समीप ही अपने लड़कों के लिये भी एक स्वतंत्र कमरे का प्रबंध कर लेती हैं। लड़कों की देखभाल के लिये जो अफ़सर मुक़र्रर हैं उनका ध्यान सदा इस बात पर दिलाया जाता है कि लड़कों के रहने और खेलने कूदने की जगह स्वच्छ और हवादार हो। यदि प्रसंगवशात् कभी ऐसा उत्तम स्थान नहीं मिलता तो वे लड़कों को स्वयं अपने शयनगृह में रखती हैं।

प्रिन्स आफ वेल्स और उनके भाई प्रिन्स आलबर्ट 'गोल्फ़' नामक खेल खेलने को जा रहे हैं।

बड़े दिनों (क्रिसमस) में राजघराने के सब बालकों का खूब आनंद मनाने का समय रहता है। प्रथम दिन भोर होते ही महारानी सब बालकों को आनंददर्शक संदेसा भेजती हैं। इसके बाद महारानी स्वयं अपने हाथ से लड़कों को कुछ उत्तमोत्तम चीज़ें भेंट के तौर पर देती हैं। यह क्रम प्रति वर्ष का है। गत वर्ष के बड़े दिनों में महारानी मेरी हिंदुस्थान में थीं। इस लिये यद्यपि प्रेमसूचक संदेश यहां से भेजा गया तथापि भेंट की चीज़ें अपनी माता के हाथ से पाने का उत्साहजनक आनंद बालकों को नहीं हुआ। प्रतिवर्ष बादशाह और महारानी बड़े दिनों का त्योहार अपने निजी स्थान—यार्क कॉटेज—ही में मनाया करते हैं। यह रीति है कि, प्रथम दिन सबेरे जल्दी उठकर कुछ अल्प आहार करने के बाद, राजकन्या और राजपुत्र अपने आजा और आजी (एडवर्ड बादशाह और अलेक्ज़ांड्रा रानी) को आनंदपूर्वक सलाम करने और तब गिरजाघर में प्रार्थना करने जाते। गत वर्ष भी इसी रीति के अनुसार कार्य हुआ, क्योंकि अलेक्ज़ांड्रा रानी अपने सांड्रिंगहाम-महल ही में थीं। गिरजाघर से

[प्रा]र्थना के बाद लौटते समय सब लड़के अपने आजा आजी के घर भोजन करने जाते हैं। भोजन हो जाने पर सायंकाल तक वहीं अनेक प्रकार के खेल खेलते हैं और फिर अपने घर लौट आते हैं। बड़े दिनों के त्योहार की आनंददायक बातें लड़के कभी भूलते नहीं—वर्षभर उन्हें उनका स्मरण रहता है। सब लड़के बड़ी उत्कंठा से बाट जोहते रहते हैं कि अब दूसरा दिन कब आयगा। क्योंकि, दूसरे दिन शाम को राजभवन के बाल रूम (नाचघर) में एक बहुत ऊंचा 'क्रिसमस ट्री' बनाया जाता है और उसमें बिजली के छोटे छोटे हजारों दीपकों का प्रकाश किया जाता है। यह तमाशा देखने के लिये राजपुत्रों के कुछ चुने हुए मित्र भी निमंत्रित किये जाते हैं। इस दिन केवल राजपुत्र और राजकन्या ही को नहीं, वरन राजभवन के छोटे बड़े सब नौकरों को भी भेंट के तौर पर कुछ खिलौने और अन्य पदार्थ दिये जाते हैं। नौकरों को युवराज के हाथ से भेंट दिलाई जाती है। गत वर्ष यह भेंट राजकन्या मेरी के हाथ से दिलाई गई थी।

बादशाह एडवर्ड बच्चों का खूब प्यार करते थे—चाहे वह बच्चा किसी का हो। वे अपने नातियों को बहुत चाहते थे। कई बार वे सबेरे उठते ही अपने महल से पैदल चलते और 'मार्लबरो हाउस' में जाकर अपने नातियों से मिलते। वहां बाग में बैठकर चुरुट पीते पीते वे अपने नातियों का खेलकूद कुतूहलपूर्वक देखा करते थे। आजा को देखकर नाती भी बहुत आनंदित हो जाते थे। जब एडवर्ड बादशाह ने सुना कि जार्ज साहब के पुत्र हुआ है तब उन्हें अत्यंत हर्ष हुआ। महारानी अलेक्झांड्रा ने एक बार हंसी हंसी में कह दिया था कि बादशाह एडवर्ड कोई बड़े आदमी नहीं हैं। वे अबतक बच्चे ही हैं!

नाती के जन्म का समाचार पाते ही बादशाह एडवर्ड इतने आनंदित हुए कि उन्होंने तुरंत अपनी माता (विक्टोरिया) से कहा कि "मेरे और मेरे भाइयों के बचपन में जिस झूले का उपयोग किया गया था वह इस नूतन राजपुत्र के लिए भिजवा दीजिये।" इस झूले का भी इतिहास सुनने योग्य है। पहले पहल यह झूला महारानी विक्टोरिया ने अपने लड़कों के लिए बनवाया था। इस झूले पर एक चांदी की पट्टी लगी है जिस पर यह लेख है कि "यह झूला प्रथम राजकन्या विक्टोरिया (महारानी विक्टोरिया की कन्या और जर्मनी के वर्तमान बादशाह की माता) के लिए सन् १८४० ई० बनवाया गया। इ[सके] बाद यही झूला महार[ानी] विक्टोरिया के सब [पुत्रों] और कन्याओं के [illegible]

[illegible] प्रिंस ऑफ वेल्स भी, अपने पिता की भांति, जहाज का काम करने के बड़े शौकीन हैं। इस चित्र में वे [illegible] 'मचल बैंडर'—जहाजी नौकर—की ड्रेस पहने हुए हैं।

[illegible]
[illegible]

...योग में लाया गया। सन् १८९४ ई० में यह पलना महारानी ...टोरिया ने डचेस आफ़ यार्क, अर्थात् अपनी दूसरी बहू को दे ...। * राजपुत्र के पद को सुशोभित करनेवाले प्रायः सब बालकों ...र पलना आरोहन किया गया है। इसी पलने में बादशाह जॉर्ज ... महारानी मेरी के सब लड़कों बच्चों ने अपना बचपन व्यतीत ...या है। पलने में लड़कों को सुलाकर, गीत गाने और लालनपालन ...ने में महारानी मेरी ने भी अपना बहुत समय व्यतीत किया है। ...मआज इस पलने का कोई उपयोग नहीं है। यह कपड़े में लपेटकर ...ण्डसर के विण्डसर में रख दिया गया है। जब युवराज के सन्तान ...त्पन्न होने का समय आवेगा तब यही पलना फिर काम में लाया ...जायगा।

[illegible]

किया है। ये अपने भाई के लड़कों बच्चों को बहुत प्यार करती हैं और लड़के भी इनसे बहुत प्रसन्न रहते हैं। जब बादशाह की बहिन सांड्रिंगहाम महल में रहती हैं तब वहां के किसानों के लड़कों के साथ भी ये बहुत प्यार का बर्ताव करती हैं।

गत वर्ष महारानी मेरी ने विंडसर, बालमोरल, और सांड्रिंगहाम नामक स्थानों में, अपने पुत्रों सहित, गर्मी के दिन व्यतीत किये। उन दिनों उन्हें किसी सार्वजनिक कार्य की चिंता न थी, इस लिए यह समय बहुत आनंद से व्यतीत हुआ। खेद सिर्फ़ इसी बात का था कि प्रिंस आफ़ वेल्स उनके साथ वहां न थे, क्योंकि वे उस समय 'हिंदुस्थान' नाम की जहाज़ पर अपना काम करने गये थे।

जब बादशाह शिकार के लिए स्काटलैंड को जाते हैं तब उनके साथ राजपुत्र आलबर्ट और राजपुत्र हैनरी भी अवश्य रहते हैं। गत वर्ष राजपुत्र आलबर्ट ने स्वयं एक जानवर की शिकार की थी। दैवयोग की बात है कि जिस दिन राजपुत्र आलबर्ट ने यह शिकार की उसी दिन एक वर्ष पहले, युवराज प्रिंस आफ़ वेल्स ने भी एक हरिन मारा था। इन दोनों जानवरों के सिर बालमोरल महल में एक दालान के कमरे में टांगकर धर दिये जाने वाले हैं। यह कमरा एक प्रकार का अजायबघर ही है। महारानी विक्टोरिया के राजपुत्रों ने जितने हरिन शिकार में मारे उन सब के सिर यहीं टंगे हुए हैं। [illegible]

[illegible]

नित्य पढ़ा करती हैं।

महारानी की यह राय उचित है कि बालकों की शिक्षा पहले अपने घर ही में उत्तम रीति से होनी चाहिये। इसी लिये वे अपने सन्तानों की शिक्षा पर स्वयं विशेष ध्यान दिया करती हैं। जब लड़के सवेरे सो कर उठते हैं तब महारानी प्रत्येक बालक से बाइबल का पाठ पढ़वाती हैं। बालकों का पढ़ना हो जाने पर महारानी स्वयं उसका अर्थ समझा कर बताती हैं। अर्थ इस प्रकार सुगम, सरल और मनोरंजक रीति से बताया जाता है कि बालकों के कोमल चित्त पर उसका अच्छा शिक्षादायक प्रभाव होता है। जब युवराज को 'नाइट आफ दि गार्टर' नामक सरदारी पदवी मिली तब महारानी ने बड़ी सावधानी और परिश्रम के साथ उन्हें यह समझा दिया था कि, इस पदवी की योग्यता और अधिकार कितना बड़ा है तथा पदवी-प्रदान के समय जो शपथ ली गई, उसमें कितना गंभीर अर्थ भरा हुआ है। राजकन्या मेरी को धार्मिक शिक्षा देने का कार्य भी महारानी ने स्वयं अपनी ही ओर रक्खा है।

यह बात बालकों के मन पर भलीभाँति हि[illegible] कर दी जाती है कि बादशाह और बालकों का संबंध केवल पिता और पुत्र ही का नहीं है, किन्तु बादशाह अपने एक निजी और उत्तम मित्र भी हैं। यही कारण है कि बालक अपने पिता के साथ खूब स्वतन्त्रता से रहते हैं। जो कुछ वे करना चाहते हैं दिल खोलकर अपने पिता से कहते हैं। बादशाह भी बालकों को उचित उपदेश देकर उचित मार्ग की शिक्षा देते और उनकी सारी अड़चन दूर करने का उचित प्रबंध करते हैं। बालकों को उचित शिक्षा देने का काम माता ही का है, इस लिये यदि कोई बालक अपनी माता की आज्ञा के विरुद्ध शिकायत करे तो बादशाह उस पर कुछ भी ध्यान नहीं देते। इस विषय में एक बार बादशाह ने युवराज को खूब लज्जित किया था। जब युवराज छोटे थे तब एक दिन उनके मन में आया कि पार्क कालेज के बाहर मैदान में जाकर खेलें। उस दिन हवा अच्छी नहीं। महारानी ने कहा, आज बाहर मैदान में मत खेलो। इससे असन्तुष्ट होकर युवराज अपने पिता के पास गये और बाहर मैदान में खेलने की अनुमति माँगने लगे। बादशाह उस समय किसी काम में लगे हुए थे। उन्होंने इस बात की जाँच न की कि आज युवराज हमारी

पंचम जार्ज (हिन्दुस्तानी सेना के हुसेन कर्नल के पहनाव में।)

अनुमति लेने क्यों आये हैं; एकदम आज्ञा दी कि जाओ, बाहर खेलो। बस, आज्ञा पाते ही युवराज तुरंत दौड़ते हुए बाहर चले गये।

इधर महारानी को मालूम हुआ कि हमारी आज्ञा का उल्लंघन कर के युवराज बाहर मैदान में चले गये। इसका कारण पूछने के लिये उन्होंने एक नौकर को युवराज के पास भेजा। युवराज ने उत्तर दिया कि पिता ने अनुमति दी है। यह सुनते ही महारानी बादशाह के समीप गईं और सब हाल कह सुनाया। बादशाह को क्रोध आया; उन्होंने तुरंत ही युवराज को अपने पास बुलवाया और उचित दण्ड देकर कहा "यह दण्ड आज्ञाभंग के लिये नहीं है; किन्तु इस अपराध के लिये है कि माता का कहना न मानकर हमारी अनुमति लेने यहाँ आये।" लिखने की आवश्यकता नहीं है कि युवराज ने फिर यह अपराध कभी नहीं किया।

जब तक युवराज और राजपुत्र आलबर्ट घर में रहते थे तब तक राजकन्या मेरी का अभ्यास उन्हीं के साथ हुआ करता था। परंतु जब पहले युवराज और उनके बाद राजपुत्र आलबर्ट आसबोर्न के रायल कालेज में जलसेना की शिक्षा प्राप्त करने को गये तब राजकन्या मेरी को बहुत बुरा लगा। यह हठ करने लगी कि मैं भी अपने भाई के साथ जाऊँगी। कहते हैं कि राजभवन के सब लोगों को राजकन्या का दिल बहलाने में बहुत श्रम करना पड़ा। जब उसको यह बात भली भाँति समझा दी गई कि भाइयों के साथ जाना संभव नहीं है तब उसने अपना हठ छोड़ा।

बादशाह ने लड़कों के खेलकूद का बहुत ही उत्तम प्रबंध किया है। ज्योंही लड़के खुली हवा में जाने योग्य होते हैं त्योंही वे मैदान में खेलकूद [illegible] लगा दिये जाते हैं। खेलकूद से अच्छा व्यायाम होता है और शरीर मजबूत होता है। स्वयं बादशाह भी प्रति दिन आध घंटे तक खुली हवा में कुछ खेल खेला करते हैं। जब लड़के सान्ड्रिंगहाम नामक स्थान में रहते हैं तब वे टेनिस नदी में डोंगी खेना बहुत पसंद करते हैं। युवराज और राजपुत्र आलबर्ट को और [illegible] दोनों भाई एक और राजकन्या मेरी को [illegible] एक साथ में लिये हुए अनेक बार लोगों ने देखा है। आजकल लड़के डोंगी खेने में बहुत निपुण हो गए हैं। पहरेदार [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] दिनों की यह निपुणता देखने आते हैं।

राजकन्या मेरी, राजपुत्र जॉर्ज और महारानी मेरी।

उन्होंने प्रसन्न होकर बालकों की प्रशंसा की और उचित पुरस्कार भी दिया।

राजकन्या मेरी का स्वभाव बहुत करके अपनी माता ही के समान देख पड़ता है। महारानी के समान उनको भी स्थूल शिक्षा के खेल पसंद नहीं हैं। राजकन्या मेरी सुशीलता की साक्षात् मूर्ति ही है। जब कभी टेनिस खेलने के समय सिर्फ तीन भाई ही रहते हैं, चौथा खेलनेवाला कोई मिलता नहीं, उस समय, या ऐसे ही और मौकों पर जब एक खिलाड़ी की कमी होती है तब, राजकन्या मेरी अपने भाइयों के संग खेलने को तैयार हो जाती है। इसका कारण यह है कि अपने भाइयों का उत्साह भंग करके उन्हें निराश करना उसे अच्छा नहीं लगता। परंतु जब वह अकेली रहती है तब उसे पुस्तक पढ़ने या सीने पिरोने का काम करने में समय व्यतीत करना अच्छा मालूम होता है। उसने अपने भाइयों के साथ घोड़े पर बैठने का अभ्यास किया है, परंतु घोड़े की सवारी वह अपने दिल से पसंद नहीं करती। सब राजपुत्र घोड़े की सवारी में निपुण हैं। उन्हें इसका शौक ही है। इस समय युवराज यही देख रहे हैं कि घोड़े पर बैठ कर हम शिकार खेलने कब बाहर जायँगे। यह मौका भी शीघ्र ही आनेवाला है। उन्हें घोड़े की सवारी में बिलकुल भय नहीं लगता। इससे जान पड़ता है कि युवराज भी अपने पिता की नाईं घोड़े की सवारी में पूरे निष्णात होंगे।

राजकुटुम्ब में भोज।

राजपुत्रों ने विंडसर और सांड्रिंगहाम राजमहल के मैदान में अपनी माता को अनेक बार 'गोल्फ' खेलने को बुलाया, परंतु वे उनके साथ 'गोल्फ' खेलने को वहां कभी नहीं गई। सच बात तो यह है कि महारानी ने अपनी आयु में 'गोल्फ' खेलने के डंडे को आज तक कभी छुआ तक नहीं।

जब महारानी और बादशाह घर में रहते हैं तब उनका यह नियम है कि एक बार अवश्य ही अपने लड़कों से मिलते हैं। चाहे काम कितना भी क्यों न हो—और चाहे जितने महत्व का काम क्यों न हो—थोड़ा बहुत समय निकाल कर अपने लड़कों के साथ प्रेम और विनोद की कुछ बातें किये बिना बादशाह को अच्छा नहीं लगता। कभी कभी बादशाह लड़कों के विद्याभ्यास के कमरे में जाते और कभी कभी प्रातःकाल के भोजन के समय जाते हैं और वहीं उनसे मिल लेते हैं। उन्होंने सख्त ताकीद दे दी है कि सरकारी काम करते समय कोई लड़के हमारे पास न रहें। दिन भर में और भी ऐसा समय नियत किया गया है कि जब लड़के उनके पास नहीं जाते। सरकारी काम खतम हो जाने पर जब बादशाह निजी दालान में बैठते हैं तब वहां कोई भी जा सकता है।

घर आते हैं तब, अपनी माता के साथ भोजन करते हैं। गत वर्ष बड़े दिनों की छुट्टी में जब वे घर आये तब [illegible]

...गा। स्मशान- घोड़े पर था; परंतु में बैठ युवराज ने ने मुझे साथ में है कि



राजकन्या मेरी बाइसिकल पर बैठती है।

युवराज को घोड़े पर बैठने का बहुत शौक है। उस दिन [illegible] निराशाजनक [illegible] होगा।

एक [illegible] आश्चर्य यह है कि जो [illegible] अपनी [illegible] करते हैं और [illegible] तरह जानते हैं, [illegible] पिता और माता का [illegible] से पर सकते हैं। [illegible] अधिक [illegible] सिर्फ इतना ही [illegible] हैं कि, वर्तमान राजभवन में जो सुख, समाधान और शांति देख पड़ती, अधिकांश [illegible] और [illegible] हुआ है। बादशाह [illegible] और [illegible] की [illegible]—[illegible] प्रगट है। [illegible] पर आरूढ़ होने के [illegible] एक दिन भोजन बादशाह [illegible] बातें कर रहे थे में उनके एक मित्र ने "आपका सर्वोत्तम एक और सलाह देने मंत्री कौन है?" ने फौरन जवाब "मेरी स्त्री!" इस में बनावट का लेश भर भी न था। जो बात थी वही कही। अनेक कामों में महारानी ने [illegible]शाह को बहुत अच्छी सलाह दी है। जब कोई विकट [illegible] आ जाता और यह न सूझता कि "अब क्या करें?" तब महा[illegible] की गंभीर सलाह ने बादशाह की बहुत सहायता की है।

जब दिन भर का नियत काम खतम हो जाता है तब बाद[illegible] उस दिन आये हुए सब कागज पत्रों और रिपोर्टों का उचित [illegible] करने में लग जाते हैं। उसी समय महारानी भी उनके समीप [illegible] बैठ जाती हैं और अपना काम करने लगती हैं। कागज पत्रों सुव्यवस्थित करने में कभी कभी कई घंटे व्यतीत हो जाते हैं, भी महारानी चुपचाप अपना काम [illegible] हुई, मुंह से एक शब्द भी न कहकर, बैठी रहती हैं। इस प्रकार की समी[illegible] दोनों को बहुत पसंद है। बादशाह ने [illegible] कबार प्रगटरूप से कहा है कि जब म[illegible] रानी हमारे समीप रहती हैं तब हम [illegible] काम और अच्छी तरह कर सकते [illegible] राजभवन के अफसरों द्वारा मालूम [illegible] है कि बादशाह का यह कथन सत्य [illegible] बादशाह और महारानी का गृहस्था[illegible] केवल ऐहिक लाभ के हेतु रिश्तेदारी [illegible] व्यवसाय नहीं है (जैसा कि विलायत [illegible] बहुतेरे विवाहित स्त्री पुरुषों का होता [illegible] किंतु उनका विवाह-संबंध अन्योन्य [illegible] और अनुराग का उत्कर्ष करनेवाला [illegible] इसमें संदेह नहीं कि बादशाह जार्ज [illegible] महारानी मेरी की जोड़ी ने, विलायत [illegible] अपनी लक्षावधि प्रजा को, दम्पति-प्रेम [illegible] एक अनुकरणीय आदर्श दिखा दिया है।

सार्वजनिक कामों में से बहुतेरे का[illegible] बादशाह महारानी की ओर लगा दि[illegible] करते हैं। इस बात का निर्णय महारा[illegible] ही के द्वारा हुआ करता है कि राजदर[illegible] में किन किन लोगों को आने देना चाहि[illegible] और किन लोगों को न आने देना चाहिये। इसका उदाहर[illegible] हाल ही में यहां देखा गया। राजदरबार में जिन लोग[illegible] को निमंत्रित करना था उनके नाम की एक फिहरिस्त लिख[illegible] बादशाह को दिखाई गई और निमंत्रण पत्र भेजने की अनुमति [illegible] गई। जिस अफसर ने यह फिहरिस्त बादशाह के सामने पेश [illegible] उसने विनयपूर्वक कहा कि इस फिहरिस्त से अमुक स्त्री का अलग कर दिया गया है; परंतु यह स्त्री समाज में बहुत प्रसिद्ध है इसलिये उसको निमंत्रण अवश्य भेजना चाहिये। यह [illegible] बादशाह ने उत्तर दिया कि "इस स्त्री का नाम महारानी ने अलग कर दिया है। मैं स्वतः उस स्त्री के संबंध में कुछ जानता नहीं

महारानी ने उसके विषय में जो निर्णय किया है उसके विरुद्ध मैं कोई कार्रवाई कर नहीं सकता। अब यह स्त्री दरबार में उपस्थित हो नहीं सकती।"

जो लोग बादशाह को भेट के लिये अपने यहां बुलाते हैं उनकी भी फिहरिस्त महारानी ही जांचती और मंजूर करती हैं। महारानी यह सन्मान बहुत कम लोगों को देती हैं। इस विषय में महारानी ने, विक्टोरिया रानी से शिक्षा ग्रहण की है। इसके पहले जो बहुतसे लोग राजदरबार में दिख पड़ते थे उनका अब लोप हो गया है। गतवर्ष के राजदरबार में अनेक ठकुरसुहाती करनेवाले बड़े आदमियों की निराशा हुई!

महारानी मेरी गृहकार्य में बहुत दक्ष हैं। वे अपने घर की छोटी मोटी प्रायः सब बातों पर ध्यान दिया करती हैं। राजभवन के लोग आश्चर्य करते हैं कि महारानी किसी काम को तुच्छ नहीं समझतीं। आयव्यय की जांच बहुत सावधानी से करती हैं। जब उन्हें कोई बात पसंद नहीं होती तो उसकी पूछपाछ करके ठीक ठीक हाल जान लेती हैं। उन्होंने अपनी माता डचेस आफ टेक से इस विषय की उत्तम शिक्षा प्राप्त की है। यह लिखने में कोई हर्ज नहीं कि वर्तमान समय में बादशाह का निजी गृहप्रबंध जिस उत्तम रीति से हो रहा है वैसा पहले कभी देखा नहीं गया। इसका श्रेय महारानी मेरी को है। महारानी की दृष्टि से कोई बात छिप नहीं सकती। जब वे देखती हैं कि किसी विभाग में फजूल खर्च किया गया है तो वे नाराज होती हैं। महारानी की नाराजगी सहन करना बहुत कठिन काम है।

एकबार बादशाह एडवर्ड ने कहा था कि "यदि जार्ज और मे (मेरी) राजघराने में न होते, तो इन दोनों ने देहाती कुटुम्ब का एक अच्छा नमूना दिखा दिया होता।" यह कथन सत्य है। बादशाह और महारानी की सादगी देखकर ही यह कहा गया है। उन्हें दरबारी वैभव और बड़प्पन की बहुत चाह नहीं है। उन्हें शहर में रहना भी पसंद नहीं। देहात में देहातियों की नाईं रहना वे पसंद करते हैं। अपनी निजी जमींदारी का प्रबंध करने, अपनी देहाती रैयत की दशा सुधारने, देहात में घोड़े पर बैठकर हवा खाने, शिकार खेलने, पानी में बंसी डालकर मछलियां पकड़ने आदि सादे कामों में समय बिताना उन्हें बहुत ही अच्छा लगता है। इसी प्रकार महारानी का अपने गृहकार्य ही में लगी रहना, विशेषतः बालकों की शिक्षा पर ध्यान देना बहुत पसंद है। परंतु उच्च पद पर आरूढ़ होने के कारण अनेक सार्वजनिक कामों में उनका बहुत समय चला जाता है। इससे उन्हें जो काम स्वभावतः पसंद है उनकी ओर ध्यान देने की फुरसत नहीं मिलती। यह बात दोनों के हृदय में खटकती रहती है। तथापि, दोनों के अन्तःकरण में अपने अपने राजकीय कर्तव्यों की जागृति पूर्ण है, इस लिये अपने निज की पसंदगी पर ध्यान न देते हुए वे अपने उच्च पद और परिस्थिति के उचित ही सब सर्वसाधारण कामों में अपना समय बिताया करते हैं।

इंग्लैण्ड के प्रसिद्ध कवि टेनीसन ने जार्ज बादशाह के आजा के विषय में लिखा है कि "उन्होंने अपने लोगों का सदा के लिये कल्याण किया।" राजसिंहासन पर आरूढ़ होने के बाद बादशाह जार्ज ने अपने एक निजी अफसर से कहा था कि हमारी भी यही महत्वाकांक्षा है कि उक्त कवि का वचन हमारे जीवन में चरितार्थ हो। जिस दिन जार्ज बादशाह के मस्तक पर राज्यशासन की जवाबदारी आ पहुंची उस दिन उन्होंने प्रगटरूप से कहा कि राजा होने से बहुत बड़ी जवाबदारी का बोझा अपने सिरपर रखना पड़ता है। जब अफसर लोगों ने उनके पास जाकर कहा कि अब आप युवराज नहीं हैं, अब आप राजा हैं, और जब उन लोगों ने राजा के लिये अपनी निष्ठा प्रगट की, तब जार्ज बादशाह गद्गद स्वर से बोले "सभ्य महाशय, मैं आप लोगों को धन्यवाद देता हूं। मेरे मस्तक पर जो महत्कार्य का बोझा आ पड़ा है उसका मैं उचित रीति से निर्वाह करूं, इसलिये परमेश्वर की प्रार्थना करो।" इस बात का निर्णय अगली पीढ़ी के लोग करेंगे कि बादशाह ने अपने उद्देश के अनुसार कार्रवाई की या नहीं। इसमें कुछ सन्देह नहीं कि वे अपने कर्तव्य पालन में मिहनत करते हैं और किसी प्रकार की बेपरवाही नहीं करते। वेस्टमिनिस्टर एबी नामक गिरजाघर में उन्होंने जो शपथ ली है उसके अनुसार आचरण करने का वे सदा प्रयत्न करते हैं।

अपने नौकरों के साथ राजा और रानी का बर्ताव अत्यंत ममता और प्यार का है। जब कोई नौकर अच्छा काम करता है तब वे प्रसन्न मुख और कृपा दृष्टि से उसकी ओर देखते; प्यार की दो बातें कहते और कुछ पारितोषिक भी देते हैं। इस विषय के अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं; परंतु ऐसा करने से लेख बहुत बढ़ जायगा। इस लिये सिर्फ एकही उदाहरण यहां दिया जाता है। राज्याभिषेक के कुछ दिन बाद एक छोटा अफ़सर कुछ काग़ज़ पत्रों पर दस्तख़त कराने के लिये बादशाह के समीप आया। दस्तख़त करा के वह लौटकर जा ही रहा था कि इतने में बादशाह ने उसे पुकारकर कहा "मैंने सुना है कि इन दिनों तुम्हें बहुत अधिक काम करना पड़ता है।" उस अफ़सर ने कहा हां, बात सच है। तब राजा ने कहा "मैं तुम्हें धन्यवाद देता हूं। स्वीकार कीजिये। मैं यह बात कभी न भूलूंगा कि तुम्हें बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ता है। यद्यपि इस काम के लिये तुमको अधिक वेतन मिलेगा तथापि यह न समझिये कि बस इतनाही सब कुछ है। जो लोग मेरा काम दिल लगा कर करते हैं वे जानते हैं कि मैं कृतघ्न स्वामी नहीं हूं।" बादशाह के ये उद्गार थोड़े ही दिनों में सत्य प्रतीत हुए। उस अफ़सर का वेतन बढ़गया, उसे एक बड़ी पदवी मिली और निजी अधिकारियों में बहुत बड़े ओहदे पर उसको नियत कर दिया।



प्रिन्स जान और उनकी खेलनेकी गाडी।

एकबार राजभवन के किसी बड़े आदमी ने कहा था कि राजा और रानी का कुटुम्बिक सुख देख कर मन प्रसन्न होता है और चित्त का समाधान होता है। यह बात अक्षरशः सत्य है। राजा रानी में परस्पर अकृत्रिम प्रेम होने के कारण उनके अन्तःकरण में अभागियों के

हवाला हट गई। यह शोक जनक समाचार सुनते ही महारानी मेरी उस स्त्री से मिलने गई और उसके अंतःकरण को शांत करने का यत्न किया। महारानी ने उस स्त्री से कहा "मैं भी मल्लाह की स्त्री हूं। मैं तुम्हारी सहायता करना चाहती हूं। मेरी अल्प सहायता का स्वीकार कीजिये।" लिखने की आवश्यकता नहीं कि महारानी मेरी को इस बात का सात्विक अभिमान है कि हमारे पति ने मल्लाह का काम सीखा है। महारानी ने उस विधवा स्त्री की यथायोग्य सहायता की।

इस लेख के आरम्भ में लिखा गया है कि जिन लोगों का राजदरबार से कुछ संबंध है वही इस बात को जान सकते हैं कि महारानी अपने कुटुम्बी जनों पर कितना प्रेम करती हैं। अब अन्त में यह लिखते हैं कि, "ईश्वर राजा रानी का भला करे"—इस वाक्य का रहस्य भी वही लोग जान सकते हैं जो राजभवन और राजकुटुम्ब से परिचित हैं।

पुराने रामपंचायतन की नई आवृत्ति।

हमारे पुराने रामपंचायतन की खूब खप होने के कारण हमने उसकी नई आवृत्ति निकाली है। यह ११×२० और १०×१४ आकारों में छपी हुई है। इसके सिवाय नवीन प्रकार का शिवपंचायतन, सरस्वती, राम सभा, [illegible], [illegible], स्वामी दयानन्द सरस्वती, नानकपंथी दस गुरुओं के चित्र (११×२०) [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible], गुरु नानक, [illegible] (गजेन्द्रमोक्ष) [illegible] १०×१४ आदि नवीन चित्र बहुरंगों में सुन्दर छपे हुए हैं। आकार ११×२० और १०×१४ की एक प्रति की कीमत क्रमशः ४ आने और एक आना। डाकमहसूल अलग। [illegible]।

[illegible] चित्रशाला प्रेस।

उन्होंने प्रसन्न होकर बालकों की प्रशंसा की और [illegible] पुरस्कार भी दिया।

राजकन्या मेरी का स्वभाव बहुत करके अपनी माता ही के समान देख पड़ता है। महारानी के समान उसको भी [illegible] के समान [illegible] खेलपसंद नहीं है। राजकन्या मेरी सुशीलता की साक्षात मूर्ति है। जब कभी टेनिस खेलने के समय सिर्फ तीन भाई ही [illegible] या [illegible] और चौथा खेलनेवाला कोई मिलता नहीं, उस समय, या ऐसे ही और मौकों पर जब एक खिलाड़ी की कमी होती है तब, राजकन्या मेरी अपने भाइयों के संग खेलने को तत्पर हो जाती है। इसका कारण यह है कि अपने भाइयों का उत्साह भंग करके उन्हें निराश करना उसे अच्छा नहीं लगता। परंतु जब वह अकेली रहती है तब उसे पुस्तक पढ़ने या सीने पिरोने का काम करने में समय व्यतीत करना अच्छा मालूम होता है। उसने अपने भाइयों के साथ घोड़े पर बैठने का अभ्यास किया है, परंतु घोड़े की सवारी वह अपने दिल से पसंद नहीं करती। सब राजपुत्र घोड़े की सवारी में निपुण हैं। उन्हें इसका शौक ही है। इस समय युवराज यही देख रहे हैं कि घोड़े पर बैठ कर हम शिकार खेलने कब बाहर जायेंगे। यह मौका भी शीघ्र ही आनेवाला है। उन्हें घोड़े की सवारी में बिलकुल भय नहीं लगता। इससे जान पड़ता है कि युवराज भी अपने पिता की नाईं घोड़े की सवारी में पूरे निष्णात होंगे।

राजकुटुंब में भोज।

राजपुत्रों ने विंडसर और सांड्रिंगहाम राजमहल के मैदान में अपनी माता को अनेक बार 'गोल्फ' खेलने को बुलाया, परंतु वे उनके साथ 'गोल्फ' खेलने को वहां कभी नहीं गई। सच बात तो यह है कि महारानी ने अपनी आयु में 'गोल्फ' खेलने के डंडे को आज तक कभी छुआ तक नहीं!

जब महारानी और बादशाह घर में रहते हैं तब उनका यह नियम है कि एक बार अवश्य ही अपने लड़कों से मिलते हैं। चाहे काम कितना भी क्यों न हो—और चाहे जितने महत्व का काम क्यों न हो—थोड़ा बहुत समय निकाल कर अपने लड़कों के साथ प्रेम और विनोद की कुछ बातें किये बिना बादशाह को अच्छा नहीं लगता। कभी कभी बादशाह लड़कों के विद्याभ्यास के कमरे में जाते और कभी कभी प्रातःकाल के भोजन के समय जाते हैं और वहीं उनसे मिल लेते हैं। उन्होंने सख्त ताकीद दे दी है कि सरकारी काम करते समय कोई लड़के हमारे पास न रहें। दिन भर में और भी ऐसा समय नियत किया गया है कि जब लड़के उनके पास नहीं जाते। सरकारी काम खतम हो जाने पर जब बादशाह निजी दालान में बैठते हैं तब वहां कोई भी जा सकता है।

राजकन्या मेरी हमेशा अपनी माता के साथ भोजन करने बैठती है। युवराज और राजपुत्र आलबर्ट भी, छुट्टी के दिनों में जब घर आते हैं तब, अपनी माता के साथ भोजन करते हैं। गत वर्ष बड़े दिनों की छुट्टी में जब वे घर आये तब उन्हें अपनी माता की अनुपस्थिति से दुःख अवश्य हुआ होगा।

राजकन्या मेरी बाइसिकल पर बैठती है।

बादशाह एडवर्ड की मृत्यु के बाद उनके मृत शरीर को स्मशान-भूमि में ले जाने के समय जलूस निकला था। उस समय घोड़े पर बैठ कर जलूस में जाने का युवराज ने बहुत हठ किया, परंतु बादशाह की आज्ञा से उन्हें अपने भाइयों के साथ गाड़ी ही में बैठ कर जाना पड़ा। जब सब अंत्य संस्कार पूर्ण हो गये तब युवराज ने अपने छोटे भाई हेनरी से कहा "आज न जाने क्यों पिता ने मुझे घोड़े पर बैठने न दिया! इस जुलूस में और सब लोगों के साथ मैं भी घोड़े पर बैठता तो क्या हानि होती!" तात्पर्य यह है कि युवराज को घोड़े पर बैठने का बहुत शौक है। [illegible]

[illegible]

[illegible] महारानी [illegible] राजभवन में जो [illegible]

[illegible] बहुत अच्छी समझ रही है। जब कभी [illegible] आ जाता और यह न सूझता कि "अब क्या करें!" [illegible] की गंभीर समझ से बादशाह को बहुत सहायता [illegible]

जब दिन भर का नियत काम खतम हो जाता है [illegible] उस दिन आये हुए सब कागज़ पत्रों और चिट्ठियों [illegible] करने में लग जाते हैं। उसी समय महारानी भी उनके [illegible] बैठ जाती हैं और अपना काम करने लगती हैं। [illegible] सुव्यवस्थित करने में कभी कभी कई घंटे व्यतीत हो [illegible] भी महारानी चुपचाप [illegible] मुंह से एक शब्द भी न [illegible] बैठी रहती हैं। इस प्रकार [illegible] दोनों को बहुत पसंद है। [illegible] व्यवहार प्रत्यक्ष में बता [illegible] रानी हमारे समीप रहती हैं [illegible] काम और अच्छी तरह कर [illegible] राजभवन के अफसरों द्वारा [illegible] है कि बादशाह का यह [illegible] बादशाह और महारानी का [illegible] केवल ऐहिक लाभ के हेतु [illegible] व्यवसाय नहीं है (जैसा कि [illegible] बहुतेरे विवाहित स्त्री पुरुषों का [illegible] किंतु उनका विवाह-संबंध [illegible] और अनुराग का उत्कर्ष [illegible] इसमें संदेह नहीं कि बादशाह [illegible] महारानी मेरी की जोड़ी ने, [illegible] अपनी लक्षावधि प्रजा को, [illegible] एक अनुकरणीय आदर्श दिखा [illegible]

सार्वजनिक कामों में [illegible] बादशाह महारानी की और [illegible] करते हैं। इस बात का निर्णय [illegible] ही के द्वारा हुआ करता है कि [illegible] में किन किन लोगों को आने देना [illegible] और किन लोगों को न आने देना चाहिये। इसका [illegible] हाल ही में यहां देखा गया। राजदरबार में [illegible] को निमंत्रित करना था उनके नाम की एक फिहरिस्त [illegible] बादशाह को दिखाई गई और निमंत्रण पत्र भेजने की अनुमति [illegible] गई। जिस अफसर ने यह फिहरिस्त बादशाह के सामने [illegible] उसने विनयपूर्वक कहा कि इस फिहरिस्त से अमुक स्त्री [illegible] अलग कर दिया गया है; परंतु यह स्त्री समाज में बहुत [illegible] इसलिये उसको निमंत्रण अवश्य भेजना चाहिये। यह [illegible] बादशाह ने उत्तर दिया कि "इस स्त्री का नाम महारानी ने [illegible] कर दिया है। [illegible] उस स्त्री के संबंध में कुछ [illegible]

महारानी ने उसके विषय में जो निर्णय किया है उसके विरुद्ध मैं कोई कार्रवाई कर नहीं सकता। अब यह स्त्री दरबार में उपस्थित हो नहीं सकती।"

जो लोग बादशाह को भेंट के लिये अपने यहां बुलाते हैं उनकी भी फिहरिस्त महारानी ही जांचती और मंजूर करती हैं। महारानी यह सन्मान बहुत कम लोगों को देती हैं। इस विषय में महारानी ने, विक्टोरिया रानी से शिक्षा ग्रहण की है। इसके पहले जो बहुतसे लोग राजदरबार में देख पड़ते थे उनका अब लोप हो गया है। गतवर्ष के राजदरबार में अनेक ठकुरसुहाती करनेवाले बड़े आदमियों को निराशा हुई!

महारानी मेरी गृहकार्य में बहुत दक्ष हैं। वे अपने घर की छोटी [मो]टी प्रायः सब बातों पर ध्यान दिया करती हैं। राजभवन के लोग [आ]श्चर्य करते हैं कि *महारानी किसी काम को तुच्छ नहीं समझतीं।* [आ]यव्यय की जांच बहुत सावधानी से करती हैं। जब उन्हें कोई [बा]त पसंद नहीं होती तो उसकी पूछपाछ करके ठीक ठीक हाल [जा]न लेती हैं। उन्होंने अपनी माता [ड]चेस आफ टेक से इस विषय की उत्तम [शि]क्षा प्राप्त की है। यह लिखने में कोई [ह]र्ज नहीं कि वर्तमान समय में बादशाह [क]ा निजी गृहप्रबंध जिस उत्तम रीति से [ह]ो रहा है वैसा पहले कभी देखा नहीं [ग]या। इसका श्रेय महारानी मेरी को है। [म]हारानी की दृष्टि से कोई बात छिप [न]हीं सकती। जब वे देखती हैं कि किसी [वि]भाग में फजूल खर्च किया गया है तो [वे] नाराज होती हैं। महारानी की नारा-[ज]गी सहन करना बहुत कठिन काम है।

एकबार बादशाह एडवर्ड ने कहा था कि "यदि जार्ज और मे (मेरी) राज घराने में न होते, तो इन दोनों में देहाती कुटुम्ब का एक अच्छा नमूना दिखा दिया होता।" यह कथन सत्य है। बादशाह और महारानी की सादगी देखकर ही यह कहा गया है। उन्हें दरबारी वैभव और बड़प्पन की बहुत चाह नहीं है। उन्हें शहर में रहना भी पसंद नहीं। देहात में देहातियों की नाई रहना वे पसन्द करते हैं। अपनी निजी जमींदारी का प्रबंध करने, अपनी देहाती रैयत की दशा सुधारने, देहात में घोड़े पर बैठकर हवा खाने, शिकार खेलने, पानी में बंसी डालकर मछलियां पकड़ने आदि सादे कामों में समय बिताना उन्हें बहुत ही अच्छा लगता है। इसी प्रकार महारानी को अपने गृहकार्य ही में लगे रहना, विशेषतः बालकों की शिक्षा पर ध्यान देना बहुत पसंद है। परंतु उच्च पद पर आरूढ़ होने के कारण अनेक सार्वजनिक कामों में उनका बहुत समय चला जाता है; इससे उन्हें जो काम स्वभावतः पसंद है उनकी ओर ध्यान देने की फुरसत नहीं मिलती। यह बात दोनों के हृदय में खटकती रहती है। तथापि, दोनों के अंतःकरण में अपने अपने राजकीय कर्तव्यों की जागृति पूरी है, इस लिये अपने निज की पसंदगी पर ध्यान न देते हुए वे अपने उच्च पद और परिस्थिति के उचित ही सब सर्वसाधारण कामों में अपना समय बिताया करते हैं।

इंग्लैन्ड के प्रसिद्ध कवि टेनीसन ने जार्ज बादशाह के आजा के विषय में लिखा है कि "उन्होंने अपने लोगों का सदा के लिये कल्याण किया।" राजसिंहासन पर आरूढ़ होने के बाद बादशाह जार्ज ने अपने एक निजी अफसर से कहा था कि हमारी भी यही महत्वाकांक्षा है कि उक्त कवि का वचन हमारे जीवन में चरितार्थ हो। जिस दिन जार्ज बादशाह के मस्तक पर राज्यशासन की जवाबदारी आ पहुंची उस दिन उन्होंने प्रगटरूप से कहा कि राजा होने में बहुत बड़ी जवाबदारी का बोझा अपने सिरपर रखना पड़ता है। जब अफसर लोगों ने उनके पास जाकर कहा कि अब आप युवराज नहीं हैं, अब आप राजा हैं, और जब उन लोगों ने राजा के लिये अपनी निष्ठा प्रगट की, तब जार्ज बादशाह गद्गद स्वर से बोले "सभ्य महाशय, मैं आप लोगों को धन्यवाद देता हूं। मेरे मस्तक पर जो महत्कार्य का बोझा आ पड़ा है उसका मैं उचित रीति से निर्वाह करूं, इसलिये परमेश्वर की प्रार्थना करो।" इस बात का निर्णय अगली पीढ़ी के लोग करेंगे कि बादशाह ने अपने उद्देश के अनुसार कार्रवाई की या नहीं। इसमें कुछ सन्देह नहीं कि वे अपने कर्तव्य पालन में मिहनत करते हैं और किसी प्रकार की बेपरवाही नहीं करते। वेस्टमिनिस्टर एबी नामक गिरजाघर में उन्होंने जो शपथ ली है उसके अनुसार आचरण करने का वे सदा प्रयत्न करते हैं।

अपने नौकरों के साथ राजा और रानी का बर्ताव अत्यंत ममता और प्यार का है। जब कोई नौकर अच्छा काम करता है तब वे प्रसन्न मुख और कृपा दृष्टि से उसकी ओर देखते; प्यार की दो बातें कहते और कुछ पारितोषिक भी देते हैं। इस विषय के अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं; परंतु ऐसा करने से लेख बहुत बढ़ जायगा। इस लिये सिर्फ एकही उदाहरण यहां दिया जाता है। राज्याभिषेक के कुछ दिन बाद एक छोटा अफ़सर कुछ काग़ज़ पत्रों पर दस्तख़त कराने के लिये बादशाह के समीप आया। दस्तख़त करा के वह लौटकर जा ही रहा था कि इतने में बादशाह ने उसे पुकारकर कहा "मैंने सुना है कि इन दिनों तुम्हें बहुत अधिक काम करना पड़ता है।" उस अफ़सर ने कहा हां, बात सच है। तब राजा ने कहा "मैं तुम्हें धन्यवाद देता हूं। स्वीकार कीजिये। मैं यह बात कभी न भूलूंगा कि तुम्हें बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ता है। यद्यपि इस काम के लिये तुमको अधिक वेतन मिलेगा तथापि यह न समझिये कि बस इतनाही सब कुछ है। जो लोग मेरा काम दिल लगा कर करते हैं वे जानते हैं कि मैं कृतघ्न स्वामी नहीं हूं।" बादशाह के ये उद्गार थोड़े ही दिनों में सत्य प्रतीत हुए। उस अफ़सर का वेतन बढ़गया, उसे एक बड़ी पदवी मिली और निजी अधिकारियों में बहुत बड़े ओहदे पर उसको नियत कर दिया।

प्रिन्स जान और उनकी खेलनेकी गाडी।

एकबार राजभवन के किसी बड़े आदमी ने कहा था कि राजा और रानी का कुटुम्बिक सुख देख कर मन प्रसन्न होता है और चित्त का समाधान होता है। यह बात अक्षरशः सत्य है। राजा रानी में परस्पर अकृत्रिम प्रेम होने के कारण उनके अंतःकरण में अभागियों के [illegible]

[illegible]

हैं। मैं तुम्हारी सहायता करना चाहती हूं। मेरी अल्प सहायता का [illegible]

[illegible]

यता की।

इस लेख के आरंभ में लिखा गया है कि जिन लोगों का राजगृह से कुछ संबंध है वही इस बात को जान सकते हैं कि महारानी अपने कुटुम्बी जनों पर कितना प्रेम करती हैं। अब अंत में यह लिखते हैं कि, "ईश्वर राजा रानी का भला करे"—इस वाक्य का रहस्य भी वही लोग जान सकते हैं जो राजभवन और राजकुटुम्ब से परिचित हैं।

पुराने रामपंचायतन की नई आवृत्ति।

हमारे पुराने रामपंचायतन की खूब मांग होने के कारण हमने उसकी नई आवृत्ति निकाली है। यह १६×२० और १०×१५ आकारों में छपी हुई है। इसके सिवाय नवीन प्रकार का शिवपंचायतन, गायत्री, प्रातःसंध्या, माध्यान्हसंध्या, सायंसंध्या, स्वामी दयानन्द सरस्वती, नानकपंथी दस गुरुओं के चित्र (१६×२०) हरिहर–भेंट, रामदास, अक्कलकोट के स्वामी, नृसिंहसरस्वती, श्रीदत्तात्रेय, श्रीमार्कंडेय, गुरु नानक, कमलयातक का दृश्य और (राधाकृष्ण) आकार १०×१४ आदि नवीन चित्र भड़कदार रंगों में सुन्दर छपे हुए हैं। आकार १६×२० और १०×१५ की एक प्रति की कीमत क्रमशः ४ आने और एक आना। डाकमहसूल अलग। व्यापारियों को अच्छा कमीशन मिलेगा।

मैनेजर चित्रशाला पूना।

रूस के वर्तमान ज़ार बड़े नामी फोटोग्राफर हैं। आपने युवराज के भिन्न भिन्न वेशों में स्वयं जो फोटो निकाले हैं उनके चि प्रकाशित किये गये हैं। इन चित्रों से यह बात विदित होगी कि रूस के भावी ज़ार को राजपद के योग्य शिक्षा किस प्रकार दी जा र

नं० १ तेरहवीं ग्रेनेडीयर पलटन के प्रधान अफसर।
नं० २ कोसाक पलटन के प्रधान सेनानायक।
नं० ३ घुड़सवारों के मुख्य नायक।
नं० ४ नं. १ वाले चित्र के समान।
नं० ५ नं. २ वाले चित्र के समान।
नं० ६ फौज के साथ कूच।
नं० ७ घर की पोशाक में।
नं० ८ शिकारी के वेश में।
नं० ९ रूसी-सरदार के वेश में।

राजमाता अलेक्ज़ेंड्रा महारानी।

स्वर्गवासी बादशाह सप्तम एडवर्ड की पत्नी और वर्तमान बादशाह पंचम जार्ज की माता महारानी अलेक्ज़ेंड्रा पश्चिमी देशों की सुंदर और रूपवती स्त्रियों में प्रसिद्ध हैं। आज हम उनका चित्र प्रकाशित करके यह दिखाना चाहते हैं कि इस समय वृद्धावस्था और वैधव्यावस्था में होने पर भी उन्होंने अपने स्वरूप की सुंदरता और मोहकता किस प्रकार कायम रखी है। पश्चिमी वैद्यों की राय है कि महारानी की इस अनुपम सुंदरता का मुख्य कारण उनका सादा भोजन ही है। निम्नलिखित बातों से उनके भोजन की सादगी लोगों को मालूम होजायगी।



राजमाता अलेक्ज़ेंड्रा महारानी।

महारानी ने बाल्यावस्था में ही सादे भोजन का नियम स्वीकार किया है। कहते हैं कि उनके भोजन की सादगी देखकर कभी कभी उनकी सास (महारानी विक्टोरिया) नाराज़ हो जाया करती थी और कहती थी कि इस तरह अल्प आहार और सादा भोजन करके तुम कैसे रह सकोगी? परंतु उन्होंने अपने भोजन के नियम में कभी किसी के कहने सुनने से परिवर्तन नहीं किया।

महारानी अलेक्ज़ेंड्रा एकबार ही खूब पेटभर खाती नहीं। हलका और अल्प आहार उन्हें बहुत पसंद है। जब कभी मिहनत का कोई काम करना पड़ता है, जिससे शरीर में बहुत थकावट आजाने का समय हो, तब वे काम करने के पहले एक प्यालाभर दूध पी लेती हैं। इससे थकावट नहीं आती और उनकी शक्ति कायम रहती है।

पेय पदार्थों में दूध, नारंगी या संतरे का शरबत उन्हें बहुत पसंद है। वे कभी चाय, काफ़ी, चाकलेट या अन्य किसी प्रकार मद्य (शराब) पीती नहीं। वे दही, मक्खन और Cheese बड़े प्रेम से खाती हैं।

महारानी अलेक्ज़ेंड्रा मांसाहार प्रायः कभी करती नहीं, यदि कभी इसका स्वीकार करती हैं तो थोड़ासा सफ़ेद मांस (White meat) ही खाती हैं। शाकाहार उन्हें बहुत पसंद है। बादाम, अखरोट, पिस्ता, किसमिस, खजूर आदि अनेक प्रकार के फल ही उनके भोजन के मुख्य पदार्थ हैं। मसालेदार अहार को तो वे छूती तक नहीं।

सबेरे कुछ थोड़ेसे फल, अंडे और दूध का शरबत यही उनका भोजन है। दो पहर के समय सामान्य पदार्थों के साथ शहद (मधु) उनका प्रिय पदार्थ है। दो पहर के बाद चाय के बदले गरम दूध ही लेती हैं। रात्रि के समय दो पहर के भोजन की अपेक्षा कुछ पदार्थ अधिक होते हैं

इस प्रकार का सादा भोजन करने से ही महारानी अलेक्ज़ेंड्रा इतनी सुंदर और आरोग्य हैं। सादे भोजन के साथ स्वच्छ और ताज़ी हवा तथा नियमित व्यायाम की भी आवश्यकता है कि अपनी मानसिक शांति और प्रसन्नता को कदापि भंग होने नहीं देतीं, क्योंकि मानसिक क्षोभ और आनंद का भंग होनेसे शरीर पर बुरा परिणाम होता है।

महाराष्ट्र-साहित्य-वीर विष्णु-शास्त्री चिपळूणकर।

क्या हिन्दी साहित्य प्रेमियों में कोई ऐसा भी पुरुष है जो स्वर्गवासी विष्णुशास्त्री चिपलूनकर के नाम से परिचित न हो? पंडित गंगाप्रसाद अग्निहोत्रीजी ने "निबंधमालादर्श" नाम की पुस्तक लिखकर चिपलूनकर का नाम हिन्दी के संसार में अजरामर कर दिया है। चिपलूनकर की मृत्यु को तीस वर्ष हो गये। जिस दिन उनकी मृत्यु हुई वह दिन हर साल, उनके चरित्र और गुणों का स्मरण तथा जागृति करने के हेतु, सार्वजनिक रीति से अत्यंत पवित्र समझा जाता है। प्रति वर्ष पूना में एक बहुत बड़ी सभा की जाती है और सब लोग मिलकर कुछ समय तक चिपलूनकर महाशय के अलौकिक गुणों का श्रवण और मनन करते हैं। इस वर्ष उनकी श्राद्धतिथि के निमित्त तारीख १६-३-१९१२ को यहां "जोशी-हाल" में एक सभा हुई थी। 'केसरी' और 'मराठा' पत्रों के संपादक श्रीयुत नरसिंह चिंतामण केलकर बी. ए. एल एल बी. ने सभापति का आसन सुशोभित किया था। उस समय श्रीयुत सदाशिव हरि आठे ने एक निबंध पढ़कर सुनाया जिस में चिपलूनकर महाशय के चरित्र का संक्षिप्त वर्णन और उनके लेखों का मार्मिक विवेचन किया गया था। यह निबंध बारबार पढ़ने और मनन करने योग्य है। इसमें यह बात स्पष्ट रीति से दिखा दी गई है कि चिपलूनकर ने अपने लेखों द्वारा महाराष्ट्र में कैसी नूतन जागृति की। इसमें संदेह नहीं कि ऐसी राष्ट्रीय विभूतियों का श्रद्धापूर्वक स्मरण करना और उनके गुणों का अनुकरण करना देशहितचिंतकों का पवित्र धर्म है। अतएव उनके स्मरणार्थ आज हम अपने प्रिय पाठकों को चिपलूनकर महाशय का चित्र भेट में अर्पण करते हैं। इसीके साथ हम यह निवेदन भी करते हैं कि जिस प्रकार महाराष्ट्र निवासी सज्जन अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं, उसी प्रकार हिन्दी-भाषी के निवासियों को स्वर्गवासी हिन्दी-साहित्य-वीरों की यथोचित पूजा और आदर करने में आलस्य न करना चाहिये। साहित्य-वीर ही हमारे सच्चे मार्गदर्शक हैं। इन लोगों के विषय में कृतज्ञता प्रकट करके यदि हम अपने कर्तव्य से पराङ्मुख हो जावेंगे तो भविष्य में हमारा कल्याण कदापि न होगा। इसलिये प्रार्थना है कि हमारे हिन्दी-साहित्य के प्रेमीगण इस महत्व मसला के विषय पर अवश्य ध्यान दें।



१ दिल्ली में राज्यारोहण का उत्सव। २ बादशाह का 'मदीना' नामक जहाज। ३ [illegible] ४ [illegible] में महारानी [illegible] की छवी—([illegible])।

[illegible]

मि० लियोनेल मांडर.

आपने राजकन्या प्रीतिया से हाल ही में ब्याह किया है।

कूच बिहार की राजकन्या प्रीतिया.

स्वर्गवासी सर पी. एन्. कृष्णमूर्ति, .के. सी. आय. ई.

आप शनिवार ता. ३० दिसंबर को स्वर्गवासी हुए। सर के. शेषाद्रि ऐयर के बाद आपही मैसूर के दीवान थे। आपका जन्म सन् १८४? ई. में हुआ। विश्वविद्यालय की पढ़ाई हो जाने पर इन्हें मैसूर राज्य में एक बड़े पद पर नियत किया था। इन्होंने अपना काम ऐसी उत्तमता से किया कि जब सन् १८८१ ई. में महाराजा कृष्ण वाडियार को राज्य का अधिकार प्राप्त हुआ तब महारानी-सरकार ने मैसूर के दीवान के पद के लिये इन्हीं की सिफारिश की थी, परंतु उस समय इनकी उमर छोटी होने के कारण यह अधिकार इन्हें नहीं मिला। अनंतर १९०१ में आप मैसूर के दीवान हुए और लगातार पांच वर्ष तक इसी पद पर बने रहे। आपने अपनी अमलदारी में मैसूर राज्य में अनेक उपयुक्त सुधार किये हैं जिनसे वर्तमान यह राज्य प्रथम वर्ग में गिना जाता है।

स्वर्गवासी महाराजाधिराज पृथ्वीवीर विक्रम शाहदेव जंगबहादुर राणा, नेपाल।

इनका जन्म सन् १८७४ ई. में अगस्त की ८ वीं तारीख को हुआ। नैपाल का राज्य-प्रबंध प्रायः दीवान ही के हाथ में रहता है, इस लिये महाराजा साहब को उस ओर ध्यान देने का कुछ कारण ही नहीं। आपकी यह प्रबल इच्छा थी कि अपने राज्य में शिक्षा का बहुत प्रसार हो। महाराजा स्वयं विद्यानुरागी थे। सब सभ्य देशों की उन्नतिकारक हलचल पर इनका विशेष ध्यान रहा करता था। इनका स्वभाव अत्यंत सरल और प्रेमी था। इनकी मृत्युसे नैपाल की प्रजा बहुत दुःखित हुई। अब इनके ज्येष्ठ पुत्र महाराजाधिराज त्रिभुवन विक्रम शाहदेव जंगबहादुर राणा गद्दी पर बैठे हैं।

सर हीरासिंह महाराज नाभा की गद्दी पर सन् १८७१ ई. में बैठे। इनका जन्म सन् १८४३ में हुआ, अर्थात् गद्दी पर बैठने के समय इनकी अवस्था २८ वर्ष की थी। दूसरे अफ़गान-युद्ध में इन्होंने अंगरेजी-सरकार की बहुत सहायता की थी। इस सेवा के बदले महारानी विक्टोरिया ने इन्हें जी. सी एस् आई की पदवी प्रदान की थी इसके बाद माल्टा, ईजिप्ट, मणिपुर, चित्राल और बोर युद्धों के समय भी नाभा के महाराज ने सरकार की बहुत ही सहायता की। स्वर्गवासी ... ग्लाडस्टन ने इन्हें १५ वीं सिक्ख ... का कर्नल नियत किया था। इन्होंने ४० वर्ष राज्य किया और प्रजाहित के अनेक कार्य किये। इनकी मृत्यु से ... राज्य की बहुत हानि हुई है।

स्वर्गवासी सर हीरासिंह महाराज, ना

मराठा राजा और सरदार।

१ श्रीछत्रपति शिवाजी २ राजा व्यंको तंजौर ३ संभाजी ४ ताराबाई ५ शाहू ६ श्री पहले बाजीराव पेशवा ७ बालाजी बाजी उर्फ नानासाहेब ८ राघोबा दादा ९ ज्येष्ठ म यराव पेशवा १० नरायणराव ११ सवाई वराव १२ यशोदाबाई (सवाई माधवराव पत्नी) १३ नाना फड़नवीस १४ महा सेंधिया १५ जयाजीराव सेंधिया १६ अन्तिम जीराव १७ हरीपंत फड़के १८ मल्हारराव होल १९ बापू गोखले २० अहल्याबाई होलकर गंगाधर शास्त्री पटवर्धन, बड़ोदा २२ रणजीत २३ गुरुनानक २४ राना भीमसिंह, उदय २५ नरायणराव पेशवा का खून।

मैनेजर चित्रशाला पून

गायत्री की तसवीर।

गायत्री के चित्र की एक आवृत्ति खत होगई। अब फिर दूसरी आवृत्ति निकाली है इससे सहज ही मालूम हो सकता है गायत्री का ध्यान कितना उत्तम निकला और वह भाविकजनों को कितना पसन्द आ है। अब अधिक प्रशंसा करने की जरूरत नहीं मूल्य ४ आने। त्रिकाल संध्या की ती तसवीरें और गायत्री की तसवीर-चारों ए साथ लेने से मूल्य १२ आने। एक प्रति चार प्रति तक डा. म. दो आने।

मैनेजर चित्रशाला पूना

सावन के रंग और सुगंधित अर्क

सावन के उपयोग में आनेवाले भिन्न भिन्न रंग और सुगन्धित अर्क हम, किफायत के साथ जर्मनी से मँगा दे सकते हैं।

मैनेजर—चित्रशाला पूर्ण.



१ मिरजों में राज्यारोहण का उत्सव। २ बादशाह का 'मदीना' नामक जहाज। ३ प्लेग का टीका लगाना। ४ बानवड़ी में महादजी सेंधिया की छत्री—(समाधि)।



१ पूने का सिद्धेश्वर-मंदिर। २ नागपुर में [illegible] का मेला। ३ [illegible]। ४ [illegible] में बच्चों का [illegible]।

चीन देश की राज्यक्रान्ति।

चाहे अज्ञानता से हो, या चाहे पक्षपातता से हो—किसी कारण से हो—पश्चिमी लेखकों ने चीन देश के विषय में अपनी यह विलक्षणी धुन लगा ली थी, परन्तु हाल ही में वहाँ जो अपूर्व राज्यपरिवर्तन हुआ है उससे उन लोगों के 'निरुपायी' मतों में भी निस्संदेह कुछ न कुछ बदल होगा। राजनैतिक व्यवहार के विषय में चीनी लोगों पर सामान्यतः तीन आक्षेप लगाये जाते हैं। प्रथम, चीनी लोग अपने राजा को ईश्वर का अवतार मानते हैं, दूसरे, उन लोगों में स्वराज्य की यथार्थ कल्पना न होने के कारण, उनपर कोई कितना ही जुल्म करे तो भी उसका प्रतिकार करने की उनमें इच्छा और शक्ति नहीं है, तीसरे, उन लोगों में प्रतिनिधि द्वारा राज्यशासन पद्धति नहीं है। पश्चिमी विद्वानों के ये सब सिद्धान्त, चीन देश की वर्तमान राज्यक्रान्ति के कारण, मिट्टी में मिल गये और भाप से हवा में निराधार उड़ने लग गये हैं। ऐसे समय में इस राज्यक्रान्ति का इतिहास हमारे पाठकों को मनोरंजक और शिक्षादायक अवश्य प्रतीत होगा।

वर्तमान राज्यक्रान्ति के संबंध में कदाचित् बिना विचारे यह आक्षेप किया जाता है कि जिस चीन देश में राजा प्रत्यक्ष ईश्वर का अवतार या वंशज माना जाता है, जिस चीन देश के राजा का दर्शन ही साधारण लोगों के लिये दुर्लभ है (फिर उसके साथ संभाषण करने की बात तो दूर ही रही), जिस चीन देश के राजा की आज्ञा प्रजाजनों को केवल अनुल्लंघनीय जान पड़ती थी, उसी चीन देश के लोगों ने अपने राजा को पदच्युत किया और उसके स्थान में लोकनियुक्त अध्यक्ष को स्थापित किया—यह बात कैसे हो सकती है?—यह बात समझ में नहीं आती! परंतु सच बात यह है कि ये सब आक्षेप लोगों की अज्ञानता या अहम्मन्यता से आज तक समाज में फैले हुए चले आ रहे हैं। चीन देश के धर्मग्रंथों का अवलोकन करने से या उस देश की पूर्वपरम्परा का सूक्ष्म निरीक्षण करने से जान पड़ेगा कि इस प्रकार की मिथ्या और भ्रामक कल्पनाओं को चीनी विद्वानों ने कभी स्वीकार नहीं किया है। इसमें संदेह नहीं कि चीन देश के प्रसिद्ध धर्मशास्त्रकार कन्फ्यूशियस ने यह लिखा है कि राजा ईश्वर का प्रतिनिधि है, इसलिये उसको ईश्वर के समान सम्मान देना चाहिये। तथापि यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिये कि, राजा और प्रजा का उभय सम्बन्ध सापेक्ष है; अर्थात् यदि इनमें से कोई अपने कर्तव्य पालन में आनाकानी करे तो दूसरे पक्ष की आज्ञाकारिता आप से आप नष्ट हो जाती है। यह मत स्वयं कन्फ्यूशियस ही ने प्रगट किया है। इसके कई वर्ष बाद मेनशियस नाम के धर्मोपदेशक ने तो इस विषय में अपना मत और भी अधिक स्पष्ट रीति से प्रगट किया है। देखिये, इनसाइक्लोपीडिया में क्या लिखा है:—"But there is a limit to his absolutism The duties are reciprocal. It is also incumbent on the subjects to resist his authority so soon as he ceases to be minister of God for good. The sacred right of rebellion was distinctly taught by Confucius and was emphasised by Mencius who went the length of asserting that a ruler who by practising injustice and oppression has forfeited his right to rule &c. &c." (Ency. Britanica Vol. V, page 667.) इससे स्पष्ट है कि कन्फ्यूशियस और मेनशियस के मतों के अनुसार आज बीसवीं सदी में पहले ही पहल चीनी लोगों ने राज्यक्रान्ति का यत्न किया है। इस समझ में बहुत भूल है। चीन देश का प्राचीन इतिहास देखने से मालूम होता है कि इन मतों के अनुसार कई बार कार्रवाई की गई है। इस पर से यह स्पष्ट विदित होता है कि इस समय मंचू राजघराने पर चीनी प्रजा का जो आक्रमण और रोष पहुंचा है वह उनकी पूर्वपरम्परा के अनुकूल ही है।

यदि कहा जाय कि चीन के समान प्राचीन देश हिन्दुस्थान के सिवाय और दूसरा नहीं है तो कोई अतिशयोक्ति न होगी। दन्तकथाओं की ओर ध्यान दिया जाय तो मालूम होता है कि चीन देश की पूर्वस्थिति अतीव प्राचीन समय तक चली गई है। इन दन्त-[illegible]र छोड़ दें और कुछ अधूरे इतिहास की ओर देखें तो [illegible] राजाओं की परम्परा ईसाई सन के २३५६ वर्ष पहले [illegible] है! इन प्राचीन राजाओं में से कितनों ही ने मनुष्य[illegible] भी किये हैं। सुयांगल राजा ने घर्षण से अग्नि उत्पन्न [illegible] युक्ति निकाली। चिनोंग राजा ने जमीन जोतने के लिये [illegible] युक्ति निकाली और भिन्न भिन्न प्रकार की दवाइयों की खोज की। सेलिंगशी नामक रानी ने शहतूत के वृक्ष पर के कीड़ों से रेशम बनाने की कला ईजाद की। यूई नाम के राजा ने लोगों को लोहे का उपयोग सिखाया। इसके अनंतर, ई. स. के सन १८१८ वर्ष पहले, की नाम का एक राजा हो गया। वह बड़ा दुर्विषयान्ध, अत्याचारी और जुल्मी था। प्रजा ने बलवा करके उसको पदच्युत कर दिया और शांग नाम के राजघराने की स्थापना की। यही चीन देश की पहली राज्यक्रान्ति है।

शांग घराने में वूवांग बादशाह बड़ा न्यायी था, इसलिये लोग उसको 'साधु' कहते थे। इसके बाद, ई. स. के ११२२ वर्ष पहले चूवांग घराने की सत्ता स्थापित हुई। इसी समय से, उत्तर की ओर से, तातार लोगों का उपद्रव आरंभ हुआ। ई. स. के ५५१ वर्ष पहले सुप्रसिद्ध चीनी धर्मशास्त्रकार कन्फ्यूशिअस का जन्म हुआ। उस समय, याओप्रभृति प्राचीन राजाओं के प्रचलित किये हुए धर्म संबंधी नियम बिलकुल शिथिल हो गये थे। इसलिये कन्फ्यूशिअस ने सब प्राचीन धर्मतत्वों को एकत्र करके उनको व्यवस्थित रूप दिया और उनका फिर प्रचार किया। कन्फ्यूशिअस के मतों का प्रचार उसके शिष्यों ने, विशेषतः मेनशिअस ने, सारे देश में बड़े ही जोर से किया। इस धर्म में लोकमत को ईश्वरी आज्ञा के समान महत्व दिया गया है। जैसा हिंदुस्थान में कहते हैं "पंचों के मुख से भगवान् बोलता है" या जैसा लैटिन भाषा में कहते हैं "Vox populi vox Dei" वैसे ही अर्थ का तत्व चीनी धर्म में भी प्रतिपादित किया गया है। शूकिंग लिखता है कि "जो बात लोगों को मान्य होती है वही ईश्वर को मान्य होती है, और जो बात जनसमूह को अमान्य होती है वह ईश्वर को भी अमान्य होती है। किसी कार्य की सफलता या निष्फलता लोकमत पर ही अवलंबित रहती है।" इस लोकमत का आदर चीनी राजाओं के भी आचरण में पाया जाता है। वर्तमान राज्यक्रान्ति ही का उदाहरण लीजिये। मंचू राजघराने के बादशाह ने, राजपद का अपना अधिकार छोड़ते समय, मुख से जो उद्गार निकाले हैं उनमें स्पष्ट यही कहा है कि "यदि देश के सब लोगों की यही इच्छा है, तो सिर्फ राजघराने के एक व्यक्ति के मत के अनुसार चलना अच्छा नहीं; इसलिये लोकमत ही को ईश्वरी आज्ञा मान कर मैं अपने राजपद के सब अधिकार लोकसमूह को सौंप देता हूं।" इस पर से यह बात प्रगट होती है कि पूर्वीय देशों का धर्म, सुराज्य की कल्पना में, किसी प्रकार की बाधा डालनेवाला नहीं, किंतु उसका पोषक ही है।

कन्फ्यूशिअस के कुछ समय बाद 'लाओत्सी' ने 'ताव' धर्म का प्रचार किया। इसके अनंतर ईसाई सन के आरंभ में हिंदुस्थान से भिक्षु लोग चीन में गये और वहां उन लोगों ने बौद्ध धर्म की दीक्षा चीनियों को दी। वर्तमान समय में इन तीनों धर्मों का न्यूनाधिक मिश्रण चीन देश में प्रचलित है।

ईसाई सन् के २०५ वर्ष पहले त्सिन नाम का एक विक्षिप्त बादशाह गद्दी पर बैठा। उसके मन में यह पागलपन की कल्पना घुसी कि, सब लोग मुझे सृष्टि का उत्पन्न करनेवाला और धर्मसंस्थापक ईश्वरी अवतार मानें। इस विचार की सिद्धि के लिये उसने प्राचीन धार्मिक साहित्य, विशेषत कन्फ्यूशिअस के सब धर्मग्रन्थ, जला देने की आज्ञा दी। इस आज्ञा के अनुसार अनेक ग्रंथ अग्नि में भस्म कर दिये गये; परंतु इतने ही से उसका समाधान न हुआ। तब उसने यह आज्ञा दी कि जिन जिन उपदेशकों को कन्फ्यूशियस के ग्रंथ याद हों वे सब अग्नि में जला दिये जांय। शोक की बात है कि चार पांच सौ धर्मोपदेशक इस अधम राजा की आज्ञा से अग्निकुण्ड में स्वाहा हो गये। इतना भगीरथ प्रयत्न करने पर भी उसकी दुष्ट इच्छा सफल न हुई। लोगों ने गुप्त रीति से कन्फ्यूशियस के ग्रंथों की रक्षा की और उनका अध्ययन अध्यापन जारी ही रक्खा। त्सिन बादशाह की मृत्यु के बाद इन ग्रंथों का पुनः प्रचार होने लगा। इसमें कुछ भी संदेह नहीं कि "सत्यमेव जयते नानृतम्।" सत्य ही का जय होता है, मिथ्या का नहीं।

त्सिन घराने का अंत हो जाने पर हान घराने की सत्ता स्थापित हुई। इस घराने के बादशाह नीतिमान् और पराक्रमी होने के कारण उनके विषय में चीनी लोगों के मन में अब तक पूज्यभाव बना हुआ है। अनेक चीनी लोग अपने को हान राजाओं के वंशज मानते हैं।

इसके बाद सन् ६२० ई. से सन् ९०७ ई. तक टांग घराने की अमलदारी शुरू हुई। यह अमलदारी दो महत्व की बातों से चिरस्मरणीय हो गई है। पहली बात यह है कि फंगटाओ नाम के एक आदमी ने छापने की कला निकाली; और दूसरी बात यह है कि, सरकारी ओहदे पर अफसर नियत करने के लिए "सिविल सर्विस"

परीक्षा आरंभ की गई। यह परीक्षा पद्धति उस समय से वर्तमान समय तक, राज्य में सैकड़ों परिवर्तन होने पर भी, ज्यों की त्यों यथाविधि चली आ रही है। जो लोग इस परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं उन्हीं को सरकारी नौकरी मिलती है। औरों को नहीं। ... नियत करने की यह ... ने आरंभ की। यह ... अब भी जारी है। ... "मार्कोपोलो" नाम ... था। उसी समय में ... लगा। कुछ समय ... स्त्री को। यह स्थान ...

मंचू घराने की स्थापना, सन १६६४ ई.

मिंग घराने का अंतिम बादशाह त्संगचिंग बड़ा अन्यायी और जुल्मी था, इसलिये राज्य में बलवे होने लगे। लीजोचिंग और शांगकोई नामक बलवाइयों के दो प्रसिद्ध अगुआ थे। इन दोनों ने राजा को गद्दी से उतार दिया और राज्य के दो भाग करके आपस में बाँट लिये। परन्तु देश में ऐसे भी कुछ सरदार लोग थे जो इन बलवाइयों के अमल को मानते न थे। इन सरदारों में से एक ने मंचूरिया के मंचू लोगों से सहायता माँगी। इस निमंत्रण का स्वीकार करके मंचू लोग चीन में आये। उन्होंने पेकिन शहर को घेर लिया और बलवाइयों के अगुआ लीजोचिंग को मार डाला। मंचू लोगों ने राज्य के सब अधिकार अपने हाथ में ले लेने की जल्दी न की। उन्होंने पहले राजघराने के ही एक राजकुमार को गद्दीपर बैठाया और उसीके नाम से राजकाज आरंभ किया। कुछ दिन बाद शांगकोई नाम के दूसरे बलवाई को भी उन्होंने पराजित किया। तब तो राजसत्ता आप ही आप उनके हाथ में आ गई।

यह मंचू घराना तातार-वंश से उत्पन्न हुआ है, इसलिये चीन देश के निवासियों को उनकी सत्ता पराई सी जान पड़ती थी। अपनी विदेशीयता छिपाने के लिये मंचू घराने ने अपनी एक नई वंशावलि बनाई और अपना संबंध प्राचीन 'किन' घराने से जोड़ दिया। किन वंश के राजाओं का अमल चीन में सन् ११२३ से सन् १२३४ ई. तक ... करके अपनी ... और पुरुष में ... अकालधाम ... शानलिंग पर्वत की एक टेकड़ी पर अपनी गिरी दशा पर विचार करती हुई बैठी थी कि इतने में आकाशमार्ग से भ्रमण करनेवाले एक पक्षी ने एक लाल फल उनके सामने ऊपर से गिरा दिया। उन कुमारिकाओं में जो सब से छोटी थी उसने इस फल को ईश्वरी प्रसाद समझ कर खा लिया और वह गर्भवती हुई। उसके जो पुत्र हुआ उसका नाम 'ऐसिन गोरो'—सुवर्णवंश—रक्खा। इस 'सुवर्णवंश' में जो पुरुष जन्मे थे वे ही मंचू राजघराने के पूर्वज हैं। इसी दंतकथा के आधारपर मंचू घराने के बादशाह अपने वंश को 'सुवर्णवंश' कहते चले आये हैं।

मंचू घराने की स्थापना सन् १६४४ ई. में हुई। अल्प काल ही में इस घराने की राजसत्ता देश में सर्वत्र जारी हो गई। प्रथम मंचू बादशाह सन् १६६१ ई. में स्वर्गवासी हुआ। उसके बाद उसका लड़का 'कांगहे' गद्दी पर बैठा। यह बड़ा शूर, पराक्रमी और विद्वान था। उसने तिब्बत देश जीत कर अपने राज्य में मिला लिया। इसके राज्य का विस्तार कोचीन-चीन से ले कर साइबेरिया तक, और कास्पी समुद्र से लेकर तुर्किस्थान तक था। इसने चीनी भाषा का एक अच्छा कोश बनवाया। इसके पीछे कीनलंग नाम का राजा गद्दी पर बैठा। उसने चीनी-तुर्कस्थान और नेपाल देशों को जीतकर अपने राज्यमें मिलालिया और तिब्बतपर अपना अधिकार दृढ़ करलिया अनंतर सन् १८४२ ई. में इंग्लैंड ने चीन देश से युद्ध किया और वहां अफीम के व्यापार का अपना अड्डा कायम किया। इस युद्ध की बातें आधुनिक इतिहास पढ़नेवालों को मालूम ही हैं। इस युद्ध का एक परिणाम यह हुआ कि चीनी लोगों को अपनी दुर्बलता प्रत्यक्ष देख पड़ने लगी और उन लोगों के मन में, मंचू राजघराने के विषय में, डर उत्पन्न हो गया। सन् १८५२ ई. में जो टेपिंग का बलवा शुरू हुआ वह इसी डर का फल है। टेपिंग-पंथ के बलवाइयों का नायक हंगसुस्त्सेन था। उसकी यह समझ थी कि धर्म-सुधार के लिये मुझे ईश्वरी प्रेरणा हुई है। उसका धर्मोपदेश ईसाई धर्म से बहुत कुछ मिलता जुलता था। इसलिये विदेशी ईसाई देशों की पहले पहल उसको बहुत सहायता मिली। सन् १८५३ ई. में हंगसुस्त्सेन नानकिन शहर को हस्तगत करके वहां अपनी गद्दी ... सर्वसाधारण लोगों में मंचू घराने के विषय में ... था; अब इस बलवे के योग से वह डर और ... लगा। परिणाम यह हुआ कि यह ... देश में फैल गई। परंतु टेपिंग पंथी ... ईसाई धर्म के नमूने पर धार्मिक ...

इसलिये उन्हें यश नहीं मिला। टेपिंग पंथियों का बलवा शुरू हो जाने पर थोड़े ही दिनों में इंग्लैंड और फ्रांस से चीन की अनबन हो गई, इसलिये उन लोगों ने पेकिन शहर पर चढ़ाई की। चीन का बादशाह मंगोलिया में भग गया। अंत में यह संधि हुई कि इन दोनों पश्चिमी देशों को व्यापार की सहूलियत दी जाय और चीन देश की चुंगी के काम का प्रबंध अंग्रेज अधिकारियों के द्वारा किया जाय। इस संधि से टेपिंग का बलवा बंद हो गया; क्योंकि चुंगी की आमदनी का प्रबंध अंग्रेजों के अधीन होने के कारण उन लोगों ने देश में सर्वत्र शांति रहने का उपाय किया जिससे व्यापार की वृद्धि में कोई बाधा न हो। अंग्रेजों ने अपने सरदार गार्डन को चीनियों की सहायता के लिये भेजा। गार्डन साहब के पराक्रम से सन् १८६४ ई. में टेपिंग-पंथियों के बलवे का अंत हो गया। सन् १८५२ से १८६४ ई. तक चीनी बादशाह की सत्ता हवा में अधर लटक रही थी। इसके बाद के दस वर्षों में वह सत्ता फिर प्रबल हुई। परंतु जिस तरह विदेशियों की सहायता से उपस्थित किया हुआ बलवा बहुत समय तक चल नहीं सकता, उसी तरह विदेशियों के बल पर अवलम्बित रहनेवाली राजसत्ता भी चिरस्थायी हो नहीं सकती। इस बात को ध्यान में लाकर ही अब राजपक्ष ने स्वयं अपने बल पर अपनी सत्ता को दृढ़ करने का निश्चय किया।

सन १८७४ ई. में टुंगची बादशाह की मृत्यु के अनंतर राजमाता त्सुआन और त्सुसी ने सब राजसत्ता अपने हाथों में ले ली और क्वांगसू नाम के बालक को गद्दी पर बैठाया। इन दोनों राजमाताओं में से त्सुसी बड़ी चतुर, दक्ष और महत्वाकांक्षी थी। लगभग तीस वर्षतक राज्यप्रबंध के सब सूत्र इसी के अधीन थे। इस वृद्ध राजमाता ने ली-हंगचंग की सहायता से राज में उत्तम व्यवस्था की और अपनी सत्ता दृढ़ता से स्थापित की। इतना होने पर भी जब जब विदेशियों का कोई संबंध होता था तब तब चीनी लोगों की अंतस्थ दुर्बलता प्रगट होती ही थी। अब चीनी सरकार को विश्वास हो गया कि तार, रेलगाड़ी, जहाज आदि नूतन यंत्र और शस्त्र की सहायता बिना परदेशियों का सामना करना कठिन ही नहीं, किंतु असम्भव है। तब सन् १८८१ ई. में शंघाई से टीनत्सीन तक तार-यंत्र लगाया गया और जहाज आदि बनवाने के लिये एडमिरल लंग को नियत किया। सन् १८८४ ई. में फ्रांसने कुछ बहाना करके चीन से लड़ाई ठान दी। यद्यपि लड़ाई में फ्रांस की जीत हुई तथापि संधि के समय उसे कुछ विशेष लाभ न हुआ। आजतक चीन देशने विदेशियों के साथ जितनी संधियां की हैं उनकी समालोचना करने से यही जान पड़ता है कि, युद्ध में पराजित होने पर भी प्रत्येक सुलहनामे में चीन ही के लाभ की अधिक शर्तें मंजूर की गई हैं। सुलह की बात निकलते ही चीनी मंत्रियों की चाणाक्य नीति को अच्छा अवसर मिल जाता है और अंत में उन्हीं की जीत होती है। सुलह संबंधी बातचीत बहुत दिनोंतक मुलतवी रखने की चीनी लोगों की चाल विदेशियों को पसंद नहीं; अतएव चीनियों की चालाकी से किसी तरह अपना पिंड छुड़ाने के लिये वे अपनी मांग कम करके सुलह कर लेते हैं। बाक्सर युद्ध के अनंतर इंग्लंड, जर्मनी, जापान, फ्रांस, रशिया, इटली और अमेरिका देशों के एकत्रित वकीलों को चीनी राजनीतिज्ञों ने कैसे छकाया सो आगे वर्णन किया जायगा। अस्तु। फ्रांस के साथ उक्त संधि हो जाने पर चीन सरकार ने एडमिरल लंग को नौकरी से अलग कर दिया। इसका बुरा परिणाम चीन को भोगना पड़ा। सन् १८९४ ई. में कोरिया के संबंध में जापान से युद्ध आरंभ हुआ। इसमें चीन को, जलसेना की दुर्बलता के कारण, हार हुई और कोरिया प्रांत तथा पोर्ट आर्थर बंदर उसके अधिकार से निकल गये। यह बात भिन्न है कि रशिया, फ्रांस और जर्मनी ने एकत्र होकर, कोरिया और पोर्ट आर्थर के विषय में, जापान से छेड़छाड़ शुरू की जिससे रूस जापान का भयानक युद्ध उत्पन्न हुआ। जापान के साथ संधि करते समय ली हंग चंग को यह बात मालूम थी कि कोरिया का जो प्रांत जापान को दिया गया है वह रूस उसके पास रहने न देगा। तात्पर्य यह है कि जैसे लोग अनाज के दाने डालकर मुर्गों की लड़ाई कराते हैं वैसे ही इस चीनी राजनीतिज्ञ ने इस मामले में कार्रवाई की। इसका परिणाम यह हुआ कि जापान ने रूस के दांत खट्टे किये और चीन की उत्तरी सरहद रूस रीछ के भय से सदा के लिये सुरक्षित हो गई।

जापान से समर करने के बाद चीनी सरकार ने राज्य शासन के सुधार की ओर विशेष ध्यान दिया। एक पक्ष का कथन था कि पश्चिमी ... विदेशियों की सहायता से राज्य में सुधार ... था कि ... सो सब पश्चिमी ... की जाय— ... सुधार किये ... राज्यप्रबंध की ... न का नायक ... कर दिया। ... समार्ग से गाड़ियां ... व्यवस्थायें हैं।

आय विद्यालयों में दाखिल करने की आज्ञा हुई, देवमंदिर के स्थान पर विद्यामंदिर बन गये, पश्चिमी वैज्ञानिक और अन्य उपयोगी ग्रन्थों के चीनी भाषा में अनुवाद प्रकाशित किये गये, "सिविल सर्विस" परीक्षा में आधुनिक विज्ञान और कला संबंधी विषयों का समावेश किया गया, मंचु घराने के राजपुत्रों के शिक्षाक्रम में विदेशी भाषाओं का अभ्यास और विदेशयात्रा आवश्यक ठहराई गई; और यह भी [illegible] । कराने वाली चीनि- [illegible] सुधार होने लगेंगे तो, जैसे जापान की तीस वर्ष में काया पलट हो गई वैसे ही चीन की काया-पलट हो जायगी। परंतु स्मरण रहे कि ये सब सुधार सरकारी आज्ञा के जोर पर किये जा रहे थे। इस काम में सर्व साधारण लोगों की सहानुभूति न थी। यह नियम है कि जब सर्व साधारण लोग किसी सुधार को लाभदायक समझते हैं और उसका स्वीकार करते हैं तब वह सुधार स्वाभाविक होकर देश के लिये हितकारक होता है; परंतु जब कोई सुधार राजसत्ता के अधिकार से जबरदस्ती लोगों पर लादा जाता है तब वह कृत्रिम होकर देश को हानि पहुंचाता है, क्योंकि लोग अच्छी बातों से भी नफरत करने लग जाते हैं। बादशाही हुक्म से आरंभ किये हुए उपर्युक्त सुधारों की यही दशा हुई। सेना के अधिकारियों ने सोचा कि अब इस देश की सारी फौज पर विदेशियों का अधिकार हो जायगा। प्रांतों के सूबेदारों के मन में यह भय उत्पन्न हुआ कि इन नूतन सुधारों से हमारी सुव्यवस्थित सत्ता घट जायगी और हमारी चलती न रहेगी। धार्मिक लोगों के मन में यह चिंता लगी कि अब हमारे देवालयों की क्या दशा होगी। सारांश यह है कि साधारण जनसमूह और प्राचीन अधिकारी-वर्ग में असंतोष की ज्वाला प्रगट होने लगी। जब वृद्ध राजमाता त्सुसी ने देखा कि कांगस् की सुधारपद्धति से प्रजा में हलचल और असंतोष हो रहा है तब उसने राज्य का सारा प्रबंध अपने हाथ में लेने का निश्चय किया। सन् १८९८ ई० के सितंबर महीने की २० वीं तारीख को सेना की सहायता से उसने बादशाह को कैद कर लिया और इश्तहार जारी किया कि अब राज्य का प्रबंध हमारे हाथ में है। पहले जो जो सुधार करने के हुक्म निकले थे वे सब रद्द कर दिये गये।

प्राचीन पद्धति का चीनी सिपाही।

यह परिवर्तन होते ही विदेशियों के सम्बन्ध में चीनी लोगों के अंतःकरण की द्वेषाग्नि फिर प्रदीप्त होने लगी और सन् १९०० ई० के आरंभ में बाक्सर लोगों का दंगा शुरू हुआ। इस दंगे को 'बलवा' कहते हैं, परंतु यह भूल है। बाक्सर लोगों का मंचू राजघराने के विरुद्ध कोई बर्ताव करने का इरादा न था; इतना ही नहीं, कहा जाता है कि राजमाता त्सुसी से बाक्सर लोगों को प्रोत्साहन भी मिलता था। यह कुछ भी हो; इसमें संदेह नहीं कि अपने देश के राज्यप्रबंध में विदेशियों का प्रवेश, उनके अधिकार की वृद्धि और पादरियों का उपदेश देखकर जिन लोगों के मन असंतुष्ट हो गये थे उन्हीं लोगों ने विदेशी सत्ता के विरुद्ध यह दंगा खड़ा किया था। इस समय मंचू-घराने की सत्ता मंचू-अधिकारियों की प्रभुता से दृढ़ होती हुई देख पड़ने लगी। ली-हंग-चंग के सिवा और कोई प्रमुख चीनी राजनीतिज्ञ किसी महत्व के पद पर नियत न था। ली-हंग-चंग भी मंचू राजघराने का पूर्ण पक्षपाती और सहायक था। इस प्रकार मंचू राजघराने की सत्ता अधिक दृढ़ करके और विदेशियों को कुछ भयभीत करके यह बाक्सर लोगों का दंगा शांत हो गया। इस गड़बड़ में जिन जिन देशों की प्रजा का [illegible] था उन उन देशों ने बदला लेने के लिये अपनी सेना चीन में रवाना की। जर्मनी, रूस, फ्रान्स, अमेरिका, हिंदुस्थान और [illegible] देशों की फौजें कई दिनों तक पेकिन शहर के पास [illegible] डालकर पड़ी हुई थीं। उस समय प्रत्येक राष्ट्र की सेना को अपने गुणदोषों की तुलना करने का मौका मिला। जापान ने [illegible] सेना की शक्ति का अंदाज करके मन में निश्चय कर लिया कि जो भिन्न भिन्न देशों की सेनाएं एकत्र हुई हैं उनमें से प्रथम [illegible] किसी एक पश्चिमी देश की सेना का सामना करने का यदि [illegible] आवेगा तो हमारी सेना कदापि [illegible] न रहेगी। रूस, जर्मनी और [illegible] के सैनिक वामनरूपधारी ([illegible] जापानी सिपाहियों को देख देख [illegible] खूब हंसते और दिल्लगी करते थे-[illegible] तक कि तुच्छता दर्शक रीति से उन [illegible] और देखकर थूकते भी थे! [illegible] पश्चिमी सिपाहियों का यह घृणा[illegible] मान रूस-जापान-युद्ध में बिल[illegible] ठंडा हो गया।

मंचू जाति की स्त्री—जड़काले का पहराव।

जिन जिन देशों ने बाक्सर लो[illegible] के दंगे का बदला लेने का निश्चय [illegible] चीन पर चढ़ाई की थी उनको [illegible] नन्दा की चाल से चकित करने [illegible] चीनी राजनीतिज्ञों ने खूब कमाल [illegible] विदेशी अधिकारी कहते थे कि जि[illegible] जिन लोगों ने इस बलवे में सहायता और उत्तेजन दिया है उन लोगों [illegible] दण्ड दिया जाना चाहिये, परंतु [illegible] कोशिश करने से किसी बड़े चीनी अफसर पर अपराध साबित न हुआ। हां, दो तीन छोटे छोटे अफसरों को फांसी की सजा दी गई और कुछ लोगों को देशनिकाले की आज्ञा दी गई। दूसरी बात विदेशियों ने यह निश्चित की थी कि चीन ४५ करोड़ टेल्स (लगभग दो अरब रुपये) जुर्माने के तौर पर दे। यह सब रकम एकदम देना असंभव था। इस लिये यह ठहराया गया कि सालियाना किस्त के हिसाब से ४० साल में सब रकम अदा हो जाय। सुलह में इस बात का उल्लेख न था कि यह रकम किस सिक्के में दी जाय, इस लिये चीनी सरकार ने सूचना दी कि यह रकम हम अपने चांदी के सिक्के में देंगे। इसका परिणाम यह हुआ कि सोने के सिक्के के हिसाब से जुर्माने की रकम आधी ही रह गई! अमेरिका में तो उस समय चांदी का भाव बहुत ही घट गया था, इस लिये अमेरिकन सरकार ने अपनी रकम माफी में छोड़ दी। चीनी सरकार ने अमेरिका की उदारता के लिये धन्यवाद दिया और माफी में जो रकम मिली थी उसका एक शिक्षा-फंड स्थापित किया। जो चीनी विद्यार्थी अमेरिका में शिक्षा पाने के लिये जाते थे उन्हें इस फंड से सहायता दी जाने लगी। तात्पर्य यह है कि, अंतिम फल की ओर ध्यान देने से यही कहना पड़ता है कि बाक्सर-युद्ध के संबंध में विदेशियों से जो संधि की गई उसमें चीन ही का लाभ हुआ।

बाक्सर का बलवा शांत हो जाने पर एक ही मास में वृद्ध चीनी राजनीतिज्ञ ली-हंग-चंग परलोक सिधारा। उसकी मृत्यु से मंचू राजघराने का एक आधारस्तंभ जाता रहा। यद्यपि ली-हंग-चंग कोई अद्वितीय राजनैतिक पुरुष न था, तथापि वह अनुभवी होने के कारण उसकी कार्रवाई पर वृद्ध राजमाता, सुधार-प्रिय चीनी युवक और विदेशी वकील इन सब लोगों का पूरा विश्वास था। उसकी चतुरता से ही बाक्सर-बलवे की आग देश में अधिक फैलने न पाई थी। यदि उसके अनुभविक उपदेश की सहायता न होती तो इस बलवे की आग में, चीन के टुकड़े टुकड़े करके उसको निगल जाने की ताक लगाए हुए विदेशी कौए, सुधार-प्रिय और उतावले चीनी

युवक, और चीन की स्वतंत्रता तथा मंचू घराने की सत्ता इन तीनों में से किसी न किसी को अवश्य भस्म होना पड़ता।

इस बलवे के समय जब विदेशी फौजें चीन देश पर चढ़ आई तब राजघराने के लोगों को पेकिन शहर से भगना पड़ा। इस अपमान-रूप अञ्जन से चीन अपनी कुंभकरण की नींद से जाग उठा और सुधार तथा उन्नति के मार्ग में लग गया। जापान-युद्ध के अनंतर उसने सेना-सुधार का काम आरंभ कर ही दिया था। परंतु राजमाता त्सुसी सब प्रकार के पश्चिमी सुधारों के विरुद्ध होने के कारण देश की उन्नति में बहुत बाधा होती थी। अब १९०१ से, अर्थात् बीसवीं सदी के आरंभ से, पहले की सब बातें बदल गई। पश्चिमी विद्या का महत्त्व मालूम होते ही चीनी लोगों के, विदेशियों के साथ, बर्ताव में परिवर्तन होने लगा। पहले इन लोगों को विदेशियों की छाया तक पसंद न थी; परंतु अब विदेशियों का द्वेष करना, उनका अनादर करना या अनुचित निंदा करना बुरा समझा जाने लगा। यह हानिकारक प्रवृत्ति अब बहुत कम देख पड़ती है। इस समय चीन के अठारहों सूबों में बड़े बड़े पद पर ऐसे लोग नियत किये गये हैं जिन्हें पश्चिमी शिक्षा का थोड़ा बहुत संस्कार हुआ है। अब विदेशियों को चीन के किसी भाग में प्रवास करने या रहने का भय नहीं मालूम होता। यद्यपि विदेशियों के साथ बर्ताव करने की रीति में यह परिवर्तन हुआ है तथापि विदेशियों से अपने देश की रक्षा करने की आवश्यकता चीनी लोगों को अधिकाधिक मालूम होने लगी है। अब इन लोगों में स्वाभिमान जागृत हुआ है। इस लिये, यद्यपि अमानी और जंगली लोगों की तरह परदेशियों या परधर्मियों को पीड़ित करने की प्रवृत्ति घटती गई है, तथापि चीनी लोगों के साथ

चीन देश के विद्यार्थि विद्याध्ययन के लिये इंग्लैंड को जा रहे हैं।

परदेशों में जैसा बर्ताव किया जाता है वैसा ही वे (चीनी लोग) उनके (विदेशियों) साथ करने लगे हैं। पहले पहल चीनियों के इस स्वाभिमान का अनुभव अमेरिका के लोगों को हुआ। सन् १९०४ ई. में अमेरिका में नया कानून बना जिससे चीनियों को दुःख और अपमान होने लगा। यह देखते ही चीन देश ने बहिष्कार का उपयोग किया और अमेरिका से आनेवाले सब माल को एकदम बहिष्कृत कर दिया। इस रामबाण अस्त्र का उप[illegible] ही लाभदायक हुआ। अमेरिकन सरकार ने चीनियों के संबंध का पहला कानून रद्द कर दिया।

सन् १९०१ से १९११ ई. के अंत तक ग्यारह वर्ष में चीन देश की दशा में जो परिवर्तन हुआ उसके दो भाग हो सकते हैं। प्रथम भाग १९०१ से १९०४ के अंत तक अर्थात् रूस जापान-युद्ध के अंत तक और दूसरा भाग १९०५ से १९११ के [illegible] तक अर्थात् [illegible] राज्यक्रांति के आरंभ तक। इन प्रत्येक भागों के [illegible] तीन और विभाग किये जा सकते हैं। पहले विभाग में चीन देश के सुधार के लिये चीनी सरकार का यत्न, दूसरे विभाग में विदेशियों के यत्न, और तीसरे विभाग में [illegible] का समावेश होता है। चीन देश के सुधार की [illegible] करते [illegible] यद्यपि इस काम का ठीक ठीक [illegible] करना कठिन है कि इन तीनों दलों का संबंध और महत्त्व कितना है, तथापि यह [illegible]

आवश्यक है कि साधारण तौर पर इस राष्ट्रीय महत्कार्य में यश के भागी कौन कौन हैं और वे कितने अंश के भागी हैं। अतएव अब इस बात का विचार किया जायगा कि इस कुंभकर्ण-रूप चीन देश को अपनी शतकों की नींद से जागृत करने में किन किन लोगों के [illegible] जब वहां के लोगों के [illegible] होती है। जहां अंतः[illegible] निष्फल हो जाते हैं। [illegible] किया जाय तो कहना पड़ेगा कि चीन देश के सुधार में विदेश, प्रत्यक्ष रीति से, यश के भागी हो नहीं सकते। परंतु कभी कभी ऐसा होता है कि हम किसी एक विशेष हेतु से कोई काम करने लगते हैं और उसका परिणाम अकल्पित अथवा अनिच्छित रीति से कुछ और ही हो जाता है। इस आकस्मिक परिणाम के लिये यद्यपि मूल कार्य सहेतुक कारण कहा नहीं जा सकता, तथापि अप्रत्यक्ष रीति से उसमें कार्यकारण-भाव रहता ही है। यही हाल चीन देश में विदेशियों की कारवाई का हुआ। हमारे माल को कोई ग्राहक मिलना चाहिये, हमारे धर्म का प्रचार होना चाहिये, व्यापार में पूंजी लगाने के लिये कोई अच्छा स्थान मिलना चाहिये और यदि चीन के टुकड़े करने का मौका आयगा तो हमको सब से अधिक भाग मिलना चाहिये—ऐसे अनेक उद्देशों से प्रेरित होकर इंग्लैंड, रूस, जर्मनी और फ्रांस देशों ने चीन में अपना अड्डा जमाया था और वहां किसी ने रेलगाड़ी चलाने, किसी ने खान खोदने और किसी ने बैंक खोलने की चीनी सरकार की इजाजत ले ली थी। चीन देश पर विदेशियों का जो ऋण था वह अदा करने के लिये अंग्रेजों ने चीनी बंदरगाहों के महसूल की आय का प्रबंध अपने हाथ में लिया था। इस काम पर सर रॉबर्ट हार्ट नाम का एक अंग्रेज अफसर मुकर्रर किया गया था। तीस चालीस वर्ष तक उसने यह काम बहुत उत्तम रीति से किया। इससे महसूल की आय बहुत बढ़ गई। जब से यूरोपियनों ने चीन में रेलगाड़ी चलाने और खान खोदने की इजाजत [illegible] किसी तरह से इस प्रांत के व्यापार की बहुत वृद्धि होने लगी। इन्हीं सब कारणों से, यद्यपि विदेशियों के स्वार्थ से चीन को बहुत लाभ हुआ तथापि, इन लोगों के मन में यह [illegible] न थी कि चीन देश स्वतंत्र और बलवान हो जाय। इस लिये चीन देश की [illegible] का श्रेय इन लोगों को दिया नहीं जा सकता। जापान का संबंध [illegible] के समान न था। जापान पूर्वीय देश होने के कारण [illegible] सरकार और [illegible] के मन में चीन देश के साथ [illegible] का संबंध [illegible] था। [illegible] चीनी देशों के साथ [illegible] था—[illegible] कि जापान ने [illegible] प्रकार की शिक्षा दी और उसके [illegible] के काम में [illegible] यह [illegible] सन् १९०१ [illegible]

सूचना के अनुसार ता. १ अक्टोबर १९०७ को इन सलाहगार [illegible]लियों की स्थापना की गई। इन मंडलियों को किसी प्रकार के [illegible]ल अधिकार दिये नहीं गये थे। उनका काम सिर्फ इतना ही था किसी सार्वजनिक विषय में अपने जिले या प्रांत के लोगों का [illegible] जिला या प्रांत के अधिकारी के सामने पेश करना। वे अधिकारी [illegible]नो अपनी इच्छा के अनुसार उन मतों की युक्तायुक्तता का निर्णय [illegible]के कार्रवाई करते। राजनैतिक हलचल करनेवालों का यह अनु[illegible] है कि कुछ भी अधिकार न देने की अपेक्षा अधूरे अधिकार देने में रहता है, इसलिये उसका अनादर करने से लोगों में [illegible] उत्पन्न नहीं होता; परंतु दूसरी दशा में लोकमत मूर्त रूप में रहता है, इस लिये जब उसका अनादर या त्याग किया जा[illegible] तब यह लोगों को सहन नहीं होता-सब लोग यही समझने [illegible] यह सिर्फ हमारे प्रतिनिधियों ही का अपमान नहीं है, किंतु सारे जनसमूह का अपमान है। अपमान की यह भावना ज्यों [illegible] तीव्र होती जाती है त्यों त्यों देश में असंतोष अधिक बढ़ने [illegible] है। जब लोगों ने यह देखा कि जिला-कौंसिल और [illegible]

चीनी स्त्रियों की पलटन।

[illegible]

दशा में लोगों में असंतोष अधिक बढ़ता है। लोकमत की कुछ भी परवाह न करके केवल अपने अधिकार के बल पर कार्रवाई करना; और लोकमत की [illegible] के द्वारा [illegible] साधारण लोगों की राय जान लेना, और यदि वह राय अपने अनु[illegible] कूल हो तो उसका [illegible] करके [illegible] कर देना [illegible] [illegible] इस नियम के अनुसार कार्रवाई करना [illegible] [illegible] है बहुत अन्तर है। [illegible] दशा में लोकमत [illegible] कौंसिल स्थापित होने पर भी यथार्थ में राज्यपद्धति पूर्ववत् [illegible] रही है तब उन लोगों ने पार्लिमेंट स्थापित करने की चिल्लाहट [illegible] की। सन् १९०८ ई० के अगस्त महीने में पार्लिमेंट के सभ्यों के चुनाव संबंधी नियम प्रकाशित किये गये। यह बात ध्यान में रखने योग्य है कि इन नियमों में एक ऐसा नियम था कि अधिकारियों को मत देने का कोई अधिकार नहीं है। नियमों के अनुसार ता. ३ [illegible] १९१० को चीन देश की प्रथम व्यवस्थापिका-सभा का अधिवेशन

लीम से चीनी चेले अच्छे तैयार हो गये। १९०६ से इन दोनों में कुछ अनबन हो गई। इसका प्रधान कारण यही है कि जापान ने कोरिया प्रांत चीन से ले लिया था। इसके सिवाय और भी अन्य कारण हैं। अब चीन देश में स्वाभिमान की स्वतंत्र हवा बहने लगी थी, इसलिये उसको किसी एक देश का बहुत दिनों तक चेला बना रहना पसंद न था। इसके अतिरिक्त चीनियों ने यह भी सोचा कि जब तक संपादित की हुई शिक्षा के साथ कुछ अनुभव भी प्राप्त न होगा तब तक उस शिक्षा की योग्यता नहीं हो सकती, इसलिये अब हम अपनी शिक्षा का व्यावहारिक उपयोग करेंगे और यह देखेंगे कि हम किस योग्य हैं। इसमें यदि हम सफल न हुए और कुछ हानि हुई तो भी स्वावलंबन और आत्मपरीक्षा की दृष्टि से यह कार्य हितकारक ही होगा। बस, इस प्रकार का आत्मविश्वास होते ही उन लोगों ने धीरे धीरे सब जापानियों को छुट्टी दे दी। सन् १९०६ ई. में चीन देश के भिन्न भिन्न शासन विभागों में एक हजार से अधिक अफसर नौकर थे। घटते घटते यह संख्या अब चार सौ से भी कम हो गई है। तात्पर्य यह है कि, चीन देश के सुधार में, प्रत्यक्ष रीति से, विदेशियों का संबंध बहुत कम देख पड़ता है।

अब इस बात का विचार करेंगे कि, इस जागृति के हेतु चीनी सरकार ने क्या किया। सन् १८७३ ई. में क्वांगसी बादशाह ने राज्यशासन का काम अपने हाथ में लिया। यह बादशाह लोकप्रिय और सुधार का पुरस्कर्ता था। थोड़े ही दिनों की अपनी अमलदारी में उसने विद्या की बहुत वृद्धि की। चीन के दुर्भाग्य से दो ही वर्ष में (सन् १८७५ में) आकस्मिक रीति से उसकी मृत्यु हो गई और राजमाता त्सुसी ने क्वांगसू नाम के चार वर्ष के एक बालक को गद्दी पर बैठा कर राज्यप्रबंध के सब अधिकार स्वयं हस्तगत कर लिये। यदि सुधार के मार्ग में यह बाधा न हुई होती तो चीन देश का सुधार जापान के समकालीन हो जाता। अस्तु।

मंचू-स्त्री (गर्मी के दिनों का पहनाव)

जब क्वांगसू बादशाह वयस्क हुआ और सन् १८९८ में वह राज्यशासन करने लगा तब उसने पश्चिमी शिक्षा, विद्या, कला कुशलता आदि का प्रसार करके चीन देश को पश्चिमी देशों के समकक्ष बनाने का यत्न आरंभ किया। परंतु अल्प काल ही में उसको राजमाता त्सुसी का कैदी होना पड़ा और सुधार की गति रुक कर पीछे की ओर हटने लगी। सारांश यह है कि, सन् १९०१ तक चीनी बादशाह या बड़े अधिकारियों की ओर से देशोन्नति का कोई कार्य हो नहीं सका। सिर्फ इतना ही नहीं; परंतु चीनी सरकार ने जानबूझकर ऐसे अनेक कार्य किये जो सुधार के प्रतिरोधी हैं। स्वदेश में शिक्षा का कोई उचित प्रबंध न था और विदेश में जाने के लिये किसी प्रकार का उत्तेजन न था। राजनीतिक विषयों की चर्चा करनेवाली पुस्तकें तक प्रकाशित न हो पाती थीं। कुछ विशिष्ट दर्जे के लोगों के सिवाय अन्य जनों को चीन देश का भूगोल पढ़ने की मनाई कर दी गई थी! ऐसी अवस्था में और देशों के भूगोल को कौन पूछता है! मंचू घराने की राज्यपद्धति के कानून पढ़ने की लोगों को मनाई हो गई थी। इसी तरह चीन की सेनासंबंधी पुस्तकें भी कायदे से बंद कर दी गई थीं। इस आज्ञा का उल्लंघन करनेवाले 'बदमाश' को मृत्यु की सजा दी जाती थी!


चीनी तोपखाना।

चीनियों में नूतन विचारों का प्रवेश न होने पावे, इसलिये यद्यपि मंचू सरकार ने बहुत यत्न किया तथापि, उमड़ कर बहती हुई नदी का प्रवाह रोकना कठिन बात है ऐसे ही, इस कार्य में चीनी सरकार को यशलाभ नहीं हुआ। क्योंकि आवश्यकता के हेतु चीनी अधिकारियों ही को अनेक नई बातों का स्वीकार करना पड़ा। इन बातों का परिणाम सर्व साधारण लोगों पर हुए बिना कैसे रह सकता है? उदाहरणार्थ, जापान से युद्ध होने के बाद चीनी सरकार को इस बात की आवश्यकता प्रतीत होने लगी कि अपनी फौज को नई कवायत सिखाई जाय। तब यू आन शि-काई की देखभाल में नई फौज तैयार करने का प्रबंध किया गया। फौज के साथ साथ जल सेना का भी सुधार होने लगा। तार और रेलगाड़ी तो पहले ही से आरंभ हो चुकी थी। अब उनका विस्तार होने लगा। फौज के आने जाने के लिये नई सड़कें बनानी पड़ीं। कुछ वर्ष पहले चीन देश की सड़कें बहुत खराब थीं; यहां तक कि सर रावर्ट हार्ट के कथनानुसार राजधानी के शहर ही में आम सड़क पर एक आदमी कीचड़ में फँस कर मर गया! ऐसी सड़कें सेना के आने जाने के लिये बिलकुल निरुपयोगी हैं। इस लिये सड़कों पर गिट्टी और कंकर डालकर मजबूती की गई। जलसेना तथा स्थलसेना के उपयोगार्थ विमान और बिना तार के विद्युत्संदेशयंत्र प्रचलित किये गये। सिविल सार्विस की परीक्षा में उचित परिवर्तन करके उसको आधुनिक रूप दिया गया और विदेश में जाकर विद्या संपादन करने वाले लोग सरकारी पदों पर नियत किये जाने लगे। यद्यपि समाचारपत्रों पर कायदे की जो कड़ाई थी वह कम नहीं हुई तथापि कायदे की परवाह न करते हुए समाचारपत्रों की संख्या बढ़ती ही गई और उनका प्रचार भी अधिकाधिक होने लगा। अंतिम और सबसे अधिक महत्व का सुधार यह हुआ कि अफीम के व्यसन से शारीरिक, मानसिक तथा सांपत्तिक हानि देखकर चीनी सरकार ने अफीम की खेती और आमद बंद करने का निश्चय किया। अब अमेरिकन कालेजों में विद्या संपादन करके अनेक चीनी-युवक स्वदेश में लौट कर आने लगे और समाज में उन लोगों का अच्छा प्रभाव पड़ने लगा।

ये सब बातें चाहे अच्छे हेतु से की गई हों या बुरे हेतु से की गई हों, इसमें संदेह नहीं कि चीनी सरकार ने अपने भिन्न भिन्न शासनविभागों में जो अनेक नूतन सुधार किये उनका परिणाम यह हुआ कि चीनियों में नूतन चैतन्य की जागृति हो गई। इसका श्रेय न तो चीनी अधिकारियों को है और न चीन की रानी को है। यह जागृति केवल तत्कालीन परिस्थिति का एक स्वाभाविक फल है। यही बात सर्व साधारण लोगों की दृष्टि में भी आ गई। इस लिये अब देशोन्नति की ओर सरकार का दुर्लक्ष देखकर मंचू घराने के विषय में असन्तोष उत्पन्न होने लगा। इसी समय राजमाता त्सुसी की मृत्यु हो गई और राजघराने में अंधेर नगरी शुरू हो गई। एक छोटासा बालक गद्दी पर बैठाया गया और अधिकारी लोगों की एक मंडली स्थापित की गई। यह लिखने की आवश्यकता नहीं कि इस अधिकारी मंडली में उस बालक की माता ही प्रमुख थी।

इस प्रकार राजघराने में परिवर्तन होने के कारण लोगों की हलचल जोर से बढ़ने लगी और जब चीनी सरकार ने देखा कि लोकमत के अनुसार राज्यप्रबंध में कुछ सुधार करना अत्यंत आवश्यक है तब राजदरबार से एक कमीशन नियत किया गया। इस कमीशन के अधिकारियों ने यूरप और अमेरिका के मुख्य देशों में प्रवास किया और उनकी राज्यपद्धति, कायदे बनाने की रीति, शिक्षा, व्यापार आदि अनेक उपयोगी बातों की जांच की और इस बात का निश्चय किया कि इनमें से कौन कौन सुधार अपने देश में जारी करना लाभदायक होगा। इस कमीशन की रिपोर्ट सन् १९०६ के अंत में प्रकाशित हुई। इस रिपोर्ट में यह प्रस्ताव किया गया था कि, सार्वजनिक हित के कामों में लोकमत जानने के लिये हर जिले में एक जिला मंडली और हर प्रांत में एक प्रांतीय सभा स्थापित की जाय।

हुआ। उस समय चीनी राजदरबार को यह विश्वास हुआ होगा कि लोकमत से अपना पिंड छुड़ाने के लिये जो कुछ हमको करना चाहिये था वह सब हमने किया। परंतु यह उन लोगों का भ्रम था। लोकप्रतिनिधि सभा ने अपनी पहली ही बैठक में यह निश्चय किया कि कार्यकारी प्रधान मंडली को लोकसभा के अधीन रहना चाहिये-उस मंडली पर बाला बाला बादशाह की हुकूमत न रहे। अधिकारी लोग इस निश्चय का अर्थ समझ गये-अब उन लोगों को अपनी स्वतंत्र सत्ता को तिलांजलि देनी पड़ेगी; परंतु यह स्वार्थत्याग उन लोगों को पसंद न था। बस, दोनों पक्षों में झगड़ा बखेड़ा शुरु हुआ और लोकसभा का अंत हो गया।

चीनी सरकार ने समझा कि जहां तक शक्य था वहां तक राज्य-शासन के सब अधिकार हमने लोगों को दिये; परंतु इससे जन-समूह की तृप्ति नहीं हुई। केवल दिखाऊ कौंसिल और पार्लिमेंट से उनका समाधान न हुआ। जिस कौंसिल या पार्लिमेंट में लोगों के प्रतिनिधियों की राय सुनी नहीं जाती और अधिकारियों के बर्ताव पर लोकमत का कोई प्रभाव नहीं रहता, उससे देश का कल्याण ही क्या होगा! लोगों का कथन यह था कि चीनी राज्यप्रबंध में लोगों की दृष्टि से जो बड़े बड़े दोष थे वे जब तक दूर न किये जायेंगे तब तक प्रजा का हित कभी न होगा। उन लोगों की दृष्टि में ये दोष थे:—१ मंचू लोग विदेशी हैं और उनकी संख्या भी कम है, तिस पर भी उन्हीं लोगों ने ऊंचे दर्जे के सब सरकारी पद ले लिये थे। २ प्रांतों के अधिकारी और सूबेदारों के हाथ में अनियंत्रित सत्ता बहुत थी, उनपर किसी की देखभाल न होने के कारण उनके जुल्मों को रोकने का कोई साधन न था। अधिकारियों का वेतन उनके दर्जे और खर्च के हिसाब से बहुत कम था, इसलिये वे लोग प्रजा पर जुल्म करते और रिश्वत खाते थे और इस अन्याय की सुनाई भी कहीं होती न थी। ४ भाषण और लेखनस्वातंत्र्य के अभाव से प्रजा को अपनी गुहार पुकार सुनाने का कोई साधन ही न था। और शिक्षा के अभाव से लोग नहीं जानते न थे कि हमारे हक क्या हैं और अधिकारी लोग अपनी सत्ता का दुरुपयोग कैसे करते हैं। ५ अधिकारियों के विरुद्ध यदि शिकायत की जाय तो न्याय नहीं होता और शिकायत करनेवाले के जान और माल की रक्षा नहीं होती। ६ चीनी दरबार ने विदेशियों को रेलगाड़ी चलाने और खान खोदने की इजाजत दी है, इससे देश की सारी संपत्ति के लोग जोर की मार पुन कर ले जा रहे हैं और उनके विरुद्ध में लोग अधिकारियों के विरुद्ध [illegible] असंतोष फैल गया है।

इस प्रकार अनेक कारणों से चीनी प्रजा दुःखित हो रही थी। [illegible] लिए मंचू सरकार से और विदेशियों से जो जो यत्न किये [illegible] गये निष्फल हुए। यह बात सत्य है कि मनुष्य जब निराश हो [illegible] तो उसके पुकार का मार्ग ढूंढ निकालता है। [illegible] 'हिम्मत और ईश्वर नहीं देख सकता।' इस लिये [illegible] ने विचार किया कि और अंगों की सहायता से [illegible] सुधारने को उपाय ढूंढकर स्वयं उपाय करना चाहिये। [illegible] स्वदेश कल्याण और स्वराज्य के बल पर देश की [illegible] करेंगे। क्रांतिकारक दल के लिये सरकार से मुकाबला [illegible]

यु-आन-शी-काई, चीनी लोकसत्तात्मक राज्य के प्रथम अध्यक्ष, फौजी वेष में।

(ऊपर की तसवीर [illegible] वर्णसंकर पद्धति पर [illegible] है। [illegible] और [illegible] सुभीतेदार [illegible] ।)

करने के पहले उन लोगों को अज्ञानरूप शत्रु से लड़ाई करनी पड़ी इसके पहले चीनी लोगों को यह मालूम न था कि दुनिया में क्या हलचल हो रही है। इतना ही नहीं, किंतु वे लोग यह भी जानते न थे कि अपने ही देश में किधर क्या बातें हो रही हैं। चीनियों के इस प्रकार के अज्ञान नेत्रों में सन् १८९४ के जापान युद्ध ने अच्छा अंजन डाल दिया। इधर जापानी सैनिक पेकिन राजधानी पर चढ़ धाये, परंतु और प्रांतों के लोगों को इस बात की खबर तक नहीं मिली! अपने देश के इस घोर अज्ञान को दूर करने के लिये 'तरुण चीन' नामक एक मंडली स्थापित हुई। सन् १८९४ में डाक्टर सुन-यत-सेन उस मंडली में शामिल हुआ और एक ही वर्ष के बाद उसने केंटन शहर में एक शाखा खोल दी। उसी समय से उसका नाम पुलिस ने अपने रजिस्टर में दर्ज कर लिया। अनंतर केंटन में कुछ लोगों ने दंगा फसाद किया और उनके अगुवा पकड़े गये। डाक्टर सुन्य[त्सेन] को भी पकड़ने का [हुक्म] हुआ था; पर उसको बात पहले ही मालूम हो गई थी, इसलिये भेष बदलकर वह जापान चला गया। वहां से अमेरिका में जा कर [कुछ] दिन रहा और अंत में १८९६ में वह इंग्लैंड जाकर रहने लगा। [इधर] 'तरुण चीनी मंडली' की अनेक शाखायें शहर शहर में स्थापित हो [गईं] और वे सब लोग [डाक्टर] सुन्यत्सेन से पत्रव्यवहार करने लगे। सुन्यत्सेन की यह राय थी कि चीनी विद्यार्थी परदेश में जाकर विद्याभ्यास करें और विशेष करके फौजी शिक्षा प्राप्त करें। इसके अनुसार अनेक चीनी युवक परदेश गमन के लिये उत्सुकता से तैयार हो गये। परंतु द्रव्याभाव से बहुतेरे जा न सके। तब यह निश्चय हुआ कि जो लोग विदेश से शिक्षा प्राप्त करके लौटें वे चीन में अपने देशबंधुओं की शिक्षा का प्रबंध करें। चीन में फौजी शिक्षा प्राप्त करना तो एक ही ओर रहा; वहां पहले फौजी विषयों की पुस्तकें ही पढ़ने की मनाई थी। परंतु वह समय अब बदल गया। अपनी राजधानी की रक्षा करने के लिये नई पद्धति की कवायत सीखी हुई फौज की आवश्यकता जानकर खुद बादशाह ने यु-आन शि-काई को नई फौज तैयार करने की आज्ञा दी। यु आनशि-काई की शिक्षा से करीब करीब एक लाख नूतन सैनिक तैयार हुए। यह फौजी शिक्षण जापान और जर्मनी की पद्धति के अनुसार दिया गया था। फौजी अफसरों में जापानियों की ही अधिकता थी। वे जापानी अफसर एक तंत्री राज्य पद्धति के जुल्मों के कट्टर शत्रु थे। यु आनशि-कार्इ भी, जो सारी सेना का मुख्य अधिकारी था, सुधारक पक्ष में था और वह डाक्टर सुन्यत्सेन को बहुत चाहता था। इसलिये फौज के प्रायः सब अधिकारी स्वभाव ही से क्रांतिकारक मंडली के अनुकूल थे। नूतन सैनिकों में आधे से अधिक लोग क्रांतिकारक पक्ष के साथ सहानुभूति रखनेवाले थे। जापान-युद्ध के पहले चीन में सिपाही का धंधा नीचे दर्जे का माना जाता था, इसलिये उस समय फौज में नीच जाति के और अशिक्षित लोग ही भरती किये जाते थे। ये लोग जानते न थे कि 'स्वदेश' और 'स्वकर्तव्य' किस चिड़िया का नाम है! इसलिये ये लोग जुल्मी अधिकारियों के आधीन होकर प्रजा पर जुल्म करने के लिये यंत्र के समान काम आते थे। परंतु अब यह समय न रहा। अब कुलीन घराने के और शिक्षित लोग फौज में भरती होने लगे। ये लोग अपने देश की दशा भली भांति जानते थे। इस लिये स्वकर्तव्य संबंधी उनके विचार बहुत ऊंचे दर्जे के थे। इस प्रकार राज्यक्रांति के एक प्रधान अंग—सेना—की अनुकूलता आप ही आप सिद्ध हो गई।

राज्यक्रांति के दूसरे अंग—जहाजी सेना—की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया गया। क्योंकि चीन की जहाजी सेना में कुछ जान ही न थी। क्रांतिकारक पक्ष को उससे लाभ के बदले हानि होने का ही अधिक संभव था। इसलिये इन लोगों ने जहाजी सेना को अपने में मिला लेने का यत्न में कोई यत्न नहीं किया। तथापि, जिस क्रांतिकारक विचारों का प्रसार देश भर में जारी हो गया था उसके प्रभाव से जहाजी सेना के अधिकारी अलग रह कैसे सकते हैं? क्रांतिकारक पक्ष के नेताओं का विश्वास था कि अब मौका आवेगा तब जहाजी सेना को भी सहायता करने ही में मिल जावेगी। [illegible]

चलकर उन लोगों को यह बात अनुभव से मालूम हो गई कि उक्त विश्वास मिथ्या न था।

इस बात का दृढ़ विश्वास हो जाने पर कि फौज और जहाज की सहायता अवश्य मिलेगी, क्रांतिकारक पक्ष ने साधारण जनसमूह [illegible]

संगृहित धन इस सत्कार्य के लिये अर्पण कर दिया। फिलाडेल्फिया के एक चीनी धोबी ने बीस वर्ष तक मिहनत करके जो द्रव्य संग्रह किया था वह सब उसने डा. सन्यत्सेन को दे डाला! यूरप के बड़े बड़े सेठ साहूकारों ने भी निरपेक्ष बुद्धि से डॉ. सुन्यत्सेन को द्रव्य की सहायता दी।

तब वह इंग्लैंड में था। डॉ सुन्यत्सेन को जो पकड़कर लायगा उसको बहुत बड़ा पारितोषिक देने का इश्तिहार सरकार ने प्रकाशित किया था। इसलिये उसको बहुत सावधानी से रहना पड़ता था-न जाने कब, कहां और कौन पारितोषक के लोभ में विश्वासघात कर बैठेगा। ऐसी अवस्था में जब उसको उक्त संदेसा मिला तब उसके मन में सहज ही यह शंका उत्पन्न हुई कि मुझे पकड़ने के लिये यह जाल फैलाया गया है। उसने यह उत्तर भेजा कि "पंद्रह वर्षों के अनुभव ने मुझे होशियार कर दिया है। मैं ऐसे संदेसों के जाल में फँस जाने वाला कच्चे गुरू का चेला नहीं हूं। जो उतावला सो बावला–उसका काम कभी सफल नहीं होता। मैं अपना मौका ताक रहा हूं। जबतक उचित समय नहीं आता तबतक बाट जोहने का मुझे धैर्य है!" इस प्रकार के संदेसे भेजने में ही यह समय निकल गया। जब डॉ. सुन्यत्सेन को यथार्थ बातें मालूम हुईं तब वह पछताने लगा कि मैंने अपने मित्र पर वृथा अविश्वास करके एक वर्ष योंही व्यतीत कर दिया। परंतु इस सावधानता से कोई कार्य–हानि नहीं हुई, इस लिये उसके विषय में खेद करने का कारण ही न रहा।



चीनी सेनापति फौज को यह सिखा रहे हैं कि लड़ाई के समय किस तरह वर्तन करना चाहिये।

द्रव्य की सहायता से भी अधिक मूल्यवान् सहायता उसको आकस्मिक रीति से प्राप्त हुई। अमेरिका के संयुक्त संस्थान में 'होमर ली' नामका एक फौजी अफसर था। उसने डॉ. सुन्यत्सेन से मिलकर यह प्रतिज्ञा की कि मैं चीनी फौज को युद्ध की शिक्षा दूंगा। डॉ.सुन्यत्सेन ने आश्चर्यचकित होकर कहा कि "तुम्हारी इस प्रतिज्ञा के लिये मैं तुमको धन्यवाद देता हूं; परंतु जब मैं चीन देश का प्रेसिडेन्ट (अध्यक्ष) होऊंगा तब मैं तुम्हें फौज का सेनापति बनाऊंगा!" कर्नल ली ने हँसकर जवाब दिया "मेरी युद्धकला की आवश्यकता तुमको प्रेसिडेन्ट होने के पहले ही होगी। सेना की सहायता बिना तुम प्रेसिडेन्ट कैसे होगे? इसीलिये अध्यक्ष बनने की राह न देखकर अभी से मेरी युद्धकला का उपयोग करलो। इससे तुम्हारा कार्य सहज सफल हो जायगा!" कहने की आवश्यकता नहीं है कि डॉ सुन्यत्सेन ने इस सहायता को आनंदपूर्वक और कृतज्ञता से स्वीकार किया।

इस प्रकार मंचू घराने के विषय में द्वेष और स्वराज्य की चाह सब लोगों के अंतःकरणों में प्रदीप्त हो गई और सारा चीन देश लाक्षागृह के समान हो गया-एक चिनगारी पड़ते ही वह भभकने लगेगा। धूमधाम और हलचल के ये सब लक्षण देखकर ही बादशाह ने चीनी पार्लिमेन्ट की योजना की थी, परंतु जब पार्लिमेन्ट ने यह प्रस्ताव किया कि अधिकारी मंडल हमारे अधीन रहे तब उसको बंद करना पड़ा। इससे यह भय उत्पन्न हुआ कि कहीं द्वेष की आग गुप्त रीति से भीतर ही भीतर सुलगने न लगे। पार्लिमेंट सभा का अंत होने के कुछ दिन पहले चीनी दरबार ने एक और बड़ी भारी भूल की थी। इस बात का उल्लेख किया ही गया है कि यु-आन शि-काई जैसे सुप्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और योद्धा की देखभाल में चीन की नई सेना तैयार की गई थी। यद्यपि यु-आन शि–काई सुधार पक्ष के अनुकूल था तथापि मंचू घराने के विषय में उसकी राजनिष्ठा अटल बनी थी। परंतु देश में चारों ओर असन्तोष के चिन्ह देखकर चीनी सरकार घबड़ा गई और यु-आन शि-काई की राजनिष्ठा के विषय में संदेह करने लगी। इसी घबड़ाहट और संदेह में पड़कर सरकार ने उसको अधिकार के पद से अलग कर दिया। सब सैनिक लोग उसको बहुत चाहते थे। सच पूछो तो उसी समय बलवा शुरू हो जाता। परंतु यु-आन शि-काई की अटल राजनिष्ठा ही से वह मौका टल गया। उसने तुरंत डॉ सुन्यत्सेन को सन्देसा भेजा कि 'मौका आ गया है, तुम तुरन्त इधर चले आओ और अपना कार्य आरंभ करो, जब यह संदेसा डॉ सुन्यत्सेन को मिला

यांगत्सी प्रांत में अकाल और यांगत्सी नदी की बाढ़ से प्रजा बहुत पीड़ित हुई। वहां के लोगों ने पुकार मचाई। ऐसी अवस्था में भी उस प्रांत में रेल चलाने वाली और खान खोदने वाली विदेशी कंपनियां मनमाना धन कमा रही थीं, क्योंकि उनको चीनी सरकार ने व्यापार संबंधी खास रियायतें दी थीं। यह बात चूचांग के लोगों को पसंद न थी। उन लोगों ने गवर्नर से प्रार्थना की कि इन कंपनियों को दी हुई शर्तें रद्द कर दी जांय। अधिकारियों ने इस प्रार्थना पर कुछ ध्यान न दिया। तब लोगों ने दंगा करना शुरू किया। इस दंगे में एक बार बम का गोला भी चलाया गया था। इसकी तहकीकात की गई और मालूम हुआ कि वहां बम बनाने का कारखाना और शस्त्रों का संग्रह है। तब इन बलवाइयों को पकड़ने का हुक्म हुआ। बस, फिर क्या था, जैसे बारूद की कोठरी में एक चिनगारी गिरते ही ज्वाला भभकने लगती है वैसे ही यह बलवाई आग सारे देश में फैल गई। आगे चलकर इस राज्यक्रांति का स्वरूप बहुत ही भयानक होने लगा। राज्यक्रांति के इस तूफान में सारा चीन देश कैसे व्याप्त हो गया, मंचू राजघराना कैसे पदच्युत किया गया और अंत में लोकसत्तात्मक० राज्यपद्धति कैसे स्थापित की गई सो सब समाचारपत्रों द्वारा लोगों को मालूम ही है। इस लेख में उस वर्णन की पुनरुक्ति करने की आवश्यकता नहीं है। इस में संक्षिप्त रीति से इस बात का उल्लेख किया जाता है। कि राज्यक्रांति की सफलता के मुख्य मुख्य कारण क्या हैं।

१. सन् १६४४ में मंचू घराने की स्थापना होने पर कुछ समय तक राज्य का प्रबंध अच्छा था, परंतु सर्माष्टिरूप से यही कहना पड़ता है कि मंचू राजघराने के प्रायः सब लोग अयोग्य और निरुपयोगी थे। अठारहवीं सदी के अंत तक उनकी कुशलता का कुछ अंश किसी प्रकार देख पड़ता था, परंतु उन्नीसवीं सदी के आरंभ से इन लोगों की दुर्बलता के कारण चीन देश को अनेक बार अपमानित होना पड़ा। इसका परिणाम यह हुआ कि मंचू राजघराने के विषय में लोगों का पूज्यभाव नष्ट हो गया और उसके बदले द्वेष और घृणा भर गई। प्रत्येक चीनी निवासी का यह विश्वास दृढ़ हो गया कि, इंग्लैंड, फ्रांस, जापान आदि विदेशों से युद्ध करते समय हमारे देश को बार बार अपना सिर नीचे झुकाना पड़ा उसका कारण यह नहीं है कि हम लोगों में शूरता कम है, परंतु उसका कारण यही है कि हम लोगों को मंचू घराने के दुर्बल राजाओं के अधीन रहना पड़ता है। इस प्रकार के मानभंग का बदला लेने के लिये राज्यक्रांति के सिवाय अन्य उपाय ही न था; अब तक राज्यसत्ता

श्रृंगेरी मठ के श्रीशंकराचार्य।

पाठक, जिन महानुभाव विभूति का चित्र आप यहां देख रहे हैं उनके चरित्र के संबंध में कुछ बातें लिखने के पहले आप को सुप्रसिद्ध विद्वान और बुद्धिमान त्र्यंबकशास्त्री का कुछ परिचय देना चाहिये। आप न्यायशास्त्र और वेदांतशास्त्र में अत्यंत प्रवीण थे। आपके विषय में एक आख्यायिका प्रसिद्ध है कि आप जब छोटे थे तभी शास्त्र की परीक्षा देने गये। आपके उत्तर सुनकर परीक्षकों को संदेह हुआ कि ये विद्यार्थी नहीं हैं, किंतु परीक्षक ही हैं। अस्तु।

व्याकरण, तर्क, मीमांसा आदि शास्त्रों का अध्ययन करके त्र्यंबकशास्त्री श्रीशंकराचार्य की प्रस्थानत्रयी का अध्ययन करने के लिये गुरु की खोज में निकले। परंतु उनकी अलौकिक विद्वत्ता के सामने उनको आचार्य का भाष्य पढ़ाने योग्य कोई गुरु नहीं मिला। अंत में साक्षात् शंकराचार्य ने प्रगट होकर उनको प्रस्थानत्रयी की शिक्षा दी।

त्र्यंबकशास्त्री का पूर्वाश्रम रामशास्त्री नाम का एक मुख्य शिष्य था। दक्षिणभारत में रामशास्त्री का नाम तर्कशास्त्र में प्रवीणता के लिये प्रसिद्ध है। आपने 'सतकोटि' नाम का एक उत्तम ग्रंथ लिखा है। यही रामशास्त्री प्रस्तुत चरित्र नायक के पिता थे। आपने पहले ही भविष्यवचन किया था कि हमारा पुत्र संन्यासाश्रम ग्रहण करेगा।

सन् १८५८ ई. में हमारे चरित्र नायक का जन्म मैसूर में हुआ। आप का नाम शिव रखा गया। लड़कपन ही से आपकी बुद्धिमत्ता और शील का प्रभाव लोगों पर पड़ने लगा। जब आप तीन वर्ष के थे तभी आपके पिता रामशास्त्री परलोक सिधारे। आपके बड़े भाई लक्ष्मीनरसिंह शास्त्री ने आपका लालन पालन यथायोग्य किया। इनका यज्ञोपवीत संस्कार आठवें वर्ष में हुआ। एक वर्ष बाद श्रृंगेरीमठ के श्रीशंकराचार्य श्रीसच्चिदानंद [illegible] का स्वर्गवास हुआ और शंकराचार्य ने मैसूर के राजा [illegible] कृष्णराज वाडियार के आर्थिक लक्ष्मीनरसिंहशास्त्री के छोटे भाई को अपना शिष्य बनाने के लिये मांगा।

यह मांग स्वीकृत हुई और शंकराचार्य ने अपने इस शिष्य का नाम 'सच्चिदानंद शिवाभिनवनृसिंह भारती' रखा। बारह वर्ष तक शंकराचार्य ने आपको शिक्षा दी। इक्कीसवें वर्ष की आयु में आप अपने गुरु की गद्दी पर बैठे और श्रीमज्जगद्गुरु श्रीशंकराचार्य का काम करने लगे। यह बात सब लोगों को विदित है कि आपने श्रीशंकराचार्य, श्रीसुरेश्वराचार्य, श्रीविद्यारण्य आदि महात्माओं की गद्दी का काम कैसी उत्तमता से किया है।

सच्चिदानंद शिवाभिनवनृसिंह भारती स्वामी ने कुछ दिन पहले त्रावनकोर राज्य में कालटी नामक स्थान में (जहां आदिशंकराचार्य का जन्म हुआ था) दो भव्य मंदिर बनवाए हैं। एक श्रीशंकराचार्य का और दूसरा श्रीशारदाम्बा का है। बहुत प्राचीन समय से मलाबारप्रांत के निवासियों में यह भविष्यकथा प्रचलित थी कि ३३ वीं पीढ़ी में श्रीशंकराचार्य स्वयं अवतार लेकर अपनी जन्मभूमि में मंदिर बनवायेंगे और मलाबार प्रांत को कलंकमुक्त करेंगे। कहने में कोई हर्ज नहीं कि यह भविष्यकथा सत्य निकली, क्योंकि ये स्वामी जगद्गुरु की गद्दी पर ३३ वें पुरुष हैं। देवालयों की स्थापना का महोत्सव देखने के लिये कालटी में सब जाति और सब पंथ के दो लाख से अधिक लोग एकत्र हुए थे।

गत वर्ष स्वामीजी ने संस्कृत विद्या के पुनरुज्जीवनार्थ बंगलोर में एक वृहत् विद्यालय स्थापित किया। इस विद्यालय की नींव सन् १९०७ ई. में खोदी गयी थी। तब से स्वामीजी इसके लिये अनंत परिश्रम कर रहे थे। अंत में यह कार्य उनकी जीवितावस्था ही में सफल हुआ। श्रृंगेरी में भी आपने श्रीशारदा और श्रीचंद्रमौलीश्वर के मंदिर बनवाने का कार्य आरंभ किया था। ये मंदिर उनके पश्चात् अब बनकर तैयार हो गये हैं।

इधर कुछ दिनों से स्वामीजी की शारीरिक प्रकृति अस्वस्थ होने लगी थी। तौभी आपने अपने नित्य के उपदेश काम में कभी बाधा होने न दी। अंत में गत चैत्र शुक्ला द्वितीया के दिन आप इस कर्मभूमि का त्याग करके ब्रह्मस्वरूप में लीन हो गये। मृत्यु के समय आपकी आंतरिक वृत्ति अत्यंत शांत, गंभीर और आनंदमय देख पड़ती थी। अंतिम श्वासोच्छ्वास लेने के पहले आपने सीता राम, ईश्वर और अम्बिका के पवित्र नाम का मुख से उच्चारण किया और फिर देहत्याग किया। मृत्यु के एक मास पहले किसी को इस बात की कल्पना तक न थी कि स्वामीजी अब सब लोगों को छोड़कर शीघ्र ही चल बसेंगे।

यद्यपि स्वामीजी का शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा न था, तथापि उनकी नाड़ी की गति यथायत् बनी थी। मृत्यु के समय पर्यंत उनकी नाड़ी की गति निरोगी मनुष्य की नाईं बहुत ठीक मालूम होती थी—उसमें किसी प्रकार का विकार देख नहीं पड़ता था। यह उनके योगाभ्यास का ही परिणाम है। ब्रह्मनैष्ठिक क्रिया करने में लगभग ६ घंटे लग गये। तब तक स्वामीजी के मुख पर तेज और स्मित दोनों उपस्थित थे। दर्शकों को यही बोध होता था कि स्वामी जी सदा की नाईं समाधि अवस्था ही में निमग्न हैं।

स्वामीजी ३३ वर्ष तक इस गद्दी पर विराजमान थे। आपने अपनी अगाध विद्वत्ता—अपना सर्वस्व—मानवजाति की सेवा के लिये अर्पण कर दिया था। आप सब लोगों के साथ दिल खोलकर स्नेहपूर्वक बातें करते थे। आपकी गुरुभक्ति, विद्वत्ता, प्रेम, दयार्द्रता आदि सद्गुणों का वर्णन करना कठिन काम है। जब आपकी सवारी देश में धर्म का निरीक्षण करने के लिये बाहर निकलती थी तब धार्मिक और श्रद्धालु जन आपके सामने रुपये अर्पण करते थे। आपकी निकली सवारी में १०।१ लाख रुपये मिले थे। यह सब धन आपने सत्कार्य में व्यय कर दिया है। तत्त्वार्थ में दत्तचित्त करते समय स्वामीजी धर्मभेद या जातिभेद का पक्षपात तनिक भी ध्यान न देते थे। एक बार एक मुसलमान बालक उनकी शरण में आया था। आपने तुरंत ही उसकी शिक्षा का प्रबंध कर दिया। वह लड़का [illegible] में शिक्षा समाप्त कर रहा है।

स्वामीजी के उपदेश और आचरण में कर्म, भक्ति और ज्ञान इन तीनों मार्गों का बहुत ही उत्तम सम्मेलन देख पड़ता था। वर्तमान समय में आपके समान धर्माधिकारी पुरुष और कोई सुनने में नहीं आता। आशा यही है कि श्रीशारदाम्बा देवी और श्रीमच्छंकराचार्य की कृपा से ऐसे ही महानुभाव सत्पुरुष इस प्राचीन धर्मपीठ को सदा सुशोभित करते रहें।

बच्चों के लिये [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

श्रृंगार के लिए [illegible]

[illegible]

सिद्ध बीसायंत्र।

[illegible]

त्सुसी के हाथ में अधिकार था तब तक उसके प्रभाव से लोगों का असंतोष और बलवा रुका हुआ था। उसकी मृत्यु होते ही राजपक्ष और प्रजापक्ष में लड़ाई झगड़ा खुल्लमखुल्ला आरंभ हो गया और अंत में प्रजापक्ष की जीत हुई।

२. मंचू घराने का जुल्म इतना असह्य हो गया था और कर के बोझे से लोग इतने दुःखित हो गये थे कि उस घराने के विषय में किसी के भी मन में रत्ती भर पूज्यभाव या प्रेम न था। ज्योंही बलवे का आरंभ हुआ त्योंही सब लोग सशस्त्र होकर उसमें शामिल हो गये। केवल पुरुष ही नहीं, किंतु चीन देश की स्त्रियां भी शस्त्र लेकर युद्ध के लिये तैयार हो गईं। जो बात किसी देश के छोटे बड़े, सब स्त्री-पुरुषों के मन में पूरी तरह बिंबित हो जाती है उसकी सिद्धि के लिये सब लोग मिलकर जी जान से यत्न करने लग जाते हैं और अंत में उनको सफलता भी प्राप्त होती ही है।

३. टेपिंग-पंथियों के और बाक्सर लोगों के बलवे के समय राज्यक्रांति का बहुत बड़ा यत्न किया गया था, परंतु उन लोगों के आधार-तत्व ही में दोष था इसलिये वे सफल नहीं हुए। टेपिंग-पंथ के बलवाई लोग स्वजनों की अपेक्षा विदेशियों ही पर अधिक अवलंबित थे; और बादशाह ने भी उस बलवे को विदेशियों ही की सहायता से शांत किया। बाक्सर-युद्ध के समय वृद्ध राजमाता त्सुसी की राजनीतिज्ञता, दक्षता और चतुरता ने, मञ्चू-संबंधी लोगों के द्वेष को, और ही दिशा में प्रवृत्त कर दिया; इसका परिणाम यह हुआ कि मंचू घराना सुरक्षित रहा और विदेशियों पर हमला किया गया। जब पश्चिमी देशों के सब लोग स्वहितसंरक्षणार्थ चीन में एकत्र हुए तब उन लोगों से युद्ध करने का सामर्थ्य बलवाइयों में न था, इसलिये शस्त्र छोड़ कर उन्हें शरणागत होना पड़ा! सारांश, उपर्युक्त दोनों बलवों के समय बड़ी भारी भूल की गई। उस प्रकार की भूल और उस प्रकार का दोष वर्तमान राज्यक्रांति के समय न होने देने का निश्चय प्रत्येक नेता ने कर लिया है। अब विदेशी लोगों का इस राज्यक्रांति से कोई संबंध नहीं है।

४. सब से अधिक महत्व की बात तो यह है कि वर्तमान समय में राज्यक्रांतिकारक पक्ष को सेना की सहायता मिल गई है। राज्यकर्ता कितने ही जुल्मी और दुर्बल क्यों न हों, प्रजा में कितना ही असंतोष क्यों न हो और प्रजापक्ष के नेतागण कितने ही कार्यक्षम क्यों न हों, परंतु यथार्थ बात यह है कि जिस पक्ष को सेना की सहायता मिलती है वही अंत में विजयी होता है—अन्य लोगों के यत्न निष्फल हो जाते हैं। फ्रांस, स्पेन, नेदरलैंड, पोर्तुगाल, इंग्लैंड आदि देशों के इतिहासों में भी यही सिद्धान्त देख पड़ता है। व्याख्यान देनेवाले और राजनीतिज्ञ लोग अपनी वक्तृत्वशक्ति और संघटनाचातुर्य की भले ही प्रशंसा किया करें, परंतु जब तक उनको शस्त्रास्त्रों की सहायता नहीं मिलती तब तक उनकी सारी कार्रवाई निष्फल ही रहती है। इंग्लैंड के राजा द्वितीय जेम्स ने आत्मसंरक्षण के लिये जो सेना आयर्लैंड से लाकर लंडन के समीप खड़ी की थी वह यदि विरुद्ध पक्ष में शामिल हो न जाती तो अंग्रेजों को भी यह आत्मस्तुति करने का अवसर न मिलता कि 'खून खराबी किये बिना ही हमने राज्यक्रांति की।' जब नेपोलियन एल्बा टापू के कारागृह से भग गया तब यदि फ्रेंच सेना उसको न मिलती तो वाटरलू की लड़ाई का कोई कारण ही न रहता। शिवाजी की मृत्यु के बाद राजाराम को गद्दी पर बैठाने का यत्न करनेवाले राजनीतिज्ञों को यदि सेना की सहायता होती तो संभाजी गद्दी पर कभी बैठ ही न पाता। मुगलों की कैद से शाहू की जब मुक्तता हुई तब यदि उसको धनाजी जाधव की सहायता न मिलती तो वह सितारे की गद्दी पर कभी बैठ ही न सकता। हाल ही में पोर्तुगाल देश में जो राज्यक्रांति हुई वह भी सेना और जहाजी बेड़ों के ही बल पर हुई। तात्पर्य यह है कि चीनी क्रांतिकारक पक्ष की सफलता का मुख्य कारण यही है कि उनको सेना की सहायता थी।

५ अंतिम और अत्यंत महत्व का कारण यह है कि क्रांतिकारक पक्ष के नेतागण यथार्थ देशभक्त और स्वार्थत्याग से प्रेरित होकर एकचित्ततापूर्वक काम करते थे। यद्यपि डॉ. सनयातसेन को पकड़ कर सरकार के सिपुर्द करनेवाले को लाखों रुपयों के इनाम का लालच दिखाया गया था तथापि एक भी मनुष्य ने यह विश्वासघात का यत्न नहीं किया। यद्यपि डॉ. सनयातसेन ने राज्यक्रांति के लिये अपने प्राणों की परवा न करते हुए उद्योग किया, तथापि उसने अध्यक्ष का पद स्वयं स्वीकार नहीं किया—उस पद पर आरूढ़ होने के लिये यु-आन शि-काई को ही उसने अपने से अधिक योग्य समझा। स्वार्थत्याग का इससे अधिक उज्ज्वल उदाहरण और कहां देख पड़ेगा!

अब क्रांतिकारक पक्ष के साहस और बादशाही फौज की मूर्खता के विषय में एक बात लिख कर यह लेख समाप्त किया जायगा। वूचांग में जब बलवे का झंडा खड़ा किया गया तब प्रथम हांको शहर पर हमला करने का बलवाइयों का इरादा था, परंतु उनके पास युद्ध की सामग्री यथोचित न थी। वहां से कुछ दूर हंगयांग नामक किले में युद्ध की बहुत सामग्री थी, परंतु उस पर हमला करना सहज काम न था। इसलिये क्रांतिकारक पक्ष की फौज के दो सिपाहियों ने अपूर्व साहस करने का निश्चय किया। उन लोगों ने भगने का बहाना किया और उनके अन्य साथी उनको पकड़ने के लिये उनके पीछे दौड़ने लगे। इस प्रकार भगते भगते जब वे हंगयांग किले के समीप पहुंचे तब पहरेवालों के पैर पकड़कर उन्होंने कहा कि 'हम बादशाह की राजनिष्ठ प्रजा हैं और ये (उनके पीछे दौड़नेवाले) बलवाई लोग हम को दुष्ट पकड़कर ले जाने के लिये हमारे पीछे दौड़ते हुए चले आ रहे हैं। यदि तुम हम को किले में रहने दोगे तो हमारी जान बच जायगी, नहीं तो हम अपने बादशाह के लिये लड़ते लड़ते यहीं प्राण त्याग कर देंगे, हम जीते जी बलवाइयों के अधीन होना नहीं चाहते!' बहानेबाजों की इन बातों से किले के पहरेवाले चक्कर में आ गये। उन लोगों ने, यह समझकर कि इनका कथन सत्य है, किले के दरवाजे खोल दिये और उन्हें भीतर जाने दिया। थोड़ी देर के बाद जब बलवाइयों की फौज दौड़ती हुई किले के पास आई तब किले के भीतर घुसे हुए सिपाहियों ने सब दरवाजे खोल दिये। तुरंत ही बलवाई किले के भीतर घुस पड़े और उन लोगों ने युद्ध की सामग्री हस्तगत कर ली। इस स्थान में उन्हें ४८ बड़ी तोपें, सैकड़ों छोटी छोटी पहाड़ी तोपें, २३ हजार बंदूकें और ३० लाख कारतूस—इतनी सामग्री मिली। इसी सामग्री की सहायता से उन लोगों ने राज्यक्रांति सफल की।

क्रांतिकारक पक्ष का विजय होते ही बादशाह अपने सब अधिकार और सत्ता प्रजा को सौंप कर भग गया। यु-आन शि-काई अध्यक्ष पद पर नियत किया गया और लोकसत्तात्मक राज्य की स्थापना हुई। चीनी लोकसत्तात्मक राज्यप्रबंध के विषय में जापान, अमेरिका और फ्रांस ने अपनी अनुकूल सम्मति प्रगट की है। यह आशा की जाती है कि इंग्लैंड, रूस आदि पश्चिमी देश भी इस नूतन स्थापित लोकसत्तात्मक राज्य को सम्मानित करेंगे और उन लोगों का यह दुराग्रह नष्ट हो जायगा कि पूर्वीय देश लोकसत्तात्मक राज्यप्रबंध करने के योग्य नहीं हैं।

राजा रविवर्मा के

प्रसिद्ध चित्र।

यह एक ८८ चित्रों की पुस्तक मोटे और चिकने कागज (आर्टपेपर) पर छपी तैयार है। प्रत्येक चित्र के साथ उसकी ऐतिहासिक कथा भी दी गई है। आर्यभाषा में बिलकुल नई चीज़ है। आवरणपृष्ठ पर राजा रविवर्मा का प्रसिद्ध चित्र "शकुन्तला-जन्म" तीन रंगों में दिया है। पुस्तक की शोभा देखते ही बनती है। तिस पर भी मूल्य सब के सुभीते के लिए सिर्फ १) ही रुपया रखा है।

सूचना—पुस्तक की मांग धड़ाधड़ आ रही है। एक एक ग्राहक ने अपने और अपने मित्रों के लिए पांच पांच दस दस तक कापियां मँगवाई हैं। अब ग्राहकों के पास पुस्तकें भेजी जा रही हैं। कृपापूर्वक ग्राहकगण वी. पी. को स्वीकार करें। नवीन ग्राहक शीघ्रता करें। अन्यथा दूसरा एडीशन निकलने तक मार्ग प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

मैनेजर—चित्रशाला पूना।

उत्तम कागज, सुंदर छपाई, मनोहर चित्र.

इन्दु-

१०० पृष्ठका

सुंदर सचित्र मासिकपत्र।

वार्षिक मूल्य ३॥ मात्र।

प्रतिमास इतिहास, धर्म, समाज, भूगोल, आदिसे सम्बन्ध रखनेवाले निबन्ध, सरस, सरल और मनोरंजन करनेवाले पद्य चुनी हुई चुटकीली कविताएँ, चित्त प्रसन्न कर देनेवाले चुटकुले, जीवनचरित, भ्रमण वृत्तांत, समालोचन आदि प्रकाशित कर यह पत्र सर्वसाधारण को परम प्रिय होगया है। हिन्दी के अच्छे २ लेखक प्रायः सब इसमें लिखते हैं। आप पहिले ।=) आने के टिकट भेजकर इसका नमूना मंगाकर देखिए, फिर यदि आप सहृदय और गुणग्राहक हैं तो हम जोर देकर कहते हैं कि ग्राहक हुए बिना न मानेंगे

इन्दुके ग्राहक बनानेके लिए सब जगह एजेंट चाहिये। उचित कमिशन दिया जायगा।

मैनेजर-इन्दु, बनारस सिटी।

लोहे के डंबेल्स और लकड़ी के मुद्गल—लकड़ी जोड़ ८८६। और लकड़ी के मुद्गल की कीमत ८१२, १, १।, १॥ इत्यादि छोटी है।

मैनेजर—चित्रशाला प्रेस, पूना।

अँगरेजी—प्रवेश।

संवाद-पद्धति से अँगरेजी भाषा में अल्प काल में प्रवेश कर देने के लिए उत्तम साधन। तीन नमुने के पाठ और शिक्षक के लिए विस्तृत सूचना। मूल्य आठ आने। मैनेजर—चित्रशाला प्रेस, पूना।

शृंगेरी मठ के श्रीशंकराचार्य।

पाठक, जिन महानुभाव विभूति का चित्र आप यहां देख रहे हैं उनके चरित के संबंध में कुछ बातें लिखने के पहले आप को सुप्रसिद्ध विद्वान और बुद्धिमान त्र्यंबकशास्त्री का कुछ परिचय देना [illegible] और [illegible] में अत्यन्त प्रवीण थे। [illegible] आप जब छोटे थे [illegible] सुनकर, परीक्षकों को संदेह हुआ कि ये विद्यार्थी नहीं हैं, किंतु परीक्षक ही हैं। अस्तु।

व्याकरण, तर्क, मीमांसा आदि शास्त्रों का अध्ययन करके त्र्यंबकशास्त्री श्रीशंकराचार्य की प्रस्थानत्रयी का अध्ययन करने के लिये गुरु की खोज में निकले। परंतु उनकी अलौकिक विद्वत्ता के सामने उनको आचार्य का भाष्य पढ़ाने योग्य कोई गुरु नहीं मिला। अंत में साक्षात् शंकराचार्य ने प्रगट होकर उनको प्रस्थानत्रयी की शिक्षा दी।

त्र्यंबकशास्त्री का पुर्नोगल रामशास्त्री नाम का एक मुख्य शिष्य था। दक्षिणभारत में रामशास्त्री का नाम तर्कशास्त्र में प्रवीणता के लिये प्रसिद्ध है। आपने 'शतकोटि' नाम का एक उत्तम ग्रंथ लिखा है। यही रामशास्त्री प्रस्तुत चरित नायक के पिता हैं। आपने पहले ही भविष्यकथन किया था कि हमारा पुत्र सन्यासाश्रम ग्रहण करेगा।

सन् १८४८ ई. में हमारे चरित-नायक का जन्म मैसूर में हुआ। आप का नाम शिव रक्खा गया। लड़कपन ही से आपकी बुद्धिमत्ता और शील का प्रभाव लोगों पर पड़ने लगा। जब आप तीन वर्ष के थे तभी आपके पिता रामशास्त्री परलोक सिधारे। आपके बड़े भाई लक्ष्मीनरसिंह शास्त्री ने आपका लालन पालन यथायोग्य किया। इनका यज्ञोपवीत संस्कार आठवें वर्ष में हुआ। एक वर्ष बाद शृंगेरीमठ के श्रीशंकराचार्य को श्रीशारदा देवी का [illegible] हुआ और शंकराचार्य ने मैसूर के राजा तीसरे कृष्णराज वाडियार के मार्फत लक्ष्मीनरसिंहशास्त्री के छोटे भाई को अपना शिष्य बनाने के लिये मांगा।

यह मांग स्वीकृत हुई और शंकराचार्य ने अपने इस शिष्य का नाम 'सच्चिदानंद शिवाभिनवनृसिंह भारती' रक्खा। बारह वर्ष तक शंकराचार्य ने आपको शिक्षा दी। इक्कीसवीं वर्ष की आयु में आप अपने गुरु की गद्दी पर बैठे और श्रीमज्जगद्गुरु श्रीशंकराचार्य का काम करने लगे। यह बात सब लोगों को विदित है कि आपने श्रीशंकराचार्य, श्रीसुरेश्वराचार्य, श्रीविद्यारण्य आदि महात्माओं की गद्दी का काम कैसी उत्तमता से किया है।

सच्चिदानंद शिवाभिनवनृसिंह भारती स्वामी ने कुछ दिन पहले त्रावनकोर राज्य में कालटी नामक स्थान में (जहां आदिशंकराचार्य का जन्म हुआ था) दो भव्य मंदिर बनवाए हैं। एक श्रीशंकराचार्य का और दूसरा श्रीशारदाम्बा का है। बहुत प्राचीन समय से मलाबारप्रांत के निवासियों में यह भविष्यकथा प्रचलित थी कि ३३ वीं पीढ़ी में श्रीशंकराचार्य स्वयं अवतार लेकर अपनी जन्मभूमि में मंदिर बनवायेंगे और मलाबार प्रांत को कलंकमुक्त करेंगे। कहने में कोई हर्ज नहीं कि यह भविष्यकथा सच निकली, क्योंकि ये स्वामी जगद्गुरु की गद्दी पर ३३ वें पुरुष हैं। देवालयों की स्थापना का महोत्सव देखने के लिये कालटी में सब जाति और सब पंथ के दो लाख से अधिक लोग एकत्र हुए थे।

गत वर्ष स्वामीजी ने संस्कृत विद्या के पुनरुज्जीवनार्थ बंगलोर में एक बृहत् विद्यालय स्थापित किया। इस विद्यालय की नींव सन् १९०७ ई में खोदी गयी थी। तब से स्वामीजी इसके लिये अनंत परिश्रम कर रहे थे। अंत में यह कार्य उनकी जीवितावस्था ही में सफल हुआ। शृंगेरी में भी आपने श्रीशारदा और श्रीचंद्रमौलीश्वर के मंदिर बनवाने का कार्य आरंभ किया था। ये मंदिर उनके पश्चात् अब बनकर तैयार हो गये हैं।

इधर कुछ दिनों से स्वामीजी की शारीरिक प्रकृति अस्वस्थ होने लगी थी। तौभी आपने अपने नित्य के उपदेश क्रम में कभी बाधा होने न दी। अंत में गत चैत्र शुक्ला द्वितीया के दिन आप इस कर्मभूमि का त्याग करके ब्रह्मस्वरूप में लीन हो गये। मृत्यु के समय आपकी आंतरिक वृत्ति अत्यंत शांत, गंभीर और आनन्दमय देख पड़ती थी। अंतिम श्वासोच्छ्वास लेने के पहले आपने सीता राम, ईश्वर और अम्बिका के पवित्र नाम का मुख से उच्चारण किया और फिर देहत्याग किया। मृत्यु के एक मास पहले किसी को इस बात की कल्पना तक न थी कि स्वामीजी अब सब लोगों को छोड़कर शीघ्र ही चल बसेंगे।

यद्यपि स्वामीजी का शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा न था, तथापि उनकी नाड़ी की गति यथायथ बनी थी। मृत्यु के समय पर्यंत उनकी नाड़ी की गति निरोगी मनुष्य की नाई बहुत ठीक मालूम होती थी—उसमें किसी प्रकार का विकार देख नहीं पड़ता था। यह उनके योगबल का ही परिणाम है। और्ध्वदेहिक क्रिया करने में लगभग छै सात घंटे लग गये। तब तक स्वामीजी के मुख पर तेज और स्मित दोनों उपस्थित थे। प्रेक्षकों को यही बोध होता था कि स्वामी जी सदा की नाई समाधि अवस्था ही में निमग्न हैं।

स्वामीजी ५३ वर्ष तक इस गद्दी पर विराजमान थे। आपने अपनी अगाध विद्वत्ता—अपना सर्वस्व—मानवजाति की सेवा के लिये अर्पण कर दिया था। आप सब लोगों के साथ हिल मिलकर स्वतंत्रतापूर्वक बातें करते थे। आपकी गुरुभक्ति, विद्वत्ता, प्रेम, दयार्द्रता आदि सद्गुणों का वर्णन करना कठिन काम है। जब आपकी सवारी देश में धर्म का निरीक्षण करने के लिये बाहर निकलती थी तब धार्मिक और श्रद्धालु जन आपको लाखों रुपये अर्पण करते थे। आपकी पिछली सवारी में १७½ लाख रुपये मिले थे। यह सब धन आपने सत्कार्य में व्यय कर दिया है। सत्कार्य में द्रव्यदान करते समय स्वामीजी धर्मभेद या जातिभेद या पंथभेद पर बिलकुल ध्यान न देते थे। एक बार एक मुसलमान बालक उनकी शरण में आया था। आपने तुरंत ही उसकी शिक्षा का उचित प्रबंध कर दिया। यह लड़का मैसूर में शिक्षा संपादन कर रहा है।

स्वामीजी के उपदेश और आचरण में कर्म, भक्ति और ज्ञान इन तीनों मार्गों का बहुत ही उत्तम सम्मेलन देख पड़ता था। वर्तमान समय में आपके समान धर्माधिकारी पुरुष और कोई सुनने में नहीं आता। प्रार्थना यही है कि श्रीशारदाम्बा देवी और श्रीमच्छंकराचार्य की कृपा से ऐसे ही महानुभाव सत्पुरुष इस प्राचीन धर्मपीठ को सदा सुशोभित करते रहें।

फूलों के लिये अन्य सामान.
लकड़ी का कम्पास.
१२ वीलायती पाईट.
और पीतल के होल्डरसहित १८२; पुरुरूल ८१; पुरुरूल बढ़िया ८१८१; इंडिया रबर के टुकड़े प्रत्येक ८८६; सफेद खडिए। की बढ़िया सब दर्जन ८१; ड्राइंग के ब्रश . . १—२—३ सब्बे ८१ ड्राइंग के ब्रश नं. ४. ५. ६ ८१८।

भूमिति के लिए प्राय: एक्जामाइन युक्त प्रत्येक ८२; पेपरपापामवाबम—इसमें पेन्सिल बराम और डिवायडर, है इसी सन्दूक का खेल यही मेसर्मेंकमं और प्रोटेक्टर—इत्यादि सामान है। प्रत्येक की कीमत ८१४। टेप बढ़ा २४ फुट का १०; टेप व। ४० फुट का ८१२ स्टिकिंग स्लेट ८१; स्टंज८४।
[illegible] पूना।

सिद्ध बीसायंत्र।

हे कार्यों पर १॥) और स्मारक कार्यालय २॥) में उपहार समेत तथा श्री गुरुमंत्रिका के अनुसरी २) पर्चारम १।) पुन राम मुर्शेल दाम क मुक्त [illegible]।

पं० कपोताक्षनप्रसाद वैद्यज्योतिषी, काशी।

कोल्हापुर के दृश्य।



नं० १ अम्बादेवी के देवालय का अगला दृश्य।

नं० २ देवालय का पिछला दृश्य।

कोल्हापुर शहर में कुल २५० मन्दिर हैं; उन सब में मुख्य और बड़ा सुन्दर श्रीमहालक्ष्मी का मन्दिर शहर के मध्यभाग में है। मन्दिर का मुख्य भाग दुमंजिला है और सारा मन्दिर काले पत्थर का बना हुआ है। पहले पहले यह मन्दिर जैन लोगों ने बनाया, परन्तु पीछे से ऊपर का शिखर और कुछ भाग संकेश्वर मठ के श्रीमत् शंकराचार्य ने एक लाख रुपये खर्च कर के बनवाया और इस में श्री महालक्ष्मी की स्थापना की। बीच में चौदहवीं और पन्द्रहवीं शताब्दी में मुसलमानों के भय से श्री महालक्ष्मी की मूर्ति मन्दिर से निकाल कर दूसरी जगह छिपा रक्खी गई और सन् १७२२ में कोल्हापुर के संभाजी महाराज ने फिर उसकी स्थापना की। देवालय पश्चिमाभिमुख है और उसमें जाने के लिये चार द्वार हैं। अगले दरवाज़े पर नगारखाना है। पूर्व के द्वार पर एक बड़ा घंटा लगा है और वह दिन में पांच दफ़े आरती के समय बजाया जाता है। मुख्य देवालय में श्री गणपति, श्री महालक्ष्मी और श्री महासरस्वती के छोटे छोटे मन्दिर हैं। देवालय के विषय में यह दन्तकथा है कि इसमें जितना पत्थर लगा है उतनेही वज़न का सोना इसके बनाने में खर्च किया गया है। सन् १८६३—१८७५ में, मुख्य प्रधान राजा पंडित के ज़माने में, देवालय से मिला हुआ एक बड़ा मण्डप बनाया गया है। मुख्य देवालय के चारों तरफ पत्थर की बड़ी दीवाल है और उसके भीतर अनेक छोटे छोटे मन्दिर हैं। श्री महालक्ष्मी की पूजा करने के लिये कुल लगभग ३० पुजारी हैं।



नं० ३ देवालय की उत्तर ओर का दृश्य।

प्रत्येक शुक्रवार को श्री महालक्ष्मी की पीतलवाली मूर्ति पालकी में रख कर मन्दिर के चारों तरफ फिराते हैं और फिर तोप छुड़ाई जाती है। वर्ष भर में श्री महालक्ष्मी के तीन बड़े दिन होते हैं। पहला चैत्र शुक्ल १५; इस दिन श्री महालक्ष्मी की मूर्ति एक बड़े रथ मे रख कर शहर में घुमाते हैं। दूसरा आश्विन शुक्ल ५; इस दिन पालकी पर से देवी की मूर्ति कोल्हापुर से तीन मील पर श्रीत्र्यम्बुली के मन्दिर मे ले जाते हैं और तीसरा दिन आश्विन शुक्ल १५; इस दिन बड़ी धूमधाम के साथ अन्नभोज होता है और रात को देवालय के शिखर तथा उसके अन्य भागों में दीपोत्सव होता है।

नं० ४ के चित्र में जो पानी का हौज दिखलाया है उसके विषय में यह इतिहास प्रसिद्ध है कि अठारहवीं शताब्दी के अन्त तक कोल्हापुर में पानी का अच्छा सुभीता न था। तब पूना के श्रीमान् रईस बापूराव के शय ठाकुर एक बार कोल्हापुर की यात्रा में आये। उनसे [illegible] अन्य यात्रियों ने प्रार्थना की कि "कात्यायनी के पहाड़ से श्री महालक्ष्मी के देवालय के लिये पानी लाने का प्रबन्ध होना चाहिये।" बापूराव ने कोल्हापुर महाराज से इस काम की इजाज़त मांगी, परन्तु महाराज ने यह समझ कर कि बाहर के मनुष्य को पानी लाने देना अच्छा नहीं, इजाज़त नहीं दी। तब श्री महालक्ष्मी ने महाराज को स्वप्न में आज्ञा दी कि "बापूराव की विनती मानना चाहिये।" तब सन् [illegible] ई० में बापूराव ने तीन लाख रुपये खर्च करके नल के द्वारा पानी ला कर हौज़ में [illegible]। इसके सिवाय

०० हजार रुपये उन्होंने नल तथा हौज की मरम्मत के लिये भी कोल्हापुर के एक जमींदार के पास जमा कर दिये। कुछ दिन बाद यहां पानी कोल्हापुर के महाराज अपने महलों में और शहर में ले गये।



नं. ४ देवालय में जाने का मुख्य मार्ग।



नं. ५ देवालय के हाते में पानी का हौज।

सूक्ष्मदर्शक यंत्र के नीचे परीक्षा किये हुए अश्रु।

ऊपर जो चित्र दिये जाते हैं वे आधुनिक काल में एक वैज्ञानिक के किये हुए एक चमत्कारिक प्रयोग के फल हैं। यह तो सभी जानते हैं कि मनुष्य के शरीर में बहुत सा नमक है, अतएव मनुष्य के आंसुओं के साथ भी नमक बाहर निकलता है। यह बात सब लोग जान सकते हैं। आंसुओं में शरीर के क्षार अधिकांश में रहते हैं। और जिन मनोविकारों से आंसू पैदा होते हैं उनके अनुसार वे क्षार भिन्न भिन्न प्रकार की आकृति में देखे जाते हैं। (क्रिस्टलाइज होते हैं) ऊपर से देखने में तो यह बात अविश्वसनीय मालूम होती है; परन्तु विज्ञान ने यह बात सिद्ध कर दी है

उपर्युक्त वैज्ञानिक ने एक कांच का टुकड़ा लेकर उस पर एक दुःखित पुरुष के आंसू का बुन्द रखा। कुछ देर बाद वह बुन्द सूख गया और उस पर सिर्फ क्षारों की आकृतियां रह गईं। फिर जब वह कांच सूक्ष्मदर्शक यंत्र के नीचे रखकर देखा गया तब उसमें ऊपर दिया हुआ दुःखाश्रुओं का चिन्ह देख पड़ा। इसके बाद और भी दो दुःखित लोगों के आंसुओं की परीक्षा की गई उनमें भी वैसेही चित्र निकले।

इसके बाद क्रोध और निराशा से उत्पन्न हुए आंसुओं की परीक्षा की गई; और उनके चित्र जब अन्य अन्य आकृतियों के देख पड़े तब उस वैज्ञानिक को बड़ा आश्चर्य हुआ। प्रत्येक मनोविकार से उत्पन्न होनेवाले अश्रुओं के क्षारों की आकृतियां भिन्न और स्वतंत्र देख पड़ने लगीं। अनेक बार ऐसेही प्रयोग किये गये, परन्तु परिणाम एकही देख पड़ा। अब पश्चिमी विज्ञानवेत्ता इस बात का कारण ढूंढ निकालने में लगे हुए हैं कि ज्ञानतन्तुओं को भिन्न भिन्न क्रियाओं से शरीर के क्षारों की आकृतियां भिन्न भिन्न क्यों दिखाई देती हैं।

जिन प्रयोगों से उपरोक्त चित्र उत्पन्न हुए हैं वे प्रयोग बिलकुल साधारण हैं। सूक्ष्मदर्शक यंत्र रखनेवाला प्रत्येक पुरुष ये प्रयोग कर के देख सकता है।

ब्रह्मचर्य का अभाव।

[१]

"रस बिना कविता वृथा है" ठीक है यह बात,
पर किसे भीषण कथा रस पूर्ण होगी ज्ञात?
ब्रह्मचर्य्य व्रत बिना है जो हमारा हाल,
मित्र! उसका चित्र दर्शन है बड़ा विकराल॥

[२]

बढ़ रहे अब क्यों निरन्तर नित्य नूतन रोग?
क्यों न होते पूर्व के से शक्तिशाली लोग?
सर्वथा स्वल्पायु होकर घट रहे क्यों आर्य्य?
पूर्वजों के तुल्य क्यों होते न हम से कार्य्य?

[३]

एक उत्तर है यहां पर—'ब्रह्मचर्य्याभाव,'
कर रहा घुन बन यहां पर घर भयंकर घाव।
वीर्य्य बल का मूल है संसार में जो सार,
ब्रह्मचर्य्याश्रम बिना उसका कहां आधार?

[४]

ब्रह्मचर्य्याभाव है जब वीर्य्य का क्या काम
वीर्य्य जब तनु में नहीं बल का कहां फिर नाम?
बल नहीं जब देह में हो क्यों न नाना रोग,
रोग युक्त शरीर के दिन भोग सकता भोग?

[५]

वीर्य्य दैहिक शक्ति का ही है नहीं आगार,
मानसिक बल-बुद्धि का भी है यही आधार।
कुछ विचार किया जहां उत्पन्न हुआ व्यभिचार?
इस दशा में किस तरह हो ज्ञान का विस्तार,

[६]

एक वे हैं जब रहे जो [illegible],
एक हम हैं, [illegible] का हार!
वीर्य्य-बल [illegible] हैं वे हम [illegible],
और हम में और उन में हो न क्यों फिर भेद.

[७]

वीर्य्य से ही धीरता को धार सकते धीर,
वीर्य्य से ही वीरता को प्राप्त होते वीर।
वीर्य्य से ही भीष्म में थी आत्म-शक्ति असीम,
वीर्य से ही हाथियों को फेंकते थे भीम ॥

[८]

पुत्र ने मा का अभी छोड़ा नहीं पय-पान,
पौत्र-दर्शन की हमें इच्छा हुई बलवान !
स्वल्प वय [illegible] ही तनय का कर दिया बस व्याह,
आह ! इस वात्सल्य की भी है भला कुछ थाह !!!

[९]

वीर्य्य-रक्षा का जिन्हें मिलना न अवसर हाय !
क्यों न वे अल्पायु होकर नष्ट हों निरुपाय ?
प्राण से प्यारे सुतों का भूल कर परिणाम—
कर रहे माता पिता ही शत्रुओं का काम !

[१०]

वीर्य्य की परिपुष्टता से हैं स्वयं जो हीन—
क्यों न हो सन्तान उनकी क्षीण और मलीन ?
कर कभी सकते न अङ्कुर बीज-गुण-विच्छेद,
इस नियमों में कभी होता न विनिमय भेद ॥

[११]

हाय ! मेधा-शक्ति अब हैं नहीं है साथ,
मक्खियाँ कैसे उड़ें, उठते नहीं हैं हाथ।
पूर्ण यौवन काल ही में हो गया क्षय गान,
ब्रह्मचर्य्याभाव के हैं ये सभी उत्थान ॥

[१२]

पूर्वजों के बुद्धि-बल की बात कहते आज—
हाय ! क्यों गिरती न हम पर लाजरूपी गाज ?
आज भी जिन के अलौकिक कार्य्य हैं अविलीन,
क्या वही पूर्वज हमारे थे हमीं-से दीन ?

[१३]

ब्रह्मचर्य्य व्रत सहित कर शास्त्र-शीलन शुद्ध,
था प्रथम होता कहो तो पुष्ट और प्रबुद्ध।
हा ! कहाँ अब जन्म से ही हैं विषय के साज,
पतित होगा क्या हमारा और अधिक समाज ?

[१४]

मनुज में मनुजत्व का है चिन्ह केवल शील,
ब्रह्मचर्य्य विना हुई उस शील में भी ढील।
आत्मसंयम-हेतु है बस ब्रह्मचर्य्य प्रधान,
ब्रह्मचर्य्य मनोदमन का है प्रथम सोपान ॥

[१५]

वीर्य्य-रक्षा के विना होते न अवयव पुष्ट,
बुद्धि कैसे हो हमारी, क्यों न हों रुज रुष्ट ?
रोक सकती औषधें क्या यह अपार अनर्थ ?
नष्ट मूल-महीरुहों को सींचना है व्यर्थ ॥

[१६]

नियम के प्रतिकूल जो करते गये हैं काम,
हो गया है नाश उनका मिट गया है नाम।
यदि न चेतेंगे हमें भी क्यों न होगा दण्ड,
प्रकृति-शासन में दया का है अभाव अखण्ड ॥

[१७]

भाग्य पर करते वृथा हम रोष या सन्तोष,
समय के सिर थोपते हैं व्यर्थ ही सब दोष।
कर्म्म-फल के भोग का गाता न कोई गीत,
समय क्या विपरीत हैं बस हैं हमी विपरीत ॥

[१८]

हो उठे यदि फिर यहाँ पर ब्रह्मचर्य्य-स्फूर्ति,
तो हमारी हीनता की हो सहज ही पूर्ति।
प्राप्त हो फिर से हमें वह बुद्धि और विवेक,
जन्म लें घर घर यहाँ पर राममूर्ति अनेक ॥

[१९]

वीर्य्य रक्षण जो हमें होगा न अब भी इष्ट,
तो हमारा नाम ही रह जायगा अवशिष्ट।
श्रीरती सबल हैं बलवान ही की चाह,
लोक में निर्बल जनों का है नहीं निर्वाह ॥

[२०]

हा हरे ! हा दीनबन्धो ! हा विभो ! विश्वेश !
कौन हर सकता हमारा तुम विना यह क्लेश ?
दीजिए दृढ़ मति दयामय, कीजिए मद-मुक्त,
हो सकें जिसमें पुन हम पूर्व-गौरव-युक्त ॥

श्रीमैथिलीशरण गुप्त।

श्रीमत्सुब्रह्मण्यानन्द तीर्थ।

[illegible]

श्रीमत्सुब्रह्मण्यानन्द तीर्थ।

[illegible]

इनके समान प्राज्ञ पुरुष इन प्रान्तों में शायद ही कोई हो। सार्वजनिक हलचल में भी आपकी बहुतसी अवस्था व्यतीत हुई है। एक योगी का साक्षात्कार होने के कारण, सब लोगों के आग्रह और मोहपाश की परवा न करते हुए, अब आपने सन्यासदीक्षा धारण की है। अब इनका जीवनक्रम उपनिषद् आदि के पठन मनन में सुख से व्यतीत हो रहा है। परमात्मा करे आप दीर्घायु हो कर संसार का चिरकाल तक उपकार करते रहें।

सफेद स्वच्छ पोस्टकार्ड।

सफेद और रंगबिरंगे लिफ़ाफ़े।

१०००० ... ... =॥)
५००० ... ... ४॥)
१००० ... ... १=)
१०० ... ... =)

लिफ़ाफ़े।

आकार (३॥×५॥ और ५॥×३॥)

१,०००० ... ... १५)
५००० ... ... =)
१००० ... ... १॥)
१०० ... ... =)

इनके सिवाय छोटे आकार के चौकोने और लम्बे लिफाफे उपर्युक्त कीमत के हिसाब से ही मिलेंगे।

सचित्र अक्षरबोध, की० ।=)
मूलाक्षरों के चित्रयुक्त रंगबिरंगे पत्ते ।)
जानवरों के पत्ते की० =)

सचित्र पोस्टकार्ड।

(एक रंग में)

दाम प्रति ग्रोस २) रु०, ३० कार्ड के दाम ।=) प्रति कार्ड दो पैसे।

१ सौभद्र नाटक के पांचवें अंक का सीन। २ घटोत्कच और सुभद्रा। ३ श्रीकृष्ण और बलराम सुभद्रा से मिलने आये हैं। ४ पेशावर के ओर की स्त्री। ५ रायगढ़ पर गंगासागर तीर्थ। ६ महारानी चिमनाबाई साहब गायकवाड़, बड़ोदा। ७ शराब पिया हुआ। ८ अशोकवन की सीता। ९ विश्वामित्र-मेनका। १० विचार तरंग। ११ डरा हुआ। १२ बाग में [illegible] स्त्री १३ गरुड़ और विष्णु। १४ गोवा की तरकारीवाली स्त्री। १५ गोवा की तरकारीवाली स्त्री नं० २। १६ हँसने का एक प्रकार। १७ गरुड़स्तम्भ-पद्म-मंदिर। १८ श्रीनरसिंह सरस्वती स्वामी, आलन्दी। १९ श्री द्वारकानाथ, मथुरा। २० श्रीहनुमानजी। २१ सिंहगढ़ में राजाराम महाराज की समाधि। २२ रायगढ़ किला। २३ सरस्वती। २४ सुख-शयन। २५ [illegible]। २६ महाराष्ट्री सुन्दर स्त्री। २७ आर्टेमिसिया (हैम्लेट) २८ फतेहपुर सीकरी का किला। २९ गंगावती। ३० त्र्यम्बकेश्वर।

मैनेजर—चित्रशाला, पूना।

महाराज पांचवें जार्ज और महारानी मेरी के रंगीन चित्र।

इनके सिवाय महाराष्ट्र [illegible] और महात्माओं [illegible] के चित्र भी, उपर्युक्त प्रकार के चित्रों के लिए तैयार हैं। [illegible]

मैनेजर—चित्रशाला, पूना।

देखना चाहिये क्या मुल्क कदर करता है

ढूंढते फिरते हर एक सिम्त कदरदां हैं हम।

ताज्जुब होगा!

आप ... दन्त कुसुमाकर के ... होते भी आप दांतों की शिकायत करेंगे! यह इन बीमारियों के अतिरिक्त दांतों की हरएक बीमारियों के लिये 'एक मात्र' औषध है।
दाम बड़ी डिब्बी का १), दर्जनके १०)
छोटी डिब्बी का ८ आना, दर्जनका ५)

दन्तकुसुमाकर।

दांतों पर जाला पड़ जाना, पीले हो जाना, मसूड़ों में दर्द होना, दांतों का कुन्द या खट्टे हो जाना, हिलना व कमजोर पड़ जाना, दर्द या कीड़े पड़ जाना, टेढ़े तिरछे या निकम्मे हो जाना, घड़ी घड़ी चिप्पड़ का निकलना, कड़ी चीजें तोड़ने लायक न रहना, दांत के गन्दे काले और मैले हो जाना, खून निकलना या उसके किसी हिस्से में दर्द का होना इत्यादि। प्रतिदिन व्यवहार करनेवालों का दांतों में किसी तरह की बीमारी नहीं रहती, साफ और चमकीले बने रहते हैं। किसी तरह की दुर्गन्धि भी नहीं आती और मुंह खुशबूदार तथा स्वादिष्ट बना रहता है। इस पते से मंगवाइये—मैनेजर, फ्रेण्ड एण्ड कम्पनी, मथुरा।

• ओ३म् •

गुरुकुल वृन्दावन की सहायता कीजिये!

क्योंकि

सर्वेषामेव दानानां ब्रह्मदानं विशिष्यते। मनुः॥

...पि सन्तानो!

वेदों के उद्धारार्थ, ऋषि, मुनियों के गौरवार्थ, प्राचीन प्रणाली के प्रचारार्थ, भारतवर्ष के उपकारार्थ, संसार भरके लाभार्थ तथा ब्रह्मदानके महत्वके द्योतनार्थ श्रीमती आर्य्यप्रतिनिधि सभा संयुक्तप्रान्त आगरा व अवधने सात वर्ष हुए कि यह गुरुकुल खोला था जिसमें इस समय ८० से अधिक छात्र केवल भोजनादि व्यय देकर विना किसी फीसके शिक्षा ग्रहण करते हैं और ३० विद्यार्थी तो जिनमें ऐसे हैं कि जिनसे भोजनादि व्यय भी नहीं लिया जाता। इन छात्रोंमें प्रतिष्ठित से प्रतिष्ठित और साधारणसे साधारण पुरुषों तकके बालक सम्मिलित होते हुए भी सबका रहन, सहन, भोजनाच्छादन और शिक्षण आदि एक ही प्रकारसे होता है और सब छोटे बड़ोंके साथ समान बर्ताव किया जाता है। इन छात्रोंके संरक्षकोंने प्रतिज्ञा की है कि यह छात्र २५ वर्षकी आयु तक ब्रह्मचर्यव्रत के नियमोंका पालन करते हुए शिक्षा लाभ करेंगे जिससे जहां एक ओर विद्या द्वारा आत्मिकोन्नति होगी तो दूसरी ओर ब्रह्मचर्यद्वारा शरीर भी पुष्ट होगा। इन छात्रोंको संस्कृत तथा अंग्रेजीकी शिक्षा दी जाती है। यह गुरुकुल सात वर्ष तक फर्रुखाबाद में था परन्तु श्रीमती सभा ने इसका स्थिर स्थान मथुरा निश्चित कर दिया है और वृन्दावनके प्रसिद्ध दानी श्री० कु० महेन्द्रप्रतापसिंह साहिबने वृन्दावन के निकट अपना तथा वृन्दावन स्टेशनके सामने यमुना तटपर बाग तथा उससे मिली हुई अन्य भूमि जिसके मूल्य का अनुमान १५००) किया गया था, गुरुकुलके निमित्त प्रदान करके भारतवासियोंको बतला दिया कि सच्चा दान इस प्रकार किया जाता है। उसी बागमें गुरुकुलकी स्वत्वाधिकारिणी सभाने १००००) से अधिक व्यय करके ब्रह्मचारी आश्रम तथा अन्य कुछ आवश्यकीय स्थान निर्माण कर लिये हैं और कुछ अब तक बनने बाकी हैं। गत दिसम्बर मासमें गुरुकुलोत्सवके समय ५०० से अधिक यात्रियोंने गुरुकुलभूमि में निवास किया और गुरुकुलके लिये उचित और उपयोगी स्थान मिला समझ कर गुरुकुलकी सहायतार्थ चौदह हजार रुपया चन्दा देकर सिद्ध कर दिया कि वह तन, मन और धन सभी तरहसे सहायता करनेके लिये सन्नद्ध हैं, परन्तु तो भी इतनी सहायता पर्य्याप्त नहीं है। अभी तो यहां गुरुकुल का कार्य्यारंभ ही हुआ है। अभी विद्यालय, पुस्तकालय आदि सभी इमारतें बननी बाकी हैं, गुरुकुलोन्नतिके लिये योग्य और धर्मात्मा अध्यापक बढ़ाने हैं, साइंस (पदार्थविद्या) की शिक्षाके लिये अनेक प्रकारके यन्त्र मंगाने हैं, और अध्यापकों तथा सहायकोंके रहनेके मकानात यज्ञशाला तथा यात्रियोंके ठहरनेके लिये धर्मशाला आदि स्थान निर्माण करने हैं जिसमें बहुत बड़ी सहायता की आवश्यकता है। वेदों के प्रेमियोंको, ऋषि, मुनियोंके सम्मानों को प्राचीन प्रणालीके प्रचारकोंको, और समस्त भारतवासियोंको तन, मन, धनसे गुरुकुलकी सहायता करनी चाहिये। ५००) अथवा इससे अधिक सहायता देने वालोंके नामके पत्थर खुदवाकर वहां इमारतोंमें लगाए जावेंगे। मथुरा तथा वृन्दावन जाने वालोंको एक बार इस अपूर्व विद्यालय (गुरुकुल) का अवश्य दर्शन करना चाहिये।

निवेदयिता

तुलसीराम स्वामी
प्रधान आर्यप्रतिनिधिसभा
संयुक्त-प्रान्त

नारायणप्रसाद
मुख्याधिष्ठाता
गुरुकुल वृन्दावन।

भारतवर्ष पर अरिष्ट।

भारतवासियों के पीछे बुखार और जूड़ी ताप का अरिष्ट सदा के ही लिए लगा हुआ है। पर उसका नाश करने के लिए भी "बाटलीवाले की जूड़ी ताप की दवा" और गोलियाँ यह बड़ी अकसीर दवा मौजूद है। बुखार या जूड़ी ताप आते समय यह दवा लेते जाना। की० १ रुपया।

निस्तेज लोगों के लिए बाटलीवाले की पुष्टाई की गोलियाँ।

यह दवा लेने से श्रम, मस्तिष्क की अशक्तता, वीर्य का नष्ट होना, बेताकती, क्षयरोग का पूर्वरूप और अग्निमान्द्य इत्यादि बीमारियां तुरन्त ही दूर होती हैं। की० १॥) रुपया।

बाटलीवाले का दन्तमंजन।

यह मंजन मायफल के साथ कई अंगरेजी दवाइयों का मेल करने से बना हुआ है। कि० ४) आना।

बाटलीवाले का गजकर्ण पर मलम।

इससे गजकर्ण, खुजली, दाद आदिक विकार एक दिन में नष्ट होता है। की० ४) आना।

ये दवाइयां दवा बेचनेवाले सब लोगों के दुकानों पर और डॉ० एच्. एल्. बाटलीवाला, जे. पी. मु० वरली, लेबोरेटरी दादर, बम्बई यहां मिलती हैं।

अँगरेजी-यंत्र।

संसार-प्रकृति से अँगरेजी भाषा में प्रस्ताव में प्रवेश कर देने के लिए उत्तम साधन लौट नमूने के पत्र और रिपोर्ट के लिए विस्तृत सूचना मुफ्त कार्ड आवे।

मैनेजर, ...प्रेस, पूना।

१७ वर्षकी परीक्षित

गवर्नमेन्ट से रजिस्टर्ड की हुई



धातु वर्धक और पौष्टिक अपूर्व महौषधि

हर प्रकार के प्रमेह और उससे पैदा हुए दोषों से वक्त पर पछ-ताना थोड़ा चलने फिरने से थकावट आना, भूक न लगना, बदन रहना, सिर घूमना, जलन तथा हाथ पैरों में हड़कल होना, सब बदन मलीन, चेहरा शुष्क और तेजहीन रहना, आदि धातु क्षीण के दोषों को फौरन नष्ट कर दुर्बल और कमजोर मनुष्यों को हट्टा, कट्टा, पट्ठा बनाकर शरीरका पौरुष बढ़ाने वाली "पुष्पराज वटिका" एक मात्र दवाई मूल्य ४० खुराकका की बक्स २॥) रु० ६० खुराकका बक्स ३॥) रुपया और ८० खुराक का की बक्स ४॥) रुपया वी. पी. खर्च ।) आना

छपगई ! छपगई !! सचित्र

नाटक रामायण

सातों कांड

गोस्वामी तुलसीकृत रामायणके आधार पर नाटकी धुनके हर तरहके दिल चस्प गजल, ठुमरी, दादरा, कजरी, कव्वाली, आदि नये २ गानोंमें भाव पूर्ण गानेकी २२६ सफे की नवीन पुस्तक मूल्य २॥) रु० वी.पी. ।) आ.

पता—सुन्दर श्रृंगार महौषधालय मथुरा ।

[विक्री को तैयार!] [विक्री को तैयार!]

छोटे बच्चों के लिए

सचित्र अक्षरबोध ।

इसमें 'अ' से 'ज्ञ' तक सब स्वर और व्यंजन और वस्तु दिये गये हैं जिनके नाम के प्रथमाक्षर तथा चित्र अलग अलग भड़कदार रंगों में दिये गये हैं। १ से १० तक अंक भी उपरि-निर्दिष्ट पद्धति ही से बतलाये गये हैं। पुस्तक का आकार क्राउन चतुर्थांश ७×६ रखा गया है, इस लिए चित्र और अक्षर उत्तमोत्तम, और आकार में बड़े हैं। अंगरेजी में ए. बी. सी. काम में जिस तरह की पुस्तक जाता है उसी ढंग पर इस पुस्तक की रचना की गयी है। इस लिए छोटे बच्चे इस पुस्तक को बहुत पसन्द करते हैं और इस पर से अपना प्रथम पाठ बिना आयास सीख सकते हैं।

मैनेजर—चित्रशाला, पूना

संस्कृत-प्रबोध ।

यदि आप [illegible] दी-भाषा में संस्कृत व्याकरण का रहस्य जानना चाहते हैं, तो संस्कृत-प्रबोध के चारों भागों को देख जाइये। यह आपको अनायास संस्कृत में प्रवेश करा देगा। मूल्य चारों भागों का ॥।=)

पता—बदरीदत्त शर्मा ।

आर्यसमाज, ठंडी सड़क, कानपुर ।

छापने के कागज़ ।

[illegible]-[illegible], [illegible] । [illegible] आकार डेमी, रायल, क्राउन, [illegible] डेमी १७॥×२२॥ [illegible] पीला, [illegible] पीला, गाँजा, गुलाबी, वजन [illegible] रिम १८ पौंड, कीमत प्रत्येक रिम की २ रु। [illegible] आने। [illegible] १७॥×२२ के कीमत प्रति रिम २ रु. ८ आ. १७॥×२२ [illegible] पेपर मोटा ४० पौंड वजन, [illegible] कागज़ । कीमत ६॥ रुपये । १७॥×२२॥ [illegible] पेपर पतला, वजन २० पौंड, [illegible] रुपये । ड्राइंग पेपर, आकार २०×३०, [illegible] ४० पौंड, कीमत आठ रुपये । [illegible] आकार २०×३०, वजन २८ पौं० की. [illegible] १२ आने ।

सफेद ग्लेज़ डेमी १७॥×२२॥, वजन [illegible] पौंड, की. २ रु. सफेद ग्लेज़ रायल २०×[illegible] पौंड ४०, की. २ रु. । [illegible] २७॥×२१॥. पौंड ५४, की. ५। रु. । [illegible] यूज़ पेपर, आकार २०×३०, वजन ३० [illegible] ६ रुपये । आर्ट डेमी १७॥×२२॥ पौंड [illegible] की. २ रु. २ आने । आर्ट क्राउन [illegible] २०×३०, वजन ५० पौंड, की. १४ [illegible] रायल रफ २७×४०, पौंड २४, दर [illegible] रिम २ रु. १२ आने, एकदम १० रिम [illegible] प्रति रिम २ रु. ११ आने ।

अमेरिकन छापने की स्याही

सैनफ्रान्सिस्को की केलीफोर्निया कंप[illegible] सब प्रकार के माल की एजन्सी हमारे य[illegible] नीचे लिखे अनुसार उसकी सब [illegible] स्याही विक्री के लिये तैयार है। आज [illegible] के इंगलंड, जर्मनी आदि देशों में से [illegible] यहां आती है उसकी अपेक्षा इस स्या[illegible] बहुत सुभीते का है और गुण में भी [illegible] अच्छी है। जिन्हों ने एक बार हमारी [illegible] का उपयोग किया है उन्हें अब दू[illegible] पसन्द ही नहीं आती। छापखा[illegible] चाहिये कि एक बार इसका भी अनुभ[illegible]

स्याही की किस्म—समाचारपत्र [illegible] (News ink) फुटकर प्रति पौंड [illegible] आने, इकट्ठे २५ पौंड के उपर लेनेव[illegible] प्रति पौंड पौने चार आने। पुस्तक [illegible] अच्छे कामों के लिए उपयोगी स्याह[illegible] Black) फुटकर प्रति पौंड के लिए [illegible] इकट्ठे १० पौंड से ऊपर के खरीद[illegible] प्रति पौंड छै आने। लिथो के काम [illegible] (Litho Black) फुटकर प्रति [illegible] बारह आने; १० पौंड से अधिक [illegible] लिए प्रति पौंड ग्यारह आने। [illegible] आदि उत्तम प्रकार के काम की [illegible] प्रति पौंड कीमत २ रुपये, इकट्ठे [illegible] ऊपर लेनेवालों के लिए प्रति पौं[illegible] दो रुपये। इसके सिवाय [illegible] हमारे पास कम-अधिक दरवाली [illegible]

मैनेजर, चित्र[illegible]

[illegible] ने 'चित्रशाला' प्रेस, पूना में छापकर प्रकाशित किया ।

एक प्रति का मूल्य [illegible] चार आने।
मोटे और चिकने कागज़ (आर्टपेपर)की
प्रति–साढ़े पांच रुपये।
एक प्रति का मूल्य आठ आने।

वर्ष २ अंक ४–५.

चैत्र और वैशाख, सम्वत् १९६९ विक्रमी–एप्रिल और मई सन् १९१२ ई०



१७ वर्षकी परीक्षित

गवर्नमेन्ट से रजिस्ट्री की हुई

४० खुराक का बक्स



कीमत ३॥) रुपया

धातु वर्धक और पौष्टिक अपूर्व महौषधि

हर प्रकार के प्रमेह और उससे पैदा हुए दोषों से वक्त पर पछताना थोड़ा चलने फिरने से थकावट आना, भूक न लगना, कब्ज रहना, सिर घूमना, जलन तथा हाथ पैरों में हड़कल होना, सब बदन मलीन, चेहरा शुष्क और तेजहीन रहना, आदि धातु क्षीण के दोषों को फौरन नष्ट कर दुर्बल और कमजोर मनुष्यों को हट्टा, कट्टा, पट्ठा बनाकर शरीरका पौरुष बढ़ाने वाली "पुष्पराज वटिका" एक मात्र दवाई है मूल्य ४० खुराकका फी बक्स २॥) रु० ६० खुराकका बक्स ३॥) रुपया और ८० खु.रा.क का फी बक्स ४॥) रुपया वी. पी. खर्च ।) आना

छपगई ! छपगई !! सचित्र

नाटक रामायण

सातोंकाण्ड

गोस्वामी तुलसीकृत रामायणके आधार पर नाटकी धुनके हर तरहके दिल चस्प गजल, ठुमरी, दादरा, कजरी, कव्वाली, आदि नये २ गानोंमें भाव पूर्ण गानेकी २२६ सफे की नवीन पुस्तक मूल्य २॥) रु० वी.पी.।) आ.

पता—सुन्दर शृंगार महौषधालय मथुरा ।

[बिक्री को तैयार!] [बिक्री को तैयार!

छोटे बच्चों के लिए

सचित्र अक्षरबोध ।

इसमें 'अ' से 'ज्ञ' तक सब स्वर और व्यंजन और वस्तु दिये गये हैं जिनके नाम के प्रथमाक्षर तथा चित्र मनुष्य बड़े बड़े अक्षरों में दिये गये हैं । १ से १० तक अंक भी उपरि-लिखित पद्धति ही से बतलाये गये हैं । पुस्तक का आकार क्राउन चतुर्थांश ७×६ रक्खा गया है, इस लिए चित्र और अक्षर अवलोकन, और आकार में बड़े होते हैं । अंग्रेजी में ए. बी. सी. डी. सिखाने के बाद में जिस तरह की पुस्तक का उपयोग किया जाता है उसी ढब पर इस पुस्तक की रचना की गयी है । इस लिए छोटे बच्चे इस पुस्तक को बहुत पसन्द करते हैं और इस पर से अपना प्रथम पाठ बिना आयास सीखते हैं ।

मैनेजर—चित्रशाला, पूना

संस्कृत-प्रबोध ।

यदि आप हिन्दी-भाषा में संस्कृत व्याकरण का रहस्य जानना चाहते हैं, तो संस्कृत-प्रबोध के चारों भागों को देख जाइये। यह आपको अनायास संस्कृत में प्रवेश करा देगा । मूल्य चारों भागों का ।॥=)

पता—गर्गीदत्त शर्मा ।

आर्यसमाज, ठंडी सड़क, कानपुर ।

छापने के कागज़ ।

ग्लेज-सफ़ेद, रंगीन । रफ-सफ़ेद रंगीन आकार डेमी, रायल, क्राउन, फुल्स्केप सिंगल डेमी १७॥×२२॥ रंगीन ग्लेज़ रंग पीला, फीका पीला, नीला, गुलाबी, वजन रिम १८ पौंड, कीमत प्रत्येक रिम की २ रु. आने । एकदम दस अथवा इससे अधिक रिम से कीमत प्रति रिम २ रु. ८ आ. १७॥×२ बफ कवर पेपर मोटा ४० पौंड वजन, कागज़ । कीमत ६॥ रुपये । १७॥×२२॥ कवर पेपर पतला, वजन २० पौंड, रुपये । ड्राइंग पेपर, आकार २०×३०, ४० पौंड, कीमत आठ रुपये । आकार २०×३०, वजन २८ पौं० की. १२ आने ।

शान्त, दाम, और आवश्यक हो तो सब अत्याचार के उपायों की योजना करनी चाहिये, जिससे हमारे साथ न्याय का बर्ताव [illegible] जाय और चीन, जापान आदि देशों में तथा सम्पूर्ण जगत में [illegible] बनी रहे। अब हमने जिस काम को एक बार प्रारम्भ कर दिया उसे पूर्ण करने का हमारा विचार है—फिर उसके लिये चाहे [illegible] रक्त-पात करना पड़े, कोई परवा नहीं। हमें चीन में [illegible] सभ्य—और उन्नति प्रिय सरकार की आवश्यकता है। ऐसी [illegible] सरकार के हाथ में सत्ता आने से चीन स्वयं [illegible] से मुक्त हो ही गा; परन्तु, यह भी सम्भव है, कि वह [illegible] प्रता और अपने स्वत्व की रक्षा करने की जवाबदारी से [illegible] कितने ही राष्ट्रों को भी मुक्त करेगा। ऐसे लोग चीन में [illegible] जो नवीन सरकार बनाने की योजना रचते हैं। बहुत दिनों बड़े विचार के साथ अनेक ऐसे उपाय निश्चित कर रखे गये हैं जिनसे चीन की प्राचीन राजसत्ता बदल जायगी और [illegible] त्मक राज्यप्रणाली स्थिर हो जायगी; और बहुजनस[illegible] परिवर्तन को अवश्य चाहता है। चीन के लोग इस स[illegible] चिन्ता में हैं। इन मांचू राजकर्ताओं को भगा देने के लिये बिलकुल तैयार हैं। ज्योंही दक्षिण चीन में क्रान्तिकारकों [illegible] आई त्योंही समझ लो कि लोग मदद को दौड़ ही पड़ेंगे। [illegible] शि-काई का पद घटा देने के कारण फौज की राजभक्ति [illegible] और विश्वास है कि वे मांचू लोगों की तरफ से युद्ध [illegible] इसी तरह सैनिकों के कितने ही अधिकारी और सला[illegible] क्रान्तिकारक पक्ष में हैं, उनका धन्दा बन्द होने के लिये [illegible] ही की जरूरत है। चीन के बड़े बड़े योद्धा लोग क्रा[illegible] पक्ष में हैं।

"अब तक सब बातें मेरे भविष्य के अनुसार होतीं [illegible] अन्तिम मौका कुछ अधिक शीघ्रता के साथ और विशेष [illegible] आया। मैं समझता था कि युआन-शि-काई अधिक टि[illegible] और इसी कारण मैंने उनपर नहीं रखा; यद्यपि उनका आ[illegible] बार मुझे बुलाने के लिये मेरे पास आया था। पर पी[illegible] मालूम हुआ कि मुझ से सचमुच ही मिलना चाहते थे औ[illegible] इच्छा थी कि मेरे प्राणों के विरुद्ध जो इश्तिहार निकला है [illegible] कर के खुल्लमखुल्ला मेरी सम्मति से काम किया जाय। ज[illegible] शि-काई का जासूस मेरे पास आया तब मैंने उससे यह कहा कि, "अपने मालिक के पास लौट जाओ और उन[illegible] कि मैं आज पन्द्रह वर्ष से जो परिश्रम कर रहा हूं—जो [illegible] संकट सह रहा हूं सो कुछ ऐसी मामूली बातों में फँस[illegible] लिये नहीं। उनसे जाकर कह दो कि अभी मेरा धैर्य न[illegible] है।" मैं यदि उस समय युआन-शि-काई पर विश्वास [illegible] उनसे मिलने गया होता तो क्रान्ति इससे भी जल्दी हो [illegible] और आज मैं पेकिंग में होता। क्योंकि मेरे लाखों अनु[illegible] विश्वासी हैं और उन्होंने आज तक मेरे उपदेश के अनुसा[illegible] रण किया है और मरने तक वे मेरा कहना मानेंगे। इस[illegible] पूरा विश्वास है।

"राजमाता ने चीनी राजाओं की स्वतंत्रता नियंत्रित कर[illegible] और इसके पहले राजाओं की कृपा के कारण हमारी क्रान्ति[illegible] हलचल बहुत ही आगे बढ़ आई। इस अवधि में हजार[illegible] नव युवकों ने चीन के बाहर जाकर संसार भर में संचार [illegible] आशा प्राप्त की और योरोपियन रीतिरवाज सीख कर [illegible] योरोपियन संस्थाओं के विषय में ज्ञान भी प्राप्त किया। [illegible] हुए नब्बे फी सदी चीनी लोगों के सिर में राज्यक्रान्ति [illegible] विचार भर गया। मैं जहाँ कहीं जाता वहीं मुझे इस वि[illegible] अनेकों लोग मिलते। उन्हें मेरा नाम और मेरा चरित्रक्रम [illegible] था और मुझ से बातचीत करने की उन्हें बड़ी इच्छा हो[illegible] ये लोग जब चीन को लौट जाते तब चीनी बहुजन सम[illegible] अपने नवीन विचारों का, धीरे धीरे, बराबर प्रचार करते [illegible]

"मैं सम्पूर्ण चीन का नामधारी अधिपति बनाया जा[illegible] मुझे युआन-शि-काई के साथ काम करना पड़ेगा—इन बा[illegible] चाहे जो कुछ हो—मुझे इसका कुछ भी महत्व नहीं जान [illegible] मैंने अपना काम किया है। सुधार और प्रगति की जो लह[illegible] है उसे अब कोई रोक नहीं सकता और चीन बहुत जल्द[illegible] किये हुए और स्वातंत्र्यप्रिय राष्ट्रों में गिना जायगा; क्यों[illegible] के लोग उद्यमप्रिय और सीधे स्वभाव के हैं। चीन देश, लो[illegible] त्मक राज्यप्रणाली के लिये, संसार के और देशों की अपेक्षा [illegible] प्रकार से योग्य है।

लोहे के इंजिन और लकड़ी के पुतले—लकड़ी जोड़ [illegible] और लकड़ी के पुतले की कीमत [illegible] १, १॥, २॥ इत्यादि छोटी है।

मैनेजर—चित्रशाला प्रेस, पूना।

अँगरेज़ी-प्रवेश।

संवाद-पद्धति से अँगरेज़ी भाषा में अल्प काल में प्रवेश कर[illegible] लिए उत्तम साधन। तीन नमूने के पाठ और शिक्षक [illegible] विस्तृत सूचना। मूल्य आठ आने। मैनेजर—चित्रशाला प्रेस,

हूड-रिवर।

(लेखक-प्रो० सानखोजे, बी० एस्० सी०; पुलमन वाश, यू० स्टे० अमरीका।)

भारतवर्ष में बहुत थोड़े लोगों ने हूड-रिवर का नाम सुना होगा। अनेक कारणों से भारतवर्ष पीछे पड़ा हुआ है, अतएव जगत् के प्रसिद्ध औद्योगिक स्थलों का ज्ञान रखने में भी वह पीछे ही है; इसी लिए आज हम अपने देशबन्धुओं को उपर्युक्त प्रसिद्ध स्थल का वर्णन सुनाना चाहते हैं। जापान और अमेरिका आदि देशों में ने सिर्फ कृषि ... लिए आया ... में अपना ... विद्यालय (... की प्रशंसा वारम्वार सुना करता था, और इसी कारण इस स्थान के देखने का मैंने निश्चय कर लिया था। इस देश की तीन बड़ी रियासतों (States) में मैंने पिछली गर्मियों में प्रवास किया। ये तीन रियासतें ओरेगन, वाशिंग्टन और आयडोहा हैं। ये तीन रियासतें मिल कर 'पासिफिक नार्थ वेस्ट' कहलाती हैं। इन रियासतों के कुछ भाग बहुत ही थोड़ी वर्षा में भी खेती करने के लिए प्रसिद्ध हैं। इन प्रदेश में समुद्र के समान विस्तृत, गेहूं के बड़े बड़े खेत देख पड़ते हैं। मैंने इस विचार से यह प्रवास प्रारम्भ किया था कि उस प्रदेश को देख कर कृषि का बहुत सा प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा। मैंने बहुत से खेतों में स्वयं अपने हाथ से काम करके अनुभव प्राप्त किया, उसका विस्तृत वर्णन इस लेख की मर्यादा से बाहर है। मैंने इस प्रवास में पहले पहल यही हूड-रिवर की प्रसिद्ध भूमि देखी, अतएव प्रथम इसी प्रदेश का वर्णन किया जाता है।

वृक्षों का सौन्दर्य।

हूड-रिवर ओरेगन रियासत की एक प्रसिद्ध काउन्टी (ज़िला) है। इस रियासत के लोग हूड-रिवर को "सेब फल की कृषि का विश्वविद्यालय (The University of apple Culture)" कहते रहते हैं, और सचमुच यह नाम यथार्थ भी है। सारा जगत् हूड-रिवर के सेबों के लिए भूखा सा जान पड़ता है। यहां के सेब न्यूयार्क से लेकर हैम्बर्ग (जर्मनी) तक और सैन्फ्रान्सिस्को से लेकर जापान-चीन तक प्रसिद्ध हैं। इंगलैंड, जर्मनी, फ्रान्स, आदि यूरप के प्रसिद्ध देशों में यहां के फलों की बहुत ही मांग है। अब इस बात के जानने की स्वाभाविक ही इच्छा होती है कि जिस स्थल के फल इतने प्रसिद्ध हैं वह स्थल कैसा होगा। अहा! ऐसा कौन पुरुष है कि जिसको परमात्मा की इस अद्भुत सृष्टि के इस विचित्र दृश्य को देख कर आश्चर्य और आनन्द न होता हो। ओरेगन रियासत में हूड-रिवर सब से छोटा ज़िला है। इसकी चौड़ाई ९-१० मील और लम्बाई २४-३० मील है। संसार में शायद ही कोई इतना छोटा प्रान्त इतना प्रसिद्ध हो।



वृक्ष-छेदन और संशोधन।

"हूड-रिवर" इस अँगरेजी नाम से एक नदी के नाम का बोध होता है और यह ठीक भी है। "हूड-रिवर" नदी के नाम से ही ज़िले का नाम और उसके मुख्य शहर का नाम भी हूड-रिवर पड़ गया है। भारतवर्ष में भी वर्धा, सतना आदि ज़िलों और शहरों के नाम नदियों के ही नाम से पड़ गये हैं। इस ज़िले के लोगों को 'हूड' यह छोटा सा सुन्दर शब्द बहुत ही प्रिय हो गया है। यह नाम ज़िले भर में सभी जगह पाया जाता है। रेलगाड़ी का नाम 'हूड,' भोजनालयों (Hotels Restaurants) का नाम 'हूड,' बर्फ (Ice cream) का नाम 'हूड,' मिठाई का नाम 'हूड,' तम्बू का नाम 'हूड,' रास्ते का नाम 'हूड,' अधिक क्या कहें, मन्दिर का नाम 'हूड'; जल, स्थल, काष्ठ पाषाण, सब जगह 'हूड' भरा हुआ है, तथापि इन लोगों का हूडहूडाना बन्द नहीं हुआ है। नाम की तरह इस प्रान्त के लोग भी उद्योग में हूड ही हैं।

सृष्टिसौन्दर्य और जलवायुः—पोर्टलैंड शहर से पूर्व की ओर ६६ मील पर कासकेड पर्वत के पूर्वी सिरे पर यह, सुन्दर हूडरिवर स्थान कोलम्बिया नदी के और बर्फाच्छादित हूड पर्वत के मध्यभाग में बसा हुआ है। हूड पर्वत से निकलने वाली हूड नदी के गंगाजलवत् निर्मल और शीतल पानी से इस उपवन के सेब फलों में अमृत का सा स्वाद आता है। यह सारा प्रदेश पहाड़ी है। परन्तु सेब के बगीचे समान जगह (Level) पर हैं। कोलम्बिया नदी के तट पर इस प्रदेश की ऊँचाई ३०० फीट है; पर यह ऊँचाई बढ़ते बढ़ते ३००० फीट तक हो गई है। आडाम शिखर और हूड शिखर सर्वदा हिमाच्छादित रहते हैं, इस कारण ऐसा भास होता है कि मानो इस प्रसिद्ध स्थान के लिए परमेश्वर ने ये दो शुभ्र विजय-स्तम्भ ही बना रखे हैं। पश्चिम की ओर कासकेड पर्वत की अत्यन्त ऊंची शाखाओं से ऐसा जान पड़ता है कि मानो उस परम पिता विश्वकर्मा ने इस छोटे से, परन्तु सुन्दर, उपवन की संरक्षा के लिए एक भयंकर और दृढ़ किला ही बना रखा है। हूड शिखर के बीच ७:०० फीट ऊंचे मस्तक पर एक सुन्दर विश्राम-गृह बना हुआ है। यह सारा प्रदेश कंकमय है और यहां शीत अधिक पड़ता है। तथापि हजारों लोग प्रति वर्ष इस पर्वत शिखर पर चढ़ते हैं। इस विश्राम-गृह तक आटोमोबिल-(मोटरकार) से प्रवास किया जा सकता है। रास्ता भी अच्छा है। विश्रामगृह से फिर शिखर पर पैदल चढ़ना पड़ता है। विश्रामगृह से ऊपर चढ़ने के लिए मार्गदर्शक आदमी मिलता है। मैं इस प्रदेश में पैदल प्रवास करता हुआ इस पर्वत के मैदान तक आ पहुँचा था। मैं इतना धनवान न था कि मोटर गाड़ी से ऊपर चढ़ता। इस लिए पैदल ही सिवाशिरस-पहाड़ पर चढ़ना-

प्रारम्भ किया। परन्तु विश्रामगृह के आगे नहीं जा सका। क्योंकि शिखर के सब रास्ते बर्फ के बादलों से बन्द हो गये थे। थोड़ा भी ऊपर चढ़ना बहुत ही भयंकर कार्य था। गहरे छेदों दर्रियों पर बर्फ के पतले पर्त जम जाते हैं, इस कारण दूर से तो यह जान पड़ता है कि ये मजबूत चट्टानें हैं; परन्तु उन पर पैर रखते ही मनुष्य सैकड़ों फीट के नीचे गर्त में जा गिरता है और उसकी प्राणाहुति हो जाती है। इस लिए निराश हो कर मुझे नीचे उतरना पड़ा। सुनता हूँ कि ऐसे विकट मौके में ऊपर चढ़ने का प्रयत्न कर के बहुत से लोग काल के गाल में चले गये हैं।

हरे भरे गगन-चुम्बित वृक्षों से आच्छादित पर्वत, बहुत गहरी और तंग दर्रियों से सैकड़ों फीट उँचाई के पाषाणों से बहनेवाली छुद्रनदी प्रवास सुख के लिए यत्न से बनाये हुए स्थान और विविध-चित्र पुष्पाच्छादित छोटे बड़े वृक्ष देखने से ऐसा भास होता है कि मानो हम प्रकृति के बड़े भारी नाट्यगृह में बैठ कर परदे की शोभा ही देख रहे हैं। परन्तु यहाँ विपुलता के साथ रैटल (Rattle) नामक भयंकर विषधर सर्पों को देखने से यह स्वप्न सुख एकदम नष्ट हो जाता है और मनुष्य आत्मरक्षा की चिन्ता से व्याकुल हो जाता है। [illegible]

अंशों के ऊपर चला जाता है और जाड़े में 'हिमबिन्दु' (Freezing Point) के कई अंश नीचे चला जाता है। वर्षा और [illegible] में मिल कर ३६ इंच के करीब करीब जल बरसता है। यह [illegible] स्थिति [illegible] के लिए बहुत [illegible] अनुकूल है।

सृष्टि और वि[illegible] ज्ञान का [illegible] इस ज़िले के छोटे बड़े स्थानों में [illegible] जो प्रवास [illegible] सो कुछ इस लिए नहीं कि केवल [illegible] प्रकृतिसौन्दर्य देख [illegible] किन्तु इस प्रवास [illegible] मेरा मुख्य [illegible] यही था कि इस [illegible] भाग की कृषि [illegible] हमारा देश-भारत वर्ष क्या पाठ [illegible] सकता है। हुड रिवर की सिर्फ [illegible] कृषी के ही विषय में यदि लिखना हो तो एक स्वतंत्र पुस्तक बन जायगा, इस लिए यहाँ संक्षेप से ही [illegible] वृत्तान्त देने का विचार है। जान पड़ता है कि हुड रिवर ज़िले का यह [illegible] पवन परमेश्वर [illegible] केवल सेवफलों के लिए ही निर्माण किया है। सेवफलों के लिए वसन्त [illegible] वर्षा बहुत ही [illegible] भदायक होती है। इस लिए बागवानों को अपने बगीचे [illegible] सम दशा में [illegible] बिलकुल ही [illegible] नहीं होना। ज्वालामुखी के [illegible] से निकली हुई राख से इस प्रदेश की भूमि बनी हुई है। इस भूमि का कुछ [illegible] हो कर (Andesite) volcanic [illegible] प्रकार की भूमि बनी है। भिन्न भिन्न प्रकार की [illegible] में भिन्न भिन्न [illegible] लियाँ (Varieties) के सेवफल होते हैं। कृषकों को भूमि परीक्षा पर [illegible] विज्ञान की [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

फल तोड़ने की रीति।



फल सन्दूक में भरने की रीति।



[illegible]

[illegible]

उन्हें उपर्युक्त बातों का कोई डर नहीं रहता। इस जगह पानी इतना एकत्रित है जो कि यहां के लिए पूर्ण रीति से पर्याप्त है,पर उससे वृक्षों के मूल में कोई दुष्परिणाम नहीं होता और वृक्ष भर पर चढ़ते रहते हैं। इसका कारण यह है कि यहां की जमीन रेतीली—बालुकामयी—होने के कारण पानी भिर जाता है और इस लिए वृक्षों की जड़ों को पर्याप्ति हवा मिलती रहती है। ग्रीष्म की आकस्मिक और अधिक धूप के कारण पानी के वाष्पी-भवन (Evaporation) से ज़मीन बहुत रूखी पड़ जाती है और स्ट्रावेरी (Strawberry) के समान फलों को विपुल जल मिले बिना उत्तम फसल नहीं होती। इस दशा के कारण यहां के किसानों को ऐसे फलों के लिए पानी देना ही पड़ता है। इस भाग में पहाड़ों पर पानी काफी है, इस लिए फलकृषकों (Fruit Growers) ने परस्पर-सहकारी संस्था बना ली है और पर्वतों से पानी की नहरें निकाल कर जिले भर के सब खेतों में काफी तौर से पानी पहुँचा दिया है। यद्यपि पानी की कमी नहीं है, तथापि उसका उपयोग वैज्ञानिक रीति से और जरूरत के मुताबिक होता है।

सर्वोत्कृष्ट फल उत्पन्न करना इनका उद्देश्य रहता है, इस लिए सब शास्त्रों को उन्होंने अपना सेवक बना लिया है। वृक्षसंगोपन (Training) वृक्षछेदन (Pruning) और वृक्षसंरक्षण आदि काम बड़ी दक्षता के साथ किये जाते हैं। वृक्षरोग (Plan deseases) फलरोग, वृक्षकीटक (Insect pests) और मूस, धूस आदि प्राणियों से रक्षा करने के लिए बड़ी होशियारी से काम,बल्कि औषधियों की और अन्य उपायों की योजना की जाती है। औषधि-सिंचन की क्रिया (Spraying) से यहां पर वृक्षरोग का चिन्ह ही नहीं देख पड़ता। ओरेगन-कृषि—महाविद्यालय (Oregon Agricultural College) की देखरेख में इस फल-कृषकों ने हुड रिवर शहर में एक प्रयोगशाला स्थापित की है। इस प्रयोगशाला की वृक्षरोग-चिकित्सा और निवारण, अध्यापक लारेन्स (Prof. lowrence M. S c.) की देखरेख में होती रहती है। ये उच्च,शि, निष्णात अध्यापक सर्वदा सूक्ष्मदर्शक यन्त्र से भिन्न भिन्न वृक्षरोगों की चिकित्सा करते रहते हैं। इनको वेतन भी खूब मिलता है। इनके सहवास में मैंने बहुत सा समय व्यतीत किया है, इस लिए इस विषय का प्रत्यक्ष अनुभव सौभाग्य से मुझे प्राप्त हुआ है।

फल कृषकों की एकता:—(Fruit Grower's—Union)एकता का मधुर फल भारतवर्ष को कभी नहीं मिला। परन्तु इस देश के लोग ऐसी स्वतन्त्र स्थिति में भी एकता के लिए जी जान तोड़कर प्रयत्न करते हैं। सामाजिक, राजकीय, धार्मिक औद्योगिक अथवा अन्य- चाहे जो काम हो, उन सब प्रकार के लोगों की एकता ये लोग पहले ही स्थापन कर लेते हैं और एकता की लगाम से जगत् का कारोबार अपने हाथ में ले लेते हैं। यहां के कुछ कृषकों को ज्योंही सेवों में कुछ फायदा जान पड़ा त्योंही उन्होंने अपने भाग के अन्य सेववालों का एकता करने के लिए निमंत्रण दिया और "हुड-रिवर फलकृषकों का ऐक्य" स्थापित किया। यह एकता १८ वर्ष पहले स्थापित हुई और १९१० में सेवफल वालों की एकता को भी अपने में शामिल कर लिया। इस एकता के बल पर यहां के लोग 'स्वतंत्र प्रयोगशाला' फल रखने की बड़ी कोठी और बर्फ बनाने का बड़ा कारखाना आदि खर्च की बड़ी बड़ी संस्थाएं सहज ही में स्थापित कर सके। इस एकता के लिए सरकारी ओरेगन कृषि-महा-विद्यालय की पूरी सहायता है; यही नहीं, बल्कि एकता के कार्य में विद्वान विज्ञान् अध्यापक और फलशास्त्रज्ञ (Horticulturist) भी निजी तौर पर पूरी सहायता देते हैं। इसी कारण इन लोगों को फलों के व्यापार में यह भी नहीं मालूम है कि निष्फलता कहते किसे हैं। कोई भी फल हो, उसके तोड़ने (Piking) और सुन्दर बक्स में भरने (Packing) की क्रिया में बहुत ही खबरदारी रखी जाती है। फल तोड़कर तुरन्तही एकता (Union)की कोठी (cold Storage Plant) में ले जाते हैं। क्योंकि घर में अथवा गरम जगह में फल रखने से वे जल्दी सड़ जाते हैं, अथवा उनमें और कोई बिगाड़ पैदा हो जाता है। भारतवर्ष के फलों के व्यापारी भी यदि वैज्ञानिक रीति से फलों का व्यापार करें तो भारत की इस औद्योगिक शाखा में बहुत लाभ हो सकता है। जो व्यवसाय हमारे पास मौजूद है उनकी ओर लापरवाही करके बिलकुल नवीन व्यवसाय के लिए दूसरों के द्वारे फिरना विचित्रता की बात है।

आर्टली सेवफल।



इस चित्र में बांधवाली सन्दूक सेवफलों की है। फल पतले कागज में लिपटे हुए हैं। पास पास की सन्दूकें। प्रत्येक खाने में फल भरे हुए हैं और उपर कागज ढंका है।

हुड-रिवर के सेवफलों का वृत्तान्त:—

इस प्रान्त में करीब ७०,००० एकड़ उपजाऊ जमीन है, परन्तु उसमें लगभग ४०,००० एकड़ जमीन फलों की खेती करने योग्य है। इस समय सिर्फ १२००० एकड़ जमीन में फलों की खेती हुई है, जिसमें से १०००० एकड़ में सिर्फ सेवफलों की खेती हुई है। इतनी जमीन से सेवफलों की ३४०,००० सन्दूकें बाहर बिक्री के लिये जाती हैं। वृक्षों की संख्या पर जब ध्यान दिया जाता है तब पहले पहल इस बात का आश्चर्य मालूम होता है कि हुड-रिवर की इतनी प्रसिद्धि होने का क्या कारण हुआ होगा। परन्तु जब हम इन लोगों के उद्योगी स्वभाव, दक्षता, व्यापारी रीति आदि बातों पर ध्यान देते हैं, तब जिस परमेश्वर ने ऐसे उद्योगी पुरुष निर्माण किये

है उनकी फसलों पर ही आश्चर्य कुछ किया नहीं जाता। [illegible] इनकी यही शोभा इन फलों की [illegible] कि ये लोग अपने फल [illegible] ऊँचे [illegible] दाम पर बेचते हैं। इनके बहुत से फलवृक्ष [illegible] तीन वर्ष के हैं, उनके बढ़ने पर [illegible] और भी [illegible] होगा। जमीन थोड़ी होने से, कारण उसका मूल्य भी अधिक है। जिस जमीन में बिलकुल खेती नहीं हुई उसकी कीमत प्रति एकड़ ३०० रु० [illegible] है; पर फलों की खेती होनेवाली जमीन की कीमत प्रति एकड़ १२००० रुपये तक है। फल-कृषक लोगों को स्वयं अपनी ही खेती [illegible] बड़ा लाभ है, इसलिए वे अपने बाग दूसरे के हाथ बेचने के लिए राजी नहीं होते। उपर्युक्त जमीन का मूल्य भारतवासियों को बहुत अधिक मालूम होगा। परन्तु नीचे इस पांच वर्ष के पुराने वृक्षों का फल नमूना उदाहरण दिया जाता है, इससे पाठकों को मालूम हो जायगा कि उक्त कीमत कुछ बहुत अधिक नहीं है।

वर्ष का वृक्ष।	प्रति वृक्ष में फलों के बक्स।	प्रति एकड़ फलों के बक्स।
५	½	१६
६	½	४६
७	१½	६७
८	३	११४
९	४½	२१२
१०	६	३१०

फलों की कीमत।

वर्षों का वृक्ष।	प्रति एकड़ का कीमत।	प्रति एकड़ से नफ़ा।
५	३७५० रु०	४८ रु०
६	४५०० रु०	१८७ रु०
७	५२५० रु०	२११ रु०
८	६००० रु०	५२५ रु०
९	७५०० रु०	८७६ रु०
१०	९००० रु०	११७० रु०

स्पिट्ज़नबर्ग जाति (Spitzenburg Variety) के सेवफलों के पाँच वर्षवाले १५० वृक्षों से मि. जे. ओमार्क नामक फलकृषक ने १८३ सन्दूकों की फसल पैदा की और यह माल प्रति सन्दूक ९ रु० के हिसाब से बिका (यह फलों की सन्दूकें मिट्टी के तेल की सन्दूकों से छोटी होती हैं) उपर्युक्त किसान को उसके इन छोटे वृक्षों से प्रति एकड़ १६४४ रु० प्राप्त हुई। इसी तरह इस जिले के अन्य फलकृषकों के अनेक उदाहरण दिये जा सकते हैं। मि० जेम्स लेसी नामक फलकृषक ने सिर्फ तीन एकड़ के छोटे से बाग के उत्तम सेबफलों पर सन् १९०७ में ११४०४।।) नफा पाया। यह किसान अब भी इसी छोटे बाग से ऐसा ही धन पैदा करता है। इसी देश के न्यूयार्क शहर में ही यहां के फलों की प्रति सन्दूक ८ से ११ रु० तक की बिक जाती है। इससे पाठक स्वयं अनुमान कर सकते हैं कि इँगलैंड, जर्मनी, चीन, जापान आदि दूरदेशों में ये फल कितने कीमती बिकते होंगे। हुड-रिवर इतना प्रसिद्ध क्यों है? इस प्रश्न का उत्तर ऊपर के हिसाब से अच्छी तरह मिल सकता है। भारतवर्ष में सेव, आंब, केले, सन्तरे, अनन्नास, इत्यादि [illegible] प्रकार के फल होते हैं और [illegible] [illegible] बहुत सा धन [illegible] है, पर [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] कहने का [illegible] [illegible] [illegible] होता !

विशिष्टीकरण ([illegible]) और निपुणता—[illegible] वर्तमान [illegible] [illegible] विशिष्टीकरण [illegible] है, और इसी [illegible] विशिष्टीकरण [illegible] निपुणता आती है। [illegible] ([illegible]), [illegible] ([illegible]) [illegible] ([illegible]), आदि फलों की [illegible] ऐसे [illegible] है और इसी [illegible] प्राप्त हुई है। परन्तु [illegible] फलों में ही अधिक [illegible] [illegible] इस [illegible] [illegible] के बागों को [illegible] [illegible] [illegible]। [illegible] में ही इन्होंने विशिष्टीकरण [illegible] है। अमेरिकन लोग [illegible] बहुत विश्वास नहीं करते। [illegible] उनको देखना है और इसी [illegible] इस [illegible] जिले में [illegible] बगीचों की जगह पर [illegible] सेवफलों के बगीचों की [illegible] हुई है। सेवफलों की खेती में [illegible] सफलता हुई, इससे इन्होंने [illegible] सब तरह के सेवफलों के वृक्ष [illegible] बगीचों में नहीं लगाये। [illegible] जिन सेवों की जाति से अधिक लाभ देखा उसी जाति के वृक्ष [illegible] बगीचों में लगाये। ६६ सैकड़ा खेती स्पिट्ज़नबर्ग और [illegible] जाति के सेवफलों की होती है। ये फल यहां उत्तम होते हैं [illegible] कीमती भी बिकते हैं। इनके सिवाय आर्कंसी, [illegible] उर्टरपनाना, [illegible], [illegible] [illegible] [illegible], [illegible], [illegible] किंग और बेनडेविस आदि सेव भी इस जिले में उत्तम होते हैं। सेवों के वृक्ष जब तक [illegible] पांच वर्ष के नहीं हो जाते तब तक उनसे आमदनी नहीं होती। [illegible] फलवृक्षों के पालन पोषण में बहुत धन खर्च करना पड़ता है। [illegible] तक सेवों के वृक्ष छोटे रहते हैं तब तक ये लोग उनके बाग में स्ट्राबेरी (Strawberry) की खेती करते हैं। स्ट्राबेरी से [illegible] मुनाफा भी [illegible] होता है, पर [illegible] सकी खेती में [illegible] का काम (Hard Labur) बहुत है और मजदूरी भी बहुत लगती है। [illegible] सके सिवाय ये फल खराब भी बहुत जल्द हो जाते हैं, इस लिये सेवों के वृक्ष बड़े होने पर स्ट्राबेरी की खेती बन्द कर देते हैं। स्ट्राबेरी में भी इन लोगों ने बड़ा नाम पाया है। यहां के स्ट्राबेरी फल [illegible] पान, अलास्का, [illegible] नालुल, कनाडा आदि [illegible] देशों में [illegible] खपते हैं। इन्होंने स्ट्राबेरी में भी विशिष्टीकरण किया है। [illegible] सीडलिंग जाति के स्ट्राबेरी फल यहां अधिक होते हैं। [illegible] मधुरता, स्वाद, सुगन्ध, बड़ा आकार, आदि गुण होने के [illegible] इनका मूल्य भी अच्छा आता है। इसकी खेती में प्रति एकड़ [illegible]



स्ट्राबेरी का छोटा बक्सा।

क्लार्क सीडलिंग का बगीचा और स्ट्राबेरी चुनने की रीति।

रुपया लाभ ये लोग प्राप्त करते हैं। इन फलों को सुन्दर डब्बे में रखने (Packing) और उनकी रक्षा करने (Storage) आदि में बड़ी होशियारी रक्खी जाती है। ये फल भी तोड़ने के बाद हुड-रिवर शहर के युनियन के रक्षागृह (Cold Storage plant) में रक्खे जाते हैं। बेचने आदि का सारा काम ऐक्य (संघ) (Union) के द्वारा होता है। फल-कृषक को फल की फसल तैयार करने के सिवाय और किसी कार्य की चिंता नहीं रहती।

हुड-रिवर शहर और यहां की संस्थाः—यह शहर कोलम्बिया और हुड रिवर नामक दो नदियों के संगम पर बसा है। सेवों के व्यापार का केन्द्रस्थान यही है। आगिनबोट और रेलगाड़ी आने जाने के कारण फलों की आमद और निकासी का बड़ा सुभीता है। यह शहर अपने जिले का भी मुख्य स्थान है। यहां अनेक पाठशालाएं हैं। बस्ती भर में चर्च (गिरजाघर) फैले हुए हैं। यह यहां के लोगों के धार्मिक होने का चिन्ह है। यहां के लोग अन्य शहरों की तरह मद्यपी नहीं हैं। इस शहर में शराब बेचने की सख्त मुमानियत है। यहां के सब निवासी प्रायः किसान-फलकृषक हैं। इन फलों के किसानों में पदवीधरों (B. A, B. Sc, M. A) की ही भरती अधिक है। इस शहर में एक 'University Club' है और एक फल-संशोधन—प्रयोगशाला (Fruit Research Laboratory) है। इस प्रयोगशाला में विद्वान् लोग संशोधन का कार्य करते रहते हैं इसके सिवाय बर्फ का कारखाना, सन्दूकों का कारखाना, फलरक्षागृह, इत्यादि कारखाने हैं। व्यापार के मान से बस्ती बहुत ही छोटी है। भारतवर्ष के बहुत से गांव इस हुड-रिवर शहर से बड़े हैं। केवल स्थान-माहात्म्य के कारण ही हम इस गांव को शहर कह सकते हैं।



हुड-रिवर शहर और नदियां।

हुड-रिवर से हम क्या सीख सकते हैंः—पश्चिमी लोगों का संसार में इतना उत्कर्ष क्यों और कैसे हुआ है, यह बात यदि थोड़े ही में जानना हो तो इसके लिये हुड रिवर का उदाहरण बस होगा २०-२५ वर्ष पहले जिस जगह घोर अरण्य था उसी जगह आज सुन्दर बगीचे, रेलगाड़ियां, आगिनबोट, मोटरगाड़ियां, तारायंत्र, ध्वनियंत्र (Telephone) विद्युद्दीपक, इत्यादि आधुनिक सभ्यता के चिन्ह चारों ओर दृष्टिगोचर होते हैं। पहले जहां जंगली 'रेड इंडियन' लोग नग्न रह कर जंगली जीवों पर ही अपना बसर करते थे उसी प्रदेश में अब सभ्यता विराज रही है, और लक्ष्मी देवी का जयजयकार हो रहा है। यह सब किसका प्रभाव है? सिर्फ विद्या और दीर्घोद्योग का। इस जिले के उत्कर्ष में लोगों की उद्योगशीलता और विद्वत्ता तथा लोक-सत्तात्मक राज्य-पूर्ण स्वराज्य-कारणीभूत हुआ है। यहां विश्वविद्यालय के पदवीधरों ने कृषि का पवित्र कार्य अपने हाथ में लिया, इसी कारण फलकृषी में इतनी सफलता हुई। क्या भारतीय पदवीधरों का इधर कभी ध्यान जायगा? पर ध्यान भी गया तो उसका उपयोग क्या? शिक्षा तो उनको इस प्रकार की मिलती ही नहीं है कि जिसमें वे ऐसे ऐसे कार्य कर सकें। अमेरिका के विश्वविद्यालयों में अध्यापक से लेकर अध्यक्ष तक सभी, हाथ में कुदाल, फावड़ा अथवा हल पकड़ कर काम करना, सीखते-सिखाते हैं। परन्तु हमारे देश में इसके विरुद्ध ही हाल है। हाथ में पदवी का घमंड का कागज और शिफारिसी पत्र लेकर जब यहां कोई काम के खोज में—नौकरी की तलाश में जाता है तब ये लोग पूछते हैं, "कागज में कुछ नहीं है। "What can you do?" आप कर क्या सकते हैं? यह पहले बतलाइये, तब काम मिलेगा!" यहां कोरी विद्वत्ता का मान नहीं है। अतएव हुड रिवर हमको यदि कुछ शिक्षा देता है तो यही कि:—

शास्त्राण्यधीत्यापि भवन्ति मूर्खा।
यस्तु क्रियावान् पुरुषः स विद्वान्॥

परिताप।

१

पर-हित मुझको है स्वप्न सा ज्ञात होता,
लख उदय किसीका दु:ख-आघात होता,
हृदय पर अविद्या, मोह का है निवास;
प्रभु! मुझ पर कैसे पुण्य का हो प्रकाश?

२

भय-जनित सुखों को जान के मैं असत्य—
व्यसन विषय में हूं लिप्त विक्षिप्त-तुल्य!!
अहह! सतत यों ही हो रहा शांति-ह्रास,
प्रभु! मुझ पर कैसे पुण्य का हो प्रकाश?

३

"निज सुख-हित देना दीन को दुःख नाना,
बल-रहित जनों को क्रूरता से सताना,"
अब तक इनको मैं मानता था विलास,
प्रभु! मुझ पर कैसे पुण्य का हो प्रकाश?

४

व्रत, जप, तप, पूजा भूल के की न मैंने,
मति गुरु-जन-सेवा-हेतु हा! दी न मैंने,
कुछ कर न सका मैं देश का दुःख नाश;
प्रभु! मुझ पर कैसे पुण्य का हो प्रकाश?

५

विकलचित क्षुधा से हो रहे म्लान मेरे—
घर घर फिरते जो हो रहे म्लान मेरे—
स्वजन न उन्हें मैं दे सका अन्न-ग्रास,
प्रभु! मुझ पर कैसे पुण्य का हो प्रकाश?

६

शरण-हित हुए जो दुःख में लोग आर्त—
कुवचन कहता था मैं उन्हें, नीच स्वार्थी।
अब शरण मिलेगी, हा! कहीं? है हताश,
प्रभु! मुझ पर कैसे पुण्य का हो प्रकाश?

७

अनल सम भरा है चित्त में काम, क्रोध,
विष सम उर में है गर्व हिंसा, विरोध,
निशिदिन करता है पाप ही सायकाश,
प्रभु! मुझ पर कैसे पुण्य का हो प्रकाश?

लोचनप्रसाद पांडेय।

महाराजा पंचम जार्ज और महारानी मेरी के रंगीन चित्र।

ये चित्र प्रत्येक आकार १८×१२ में हमारे पास बिक्री के लिए तैयार हैं। चित्र सिर्फ कागज पर, प्रत्येक की कीमत चार आने। चित्र रुला पर लगाये हुए, प्रत्येक की कीमत छ आने। चित्र कपड़े पर लगाए और वार्निश सहित, प्रत्येक की कीमत आठ आने।

मैनेजर—चित्रशाला प्रेस पूना सिटी।

जमशेटजी नसरवानजी ताता।

११ एप्रिल को बम्बई में श्रीमान् गवर्नर साहब ने स्वर्गीय जमशेटजी नसरवानजी ताता के स्मारक में उनकी मूर्ति बड़ी धूमधाम के उत्सव के साथ खोल दी। अगली पीढ़ी को मार्ग दिखलाना ही यदि स्मारक का उद्देश्य होगा—और सचमुच प्रत्येक स्मारक का उद्देश्य यही होता ही है—तो स्मारक बनाने के लिए श्रीमान् ताता के समान सर्वथैव योग्य पुरुष बिरला ही मिलेगा। विद्वत्ता, कर्तृत्वशक्ति, साधुत्व, दानशूरत्व, स्वदेशभक्ति, इत्यादि गुणों में से एक भी गुण जिस मनुष्य में होता है वह स्मारक का पात्र होता है; फिर जिस असामान्य पुरुष में इन सब गुणों का समुच्चय हो उसके स्मारक की आवश्यकता कौन न स्वीकार करेगा? ऐसे अलौकिक पुरुष का चरित्र चाहे जितने बार गाया जाय, वह 'अधिकस्याधिकं फलम्' के न्याय से विहित ही है। अतएव आज हम ताता महाशय के संक्षिप्त चरित्र का पर्यालोचन करना चाहते हैं।

सन् १८३९ में श्रीमान् ताता का जन्म नवसारी स्थान में हुआ। तेरह वर्ष की उम्र में वे अँगरेजी पढ़ने के लिए बम्बई को आये और १८५५ में वे एलफिन्स्टन कालेज में विद्याभ्यास करने लगे। चार वर्ष वहाँ पढ़ कर फिर वे अपने पिता की कोठी पर काम देखने लगे। विदेशों में इस कोठी की शाखाएं स्थापित करने के लिए वे शीघ्रही बाहर निकले। हांगकांग, शांघाई, याकोहामा, पेरिस, न्यूयार्क, आदि स्थानों में शाखाएं खुलीं और उनकी अच्छी उन्नति हुई। सन् १८६३ में ताता महाशय स्वदेश को लौट आये। उस समय अमेरिका में युद्ध हो रहा था और भारतीय कपास का भाव बहुत बढ़ गया था, इस कारण सट्टा के व्यापार की गड़बड़ मची थी। अन्त में इस व्यापार से बम्बई के कई व्यापारियों को बड़ी हानि हुई। सब के साथ ताता के पिता का भी नुकसान हुआ। परन्तु ताता महाशय ने तुरन्त ही अपने पिता के व्यापार में पगड़ी ले ली और वह नुकसान पूरा कर लेने के लिए कमर कसी। थोड़े ही दिनों बाद उन्होंने बहुत अच्छी उन्नति कर ली। इसके बाद सन् १८६५ में वे इँग्लैंड की सफर को निकले। वे इँग्लैंड में भी अपनी कोठी की एक शाखा खोलना चाहते थे। परन्तु उस समय बम्बई के शेयर-बाजार की गड़बड़ मची थी, इस कारण ताता का विचार पूर्ण नहीं हुआ। विलायत से लौट आने पर उन्होंने अबिसीनियन लड़ाई के समय सेना को रसद पहुँचाने का ठेका लिया। इसके बाद बम्बई के बैंक की भराई के ठेके में भी उन्हें पूरा फायदा हुआ। सन् १८७२ में उन्होंने दूसरी बार इंग्लैंड की सफर की। इस सफर में वे लंकाशायर के परगने में घूमे और वहाँ कपास की मीलों का निरीक्षण किया। इसके बाद, जब उन्होंने समझ लिया कि इस विषय का पूर्ण अभ्यास हो गया तब वे स्वदेश को लौट आये और यहाँ एक नवीन मील खोलने के लिए उन्होंने नागपुर शहर को सब प्रकार से पसन्द किया। १ जनवरी सन् १८७७ को नागपुर में उन्होंने "एम्प्रेस मिल" की स्थापना की। ताता महाशय जितने काम हाथ में लेते उन सब में कोई न कोई विशिष्टता अवश्य ही रहती। इस नियम के अनुसार एम्प्रेस मिल के प्रबन्ध में भी उन्होंने कई महत्व के सुधार किये। उन्होंने अपनी मिल के एजंट का कमीशन नफा के प्रमाण पर निश्चित किया। इससे एजंट को सुन्दर और स्वच्छ माल निकालने की सहज ही प्रवृत्ति हुई। नौकरों की तरक्की और पेंशन-फंड का भी ताता महाशय ने सुधार किया। उन्होंने यह नियम कर दिया कि जो नौकर बराबर २५ वर्ष नौकरी करेगा, उसे किसी न किसी हिसाब से तरक्की मिलनी ही चाहिए। इसके सिवाय नौकरी छोड़ते समय, नौकरी की मुद्दत के अनुसार, नौकरों को कुछ निश्चित रकम देने का भी प्रबन्ध कर दिया गया। नागपुर की इस मील की पूँजी आज तक ४७ लाख के ऊपर पहुँच गई है। इतनी पूँजी का पुतलीघर भारतवर्ष में दूसरा कोई भी नहीं है। ताता साहब के सुप्रबन्ध के कारण हिस्सेदारों को नफा भी अच्छा मिलता है। सन् १८८५ में उन्होंने पांडुचेरी में पुतलीघर खोलने का विचार किया; परन्तु, फिर यह विचार रहित करके उसकी जगह "कुर्ला स्वदेशी मिल" स्थापित की गई। इसके बाद इजिप्शियन कपास की खेती करने की ओर ताताजी का ध्यान गया। इस काम में उन्हें उस समय सरकार से उत्तेजना नहीं मिली। तथापि उन्होंने स्वयं अपने ही साहस पर सिंध और मैसूर प्रान्तों में लम्बे धागे के कपास की खेती कराई। मैंचेस्टर के पुतलीघरों को जब तक अमेरिकन कपास सस्ते भाव में और भरपूर मिलता गया तब तक भारत के कपास के सुधार की ओर किसीका विशेष ध्यान नहीं गया। पर अमेरिका में ही पुतलीघरों की अधिकता और सट्टे का प्रचार होजाने के कारण जब कपास का भाव बढ़ गया और मैंचेस्टरवालों का नुकसान होने लगा तब भारत में लम्बे धागे का कपास उत्पन्न करने की चिन्ता हुई। इसके बाद चीन और जापान को जानेवाले अगिनबोटों के माल के भाव की ओर ताता महाशय का ध्यान गया। बम्बई-बन्दर से शांघाय और केंटन को सूत और कपड़े की निकासी बढ़ गई, इससे बम्बई के पुतलीघरों की उन्नति होने लगी और लंकाशायर का माल चीन में न खपने लगा यह देखकर, जो योरोपियन अगिनबोट चीन को जाते थे उन्होंने अपने भाड़े का दर एकदम ड्योढ़ा कर दिया। इस प्रकार अचानक अपने व्यापार में धक्का पहुँचते हुए देख कर ताता ने जापान की निफॉन यूसेन नामक कम्पनी को बम्बई और चीन के बीच में सफर करने के लिए बुलाया और बम्बई के कुछ व्यापारियों की सलाह से उस अगिनबोट को माल पहुँचाने का ठेका लिया। इस जापानी प्रतिस्पर्धी कम्पनी के खड़े होते ही यूरोपियन कम्पनियों ने अपना दर एकदम आधा कर दिया। अब, जिन व्यापारियों ने जापानी जहाज में माल भेजने का वचन दिया था उनमें ताता के समान दूरदृष्टि नहीं थी, अतएव स्वार्थबुद्धि के कारण उनका मन चलविचल होने लगा; परन्तु ताता महाशय को साधारण व्यापारियों की यह सब चालबाजी मालूम थी, इस कारण उन्होंने स्वयं अपनी हानि उठा कर यह प्रतिस्पर्धा जारी रक्खी। अब अँगरेजी कम्पनियों ने जब यह देखा कि भाड़े का दर आधा कर देने पर भी भारतीय व्यापारियों

श्रीमान जमशेटजी नसरवानजी ताता की प्रतिमा बम्बई के गवर्नर साहब खोल रहे हैं।

आर्य लोग गौ को अपना देवता क्यों मानते हैं ?



ऊपर के चित्र में भिन्न भिन्न प्रकार से यह दिखलाया गया है कि आर्य लोगों को गौ और बैल का कितने प्रकार से उपयोग होता है।

जमशेटजी नसरवानजी ताता।

११ एप्रिल को बम्बई में श्रीमान् गवर्नर साहब ने स्वर्गीय जमशेदजी नसरवानजी ताता के स्मारक में उनकी मूर्ति बड़ी धूमधाम के उत्सव के साथ खोल दी। अगली पीढ़ी को मार्ग दिखलाना ही यदि स्मारक का उद्देश्य होगा–और सचमुच प्रत्येक स्मारक का उद्देश्य यही होता ही है–तो स्मारक बनाने के लिए श्रीमान् ताता के समान सर्वथैव योग्य पुरुष विरला ही मिलेगा। विद्वत्ता, कर्तृत्वशक्ति, साधुत्व, दानशूरत्व, स्वदेशभक्ति, इत्यादि गुणों में से एक भी गुण जिस मनुष्य में होता है वह स्मारक का पात्र होता है; फिर जिस असामान्य पुरुष में इन सब गुणों का समुच्चय हो उसके स्मारक की आवश्यकता कौन न स्वीकार करेगा? ऐसे अलौकिक पुरुष का चरित्र चाहे जितने बार गाया जाय, वह 'अधिकस्याधिकं फलम्' के न्याय से विहित ही है। अतएव आज हम ताता महाशय के संक्षिप्त चरित्र का पर्यालोचन करना चाहते हैं।

सन् १८३९ में श्रीमान् ताता का जन्म नवसारी स्थान में हुआ। तेरह वर्ष की उम्र में वे अँगरेजी पढ़ने के लिए बम्बई को आये और १८५५ में वे एल्फिन्स्टन कालेज में विद्याभ्यास करने लगे। चार वर्ष वहाँ पढ़ कर फिर वे अपने पिता की कोठी पर काम देखने लगे। विदेशों में इस कोठी की शाखाएं स्थापित करने के लिए वे शीघ्रही बाहर निकले। हाँगकाँग, शाँघाई, याकोहामा, पेरिस, न्यूयार्क, आदि स्थानों में शाखाएं खुलीं और उनकी अच्छी उन्नति हुई। सन् १८६३ में ताता महाशय स्वदेश को लौट आये। उस समय अमेरिका में युद्ध हो रहा था और भारतीय कपास का भाव बहुत बढ़ गया था। इस कारण सट्टा के व्यापार की बड़ी बढ़ मची थी। अन्त में इस व्यापार से बम्बई के कई व्यापारियों को बड़ी हानि हुई। उन के साथ ताता के पिता का भी नुकसान हुआ। परन्तु ताता महाशय ने तुरन्त ही अपने पिता के व्यापार में पर्दा ले ली और यह नुकसान पूरा कर लेने के लिए कमर कसी। थोड़े ही दिनों बाद उन्होंने बहुत अच्छी उन्नति कर ली। इसके बाद सन् १८६५ में वे इंग्लैंड की सफर को निकले। वे इंग्लैंड में भी अपनी कोठी की एक शाखा खोलना चाहते थे। परन्तु उस समय बम्बई के शेयर-बाजार की गड़बड़ मची थी, इस कारण ताता का विचार पूर्ण नहीं हुआ। विलायत से लौट आने पर उन्होंने अबिसीनियन लड़ाई के समय सेना को रसद पहुँचाने का ठेका लिया। इसके बाद बम्बई के बैंक की भराई के ठेके में भी उन्हें पूरा फायदा हुआ। सन् १८७२ में उन्होंने दूसरी बार इंग्लैंड की सफर की। इस सफर में वे लंकाशायर के परगने में घूमे और वहाँ कपास की मीलों का निरीक्षण किया। इसके बाद, जब उन्होंने समझ लिया कि उस विषय का पूर्ण अभ्यास हो गया तब वे स्वदेश को लौट आये और यहाँ एक नवीन मील खोलने के लिए उन्होंने नागपुर शहर को सब प्रकार से पसन्द किया। १ जनवरी सन् १८७७ को नागपुर में उन्होंने "एम्प्रेस मिल" की स्थापना की। ताता महाशय जितने काम हाथ में लेते उन सब में कोई न कोई विशिष्टता अवश्य ही रहती। इस नियम के अनुसार एम्प्रेस मिल के प्रबन्ध में भी उन्होंने कई महत्व के सुधार किये। उन्होंने अपनी मिल के एजंट का कमीशन नफा के प्रमाण पर निश्चित किया। इससे एजंट को सुन्दर और स्वच्छ माल निकालने की सहज ही प्रवृत्ति हुई। नौकरों की तरक्की और पेंशन-फंड का भी ताता महाशय ने सुधार किया। उन्होंने यह नियम कर दिया कि जो नौकर बराबर २५ वर्ष नौकरी करेगा, उसे किसी न किसी हिसाब से तरक्की मिलनी ही चाहिए। इसके सिवाय नौकरी छोड़ते समय, नौकरी की मुद्दत के अनुसार, नौकरों को कुछ निश्चित रकम देने का भी प्रबन्ध कर दिया गया। नागपुर की इस मील की पूँजी आज तक ४७ लाख के ऊपर पहुँच गई है। इतनी पूँजी का पुतलीघर भारतवर्ष में दूसरा कोई भी नहीं है। ताता साहब के सुप्रबन्ध के कारण हिस्सेदारों को नफा भी अच्छा मिलता है। सन् १८८५ में उन्होंने पांडुचेरी में पुतलीघर खोलने का विचार किया; परन्तु, फिर यह विचार रहित करके उसकी जगह "कुर्ला स्वदेशी मिल" स्थापित की गई। इसके बाद इजिप्शियन कपास की खेती करने की ओर ताताजी का ध्यान गया। इस काम में उन्हें उस समय सरकार से उत्तेजना नहीं मिली। तथापि उन्होंने स्वयं अपने ही साहस पर सिंध और मैसूर प्रान्तों में लम्बे धागे के कपास की खेती कराई। मैंचेस्टर के पुतलीघरों को जब तक अमेरिकन कपास सस्ते भाव में और भरपूर मिलता गया तब तक भारत के कपास के सुधार की ओर किसीका विशेष ध्यान नहीं गया। पर अमेरिका में ही पुतलीघरों की अधिकता और सट्टे का प्रचार होजाने के कारण जब कपास का भाव बढ़ गया और मैंचेस्टरवालों का नुकसान होने लगा तब भारत में लम्बे धागे का कपास उत्पन्न करने की चिन्ता हुई। इसके बाद चीन और जापान को जानेवाले अग्निबोटों के माल के भाव की ओर ताता महाशय का ध्यान गया। बम्बई-बन्दर से शांघाय और कैंटन को सूत और कपड़े की निकासी बढ़ गई, इससे बम्बई के पुतलीघरों की उन्नति होने लगी और लंकाशायर का माल चीन में न खपने लगा यह देखकर, जो योरोपियन अग्निबोट चीन को जाते थे उन्होंने अपने भाड़े का दर एकदम ड्योढ़ा कर दिया। इस प्रकार अचानक अपने व्यापार में धक्का पहुँचते हुए देख कर ताता ने जापान की निपोन यूसेन नामक कम्पनी को बम्बई और चीन के बीच में सफर करने के लिए बुलाया और बम्बई के कुछ व्यापारियों की सलाह से उस अग्निबोट को माल पहुँचाने का ठेका लिया। इस जापानी प्रतिस्पर्धी कम्पनी के खड़े होते ही योरोपियन कम्पनियों ने अपना दर एकदम आधा कर दिया। अब, जिन व्यापारियों ने जापानी जहाज से माल भेजने का वचन दिया था उनमें ताता के समान दूरदृष्टि नहीं थी, अतएव स्वार्थबुद्धि के कारण उनका मन चलविचल होने लगा; परन्तु ताता महाशय को साधारण व्यापारियों की यह सब कार्रवाई मालूम थी, इस कारण उन्होंने स्वयं अपनी हानि उठा कर यह प्रतिस्पर्धा जारी रखी। जब योरोपियन कम्पनियों ने जब यह देखा कि भाड़े का दर आधा कर देने पर भी भारतीय व्यापारियों

श्रीमान् जमशेदजी नसरवानजी ताता की प्रतिमा बम्बई के गवर्नर साहब खोल रहे हैं।

का गुड़ नहीं फूटता तब उन्होंने अपना दर बिलकुल ही कम कर दिया। अब तो बिलकुल परीक्षा का समय आ गया। स्वार्थ के कारण बहुत से व्यापारी पराङ्मुख होने लगे; पर ताता का निश्चय नहीं डिगा। जापानी अगिनबोट से माल भेजने में जितना अधिक महसूल देना पड़ता था उतना स्वयं देना कबूल करके ताता महाशय ने अपना वचन पूरा किया। इधर अँगरेज़ी कम्पनी के एजंटों ने अपनी सरकार से कह कर जापानी सरकार की मार्फ़त निफ़ोन यूसेन कम्पनी को नम्वोह दिलाने का प्रयत्न भी किया; परन्तु जापान कुछ अँगरेज़ों के [illegible]

[illegible] तना ही प्रशंसा की जाय वह सब थोड़ा है। इस चढ़ाऊपरी में उन्हें दो लाख की हानि हुई; परन्तु अँगरेज़ी कम्पनियों का मद-भंजन करने में उन्हें जो सफलता हुई उसके आगे उन्होंने अपनी हानि को कुछ भी नहीं समझा।

परदेश में शिक्षा प्राप्त करने के लिए ताता ने भारतीय विद्यार्थियों को भी भेजने का प्रयत्न किया था, इसमें पहले सिर्फ़ पारसी विद्यार्थियों का ही प्रबंध होता रहा; परन्तु फिर ताता महाशय ने ये वज़ीफ़े सब के लिए कर दिये। उनकी शिष्यवृत्ति पर सिविल-सर्विस परीक्षा पास किये हुए अनेक नौकर अब भी जीवित हैं। सिविल सर्विस में प्रवेश करने के लिए इंगलैंड में रह कर परीक्षा दिये बिना काम नहीं चल सकता इसी लिए ताताजी ने विदेश में विद्यार्थी भेजने का उपाय किया था, परन्तु स्वदेश में ज्ञान-प्रसार करने का सबसे अच्छा मार्ग यही है कि भिन्न भिन्न विषयों में पारंगत शिक्षक यहीं लाये जावें और उनके द्वारा शिक्षा प्राप्त करना सब को सुलभ कर दिया जाय। और भारतवर्ष में सचमुच यदि किसी शिक्षा की [illegible] आवश्यकता है तो वह व्यावहारिक वैज्ञानिक शिक्षा ही है। इन सब बातों का पूर्ण विचार कर के ताता महाशय ने वैज्ञानिक शिक्षा देने की योजना की और इस काम के लिए [illegible] ३० लाख रुपये का दान प्रकट किया। ताता की योजना के अनुसार यह [illegible] करने के लिए नवीन कायदा बनाने की ज़रूरत [illegible] हुई, इससे यह काम कुछ दिन के लिए स्थगित हो गया। [illegible]

सत्ता पूर्णतया छोड़ दे और उसे भारत-सरकार के अधिकार में दे। अन्त में मैसूर सरकार ने यह भी स्वीकार कर लिया और ३७२५ [illegible] जमीन पूर्णतया ब्रिटिश सरकार के अधीन कर दी, इसके सिवा इमारतों के फंड में तीन चार लाख रुपये देने का भी वचन दि[या]। अस्तु। इतने में ताता महाशय की आयु की मर्यादा समाप्त हो [गई] और वे १९ मई सन् १९०४ को जर्मनी के नौहीम शहर में स्वर्गवासी हुए। इसके बाद मार्च सन् १९०५ में बम्बई के गवर्नर साहब की अध्यक्षता में उनके स्मारक के विषय में विचार करने के लिए एक सभा हुई और फंड जमा करने के लिए एक कमेटी बना दी गई। इसने कुल ४७ हज़ार रुपये जमा किये। जिन में से ४५००० रु० खर्च कर के ताता महाशय की प्रतिमूर्ति तैयार कराई गई। यह प्रतिमा इस मास में गवर्नर साहब ने खोली है। श्रीमान् ताता [के] इस स्मारक को केवल औपचारिक समझना चाहिए। उनके सच्चे स्मारक वैज्ञानिक शिक्षा की संस्था, मध्यप्रांत का लोहे और फौलाद का कारखाना, खंडाले के पास विद्युज्जनक जलप्रपात, ताजमहल होटल, इत्यादि हैं। उनकी इन संस्थाओं से अच्छी तरह मालूम होता है कि उनमें कितनी अलौकिक कर्तृत्वशक्ति थी। अब हम इस बात का विचार करते हैं कि उनके चरित्र से साधारण जनसमूह और विशेष कर धनवान् लोगों, को क्या शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

हमारे यहां साधारणतया यह नियम है कि विशेष तीव्र बुद्धि के लोग व्यापार में प्रवेश नहीं करते, किन्तु सरकारी नौकरी, वकालत अथवा डाक्टरी इत्यादि में प्रवेश करते हैं। कुछ दिनों से यह हवा

ताता के वैज्ञानिक विद्यालय (बंगलोर) के अध्यापक और विद्यार्थी।

बदल ज़रूर गई है, परन्तु सन् १८६० से लेकर और अभी १०-५ वर्ष पहले तक तो यह सर्वसाधारण ही नियम था। इस कारण [illegible] पारसी लोगों में संकुचित दृष्टि के ही लोग विशेष रहते थे। [illegible] व्यवसाय में आगे तो उनकी दृष्टि ही न जाती थी। किन्तु उनमें यह बात भी न देखी जाती थी कि अपने व्यवसाय में प्रवीणता प्राप्त करें या कोई नवीन युक्ति ढूँढ़ निकालें, अथवा कोई अपूर्व साहस दिखलावें। स्वार्थ के आगे उनकी दृष्टि नहीं जाती थी। इसका यह परिणाम हुआ कि पहले पहल बम्बई के बड़े व्यापारी वही समझे गये जो परदेशी माल के भारतीय एजंट थे। उन्हें [illegible] एजन्सी के कमीशन ही से काम-फिर स्वदेशी उद्योगधंधे [illegible] में क्यों न मिल जायें, इन्हें कोई परवा नहीं। इस आत्मघातक [illegible] का ताता महाशय ने निषेध किया और व्यापारी दृष्टि को कुछ नवीन मार्ग दिखलाया। ताता महाशय ने अपने उदाहरण से व्यापारी वर्ग को एक स्वतंत्र और योग्य दिशा दिखला दी।

चाहे जिस विषय में [illegible] उस विषय का पूर्णतया ज्ञान करना और उसमें कुछ नवीन [illegible] [illegible] ताता महाशय का [illegible]

नहीं हुए; किन्तु वे उत्तम धैर्य के और आदर्श-योग्य हुए हैं। इतलाने की आवश्यकता नहीं कि उनकी उस बुद्धि में उनका व्यासंग भी मिला हुआ था। वैज्ञानिक-शिक्षा-विषयक विद्यालय खोलने का विचार जब से उनके मन में आया तब से उन्होंने इस विषय का इतना अध्ययन किया कि उस विषय की जितनी पुस्तकें उनके पास होंगी उनसे एक पुस्तकालय भर जा सकता है। उनका यह निश्चय था कि कोई भी बात हो, जब तक सांगोपांग उसका अध्ययन न कर लिया जाय तब तक उस विषय के सम्बन्ध में अपना मत न बनाना चाहिए और महात्मा तिलक की तरह उनका यह स्वभाव था कि एक बार पूर्ण विचार करके जिस बात के करने का निश्चय हो गया उस निश्चय से तिलमात्र भी नहीं टलना चाहिए; फिर उसमें चाहे जितना संकट क्यों न भोगना पड़े, चाहे सब मित्र क्यों न चले जायँ। जब पहले पहल भारत में प्लेग आया और क्वारंटाइन तथा सेग्रिगेशन की रीति जारी हुई तब 'मायेरान' नामक स्थान के डाक्टरने, गर्मी में वहां हवा खाने को जानेवालों के लिए कुछ नियम प्रसिद्ध किये। उनमें धनवान् और गरीब (रेल के पहले दर्जे से और अन्य दर्जों से प्रवास करनेवाले) का तो भेद था ही किन्तु, इसके सिवाय, काले-गोरे का भी भेद था। पहले दर्जे से प्रवास करनेवाले के लिए अधिक सुभीते तो थे ही; परन्तु उनमें देशी और यूरोपियनों के नियमों में भेद था। यह अपमानकारक पक्षपात ताता महाशय को सहन नहीं हुआ। देशियों के लिए जो नियम बनाये गये थे उनके अनुसार ताता महाशय को हुक्म हुआ कि वे भी दस दिन अस्पताल में अपनी प्रकृति दिखलाने के लिए आवें, अथवा पचास रुपये फीस देकर डाक्टरको घर में बुलावें। डाक्टर का पक्षपात देख कर ताता महाशय ने निःशस्त्र प्रतिकार का अवलम्बन किया वे अस्पताल में जांच कराने नहीं गये और न डाक्टर को फीस दे कर घर में ही बुलाया। इससे माथेरान के रहनेवालों में बड़ी हलचल मच गई। इस प्रकरण का समाचार बड़े बड़े अफसरों तक पहुँचा और अन्त में ताता का कार्य निर्दोष सिद्ध हुआ। इस प्रकार उनके निःशस्त्र प्रतिकार का विजय हुआ। दानशूरता के लिए वे बहुत ही प्रसिद्ध हैं। निदान ताता महाशय में नवीन मार्गदर्शकता, बुद्धिमत्ता और दक्षता, दृढ़ व्यासंग, दृढनिश्चय और स्नेह तथा स्वावलम्ब आदि अनेक अनुकरणीय गुण थे। जिस पुरुष में इतने गुणों का समूह था उसकी प्रतिमा, नवीन पीढ़ी के लिये मार्गदर्शकरूप, बम्बई नगरी के एक उत्तम स्थान में स्थापित हुई है, यह अत्यन्त योग्य है। परमात्मा करे कि श्रीमान् ताता महाशय का अनुकरण करने वाले अनेक धनवान् व्यापारी हमारे देश में उत्पन्न हों और ताता जी के सुपुत्र अपने पिता का आदर्श सदैव अपने सामने रखें।

'समुद्रास्तृप्यन्तु!!!'

मानवजाति ने अपने बुद्धिचातुर्य से सृष्टि के पंचमहाभूतों पर [illegible]

[illegible]

...ही नहीं है। वहां क्षमा, दया, माया, आदि का नाम भी न लो। सृष्टि के नियम बड़े कठोर और अपवादरहित हैं, अतएव जिसे अपनी कर्तृत्वशक्ति का अत्यन्त गर्व है उसे भी कभी न कभी अपनी दुर्बलता और स्खलनशीलता चुपके से कबूल करनी पड़ती है। ऐसे मौके कभी कभी आ जाते हैं, इसी लिये मानवी अहंकार की कुछ सीमा भी है, अन्यथा, इस बात का अनुमान नहीं किया जा सकता कि यह मानवी अहंता किस दर्जे तक जा पहुँचती। इस प्रकार के आकस्मिक मौके देख कर ही अत्यन्त नास्तिक लोगों की भी बुद्धि चकित हो जाती है और यह उद्गार आप ही आप निकल पड़ता है कि, "ईश्वरी सत्ता कुछ अतर्क्य है!" १५ एप्रिल को टिटानिक जहाज पर जो भयंकर अपघात और प्राणहानि हुई उसी कारण से आज हमें उपर्युक्त विचार सूझ पड़े। इस अपघात के बिलकुल ही अकल्पित और हृदयद्रावक होने के कारण मन खिन्न तो हो ही जाता है; किन्तु यह खिन्नता अधिक बढ़ जाती है, जब हम गत चार महीनों के ऐसे ही तीन चार और अपघातों पर दृष्टि डालते हैं। यद्यपि यह ठीक है कि टिटानिक जहाज की तरह पहले के दो अपघातों [illegible] ...ह बातें मन पर बैठने [illegible] आगे मनुष्य का बल [illegible] कारणीभूत होते हैं। और प्रत्येक नवीन अपघात के समय पहले की अनर्थ-परम्परा का एकत्रित परिणाम दृष्टिगोचर होता रहता है। इस लिये टिटानिक जहाज के अपघात का वृत्तान्त देने के पहले यह संक्षिप्त वृत्तान्त देना आवश्यक है कि दिल्ली और ओशियाना जहाज समुद्र के पेट में कैसे गड़प हो गये।

पी. और ओ. कम्पनी का दिल्ली नामक जहाज [illegible] दिसम्बर को लंडन से निकला। २०० मुसाफिरों ने उस जहाज पर जगह ले रखी थी; परन्तु उसके सौ मुसाफिर मार्सेल्स बन्दर में उससे मिलनेवाले थे। शेष १०० मुसाफिरों को लेकर वह जहाज जब जिब्राल्टर के सागर से भूमध्यसागर में प्रवेश करने लगा तब बादलों के चक्कर में फँस गया और १३ तारीख को केप स्पार्टेल की ओर बहते हुए जाकर चट्टान में टकराया। रात का समय था, इस लिये नौका में मुसाफिरों को बैठा कर उन भयंकर बादलों से किनारे ले आना बहुत ही भयंकर काम था। इसी जहाज पर सम्राट जार्ज के बहनोई ड्यूक आफ फाइफ और उनके कुटुम्बी जन थे। बेतार के विद्युत्सन्देश से चारों ओर दिल्ली जहाज के डूबने का समाचार दिया गया और तुरन्त ही फ्रायेंट नामक फ्रेंच जहाज उसकी मदद के लिये आया। उस जहाज के खलासियों ने अपने प्राणों की भी परवा न करते हुए दिल्ली जहाज के मुसाफिरों की रक्षा का प्रबन्ध किया। इस कारण राजघराने के सब मनुष्य और ८४ मुसाफिर बच गये। परन्तु इस काम में फ्रेंच जहाज के तीन खलासियों के प्राण गये।

कहते हैं कि दिल्ली जहाज पर समुद्री मार्ग जानने के लिये जो समुद्र के नकशे थे वे पुराने रद्दी थे, इसी कारण यह अपघात हुआ। इस दिल्ली जहाज से करीब पौन करोड़ का सोना और रूपा भारत के लिये आ रहा था। वह जहाज डूब जाने पर गोतेखोरों के द्वारा निकाला गया।

दिल्ली नामक जहाज के 'समुद्रास्तृप्यन्तु' होने के बाद कुछ छोटे छोटे अपघात हुए। परन्तु एक और नवीन बड़ा जहाज ओशियाना १६ मार्च को डूब गया। यह दूसरा बड़ा अपघात है।

ओशियाना जहाज का डूबना।

पी और ओ कम्पनी का ओशियाना नामक एक नवीन जहाज लंडन के पास टिलबरी बन्दर से १५ मार्च को रवाना हुआ। उस जहाज पर दो सौ खलासी थे, परन्तु मुसाफिरों की संख्या सिर्फ चालीस ही थी। मुसाफिरों की संख्या थोड़ी होने का कारण यह है कि साधारणतया भारत की ओर आनेवाले मुसाफिर लंडन में ही जहाज पर नहीं बैठते; किन्तु मार्सेल्स बन्दर तक रेलगाड़ी से आकर फिर वहां जहाज पर चढ़ते हैं। इससे उनका तीन चार दिन का समय और जहाजी प्रवास का कष्ट बचता है। अस्तु। इस प्रकार यह जहाज चालीस मुसाफिरों को लेकर थेम्स नदी के मुख से निकल कर इंग्लिश खाड़ी में पैठा। १६ तारीख को सुबह चार बजे के करीब उक्त खाड़ी से प्रवास करता हुआ यह जहाज बीचीहेड नामक भूशिर के पास आया। उस समय एकदम उसके सामने पिसागुआ नामक जहाज आ गया। दोनों जहाज अपने अपने पूर्ण वेग में थे। अन्त में वे इतने पास पास आ गये कि दोनों की टक्कर को बचाने का अवकाश ही न रहा। दोनों की टक्कर हो गई। पिसागुआ जहाज का अगला भाग यद्यपि कुछ खराब हो गया, तथापि वह न डूबते हुए हवा के जोर से भगता हुआ निकल गया। हां, ओशियाना जहाज को इस टक्कर से बड़ा नुकसान पहुँचा और उसमें पानी आने लगा। सब मुसाफिरों को, नीचे का मंजिल छोड़ कर ऊपर आने की सूचना दी गई। यह सूचना पाते ही प्रायः बहुत से मुसाफिर नींद से गिरते पड़ते, आंखें मिलमिलाते रात के पहनाव में ऊपर आये। उनमें से कई मुसाफिर तो अर्धनग्न ही थे। परन्तु नीचे जा कर कपड़े पहन आने का उन्हें साहस न होता था। क्योंकि पानी आवाज करता हुआ जहाज में बड़े जोर से आ रहा था और लोगों के ओढ़ने बिछौने पानी में उतराने लगे थे। अब यह हाल देख कर तब नौकाएं नीचे डाल कर उनमें मुसाफिरों के बैठाने का प्रयत्न होने लगा। एक डोंगी पानी में छोड़ते ही जहाज के धक्के से लौट गई और उसके सब मुसाफिर पानी में गिर पड़े। रात का समय था, इस कारण यह सुभीता नहीं था कि तैर कर डूबनेवाले मुसाफिर बचाये जावें। इस लिए मुसाफिरों के लिए रबर की कड़ियां और तौक छोड़े गये। तुरन्त ही दूसरी डोंगी छोड़ कर पानी में पड़े हुए मनुष्य उसमें बैठाये गये। परन्तु इस गड़बड़ी में चार पांच मुसाफिर और पांच मान खलासी चल ही गये। इसके

बाद दूसरी डोंगियां छोड़ कर बाकी मुसाफिर और खलासी बचाये गये। इधर जहाज का अगला भाग बिलकुल डूब गया और पिछला भाग पानी पर उठा रहा। कुछ देर के बाद उसके इंजिन फूटे और उनके धड़ाके से जहाज एकदम ऊपर उठा और फिर अन्त में उसने जलसमाधि ले ली। तथापि उस जगह समुद्र बहुत गहरा नहीं था, इस कारण जहाज के ऊपर की चिमनी और डोल, आदि पानी के के ऊपर दिखते थे।

इस जहाज पर कप्तान की कोठरी में सोना और रूपा था। उसमें से तीस चालीस हजार का सोना और दो तीन हजार का रूपा ऊपर निकाला गया है। बाकी बचा हुआ भी शीघ्रही निकाला जायगा। डूबे हुए जहाज में पैठ कर ठीक कप्तान की कोठरी में जाना और अलमारी खोल कर उससे कुंजियां निकालना तथा खजाने की सन्दूक का ताला खोल कर उससे रकम बाहर निकालना सचमुच ही बड़े साहस और चपलता का काम है।

इंगलैंड में एक कमिशन के द्वारा, ओशियाना जहाज के डूबने की जाँच अभी होना है। जर्मन में पिसागुआ जहाज के विषय में जो जाँच हुई है उसका यह फैसिला हुआ है कि इस अपघात का सारा दोष ओशियाना के अधिकारियों पर है क्योंकि यह जहाज अपनी नियत दिशा को छोड़ कर दूसरी ही तरफ चल रहा था। इधर यह भी चिल्लाहट मची है कि इस अपघात में ओशियाना जहाज के भारतीय खलासियों ने अपना काम ठीक तौर पर नहीं किया। परन्तु कमिशन की जांच का हाल जब तक न मिल जाय तब तक इस विषय में कुछ मत नहीं दिया जा सकता।

टिटानिक जहाज का डूबना।

ओशियाना के अपघात से बराबर एक मास बाद टिटानिक नामक बहुत बड़ा जहाज, अमेरिका को जाते हुए न्यूफौंडलैंड के पास डूब गया।

* जहाज बहुत ही भारी था। यहां तक कि इसकी बराबरी का आज संसार में नहीं है। इसकी लम्बाई ८८० फीट, ९० फीट और उंचाई ६६ फीट थी। इस पर कुल ९ डेक थे। ३५४६ मुसाफिरों के बैठने का इसमें सुभीता किया गया था।

इसके सोलो इंजनों की कुल शक्ति ४६००० हार्स पावर थी और प्रति घंटे २१ मील (समुद्री मील) चलता था। इस भारी जहा के बनवाने में १,७१,२४,००० रुपया खर्च हुआ। और अभी ६ दि पहले डेढ़ करोड़ का उसका बीमा भी हो गया था। इस 'टिटानि जहाज पर मुसाफिरों के लिए सब प्रकार के सुख-सुभीते-सुन्द लय, स्नानागार, भोजनगृह, क्रीडामन्दिर, इत्यादि किये गये थे। इस सिवाय इस जहाज की रचना भी ऐसी की गई थी कि चाहे जैस बादल आये तो भी यह न डूबे। टिटानिक जहाज १० एप्रिल साउदेम्पटन बन्दर से २३४० मनुष्यों के साथ अमेरिका को चला यह १६ तारीख को न्यूयार्क बन्दर में पहुँचनेवाला था। पर ईश की इच्छा कुछ और ही थी! १४ तारीख रविवार को आधी रात लगभग यह जहाज न्यूफौंडलैंड टापू के पास आया। उस समय न्यू फौंडलैंड की ओर से बह कर आया हुआ बर्फ का एक बड़ा पर्व पाव मील के अन्तर पर दिख पड़ने लगा! गर्मी के दिनों में उत्त ध्रुव की ओर से बर्फ के ऐसे अनेक पर्वत उत्तर अटलांटिक-म सागर में बह कर आते रहते हैं। दिन में इस प्रकार के तैरते ह 'हिम-नग' देख कर बड़ा आनन्द आता है। दिन में सूर्य की ग



टिटैनिक आगबोट

और पानी की गर्मी के योग से इन पहाड़ों का पानी में डूबा हुआ भाग बराबर पिघलता रहता है, इस लिए यह भाग पानी के ऊपर वाले भाग से हलका होता जाता है और इसी कारण ये पहाड़ समुद्र में ऊपर ही ऊपर कुलहांटे खाते हुए उछलते रहते हैं। अर्थात् ऐसे बर्फ के बहते हुए पहाड़, अटलांटिक महासागर में प्रवास करने वाले जहाजी मुसाफिरों को दिन में अपूर्व और मनोहर दृश्य दिखलाने वाले नैसर्गिक चमत्कार ही हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं। पर साथ ही साथ यह भी कहना पड़ता है कि रात के समय ये बर्फ के पहाड़ जहाजों का नाश करनेवाले प्रत्यक्ष यमदूत अथवा पिशाच ही हैं। रात के समय इन बहते हुए पहाड़ों के आसपास बहुत घना कुहरा छाया रहता है। इस कारण यह अनुमान नहीं किया जा सकता कि ये पहाड़ कब आकर जहाज से टक्कर लगावेंगे। १४ तारीख को रात के समय साढ़े ग्यारह बजे के करीब ऐसा ही एक बर्फ का बड़ा पहाड़ टिटानिक की ओर आता हुआ देख पड़ा। पहाड़ और जहाज दोनों की गति बहुत तेज थी। कप्तान ने दोनों की टक्कर बचाने का प्रयत्न किया, पर वह पूर्ण रीति से सफल नहीं

हुआ। यद्यपि उसके प्रयत्न से दोनों की टक्कर आमने सामने नहीं हुई, परन्तु यह बर्फ का पर्वत जहाज के एक ओर से रगड़ता हुआ निकल गया। इस कारण यद्यपि जहाज के मुसाफिरों के इतना धक्का नहीं लगा कि वे समझ सकते, तथापि उस पर्वत ने अपनी धार से जहाज का एक किनारा बहुत सा काट डाला, इस कारण पानी जहाज के भीतर जाने लगा! इस समय प्रायः बहुत से मुसाफिर अपनी अपनी कोठरियों में अथवा अपनी अपनी जगहों में सो रहे थे, तथा कुछ लोग बैठे हुए ताश खेल रहे थे। परन्तु टक्कर का धक्का बिलकुल ही न समझ पड़ने के कारण सोनेवाले नहीं जगे और न जगनेवालों को यह दुर्घटना मालूम हुई! इसके सिवाय सब मुसाफिरों को विश्वास था कि टिटानिक के समान भारी जहाज कभी डूब नहीं सकता, इस लिए वे अपनी अपनी जगह में स्वस्थ ही थे। परन्तु जहाज के कप्तान और अन्य अधिकारियों को असली हालत तुरन्तही मालूम हो गई। उन्होंने उसी दम एंजिन बन्द करके जहाज को ठहरा दिया। मुसाफिर और खलासियों को समुद्र में तैरनेवाली रबरी कड़ियां और गोले बाँटे गये! जहाज की छोटी नौकायें भी समुद्र में छोड़ी गईं और उनमें स्त्री तथा बच्चों का बैठना शुरू हुआ। परन्तु टिटानिक जहाज की मजबूती पर बहुत से मुसाफिरों का इतना दृढ़ विश्वास था कि उन्होंने यह भी समझा कि कप्तान आदि अधिकारी व्यर्थ ही के लिए वे सब उपाय कर रहे हैं। परन्तु धीरे धीरे जहाज का एक सिरा ज्यों ज्यों पानी की ओर झुकने लगा त्यों त्यों मुसाफिरों की आँखें खुलने लगीं और भावी महासंकट के भयंकर स्वरूप का चित्र उनके सामने खड़ा हो गया। इतने ही में कई लोगों ने पानी में छोड़ी हुई नौकाओं में जबरदस्ती से घुसने का प्रयत्न किया; और कुछ दंगा फिसाद भी होने लगा। अन्त में जहाज के अधिकारियों ने पिस्तौलें दिखाकर यह दंगा शान्त किया। इसके बाद उन नौकाओं में पहले स्त्री और बच्चे बिठाये गये; और पीछे बची हुई नौकाओं में कुछ पुरुष मुसाफिर तथा खलासी बैठाये गये; और ये नौकायें अंधेरे में निकल गईं। मुसाफिरों में कुछ स्त्रियां ऐसे संकट के समय में अपने पति को छोड़ कर केवल अपने ही प्राण नहीं बचाना चाहती थीं। परन्तु इस प्रकार की सत्तर स्त्रियां जबरदस्ती से नौकाओं में लाकर बैठाई गईं। तथापि बहुत सी स्त्रियां अपने पति के पास [illegible]

[illegible] लोग जीवन [illegible] हुई लकड़ि- [illegible] बर्फ के पहा- [illegible] न लोग टिट [illegible] सिरा बिलकुल [illegible] होकर सीधा [illegible] और माल आदि एक ओर चला गया और इसका बड़ा भयंकर शब्द हुआ। इस दशा में करीब पाँच मिनट जहाज खड़ा रहा। इसके बाद वह एकदम उलट गया; और उसके १४–१६ सौ मुसाफिरों में मरण-काल का हृदयद्रावक कोलाहल मचा! इस प्रकार जब जहाज पानी में डूब गया तब भीतर का बायलर फूटा और फिर दो तीन धड़ाके उड़े, साथही पानी में डूबे हुए कुछ मुसाफिर ऊपर आये; परन्तु प्राण बचाने का वहां उनके लिए कोई साधन नहीं था; इस कारण प्रायः बहुत लोगों को तुरन्त ही प्राणों से हाथ धोना पड़ा!

कप्तान ने जब यह देखा था कि बर्फ के पहाड़ से जहाज की टक्कर लगेगी तभी उसने बेतार के तार से और बारूद के बाण छोड़ कर चारों ओर भावी दुर्घटना के सन्देश भेजे थे; और अन्य जहाजों की मदद मांगी थी। इस लिए कोई चार साढ़ेचार बजे के करीब कार्पेथिया जहाज दुर्घना की जगह पर आया। उस समय टिटानिक की १६ छोटी छोटी डोंगियों में बैठ कर इतस्ततः घूमनेवाले और समुद्र में पड़े हुए तड़फड़ानेवाले कुल करीब ८६८ मुसाफिर कार्पेथिया ने चढ़ा लिए। यह जहाज १९ तारीख की शाम को न्यूयार्क बन्दर में पहुंचा।

अब अमेरिका में इस बात की जाँच हो रही है कि टिटानिक जहाज किन किन कारणों से डूबा। इस जाँच में कब अनेक भूलें खुल रही हैं। जहाज पर सब के लिए काफी डोंगियां न थीं। जो डोंगियां मौजूद थीं उनमें भी जितने मुसाफिर बिठाये जा सकते थे उतने नहीं लिए गये। पहले और दूसरे दर्जे के बचे हुए मुसाफिरों का कुल मुसाफिरों के मुकाबिले जो औसत पड़ता है उससे बहुत ही कम औसत तीसरे दर्जे के मुसाफिरों का पड़ता है। यही नहीं,

[illegible]

इस जांच का फैसला होने पर नौकानयन के नियमों में महत्व के फेरफार होंगे। अस्तु। आगे चाहे जो नियम बना करें; परन्तु इस समय इस भयंकर दुर्घटना के कारण डेढ़ हजार से अधिक मनुष्य और करोड़ों रुपये का माल 'समुद्रास्तृप्यन्तु' होगया, इसमें कोई शक नहीं!!!

इस दुर्घना में 'रिव्यू आफ रिव्यूज' नामक प्रसिद्ध मासिक पत्र के सम्पादक मि० स्टेड का देहान्त हो गया। सन् १८४९ में मि० स्टेड का जन्म हुआ। उनके पिता धर्मोपदेशक थे, इस कारण बालपनही से उन्हें धार्मिक और सामाजिक विषयों का ज्ञान होगया और उनकी वृत्ति सात्विक तथा परोपकारी बनगई। छुटपन ही से उन्हें समाचारपत्रों में लेख भेजने का शौक था। बड़े होने पर उन्होंने 'एको' नामक एक पत्र निकाला। इस पत्र के लेख मि० ग्लेडस्टन को भी पसन्द आये और उन्हींकी शिफारस से मि० मोर्ले ने स्टेड साहब को 'पालमाल-गजट' के सहकारी सम्पादक का स्थान दिया। बाद को सन् १८८३ ई० में मोर्ले साहब की जगह वे स्वयं मुख्य सम्पादक हुए। यह काम ६ वर्ष तक इन्होंने बड़े उत्साह के साथ किया। प्रसिद्ध पुरुषों से मिलकर सार्वजनिक प्रश्नों पर उनके मत प्रकाशित करने का तरीका मि० स्टेड ने ही जारी किया। यह तरीका पीछे से अत्यन्त लोकप्रिय हो गया। इनका यह नियम था कि सदसद्विवेकबुद्धि में जो बात आ जाती थी उसे ये निर्भय होकर कह देते थे और उसकी विरोधी बातों पर कठोर समालोचना करते थे—इसी कारण इन्हें एक बार तीन मास का कारागृहवास भोगना पड़ा। कुछ पुस्तक विक्रेताओं ने इनके लेखों का बहिष्कार भी किया; तथापि सामान्य जनसमूह की उन पर पूज्य बुद्धि बढ़ने लगी। जब इनके राजनैतिक विचार पालमालगजट के मालिक के विचारों से भिन्न होने लगे तब इन्होंने उस पत्र का सम्बन्ध छोड़ दिया। इसके बाद सन् १८९० में इन्होंने 'रिव्यू आफ रिव्यूज' नाम का मासिक पत्र निकाला। इस मासिक पत्र के लेखों के कारण ये शीघ्रही जगत्प्रसिद्ध होगये और बड़े बड़े अफसर तथा राजा महाराजा लोग भी इनकी लेखनी को डरने लगे। उनकी यह उत्कट इच्छा थी कि कोई राष्ट्र एक दूसरे से स्पर्धा करने में अपना सामर्थ्य खर्च न करें, सबमें परस्पर स्नेहभाव रहे और यदि कोई वादविवाद की बात निकले तो शान्ति के साथ उसका फैसिला करने के लिये सब राष्ट्रों के प्रतिनिधियों की एक शान्तिसभा हो और उसका किया हुआ फैसला सब राष्ट्र शिरोधार्य करें। अपनी इसी इच्छा के अनुसार मि० स्टेड ने अत्यन्त परिश्रम से हेग की शान्तिपरिषद् स्थापित कराई। बोर-युद्ध के समय, यद्यपि प्रायः सारा इंग्लिश राष्ट्र युद्ध के अनुकूल था, तथापि उसके विरोध की कुछ भी परवा न करते हुए इन्होंने उस युद्ध का बड़ी तेजी से निषेध किया। 'मैं क्या अपने बोर-बन्धुओं के नाम पर छुरी चलाऊं!' और 'बोर-युद्ध के विरुद्ध युद्ध' नाम के दो लेख लिखकर इन्होंने बड़ी भारी हलचल मचा दी। बोर-युद्ध के आदि-प्रवर्तक और ब्रिटिश साम्राज्य के अभिमानी मरणोन्मुख मि० रोडिस ने [illegible] उस समय बोर-युद्ध के विरुद्ध लेखनी न चलाने के लिए मि० स्टेड



जिस जगह टिटानिक जहाज डूबा उस जगह समुद्र की गहराई अनुमान से १८००० फीट है।

बाद दूसरी डोंगियां छोड़ कर बाकी मुसाफिर और मल्लाह बचाये गये। इधर जहाज का अगला भाग बिलकुल डूब गया और पिछला भाग पानी पर उठा रहा। कुछ देर के बाद उसके इंजिन फूटे और उनके धड़ाके से जहाज एकदम ऊपर उठा और फिर अन्त में उसने जलसमाधि ले ली। तथापि उस जगह समुद्र बहुत गहरा नहीं था, इस कारण जहाज के ऊपर की चिमनी और डोल, आदि पानी के के ऊपर दिखते थे।

इस जहाज पर कप्तान की कोठरी में सोना और रूपा था। उसमें से तीस चालीस हजार का सोना और दो तीन हजार का रूपा ऊपर निकाला गया है। बाकी बचा हुआ भी शीघ्र ही निकाला जायगा। डूबे हुए जहाज में पैठ कर ठीक कप्तान की कोठरी में जाना और अलमारी खोल कर उससे कुंजियां निकालना तथा खजाने की सन्दूक का ताला खोल कर उससे रकम बाहर निकालना सचमुच ही बड़े साहस और चपलता का काम है।

इंगलेंड में एक कमिशन के द्वारा, ओशियाना जहाज के डूबने की जाँच अभी होना है। जर्मन में पिसागुआ जहाज के विषय में जो जाँच हुई है उसका यह फैसिला हुआ है कि इस अपघात का सारा



टिटेनिक आगबोट

दोष ओशियाना के अधिकारियों पर है क्योंकि यह जहाज अपनी नियत दिशा को छोड़ कर दूसरी ही तरफ चल रहा था। इधर यह भी चिल्लाहट मची है कि इस अपघात में ओशियाना जहाज के भारतीय खलासियों ने अपना काम ठीक तौर पर नहीं किया। परन्तु कामिशन की जांच का हाल जब तक न मिल जाय तब तक इस विषय में कुछ मत नहीं दिया जा सकता।

टिटानिक जहाज का डूबना।

ओशियाना के अपघात से बराबर एक मास बाद टिटानिक नामक बहुत बड़ा जहाज, अमेरिका को जाते हुए न्यूफौंडलेंड के पास डूब गया।

यह जहाज बहुत ही भारी था। यहां तक कि इसकी बराबरी का दूसरा जहाज आज संसार में नहीं है। इसकी लम्बाई ८८० फीट, चौड़ाई ९० फीट और ऊंचाई ६६ फीट थी। इस पर कुल ९ डेक थे। कुल ३३४६ मुसाफिरों के बैठने का इसमें सुभीता किया गया था। इसके इंजिनों की कुल [illegible] ४६००० हार्स पावर की थी। यह प्रति घंटे २१ मील (समुद्री मील) चलता था। इस जहाज के बनवाने में १,३६,५४,००० रुपया खर्च हुआ, और अभी [illegible] पहले [illegible] का उसका बीमा भी हो गया था। इस जहाज पर मुसाफिरों के लिए सब प्रकार के सुख-सुभीते, [illegible] लय, व्यायामागार, [illegible], [illegible], इत्यादि बने थे। [illegible] सिवाय इस जहाज की रचना भी ऐसी की गई थी कि चाहे [illegible] पानी भर जाय तो भी यह न डूबे। टिटानिक जहाज १० अप्रैल को साउथम्पटन बन्दर से २३४० मनुष्यों के साथ अमेरिका को [illegible] यह ११ तारीख को क्वीन्सटाउन बन्दर में पहुंचनेवाला था। पर [illegible] की इच्छा कुछ और ही थी! १४ तारीख रविवार को आधी रात लगभग यह जहाज न्यूफौंडलेंड टापू के पास आया। उस [illegible] फौंडलेंड की ओर से बह कर आता हुआ बर्फ का एक बड़ा [illegible] पास [illegible] के बराबर पर दिख पड़ने लगा। गर्मी के दिनों में ध्रुव की ओर से बर्फ के ऐसे अनेक पर्वत उत्तर अटलांटिक सागर में बह कर आते रहते हैं। दिन में इस प्रकार के तैरते 'हिम-नग' देख कर बड़ा आनन्द आता है। दिन में सूर्य की और पानी की गर्मी के योग से इन पहाड़ों का पानी में डूबा हुआ भाग बराबर पिघलता रहता है, इस लिए यह भाग पानी के ऊपर वाले भाग से हलका होता जाता है और इसी कारण ये पहाड़ समुद्र में ऊपर ही ऊपर कुलहांटें खाते हुए उछलते रहते हैं। अर्थात् ऐसे बर्फ के बहते हुए पहाड़, अटलांटिक महासागर में प्रवास करने वाले जहाजी मुसाफिरों को दिन में अपूर्व और मनोहर दृश्य दिखलाने वाले नैसर्गिक चमत्कार ही हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं। परन्तु साथ ही साथ यह भी कहना पड़ता है कि रात के समय ये बर्फ के पहाड़ जहाजों का नाश करनेवाले प्रत्यक्ष यमदूत अथवा निशाचर ही हैं। रात के समय इन बहते हुए पहाड़ों के आसपास बहुत घना कुहरा छाया रहता है। इस कारण यह अनुमान नहीं किया जा सकता कि ये पहाड़ कब आकर जहाज से टक्कर लगावेंगे। १४ तारीख को रात के समय साढ़े ग्यारह बजे के करीब, ऐसा ही एक बर्फ का बड़ा पहाड़ टिटानिक की ओर आता हुआ देख पड़ा। पहाड़ और जहाज दोनों की गति बहुत तेज थी। कप्तान ने [illegible] की टक्कर बचाने का प्रयत्न किया; पर वह पूर्ण रीति से सफल

हुआ। यद्यपि उसके प्रयत्न से दोनों की टक्कर आमने सामने नहीं हुई; परन्तु यह बर्फ का पर्वत जहाज के एक ओर से रगड़ता हुआ निकल गया। इस कारण यद्यपि जहाज के मुसाफिरों के इतना धक्का नहीं लगा कि वे समझ सकते; तथापि उस पर्वत ने अपनी धार से जहाज का एक किनारा बहुत सा काट डाला, इस कारण पानी जहाज के भीतर जाने लगा। इस समय प्रायः बहुत से मुसाफिर अपनी अपनी कोठरियों में अथवा अपनी अपनी जगहों में सो रहे थे, तथा कुछ लोग बैठे हुए ताश खेल रहे थे। परन्तु टक्कर का धक्का बिलकुल ही न समझ पड़ने के कारण सोनेवाले नहीं जगे और न जगनेवालों को यह दुर्घटना मालूम हुई। इसके सिवाय सब मुसाफिरों को विश्वास था कि टिटानिक के समान भारी जहाज कभी डूब नहीं सकता, इस लिए ये अपनी अपनी जगह में स्वस्थ ही थे।

कारी स्वयं ही के लिए ये सब उपाय कर रहे हैं। परन्तु धीरे धीरे जहाज का एक सिरा ज्यों ज्यों पानी की ओर झुकने लगा त्यों त्यों मुसाफिरों की आंखें खुलने लगीं और भावी महासंकट के भयंकर स्वरूप का चित्र उनके सामने खड़ा हो गया। इतने ही में कई लोगों ने पानी में छोड़ी हुई नौकाओं में जबरदस्ती से घुसने का प्रयत्न किया; और कुछ दंगा फिसाद भी होने लगा। अन्त में जहाज के अधिकारियों ने पिस्तौलें दिखाकर यह दंगा शान्त किया। इसके बाद उन नौकाओं में पहले स्त्री और बच्चे बिठाये गये, और पीछे बची हुई नौकाओं में कुछ पुरुष मुसाफिर तथा खलासी बैठाये गये; और ये नौकाएं अंधेरे में निकल गईं। मुसाफिरों में कुछ स्त्रियां ऐसे संकट के समय में अपने पति को छोड़ कर केवल अपने ही प्राण नहीं बचाना चाहती थीं; परन्तु इस प्रकार की सत्तर स्त्रियां जबरदस्ती से नौकाओं में लाकर बैठाई गईं। तथापि बहुत सी स्त्रियां अपने पति के पास रह कर सती की मृत्यु से मरने के लिए जहाज ही पर बनी रहीं। जहाज के बाकी लोगों में से कुछ लोग जीवन की आशा से समुद्र में कूद पड़े और कुछ लोग बहती हुई लकड़ियों पर बैठ कर प्राणरक्षा का प्रयत्न करने लगे। परन्तु बर्फ के पहाड़ों से पानी इतना ठंडा हो गया था कि उसमें से बहुत लोग ठिठुर कर मर गये। इतने में टिटानिक जहाज का एक सिरा बिलकुल पानी में डूब गया और दूसरा सिरा १५० फीट ऊंचा होकर सीधा खड़ा हो गया। उस समय जहाज के सब जड़ यंत्र और माल आदि एक ओर चला गया और इसका बड़ा भयंकर शब्द हुआ। इस दशा में करीब पांच मिनट जहाज खड़ा रहा। इसके बाद वह एकदम उलट गया, और उसके १५–१६ सौ मुसाफिरों में आक्रन्दन का हृदयद्रावक कोलाहल मचा! इस प्रकार जब जहाज पानी में डूब गया तब भीतर का बायलर फूटा और फिर दो तीन धड़ाके उठे, जिससे पानी में डूबे हुए कुछ मुसाफिर ऊपर आये, परन्तु प्राण बचाने का वहां उनके लिए कोई साधन नहीं था, इस कारण प्रायः बहुत लोगों को तुरन्त ही प्राणों से हाथ धोना पड़ा!

कप्तान ने जब यह देखा था कि बर्फ के पहाड़ से जहाज की टक्कर लगी तभी उसने बेतार के तार से और वायरलेस से चारों ओर आपत्ति दुर्घटना के सन्देश भेज दिये, और अन्य जहाजों की मदद मांगी थी। इस लिए कोई चार साढ़ेचार बजे के करीब कारपेथिया जहाज दुर्घटना की जगह पर आया। उस समय टिटानिक की १६ छोटी छोटी डोंगियों में बैठ कर इधरउधर घूमनेवाले और समुद्र में पड़े हुए बचनेवाले कुल करीब ७०८ मुसाफिर उसने चढ़ा लिए। यह जहाज १८ तारीख को न्यूयार्क बन्दर में पहुंचा।

अब अमेरिका में इस बात की जांच हो रही है कि टिटानिक जहाज किन किन कारणों से डूबा। इस जांच में अब अनेक भूलें खुल रही हैं। जहाज पर सब के लिए काफी डोंगियाँ न थीं। जो डोंगियां मौजूद थीं उनमें भी जितने मुसाफिर बिठाये जा सकते थे उतने नहीं लिए गये। पहले और दूसरे दर्जे के बचे हुए मुसाफिरों का कुल मुसाफिरों के मुकाबिले जो औसत पड़ता है उसमें बहुत ही कम औसत तीसरे दर्जे के मुसाफिरों का पड़ता है। यही नहीं,

और स्त्रियां मर गईं। आगे का मार्ग ध्यान से देखने के लिए टिटानिक पर जो आदमी था उसे दूरबीन नहीं दी गई थी, और कहते हैं कि उसे यदि दूरबीन दी गई होती तो यह दुर्घटना टल गई होती। 'सर्च-लाइट' का भी पूरा पूरा प्रबन्ध नहीं था, इसी कारण, बर्फ का पहाड़ पास आजाने पर भी नहीं देखा जा सका। इस प्रकार की अनेक बातें अब खुलने लगी हैं। जान पड़ता है कि इस जांच का फैसला होने पर नौकानयन के नियमों में महत्व के फेरफार होंगे। अस्तु। आगे चाहे जो नियम बना करें; परन्तु इस समय इस भयंकर दुर्घटना के कारण डेढ़ हजार से अधिक मनुष्य और करोड़ों रुपये का माल 'समुद्रार्पणमस्तु' होगया, इसमें कोई शक नहीं!!!

इस दुर्घना में 'रिव्यू आफ रिव्यूज' नामक प्रसिद्ध मासिक पत्र के सम्पादक मि० स्टेड का देहान्त हो गया। सन् १८४९ में मि० स्टेड का जन्म हुआ। उनके पिता धर्मोपदेशक थे, इस कारण बालपनही से उन्हें धार्मिक और सामाजिक विषयों का ज्ञान होगया और उनकी वृत्ति सात्विक तथा परोपकारी बनगई। छुटपन ही से उन्हें समाचारपत्रों में लेख भेजने का शौक था। बड़े होने पर उन्होंने 'एको' नामक एक पत्र निकाला। इस पत्र के लेख मि० ग्लेडस्टन को भी पसन्द आये और उन्हींकी सिफारस से मि० मोर्ले ने स्टेड साहब को 'पालमालगजट' के सहकारी सम्पादक का स्थान दिया। बाद को सन् १८८३ ई० में मोर्ले साहब की जगह ये स्वयं मुख्य सम्पादक हुए। यह काम ६ वर्ष तक इन्होंने बड़े उत्साह के साथ किया। प्रसिद्ध पुरुषों से मिलकर सार्वजनिक प्रश्नों पर उनके मत प्रकाशित करने का तरीका मि० स्टेड ने ही जारी किया। यह तरीका पीछे से अत्यन्त लोकप्रिय हो गया। इनका यह नियम था कि सदसद्विवेकबुद्धि में जो बात आ जाती थी उसे ये निर्भय होकर कह देते थे और उसकी विरोधी बातों पर कठोर समालोचना करते थे—इसी कारण इन्हें एक बार तीन मास का कारागृहवास भोगना पड़ा। कुछ पुस्तक विक्रेताओं ने इनके लेखों का बहिष्कार भी किया; तथापि सामान्य जनसमूह में उन पर पूज्य बुद्धि बढ़ने लगी। जब इनके राजनैतिक विचार पालमालगजट के मालिक के विचारों से भिन्न होने लगे तब इन्होंने उस पत्र का सम्बन्ध छोड़ दिया। इसके बाद सन् १८९० में इन्होंने 'रिव्यू आफ रिव्यूज' नाम का मासिक पत्र निकाला। इस मासिक पत्र के लेखों के कारण ये शीघ्र ही जगत्प्रसिद्ध होगये और बड़े बड़े अफसर तथा राजा महाराजा लोग भी इनकी लेखनी को डरने लगे। इनकी यह उत्कट इच्छा थी कि कोई राष्ट्र एक दूसरे से स्पर्धा करने में अपना सामर्थ्य व्यर्थ न करे, सबमें परस्पर बंधुभाव रहे और यदि कोई वादविवाद की बात निकले तो शान्ति के साथ उसका फैसला करने के लिये सब राष्ट्रों के प्रतिनिधियों की एक शान्तिसभा हो और उसका किया हुआ फैसला सब राष्ट्र शिरोधार्य करें। आगे इसी इच्छा के अनुसार मि० स्टेड ने ... स्थापित कराई। बोअर युद्ध के समय, यद्यपि प्रायः सारा इंग्लैंड राष्ट्र युद्ध के अनुकूल था, तथापि उसके विरोध की कुछ भी परवा न करते हुए इन्होंने उस युद्ध का बड़ी निर्भयता से विरोध किया। '...' और 'बोअर युद्ध के विरुद्ध युद्ध' नाम के दो लेख लिखकर इन्होंने बड़ी भारी हलचल मचा दी। बोअर युद्ध के ... और ... के ... मि० ... ने उस समय बोअर-युद्ध के विरुद्ध लेखनी न चलाने के लिए मि० स्टेड

जिस जगह टिटानिक जहाज डूबा उस जगह समुद्र की गहराई अनुमान से १८००० फीट है।

से आग्रह किया। और यह प्रार्थना यदि स्टेड साहब ने मान ली होती तो सेसिल की अगणित सम्पत्ति में से दस बारह करोड़ रुपये मि० स्टेड को भी, सेसिल के मरने पर उनके मृत्युपत्र-द्वारा मिले होते; परन्तु स्टेड साहब को द्रव्यतृष्णा की अपेक्षा स्वमत, न्याय, सत्य और भ्रातृभाव की चाह अधिक थी, इसी कारण उन्होंने इतनी बड़ी सम्पत्ति पर लात मार दी! इससे कहना चाहिये कि क्षुद्र लाभ के लिये न्यायबुद्धि का खून करके भ्रातृद्रोह करने को तैयार होनेवाले लोगों की दृष्टि से स्टेड साहब ने यह बड़ी ही मूर्खता की!!

मि० स्टेड बड़े ही अनुभवी और कुशल लेखक थे। प्रजा के हित और सुख की वे अत्यन्त चिन्ता रखते थे। धर्म, नीति, न्याय और सदाचार का लड़कपन ही से उनके मन पर दृढ़ संस्कार हो गया था, इसी कारण, जब कोई अन्याय और अत्याचार का कार्य उनकी दृष्टि में पड़ता तभी वे सत्पक्ष के समर्थन करने में अपना तन-मन धन खर्च करने के लिये तैयार हो जाते थे। लेखन-स्वातंत्र्य के पवित्र अधिकार को अबाधित रखने ही के लिये उन्होंने विपिन बाबू का 'बम्बगोले की मीमांसा' नामक लेख को, खास तौर पर अपने मासिकपत्र में छाप दिया था। यह जान कर कि दिल्लीदरबार के अवसर पर राजनैतिक कैदी नहीं छोड़े गये, उन्होंने अपने मासिकपत्र में इस विषय की कड़ी आलोचना की। वे दयालु स्वभाव के थे। उनका मन उदार था। जो नवसिखे उत्साही तरुण-लेखन अथवा राजनीतिके व्यवसाय में पड़ते थे उन्हें वे अनेक प्र[illegible] सहायता और पुरस्कार देते थे। आलसी, चैनी और अग्री[illegible] पर वे सदा अप्रसन्न रहते थे। उनका मत था कि [illegible] बहुत से सभासद केवल नाम के लिये होते हैं और महत्व के नैतिक विषयों पर वे अपना ठीक ठीक मत नहीं दे सकते, लार्ड-सभा का वर्तमान स्वरूप बदल जाना चाहिये; इसी [illegible] वीटो बिल के समय उन्होंने उस सभा पर कड़ी आलोचना [illegible] और लेडी कार्डिगान की नवीन पुस्तक की प्रशंसा करके लार्ड लोगों का सच्चा स्वरूप प्रकट होने में बड़ी मदद दी।

मि० स्टेडको भारत की राष्ट्रीय सभा का अध्यक्ष[illegible] को कई बार चर्चा चली थी; पर वह सुअवसर नहीं आसक[illegible] स्टेड को यदि सूक्ष्म रीति से भारत की सच्ची दशा निरीक्षण का अवसर मिला होता और सभापति की हैसियत से [illegible] लू से यदि उनका निकट-सम्बन्ध हुआ होता तो भारत[illegible] हितार्थ उनकी लेखनी के सामर्थ्य का उपयोग हुआ होता, [illegible] श्वरी इच्छा यही थी कि ऐसे प्रसिद्ध पुरुष का अन्त इस [illegible] अकल्पनीय दुर्घटना से हो। रिव्यू आफ रिव्यूज के मार्च [illegible] अंक में मि० स्टेड ने सूचना की थी कि कुछ दिनों [illegible] जहाज दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं, कम्पनियों को इधर ध्यान देना चाहिए [illegible] समय क्या स्वप्न में भी उन्हें यह मालूम था कि इतनी जल्दी [illegible] ही दुर्घटना से हमारी मृत्यु होगी।

भिन्न भिन्न भाषाओं की कविता में

बिम्बप्रतिबिम्बभाव।

१

जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धाः कवीश्वराः।
नास्ति येषां यशःकाये जरामरणजं भयम्॥

—भर्तृहरि।

Hail, bards triumphant! born in happier days,
Immortal heirs of universal praise!
Whose honours with increase of ages grow,
As streams roll down, enlarging as they flow
Nations unborn your mighty names shall sound!
And worlds applaud that must not yet be found!

POPE—ESSAY ON CRITICISM.

सब तें ऊंचो सुकवि जन जानत रस की रीत।
जिनके यश को देह को जरामरण नहिं होत॥

—प्रतापसिंह।

धर्म कवींचें किति थोर हैं।
सरस्वती लीन जयां मंदिर॥
यत्कीर्ति-देहास न मृत्यु येई।
ग्यांची मही भी न कदा जराही॥

—एक मराठी-कवि।

२

त्रिभिस्त्वमाभरणानि यौवने।
धृतं त्वया वार्धकशोभि वल्कलम्॥
वद प्रदोषे स्फुटचन्द्रतारका।
विभावरी यद्यरुणाय कल्पते॥

—कालिदास-कुमारसम्भव।

As the sweet moon on the horizon's verge,
The maid was on the eve of womanhood

—BYRON—THE DREAM

[illegible] जरा कुचोंर ही में शोभा को पानेवाला।
आभूषण तज [illegible] तप में क्यों तू ने तन पर डाला?

—म० महावीरप्रसाद द्विवेदी—कुमारसम्भवसार।

[illegible] योवनकालभूषा।
[illegible] वृद्धशीला?
[illegible]
[illegible]!

—एक मराठी-कवि।

३

दुर्जनः परिहर्तव्यो विद्ययालंकृतोऽपि सन्।
मणिना भूषितः सर्पः किमसौ न भयंकरः॥

—भर्तृहरि।

Talents angel—bright,
If wanting worth, are shining instuments,
In false ambition's hand, to finish faults
Illustrious, and give infamy renown—

—YOUNG

विद्यायुत हू होय, तऊ दुष्ट तज दीजिये।
सर्प जु मणिधर कोय, भयकारी कह कीजिये॥

—प्रताप[illegible]

[illegible]

तो सर्प काय न डसे खल अंतरंगीं॥

—वामन पं[illegible]

४

सुजनो न याति वैरं परहित कार्ये विनाशकालेऽपि।
छेदेऽपि चन्दनतरु सुरभयति मुखं कुठारस्य॥

—कोई एक [illegible]

Forgive they foes—nor that alone—
Their evil deeds with good repay;
Till those with joy who leave thee none.
And Kiss the hand upraised to slay.
So does the fragrant Sandal bow
In meek forgiveness to its doom,
And over the axe at every blow
Sheds in abundance rich perfume!

—H. K[illegible]

संत असंतन्ह कै असि करनी।
जिमि कुठार—चन्दन-आचरनी॥
काटइ परसु मलय सुनु भाई!
निज गुन देइ सुगंध बसाई॥

—बाबा तुलसीदा[illegible]

[illegible] जाणी जरि सज्जनाला।
[illegible]
[illegible] चन्दन तो कुठार।
तो दे [illegible] सुगन्ध थोर॥

—एक मराठी-क[illegible]

बड़ौदे की गुजराती-साहित्य-परिषद ।

'अनाश्रिता न शोभन्ते पण्डिता वनिता लता:--' यह वचन सर्वथा सत्य है। केवल ज्ञानार्जन के पवित्र हेतु से ही विद्या पढ़ना चाहिए। विद्या पढ़ कर उससे सांसारिक सुख की अपेक्षा रखना वाणिज्य वृत्ति है-तं ज्ञानपण्यं वणिजं वदन्ति-यह महाकवि कालिदास का वचन किसे स्वीकार न होगा? तथापि किसी पंडित की विद्वत्ता का तभी मान होगा जब उस विद्वत्ता का प्रकाश फैलेगा। और वर्तमान काल में उस विद्वत्ता का प्रकाश फैलाने के लिए ग्रन्थप्रकाशन ही एक मुख्य साधन है। जिस देश में सर्वत्र शिक्षा का प्रचार है उसमें ग्रन्थप्रकाशन-कार्य में विशेष परिश्रम नहीं पड़ता। ऐसे देशों में ग्रन्थप्रकाशन के लिए अनेक स्वतंत्र मंडलियां स्थापित होती हैं। हमारे देश में शिक्षा का प्रचार जैसा है -उसे सभी जानते हैं; अतएव प्रथम तो पुस्तकें पढ़ने की रुचि ही नहीं है। उसमें भी हमारी दरिद्रता हमें और मार रही है-मुद्रित ग्रन्थों के गट्ठे छापेखाने ही में पड़े सड़ा करते हैं-बाहर निकलने का ही मौका नहीं आता। इसी कारण नवीन ग्रन्थकार पैदा नहीं होते और जो हैं भी वे निरुत्साह रहते हैं- उन्हें उत्साह ही नहीं होता कि वे दीर्घ विद्याव्यासंग करके किसी विषय का सांगोपांग विवेचन करें। इसी न्यूनता को कम से कम दूर करने के लिए और भाषाओं की एक लिपि होना चाहिये और इसके लिये देवनागरी ही लिपि में सब ग्रन्थों के छापने की आवश्यकता है-इसीमें देश का हित है।

सभापति का व्याख्यान खतम होने पर श्रीसयाजीराव महाराज का महत्वपूर्ण भाषण हुआ। आपके कथन का सारांश यह है:-मेरे और मेरे राज्य के विषय में अध्यक्ष महाशय ने प्रशंसायुक्त वचन कहे हैं, इस लिये यहां पर दो शब्द कहे बिना मुझ से नहीं रहा जाता। आप मेरे काम की तारीफ करते हैं, इस पर मुझे सन्तोष मालूम होता है। पर उसमें मैंने अपने कर्तव्य से अधिक और कुछ नहीं किया है-और मैं नहीं समझता कि अपना ही कर्तव्य बजाने के लिये किसीको धन्यवाद देने की क्या आवश्यकता है। जब भोजन ही अच्छा बना हुआ है तो उसके परोसनेवाले की तारीफ करने की क्या आवश्यकता है? वास्तव में वह भोजन जिसने तैयार किया है उसीको सब श्रेय देना चाहिए। इस न्याय से, गुजराती साहित्यरूपी भोजन तैयार करने का मान मेरे राज्य के विद्वान् लेखक और शिक्षाविभाग के अधिकारियों को देना चाहिए। अपने विचार प्रकट करने का मुख्य साधन देशी भाषा है। अतएव देशी भाषा को उत्तेजन देना राजा का कर्तव्य है। पश्चिम

बड़ौदे की गुजराती साहित्य परिषद के मुख्य सभासद।

[illegible]

ता० ५, ६, ७ अप्रैल को गुजराती-साहित्य-परिषद का बड़ौदा में अधिवेशन हुआ। [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

आदि के विचारपूर्ण व्याख्यान हुए। अन्त में अध्यक्ष ने इन व्याख्यानों का समारोप करके अनेक उदाहरणों से यही सिद्ध किया कि सब प्रकार की उच्च शिक्षा मातृभाषाही के द्वारा देना उचित है। इसके बाद आपने आग्रहपूर्वक सूचना दी कि विद्वानों को मातृभाषा, में उच्च शिक्षा देने के योग्य, पुस्तकें तैयार करनी चाहिये। इसके बाद इस बात का विचार हुआ कि साहित्य का प्रचार करने के लिए कौन उपाय करना चाहिए। इस पर अध्यक्ष ने अपना मत दिया कि 'बहुत सी महत्वपूर्ण पुस्तकें तैयार करके ऐसा प्रबन्ध करना चाहिए कि जिससे वे सब को स्वल्प मूल्य पर मिल सकें।

७ एप्रिल को फिर सुबह सभा का काम शुरू हुआ। श्रीमती काशीबाई हेरलेकर ने 'वाचनमाला'–विषय पर व्याख्यान दिया और गुजराती–रीडरों के पाठों की न्यूनता बतलाकर उन्हें सुधारने की सूचनाएं कीं। इसके बाद 'साहित्यपरिषद के हेतु,' 'गुजराती भाषा की दशा,' 'स्त्रीशिक्षा के विरुद्ध वचनों का निषेद,' 'भारतवर्ष के इतिहास पर कुछ विचार,' इत्यादि विषयों पर निबन्ध पढ़े गये और सुबह का काम खतम हुआ। दोपहर के बाद 'नागरी लिपि और गुजराती लिपि की उत्पत्ति'–विषय पर श्रीयुत गौरीशंकर ओझा ने निबन्ध पढ़ा। इसी समय श्रीमान् सयाजीराव गायकवाड़ की सवारी सभामण्डप में आ गई और सब का फोटो लिया गया। इसके बाद इस विषय पर चर्चा शुरू हुई कि राष्ट्रभर की "एक लिपि और एक भाषा" कौनसी हो सकती है। इस पर कुछ वाद-विवाद हुआ; पर अन्त में सर्वसम्मति से यही स्थिर हुआ कि नागरी लिपि और हिन्दी (आर्यभाषा) ही का सर्वत्र प्रचार हो सकता है– दूसरी लिपियों और अन्य भाषाओं का सारे भारत में प्रचार होना असम्भव है। यह निश्चय होजाने पर फिर महाराज गायकवाड़ का व्याख्यान शुरू हुआ। उसका सारांश इस प्रकार है:—

"कोई भी राष्ट्र हो उसकी प्रगति के ही, काल में इस गुजराती-साहित्य-परिषद के समान संस्थाएं उत्पन्न होने लगती हैं। अपनी मातृभूमि की साहित्य-विषयक सेवा बंगाली, हिन्दी, उर्दू, मराठी और गुजराती संस्थाएं कर रही हैं। भारतमाता के उत्साही और धैर्यशाली पुत्र भावी पीढ़ी के लिये गतकालीन साहित्य की रक्षा कर रहे हैं; परन्तु उनके कार्य की व्यापकता इससे अधिक विस्तृत चाहिये। जिस देश का गतकाल वैभवयुक्त है उस देश का वर्तमान काल भी विद्यमान विद्वानों को उतना ही वैभवशाली बनाना चाहिये। अपनी भावी पीढ़ी को यह कहने का मौका न आने दो कि हमारी निम्नतम रक्तवाहिनियों में हमारे पुरखों का रक्त पानी हो गया और सुखासीन आलस्य में हमारा आत्मतेज लय हो-गया। यूरप की सब साहित्य-विषयक संस्थाओं में फ्रेन्च एकाडमी को प्रमुख स्थान देना चाहिये। परन्तु खेद की बात है कि विचारों की कल्पकता और बुद्धिमत्ता को चलन देने के बदले साहित्य का ठहरा हुआ साँचा और भाषा का बाहरी सौन्दर्य निर्माण करने ही की ओर इस संस्था की प्रवृत्ति देख पड़ती है। यह एक दोष छोड़ कर अन्य सब बातों में उसी संस्था का आदर्श हमें रखना चाहिये।

"जिस व्यक्तिसमूह के उद्देश समान नहीं हैं और जिसमें उन उद्देशों को पूर्ण करने के लिए सहकारिता का अभाव है वह व्यक्तिसमूह चाहे जैसा हो, 'राष्ट्र' का नाम धारण नहीं कर सकता-और लोगों को परस्पर का ज्ञान जब तक नहीं होगा तब तक एक दूसरे के विषय में परस्पर सहानुभूति कैसे उत्पन्न होगी? इस लिए मेरा कहना यह है कि तुम्हारे आसपास जो मानवी व्यवहार हो रहा है उसका निरीक्षण करके उसके विषय में लेखन-व्यवसाय आरम्भ करो; और केवल पुरुषों की ही नहीं, किन्तु स्त्रियों की भी उन्नति करने में प्रवृत्त हो आओ। परस्पर-सहानुभूति उत्पन्न होने के लिए पहला और मुख्य साधन एक भाषा है–और वह भाषा हिन्दी है। परन्तु काश्मीर से लेकर सीलोन तक यदि आज एक भाषा नहीं हुई तो, कम से कम एक लिपि तो सर्वत्र शुरू करना ही चाहिए।

"चरित्र-लेखन, गुजराती–साहित्य की भावी इमारत का मुख्य अङ्ग होना चाहिए। कुछ यह बात नहीं है कि केवल राज्यकर्ता या राजनीतिज्ञ लोगों ही के चरित्र बोधप्रद होते हों; किन्तु उन सामान्य व्यक्तियों का भी चरित्र प्रेरणादायक होता है जो संसार-यात्रा में सफल हो गये हैं। हमें यह न समझना चाहिए कि हम केवल गुर्जर देशस्थ हैं; किन्तु हमें यह बात अच्छी तरह ध्यान में रखनी चाहिए कि हम सम्पूर्ण जगत् के नागरिक हैं। अतएव संसार भर में जहां जहां कोई हमें अच्छी बात देख पड़े उसीका हमें अनुकरण करना चाहिए। अन्य राष्ट्रों की विचार-सम्पत्ति–दूसरे देशों का विद्याधन–हमें अपना बना लेना चाहिए। परन्तु इस काम के लिए हमें अपने विचार अपनी मातृभाषा के कुन्दन में ही जड़ना चाहिए। [illegible] लिए इस [illegible]

[illegible] कहां मिलेंगे। [illegible] लोग स्वीकार [illegible] है। अब [illegible] भी तक हानि [illegible] प्रत्येक भ[illegible] से दो लाख

रुपये मैंने अलग रख लिए हैं। इस रकम के व्याज से उन लोगों को पुरस्कार दिया जायगा जो लोग देशी भाषाओं में परभाषाओं के उत्तम ग्रन्थों का अनुवाद करेंगे। आशा है कि इस काम में मुझे साहित्य परिषद की सहायता मिलेगी।"

क्या हिन्दी बोलनेवाले राजामहाराजाओं का भी इस ओर कभी ध्यान जायगा?

स्नाप–शाट्स।

तार के कौशल के काम।



(१) [illegible] तार पर [illegible], (२) तार पर [illegible], (३) एक पैर से तार पर [illegible]।

गान्धर्व-महाविद्यालय का पारितोपिक-समारम्भ।

एप्रिल मास में यह उत्सव बम्बई के फ्रामजी कावसजी-हाल में ़ी धूम के साथ हुआ। डा० मैकीगन के हाथ से यह कार्य सिद्ध ़या गया। पहले पहल संस्था के सेक्रेटरी श्रीयुत कुडा ने ़पोर्ट पढ़ सुनाई। सन् १६०१ में पंडित विष्णु दिगम्बर पलुसकर लाहोर में गान्धर्व महाविद्यालय की मूल स्थापना की। और सन् ़९०८ में उसी संस्था की शाखा बम्बई में खोली गई। तब से आज ़क इस बम्बईवाली शाखा में करीब १००० विद्यार्थी और २५० ़द्यार्थिनी गायन वादन सीखने के लिये आईं। विद्यार्थियों के लिये इस संगीतशाला में भोजनगृह और वसतिस्थान का भी प्रबन्ध किया गया है और एक कृष्णालय नवीन खोला गया है। डा० मैकीगन ने अपने व्याख्यान में आर्य-गायन-कला का सब इतिहास बतलाया और प्रो० विष्णु दिगम्बर पलुसकर ने गायनकला में जो निपुणता प्राप्त की है तथा जो कठिन परिश्रम उन्होंने 'गान्धर्व महाविद्यालय के लिये किया है उसके लिये अध्यक्ष महाशय ने उन्हें धन्यवाद दिया। इस विद्यालय के स्त्री और पुरुष विद्यार्थियों तथा शिक्षकों आदि के फोटो नीचे दिये जाते हैं।

स्त्रीविद्यार्थियों और स्त्रीशिक्षकों का समूह।

पुरुष विद्यार्थियों और शिक्षकों का समूह।

बकासन।



पद्मासन।



वृक्षासन।

मत्स्येन्द्रासन।

पिच्छिलासन अथवा ऊर्ध्वपादहस्तासन।

वेस्टर्न मैन्यूफेक्चरिंग कम्पनी के

स्वदेशी बटन।

हाथीदांत के समान सफेद, रंगीन (काले, नीले, भूरे, हरे इत्यादि)। कीमत सवा आना दर्जन से ले कर दो आना दर्जन तक।

व्यापारियों के लिये [illegible] धिक सुभीते का दर [illegible] गया है। इस पते पर [illegible] व्यवहार कीजिये— मैनेजर, यन्त्रशाला, पूना सिटी।

ललितकला।

(प्रो० गोविन्द चिमणाजी भाटे, एम० ए०)

एक बार रोम शहर में एक नकलबाज ने यह इश्तहार दिया कि आज हम नाटकघर में एक ऐसा तमाशा दिखलावेंगे जैसा कभी किसीने न देखा होगा। उस दिन रात को नाटकघर में बड़ी भीड़ हुई। थोड़ी देर के बाद वह नकलबाज खाली हाथ आकर रंगभूमि में खड़ा हो गया। उसके साथ किसी प्रकार की भी सामग्री न देख कर लोगों को जिज्ञासा हुई कि देखें अब यह क्या दिखलाता है। इतने ही में वह नकलबाज, अपना सिर छाती की ओर बढ़ा कर, मुँह से सुअर के छौने की तरह चिल्ला उठा। उसकी यह आवाज सुअर के बच्चे की चीख से इतनी मिलती थी कि लोगों को यह सन्देह हुआ कि हो न हो, यह नकलबाज अपने अंगरखे में कोई सुअर का बच्चा छुपा लाया होगा। इस संशय के कारण लोगों ने उस की तलाशी ली; परन्तु कुछ नहीं मिला। इस पर लोगों को बड़ा कौतुक हुआ और उन्होंने बड़े जोर से तालियां पीट कर उस नकलबाज का गौरव किया। अस्तु। दर्शकों में एक गवाँर भी बैठा था। उसे सुअर का चिल्लाना अच्छी तरह मालूम था। नकलबाज की इस नकल से उस गवाँर को समाधान नहीं हुआ। वह बड़े जोर से चिल्ला कर बोला—"कल मैं इससे भी अच्छी नकल करके दिखलाऊंगा" दूसरे दिन नाटकघर में और भी अधिक भीड़ हुई। नकलबाज और वह गवाँर दोनों रंगभूमि पर आये। पहले नकलबाज ने अपनी पहली ही नकल करके दिखलाई और लोगों ने पहले ही दिन की तरह आज भी उसकी बड़ी प्रशंसा की; और सब मनुष्य समझने लगे कि इसके सामने यह गवाँर क्या अच्छी नकल कर सकेगा। इतने ही में यह गवाँर अपनी चादर इस प्रकार समेट कर कि जैसे उसकी चादर में सुअर का बच्चा छिपा हो (और सचमुच ही वह एक बच्चा लाया था), उसने उस बच्चे का कान जोर से दाबा। तुरन्त ही वह बच्चा जोर जोर से चिल्लाने लगा। परन्तु दर्शकों को यह ठीक नहीं जान पड़ा और जिसे देखिये वही यह कहने लगा कि इस गवाँर से यह नकल बिलकुल ही नहीं बनी। और बहुत से लोग यह भी चिल्लाने लगे कि इस गवाँर को नाटकघर से कान पकड़ कर निकाल दो। यह देख कर उस गवाँर ने अपनी चादर में से वह सुअर का बच्चा बाहर निकाल लिया और उसे सब को दिखलाते हुए वह बोला, "आप सब लोग मुझे नाजरपारखी ही देख पड़ते हो।"

यह कहानी इसापनीति की है। इसाप ग्रन्थकार ने इस कहानी से चाहे जो तात्पर्य निकाला हो, (वह तात्पर्य लोगों के ध्यान पर है) परन्तु इस कहानी में जो लोकविचार दिखलाया है वह सत्य है। हम लोग व्यवहार में भी रोज यही देखा करते हैं। असल से मनुष्य को जितना आनन्द नहीं होता उतना नकल से होता है।

यह अन्धा संसार कभी कभी असल नहीं पहचानता; परन्तु नकल पर भूल जाता है। जगत् में सच्चे साधु पुरुष अज्ञात रहते हैं और भोंदुओं की ही कीर्ति विशेष होती है तथा उन्हींकी चलती है। सत्य वन-शोभा की अपेक्षा नाटक का नकली दृश्य ही लोगों को अधिक भाता है। किसीका सच्चा दुःख देख कर मनुष्य उतना द्रवित नहीं होता जितना नाटक के नकली आंसुओं से वह मोहित हो जाता है। सारांश, एक दो नहीं, हजारों बातें ऐसी बतलाई जा सकती हैं कि यह संसार असल की अपेक्षा नकल पर ही विशेष खुश रहता है। ऐसा क्यों होता है, यह विचार करने की बात है। हम नीचे जो विवेचन करेंगे उसमें इसका कुछ खुलासा होगा; परन्तु पहले हम अपनी कहानी पर आते हैं। स्वयं सुअर के चिल्लाने की अपेक्षा नकलबाज के चिल्लाने पर लोगों को अधिक आनन्द क्यों हुआ, इसका बीज मनुष्य की अनुकरण-प्रवृत्ति में है। कहते हैं कि मनुष्य अनुकरणप्रिय प्राणी है। मनुष्यप्राणी में यह अनुकरण प्रवृत्ति आनुवंशिक प्रणाली से आ गई है। उत्क्रान्ति-तत्त्व हमें यह बतलाता है कि मनुष्य-प्राणी बानर से हुआ है। और बानर की अनुकरण-प्रियता प्रसिद्ध ही है। यह प्रवृत्ति छोटे छोटे बच्चों में विशेष रीति से देखी जाती है। बड़ों की बोलचाल और उनका बर्ताव आदि देख कर बच्चे भी वैसा ही बर्ताव करने लगते हैं। बच्चों के प्रायः सब खेल इस अनुकरणप्रवृत्ति के ही फल होते हैं। छोटे लड़के लड़कियों के खेलों से उस देश के लोगों के रीति रिवाज और मनःप्रवृत्ति का अच्छी तरह अनुमान किया जा सकता है। हमारी लड़कियों के खेल की ओर जो क्षण भर भी ध्यान देगा उसे तुरन्त ही मालूम हो जायगा कि भारत की स्त्रियों का ध्येयसर्वस्व विवाह ही है। हां, यह बात नहीं है कि यह अनुकरण बिलकुल जैसा का तैसा हो। इस अनुकरण में मनुष्य की निज की कल्पकता भी मिलती रहती है, तभी यह नकल हमें आनन्द-दायक मालूम होती है। उपर्युक्त कहानी में भी यही ध्वनित किया गया है। देखिये न, असली सुअर के बच्चे की आवाज से उस नकलबाज की कम सफाईवाली नकल ही लोगों को विशेष पसन्द आई।

सुअर का बच्चा सबको दिखलाकर वह गवाँर बोला, "आप सब लोग मुझे नाजर-पारखी ही जान पड़ते हो।"

परन्तु अब हम जानते हैं कि हमारे पाठक हम से यह पूछेंगे कि इस कहानी का, और यहां तक किये हुए विवेचन का, उपर्युक्त शीर्षक से क्या सम्बन्ध है। इसके लिए हमें केवल इतना ही कहना है कि 'नकलबाज और गवाँर' की कहानी में ललित कलाओं का मूल बीज है और इसी लिए हमने इस कहानी से ललित कला सम्बन्धी विवेचन का प्रारम्भ किया है। हमारी कहानी

का नकलबाज सब ललित-कला-कोविदों का आदि-गुरु ही है। नकलबाज भिन्न भिन्न प्राणियों की बोली का अनुकरण करके, और अनोखी बातें बतला कर, मनुष्यमात्र का मनोरंजन करता है; परन्तु कवि सारे संसार का शब्दचित्र खींच कर हमें आनन्द देता है। अतएव कवि भी संसार का नकलबाज (अनुकरणकर्ता) ही है। चितारी (चित्रकार) सब सुन्दर वस्तुओं के चित्र और दृश्य रँग कर हमें मोहित करता है; अतएव वह भी दृश्य वस्तुओं का नकलबाज ही है। गवैया मधुर स्वर से गा कर हमारा मन तल्लीन कर देता है; अतएव वह भी मधुर स्वर का नकलबाज ही है। अन्त में मूर्तिकार और शिल्पकार भी अपने भिन्न भिन्न कार्यों से सृष्टि के सौन्दर्य का प्रतिबिम्ब उठा कर हमें आनन्दसागर में मग्न कर देते हैं; इस लिये वे भी एक प्रकार से सृष्टि के नकलबाज ही हैं।

हम इस निबन्ध में ललितकलाओं का सामान्य स्वरूप, उनके वर्गीकरण और उनका उपयोग, इत्यादि बातों का थोड़े में ऊहापोह करना चाहते हैं।

ललितकला किसे कहते हैं, यह जानने के लिए हमें पहले यह जानना चाहिए कि कला क्या है। परन्तु कला का स्वरूप समझने के लिये हमें पहले यह देखना चाहिए कि शास्त्र क्या है। शास्त्र और कला दोनों आपस में सापेक्ष शब्द हैं; अतएव एक का अर्थ मालूम हुए बिना दूसरे का नहीं मालूम होगा। अब यह स्पष्ट है कि सृष्टि के किसी विशिष्ट पदार्थ-समुदाय के संघटित और सोपपत्तिक ज्ञान को शास्त्र कहते हैं। अधूरे और अव्यवस्थित ज्ञान को शास्त्र नहीं कह सकते। आकाश के तारकासमूह और ग्रहों के संघटित और सोपपत्तिक ज्ञान को ज्योतिःशास्त्र कहते हैं। सब वनस्पतियों के संघटित और सोपपत्तिक ज्ञान को वनस्पतिशास्त्र कहते हैं। अब, कोई न कोई वस्तु उत्पन्न करने के लिए ज्ञान की जो प्रत्यक्ष योजना करनी पड़ती है उसे कला कहते हैं—अर्थात् कला सर्वदा ज्ञान पर अवलम्बित रहती है; फिर वह ज्ञान शास्त्रीय, अर्थात् संघटित और सोपपत्तिक, हो अथवा व्यावहारिक और बिलकुल अनुभवजन्य हो, शास्त्रीय ज्ञान की उपपत्ति होने के पहले मनुष्य को व्यावहारिक और अनुभवजन्य ज्ञान होता है और उस पर कलाओं का भी प्रादुर्भाव होता है; परन्तु शास्त्रीय ज्ञान पर जमाई हुई कला बहुत अच्छी होती है। क्योंकि उसकी नींव मजबूत होती है। शास्त्र की बाढ़ के साथ ही कला की भी बाढ़ होती है। परन्तु कलाएं बहुत सी हैं। क्योंकि मानवी जीव को ... आ पड़ती हैं उनको पूर्ण ... आविर्भाव होता है और मह... दिन पर दिन बढ़ती रहती ... बढ़ती रहती है। मनुष्य की बिलकुल बाल्यावस्था लीजिए। उस समय में मनुष्य की आवश्यकताएं बिलकुल थोड़ी होती हैं और उसकी वासनाएं भी बहुत बढ़ी हुई नहीं होतीं। इस कारण उस समय में कलाएं भी बहुत ही थोड़ी होती हैं। मानवी प्राणी की आदि-कला शिकार है। क्योंकि उस समय में दूसरे प्राणी मार कर मनुष्य अपनी उपजीविका करता है और उन प्राणियों को मारने के लिए वह कुछ न कुछ हथियारों की योजना करता है। प्रायः सब बाल्यावस्था के समाजों में तीरकमठे का हथियार शिकारी के पास देखने में आता है। परन्तु मनुष्यज्ञान की ज्यों ज्यों वृद्धि होती जाती है त्यों त्यों उसकी आवश्यकताएं और वासनाएं बढ़ती जाती हैं और उनकी तृप्ति के लिए वह भिन्न भिन्न कलाओं का आविष्कार करता रहता है। इस विषय में किसी सभ्य देश के मनुष्य और एक जंगली मनुष्य की रहनसहन का विचार करने से तुरन्त ही मालूम हो जायगा कि सभ्य देशों में कलाओं की कितनी उन्नति हुई है। परन्तु इन सब कलाओं को उपयुक्त कला कहते हैं और ललितकला इनसे भिन्न है। उपयुक्तकला और ललितकला का भेद 'उपयुक्त' और 'ललित' विशेषणों से अच्छी तरह व्यक्त होता है। जो वस्तुएं मनुष्य की आवश्यकताएं और वासनाएं पूरी करती हैं उन्हें हम उपयोगी या उपयुक्त कहते हैं। अतएव जो कला ऐसी उपयोगी वस्तुएं उत्पन्न करती है वह उपयुक्त कला है। और ललित शब्द का अर्थ सुन्दर है। इस लिए 'ललितकला' का शब्दार्थ यह हुआ कि "सुन्दर वस्तु-निर्माण करनेवाली कला"। अर्थात् सब ललितकलाओं का विषय सौन्दर्य हुआ। ललितकला चाहे जितनी भिन्न हों; और ललितकला-कोविदों की प्रतिकृतियों में चाहे जितना फर्क हो, उनकी साधन-सामग्री चाहे जो हो—सारांश, ललितकला, यों देखने में, परस्पर चाहे जितनी भिन्न देख पड़ें—तथापि उन सब की आत्मा एक ही है और वह आत्मा सौन्दर्य-प्रत्यय है। प्रत्येक ललितकला मनुष्य की सौन्दर्य भावना को उद्भूत करती है।

इस लिए ललितकलाओं का स्वरूप पूर्णतया ध्यान में आने के लिए हमें सौन्दर्य का थोड़ा सा विवरण करना चाहिए। परन्तु यह काम सहज नहीं है। प्रत्येक सहृदय मनुष्य स्वाभाविक ही कुछ न कुछ सौन्दर्य का परिचय रखता है। परन्तु पदार्थों का सौन्दर्य किस गुण पर अथवा किस स्वरूप पर अवलम्बित रहता है, यह बात शब्दों से व्यक्त करना कठिन है। क्योंकि यह विषय बुद्धिगम्य नहीं है, किन्तु भावना-गम्य है। अतएव कुछ ग्रन्थकार तो कहते हैं कि सुन्दरता की व्याख्या करना ही असम्भव है। उनकी राय है कि जिस तरह, कुछ गुणों की व्याख्या नहीं की जा सकती (... पदार्थ का मिठास ही लीजिए। मिठास गुण अनुभव से ही ... होता है। उसका शब्दज्ञान करा देना असम्भव है) उसी प्रकार सौन्दर्य का भी शब्दज्ञान करा देना असम्भव है। यह अनुभव से ही जानने योग्य है। अर्थात् उक्त ग्रन्थकारों का कथन है कि हम सौन्दर्य को इससे अधिक और कोई उपपत्ति नहीं कर सकते कि वह कोई न कोई एक अवर्णनीय बात है। उनके कथन में कुछ तथ्यांश जरूर है। कोई मनुष्य जिस प्रकार किसी ... के सिद्धान्त का सप्रमाण और विश्वसनीय विवेचन कर सकता है उसी प्रकार वह नहीं बतला सकता कि अमुक वस्तु हमें सुन्दर क्यों भासती है। तथापि यह नहीं कहा जा सकता कि सौन्दर्य का विचार बिलकुल ही संदिग्ध है। और यह जरूर ही बतलाया जा सकता है कि उसका सामान्य स्वरूप क्या है, अथवा ... किसे नहीं सकते।

इसमें कोई ...
जगत् में हजारों ...
नहीं कहा जा स...
वस्तुएं बहुधा ...
भी स्वाभाविक ...
उपयोगिता का सम्बन्ध मनुष्य की वासनाओं और आवश्यकताओं से है। परन्तु सौन्दर्य का सम्बन्ध मनुष्य की वासनाओं या आवश्यकताओं से नहीं रहता।

इसी प्रकार आनन्ददायकता को भी सौन्दर्य नहीं कहते। सच है कि प्रत्येक सुन्दर वस्तु के दर्शन से प्राणिमात्र को आनन्द होता है; परन्तु आनन्ददायकता सौन्दर्य का परिणाम है—कारण नहीं है। वस्तु इस लिए हमें आनन्द देती है कि वह सुन्दर होती है; किन्तु वह इस लिए सुन्दर नहीं होती कि वह हमें आनन्द देती है। उपयोगिता की तरह वासनाओं और आवश्यकताओं से आनन्द का विशेष सम्बन्ध है। मनुष्य की वासनाएं और आवश्यकताएं पूर्ण हो जाने पर उसे आनन्द होता है। अतएव आनन्द सापेक्ष बात है। उसके उद्भव के लिए वासनाओं का पूर्ण अस्तित्व अथवा प्राग्भाव आवश्यक है; परन्तु सौन्दर्य का वैसा नहीं।

जिन वस्तुओं को हम सुन्दर समझते हैं उन पर जब हम ... रीति से नजर डालते हैं तब हमें उनमें कुछ बाहरी गुण ... पड़ते हैं।

सुन्दर वस्तुओं में ...
कोमलतर चाहि...
एक प्रकार का ...
लीजिए—उदाहरणार्थ कोई सुन्दर पक्षी अथवा कोई सुन्दर फूल यथा सुन्दर मोती या हीरा लीजिए—उस वस्तु में उपर्युक्त गुण ... न्यूनाधिक प्रमाण से होने ही चाहिए। परन्तु यह नहीं है कि ... का सौन्दर्य उसके इन बाहरी गुणों ही पर सर्वथा अवलम्बित ... सौन्दर्य गुण का मनुष्य के मन से अधिक निकट-सम्बन्ध है। प्रत्येक सुन्दर वस्तु मनुष्य को केवल आनन्द देती है। अर्थात् ... वस्तु देखते ही मनुष्य आनन्दमय हो जाता है। यह नहीं कि ... वस्तु हमें चाहिए, अथवा उसके योग से हमारी किसी वासना की तृप्ति होती है, अथवा उसके स्वामित्व से हमें आनन्द होता ... किन्तु सिर्फ उस वस्तु के दर्शनमात्र से हमारे मन को आनन्द होता है। जिस प्रकार सूर्योदय होते ही सूर्य-कमल प्रफुल्लित होता अथवा चन्द्रोदय होते ही समुद्र उमड़ता है उसी प्रकार सुन्दर वस्तु के दर्शन से मानवी मन प्रमुदित होता है। जब हम इसका विचार करते हैं कि यह ऐसा शुद्ध आनन्द क्यों होता है तब सौन्दर्य का कुछ अधिक खुलासा होता है। जब हम किसी सुन्दर वस्तु को देखते हैं तब उसका स्वरूप हमारे मन में जम जाता है। अर्थात् हमारे ... जो यह कल्पना होती है कि अमुक वस्तु ऐसी होनी चाहिए, उससे इस दृश्य वस्तु की आकृति बिलकुल मिलती है। अर्थात् सुन्दर-वस्तु-दर्शन में मनुष्य की कल्पना और अवलोकन का अच्छा मेल बैठता है। मानो, हमें ऐसा भास होता है कि, यदि हम यह वस्तु बनाते होते तो हमने यह ऐसी ही बनाई होती। इस प्रकार सुन्दर वस्तुएं हमारे मन पर बैठने योग्य होती हैं; और हमें ऐसा जान पड़ता है कि मानो हमारे मन में बैठने के लिए और हमें शुद्ध आनन्द देने के लिए ही वह बनी है। सारांश, यद्यपि सृष्टि की वस्तुएं इस ... कारण-परम्परा का परिणाम होती हैं और उनका शास्त्रीय ज्ञान इस कार्य-परम्परा के हूंढ़ निकालने में रहता है, तथापि जब हम सृष्टि-वस्तुओं के सौन्दर्य-स्वरूप की ओर देखते हैं तब हमें यह जान पड़ता है कि सृष्टि का स्वरूप ऐसा ही बनाया गया है जो मानवी कल्पना, उच्च भावना और उच्च ध्येय के लिए शोभा देने योग्य है। और कह सकते हैं कि इस सृष्टि और मानवी कल्पना के मेल से ... सौन्दर्य-भावना का उदय होता है।

सृष्टि की सम्पूर्ण वस्तुओं के सौंदर्य पहचानने की शक्ति को ...

अभिरुचि अथवा सहृदयता कहते हैं। यह अभिरुचि न्यूनाधिक प्रमाण में प्रत्येक मनुष्य में होती है। ऐसा मनुष्य विरलाही होगा जिसमें इस अभिरुचि-इस सहृदयता-का गंध भी न हो। सभ्य देश में सहृदयता का परिपोष अधिक पाया जाता है।

सृष्टि की प्रत्येक वस्तु में कुछ न कुछ सौन्दर्य भरा हुआ है। परन्तु, हाँ, सब को उसका भास नहीं होता। क्योंकि अभिरुचि कुछ स्थूल शक्ति है। जब किसी वस्तु में सौन्दर्य की मात्रा बहुत अधिक होती है, तभी इस शक्ति को उसका भास होता है; परन्तु यदि वह सौन्दर्य सूक्ष्म प्रमाण से हुआ तो फिर वह अभिरुचि शक्ति को नहीं देख पड़ता, अतएव, साधारण मनुष्य के लिये जो सौन्दर्य अगोचर है उसे सब के लिये सुगोचर कर देना ललितकलाओं का उद्देश्य है। ललित-कला-कोविद के लिये प्रतिभा शक्ति चाहिये। इस प्रतिभा शक्ति से वह सृष्टि का सौन्दर्य देखकर उसकी छाया अपनी कृति में उतारता है और उस कृति से फिर मनुष्य को आनन्द मालूम होता है, और उसी कृति को वह सुन्दर कहता है। सौन्दर्य की इस सर्वदेशीय व्यापकता के कारण, और प्रतिभा शक्ति की सूक्ष्मता के कारण, सृष्टि का कोई भी अंश सच्चे ललित-कला-कोविद का विषय हो सकता है। चाहे जिस विषय पर कविता की जाय, पर यदि कवि सच्चा प्रतिभाशाली है, तो वह कविता उत्तम होनी ही चाहिये—और उसकी गणना ललितकृतियों में होनी ही है। जो बातें साधारण मनुष्य को नीरस, अरुचिकर और सौन्दर्यहीन जान पड़ती हैं उन्हींका सहृदय और प्रतिभाशाली कवि जो वर्णन कर देता है उससे प्रत्येक मनुष्य के मन को आनन्द होता है। अर्थात् कवि अपनी प्रतिभाशक्ति से जब उन वस्तुओं का अदृश्य सौन्दर्य प्रकट कर देता है तब वह मनुष्य की सामान्य अभिरुचि को भी पसन्द आ जाता है तथा उससे उसको परमानन्द होता है।

ऊपर जो विवेचन किया गया उससे ललितकलाओं का सामान्य स्वरूप कुछ न कुछ पाठकों के ध्यान में आया ही होगा। सृष्टि का अतीन्द्रियसौन्दर्य दृग्गोचर करना ललितकलाओं का उद्देश्य है। अतएव सृष्टि और ललितकलाओं का बहुत ही निकट-सम्बन्ध है और यह भी ध्यान में रखना चाहिये कि यद्यपि सृष्टिसौन्दर्य तथा ललितकलाओं का सौन्दर्य ये दो प्रकार सौन्दर्य के माने जाते हैं तथापि ये दोनों परस्परावलम्बी हैं। उनका यह परस्परावलम्बित्व आगे के विवेचन और कहानी से ध्यान में आ जायगा।

सृष्टि के पदार्थ यद्यपि कार्य-कारण-परम्परा से बद्ध हैं, तथापि वे ऐसे भासते हैं जैसे स्वयम्भू हों, और इसी लिये वे हमें सुन्दर जान पड़ते हैं। परन्तु ललितकलाओं की कृतियाँ मनुष्यकृत होकर भी, ऐसी भासती हैं जैसे सृष्टिकृत हों और इसी लिये हम उन्हें सुन्दर कहते हैं। अब, यह स्पष्ट है कि कृत्रिम वस्तु सृष्टिकृत वस्तु के समान बनाने ही में ललितकला-कोविद का सच्चा कौशल है। यह बात नीचे की कहानी से स्पष्ट होगी।

दो चितेरे थे। दोनों में कौन उत्तम चितेरा है, इस पर दोनों में वाद-विवाद हुआ। निश्चय यह हुआ कि दोनों चितेरे एक एक चित्र तैयार करें और उन चित्रों की समानता से वाद विवाद का फैसला हो जाय। इसके अनुसार दोनों ने अपना अपना चित्र तैयार किया। पहले चितेरे ने अंगूर की एक ऐसी बेल बनाई जो पके हुए अंगूरों के गुच्छों से लदी हुई थी। यह बेल अपनी असली बेल से इतना सादृश्य रखती थी कि उस बेल और उन अंगूरों को असली समझ कर उस बेल पर पक्षी आने लगे। यह दृश्य दिखलाने के लिये वह चितेरा दूसरे चितेरे को अपने घर में बुला लाया और उसे, अपने चित्र से पक्षियों के धोखा खाने का दृश्य, दिखलाया और बड़ी युक्ति के साथ बोला, 'अब उत्तम चितेरा कौन है?' इस पर दूसरा बोला, 'सचमुच आपका चित्र बड़ा अच्छा है।' पहले ने कहा, 'अच्छा, अब आपका चित्र तो देखें चलें!' यह कह कर वे दोनों दूसरे चितेरे के यहां गये। घर पहुँचने पर पहले चितेरे ने दूसरे से पूछा, 'आपका चित्र कहां है?' दूसरे ने धीरे से उत्तर दिया, 'इस पड़दे के पीछे।' यह सुनते ही पहला चितेरा पड़दे को एक तरफ हटाने लगा। परन्तु पड़दा नहीं हटा। तब दूसरे चितेरे ने कहा, 'अब बतलाइये उत्तम चितेरा कौन है? आपके चित्र ने विचारहीन पक्षियों को ही धोखा दिया था; पर मेरे चित्र ने आपके समान चतुर चितेरे को भी धोखा दिया। यह पड़दा नहीं है, पड़दे का चित्र है।'

तब दूसरा चितेरा बोला, 'यह पड़दा नहीं है, पड़दे का चित्र है।'

अब, सौन्दर्य के उपर्युक्त संक्षिप्त विवरण से ललितकलाओं का साधारण स्वरूप पाठकों के ध्यान में आ जायगा और प्रवीण पाठकगण यह भी समझ जायँगे कि हमने इस लेख के प्रारम्भ में ललितकला कोविदों को 'नकलबाज' क्यों कहा था। सृष्टि की सुन्दर वस्तुएं देखकर साधारण मनुष्य को आनन्द अवश्य होगा, परन्तु उसकी अभिरुचि के अनुसार उसके मन पर सुन्दरता की छाप नहीं बैठेगी, परन्तु प्रतिभावान मनुष्य के मन पर उस सुन्दरता की स्पष्ट और दृढ़ छाप बैठेगी। इतना ही नहीं, बल्कि उस सुन्दर वस्तु की प्रतिकृति करने की-अर्थात् अनुकरण या नकल करने की-उत्तम बुद्धि भी आवेगी। फिर वह सौन्दर्य चाहे वह शब्दकृति के द्वारा प्रतिबिम्बित करे, अथवा चित्रकृति के द्वारा प्रतिबिम्बित करे। हम ऊपर कह आये हैं कि ललित कला कोविदों में प्रतिभाशक्ति होती है। इसी शक्ति को कोई कोई कवि की कल्पनाशक्ति कहते हैं, इसी को कुछ लोग स्फूर्ति कहते हैं। यह शक्ति बुद्धि से भिन्न है। यह नहीं है कि इस शक्ति की उत्पन्न की हुई बातें निश्चित नियमानुसार होती हों। बुद्धिकृत ज्ञान प्रत्येक मनुष्य को सिखलाने का संकेत है। पर उस मनुष्य की धारणाशक्ति के अनुसार [illegible], बस। बुद्धिकृत ज्ञान के लिये ग्रंथों में कई निश्चित नियम रहते हैं, उनके अनुसार चलने से वह ज्ञान मनुष्य को अवगत हो जाता है। परन्तु प्रतिभा की शक्ति जन्म से ही होती है वह ईश्वरी

वरदान मनुष्य अपने साथ ही लाता है। अध्ययन से, अभ्यास से, अवलोकन से और आदत से उसकी वृद्धि अवश्य होगी; परन्तु जो मनुष्य यह प्रतिभाशक्ति अपने साथ नहीं लाया वह कलाविद् कदापि नहीं हो सकता। जिसमें कवितास्फूर्ति नहीं है वह चाहे जितना प्रयत्न करे, पर सच्चा कवि नहीं बन सकता। काव्य के नियम देख कर, बड़े प्रयास से तुकबन्दी करते हुए, चाहे वह बहुत से पद्य लिखता चला जाय; पर उसके उन पद्यों को काव्य की पदवी कभी नहीं मिल सकती।

अब हम थोड़ा सा इसका विचार करते हैं कि ललितकला कितनी हैं और उनका वर्गीकरण कैसा किया गया है। सामान्यत पाँच ललितकला मानने की चाल है। और ललितकलाओं का सामान्य स्वरूप देखने से यही जान भी पड़ता है कि मुख्य कला पाँच ही हैं। एक दो और भी हैं; पर गौण होने के कारण उनका भी इन्हीं पाँच में अन्तर्भाव किया जाता है। इन पाँचों की एक प्रकार की परम्परा ही है। अर्थात् ये जड़ से चित् की ओर उत्तरोत्तर चढ़ती गई हैं। वे पाँच कला ये हैं:-शिल्पकला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीतकला और साहित्यकला। नृत्य का संगीत में अन्तर्भाव किया जाता है और नाट्यकला को साहित्य में लेते हैं।

इन कलाओं का वर्गीकरण भिन्न भिन्न विचारों से किया गया है। सृष्टिसौन्दर्य को मूर्त स्वरूप देना ही सब कलाओं का उद्देश्य रहता है और उस सौन्दर्य का आकलन नेत्र और कर्ण, जो सब इन्द्रियों में श्रेष्ठ हैं, के द्वारा किया जाता है। इन इन्द्रियों के विचार से सब ललित कलाओं के दो वर्ग होते हैं—दृश्यकला और श्राव्यकला। जिस कला की कृति नेत्रों से देखी जा सकती है-जिसके द्वारा सौन्दर्य दृष्टि-ग्राह्य होता है-उसे दृश्यकला कह सकते हैं। इस व्याख्या के अनुसार शिल्पकला, मूर्तिकला, और चित्रकला, ये दृश्यकला में आती हैं। और साहित्य तथा संगीत का श्राव्यकलाओं में अन्तर्भाव होता है।

और एक दूसरे प्रकार से भी [illegible] जाता है। वह इस [illegible] ललितकलाओं का [illegible] को जो सौन्दर्य देख पड़ता है उस सौन्दर्य का ज्ञान, उसे सर्वसाधारण को कर देना होता है। अर्थात् एक प्रकार से कला कोविद को अपने मन की कल्पना, विचार, अथवा ज्ञान, दूसरे को बतलाना होता है। और इस प्रकार के अन्तर्विचार दूसरे पर व्यक्त करने के भिन्न भिन्न साधन हैं। उन साधनों का उपयोग करके कला-कोविद अपनी कृति निर्माण करता है। अब, अमूर्त विचारों को व्यक्त करने के लिए मनुष्य के पास कौन साधन हैं? शब्द, आकार या आविर्भाव, और स्वर। इस साधनत्रय के कारण ललितकलाओं के भी तीन वर्ग होते हैं। साहित्यकला का साधन शब्द है। शिल्पकला मूर्तिकला और चित्रकला का साधन आकार या आविर्भाव है और साहित्य का साधन स्वर है।

वर्गीकरण की ये दो रीतियाँ, जो ऊपर बतलाईं, उनका कुछ बहुत बड़ा उपयोग नहीं है। क्योंकि वर्गीकरण का महत्व वहाँ होता है जहाँ हजारों वस्तुओं का शास्त्रीय ज्ञान प्राप्त करना होता है। वनस्पतिशास्त्र और प्राणिशास्त्र में वर्गीकरण किये बिना कभी काम नहीं चल सकता। ललितकलाओं का कुछ वैसा हाल नहीं है। वे बहुत थोड़ी हैं। परन्तु ये वर्गीकरण यहाँ सिर्फ इसी लिए बतलाये गये हैं कि इनसे ललितकलाओं का सामान्य स्वरूप कुछ अधिक स्पष्टता से मालूम होता है और ललितकला तथा उपयुक्तकला का भेद साफ तौर से ध्यान में आ जाता है। उदाहरणार्थ, दृश्य और श्राव्य के वर्गीकरण से हम यह समझ सकते हैं कि ललितकलाओं का सम्बन्ध नेत्र और कान, दो इन्द्रियों से है। अर्थात ललितकलाओं का विषय नेत्र और कान से ग्रहण किया जाता है। अन्य इन्द्रियों से उसका सम्बन्ध नहीं पड़ता। अन्य इन्द्रियों के विषय हमें आनन्द देते होंगे; परन्तु उन्हें सुन्दर या ललित नहीं कह सकते। हमारी रसनेन्द्रिय को मीठे पदार्थ पसन्द आवेंगे; परन्तु पदार्थ चाहे जितना मीठा हो, वह सुन्दर नहीं कहा जाता। सारांश, सुन्दरता की कल्पना ज्ञान की ही तरह उच्च-इन्द्रिय-गम्य है और इसी लिए, जो विषयवासनाएं कहलाती हैं उनमें सौन्दर्य का अन्तर्भाव नहीं होता। ब्रह्मानन्द की तरह अथवा ज्ञानानन्द की तरह ललितकलाओं से होनेवाला आनन्द ऊंचे दर्जे का है। वह क्षणिक नहीं है, अनित्य नहीं है, क्षणभंगुर नहीं है; किन्तु ज्ञान की तरह, ब्रह्मसाक्षात्कार की तरह, नित्य और शाश्वत है। यह बात इस वर्गीकरण के तत्व से जान पड़ती है। इसी प्रकार दूसरे वर्गीकरण से मालूम होता है कि सारी ललितकलाएं एक प्रकार की भाषाएं हैं। जिस प्रकार एक मनुष्य अपने मन के गूढ़ विचार भाषा के द्वारा दूसरे पर प्रकट करता है उसी प्रकार कला कोविद अपनी कृति से अपना हृदगत सारे जगत् को बतलाता रहता है। कवि का हृदगत उसके काव्य में भरा रहता है। चित्रकार अपना हृदगत अपनी उत्तम कृति में प्रतिबिम्बित करता है, शिल्पी अपना हृदगत अपनी सुन्दर इमारत दिखलाता है, मूर्तिकार अपनी मोहिनी मूर्ति [illegible] वह हमें बतलाता और गायक अपना आवाज से हम पर प्रगट करता है।

[illegible] : ही प्रत्येक सहृदय [illegible] अभिरुचि करते हैं। [illegible] विलक्षण आनन्द [illegible] से हम सारे जगत् का मालूम होता है। अस्तु।

परन्तु यहाँ पर ऐसा प्रश्न उठेगा कि ललितकला कोविद यदि प्रत्येक पुरुष के लिए साध्य नहीं है तो साधारण जन को विषय का क्या उपयोग है? इसका उत्तर यह है कि इस विषय थोड़ा बहुत ज्ञान प्रत्येक मनुष्य को चाहिए; और प्रत्येक मनुष्य सृष्टि-सौंदर्य और ललितकला-सौन्दर्य की अभिरुचि चाहिए। बीज रूप से यह सब लोगों में होती है। परन्तु उसे उद्भूत करने [illegible] मनुष्य को सृष्टिसौन्दर्य और ललितकलासौन्दर्य पर मन होता है-एक प्रकार का इनका व्यसन लगाना होता है। इस का व्यसन हुए बिना यह नहीं कहा जा सकता कि [illegible] हुआ। ललितकला-विषयक प्रीति एक सुसंस्कृत मनुष्य [illegible] है। इतना ही नहीं, किन्तु आर्य लोग उसे मनुष्यत्व [illegible] समझते आये हैं। यह बात नीचे लिखे हुए सुप्रसिद्ध सुभाषित सिद्ध होती है:-

" साहित्यसंगीतकलाविहीनः । साक्षात् पशुः पुच्छविषाणहीनः
तृणन्न खादन्नपि जीवमानः । तद्भागधेयं परमं पशूनाम ।

दूसरे एक सुभाषित में 'विद्याविहीनाः पशुभिः समानः' है और तीसरे एक में 'धर्मो हि तेषां अधिको विशेषः । धर्मेणहीनः पशुभिः समानः ॥' कहा है। यहाँ पर धर्म का रूढ़ अर्थ न लेते हुए यौगिक अर्थ लेना चाहिये; अर्थात् उसमें मनुष्य के [illegible] कर्तव्यबुद्धि आदि का अन्तर्भाव होता है। अब, ये सुभाषित एक जगह करने से मनुष्य का त्रिगुणात्मक [illegible] बनता है। वह यह है:-"विद्याकलाधर्मविदो मानव [illegible] अब, यह मनुष्य के विशिष्ट गुण का वर्णन प्रसिद्ध ग्रीक तत्ववेत्ता आरिस्टाटल के वर्णन से बिलकुल मिलता है। उस भी यही कहा है कि ज्ञान, शील और कला यही तीन मनुष्य के विशिष्ट गुण हैं। इससे यह जान पड़ता है कि कलाओं का कैसा महत्व है। जिस जिस देश का सुधार हुआ है वहाँ वहाँ ललितकलाओं की उन्नति अवश्य हुई है। प्राचीन काल में ग्रीक लोग सुधार के शिखर पर पहुँचे हुए थे। इस कारण उन लोगों में ललितकलाओं की विलक्षण वृद्धि हो गयी थी। शिल्पकला और मूर्तिकला के विषय में ग्रीक लोगों की बड़ी ही [illegible] हुई और ग्रीक लोगों के बनाये हुए सुन्दर मन्दिर तथा उनकी [illegible] हुई मूर्तियां आज भी सर्वोत्कृष्ट मानी जाती हैं। ग्रीक लोगों जैसे ललितकला-कोविद शिल्पकार और मूर्तिकार हो गये आज तक नहीं हुए। ग्रीक कवि और साहित्यकार भी बहुत प्रसिद्ध हैं। इस प्रकार, सुधार किये हुए ग्रीक लोगों में ललितकलाओं की उन्नति, और उनके विषय में प्रीति भी, बहुजनसमाज में बहुत बढ़ी हुई थी-सार्वत्रिक हो गई थी। आज कल के यूरप में भी शास्त्रज्ञान के प्रचार के साथ साथ ललितकलाओं का विस्तार हुआ है-और हो रहा है।

इसमें कोई सन्देह नहीं कि हमारे भारतवर्ष में भी किसी समय इन सब कलाओं में बहुत ही उन्नति हुई थी। इस बात के जीवित स्मारक भारतवर्ष में जगह जगह मिलते हैं। भारतवर्ष पर सृष्टिदेवी की भी अच्छी कृपा है। अतएव इस देश में सृष्टिसौन्दर्य के उदाहरणों की कमी नहीं है।

परन्तु दुर्भाग्य की बात है कि, इधर कुछ काल से, अज्ञानयुग में ललितकलासम्बन्धी हमारी अभिरुचि नष्ट हो गई थी। हमारे पूर्वज ऋषियों का सृष्टिसौन्दर्य और ललितकलाओं पर बड़ा प्रेम था। इस बात के अनेकों प्रमाण दिये जा सकते हैं। परन्तु भारतवर्ष की संस्कृति का जब पतन शुरू हुआ और चारों ओर अज्ञान फैल गया तब जैसे जैसे भारतीय लोग विद्याविहीन हुए वैसे वैसे वे कलाविहीन भी हुए। बाद को ज्यों ज्यों, अँगरेजी राज्य के कारण, यहाँ फिर विद्या का प्रकाश होने लगा और लोगों का विद्या-विषयक प्रेम बढ़ने लगा त्यों त्यों अब शिक्षित लोगों में, न्यूनाधिक प्रमाण में ललितकला-विषयक तथा सृष्टिसौन्दर्यसम्बन्धी प्रेम जागृत होने लगा है, यह बड़े आनन्द की बात है। भारत में सृष्टिसौन्दर्य और ललितकला-सौन्दर्य की बिलकुल ही कमी नहीं है। विद्या प्राप्त करके हमें भारत के भिन्न भिन्न भागों का सृष्टिसौन्दर्य निरीक्षण करना चाहिये। प्रत्येक पुरुष को चाहिये कि वह बुढ़ापे में यात्रा करने न जा कर युवावस्था में ही यात्रा किया करे, इससे सृष्टिसौन्दर्यविषयक प्रीति स्वाभाविकतः पैदा होगी। हम हृदय से चाहते हैं कि सृष्टिसौन्दर्य और ललितकलाओं की प्रीति हमारे नवयुवक पुरुषों में उत्पन्न हो।

सिंहाचलम् के प्रसिद्ध दृश्य ।



सिंहाचलम् के श्रीवराहनृसिंह-मन्दिर के सामनेवाले गरुडस्तम्भ का दृश्य ।



श्रीवराहनृसिंहजी का मन्दिर ।



मेनावली में कृष्णातट पर नानाफड़नवीस का बनवाया हुआ घाट।



स्वर्गवासिनी श्रीमती जमनाबाई साहब गायकवाड़ की देवपूजा।

लोहे के डंबेल्स और लकड़ी के मुद्गल—लकड़ी जोड़ ॥२॥ और लकड़ी के मुद्गल की कीमत ॥१२, १, १।, १॥ इत्यादि छोटी मोटी है।

मैनेजर—चित्रशाला प्रेस, पूना।

अँगरेजी-प्रवेश।

संवाद-पद्धति से अँगरेजी भाषा में अल्प काल में प्रवेश कर दे
लिए उत्तम साधन। तीन नमूने के पाठ और शिक्षक के लि
विस्तृत सूचना। मूल्य आठ आने। मैनेजर—चित्रशाला प्रेस, पू

यान और विमान।

यान की पक्षियों से तुलना।

(इस विवेचन में यान शब्द बार बार आवेगा, इस कारण इस [illegible] ... [illegible] जिस से लोग इन आकृतियों पर से शुद्ध कल्पना कर सकें। [illegible]के अनुसार आकृतियाँ अगले अंकों में आवेंगी।)

पिछले लेख में पतंग का विवेचन करके यान विषयक साधारण [illegible]तें बतलाई गई थीं। उससे यह ध्यान में आ जायगा कि पतंग उ[illegible]ने में जो शक्ति लगती है वह वायु है और पतंग के नियमन करने [illegible] साधन लड़के के [illegible] का डोरा है। अर्थात् [illegible]यु और डोरा पतंग [illegible] मुख्य साधन है। पतंग [illegible] कागज़ में ही यदि इन [illegible]नों साधनों की यो[illegible]ना की जा सके तो [illegible]तंग को यान का रूप [illegible] हो जायगा। यान [illegible] पतंग की सुधरी [illegible] आवृत्ति कही जाय [illegible] कोई हर्ज नहीं।

पतंग की अपेक्षा यदि [illegible] की पक्षियों से तु[illegible]ना की जायगी तो वि[illegible] समझने में अधिक [illegible] होगा। क्योंकि [illegible] सृष्टि के यान ही [illegible]। अतएव सृष्टि में जो [illegible] यान की रचना [illegible] है उसे समझ लेने [illegible] मनुष्य के कृत्रिम यान की रचना समझने में कोई कठिनाई नहीं होगी। सृष्टि के पक्षियों की रचना में जो नियम लगा दिये हैं उन्हीं नि[illegible]यमों का अनुकरण करना जानना चाहिए। मनुष्य प्राणी सृष्टि में नवीन नि[illegible]यम नहीं [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] का अनुकरण [illegible] अनुकरण करने में यदि भूल हो [illegible] है तो [illegible] [illegible] मिलता है। [illegible] विषय में बार बार [illegible] पड़ता कि [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

मनुष्य प्राणी को, हवा के महासागर में यथेच्छ सञ्चार करने की, बड़ी इच्छा है। इच्छा उत्तम है, तथापि वह कहां तक सफल होगी, इसके विषय में पहले बड़ी शंका थी। हवा में संचार करना मानो हवा पर नाचना या हवा पर सवार होना ही है। अतएव हवा पर सवारी करने का प्रयत्न करनेवाले यदि लोगों की दृष्टि में पागल ठहराये गये तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं। घर में उड़नेवाली मामूली मक्खी से लेकर गरुड़ के समान बड़े बड़े पक्षियों तक सैकड़ों प्राणी नित्यश: हवा में उड़ते हैं। यह देख कर मनुष्य को भी वैसी ही इच्छा होना स्वाभाविक बात है। पागल अथवा निर्बुद्धि कह कर यह इच्छा दाब डालना असम्भव है। परन्तु पक्षियों की तरह मनुष्य के लिए पंखों का स्वयम्भु वरदान न होने के कारण उसकी विचित्र दशा होती है। यदि प्रयत्न करें तो पंख नहीं हैं, और यदि न करें तो पक्षियों का उड़ना देख कर ईर्षा होती है और मन चुप नहीं बैठने देता। चाहे कोई पागल कहो चाहे निर्बुद्धि कहो, परन्तु यह जिज्ञासा ऐसी है, जो मनुष्य को चुप नहीं बैठने देगी। मनुष्य को ईश्वर ने पंख नहीं दिये हैं, इस लिए यह मिलना नहीं हुआ; किन्तु जिन प्राणियों के शरीर पर पंख हैं उनमें ईश्वर ने कैसी यो[illegible]जना की है, यह देख कर मनुष्य का ध्यान इस ओर गया कि अपनी बुद्धि के सामर्थ्य से प[illegible]क्षियों के पंखों का अनु[illegible]करण करके कृत्रिम पंख तैयार किये जा सकेंगे या नहीं।

पानी और हवा की तुलना: पानी और हवा [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]



फ़रमाँ यान, हवा में सञ्चार।



प्रयाग की प्रदर्शिनी का [illegible]

[illegible]

भी उछलती है। इसी उछल पर अथवा हवा के लचीलेपन पर ही अधिकांश में, पक्षियों का उड़ना अवलम्बित है यह लचीलापन पानी में नहीं है। क्योंकि पानी दाबने से दबता नहीं है, और इसी लिए ... है। पानी और हवा के ... रखना चाहिए। पक्षी ... पंखों के नीचे की हवा ... ती है और इस उछल का ही पक्षियों को उपयोग होता है। पंखों से हवा दाब कर पक्षी हवा की उछल उत्पन्न करता है। जितने जोर से पक्षी पंख दबाता है उतने ही जोर से यह उछल पैदा होती है।

... का सिरा डाल कर उस सिरे से थोड़े अन्तर पर एक ईंट या पत्थर रखते हैं और उस पर सब्बल से जोर देते हैं। ... ईंट पत्थर को ही आट कहते हैं। आट का पत्थर जितना कठिन होगा उतना ही अच्छा। नरम पत्थर की आट टिक नहीं सकती। सब्बल के दूसरे सिरे ... हाथ से जोर डाल कर आट की सहायता से चाहे जितना बड़ा पत्थर उठा सकते हैं। बड़ा पत्थर जितने ... ज्यादा वजन का होगा उतने ही हिसाब ... आट आगे पीछे सरकानी पड़ेगी। आट और सहारे का नियम यह है कि आट से उस पत्थर के अन्तर और पत्थर के वजन का गुणनफल और आट ... कर सहारे के दूसरे सिरे तक के अन्तर और हाथ के जोर ...

मि० वैरन डी० केटर्स (यानक) मैसूर-महाराज को दुपत्ती यान की रचना समझा रहे हैं।



आकृति नं० ३ में मैसूर महाराज जिस दुपत्ती यान को देख ... हैं उसका हवा में संचार।

पहले, बोट का विवेचन करते समय बतलाया जा चुका है कि बोट चलानेवाला लग्गी, बल्लियां, हाथे, इन चार साधनों का उपयोग बोट चलाने में करता है। पाल का उपयोग बतलाया ही जा चुका है। हाथों का उपयोग बोट की दिशा बदलने में होता है। बाकी बचे लग्गी और बल्लियां। बांस की लम्बी और सीधी लकड़ी को लग्गी कहते हैं। बोट को किनारे से चलाते समय इसका उपयोग किया जाता है। किनारे की चट्टान पर इस लकड़ी के नीचे का सिरा रख कर जब ऊपर के सिरे पर जोर दिया जाता है तब बोट आगे सरकता है। जहां पानी उथला होता है वहां पानी में जमीन पर यह लकड़ी टेकी जाती है और ऊपर के सिरे पर जोर दिया जाता है, तब बोट अपनी जगह से चलता है। जब यह लग्गी पानी में जमीन तक नहीं पहुंचती है तब बल्लियों का उपयोग किया जाता है। उथली खाड़ी में सिर्फ लग्गी के ही सहारे से डोंगी एक सिरे से दूसरे सिरे तक पहुँचाई जाती है। गहरे पानी में जहां लकड़ी जमीन तक नहीं पहुँचती वहां लग्गी नहीं लगती और बल्लियों का ही उपयोग करना पड़ता है। बल्ली लगाने और लग्गी लगाने दोनों में एक ही तत्व है। यह तत्व समझने के लिये यंत्रशास्त्र के दो शब्द मालूम होने चाहिये। ये शब्द 'आट' और 'सहारा' हैं।

जब कोई बड़ा पत्थर उठाना होता है तब सहारे का उपयोग करते हैं। सहारे की जगह पर एक छोटा सा बांस या मामूली सब्बल लगाते हैं। जिस पत्थर को उठाना होता है उसके नीचे



एकपानी यान के सामने दिखनेवाली मुख्य पतली के आगे रहनेवाला पंखा।

गुणनफल बिलकुल एक होगा। आट का स्थान और जोर ... की जगह बदलने पर आट और सहारे की, भिन्न भिन्न तीन ... होती हैं—तथापि उनके उपर्युक्त नियम में कुछ भी अन्तर ... पड़ता. यह बात यंत्रशास्त्र की थोड़ी सी भी जानकारी रखने... को मालूम होगी। हमें यहां सिर्फ इतना ही देखना है कि आट ... तरह हवा और पानी का उपयोग कैसे होता है।

आट के बिना स... से जोर नहीं लगा स... लग्गी लगाने स... लकड़ी को जमीन टेक कर जोर लगा... कते हैं। इस जगह ... कड़ी के सहारे का ... योग होता है। बल्ली ... लाते समय यह जमीन में नहीं लगती। वह ... पानी में ही रहती अर्थात् जमीन के ब... आट की जगह पर प... ही का उपयोग होता ... बल्ली का मुट्ठा पानी ... डुबा कर उसके दू... सिरे में जोर लगा... पड़ता है। बल्ली के मुँह में पानी लगा रहता है और यहीं आट ... जगह पानी का उपयोग होता है। पानी की तरह आट की ... हवा का भी उपयोग किया जा सकता है। जमीन घन पदार्थ ... तथा हवा और पानी प्रवाही पदार्थ हैं। तुलनात्मक दृष्टि से विच... करते हुए, जिस प्रकार कालिदास ने मृगया का वर्णन करने में ... ('लक्ष्य चले') शब्द का उपयोग किया है, उसी प्रकार जमी... को अचल अथवा स्थिर, आट, और पानी तथा हवा को चल अथवा अस्थिर आट कह सकते हैं।

जमीन, पानी और हवा:—अथवा घनरूप, द्रवरूप और व...

रूप पदार्थों का विचार करते समय एक और बात ध्यान में रखनी चाहिए। घन पदार्थों के कण एक दूसरे से जमे रहते हैं; परन्तु द्रव-रूप तथा वायुरूप पदार्थों के कण एक दूसरे से सहज ही में अलग किये जा सकते हैं। जमीन लकड़ी से खींच कर फाड़ी नहीं जा सकती; अच्छा यदि फट भी गई तो फिर वे भाग एक दूसरे से जोड़े नहीं जा सकते, उसी दशा में रहते हैं। परन्तु पानी या हवा लकड़ी से सहज ही खींची जा सकती है; और लकड़ी से खींचे हुए भाग आप ही आप फिर एक दूसरे से आ मिलते हैं; यहां तक कि यह भी नहीं समझ पड़ता कि लकड़ी से पानी कहां खींचा गया। लोहा लकड़ी, पानी और हवा इन तीनों से भारी है। लोहे का छोटा सा टुकड़ा जब हम किसी लकड़ी के टेबल पर डालते हैं तब टेबल का तख्ता उसे अपने बीच से नहीं जाने देता। परन्तु वही टुकड़ा जब हम पानी और हवा में डालते हैं तब ये दोनों प्रवाही पदार्थ उसे स्थान दे देते हैं और वह टुकड़ा तुरन्त ही नीचे गिर पड़ता है, इससे इन दोनों प्रवाही पदार्थों के कण भिन्न भिन्न हैं। स्थलचर, जलचर और वायुचर प्राणियों के अवयव ईश्वर ने ऐसे ही बनाये हैं जो ज-मीन, पानी और हवा में संचार करने योग्य हैं। आधार जैसी ही क-ठिन या नरम होगी उसी हिसाब से प्राणियों के अवयव कठिन या नरम होंगे। घोड़े की टाप कठिन होती है, पक्षी का पंख नरम होता है।

कोई भी जड़ पदार्थ जब हवा में गिरता है तब वह अपने वजन से अपने नीचे की हवा दाबता है। परन्तु हवा के कण दूर हट कर उस पदार्थ को स्थान देते हैं और वह पदार्थ नीचे गिर पड़ता है। जब हम लोहे का कोई खीला हवा में डालते हैं तो वह तुरन्त ही नीचे गिर पड़ता है। परन्तु उसी खीले का बिलकुल पतला पत्र बनाके यदि वह हवा में आड़ा डाला जाय तो एकदम वह नीचे नहीं आवेगा। उसको नीचे आने में खीले की अपेक्षा कुछ न कुछ अधिक समय अवश्य लगेगा। खीले की तरह पत्र भी अपने वजन से अपने नीचे की हवा दाबता है और हवा के कण अलग हट कर उसे जगह देते हैं। खीले के नीचे जितनी हवा रहती है उससे कहीं अधिक हवा पत्र के नीचे रहती है। इस लिए पत्र का वजन बहुत सी हवा पर बंट जाता है, इस कारण खीले के नीचे की हवा पर जितना दबाव पड़ता है उतना दबाव पत्र के नीचे वाली हवा पर नहीं पड़ता। इसके सिवाय खीले के नीचे की हवा से पत्र के नीचे की हवा बहुत अधिक होती है, अतएव उतनी हवा हट कर पत्र को जगह मिलने में देर लगती है। इससे पत्तन का महत्व ध्यान में आ जायगा। पत्र किंवा पत्तन यदि हवा में वेग से जाता होगा तो पत्र के नीचे की हवा हट कर, पत्र के नीचे गिरने को बिलकुल समय ही न मिलेगा, क्योंकि वह पत्र क्षण क्षण भर में भिन्न भिन्न हवा पर से जायगा। पत्र अ-थवा पत्तन का वेग जैसा अधिक होगा उसी हि-साब से हवा में उसका ठहरना सहज होगा। बाइसिकल धीरे धीरे चलाते समय तोल सम्हालना कठिन होता है, पर वही जब हम वेग से चलाते हैं तब तोल सम्हालना बहुत ही सहज होता है।

उपर्युक्त विवेचन से मालूम हो जायगा कि किसी विशिष्ट योजना से जड़ पदार्थ भी हवा में ठहराये जा सकते हैं। पिछले एक लेख में गति और पत्तन का उल्लेख हो ही चुका है। किन्तु समझने के लिये उसीका कुछ अधिक विस्तार करना चाहिये। ऊपर के खीले का ही उदाहरण लेते हैं। कल्पना करो कि उस खीले का वजन छै तोले है। उस खीले से एक वर्ग-फुट क्षेत्रफल का पतला पत्र बनाया गया। उस पत्र को जब हम हवा में डालेंगे तब उसके नीचे एक वर्ग-फुट जगह आवेगी। इतनी जगह की हवा छै तोले के वजन से दाबी जायगा। अब कल्पना करो कि इतनी हवा अलग हट कर पत्र के नीचे आने में एक सेकंड का समय लगेगा। एक वर्गफुट हवा दूर हट कर पत्र के नीचे आने में खीले की अपेक्षा अधिक समय लगता है। इस उदाहरण में, पत्र को ठहराने के लिये, पत्र के नीचे की हवा की एक वर्गफुट जगह उपयोगी होती है, अर्थात् पत्र को एक वर्गफुट जगह का आधार होता है। पत्र जितना बड़ा होगा उसी हिसाब से वह आधार बड़ा होगा। पत्र यदि गतिवान् होगा तो पत्र का क्षेत्रफल तो न बढ़ेगा, किन्तु आधार की जगह अवश्य ही बहुत सी बढ़ जायगी। पत्र अथवा पतली जितनी जगह में संचार करती है उतनी ही उसके आधार की जगह बनती है। कल्पना करो कि एक व-र्गफुट पत्र की गति प्रति सेकंड दस फीट है। अब चूंकि पत्र की गति प्रति सेकंड दस फीट है, इस लिये पत्र एक सेकंड में हवा की दस वर्ग-फीट जगह से जायगा। अर्थात् पत्र के ठहराने के लिये हवा की दस वर्गफीट जगह का उपयोग होगा। पहले एक-दशांश सेकंड में पत्र जिस हवा पर होगा वह हवा दूर हट कर पत्र को नीचे गिरने के लिये जगह देगी कि इतने ही में पत्र वह जगह छोड़ कर, दूसरे एक दशांश सेकंड में, पहली हवा के आगेवाली एक वर्गफुट जगह को व्याप्त करेगा; यह हवा हट कर ज्योंही पत्र को गिरने के लिये जगह देने लगेगी त्योंही पत्र अगली एक वर्गफुट जगह पर आयगा। इस प्रकार पत्र एक सेकंड में दस वर्गफीट जगह पर से जायगा। अर्थात् यह दस वर्गफीट जगह पत्र सम्हालने के लिये उपयोगी होगी अथवा यों कहिये कि पत्र के लिये दस वर्गफीट जगह का आधार होगा। इससे यह ध्यान में आ जायगा कि कोई गतिमान पतली जितने थोड़े समय में जितनी अधिक जगह पर से जायगी उसी हिसाब से उसको ठहरानेवाला आधार होगा। इससे यह समझ में आ जायगा कि किसी मक्खी अथवा किसी पक्षी के पंख चाहे जितने छोटे हों, तथापि यदि उनकी गति बहुत वेग होगी तो वे थोड़े ही समय में बहुत सी जगह से कर जावेंगे। अर्थात् हवा में ठहरने का काम वे भी कर सकेंगे। तात्पर्य, पतली और गति का प्रमाण इतना होना चाहिये, कि यदि पतली बड़ी तो गति कम, और पतली छोटी तो गति अधिक।

भारी या हलका—इस जगह बड़े महत्व का प्रश्न उठता है। वह यह कि हवा में संचार करने का साधन हवा से भारी होना चाहिये या उससे हलका? साधारण लोग समझते होंगे यह साधन हवा से हलका होना चाहिये। हलका होने ही से वह हवा में उड़ सकता है, भारी नहीं उड़ सकता। यदि सिर्फ इतने ही की दृष्टि से देखा जाय तो उनकी यह समझ ठीक है, और साइंटिफिक सिद्धान्त, अर्थात् शास्त्र विचार भी ठीक है। अब यदि हम युक्ति से यह प्रश्न करते हैं कि हवा में संचार करने का साधन हलका होना चाहिये या भारी, तो युक्ति इसका दूसरा ही उत्तर देती है। युक्ति का मत यह जान पड़ता है कि यह साधन

दुपनी यान का हवा में संचार—नजदीक और दूर से दिखने वाले दृश्य।



यह वायु-यान औरंगाबाद में संचार के लिए निकल रहा है।

भारी होना चाहिये। मक्खी, डांस, चमगीदड़, पक्षी, आदि हवा में उड़नेवाले अनेक प्राणी सृष्टि ने निर्माण किये हैं। परन्तु इनमें प्रत्येक प्राणी हवा से भारी है। हवा से हलका एक भी प्राणी सृष्टि ने नहीं पैदा किया। हवा में उड़ने का मनुष्यकृत साधन विमान है और वह उससे हलका है। ईश्वर-निर्मित साधन पक्षी है, जो हवा से भारी हैं। अतएव दो बातें परस्पर-विरुद्ध देख पड़ती हैं। विमान को हवा की अपेक्षा हलका बनाये बिना मनुष्य का उपाय ही नहीं चलता था। सृष्टि को हलकेपन की जरा भी जरूरत नहीं पड़ी। मनुष्यकृत विमान बड़ा है। ईश्वरनिर्मित विमान छोटा है। मनुष्यकृत विमान, सिर्फ खड़ा हुआ, नीचे या ऊपर जा सकता है। ईश्वरनिर्मित विमान चाहे जिस दिशा को जा सकता है। मनुष्यकृत विमान हवा के सामने पंगु ठहरता है। ईश्वरनिर्मित विमान हवा को अपने वश में रखता है। इसका कारण यही है कि मनुष्यकृत विमान निर्जीव है और ईश्वरनिर्मित विमान सजीव है। मनुष्य का विमान स्वयं कुछ भी नहीं कर सकता; ईश्वरनिर्मित विमान सब कुछ कर सकता है। मनुष्यकृत विमान हवा अपने वश में नहीं रख सकता; हवा पर सवार नहीं हो सकता; हवा के छोटे से झोंके पर भी वह अपना अधिकार नहीं जमा सकता, अतएव हवा के सामने वह बिलकुल दीन हो जाता है। ईश्वरनिर्मित विमान के जीव है, इच्छाशक्ति है, वह हवा को अपने वश में रख सकता है; वह हवा पर सवार हो सकता है, चाहे जितनी हवा आवे, वह उसकी परवा नहीं करता। मनुष्य का विमान हलका है, इस कारण वह उड़ता है; ईश्वरनिर्मित विमान भारी है, इस लिये हवा से वह अपने को उड़वाता है। इससे यह ध्यान में आ जायगा कि मनुष्य यदि हवा में मनमाने तौर पर संचार करना चाहे तो उसे अपने विमान में सुधार करना होगा। अब, इस सुधार का आदि तत्व यह है कि मनुष्य के विमान को, हवा को अपने वश में करने की युक्ति जानना चाहिये, उसे हवा पर सवार होना जानना चाहिये, हवा को प्रबल होने के लिये किसी प्रकार का अवकाश न देना चाहिये। यह सब तब हो सकता है जब विमान में शक्ति पैदा की जाय और वह उस शक्ति का उपयोग पक्षियों की तरह कर सके। अपना विमान सुधारते समय मनुष्य को ईश्वरनिर्मित विमान का अनुकरण करना चाहिये। सृष्टि के नियमों का यदि अनुकरण करना हो तो, फिर बाहर से देखने में चाहे जितना विरुद्ध देख पड़े, मनुष्य को अपना विमान हवा से भारी करना चाहिये और किसी न किसी उपाय से उसमें शक्ति और ला देना चाहिये। यह बात सच है कि मनुष्य उसमें जीव नहीं डाल सकता, तथापि उसमें किसी ऐसी शक्ति की योजना करना चाहिये कि जिससे हवा वश में रखी जा सके। अर्थात् उड़ने या उड़वाने अथवा सम्हलने का भेद ध्यान में रखना चाहिये। विमान हवा में उड़ता है; पर पक्षी हवा के द्वारा अपने को उड़वाता है—अथवा यों कहिये कि वह हवा में सम्हलता है। निर्जीव विमान को हवा के अनुकूल उड़ना पड़ता है; परन्तु पक्षी अपनी इच्छानुसार हवा में सम्हलता है। खुद उड़ने में उदासीनता और दुर्बलता देख पड़ती है; परन्तु सम्हलने में उत्साह और ... देख पड़ती है। उड़ने में शक्ति का उपयोग नहीं। सम्हलने में ... का उपयोग करना पड़ता है। मनुष्य को अपने विमान का ... करना हो तो, सिर्फ उड़ने से काम नहीं चलेगा; सम्हलना आ... चाहिये।

वजन चाहे जितना विरुद्ध देख पड़े; तथापि हवा में उड़ने के लिए वह आवश्यक है। यह सच है कि जहां तक हो सके हवा में संचार करने का साधन कम वजन का होना चाहिए। मनुष्य को यह अड़चन मालूम होती थी कि प्रायः सब पदार्थ हवा की अपेक्षा भारी होते हैं। परन्तु ज्योंही हाइड्रोजन और कोलगैस के समान हवा से हलके पदार्थ मनुष्य को मिले त्योंही उसने विमान ... किया। जब तक हलका पदार्थ मनुष्य को नहीं मिला तब तक ... मार्ग-प्रतीक्षा करनी पड़ी। परन्तु भारी पदार्थों के वजन की अड़चन ईश्वर को नहीं मालूम हुई। इन हलके पदार्थों का ... न करते हुए परमात्मा ने जड़ पदार्थों से ही हवा में ... प्राणी तैयार किये हैं। भारी और हलके पदार्थों की बेसमझी से मनुष्य इस गड़बड़ी में पड़ा। अब पक्षी के शरीर का अध्ययन से यह गड़बड़ी दूर होने लगी है। उससे ऐसा जान पड़ता है ... वास्तव में यान, जहां तक हो सके, कम भारी होना चाहिए; ... जब हम हवा के व्याप से तुलना करते हैं तब मालूम होता है ... हवा से वह कुछ न कुछ भारी अवश्य होना चाहिए। पक्षी ... हवा से हलका हो तो वह उड़ ही नहीं सकता। हवा का ... सा झोंका भी उसे वायुमण्डल के बिलकुल बाहर फेंक देगा। ... ड्रोजन या कोलगैस की सहायता से मनुष्य ने जो अपना विमान तैयार किया है वह भी वास्तव में भारी ही है। फर्क ... ही है कि कुछ विशिष्ट ऊँचाई की हवा से वह हलका है। ... मंडल की चाहे जिस ऊँचाई की हवा से विमान हलका हो ... वायुमंडल से बिलकुल बाहर निकल जायगा, वायुमण्डल में उस... रहना ही सम्भव नहीं। पानी में तैरनेवाली मछलियों के सम... में भी लोगों की ऐसी ही बेसमझी है। मछली भी पानी से हल... नहीं होती; वह पानी की अपेक्षा भारी होती है, इसी लिए पा... में रह सकती है। पतंग भी हवा से भारी होती है, इसी कारण ... उड़ाई जा सकती है। ऊपर की सब बातों का विचार करने पर ... पड़ता है कि विमान का सुधार करते समय तीन बातें ध्यान ... रखनी चाहिए:-(१) जहां तक हो सके, विमान छोटा, कम वजन ... तथापि हवा से कुछ न कुछ भारी होना चाहिए; (२) विमान ... ही यथासम्भव हलके-से एंजिन के समान शक्ति की योजना ... जानी चाहिए; (३) पतली अथवा कृत्रिम पंखों को हिलाने में ... शक्ति का उपयोग होना चाहिए। इसमें कोई सन्देह नहीं कि ... सुधार करते ही विमान को यान का स्वरूप प्राप्त हो जायगा।

अगले लेख में 'पानी में तैरने और हवा में उड़ने' की तुल... करके हम पक्षी के शरीर की रचना का विस्तृत विवेचन करेंगे।

साहित्यचर्चा।

१ सीताचरित:—लेखक पं० रामजीलाल शर्मा। प्रकाशक इंडियन प्रेस, प्रयाग। पृष्ठसंख्या २३४। कागज, छपाई और जिल्द बहुत बढ़िया। कई सुन्दर चित्रों से सुशोभित। मूल्य १।) रु०।

यों तो महात्मा तुलसीदासजी की कृपा से महाराज रामचंद्रजी के साथ महारानी सीतादेवी का चरित भी सर्वसाधारण को मालूम हो चुका है; तथापि सीता महारानी के चरित से आज कल की संसारी स्त्रियों को क्या उपदेश ग्रहण करना चाहिए, यह बात इस पुस्तक में बहुत अच्छी तरह से दिखलाई गई है। सीताजी के चरित की प्रत्येक मुख्य घटना पर अपनी ओर से व्याख्यान करके उसका अच्छा खुलासा किया गया है। प्रत्येक आर्यगृहिणी को यह पवित्र चरित्र पढ़ कर उसके अनुकूल चलने का प्रयत्न करना चाहिए।

२ भारत के कारखाने—लेखक पं० चतुर्भुज औदीच्य। प्रकाशक बाबू रामलाल वर्मा, ४०१-२ अपर चितपुर रोड, कलकत्ता। पृष्ठसंख्या ८८। मूल्य ।=) आने।

अंगरेजी भाषा में माननीय मुधोलकरजी की लिखित 'व्यापारी डायरेक्टरी' प्रसिद्ध है। उसी तरह की यह डायरेक्टरी अब हिन्दी ... में भी प्रकाशित हुई है। इसके पहले, लखनऊ के किसी महाशय ... की प्रसिद्ध की हुई एक और हिन्दी की डायरेक्टरी हम देख चुके हैं। यह भी अच्छी थी। इन डायरेक्टरियों से यह अनुमान अवश्य होता है कि अब व्यापार विषयक ग्रन्थ लिखने की ओर हिन्दी-लेखकों का ध्यान आकर्षित होने लगा है। यह शुभलक्षण है। अस्तु। औदीच्यजी की लिखी हुई इस पुस्तक में भारतवर्ष के मुख्य मुख्य पदार्थों के ... कारखाने दिये हुए हैं। व्यापारी भाइयों को इसकी एक प्रति अवश्य अपने पास रखनी चाहिए।

३ सौ अजान और एक सुजान:—यह कल्पित प्रबन्ध हिन्दी भा... यों के "भीष्मपितामह" पण्डित बालकृष्णजी भट्ट का लिखा हु... है। इस उपन्यास में तिलिस्म और ऐयारी के उपन्यासों की त... आकाश पाताल एक नहीं किया गया; किन्तु स्वाभाविक घटना... से युक्त यह एक उपदेशात्मक प्रबन्ध है। प्रत्येक सहृदय इसे पढ़... मनोरंजन के साथ उपयुक्त शिक्षा भी प्राप्त कर सकता है। मू... ।।) आने।

४ नूतन ब्रह्मचारी:—यह उपन्यास भी उक्त भट्टजी का ... लिखा हुआ है। इस पुस्तक में यह दिखलाया गया है कि मनु... अपने शुभ्र चरित्र के बल पर क्या नहीं कर सकता? सब कुछ ... सकता है। बालकों को सच्चरित्र बनाने के लिए यह पुस्तक ... नीय है। धनवान् धर्मात्माओं को चाहिए कि इस पुस्तक की सैक... प्रतियां खरीद कर बालकों में बांट दें। मूल्य सिर्फ =) आने।

५ अरविन्द-महिमा:—प्रकाशक पं० महादेवजी भट्ट, अहियापु... प्रयाग। भारतवर्ष के सच्चे कर्मयोगी महात्मा अरविन्द घोष ... नाम कौन नहीं जानता? इस पुस्तक में आप ही की महिमा ... गई है। आपके चित्र तथा सदुपदेशों का भी इसमें संग्रह है। ... =) आने।

पं० जनार्दन भट्ट, अहियापुर, प्रयाग के पते पर उपर्युक्त ... पुस्तकें मिल सकती हैं। भट्टजी की पुस्तकों का आदर ... उत्साह बढ़ाना चाहिए। ऐसा करने से वे अन्य उत्तमोत्तम ... भी प्रकाशित कर सकेंगे। क्रमशः

देखना चाहिये क्या मुल्क कदर करता है

काम आश्चर्यकर का दांतों में दिखाते हैं हम ।

ढूंढ़ते फिरते हर एक मिसल कदरदां हैं हम

ताज्जुब होगा!

दन्त कुसुमाकर के इस्तेमाल से आप

दांतों की शि- कायत करेंगे ! यह इन बीमारियों के अति- रिक्त दांतों की हरएक बीमा- रियों के लिये 'एक मात्र' औषध है।

दाम बड़ी डिब्बी का १, दर्जनके १०) छोटी डिब्बी का ८ आना, दर्जनका ५)

दन्तकुसुमाकर ।

दांतों पर जाला पड़ जाना, पीले हो जाना, मसूड़ों में दर्द होना, दांतों का कुन्द या खट्टे हो जाना, हिलना व कमजोर पड़ जाना, दर्द या कीड़े पड़ जाना, टेढ़े तिरछे या निकम्मे हो जाना, घड़ी घड़ी चिपड़ का निकलना, कड़ी चीजें तोड़ने लायक न रहना, दांत के मन्द काले और मैले हो जाना, खून निकलना या उसके किसी हिस्से में दर्द का होना इत्यादि। प्रतिदिन व्यवहार करनेवालों को दांतों में किसी तरह की बीमारी नहीं रहती, साफ और चमकीले बने रहते हैं। किसी तरह की दुर्गन्धि भी नहीं आती और मुंह खुशबूदार तथा स्वादिष्ट बना रहता है। इस पते से मंगवाइये—मैनेजर, फ्रेगड एगड कम्पनी, मथुरा।

...ारतवर्ष पर अरिष्ट।

ज्वर और जूड़ी बुखार सदा से भारतवा- यों के पीछे लगा हुआ है। परन्तु उसका ...तैकार करने के लिये बाटलीवाला की ...ी-बुखार की औषधि और गोलियां राम- ...ण हैं। ज्वर अथवा शीतज्वर का आगमन ...हीं मालूम हो त्योंही यह औषधि लेना ...हिये। कीमत १ रुपया।

...टलीवाला की निस्तेज लोगों के लिये शक्तिकारक गोलियां।

इन औषधि के सेवन से दिमाग की मिह- ..., पौरुषनाश, अशक्तता और क्षयरोग का ...क्यिकर तथा अजीर्ण इत्यादि विकार बहुत ...द दूर होते हैं। मूल्य १॥) रु०

बाटलीवाला का दन्तमंजन।

यह दन्तमंजन वैद्यक रीति से कुछ अंगरेजी ...पधों का मायफल से मिलाप करके बनाया ...। मूल्य चार आने।

...टलीवाला का दाद का मलहम।

इससे दाद, खाज, खुजली, आदि का ...कार एक दिन में नष्ट होता है। कीमत ...आने।

...ये औषधियां सब दवा बेचनेवालों के पास ...र डा० एच० एल० बाटलीवाला जे० पी० ...वरली लेबोरेटरी, दादर, बम्बई के पास ...मेंगी।

गायत्री की तसवीर।

गायत्री के चित्र की एक आवृत्ति खतम ...ई। अब फिर दूसरी आवृत्ति निकाली है। ...से सहज ही मालूम हो सकता है कि ...त्री का ध्यान कितना उत्तम निकला है ...र यह भाविकजनों को कितना पसन्द आया ...। अब अधिक प्रशंसा करने की जरूरत नहीं। ...य ४ आने। त्रिकाल संध्या की तीन ...वीरें और गायत्री की तसवीर—चारों एक ...थ लेने से मूल्य १२ आने। एक प्रति से ...र प्रति तक डा. म. दो आने।

मैनेजर चित्रशाला पूना।

सौ वर्षों का पंचांग।

शाके १७०१ से शाके १८०१ तक।

कुछ दिनों से फलज्योतिष की ओर लोगों का ध्यान बहुत आकर्षित हो रहा है और पुराने पंचांगों की बहुतही कमी मालूम होने लगी है। इस कमी को दूर करने के लिए ही हमने पिछले सौ वर्षों का पंचांग छापा है। इस पंचांग में सब प्रकार की जानकारी, अर्थात् तिथि, वार, तिथियों के घड़ी, पल, नक्षत्र और नक्षत्रों के घड़ी पल, योग और योगों के घड़ी पल, अंगरेजी, मुसलमानी और पारसी तारीखें, रोज का चन्द्र, पखवाड़े के ग्रह और ग्रहचार, आदि आदि सब प्रकार की जानकारी, विस्तारपूर्वक दी है।

इस पंचांग का व्यावहारिक उपयोग।

(१) पिछली तारीखों और तिथियों का मेल; (२) किसी खास साल की ग्रहस्थिति और उसमें सुकाल या दुकाल आदि ठहराने के लिए साधन और उसकी पड़ताल अनुभव से क्या हुई; (३) जन्मपत्रिका का बर्ताव और उसके फल का अनुभव; (४) आकाश की ग्रहस्थिति का मेल आदि। पचांग पुस्तकाकार डेमी आठपेजी ग्लेज कागज़ पर छपा हुआ है। आठ सौ से अधिक पृष्ठ हैं। मोटे पुट्ठे की कपड़े की बँधाई मजबूत है। मूल्य १० रुपये, डाकमहसूल और पेकिंग मिलकर ले आने।

चित्रशाला दुकान, कालकादेवी रोड, बम्बई। मैनेजर—चित्रशाला प्रेस पूना।

राजा रविवर्मा के

प्रसिद्ध चित्र।

यह एक सौ चित्रों की पुस्तक मोटे और चिकने कागज (आर्टपेपर) पर छपी तैयार है। प्रत्येक चित्र के साथ उसकी ऐतिहासिक कथा भी दी गई है। आर्यभाषा में बिलकुल नई चीज़ है। आवरणपृष्ठ पर राजा रविवर्मा का प्रसिद्ध चित्र "शकुन्तला-जन्म" तीन रंगों में दिया है। पुस्तक की शोभा देखते ही बनती है। तिस पर भी मूल्य सब के सुभीते के लिए सिर्फ १) ही रुपया रखा है।

सूचना—पुस्तक की मांग धड़ाधड़ आ रही है। एक एक ग्राहक ने अपने और अपने मित्रों के लिए पांच पांच दस दस तक कापियां मँगवाई हैं। अब ग्राहकों के पास पुस्तकें भेजी जा रही हैं। कृपापूर्वक ग्राहकगण वी. पी. को स्वीकार करें। नवीन ग्राहक शीघ्रता करें।

अन्यथा दूसरा एडीशन निकलने तक मार्ग- प्रतिक्षा करनी पड़ेगी।

सफेद स्वच्छ पोस्टकार्ड।

सफेद और रंगबिरंगे लिफाफे।

१००००	...	...	...	८॥)
५०००	...	...	...	४॥)
१०००	...	...	...	१=)
१००	...	...	...	=)

मैनेजर—चित्रशाला पूना।

कन्या महाविद्यालय पुस्तकालय।

जालन्धर शहर ने खास तौर पर कन्या- पाठशालाओं के लिये अत्युत्तम पुस्तकें रची हैं, और स्त्रीशिक्षासम्बन्धी और पुस्तकें भी विक्रयार्थ रक्खी हुई हैं। मिलने का पता—

मैनेजर, पुस्तकालय।

१७ वर्षकी परीक्षित
गवर्नमेन्ट मे रजिस्ट्री की हुई



धातु वर्धक और पौष्टिक अपूर्व महौषधि

हर प्रकार के प्रमेह और उसमें पैदा हुए दोषों से वक्त पर पछताना थोड़ा चलने फिरने से थकावट आना, भूक न लगना, कब्ज रहना, सिर घूमना, जलन तथा हाथ पैरों में हड़कल होना, सब बदन मलीन, चेहरा शुष्क और तेजहीन रहना, आदि धातु क्षीण के दोषों को फौरन नष्ट करे दुर्बल और कमजोर मनुष्यों को हट्टा, कट्टा, पट्टा बनाकर शरीरका पौरुष बढ़ाने वाली "पुष्टराज वटिका" एक मात्र दवाहै मूल्य ४० खुराकका फी बक्स २।।) रु० ६० खुराकका बक्स ३।।) रुपया और ८० खुराक का फी बक्स ४।।) रुपया वी. पी. खर्च।) आना

छपगई ! छपगई !! सचित्र

नाटक रामायण

सातोंकाण्ड

गोस्वामी तुलसीकृत रामायणके आधार पर नाटकी धुनके हर तरहके दिल चस्प गजल, ठुमरी, दादरा, कजरी, कव्वाली, आदि नये २ गानोंमें भाव पूर्ण गानेकी २२६ सफे की नवीन पुस्तक मूल्य २।।) रु० वी.पी.।) आ.

पता—सुन्दर शृंगार महौषधालय मथुरा।

छापने के कागज़।

ग्लेज-सफेद, रंगीन। रफ-सफेद

आकार डेमी, रायल, क्राउन, फुल्स्केप सिंगल डेमी १७।।×२२।। रंगीन ग्लेज़ रंग पीला, फीका पीला, नीला, गुलाबी, वजन रिम १८ पौंड, कीमत प्रत्येक रिम की २ रु. [illegible] आने। एकदम दस अथवा इससे अधिक रिम से कीमत प्रति रिम २ रु. ८ आ. १७।।×२२।। [illegible] कवर पेपर मोटा ४० पौंड वजन, [illegible] कागज़। कीमत ६।। रुपये। १७।।×२२।। कवर पेपर पतला, वजन २० पौंड, कीमत [illegible] रुपये। ड्राइंग पेपर, आकार २०×३०, वजन [illegible] पौंड. कीमत आठ रुपये। सफेद ग्लेज़ २०×३०, वजन २८ पौं० की. ४ रु. [illegible]

सफेद ग्लेज़ डेमी १७।।×२२।।, वजन [illegible] पौंड. की. २ रु. सफेद ग्लेज़ रायल २०।।×[illegible] पौंड ५०, की. २ रु.। फुल्स्केप २७।।×२६।।. पौंड ५४, की. ५। रु.। बुक पेपर, आकार २०×३०, वजन ३० [illegible] ६ रुपये। आर्ट डेमी १७।।×२२।। पौंड [illegible] की. २ रु. २ आने। आर्ट क्राउन २०×३०, वजन ५० पौंड, की. [illegible] रायल रफ २७×४०, पौंड २४, हर रिम २ रु. १२ आने, एकदम १० रिम [illegible] प्रति रिम २ रु. ११ आने।

अमेरिकन छापने की स्याही

सैनफ्रान्सिस्को की केलीफोर्निया कम्पनी [illegible] सब प्रकार के माल की एजन्सी हमारे [illegible] नीचे लिखे अनुसार उसकी सब प्रकार [illegible] स्याही बिक्री के लिये तैयार है। आज तक [illegible] के इंगलैंड, जर्मनी आदि देशों में से जो [illegible] यहां आती है उसकी अपेक्षा इस स्याही [illegible] बहुत सुभीते का है और गुण में भी [illegible] अच्छी है। जिन्हों ने एक बार हमारी इस [illegible] का उपयोग किया है उन्हें अब दूसरी [illegible] पसन्द ही नहीं आती। छापखानेवालों [illegible] चाहिये कि एक बार इसका भी अनुभव [illegible]

स्याही की किस्म—समाचारपत्र की (News ink) फुटकर प्रति पौंड [illegible] आने, इकट्ठे २५ पौंड के उपर लेनेवालों [illegible] प्रति पौंड पौने चार आने। पुस्तक इत्यादि अच्छे कामों के लिए उपयोगी स्याही ([illegible] Black) फुटकर प्रति पौंड के लिए [illegible] इकट्ठे १० पौंड से ऊपर के खरीददारों [illegible] प्रति पौंड छे आने। लिथो के काम की (Litho Black) फुटकर प्रति पौंड बारह आने; १० पौंड से अधिक के खरीदारों के लिए प्रति पौंड ग्यारह आने। [illegible] आदि उत्तम प्रकार के काम की स्याही प्रति पौंड कीमत २ रुपये, इकट्ठे [illegible] उपर लेनेवालों के लिए प्रति पौंड [illegible] दो रुपये। इसके सिवाय [illegible] हमारे पास सब-प्रकार [illegible]

मैनेजर, चित्रशाला पूना

[बिक्री को तैयार!] [बिक्री को तैयार!

छोटे बच्चों के लिए

सचित्र अक्षरबोध।

इसमें 'अ' से 'ज्ञ' तक सब स्वर और व्यञ्जन और [illegible] दिये गये हैं जिनके नाम के [illegible] चित्र [illegible] भड़कदार रंगों में दिये गये हैं। १ से १० तक अंक भी उपरि-लिखित [illegible] बतलाये गये हैं। पुस्तक का आकार [illegible] ७×[illegible] है, इस [illegible] और [illegible], और [illegible] है। [illegible] मैं ए. बी. सी. [illegible] के ढंग से जिस तरह की पुस्तक [illegible] है [illegible]

पुस्तक की रचना की गयी है। इस लिए छोटे बच्चे इस पुस्तक को बहुत पसन्द करते हैं और इस पर से अपना प्रथम पाठ बिना आयास सी-खते हैं।

मैनेजर—चित्रशाला, पूना

संस्कृत-प्रबोध।

यदि आप सरल हिन्दी-भाषा में संस्कृत व्याकरण का रहस्य जानना चाहते हैं, तो संस्कृत-प्रबोध के चारों भागों को देख जाइये। यह आपको अनायास संस्कृत में प्रवेश करा देगा। मूल्य चारों भागों का ।।।=)

पता—[illegible] शर्मा।

[illegible], टंडी सड़क, कानपुर।

यह मासिक पत्र रामचंद्र वासुदेव शास्त्री ने 'चित्रशाला' प्रेस, पूना में छापकर प्रकाशित किया।

वार्षिक मूल्य।

मामूली कागज़ की प्रति—सवा तीन रुपये।
एक प्रति का मूल्य—साढ़े चार आने।
मोटे और चिकने कागज़ (आर्टपेपर) की
प्रति—साढ़े पांच रुपये।
एक प्रति का मूल्य आठ आने।

वर्ष २

अंक ६

ज्येष्ठ, सम्वत् १९६९ विक्रमी—जून, सन् १९१२ ई०।

सूची।

विषय	पृष्ठ
१ परम पिता की प्रार्थना २ रामकृष्ण-वाक्यसुधा	९७
३ श्रीयुत सुधींद्रनाथ वसु एम० ए० ४ श्रीमती सत्यबालादेवी	९९
५ येरिज़ोना	१००
६ गुरुकुल में दीक्षान्त संस्कार	१०३
७ पींजरे पड़ा सुग्गा	१०४
८ नवर्षा बम्बई-दिगम्बर जैन-प्रान्तिक परिषद् ९ गुजरात के अकालग्रस्त पशुओं का समूह	१०५
१० पूने की वसंत व्याख्यानमाला	१०६
११ साहित्यचर्चा	१०८
१२ मि० डब्ल्यू० टी० स्टेड	१०९
१३ पं० प्र० ना० मि० की कहावतें	१११
१४ श्रीमती सत्यभामाबाई तिलक की शोचनीय मृत्यु १५ टिटानिक जहाज की दुर्घटना के दृश्य	११२

चित्रमयजगत् के नियम।

ग्राहकों के लिये।

१. प्रति मास इस पत्र के दो संस्करण निकलते हैं। एक साधारण मोटे और चिकने कागज पर और दूसरा बहुत मोटे और चिकने कागज (आर्टपेपर) पर। साधारण कागजवाले का अग्रिम वार्षिक मूल्य डाकव्यय सहित ३।) रु० और एक संख्या का मूल्य ।)॥ तथा आर्टपेपरवाले संस्करण का वार्षिक मूल्य ४॥) और एक संख्या का मूल्य ॥) है।

२. ग्राहकों को अपना नाम और पता स्पष्ट देवनागरी अक्षरों में लिखना चाहिये। दो एक मास के लिए पता बदलवाने को डाकघर से प्रबन्ध कर लेना चाहिये और यदि अधिक समय के लिये पता बदलवाना हो तो हमें सूचना देनी चाहिये। ग्राहक-नम्बर अवश्य लिखना चाहिये।

लेखकों के लिए।

१. इस पत्र में बहुधा छोटे छोटे विनोदप्रद, मनोरंजक और सचित्र ही लेख प्रकाशित होते हैं। इस लिए लेखकों को चाहिए कि उक्त गुणों से विहीन लेख भेजने का कष्ट न उठावें। किसी लेखक का कोई लेख किस अंक में प्रकाशित होगा—इसका कोई निश्चय नहीं।

२. लेखों के घटाने-बढ़ाने, लौटाने अथवा न लौटाने, और प्रकाशित करने या न करने का सब अधिकार सम्पादक को है। जो लेखक अपने लेख वापस चाहें उन्हें डाक-व्यय अवश्यही भेजना चाहिए। पत्र का उत्तर टिकट या जवाबी कार्ड मिलने पर दिया जाता है, अन्यथा नहीं।

विज्ञापनदाताओं के लिए।

१. एक मास	चार पंक्ति	१) रु०
तीन "	"	२॥) "
छै "	"	४) "
बारह "	"	६) "
एक पृष्ठ एक कालम=१२×३३वर्ग१००)		"
छै मास	"	६०) "
तीन "	"	३५) "

२. विज्ञापन छपाई का रुपया अग्रिम लिया जाता है। अधिक जानने के लिए पत्रव्यवहार कीजिए।

अंगरेजी राजकर्ता, गवर्नर जनरल और योरोपियन सरदार।

१ फ़्रैंच गवर्नर ड्यूप्ले २ लार्ड क्लाइव ३ वारन हेस्टिंग्स ४ लार्ड कार्नवालिस ५ मार्किस वेल्सली ६ नेपोलियन बोनापार्ट ७ लार्ड हेस्टिंग्स ८ लार्ड विलियम बेन्टिक ९ सर चार्ल्स मेटकाफ १० लार्ड आकलैंड ११ लार्ड एलिनबरो १२ सर-चार्लस नेपियर १३ लार्ड हार्डिंज १४ लार्ड डलहौसी १५ लार्ड केनिंग १६ जनरल हॅवलाक १७ सर जेम्स आउट्रम १८ लार्ड लारेन्स १९ लार्ड मेयो २० लार्ड नार्थब्रुक २१ लार्ड लिटन २२ लार्ड रिपन २३ लार्ड डफरिन २४ लार्ड लेन्सडोन २५ लार्ड एल्गिन २६ लार्ड कर्जन २७ महारानी विक्टोरिया २८ महाराज सप्तम एडवर्ड २९ महारानी अलेक्ज़ेंड्रा ३० सप्तम एडवर्ड युवराज-सहित। पाचवें जार्ज और महारानी मेरी।

मैनेजर—चित्रशाला प्रेस, पूना।

सचित्र पं...

(पृ.ष्ठ...

दाम प्रति फोटो २) ... प्रति कार्ड दो पैसे।

१ गोविंद माधव ... २ महाराणा प्र... और मुग... फलराम सुभद्रा के मिल... के ओर की स्त्री। ४ ग... सांप। ६ महारानी चि... कपाड़, बड़ौदा। ... यन की गीता। ९ चिव... प्यार तरंग। ११ इस इ... स्त्री १३ गरुड़ और चि... कवाली स्त्री। १५ गाया... नं० २। १६ दमन का प... प्याला-पत्र-लेखन। १८ ... स्वामी, आलन्दी। १९ ... २० श्रीहनुमानजी। २१ ... महाराज की समाधि। ... २३ सरस्वती। २४ सुन... २६ मद्रासी सुन्दर ... (डेम्नेट) २८ फतेहपुर ... २९ शेषशायी। ३० श्याम...

मैनेजर...

✻ बाल उड़ाने की शर्तिया गारंटी वाला वही जगत प्रसिद्ध ✻

वैश्य एण्ड कम्पनी मथुराका बनाया बढ़िया इत्रोंका

बाल उड़ाने का साबुन

इस साबुनको बालों पर लगाने से बगैर किसी तकलीफके २,३ मिनटमें बाल साफ उड़कर चमड़ी साफ, चिकनी, और कोमल होजातीहै इसीसे अमीर गरीब सब जातके नर नारियोंने इसे पसन्द किया है कीमतयों है।

गुलाब का फी टिकिया ।) आना	३ टिकिया का बक्स १।≈) रु०	१२ टिकिया का फी बक्स ५।) रु०
केवड़े का फी टिकिया ।) आना	३ टिकिया का बक्स १।≈) रु०	१२ टिकिया का फी बक्स ५।) रु०
हिना, खसका फी टिकिया।) आना	३ टिकिया का बक्स १।≈) रु०	१२ टिकिया का फी बक्स ५।) रु०
मोतियाका फी टिकिया ।) आना	३ टिकिया का बक्स १।≈) रु०	१२ टिकिया का फी बक्स ५।) रु०
संतरे का फी टिकिया ।≈) आना	३ टिकिया का बक्स १) रु०	१२ टिकिया का फी बक्स ३॥।) रु०
नीबूकपूरका फी टिकिया ।–) आना	३ टिकिया का बक्स ॥।≈) आ०	१२ टिकिया का फी बक्स ३।) रु०

डांक महसूल और वी० पी० एकसे छः टिकिया तक ।) आ० १२ टिकिया मगानेसे वी० पी० खर्च ।–) आ०



वर्ष २] ज्येष्ठ, सम्वत् १९६९ विक्रमी—जून, सन् १९१२ ईसवी।

परम पिता की प्रार्थना।

प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वाजातानि परिता बभूव। यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम्॥ ऋ० म०

भावार्थ—हे सब प्रजा के स्वामी परमात्मा, आपको छोड़ कर, अन्य कोई भी इन सब उत्पन्न हुए जड़चेतनादि का निरम... हता—आप ही सर्वोपरि हैं। आपके आश्रय से हमारी सब कामनाएं और वाञ्छाएं सिद्ध हों—हम लोग धन राज्य, आ... रमी हों।

रामकृष्ण—वाक्सुधा।

बिन्दु ६

(ब्रह्मनिरूपण-गताङ्क से आगे)

...ात्मा और परमात्मा अथवा जीव और शिव, का ऐक्य ही वेदान्ती अथवा ज्ञानी पुरुष का साध्य है। वेदान्ती जो षट्पदादि स्पष्ट करता रहता है उसका अन्तिम हेतु यही रहता है कि 'जीवो ब्रह्मैव नापरः' इस महावाक्य का अनुभव कर लिया ...ाय।

...या हम ...सत्य।

नमक की पुतली का स्नान।

एक बार एक नमक की पुतली के मन में आया कि समुद्र की थाह लेना चाहिये। इस लिए वह समुद्र नीर की चली। पानी की ठीक ठीक माप निकालने के लिए उसने अपने हाथ में एक डोरी भी ले ली थी। वह समुद्र के किनारे पहुंची और अपने आगे फैले हुए महान् विस्तृत समुद्र की ओर उसने एक बार अपनी दृष्टि डाली। इतनी बात होने तक वह जैसी की तैसी नमक की पुतली बनी रही थी; अर्थात् उसका स्वरूप कायम था, उसको बिलकुल ही धक्का नहीं पहुंचा था। पर ज्योंही उसने एक कदम आगे बढ़ा कर पानी में पैर रखा त्योंही वह समुद्र में मिल गई नष्ट हो गई, बिलकुल ही अदृश्य हो गई। उस नमक की पुतली का प्रत्येक पर... समुद्र के पानी में घुल गया। जिस नमक की वह बनी हुई ... वह नमक समुद्र ही से आया था, और वह अहंकार जो ... समुद्र के उसी नमक में मिलने के लिए वह फिर वहीं लौट ... है!

...जीवात्मा फिर परमात्मा में मिल गया!

...ानवी देह के आश्रय से रहनेवाला आत्मा—जीवात्मा—ही नमक ... पुतली है। और केवल सदा शुद्ध परमात्मा अनन्त महासागर है। ... नमक की पुतली लौट कर यह नहीं बतला सकी कि समुद्र ... की गहराई कितनी है। निर्भाव से निर्विकल्प समाधि जिसे प्राप्त ... होती है उसका यही हाल होता है, उस समाधि में द्वैत का विल... कुल लय हो जाता है और शुद्ध अद्वैत-केवल ब्रह्म का अनुभव होता ... है। चूंकि वह ब्रह्म ही हो जाता है, इस लिए संसार को वह बत... लाने के लिए कि ब्रह्म कैसा और कितना है, वह समुद्र से बाहर ... लौट कर आता ही नहीं। अच्छा, यदि आत्मा—परमात्मा—की इस ... ...र वह नमक की पुतली कदाचित् फिर ईश्वर से और ...

...भी यह बोले भी जैसा की ही भाषा अर्थात् उनके सब ... यदि होंगे! माया की कक्षा में फंसे हुए जीवों की भांति ... झूठियां होंगी।

ब्रह्म का निरूपण करने में शब्द जो लंगड़े पड़ जाते हैं इस... यही है। सोपाधिक और मर्यादित जीवों की भाषा में के... अपार ब्रह्म का यथार्थ विवेचन कदापि नहीं हो सकता। ... वर्णन करने में सामान्य शब्द कहां तक काम देंगे?

...एक आदमी के दो लड़के थे। जब वे कुछ बड़े हुए तब ... सोचा कि उन्हें ब्रह्मचर्याश्रम में ... विद्याभ्यास कराया जाय। अतएव ... अपने दोनों बेटों को एक गुरु के ... कर दिया। वहां वे लड़के वेदों और ... का अध्ययन करने लगे। कुछ काल ...

...ब्रह्म ...है। ...

...बाप ने सोचा कि अब देखना चाहिए कि लड़कों ने अध्ययन ... क्या प्राप्त है। वह लड़कों को बुला लाया और उसने उनसे ... प्रश्न किया कि वेदान्त शास्त्र, जो जिज्ञासुओं को ज्ञान प्राप्त करा... है, उसका तुमने अध्ययन किया है या नहीं? लड़कों ने उत्तर दि... हां किया है।

बाप:—अच्छा, बालको, तुमने वेदान्त का अध्ययन किया ... है, तो फिर हमें तुम इतना ही बतला दो कि ब्रह्म कैसी वस्तु है।

बड़ा लड़का:—(वेदों और शास्त्रों के अनेक प्रमाणवाक्य बतला... कर) दादा, वह अवाङ्मानसगोचर है—वह शब्दों से बतलाने योग्य ... अथवा मन से जानने योग्य नहीं है। परन्तु वह ऐसा है, ऐसा मैं... ने उसे समझ लिया है। (फिर उसने वेदान्त के अनेक आधारभूत ... वाक्य बतलाये।)

बाप:—अच्छा, जाने दे। मालूम हुआ कि तुझे ब्रह्मज्ञान हुआ। ... ठीक है। अब न इसने बात की ... अच्छा, बेटा, ... क्या कहता है? तू क्या कहता है? ... अब प्रश्न इसने ...

बोलने का कुछ प्रयत्न ही किया। बहुत देर तक वह विचार ही करता रहा।

यह देख कर उसका बाप बोला "हाँ, बेटा, तेरा ही कहना ठीक है। ब्रह्म के विषय में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। [illegible] विषय में कुछ बोलना शुरू किया कि [illegible] [illegible]

जिसे ज्ञान का अनुभव प्राप्त हो चुका है वह बोलने अथवा वाद-विवाद के झगड़े में पड़ता ही नहीं। ब्रह्म के विषय में बोलने का मौका आया कि वह उससे [illegible] [illegible] जाता है। [illegible] ब्रह्म ही ऐसी वस्तु है कि जिसका, माहात्म्यपूर्वक, सिर्फ अनुभव किया जाता है; उसका वर्णन कभी नहीं किया जा सकता, अथवा वह जाना भी नहीं जा सकता। अनुभव को छोड़कर उसके विषय में अन्य बात ही नहीं है। सब शंकाओं की निवृत्ति होना या [illegible] बिलकुल दूर होना ही, अथवा तार्किक वाद-विवाद [illegible] ही, वास्तव में अपरोक्षानुभव होने का मुख्य लक्षण है।

जब हम कढ़ाई में मक्खन को डाल कर उसे आंच पर रखते हैं तब उसमें आवाज कब तक होती है? अर्थात् जब तक उसमें इतनी उष्णता नहीं आ जाती कि उसका जलांश जल जाय, या उसमें पानी का कुछ भी अंश न रहे, तभी तक। मक्खन जब तक अच्छी तरह-पूर्णतया-नहीं पक जाता तभी तक वह ऊपर को उबलता है और कल्-कल्-कल्-कल् आवाज करता रहता है।

जो मक्खन अच्छी तरह पक कर निःशब्द हो गया है-घी बन गया है-वही ब्रह्मसाक्षात्कार किया हुआ सच्चा ज्ञानी पुरुष है। मक्खन को जिज्ञासु कह सकते हैं। उसमें जो पानी का अंश है उसे अग्नि के संस्कार से निकाल डालना चाहिये। यह पानी का अंश अहंकार है। जब तक यह अहंकार निकलता निकलता है तब तक कैसा नृत्य करता है! पर जहाँ एक बार यह अहंकार जलांश बिलकुल छोड़ गया कि बस पक्का घी बन गया। फिर उसमें गड़बड़ सड़बड़ कुछ नहीं! (हँसी)

जब मक्खन का जलांश-अहंकार-निकल जाता है तब उसका सब मैल कढ़ाई में नीचे जा बैठता है। यही मल विषय (कामिनी और कांचन) और उनके दुष्ट साथी (इन्द्रिय-लोलुपता, सकाम कर्म, आदि) हैं।

अच्छा, सिद्ध पुरुष, बिलकुल ऊपर तक भरे हुए घड़े के समान है। घड़ा जब तक भरता रहता है तब तक वह भक्-भक्-भक्-भक् आवाज करता रहता है, पर ज्योंही भर गया त्योंही वह आवाज बिलकुल बन्द हो जाती है। यही आवाज विवेक या विचार है। इसी विवेक की सहायता से, यदि माता की कृपा हुई तो, ज्ञान की प्राप्ति होती है। घड़े से निकलनेवाली आवाज से यह जाना जाता है कि अभी यह घड़ा नहीं भरा। उसी प्रकार यदि विवेक या विचार हो रहा है तो इससे सिद्ध होता है कि अभी ब्रह्मसाक्षात्कार नहीं हुआ।

फूल पर चुपके बैठकर भ्रमर जब तक मधुपान का प्रारम्भ नहीं करता तभी तक वह गूँऊँऊँ शब्द करता रहता है। ज्योंही उसने मधु में मुख लगाया त्योंही उसका गुंजारव बन्द हो जाता है।

क्या ज्ञानप्राप्ति के बाद भी विवेक होता रहता है?

यहां एक प्रश्न उठता है-गुरु ज्ञानी होता है; पर जब वह शिष्य-सम्बन्धी अपना कर्तव्य करता है तब उसे विवेक का सहारा लेना पड़ता है-यह क्या बात है?-शिष्य का अज्ञान दूर करने के लिये गुरु को बोलना ही चाहिये। यह विवेक है जरूर; तथापि यह बाधक नहीं होता।

कढ़ाई का वह मक्खन जब आंच से पक कर पक्का घी हो जाता है तब वह आवाज नहीं करता, यह सच है। इसमें कोई सन्देह नहीं। पर उस पक्के घी में कच्ची पूरी डाल कर तो देखो, तुरन्त ही आवाज निकलने लगती है। जहाँ उस तप्त हुए घी से, पूरी के पानी का संयोग हुआ कि फिर तुरन्त ही आवाज शुरू हो जाती है और जब तक वह पूरी पक कर खाने योग्य नहीं हो जाती तब तक वह आवाज नहीं रुकती।

यह पूरी ही शिष्य है। तपा हुआ घी जो फिर बोलने लगता है-गुरु फिर जो विवेक का अवलम्बन करने लगता है-वह सिर्फ पूरी के कच्चेपन-शिष्य के अज्ञान-को मिटाने के लिये करता है। आवाज बन्द होते ही समझ लेना चाहिये कि शिष्य में पक्कापन आ[illegible] कारण गुरु ने बोलना बन्द किया है।

[illegible]

यह जो कहते हैं कि [illegible]

[illegible]

इनके मतानुसार सिर्फ एक ब्रह्म ही सत्य है। [illegible] अर्थात् ब्रह्म की दृष्टि से देखा जाय तो जग मिथ्या [illegible] यह सृष्टि, मनुष्य, जीवमात्र मिथ्या है; क्योंकि यह [illegible] स्वप्न है। माया के मिथ्यापन का अनुभव होते ही [illegible] जाता है, अथवा कहिये कि वह छिन्न भिन्न हो जाता [illegible] जाता है। इस अहंकार का नाम मात्र भी नहीं रहता। [illegible] कल्प समाधि है।

जब तक हमारी यह दृढ़ भावना है कि मैं (देह) [illegible] तब तक यह कहना, कि, 'जग मिथ्या है', बिलकुल [illegible] है।' जिसे ब्रह्मसाक्षात्कार नहीं हुआ-जिसे अपरोक्षानु[illegible] हुआ उसे जग का मिथ्यापन भी नहीं मालूम हो सकता तब तक उसे यह अनुभव भी नहीं हो सकता कि जग [illegible] मिथ्या है।

अब, जो सद्गुरु समाधिपद छोड़ कर नीचे के अंग या [illegible] में, माता की ही इच्छा से लौट आता है उसका अहंकार [illegible] उदित होता है। परन्तु यह भिन्न, मर्यादित और निर्मल [illegible] शुद्ध होता है। अहंकार का उदय होते ही वह योगी फिर [illegible] में-इस मायिक जगत् में-संचार करने लगता है। जब तक [illegible] अहंकार (व्यक्त्व, अस्तित्व, देह) उसे सत्य (सापेक्ष भाव से) [illegible] होते रहता है तब तक जगत् भी सत्य रहता है और ब्रह्म [illegible] (सापेक्षता से) रहता है!

उसकी अहंवृत्ति-मैंपन-ज्योंही फिर उसमें आ जाती है उसे यह मायानिर्मित-प्रकृतिनिर्मित-सृष्टि सत्य मालूम होने [illegible] है। परन्तु, चूंकि उसकी अहंवृत्ति ब्रह्म-साक्षात्कार के कारण [illegible] निर्लेप अथवा पुनीत होती है, इस लिये उसे यह सृष्टि, [illegible] ही रूपरूप देख पड़ती है-उसे जान पड़ता है कि यह [illegible] विश्वरूप से ब्रह्म ही फैला है-इस सृष्टिरूप से ब्रह्म ही [illegible] इस विश्व में उसे जहाँ तहाँ ब्रह्म ही दिखने लगता है और [illegible] से उसमें सत्यता आती है।

उसी प्रकार उसे यह भी देख पड़ता है कि यह माया [illegible] है या अविद्यारूप है। इस माया में-इस विश्व में-जैसी उसे [illegible] देख पड़ती है वैसी ही अविद्या भी देख पड़ती है-अर्थात् इन [illegible] का अस्तित्व उसे देख पड़ता है।

विद्या-ईश्वराभिमुख करनेवाली-ईश्वरप्राप्ति के लिये [illegible] विवेक, वैराग्य, भक्ति, इत्यादि उसके अंग हैं। अविद्या [illegible] पराङ्मुख करनेवाली-ईश्वरप्राप्ति में बाधक-है। कामिनी, [illegible] महत्व, सन्मान, कर्मासक्ति, इत्यादि उसके अंग हैं।

अपरोक्षानुभवः— द्वैत और अद्वैत का समन्वय।

परमेश्वर का सगुणत्व और परमेश्वर का निर्गुणत्व-इन दोनों [illegible] जिन्होंने समाधि में अनुभव [illegible] परमेश्वर के दोनों रूपों का-अपरो[illegible] कृति और पुरुष दोनों का-अपरो[illegible] जिन्हें समाधि में हुआ है-[illegible] विज्ञानी कहते हैं। (जिसे परमेश्वर का विशेष ज्ञान हो [illegible] जिसने परमेश्वर को प्रत्यक्ष अथवा अनुभव से जान लिया है [illegible] विज्ञानी है। यही विज्ञानी शब्द का धात्वर्थ या मूलार्थ है।)

ईश्वर, माया, आत्मा, जगत्, इत्यादि भेदों के लिये, आदि[illegible] प्रकृति-के रूप से, ब्रह्म ही कारण होता है-ये भेद, प्रकृति के [illegible] पुरुष ही निर्माण करता है-यह बात विज्ञानी पुरुषों के प्रत्य[illegible] आ जाती है। भीतर-बाहर (अन्तरंग में और बाह्य जगत् में)

रमेश्वर दिखता रहता है और यह साक्षात्कार उन्हें स्वयं उसीसे मिलता है। परमेश्वर (सगुण) ने उनसे यह कहा है कि "समाधि न निर्गुण ब्रह्म के रूप से मैं ही भासमान होता हूं। ये भेद मैंने ही निर्माण किये हैं। भौतिक पदार्थों या तत्वों का-जीवात्मा और गत् का-आदिकारण मैं ही हूं।"

सगुण ब्रह्म (प्रकृति) ही सारे नामरूपात्मक भेदों का-उत्पत्ति-स्थिति, लय का-कारण होता है; जो परमेश्वर के सिर्फ सगुण रूप के ही भूखे होते हैं-अर्थात् जो भक्तिमार्गी होते हैं-उनके लिए वह (सगुण ब्रह्म) अनेक रूपों से प्रकट होता है; भक्तों का सम्पूर्ण जीव परमेश्वर का सगुण रूप ही है और यह सगुण रूप ही इस भेद-प्रपंच का मूल कारण है; अतएव वह (सगुण ईश्वर) उन्हें नाना-रूपात्मक देख पड़ता है। विज्ञानी पुरुष के लिए वह (सगुण परमेश्वर) सिर्फ एक ही त्रिगुणात्मक रूप से प्रकट होता है। विज्ञानी को चारों ओर उसका सिर्फ एक त्रिगुणात्मक रूप देख पड़ता है; भक्तों को वही बहुरूपी देख पड़ता है।

परमेश्वर (सगुण) अपने सतोगुण से पालन करता है, रजोगुण से उत्पत्ति करता है और तमोगुण से संहार या लय करता है। इन गुणों की वसति परमेश्वर के तईं रहती है-ये गुण परमेश्वर में रहते हैं, परन्तु वह उनमें नहीं रहता-वह बिलकुल अलिप्त रहता है।

विज्ञानी की आत्मा (अहंवृत्ति) निर्मल और पुनीत होती है, अतएव उसे परमेश्वर दिखता रहता है; वह उसका सगुण तथा निर्गुण रूप भी देख चुका है। अपने भीतर और अपने बाहर वह उसकी वाणी सुन चुका है। इतना ही नहीं; किन्तु वह उससे प्रेम-वार्ता भी कर चुका है। उसे पिता, माता, बन्धु, पत्नी, पुत्र, दास, इत्यादि, मान कर वह उसको पुकार भी चुका है। अतएव इन विज्ञानी पुरुषों का, जो अधिकारी बन चुके हैं, वचन प्रमाण ही है। उनके कथनानुसार माया (सृष्टि) कुछ मिथ्या नहीं है। विज्ञानियों के अनुभव के अनुसार माया अव्यक्त की ही व्यक्तावस्था-अथवा निर्गुण ब्रह्म का ही सगुण रूप है। माया निर्गुण ब्रह्म के सगुण रंग का सिर्फ बाहरी विस्तार है। मानवी योनि के अथवा तिर्यग् योनि के जीवात्मा तथा ब्रह्मांड के यावत् दृश्य पदार्थ उसी सगुण रूप से उत्पन्न किये हैं। (अथवा यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि ये सब उस सगुणरूप से उत्क्रान्त हुए हैं।)

परमेश्वर (सगुण या निर्गुण) के लिये प्रमाण एक ही है-- साक्षात्कार।

विज्ञानियों का यह आधार-उनका यह प्रमाण-बिलकुल अकाट्य अथवा अमोघ है; क्योंकि इसको साक्षात्कार का सहारा है।

परमात्मा ने अपने सगुण और निर्गुण दोनों रूपों से-दोनों अंगों से-ऋषियों को साक्षात्कार कराया है। मनुष्यों का उद्धार करने के लिए तथा भक्तों को सन्तुष्ट करने के लिए समय समय पर ऐसा साक्षात्कार होता है।

सगुण और निर्गुण परमात्मा।

परमात्मा निष्क्रिय अकर्मक है-वह उत्पत्ति, स्थिति, लय, आदि कुछ नहीं करता-ऐसा जब मैं उसे मान लेता हूं, ऐसी उसके सम्बन्ध में जब मैं भावना कर लेता हूं तब मैं उसे ब्रह्म, अथवा पुरुष, अथवा निर्गुण परमात्मा कहता हूं; और उसीको जब मैं सक्रिय अथवा सकर्मक-उत्पत्ति-स्थिति-लय, आदि कार्य करनेवाला-मानता हूं, अथवा उसके विषय में जब मैं उक्त भावना करता हूं तब मैं उसीको शक्ति, माया, प्रकृति, अथवा सगुण परमात्मा नाम देता हूं।

उपमाओं का उपयोग।

उपमान और उपमेय सब प्रकार से बिलकुल समान कभी नहीं होते। उपमाएं सदा एकांगी अथवा एकदेशीय होती हैं। उपमाओं की योजना इस लिए की जाती है कि जिससे अज्ञात वस्तु का विशेष गुण अथवा लक्षण स्पष्ट रीति से दृष्टि में आजाय और तद्विषयक सामान्य विचार श्रोताओं के मन में प्रकट हो जाय-उसका साधारण ज्ञान उन्हें हो जाय।

उदाहरणार्थ:---यदि हमने कहा कि 'वह बाघ है' तो ऐसा नहीं समझना चाहिए कि वह सब बातों में-सिर, दांत, नख, पूँछ इत्यादि में-बाघ के समान है। उस समय हमारे कहने का यह मतलब नहीं है कि बाघ के समान उसके पूँछ है या बाघ की तरह उसके नख हैं। किन्तु उस वाक्य का सिर्फ इतना ही अर्थ लेना चाहिए कि 'उसका रूप उग्र है' अथवा 'वह बाघ के समान पराक्रमी और साहसी है; तथा जिस काम को वह चाहेगा, कर सकता है-किसी काम में भी वह डर कर पीछे नहीं हट सकता।'

अतएव परमेश्वर के सगुण और निर्गुण रूपों का सम्बन्ध समझाने में चाहे जितनी अच्छी उपमाओं की योजना की जाय, तथापि उनसे पूर्ण समाधान नहीं हो सकता। वह अनुभव का ही काम है।

तथापि यह नहीं हो सकता कि उनका बिलकुल ही उपयोग न हो। आध्यात्मिक ज्ञान इन्द्रियातीत होता है। अतएव उसके सच्चे स्वरूप का रूपरंग-चाहे बिलकुल ही धुँधला क्यों न हो-मनरूपी चक्षुओं के सामने आने में उपमाओं से बड़ी मदद मिल सकती है।

दोनों एक ही हैं।

पर, यदि वास्तव में देखा जाय तो ब्रह्म, अथवा निर्गुण परमात्मा, और शक्ति, अथवा सगुण परमात्मा, दोनों का अन्तर, शून्य है। इनमें बिलकुल ही अन्तर नहीं। दोनों एक ही हैं।

अग्नि और उसकी दाहकशक्ति जैसे एक हैं वैसे ही सगुण ब्रह्म और निर्गुण ब्रह्म दोनों एक ही हैं। दाहकशक्ति से विरहित अग्नि की क्या कोई कुछ भी कल्पना कर सकता है?

दूध और उसकी शुभ्रता ये दोनों जैसे एक हैं वैसे ही ये भी एक हैं। शुभ्रता बिना दूध की कल्पना मन में नहीं आती।

रत्न और तेज जैसे एक हैं वैसे ही ये भी एक हैं। तेज को छोड़ कर केवल रत्न की कल्पना हम कर ही नहीं सकते।

सर्प और उसकी वक्रगति ये दोनों जिस प्रकार अभिन्न हैं उसी प्रकार ये भी अभिन्न हैं। वक्रगति बिना सर्प की कल्पना नहीं की जा सकती।

श्रीयुत सुधीन्द्र वसु, एम० ए०।

वसु महाशय बंगाल में ढाका के रहनेवाले हैं। आपने अमेरिका ही में बहुत दिन विद्याभ्यास किया है। बी० ए० और एम० ए० की परीक्षायें भी आपने वहीं पास की हैं। सन् १९११ में राजकीय शिक्षक (Political Lecturer) के स्थान पर आयोवा युनिवर्सिटी (अमेरिका) में आप नियत हुए। वहां आप के व्याख्यानों का इतना प्रभाव पड़ा कि बड़े बड़े विद्वान् अमेरिकन उम्मेदवारों के रहते हुए वहां के कास्मा पालिटन क्लब के अध्यक्ष आप ही चुने गये। यह पहला ही मौका है, जब कि अमेरिकन युनिवर्सिटी में एक भारतीय अध्यापक नियत किया गया है। इसके लिये हम वसु महाशय को बधाई देते हैं।

महाराज पांचवें जार्ज
और
महारानी मेरी
के
रंगीन चित्र।

इनके सिवाय महाराज सप्तम एडवर्ड और महारानी अलेक्जेन्ड्रा के चित्र भी, उपर्युक्त प्रकार के चित्रों के लिए तैयार हैं। जल्द मँगवाइये।

मैनेजर—चित्रशाला, पूना।

श्रीमती सत्यबाला देवी।

श्रीमती सत्यबाला को परमात्मा ने मधुर स्वर का दान दिया है। ... में आप ने ... में बड़ा नाम पाया है। ... है, ... बजाने में आप बड़ी प्रवीणा हैं।

एरिज़ोना।

([illegible])

[illegible]

[illegible] सम्यता का [illegible] । [illegible] पर्यटन का [illegible] दृश्य [illegible] एरिज़ोना [illegible] नवीन है, अर्थात् यहां के आदिम निवासी 'रेड इंडियन' लोगों को छोड़कर अन्य सभी प्रायः अर्वाचीन हैं। लगभग आज चालीस वर्षों से साहसी अमेरिकन पूंजीवाले यहां के खनिज पदार्थों की राशि पर अपनी कुदाल और यहां के जंगलों पर अपना कुठार चला रहे हैं। सात आठ दस वर्षों में ही यहां व्यापार और रेलगाड़ी का फैलाव हो गया है और प्रतिवर्ष हजारों पूर्वी लोग यहां आ आकर बस रहे हैं।

एरिज़ोना का क्षेत्रफल ११३९५६ मील है। इनमें से ६६ फी सदी जमीन है और बाकी एक फी सदी पहाड़ी प्रदेश है। यह पहाड़ी प्रदेश खनिज द्रव्यों से, खास कर तांबे की खानों से, भरा हुआ है। सम्पूर्ण 'युनाइटेड स्टेट्स' में, तांबे की पैदाइश में, एरिज़ोना अव्वल नम्बर का प्रदेश है। इस प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी भाग समुद्रतल से ५००० से लेकर ८००० फीट की ऊँचाई पर हैं। इनमें से सब से ऊंचा भाग 'सैनफ्रांसिस्को मांउटन,' नामक एक ज्वालामुखी है। इसकी ऊँचाई १२७६४ फीट है। तथा सब से नीचे प्रदेश की ऊंचाई समुद्रतल से कुल ८३ फीट है। इस नैसर्गिक दशा के कारण, और पानी की विपुलता के कारण, यह प्रदेश खेती के लिए सब प्रकार से अच्छा है।

[illegible]



[illegible] एरिज़ोना के 'पाइन' वृक्षों का [illegible] वन।

छुहारों का खेत।

[illegible] जोतने बोते, किन्तु गोरे लोगों के हाथ उठा इन्हें निर्वाह भर के लिए देकर सारा लाभ

[illegible] यद्यपि ये लोग [illegible] से यहे [illegible] परिश्रम करने में [illegible] दिखाते हैं [illegible] पहाड़ों में शिकार [illegible] जो चाल [illegible] इनकी पीढ़ी दर [illegible] जाती है [illegible] कारण अर्वाचीन [illegible] की ओर इनका [illegible] नहीं जाता। इस [illegible] जान पड़ता है, कि [illegible] जाति की उन्नति [illegible] हो सकती। यही [illegible] किन्तु यहां के [illegible] का मत है कि [illegible] तौर पर अमेरिकन [illegible] 'इंडियन'-वस्ती [illegible] दिन कम हो रही [illegible] एक बात से इन [illegible] का निरुद्योगीपन [illegible] तरह से प्रकट [illegible] है। इन लोगों के [illegible] जो अच्छी उपजाऊ [illegible] है उसे ये [illegible] देते हैं और गोरे [illegible] स्वयं उठाते हैं। [illegible]

न लोगों का यह हाल है, तथापि इनके लिए "कार्लाइल इंडियन कालेज" नामक एक प्रसिद्ध विद्यालय भी है और यहां इंडियन विद्यार्थी अर्वाचीन शास्त्रों और कलाकौशल में अच्छी प्रवीणता दिखलाते हैं। इससे यह अवश्य कहा जा सकता है कि ये लोग उच्च शिक्षा पाने पर अपनी उन्नति अवश्य कर सकते हैं; अस्तु। ऐरीज़ोना के पहाड़ी प्रदेश में इंडियन जाति के जंगली लोगों के झुंड के झुंड विचरते हुए देखे जाते हैं।

जून और जुलाई के दिनों में यहां बड़ी गर्मी पड़ती है। यहां मुख्य व्यवसाय तीन हैं—(१) खनिज पदार्थ-विशेष कर तांबा-निकालना; (२) मांस के लिए गौ और भेड़ों के झुंड रखना; और (३) खेती। पहला व्यवसाय बहुत विस्तृत है। सिर्फ १९०८ के ही साल में यहां से २८९४२३२६७ पौंड ताम्बा बाहर के देशों में गया। सन् १९०९ तक इन भागों में ४० करोड़ डालर का ताम्बा उत्पन्न हुआ। पहाड़ खोद कर जो ताम्बा निकाला जाता है उसमें रेती मिली होती है; उस रेतीमिश्र धातु को बारीक करके पहले धोते हैं और उसकी रेती निकाल डालते हैं इसके बाद उसे भट्टी में डाल कर शुद्ध तांबा निकालते हैं। ऐसे अनेक बड़े बड़े कारखाने यहां के पहाड़ों में देखे जाते हैं। हम जिस कारखाने को देखने गये थे वह यद्यपि उस समय आधा ही जारी था; तथापि चौबीस घंटे में सवा-चार-हज़ार टन, भट्टी में डालने के पहले की कुछ रेती मिली हुई धातु निकलती थी और कारखाने तथा खान में कुल तीन हज़ार आदमी काम करते थे। ये कारखाने देख कर हमारे मन में यह विचार उठा कि यदि भारत में भी ऐसे ही कारखाने खोलने का प्रयत्न किया जाय तो अनेक गरीब लोगों का निर्वाह हो और भारत की नैसर्गिक खनिज सम्पत्ति बाहर निकले।

दूसरा व्यवसाय यहां गौ, आदि पशुओं के रखने का है। सन् १९१० में इस व्यवसाय से ११,६०४१२१ डालर की आय हुई। इससे पाठकगण यह कल्पना कर सकते हैं कि यहां कितना पैसा उत्पन्न होता है। गौ, भेड़, सुअर, आदि अनेक पशुओं के हज़ारों झुंड इस



'रूज़वेल्ट'-बांध का दृश्य।



घास काटकर सुखाई जा रही है।

टोमाटो की खेती।

जाति की सेवा की है, उसके लिए भी, हमें उनका गुण-कीर्तन
करना चाहिए!'

वर्षा।

१

गरमी के दिन रहे न, 'वर्षा' आ गई।
दूर हुआ तप, शान्ति जगत में छा गई॥
बेचैनी कुछ नहीं, मुदित-मन हैं सभी।
रहती देखा समान किसीकी क्या कभी?

२

झुलसे वन गिरि हुए सभी वैसे हरे।
सूखे सर, नद, झील, लबालब आ भरे॥
जल ही जल-मय धूल-धूसरित ठौर है।
समय पड़े होता कुछ का कुछ और है॥

३

दल के दल बादल हैं नभ में घूमते।
उच्च पर्वतों की चोटी वे चूमते॥
कृषकों के मन में आनन्द अपार है।
निःसंशय यह रत्नार्थ-पूर्ण संसार है॥

४

खेतों में मन-प्राण-समेत किसान हैं।
जोत जोत हल नित्य बो रहे धान हैं॥
फुरसत थोड़ी नहीं उन्हें अब काम से।
बिना काम है, भला कौन आराम से?

५

तृण-दल चारों ओर मनोहर हैं बढ़े।
प्रकृति-वधू के हरे पाँवड़े ज्यों पड़े॥
बीरबहूटी-यूथ कहीं मन मोहते।
लाल लाल मूँगे जैसे हैं सोहते॥

६

कहीं वृत्त भी कहीं आयताकार सी,
कहीं लम्ब फिर कहीं बनी आधार सी
देखो यह किस भाँति लहलही दूब है।
जल की बूँदें लटक रहीं क्या खूब हैं॥

७

बाग-बगीचे अतुलनीय-शोभा-सने,
नन्दन-वन के यथा पटान्तर हों बने॥
माली-गण अब तो फूले न समा रहे।
मनुष्पाने में दुख-दुर्ग स्वयं आते रहे॥

८

कहीं केतकी-कुल, कदम्ब हैं झूलते।
हरश्रृङ्गार, अशोक कहीं हैं फूलते॥
जूही कहीं निहाल निवारी-डाल है।
कहीं मोतिया मुकुलित मालामाल है॥

९

कहीं सन्तरा, सेब, सरीफ, अनार हैं।
पनस कहीं कमरख, केला, कचनार हैं॥
सेब, बड़हल कहीं पड़े हैं टूट ही।
नग और जामुन की तो है लूट ही॥

१०

पुष्प पवन को करते सौरभदान हैं।
पर-हित देते परोपकारी प्राण हैं॥
फैलाना वह जिसे सुदूर तुरन्त ही।
सन्तों के यश प्रकटित करने सन्त ही॥

११

गरज गरज नभ में बादल घिरने लगे।
बुन्द बुन्द से देखो सर भरने लगे॥
अहा! चल रही शीतल मन्द बयार है।
यथा प्राकृतिक पंखा ही तैयार है॥

१२

इस अवसर हैं कहीं मोर कल कूकते?
फैला कर मौठि पुच्छ हर्ष से कूकते॥
जिस पर, जिस जन का, जितना अनुराग है,
होता प्रकटित यथासमय वह भाग है॥

१३

सरस कमल दल खिले सलातल माम हैं।
सहृदय उनको देख देख गुलदाम हैं॥
और भौंरे दे फेरे मँडरा रहे।
करते "गुनगुन" से पराग सुख पा रहे॥

१४

कहीं हुई, कमधीन सदा बदहार है।
चतुष्पद सभी दुखियों अपार हैं॥
कहीं कहीं सारस प्रफुलित-चित डोलते।
हंस, बतक फड़का फड़का पर बोलते॥

१५

झरने "झरझर" दुग्ध-फेन सम झर रहे।
दादुर "टरटर" नाद मजे में कर रहे॥
सुन पड़ती है झिल्ली की झनकार यों,
कहीं बज रही हो सितार की तार ज्यों॥

१६

श्याम घटा में बक-माला है जा रही।
मानों वर्षा-विजय-ध्वजा फहरा रही॥
उड़ती, इसका देख स्वरूप सुहावना-
कवियों के मन में कितनी ही कल्पना॥

१७

"खुले केश में क्या प्रसून का भार है?"
"किम्वा पुष्प-प्रयुक्त माँग की धार है?
प्रबल मेघ, लघु पंक्ति, न भय मन में कहीं,
"बाधाओं से कर्मवीर डरते नहीं॥"

१८

मेघ मौन, जब तक चपला चुपचाप है।
किन्तु चमकते ही करता आलाप है॥
पर के दुख सज्जन अपने ही जानते।
उसी भाँति सुख से सदैव सुख मानते॥

१९

देख प्रदीप, पतङ्ग मुदित जाते वहीं।
जल कर भी कुछ दुख कदापि लाते नहीं॥
"जीवन का बस सार अकेला प्रेम ही।"
सिखला है उपदेश हमें इससे यही॥

२०

यद्यपि कहते हैं "ऋतुराज वसन्त है,"
पर वर्षा! तेरे गुण का क्या अन्त है?
दिखलाता तू वर्ष एक भी जो कहीं,
मचता "हाहाकार" कहीं जग में नहीं?

पाण्डेय मुकुटधर विद्यार्थी।

विलायत में मेरी डायरी के कुछ पृष्ठ।

नं० १ ब्रायटन।

([illegible], एम० ए०, [illegible])

[illegible] ब्रायटन गया। [illegible] ब्रायटन [illegible] समुद्र किनारे है। [illegible] समुद्र-किनारे [illegible]

प्रसिद्ध है। यहाँ समुद्र-तट का आरामपथ [illegible] मील लम्बा है। उसे सुखदायक रखने के लिए बड़ी दक्षता रखी जाती है। यह आरामपथ का महत्वपूर्ण भाग है। उसी से मिली हुई एक बाग की श्रेणी है। उसके बाद एक, बड़ा पद-पथ -युक्त, गाड़ियों का मार्ग है। फिर उसके आगे इमारतें हैं। इन इमारतों को चित्रकारमय समझना चाहिए। उनके नीचे [illegible] दुकानें हैं। इमारतें विशाल, [illegible] मंज़िल तक की हैं। इस लिए उनका दृश्य बड़ा सुहावना जान पड़ता है। समुद्र-तट का आरामपथ बहुत ही चौड़ा है। उस पर स्थान स्थान में बेंचें रखी हैं। इनके सिवाय, [illegible] कुर्सियाँ और [illegible] भी हैं। [illegible] इन कुर्सियों पर [illegible] का भाड़ा देना पड़ता है। इस नगर में [illegible] और [illegible] भी हैं। [illegible] जो [illegible] जाती रहती हैं उन्हीं को [illegible] बस कहते हैं। प्रत्येक मंज़िल पर लगभग [illegible] मनुष्य बैठते हैं। करीब दो पैसे मील भाड़ा पड़ता है। [illegible] के अनुसार यहाँ भी दो पीयर हैं, एक का नाम पैलेस पीयर और दूसरे का वेस्ट पीयर। इनमें से पैलेस पीयर [illegible] है। इस पीयर पर चारों ओर [illegible] एक [illegible] होती। प्रत्येक पर [illegible] के लिए [illegible] स्थान,-[illegible], पुस्तक [illegible] नाटक घर भी है। [illegible] इत्यादि हैं। एक पीयर के सिरे पर नाटक [illegible] है। बैठने के लिए आच्छादित बेंचें [illegible]



महाद्वार–ब्रायटन।



पुस्तकालय, अजायबघर और चित्रशाला–ब्रायटन।

कुर्सियाँ [illegible] नहीं है। [illegible] रंजक बातें [illegible] हैं। पीयर पर [illegible] लिए [illegible] जाता है। '[illegible] प्लाट' के [illegible] होते हैं। [illegible] एक [illegible] और उसका [illegible] जाने से [illegible] न कुछ चमत्कार दिखलाता है [illegible] में कोई [illegible] रहता है, [illegible] कथन करता है [illegible] क्रिकेट मैच का [illegible] रहता है, [illegible] बोलिंग और [illegible] बैटिंग करता है [illegible] में कोई [illegible] इत्यादि। [illegible] जो गोलाकार [illegible] उसके ऊपर [illegible] मण्डप में [illegible] दीपकों की [illegible] और [illegible] थीं। इसी तरह [illegible] के सारे मार्ग [illegible] मनोहर [illegible] हुए थे और [illegible] बिजली के [illegible] दीपकों की [illegible] शोभा दे रही [illegible] रात में उनके [illegible] शोभा बहुत [illegible] जान पड़ती थी। [illegible] मण्डप के [illegible] हुए तो बहुत [illegible] मालूम होता [illegible] मण्डप के [illegible] एक छोटा सा [illegible] तरा (स्टेज) [illegible] पर एक [illegible] और दोनों [illegible]



समुद्र के एक ओर का दृश्य–ब्रायटन।



पश्चिम ओर से शहर की ओर जाने का मार्ग–ब्रायटन।

रर के बैठने का स्थान गद्दियों से मढ़ा हुआ था। इस पीयर के चे छै पेनी कर देकर समुद्र में तैर भी सकते थे। पीयर के पास त दिन, विशेषतः रात को, चित्रविचित्र वस्त्र धारण किये हुए नर रियों की बड़ी भीड़ होती थी। हम अप्रिल में गये, इस कारण त उस समय वहां कम था। हमारे चार दिनों में से तीन दिन हां हवा भी स्वच्छ थी, अतएव दिन भर लोग आरामपथ पर रते हुए नजर आते थे। ईस्टर (गुडफ्रायडे ईस्टर का भाग है)

घूमने के जहाज चलने लगते हैं। में मुसाफिरों के दो दर्जे रहते हैं। भी कभी लोग किसी पास के बन्दर घूम आते हैं अथवा कभी इँगलिश-नल में कुछ दूर तक जाकर लौट ते हैं। बन्दर पर ठहरने का करीब क घंटा काट कर लगभग घंटे भर मुद्र में घूमते हैं। हम भी मिड-चैनल एक सफर कर आये। जहाज पर क स्त्री हार्प लेकर और पुरुष फिडल र दिल-बहलाव करते थे। खेल तम होने पर लोगों के सामने टोपी राते हैं। मन में दाक्षिण्य उत्पन्न ने पर पेनी से लेकर कुछ न कुछ उस-डालना चाहिए। बड़ी दूर जाने पर पारी जहाज दिखाई देते हैं।



दक्षिण आफ्रिका का स्मारक—ब्रायटन।

मुद्री वायु से बहुत ही आनन्द आ रहा था। लौटने पर र ज्यों ज्यों देख पड़ने लगा त्यों त्यों उसकी शोभा बहुत ही मेदार जान पड़ने लगी। समुद्र किनारे एक ओर होटल, ऊपर के काम, आरामपथ के नर-नारी, बाग, आदि की शोभा रमणीय न पड़ती थी।

पेलेस पीयर के पास ही अक्वेरियम है। वहां भिन्न भिन्न जाति की मछलियां जीती हुई रखी हैं। मौका न मिलने के कारण हम हैं नहीं देख सके।

पविलियन नाम की एक इमारत वहां है। उस इमारत का इति-स यह है कि महारानी विक्टोरिया के चचे चौथे जार्ज के नि-सस्थानों में एक यह भी स्थान था। ये राजा चौथे जार्ज महा

यात्रास्थल (हामिस्टेड)—ब्रायटन।

पयलस्पट कहे जाते थे। इन्होंने मिसेस फिट्ज़ हर्बर्ट नामक क सुन्दर युवती विधवा के साथ विवाह किया था*। परन्तु यह

[illegible]

On the left are pictures of George the builders & the position & is Fitzherbart, the lady whom, it is now proved incontestably, married

Mrs Fitzherbart, was for a long time a resident of Brighton she is buried is..........t Brighton when her tomb is to be en.

करा दिया। परन्तु राजा जार्ज ने इस स्त्री को राज्ञीपद का अभिषेक नहीं करने दिया और उसकी अत्यन्त अवहेलना की। उस मिसेस फिट्ज का चित्र इस पेविलियन में है और उसके रहने का स्थान भी दिखलाया जाता है। इस पेविलियन में चीन के बहुत से दृश्य हैं। चीनी रीति के चित्र और झालरें हैं। एक टेबल पर होलीलेंड, अर्थात् पेलेस्टाइन (ईसामसीह की जन्मभूमि) का नकशा है। और कुछ यहां देखने योग्य नहीं। सिर्फ कहने भर को भारतीय कारी-गरों-बढ़ई, हलवाई, हुकेवाले आदि-के मिट्टी के छोटे छोटे चित्र एक जगह हैं।

डोम—साठ फीट ऊंचा एक मंडप है। यहां पहले चौथे जार्ज की घुड़शाला थी। अब उसका संगीत-गृह हो गया है। मण्डप के ऊपर की सब पटाई नकशीदार है, इससे भीतर की ओर पीला उजेला आता है।

इसके बाद वाचनालय, चित्रशाला, अजायबघर, इत्यादि की इमारतें देखने योग्य हैं। इन इमारतों में अजायबघर के १३ कमरे हैं। उनका विवरण इस प्रकार है:-१ पुराण-वस्तु वर्ग २ और ३ पुराणवस्तु-वर्ग और मानववंश-वर्ग ४ मानववंश-वर्ग ५ और ६ मृत्तिकावस्तु-वर्ग ७ भूगर्भ-वर्ग (आंग्ल) ८ भूगर्भ-वर्ग और खनिजवर्ग ९ प्राणि-शास्त्रीय-वर्ग १० कीटकवर्ग ११ अस्थि-वर्ग १२ क्षुद्रयोनिवर्ग १३ जलज-वर्ग। ये कमरे दो मंजिलों पर आसपास बने हुए हैं और उनके बीचवाले खुले चौकों में बहुत भारी भारी जूलन के चित्र लगे हुए हैं। एक ओर वाचनालय है। यह सब संग्रहालय बहुत अच्छा है।

इससे अलग एक इमारत में आंग्ल पक्षियों का एक संग्रहालय है। यहां प्रत्येक पक्षी की परिस्थिति दिखलानेवाला दृश्य उसके आस पास है। कुछ पक्षियों का अधर में उड़ना दिखलाया गया है। यहां मैंने बड़े बड़े गरुड़ और हंस भी देखे।

बैंक हालिडे के दिन सन्ध्यासमय पांच बजे मैं ब्रायटन से चला



हॉमस्टेड स्पेनिश्रीरजा—ब्रायटन।

और साढ़े छ बजे लंडन आया। इस दिन यहां हेम्पस्टेड हीथ नामक मैदान में मे[illegible] में बहुधा नीचे दर्जे [illegible] में होते हैं। नारिय[illegible] गाते हैं। बाजों बट[illegible] नरण स्त्री-पुरुष, आपस में, बिना जान पहचान, कई प्रकार की चेष्टाएं करते हैं। बीच में आर्गन ग्राइंडर (डंडा घुमाते हुए बाजा बजानेवाला) बाजा बजाते हुए निकलते जाते हैं। किंचित् मत्त स्त्री-पुरुष उन बाजों की ताल पर नाचा करते हैं (ये बिलकुल नीचे दर्जे के लोग होते) संध्यासमय से ११० बजे रात तक यही कैफियत रहती है।

नं० २ क्रिस्टल पेलेस (बिल्लौरी राजमहल)

प्रथम सर्वराष्ट्रीय प्रदर्शन के लिये जो भवन बनाया गया था सी की सामग्री से यह क्रिस्टल पेलेस नामक राजभवन बनवाया या। सन् १८५४ में यह खोला गया। यद्यपि यह राजमहल लंडन बाहर है, तथापि आप लंडन की चाहे जिस स्टेशन से जाइये, हां जाने आने के लिये एक शिलिंग-फीस मिला कर डेढ़ शिलिंग-टिकट मिलता है। इस महल के बनवाने में कुल १५ लाख रुपये र्च हुए। इस सम्पूर्ण राजमहल में कोई २०० एकड़ से अधिक

स्थान घिरा हुआ है। यद्यपि इसे राजमहल कहते हैं तथापि इसमें कभी कोई निवास नहीं करता। इसे एक प्रकार की स्थिर प्रदर्शिनी ही समझना चाहिये। एक व्यापारी कम्पनी टिकटों के धन से इस प्रदर्शिनी को कायम रखती है। यद्यपि ऊपर ऊपर देखने से मालूम होता है कि कुछ दिनों से इस प्रदर्शिनी की शोभा कम हो गई है, तथापि जो कुछ है वही बहुत दर्शनीय है। ३ बजे से ७ बजे तक (चाय पीने और खाना खाने का समय छोड़ कर) मैं घूमता रहा, तथापि सब कुछ नहीं देख सका और जो कुछ देखा, वह भी ऊपर

[illegible] हैं सो तो है ही, उसके [illegible] जक बातें होती हैं। इन [illegible] शुरू शुरू में कुछ सि-ड्ढियां चढ़ने के बाद साधारण चौड़ाई का एक अंगन पड़ता है। वहां हरियाली, छोटे छोटे जलाशय, पुष्पवृक्ष, आदि हैं। इसके ऊपर चढ़ने से महल का द्वार मिलता है और उसके भीतर जाने पर बीच का बड़ा कमरा मिलता है। यह कमरा महल की लम्बाई भर, करीब १६०० फीट लम्बा है। महल चार पांच मंजिल का है। कमरों में जगह जगह भोजनगृह, छोटे छोटे हौज, फौवारे, बैठने के लिये कुर्सियां और बेंचें इत्यादि हैं। सब से बड़े कमरे में विविध-कालीन प्रसिद्ध पुरुषों की प्रस्तर-मूर्तियां हैं। इनमें बम्बई के एक पारसी महाशय और नाना शंकर सेठ की छाती तक मूर्तियां हैं। एक ओर वहां स्केटिंग रिंक है। फर्शबन्दी की हुई समतल जगह को रिंक कहते हैं। उस पर चक्रदार लोहे के जोड़े पहन कर फिसलते हुए चलने को स्केटिंग कहते हैं। नवीन सीखनेवाले को पहले तोल सम्हालना कठिन मालूम होता है; परन्तु यह विद्या सरल है और इसमें बड़ी मजा है। बर्फ से जब तालाब जम जाते हैं तब उन पर स्केटिंग करने के लिये स्त्री पुरुषों की बड़ी भीड़ मचती है। बर्फ न होने पर महसूल देकर रिंक में जाना पड़ता है। स्केटिंग करनेवालों का, पानी की मछलियों की तरह, गति-विलास देख कर नेत्रों को बड़ा आनन्द होता है। यहीं एक नाटकगृह है। उसमें बीच बीच में सीनोमेटोग्राफ दिखलाया जाता है। कमरे के मध्यभाग में अर्ध गोलाकार बड़ी जगह है। वहां नाटकगृह के दूसरे मंजिल की सी बेंचों की सोपान-परम्परा है। इस अर्ध गोल का व्यास २१६ फीट है। इसके ऊपर मण्डप बना है। बीच में ऊंची जगह पर एक बहुत बड़ा आर्गन (बहुत भारी हारमोनियम) है। उसकी नलियां (कुल ४३८४) कोठरी की तरह आस पास हैं, और भीतर बजानेवाले के लिये बैठने की जगह है। इस हारमोनियम की कीमत नब्बे हजार रुपये है। यह यंत्रशक्ति की सहायता से बजाया जाता है। इस सभागृह में कुल ४५०० मनुष्य बैठते हैं। मैं जिस समय वहां पहुंचा उस समय एक राजकन्या लड़कों को पारितोषिक बांट रही थी। उपर्युक्त अर्ध गोल के नीचे, बैठने के लिए कुर्सियां रखी हैं। वहां जाने के लिए महसूल देना पड़ता है। उसके पीछे एक कठड़ा है। कठड़े के बाहर एक बड़ा चौक बना हुआ है। वहां अन्य दर्शकगण खड़े रहते हैं, अथवा जो थोड़ी सी कुर्सियां वहां रखी हैं उन पर बैठ जाते हैं।

क्रिस्टल पॅलेस—लंडन।

इस कमरे के बाहर और कुछ जगहें भी मुख्य इमारत में हैं। एक जगह शतरंज खेलने के टेबल रखे हैं। इसी प्रकार कई अन्य मनोरंजक खेलों का भी वहां प्रबन्ध है। जीना उतर कर नीचे जाने पर एक कमरा और मिलता है, जिसमें शश-मर्कटादि प्राणी, शुक, चूक-वाकादि पक्षी, मत्स्य-मकरादि छोटे आकार के जलचर कांच की सन्दूकों में बन्द हैं। यह संग्रह कुछ बहुत बड़ा नहीं है। एक गेलरी में प्राणिशास्त्रविषयक संग्रह है। इस जगह अनेक देशों के क्रूर प्राणी रखे हुए हैं। ये प्राणी यद्यपि मृत हैं, तथापि अत्यन्त सजीव से दिखाई देते हैं। एक ऊंट पर दो बाघ आक्रमण कर रहे हैं, भेड़िये अपना भक्ष्य पकड़ रहे हैं, बैल चीतों से अपनी रक्षा कर रहे हैं, एक हंस मछली मुंह बाये खड़ा है, इत्यादि दृश्यों के सिवाय, स्यार और बन्दर आदि प्राणियों के भी दृश्य हैं। दूसरी ओर की गैलरी में आफ्रिका, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, आदि देशों के नग्न रहनेवाले जंगली लोगों के दृश्य (मिट्टी के चित्र) दिखलाये गये हैं, पंक्ति में आत्मीय लोगों के भी चित्र हैं। एक जगह [illegible] एक जगह प्राचीन ग्रीक और रोमन लोगों की बनाई मूर्तियां, एक स्थान में प्रसिद्ध पुरुषों की मूर्तियां, एक जगह [illegible] मे हुए हुए अंगरेज राजे, रानियां और साधु, इत्यादि [illegible] मूर्तियां हैं। यहां के सब पदार्थों पर एक प्रकार की चम-झलक रहती है।

इमारत के बाहर एक जलाशय है। उसका आकार [illegible] की तरह है। अतएव इसका नाम भी "फायर आर्किटेक्ट [illegible] इसके एक तरफ 'वाटरशूट' है, इसीके पास सात [illegible] चौड़ी एक पानी की नहर ऊंचाई पर से गिराई गई है। इसे [illegible] डियन 'रोपिड्स्' कहते हैं। उसके ऊपरी सिरे से डोंगी में बैठा कर नीचे को छोड़ जाते हैं। एक छोटी सी रेलगाड़ी पर अनेक देशों के प्रसिद्ध स्थलों के दृश्य दिखलाये जाते हैं। सिवाय और कितने ही मनोरंजन के साधन हैं। उनके सामने को बड़ी बड़ी प्रदर्शिनी कुछ नहीं है। प्रत्येक दृश्य के देखने में छै आने तक महसूल देना पड़ता है! इतना रुपया और समय खर्च करने का सुभीता मुझे नहीं था। वहीं एक हिन्दू भगवे कपड़े पहने खड़ा था। वह भूत, भविष्य अथवा जादू, इत्यादि की [illegible] बतला रहा था। मेरे मन में आया कि देखना चाहिए; पर [illegible] गई थी, इस कारण मैं आगे [illegible]

साढ़े चार बजे सभागृह में [illegible] शुरू हुआ। वहां ४५०० गायक थे। आर्गन की आवाज यद्यपि [illegible] थी, तथापि कर्ण-मधुर थी। [illegible] गीत गाये गये। उनमें ३-४ [illegible] थे। ये गीत शास्त्रीय रीति से [illegible] गये, अतएव मेरे लिए "अर [illegible] कवित्व निवेदनम्" सा ही हुआ। कुछ गीत ठेके पर और [illegible] चाल में गाये गये। उनसे कुछ आनन्द आया। सब गायक [illegible] कही हुई बातों के अनुसार अपने रूमालों से भाव [illegible] थे। एक गीत समाप्त होने [illegible] डक्टर (हाथ में छड़ी लेकर [illegible] नियमन करनेवाला) ने अपना रूमाल अपने आगे रखा। उसके साथ ही सब गायकों ने अपने अपने रूमाल आगे किये [illegible] समय उन ४५०० गायकों के रूमालों की सफेदी चारों ओर [illegible] इसके बाद कंडक्टर के रूमाल हिलाते ही सब गायक भी हि-लाने लगे। फिर उसने रूमाल के विरुद्ध सिरे ज्योंही दोनों [illegible] पकड़े त्योंही रूमाल की त्रिकोणाकृति खुल गई। सब ने [illegible] किया। इसके बाद कंडक्टर ने अपना रूमाल इधर उधर [illegible] फिर सब ने अपने अपने रूमाल हिलाये। उस समय [illegible] ऐसा जान पड़ा कि जैसे बगुलों का कोई झुंड उड़ता हो। [illegible] तालियां पीटीं।

बहुत से लोगों को आकर्षित करने के लिए यहां समय समय पर इसी प्रकार के मनोरंजक खेल हुआ करते हैं। ऊपर [illegible] कुमारी के हाथ से पारितोषिक बँटाने का उल्लेख आया है। [illegible] कारण अनेक लड़कों के पालक इस बार यह जलसा देखने को [illegible] कभी क्रिकेट, फुटबाल, आदि के मैचेस, फूलों की, कुत्तों-[illegible] बाइसिकलों की प्रदर्शिनी और संगीत के जलसे इत्यादि होते हैं। गर्मियों में गुरुवार और शनिवार को रात के समय [illegible] बाजी छुटाई जाती है और इस निमित्त कभी कभी १०-२० [illegible] दर्शक तक जमा हो जाते हैं।

नं० ३ टॉवर आफ लंडन (लंडन का किला)

सन् १०७८ ई० में विलियम दि कांकरर ने यह भू-कोट किला बनवाया। उसके बाद कई राजाओं ने समय समय पर इसमें सुधार किये, तथापि इसका स्वरूप अब भी प्राचीन ही है। इसमें कुल १८ एकड़ जमीन घिरी है। यद्यपि इस समय सैनिक दृष्टि से इसका कोई उपयोग नहीं है तथापि अनेक वर्षों तक इसका उक्त कार्य में उपयोग होता रहा है। राजकीय जेल के काम में भी यह किला उप-युक्त हो चुका है। चार्ल्स दि सेकंड (१६६०–१६८०) के जमाने तक राजमहल के तौर पर इसका उपयोग किया गया। खंदक के भीतरी तट में तेरह बुर्ज हैं, और उसके भीतर जो दूसरी दीवाल है उसमें तेरह बुर्ज हैं। खंदक में इस समय पानी नहीं रहता। रानी एलिज़ाबेथ के सिंहासनारूढ़ होने के पहले यही क्वीन आफ स्कॉट्स इसी किले में बन्दिवान् थीं। यहां लेडी जान ग्रे और मेरी [illegible] स्कॉट्स इत्यादि कई राजकीय कैदियों के सिर काटे [illegible] एडवर्ड दि फिफ्थ, उसके भाई, हेनरी दि सिक्स्थ, इत्यादि [illegible] खून किया गया! यहां देखने योग्य दो स्थान महत्व पूर्ण हैं [illegible] राजभूषणागार और दूसरा आयुधागार।

राजभूषणागार।

ये राजभूषण, एक सिड्ढियोंदार गोलाकार चबूतरे पर [illegible] हैं। उसके आसपास कठघरा और कांच का बेष्टन है। इस [illegible] का व्यास लगभग १२—१४ फीट है, इस कारण भूषण दूर से [illegible] देख सकते हैं। महत्वपूर्ण भूषण इस प्रकार हैं:—

(१) राजमुकुट—यह महारानी विक्टोरिया के सिर [illegible] में बनाया गया। इसमें एक बड़ा भारी माणिक है। यह [illegible]

को लड़ाई में मिला है। पहले इस मुकुट में २८१८ हीरे, २१७ मोती और अन्य रत्न थे, तथा सब का वजन लगभग ३६ औंस था। इसके बाद आफ्रिका के कुलीमन हीरे के दो भाग (आफ्रिका के तारे) किये हैं, उनमें से छोटा हीरा (मामूली कागजी निम्बू के सदृश) उसमें लगाया गया है। उसी समय करीब १०७ के, रत्न और लगाये गये हैं।

(२) रानी का मुकुट, इसके सिवाय दूसरा एक रानी का मुकुट है।

(३) सेंट एडवर्ड का मुकुट-यह चार्लस् दि सेकंड के लिए बनाया गया।

(४) प्रिंस ऑफ वेल्स का छोटा मुकुट।

लंडन का किला।

(५) दरबार में लगाया हुआ मुकुट; इसका वर्णन पाठकों ने पढ़ा ही होगा।

(६) सुवर्ण गोल, इस पर कुछ रत्न जड़े हैं। इसका आकार शुतुर्मुर्ग के अंडे का सा है।

(७) रानी का सुवर्णगोल।

(८) राजदण्ड-यह करीब गज भर लम्बा है। इसके मस्तक पर कुलीनन हीरे का बड़ा हिस्सा जड़ा हुआ है। मध्यम दर्जे के अमरूद का सा इसका आकार है।

(९) रानी का राजदण्ड।

इनके सिवाय सोने और हाथी-दांत के अन्य राजदण्ड, कंकण घोड़े के 'स्पर' आदि भूषण हैं। दो पौने दो हाथ के व्यासवाली सोने की थालियां; लवण-

लंडन का किला-बेचाप बुर्ज।



लंडन का किला-कैदियों की कोठड़ी।



लंडन का किला-अश्वकवचागार।



लंडन का किला-राजभूषण। (इसमें विलोक्यार का मुकुट नहीं।)



लंडन का किला-[illegible]।

लंडन का किला-[illegible] और कुठार।

पात्र, मद्यपात्र, इत्यादि वस्तुओं के सिवाय अभिषेकपात्र, चमचा और राजवंश के लिए बापतिस्मा, इत्यादि हैं। दूसरी ओर राजखड्ग हैं। उनमें भौतिक अधिकार का खड्ग, धार्मिक अधिकार का खड्ग, और भूतदया का बोथर (धार लौटा हुआ) खड्ग इत्यादि हैं।

भिन्न भिन्न सम्मानों के बिल्ले (Stars of orders) चांद, इत्यादि रखे हुए हैं। भारतवर्ष का कोहनूर विंडसर कैसल में रखा है, इसका ठीकठीक नमूना कुन्दन में जड़ा हुआ यहां रखा है। इसके सिवाय कुलीनन हीरे के बेढंगे मूल स्वरूप का भी नमूना यहां रखा है।

शस्त्रागार।

हेनरी दि एट्थ ने पहले ग्रीनिच में जो शस्त्रागार बनवाया उसका परिणत स्वरूप यह आयुधागार है। एक कमरे में पाश्चिमात्य लोगों की लड़ाइयों में प्राप्त किए हुए शस्त्र हैं और उनके थोड़े थोड़े वर्णन के पत्रक अलमारियों में चिपके हुए हैं। उनमें नाना प्रकार के कवच तलवारें, कटारें, ढालें, कुल्हाड़ियां, बघनखे, इत्यादि रखे हैं। बघनखों के सामने लिखा है:—" ऐसे ही एक बघनखे से शिवाजी ने, अफजलखां से मिलते समय, उसे मार डाला। " पंजाबी लोगों के दो चक्र रखे हैं। कुछ बन्दूकें और बारूद रखने के नक्शेदार डब्बे हैं।

[illegible]

प्रारम्भिक दशा से लेकर अब तक की दशा दिखलाने के लिए तीसरे कमरे में सोलहवें और सत्रहवें शतक के अंगरेजी ढंग के मनुष्यों तथा घोड़ों के कवच रखे हुए हैं। १८ फीट तक लम्बे भाले रखे हुए हैं। कुछ मोटे लोहे के पत्रों के धनुष हैं। इन्हें कर बाण चलाने के लिए उनके दण्ड में स्प्रिंग की योजना की गई है।

ब्रह्मदेश के सेनापति महाबन्दुला का कवच एक अनन्त एक बनावटी मनुष्य को पहनाया हुआ है। इसके सिवाय और जापानी कवचों के नमूने भी दर्शनीय हैं।

एक जगह अपराध कबुलाने के लिए वेदना-यंत्र रखे हैं, हाथों और पैरों में डोरियां बांध कर मनुष्य को आड़ी खींचने का यंत्र, अंगुलियां कुचलने का यंत्र, इत्यादि इस देश में काम में लाये जाते थे।

एक जगह शिरच्छेद करने के समय गर्दन रखने का ठीहा और शिर काटने की कुल्हाड़ी रखी हुई है। 'नीनेव' शहर में मिली हुई वस्तुएं, रखी हैं। जिनमें प्राचीन सिक्के और कीलाक्षर पत्थर पर खोदे हुए अक्षर, इत्यादि हैं।

नं० ४ सेंटपालस कैथीड्रल।

कहते हैं कि इस जगह बहुत प्राचीन काल में डायना (इन्दुमती) नामक देवता का देवालय था। उसके बाद रोमन लोगों के समय में इस जगह एक चर्च बनाया गया। उसके पश्चात् आग, बिजली और अन्य दुर्घटनाओं से दो तीन बार सत्यानाशी हुई। इसके बाद सन् १६६५-१७१० की अवधि में वर्तमान इमारत बनवाई गई। इसमें साढ़े आठ लाख पौंड खर्च हुए। यह देवालय रूम के सेंटपीटर्स मन्दिर के ढंग पर बना हुआ है। परन्तु उससे यह बहुत छोटा है। इसकी लम्बाई ५०० फीट और चौड़ाई ११८ फीट है। भीतरी ऊँचाई २२५ फीट और बाहर की सब से अधिक ऊँचाई ३६४ फीट है। गुम्बज का व्यास १०२ फीट है (रोम के सेंट पीटर का १३९ है) यह मन्दिर सादे पत्थर का बना हुआ है। क्रिश्चियन देवालयों में इसका पांचवां नम्बर है। पहले चार नम्बर रोम, मिलन, सेविल और फ्लारेन्स में हैं। इस देवालय के आगे एक छोटा सा बाग है और आसपास चर्चयार्ड (दहनभूमि) है। पहले पहल मन्दिर की चौड़ाई भर लम्बी-चौड़ी सिढ़ियां हैं। उनसे चढ़ कर ऊपर जाने पर छोटा सा आंगन पार करने के बाद टोपी उतार कर मन्दिर में प्रवेश करना होता है। (यहां देवालय और अस्पताल में जाते समय टोपी निकालने की चाल है) देवालय में जाने पर पहले एक बड़ा कमरा मिलता है। उसके आगे आठ खंभों का अष्ट-कोण है, उसी पर गुम्बज है। उसके आगे भजन गाने का कमरा है। इसके बाद ईसामसीह की सूली पर चढ़ी हुई मूर्ति है। ईसामसीह ने धर्मस्थापना करते समय मूर्ति-पूजा का निषेध किया था, इस कारण क्रिश्चियन लोग परमेश्वर की मूर्ति नहीं बनाते। परन्तु ईसामसीह और उनकी कुमारी माता की मूर्ति ये लोग भी पूजने लगे हैं। धर्मसुधार करते समय अन्य अन्य बातों की तरह इस बात पर भी आक्षेप हुआ और इसी कारण प्रोटेस्टेंट मन्दिरों में मूर्तिपूजा की कमी हो गई। तथापि, मैंने जो सरकारी और निजी दो तीन प्रोटेस्टेंट चर्च यहां देखे उनमें निदान मेरपाल अथवा क्रूस पर चढ़े हुए क्राइस्ट के चित्र के बिना काम नहीं चलता। अंगरेजी राज्य यद्यपि प्रोटेस्टेंट पंथ का है, तथापि कुछ राजाओं की माताएं रोमन कैथोलिक होने के कारण यहां का सरकारी धर्म कैथलिक पद्धति के संस्कार से बिलकुल खालिस नहीं रह सका। अस्तु।

इस देवालय के पिछले भाग में रंगीन चित्रविचित्र कांचों की खिड़कियां हैं। मन्दिर भर में अनेक राष्ट्रीय पुरुषों के पुतले हैं। उनमें भारत में प्रसिद्ध पाये हुए राजकीय और [illegible] अफसरों की भी कुछ मूर्तियां हैं। लार्ड कार्नवालिस की मूर्ति है। उसके एक तरफ ब्रिटानिया है और दूसरी ओर एक भारतीय स्त्री ([illegible] में) और एक वैरागी बैठा हुआ है। यहां एक और मूर्ति है जिसके चार हाथ हैं, जिनमें से पिछले दो टूटे हुए हैं। यह मुझे [illegible] मूर्ति जान पड़ी, क्योंकि सिर पर जटा हैं और जटाओं से [illegible] निकल कर नीचे की ओर गई है। परन्तु मूर्ति के [illegible] पुरुस्तन हैं! चित्रकार का अज्ञान समझ कर मैं आगे बढ़ा। [illegible] और एक मीनार है। उसकी २६० सिढ़ियां चढ़ कर ऊपर पर मनुष्य 'विस्परिंग गेलरी' में पहुँचता है (प्रवेश होने के [illegible] जेब खाली करनी पड़ती है!) गेलरी या छज्जे की पीछेवाली दीवाल बड़ा गुम्बज होने के कारण एक दीवाल में मुँह लगा कर बिलकुल [illegible] बोलने पर भी दूसरी ओर [illegible] सुनाई देता है। इसीसे यहां के [illegible] ने मुझे सामने की ओर बैठा कर [illegible] फीट की दूरी से मन्दिर का [illegible] बतलाया। छज्जे की चौड़ाई [illegible] फीट है। मन्दिर और गैलरी, गुम्बज के आगे, कुछ भी नहीं। [illegible] जिसने गोल गुम्बज नहीं देखा [illegible] लिए यह गैलरी बड़ी कौतुक[illegible] इसमें कोई सन्देह नहीं। [illegible] ११८ सिढ़ियां चढ़ कर जाने से खुली हुई गैलरी मिलती है। [illegible] पर से लंडन का बहुत सा [illegible] देख पड़ता है। इसके ऊपर भी [illegible]



सेंटपालस मन्दिर—लंडन।

गैलरी है; परन्तु उस पर जाने के लिए बहुत द्रव्य लगता है, [illegible] मैं नहीं गया। मन्दिर के नीचे एक भुंहरा है। उसमें जाने के [illegible] भी पैसे गिनने पड़ते हैं। इसे क्रिप्ट कहते हैं। यहां कबरें हैं। उन पर अनेक पुतले और मृत्युशिलाएं आदि हैं।

४ बजते ही संगीत-प्रार्थना का आरम्भ हुआ। कुछ देर [illegible] होने के बाद एक आदमी कुछ, एक प्रकार की, संथा सी [illegible] 'संथा' इस लिए कहा कि यह बड़े सपाटे के साथ [illegible] पढ़ता है। बीच बीच में लोग 'आमेन' शब्द कहते जाते [illegible] समय आर्गन स्वर देता है। इसके बाद फिर संगीत होकर [illegible] मिनट उपदेश होता है। बड़े और छोटे दोनों प्रकार के पादरियों के लिए उपदेश-पीठ भिन्न भिन्न हैं। यह सब प्रार्थना एक घंटे [illegible] है। पांच बजे मन्दिर बन्द होता है।

पुराने रामपंचायतन की नई आवृत्ति।

हमारे पुराने रामपंचायतन की खूब मांग होने के कारण हमने उसकी नई आवृत्ति निकाली है। यह १५×२[illegible] [illegible] भागों में छपी हुई है। इसके सिवाय नवीन प्रकार का शिवपंचायतन, गायत्री, प्रातःसंध्या, माध्यान्हसंध्या, सायंसंध्या, [illegible] [illegible] दस रूपों के चित्र (१५×२०) हरिहर-भेट, रामदास, अक्कलकोट के स्वामी, नृसिंहसरस्वती, श्री दत्तात्रेय, [illegible] [illegible], [illegible] का हाथ और ([illegible]) आकार १०×१५ आदि नवीन चित्र भड़कदार रंगों में सुन्दर छपे हुए हैं। आकार १[illegible] [illegible]×१५ की एक प्रति की कीमत क्रमशः ४ आने और एक आना। डाकमहसूल अलग। व्यापारियों को अच्छा कमीशन मिलेगा।
मैनेजर चित्रशाला [illegible]

कविराज पं० योगीन्द्र नाथ सेन विद्याभूषण एम्० ए०

इस वर्ष सम्राट् पंचमजॉर्ज के जन्मोत्सव के उपलक्ष में भारत सरकार ने आयुर्वेद के सम्मान के लिए "वैद्यरत्न" उपाधि की रचना करके आयुर्वेद की श्रेष्ठता को स्वीकार किया है और कलकत्ता नगर के सर्वप्रधान आयुर्वेदीय चिकित्सक कविराज पंडित योगीन्द्रनाथ सेन विद्याभूषण एम. ए. महाशय को इस वर्ष प्रथम बार ही उक्त नूतन उपाधि देकर उनको सम्मानित किया है। सेन महाशय ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से [illegible] के साथ एम. ए. की परीक्षा पास की है। [illegible] विद्यालय के [illegible] अध्यक्ष महोदय ने इनके पाण्डित्य से मुग्ध हो कर इन्हें विद्याभूषण की उपाधि देकर अधिक सम्मानित किया है। वैद्यरत्न महाशय ने गवर्नमेंट मेडिकल कालेज कलकत्ता में शारीरिक-आदि (एनाटमी, फीजियालाजी) शास्त्र तथा अपने स्वनाम धन्य पिताजी महामहोपाध्याय कविराज द्वारकानाथ सेन से समग्र आयुर्वेदशास्त्र अध्ययन किया है। वैद्यरत्न महाशय आज प्रायः पन्द्रह वर्ष से कलकत्ता में विशेष ख्याति के साथ आयुर्वेदीय चिकित्सा करते हैं। भारतवर्ष में जब प्लेग रोग आरम्भ हुआ था तब पाश्चात्य चिकित्सकगण इसे नया रोग कह कर [illegible] और कहते थे कि इस रोग का निदान और चिकित्सा संसार में है ही नहीं। [illegible] इस महारोग ने कलकत्ता नगर में भी प्रवेश किया, और बड़ी [illegible] से लोग घर छोड़ कर भागने लगे। ऐसी अवस्था में वैद्यरत्न पंडित योगीन्द्रनाथ सेन विद्याभूषण [illegible] ने नगर की गली और महल्लों में घूम कर अनेक प्लेग के रोगी देखे, तदनन्तर आयुर्वेदशास्त्र को भले प्रकार मंथन करके प्लेग के सम्बन्ध में बंगला में एक पुस्तक तैयार की, जिस में अनेक प्रमाणों द्वारा पाश्चात्य जगत को यह सिद्ध करके दिखला दिया कि भारत के ऋषि लोग इस रोग का निदान और चिकित्सा भली प्रकार जानते थे। इससे [illegible] में वैद्यरत्न महाशय की कीर्ति देश देशान्तरों में फैल गई। वैद्यरत्न महाशय ने श्रीमद् [illegible] का एक उत्तम संस्करण सम्पादन किया है, जिस से इनके वेदान्तविषयक [illegible] का भी अच्छा परिचय मिलता है। वैद्यरत्न महाशय इस समय आयुर्वेदीय "चरक संहिता" पर एक "उपस्कार" नामक उत्तम संस्कृत टीका बना रहे हैं। यह टीका बहुत [illegible] में प्रकाशित हो रही है। आज कल वैद्यरत्न महाशय अपने [illegible] और असाधारण चिकित्सा नैपुण्य के कारण [illegible] आयुर्वेदीय कालेजों के परीक्षक पद पर नियुक्त हैं। वैद्यरत्न महाशय [illegible] की तरह विद्यार्थियों को [illegible] पंजाब, आसाम, [illegible] और [illegible] आयुर्वेदशास्त्र का अध्ययन करने के लिए आते हैं। [illegible] भोजन आदि देकर बड़े प्रेम से विद्या-दान करते हैं।

हँसी दिल्लगी की किताबें !

(चुटकुले)

हँसाने की कल -)॥ कलियुग का बुखार =) भूतों की लड़ाई -) तिलस्मी बुर्ज -) चोंचों का का मुरब्बा -) दिल्लगी का पिटारा -) चार दोस्तों की हँसी -) चार औरतों की हँसी =) उल्लू बसंत -) रंडीबाजों की हजामत -) अनोखा रंडीबाज -) दिल्लगी का फौवारा -) मक्खीचूस -) भूखा मसखरा -) शेखचिल्ली -) चित्तविनोद =) लतीफे बीरबल ।) हाः हा: हाः -) रंडी का मुजरा -)॥ दिल्लगी का खजाना -) अंधेर नगरी =) दिल्लगी चमत्कार -)॥ दिल्लगी दर्पण ≡)

(उपन्यास)

नवाबनन्दिनी (जो लोग दुर्गेशनन्दिनी पढ़ चुके हैं उन्हें इसे जरूर पढ़ना चाहिये—यह उसका उपसंहार भाग है) दाम १।) नवाबी परिस्तान १) राजदुलारी १) जहर का प्याला ॥।) भोजपुर की ठगी ॥) सुरशिरोमणि ॥=) गुप्त रहस्य ॥=) पतित पति ॥=) रमा या पिशाचपुरी ॥=) रानी पन्ना ।=) दो बहिन ॥) प्रभातकुमारी ।-) काश्मीरपतन ॥=) दैवी या दानवी ।=) भयानक भेदिया ।=) वीरवराङ्गना ।=) काला चांद ।) नूरजहां ।-) युवतीचोरी ।) कलावती ≡) जयश्री ।-) भूतों का डेरा ≡) हरीसिंह ≡) दो खून =) लंगड़ा खूनी =) चन्द्रलोक की यात्रा =) मायारानी =) सूर्यकांता ॥- परियों की कहानियाँ ।) राजरानी ।) मदनमोहिनी ॥) मोतीमहल १) ठगवृत्तान्त-माला ≡)॥ ठगवृत्तान्त॥) नकलीरानी ॥।) हत्याकारी कौन? ।=) मायावी या २० खून १॥) लक्ष्मीदेवी ।) विकट यदुलीपन १) देवी आलिया ॥) संसार १) मृगनयनी ॥।) सौंदर्योपासक ॥) तारामती ॥) निराला नकाबपोश ।) मुर्गा कलेजा ≡) अलंगरम १॥) काली नागिन १) सुन्दर सरोजनी १=) सच्चा बहादुर ४) चोर बीबी २) दो नकाबपोश २॥=) रंगमहल ॥।) काजर की कोठरी ॥=) खूनी औरत ॥=) अदभुत खून १॥) अदभुत जासूस १॥) कथासरित्सागर १६ भाग ≡) मालती -) माता और पुत्र -)

(नाटक)

सत्य हरिश्चन्द्र ।=) भारत दुर्दशा ।) सरस्वती नाटक १) विद्यासुन्दर ।) नीलदेवी ≡) वैदिकी हिंसा ≡) विषस्य विषमौषधम ।) [illegible] ।) नागद विद्यारत्न =) [illegible] ।=) [illegible] =) [illegible] ।)

(दिल्लगी कहानी)

[illegible] की लड़ाई -) [illegible] =) [illegible] =) [illegible] =) [illegible] ।) [illegible] ≡) [illegible] ॥) [illegible] ≡) [illegible] =) [illegible] =) [illegible] =) [illegible] ≡) [illegible] =) [illegible] ≡) [illegible] ।) [illegible] -) [illegible] =) [illegible] ।) [illegible] =) [illegible] =)

उपन्यास-बहार ।

[illegible]

मिलने का पता:—[illegible]

उपन्यास-बहार-आफिस

[illegible], काशी

शेक्सपियर और उसके ग्रन्थ।

(श्रीयुक्त—हरि नारायण आपटे।)

यह कहने में कदाचित् कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि, जिनके ग्रन्थों ने सारे संसार को आनन्द और बोध दिया है, ऐसे ग्रन्थकारों की यदि कोई सूची बनाई जाय तो महाकवि शेक्सपियर का नाम प्रथम देनेवालों की संख्या बहुत बड़ी निकलेगी। स्वर्गीय मि० स्टेड ने अपने मासिकपत्र में एक बार यह प्रश्न उठाया था कि संसार भर में सब से अधिक प्रसिद्ध २० महापुरुष कौन हैं? इस प्रश्न के उत्तर में दुनियां भर के जितने पत्र उनके पास आये उनमें एक भी ऐसा न था कि जिसमें शेक्सपियर का नाम न आया हो। जिस जिस स्थान में अँगरेज़ी भाषा का कुछ भी प्रवेश हुआ है उस उस स्थान में शेक्सपियर के भी नाम का प्रवेश अवश्य ही हुआ है. इससे अधिक शेक्सपियर की प्रसिद्धि का और क्या प्रमाण हो सकता है? अँगरेज लोगों को यह अभिमान है कि बायबल को छोड़ कर यदि अन्य किसी ग्रन्थसमूह का जगत् में अत्यधिक प्रसार हुआ है तो वे शेक्सपियर के ग्रन्थ ही हैं। यह अभिमान-प्रेरित विधान बिलकुल अक्षरशः सत्य है। किंबहुना एक दृष्टि से बायबल के प्रचार से भी शेक्सपियर के ग्रन्थों के प्रचार का महत्व अधिक समझना चाहिये। बायबल का प्रचार कृत्रिम उपायों से हुआ है और शेक्सपियर के ग्रन्थों का प्रचार स्वयं-प्रेरित है। जहां जहां मिशनरी लोग जाते हैं वहां वहां वे बायबल का प्रचार करने में जी जान से प्रयत्न करते हैं। अनेक भाषाओं में बायबल के अनुवाद करके बिना मूल्य भी बांटते हैं। परन्तु शेक्सपियर के ग्रन्थों का यह हाल नहीं है। किसी देश में अँगरेज़ी भाषा का जहां कुछ न कुछ प्रवेश करता है उसी देश में तुरन्त ही शेक्सपियर का अध्ययन आप ही आप होने लगता है। और वे अध्ययनकर्ता शेक्सपियर के ग्रन्थों का आनन्द अपने अन्य देशबन्धुओं को भी देने के लिये उत्सुक होते हैं, तथा अपनी भाषा में उसका अनुवाद करते हैं। यह अनुभव कुछ नया नहीं है।

आज दिन इंगलैंड का राष्ट्र अपने अनेक प्रकार के सामर्थ्य के कारण बहुत श्रेष्ठ गिना जाता है परन्तु कालवशात् यह सब सामर्थ्य यदि नष्ट भी हो जाय, तो भी, अनेक लोगों का यह कथन सर्वथा सत्य है कि, केवल शेक्सपियर ही "यावच्चन्द्रदिवाकरौ" इंगलैंड की कीर्ति स्थिर रखेगा। अकेले शेक्सपियर ने कल्पनातापूर्वक ३६ नाटक, ४ काव्य और ३ [illegible] भाग के नाटक, अर्थात् [illegible] ४३ ग्रन्थ लिखे। उसके ३६ नाटकों में से मराठी में [illegible] नाटकों का रूपान्तर और भाषान्तर हो चुका है, और [illegible] का मराठी रंगभूमि पर बहुत काल से प्रयोग भी हो रहा है। [illegible] स्वयं अंग्रेजी पढ़ने का जिन्हें सौभाग्य प्राप्त नहीं है उन्हें भी शेक्सपियर की कृति का आस्वाद मिल चुका है।* [illegible] शेक्सपियर का मत है और यह आज करीब करीब तीन वर्ष से [illegible] मूल ग्रन्थों का यथाशक्य और यथामति परिशीलन कर रहा है। इस बात [illegible] ग्रन्थों को पुनरावृत्ति आरम्भ करने समय यह [illegible] हुई कि [illegible] का [illegible] [illegible]

[illegible]

[illegible]

* [illegible]

शेक्सपियर।

[illegible] काश में सार्वदेशीय और सार्वकालीन बना देती है। [illegible] चाहे ऊपर ऊपर, दिक्कालों से अवच्छिन्न रहें, तथापि, वे अनवच्छिन्न से ही रहते हैं। वे मनुष्य-कृति की जो [illegible] पाठकों को दिखलाते हैं वे ऐसी ही होती हैं जो सब [illegible] सब काल में देखने को मिल सकती हैं। अस्तु। इस स्पष्टीकरण प्रस्तुत विवेचन में योग्य समय पर आवे हो गा।

कोई भी रचना हो, यदि उससे अपने मन को आनन्द [illegible] तो स्वाभाविक ही यह इच्छा होती है कि उसके विषय में [illegible] ज्ञान प्राप्त हो सके, प्राप्त किया जाय। यह रचना [illegible] उसका जन्म कहां हुआ? उसके मांबाप कौन थे? उसकी शिक्षा कैसे हुई? इसको ये रचनाएं इतनी आनन्ददायक कैसे [illegible] प्रकार के अनेक प्रश्न हमारे मन में उठते हैं और हम [illegible] दायक उत्तर प्राप्त करने के लिये उत्सुक होते हैं। सार्व[illegible] व्यक्ति की रचना सार्वजनिक होने पर उसका अन्तर्बाह्य सार्वजनिक होने लगता है। उसके बाह्य स्वरूप का ज्ञान [illegible] लिये, उसके समकालीन लोगों से, यथासम्भव उसके [illegible] ढूँढने का प्रयत्न पहले हु[illegible] है। इसी तरह, यदि उस[illegible] कालीन रंगचित्र मिलते हैं भी कल्पनातीत मूल्य देकर ले लिये जाते हैं। हमारे [illegible] यह हाल नहीं है। [illegible] महापुरुषों के निजी [illegible] लभ्य होना [illegible] चारित्र मिलने भी [illegible] आ[illegible]। [illegible] कला से खाली नहीं [illegible] केवल अपने ग्रन्थ-लि[illegible] से ही विख्यात हुए [illegible] प्राप्त तो कभी कभी मि[illegible] परन्तु जो अन्य प्रकार [illegible] जाति पर असंख्य उ[illegible] गये हैं उनके नाम भी [illegible] पाये जाते।

ऊपर जो बात हमने [illegible] के ग्रन्थकारों के सम्बन्ध [illegible] है वही बात शेक्सपियर [illegible] पय में भी कही जा [illegible] यद्यपि यूरोपियन लोगों [illegible] ज्ञाता अत्यन्त दृढ़ [illegible] तृप्त करने के लिये वे परि[illegible] प्रयत्न भी खूब करते हैं [illegible] शेक्सपियर की चारि[illegible] ऐसी बहुत कम बातें [illegible] हैं जिन पर पूरा-पूरा [illegible] किया जा सकता है। [illegible] को मरे आज तीन सौ [illegible] इतनी अवधि में उसके [illegible] खोज करने के लिये [illegible] ने प्रयत्न किया और [illegible] है, परन्तु उसके चरित्र [illegible] चार बड़ी बड़ी घटनाएं [illegible] कर और कोई भी विश्वसनीय बातें उपलब्ध नहीं हुईं। [illegible] और अनुमान प्रमाणों से ही उसके भक्तों ने उसके [illegible] की इमारत खड़ी कर ली है। इस कारण कुतर्की लोग [illegible] तैयार हुए कि उन्होंने भी पचास छोटी बड़ी पुस्तकें [illegible] यह साबित करने का प्रयत्न किया है कि "शेक्सपियर [illegible] कोई मनुष्य नहीं हुआ और यदि हुआ भी होगा तो [illegible] गंवार, मूर्ख और थोड़ा पुरुष होगा। ये ग्रन्थ उसके [illegible] हैं। ये सब ग्रन्थ बेकन ने लिखे और किसी कारण से [illegible] ने प्रसिद्ध करके उसके नाम से प्रसिद्ध कर दिये हैं।" [illegible] रहे, यहां पर, इन झगड़ों से कोई मतलब नहीं है, [illegible] का जो चरित्र उपलब्ध है वह यहां पर पाठकों को [illegible] जाता है।

शेक्सपियर का चरित्र।

१

[illegible] के अनुसार बहुत [illegible] [illegible] की [illegible] [illegible] का अनुमान है कि "[illegible]

किसी योद्धा के भाला घुमाने के कौशल के कारण पहले [illegible] हुआ होगा। अँगरेजी के 'शेक' (हिलाना) और 'स्पीयर' [illegible] इन दो शब्दों से 'शेक्सपियर' (Shakespeare) नाम [illegible]गा। यह तर्क कुछ निराधार नहीं है, क्योंकि हमारे देश में [प्राची]न काल में 'पिनाकी', (शंकर) 'परशुराम' तथा अर्वा[चीन का]ल में 'खड्गबहादुर', 'भालेराय' इत्यादि नाम पाये जाते [हैं।] विलियम शेक्सपियर के पहले भी 'शेक्सपियर' उपनाम [वाले] पुरुष इँगलैंड के बहुत से गाँवों में हो गये हैं। यह उप[नाम वि]शेष Yeomen (क्षत्रियों की तरह रहनेवाले किसान) [मे]ं बहुत पाया जाता था। अस्तु। महाकवि शेक्सपियर का [ना]म 'विलियम' था। उसके बाप का नाम जॉन था। इँगलैंड [के] परगने में स्निटरफील्ड नामक गाँव शेक्सपियर का मूल [स्थान] है। उसके (आजा तक) पूर्वज इसी गाँव में रह कर किसानी [व्य]वसाय करते थे। उसका बाप जॉन उस गाँव से चार मील [एव]न् नदी के किनारे स्ट्रेटफर्ड नामक गाँव में जा बसा और [स्व]तंत्रता के साथ खेती करके अपना निर्वाह करने लगा। [प]हले गाँव के लोगों की आवश्यकता की सब चीजों की [दुकान] खोली और वर्ष दो वर्ष के बाद उसी दुकान के मुनाफे से दो [मका]न ले लिये। उस समय के कुछ कागजपत्रों में यह भी उल्लेख [है] कि शेक्सपियर का बाप मांस बेचा करता था।

[यों] भी हो, जान शेक्सपियर ने जमीन आदि लेकर स्ट्राटफर्ड [में अ]पना स्थिर निवासस्थल बनाया और थोड़े ही समय में गाँव [के धनि]यों में उसकी गणना होने लगी। गाँव की म्युनिसिपैलिटी [में उस]का बड़ा मान होने लगा और धीरे धीरे गाँव के दीवानी [और] फौजदारी अधिकार उसको दिये गये। हिसाब रखनेवालों में [व]ह प्रसिद्ध हो गया। अब, अधिकारी की हैसियत से उसे कागजपत्रों पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता पड़ने लगी। यह अच्छी तरह लिख-पढ़ नहीं सकता था, अतएव वह कभी उन कागजपत्रों पर अपनी निशानी कर दिया करता [था।] हाँ, यह नहीं कहा जा सकता कि वह बिलकुल ही नहीं- लिख [सकत]ा था; क्योंकि कुछ कागजपत्रों पर उसके हस्ताक्षर भी पाये [गये] हैं। यह गाँव की म्युनिसिपैलिटी का अध्यक्ष था और अध्य[क्षता] छोड़ने के बाद हिसाब जाँचनेवाला नियत किया गया था। [ऐसे] भी प्रमाण मिले हैं कि जिनसे जान पड़ता है कि उसने म्युनि[सिपै]लिटी को कर्ज दिया था।

[जॉ]न शेक्सपियर ने आर्डेन नामक एक धनवान् और कुलीन [वंश] की लड़की से विवाह किया। स्त्री का नाम था मेरी आर्डेन। [पति]-पत्नी में प्रेम खूब था। उनके छः सन्तानें हुईं। उनमें से पहले [दो ल]ड़कियां हुईं, जो बिलकुल लड़कपन में ही जाती रहीं। और [तीस]रा लड़का हुआ। यही लड़का हमारे लेख का नायक जगत्प्र[सिद्ध]ृ महाकवि शेक्सपियर है। २२ या २३ एप्रिल सन् १५६४ में [प्र]थम शेक्सपियर का जन्म हुआ। साधारणतः २३ एप्रिल ही [उस]की सच्ची जन्मतिथि समझी जाती है, इसका कारण यह है कि महाकवि की मृत्यु उसी तारीख को हुई। ठीक जन्मतिथि कोई [नहीं जानता] हो, परन्तु उसके बाप्तिस्मा का संस्कार २६ एप्रिल १५६४ को [हुआ] था। इसका उल्लेख गाँव के मंदिर के बाप्तिस्मा-रजिस्टर में है।

[स्]ट्राटफर्ड आन एवान नामक गाँव में आज तक शेक्सपियर का [जन्म]गृह दिखलाया जाता है। यह घर दो घर मिल कर बना है। [पह]ले पास ही पास दो घर थे, एक पूर्व की तरफ और दूसरा [पश्चि]म की तरफ। इनमें से पश्चिम ओरवाला घर शेक्सपियर के [पिता] ने मोल लिया था। इस बात का प्रमाण भी मिला है। परन्तु [सन्] १५७५ में शेक्सपियर का जन्मघर कह कर जो गृह दिखलाया [जा]ता है वह पूर्व ओर का है। और इसी घर के पहले मंजिल पर [एक] कोठरी है—यही कोठरी, शेक्सपियर का जन्मस्थान कह कर, [बत]लाई जाती है। सन् १८०६ ई० तक ये घर हार्ट नामक एक [खा]न के अधिकार में थे, परन्तु १६ सितम्बर सन् १८४७ ई० में [कुछ] लोगों ने ये घर मोल ले लिये। उन्होंने चन्दा करके ये घर लिये [थे। इसी] चन्दे से ही ये दोनों घर मिलाये गये और उनका जीर्णोद्धार [क]िया गया। घरों का सब सामान-प्राचीन लकड़ी आदि-रानी [एलि]जाबेथ के जमाने का है। परन्तु, यह स्पष्ट ही है कि, जब दो [घरों] का एक घर कर दिया गया तब यह विस्तृत हो गया और उस [मका]न का सच्चा-आदि का-स्वरूप भी बदल गया। विस्तृत स्वरूप [हो]ने का कारण यह है कि यहां सार्वजनिक चन्दे से एक अजायब[घर] बनाया गया है। तथापि शेक्सपियर का जन्मस्थान और उसके [...] के नीचे का हिस्सा कायम है। सन १८६६ में यह सब जायदाद [चन्दे]वालों ने स्ट्राटफर्ड की म्युनिसिपैलिटी के अधिकार में कर दी, [औ]र उसके बाद सन् १८९१ ई० में पार्लिमेन्ट ने, एक स्वतंत्र कमेटी [नियत] कर, शेक्सपियर के गाँव का यह स्थान और लंडन का भी [उस]का निवासस्थल, इत्यादि उस कमेटी के अधिकार में दे दिया।

[स]न् १५६४ से लेकर सन् १५७२ तक, अर्थात् शेक्सपियर का [आठवां] वर्ष शुरू होने तक, बराबर जॉन शेक्सपियर का वैभव बढ़ता [गया]। उसकी सम्पत्ति और प्रतिष्ठा दोनों बढ़तीं गयीं। इस बात का प्रमाण मिला है कि सन १५६४ में जब स्ट्रेटफर्ड गाँव में प्लेग बड़े जोर-शोर से हुआ तब जॉन शेक्सपियर ने दीन दुर्बल लोगों को द्रव्य विषयक अच्छी सहायता दी। उसने, आगे चल कर, दो घर भी मोल लिये। गाँव की म्युनिसिपैलिटी की अध्यक्षता का मान भी उसे मिला। एक बार उसके गाँव में दो नाटकमंडलियां आईं उनका सम्मान भी उसीने किया। परन्तु सन १५७३ से उसकी उतरती-कला शुरू हुई-यहां तक कि वह, आगे चल कर, कर्जदार भी हो गया। इतना ही नहीं, बल्कि एक बार उसे दीवानी जेल की हवा-खान में भी रहना पड़ा!

इधर कुटुम्ब भी बढ़ने लगा। विलियम् (चरित्रनायक) को छोड़ कर गिलबर्ट, रिचर्ड और एडमंड नामक तीन लड़के उसके और थे। इनके सिवाय जोन और एन नामक उसके दो कन्याएं भी थीं। यह सब परिवार बड़ा हुआ। इनमें से सिर्फ कुमारी एन सन् १५७९ में ८ वर्ष की होकर मर गई।

ऐसी दशा में यह कुटुम्ब जल्दी ही कंगाल हो गया। परन्तु गाँव में मुफ्त शिक्षा दी जाने के कारण विलियम् शेक्सपियर को शिक्षा मिलती रही। उस समय अँगरेजी भाषा की वर्णमाला वर्तमान रीति से लिखने की प्रणाली न थी। एक और ही पुरानी प्रणाली थी। यह प्राचीन प्रणाली और अक्षरों की बनावट जर्मनी में आज भी जारी है। परन्तु इँगलैंड में रानी एलिजाबेथ के समय से इटालियन प्रणाली चल गई। तथापि गवंई-गाँव में उस समय भी प्रायः प्राचीन का ही अभिमान अधिक था। इस कारण यहां के स्कूलों में प्राचीन लिपि की ही चाल थी। इसके सिवाय अँगरेजी के साथ साथ लैटिन भाषा की भी उन स्कूलों में अच्छी पढ़ाई होती थी। ग्रीक भाषा के मूलतत्त्व भी उन स्कूलों में पढ़ाये जाते थे। बहुत लोग [illegible] [इटा]लियन और [illegible] कहीं कहीं [illegible] हैं, इसका [illegible] अनुवाद पढ़े होंगे। अँगरेजी भाषा के सिवाय शेक्सपियर को अन्य दूसरी भाषा नहीं आती थी। परन्तु यह सम्भव नहीं है। क्योंकि उसके समय में उपर्युक्त भाषाओं में से कई भाषाओं के अँगरेजी में अनुवाद ही न हुए होंगे। परन्तु शेक्सपियर बड़ा बुद्धिमान था और उसकी धारणाशक्ति भी बहुत दृढ़ थी, इस कारण, आवश्यकता-नुसार, उक्त भाषाओं का तात्कालिक ज्ञान प्राप्त कर लेना कुछ, उसके लिए, असम्भव नहीं था।

सन् १५७५ ई० में शेक्सपियर स्कूल में पढ़ने जाता था। उसी साल रानी एलिजाबेथ बड़ी धूमधाम के साथ अपने एक कृपा-पात्र सरदार अर्ल आफ लीस्टर के यहां निमन्त्रण में गई। यह उत्सव बड़ी तैयारी से हुआ था। अग्निक्रीड़ा, नाटक और अन्य नाना प्रकार के ललित खेल उस समय हुए थे। यह उत्सव-स्थल शेक्सपियर के गाँव से कुछ ही मील दूर था। गवंई-गाँव के लोग अपने निकट के ऐसे उत्सव देखने से भला कब चूकनेवाले थे! अतएव, सम्भव है कि शेक्सपियर भी अपने भाई-बहनों के साथ उक्त उत्सव देखने गया हो; क्योंकि उसके एक नाटक में, उसी उत्सव के सदृश, कुछ वर्णन आया है।

जान पड़ता है कि सन् १५७७ में विलियम् शेक्सपियर, अपने बाप की हीनावस्था के कारण, स्कूल छोड़ कर, अन्य काम करने लगा होगा। पांच साल वर्ष तक उसने सम्भवतः अपने बाप के व्यव-साय में ही सहायता दी होगी।

बाद को सन् १५८२ में करीब साढ़े अठारह वर्ष की अवस्था में शेक्सपियर का विवाह हुआ। उसकी स्त्री स्ट्राटफर्ड के पास ही रहनेवाले एक किसान की लड़की थी और वह उम्र में शेक्सपियर से आठ वर्ष बड़ी थी! इसका नाम था ऍन उर्फ आर्थीस। कदाचित् शेक्सपियर और आर्थीस ने, प्रेम-बन्धन में फँस कर, धार्मिक रीति से विवाह-संस्कार होने के पहले ही, केवल वाङ्निश्चय से ही, गांधर्वविधि से विवाह कर लिया। होगा पीछे से धार्मिक रीति से लग्न-संस्कार हुआ। इस सस्कार के छः मास बाद उस दम्पति के एक सन्तान हुई। इस सन्तान का नाम सूसाना था। इसके बाद करीब दो वर्ष शेक्सपियर अपने कुटुम्ब के साथ स्ट्राटफर्ड में रहा। इस अवधि में उसके यमज-सन्तान हुई-एक लड़का और एक लड़की-हैमनेट और जुडिथ। सन १५८५ के समाप्त होते होते, कभी न कभी, शेक्सपियर अपना गाँव छोड़ कर लंडन चला गया। तब से लेकर सन १५९६ तक, अर्थात् ११ वर्ष तक, फिर वह कौटुम्बिक सुख का अनुभव करने के लिए वहां से लौटा ही नहीं। इससे-कितने ही लोग यह अनुमान करते हैं कि उसका अपनी पत्नी पर कुछ विशेष प्रेम नहीं था। और वास्तव में ऐसा होना सम्भव भी है। युवावस्था में अविचार से किसी स्त्री के प्रेमपाश में फँस कर मनुष्य कभी कभी अपने को बद्ध कर लेता है, परन्तु दृढ़ परिचय होने पर एक दूसरे के दोष स्पष्ट दिखलाई देने लगते हैं। स्वभाव नहीं मिलता और नवीनता की हौंस भी खतम हो जाती है। इसके बाद खेद होना शुरू होता है। यही हाल शेक्सपियर के इस वैवाहिक सम्बन्ध में

हुआ होगा। कवि, नाटककार अथवा उपन्यासकर्त्ता लोगों के ग्रन्थों के वचनों से-उसमें भी पात्रों के मुख से कहलाये हुए वचनों से-कवि, नाटककार अथवा उपन्यासकर्त्ता लोगों के चरित्र के सम्बन्ध मे अनुमान निकालना बहुत भ्रामक है। परन्तु प्रसंग-विशेष में किसी पात्र के मुख से निकले हुए वचन इतने प्रभावशाली होते हैं कि पाठक के मन में यह बात आये बिना नहीं रहती कि ये वचन स्वानुभव-प्रेरित होने ही चाहिए। शेक्सपियर के वैवाहिक सम्बन्ध का वृत्तान्त जब मन में आता है तब उसके दो नाटकों के, दो पात्रों के, मुख के वचन अवश्य ही याद आ जाते हैं। ट्वेल्फ्थ नाइट नामक उसके नाटक में, दो पात्रों के संवाद में, एक पात्र ने दूसरे पात्र को जो उपदेश किया है वह इस अर्थ का है कि वर से वधू की उम्र अधिक होना सुखदायक नहीं होता।

Twelth Night or what you will नामक एक शेक्सपियर का नाटक है। उसमे एक ऐसा प्रसंग आया है:—एक राजा का मन एक सरदार की कन्या पर लगा था, परन्तु उस कन्या का प्रेम राजा पर नहीं था। इस लिए वह राजा से विवाह करना स्वीकार नहीं करती थी। राजा ने एक दूत उसके पास भेजा, ताकि वह राजा पर प्रेम करने लगे। यह दूत एक स्त्री थी, जो पुरुष-वेष में रह कर राजा की सेवा किया करती थी। यह स्त्री राजा पर मोहित थी। परन्तु राजा को इस बात की कल्पना भी न थी। बाद को एक दिन किसी प्रसंग पर राजा ने उस दूत से, साधारण ही, यह प्रश्न किया कि "क्यों रे, जान पड़ता है कि तू किसी स्त्री पर मोहित हो गया है। बतला, यह सच है या नहीं?"

दूत:—हां, महाराज, कुछ कुछ सच अवश्य है।
राजा:—वह स्त्री किस रंग की है?
दूत:—आप ही के समान है महाराज!
राजा:—तो फिर वह तेरे योग्य नहीं। भला उम्र कितनी है?
दूत:—आप ही की इतनी उम्र होगी, महाराज!
इस पर राजा कहता है:—

Too old, by Heaven. Let still the woman take
An elder than herself, so wears she to him,
So sways she level in her husband's heart,
For, boy, however we do praise ourselves,
Our fancies are more giddy and unfirm,
More longing, wavering, sooner lost and worn,
Than women's are.

VIOLA —I think it well my lord.

DUKE —Then let thy love be yonger than thyself,
Or the affection cannot hold the bent:
For women are as roses, whose fair flower,
Being once displayed, doth fall that very hour.

Act II. Sc IV.

इस अवतरण में राजा ने अपने दूत को स्पष्ट रीति से यह उपदेश किया है कि "स्त्री जब अपने से बड़े पुरुष के साथ विवाह करती है तभी उसे सुख होता है, और पति का प्रेम वह अपनी ओर खींच भी सकती है। क्योंकि पुरुष अपने प्रेम की दृढ़ता पर चाहे जितनी आत्मश्लाघा किया करें, तथापि इसमें कोई सन्देह नहीं कि स्त्रियों के प्रेम की अपेक्षा पुरुषों के प्रेम में चंचलता अधिक होती है। लहर के आते ही वे बड़ी उत्कंठा से किसी स्त्री का स्वीकार कर लेते हैं, परन्तु पीछे से ज्योंही उनका मन चंचल हुआ कि बस थोड़े ही अवकाश में उनका प्रेम न जाने कहां चला जाता है। अतएव, हे लड़के! तू अपने से कम उम्रवाली स्त्री का प्रेमी बन। तभी उस पर तेरा प्रेम रहेगा। क्योंकि स्त्रियां गुलाब के पुष्प के सदृश होती हैं। उनकी सौन्दर्य-कलिका का विकास देख कर पुरुष का मन मोहित होने भी नहीं पाता कि तुरन्त ही उसकी दृष्टि में वह कुम्हलाई हुई सी भी दिखने लगती है!"

इस सम्पूर्ण कथन का सारांश इतना ही है कि पुरुष को चाहिये कि वह अपने से बहुत अधिक उम्रवाली स्त्री से-प्रेम की क्षणिक लहर में आकर-विवाह न करे। ऐसा करने से उसे शीघ्र ही पश्चात्ताप करने का अवसर आता है।

ऊपर दिया हुआ अंग्रेजी का सम्पूर्ण अवतरण पढ़ने पर और स्वयं शेक्सपियर की पत्नी की उम्र मन में लाने पर, अवश्य ही जान पड़ता है कि उपर्युक्त पंक्तियों में उसके आत्मानुभव के ही उद्गार हैं।

अब टेम्पेस्ट-नामक-नाटक की पंक्तियां देखिये। प्रॉस्पेरो ने जब अपनी कन्या मिरांडा के योग्य वर पाया और यह भी देखा कि उन दोनों का परस्पर प्रेम भी है तब वह अपने भावी दामाद से कहता है:—

PROSPERO—Then, as my gift and thine own acquisition,
[illegible] take my daughter: but,
If thou dost break her [illegible],
[illegible]
[illegible]
No sweet aspersion [illegible] let fall
To make this [illegible] grow; but barren hate,
Sour-eyed disdain, and discord shall bestrew
The union of your bed with weeds so loathly,
That you shall hate it both: therefore take heed,
As Hymen's lamps shall light you.

Tempest Act. IV Sc. I

उपर्युक्त अवतरण का सारांश इतना ही है कि "मैं अपनी कन्या तुझे देता हूं और तू इसके योग्य है भी, तथा [illegible] गुणों से ही इसे प्राप्त किया है। परन्तु धर्मशास्त्र [illegible] ग्रहण करने के पहले यदि तूने उसका कौमार्य हरण कि[illegible] कभी हित नहीं होगा। परमेश्वरी कोप होगा। तुम [illegible] आजन्म दुःख भोगना पड़ेगा। झगड़े मचेंगे, लड़ाई [illegible] तुम्हारी शय्या कंटकमय होगी।" इ० इ० इ०

ये वचन भी इतने प्रभावशाली हैं कि इन्हें पढ़ते समय [illegible] में आता है कि आत्मानुभव की प्रेरणा बिना ये उद्गार नहीं [illegible] होंगे। इसी प्रकार के आधारों से कहा जा सकता है कि [illegible] शेक्सपियर के हाथ से ऐसी कुछ भूलें हुई और उन्हीं के [illegible] भोगने पड़े। शेक्सपियर के नाटकों में कॉमेडी आफ एरर्स [illegible] एक नाटक है। इस नाटक में आड्रियाना नामक एक [illegible] का वर्णन आया है। वह भी अपने पति से उम्र में बड़ी थी। [illegible] संशय यह था कि "मेरा पति युवक है और मैं उससे [illegible] हूं, अतएव मेरी सुन्दरता अवश्य ही उतर गई होगी और [illegible] रण मेरे पति का चित्त मुझमें नहीं रमता-उसका चित्त [illegible] ओर अवश्य गया है!" इसी संशय के कारण वह अपने [illegible] खुले दिल बर्ताव नहीं करतीथी। ऐसी संशयी स्त्रियां [illegible] देखी जाती हैं। शेक्सपियर की पत्नी भी इसी स्वभाव की [illegible] इसी कारण शेक्सपियर कई वर्ष तक, उससे अलग रह कर [illegible] में बना रहा। उतरती उम्र में फिर वह अपनी स्त्री के [illegible] सुख से रहने लगा। ऐसे मनुष्यों के उदाहरण सब [illegible] पाये जाते हैं कि जो युवावस्था में तो अपनी पत्नी से [illegible] का बर्ताव करते हैं और उसके सहवास से उकताते हैं, परन्तु [illegible] के ढल जाने पर फिर उसीके साथ सुख से रहते हैं। शेक्सपियर की भी यही दशा हुई होगी। क्योंकि पहले तो वह लंडन में कई वर्ष [illegible] अपने गांव को गया ही नहीं, और फिर जब वह दूसरी बार लंडन को भी नहीं लौटा।

हम ऊपर यह कह ही चुके हैं कि कवि, उपन्यासकर्त्ता [illegible] विशेषतः नाटककार लोग जो व्यक्तियों के चित्र अपने [illegible] में खींचते हैं उनमें स्वयं उन ग्रन्थकर्त्ताओं, या उनसे सम्बन्ध [illegible] वाली व्यक्तियों, के चरित्र के विषय में अनुमान करते हुए, [illegible] यही न समझना चाहिये कि, हम सत्य घटना तक पहुंच [illegible] हैं। परन्तु यह भी नहीं हो सकता कि उक्त प्रकार के अनुमान [illegible] हम सदा सत्य से बहुत दूर ही बने रहें। हमारे अनुमान [illegible] वचनों और चित्रों के आधार पर स्थित हैं उन पर उन [illegible] की दृढ़ता अवश्य ही सधी रहेगी।

"वंशी"

बजी प्रिय श्याम की वंशी, अहाहाहा, अहोहोहो!
हुए मोहित सभी के मन, अहाहाहा, अहोहोहो!
मधुर कैसी धुनी सोहै, सकल सुर नर के मन मोहै,
हुआ तल्लीन मन मेरा, अहा०
मचा आनन्द कुंजन में प्रमुद छाया मधोवन में,
लता तरु गुल्म भाते हैं, अहा०
पपीहा कर रहा पीपी, मनोहर मोर नचते हैं,
शुकी शुक सारिका बोलें, अहा०
अविद्या के हटे बादल, हुई विद्या धुले मन मल,
उगा सूरज दिया तम दल, अहा०
रहे ना द्वेष लोभादि, मिटे सब काम क्रोधादि,
गई दुविधा सभी दिलकी, अहा०
विविध पटले हटे दिल के, कटी माया मिटे भ्रम सा
हुई झांकी कन्हैया की, अहा०
न दिखता है न चोरी है, न मिथ्या है न माया है,
हुए सब प्रहसन भोगी, अहा०
रहा कोई नहीं दुश्मन, हुए निर्मल सभी के मन
बसे आ मन में मन-मोहन, अहा०
जहां मैं मेरी [illegible] है, वे हर गुल में [illegible] है,
जहां देखूं वहां [illegible] है, अहा०
[illegible] है तू, मैं लहरें हूं, सुमन है तू, मैं सौरभ हूं
पवन तू मैं हूं शीतलता, अहा०
[illegible] तू है मैं आभा मैं, जो [illegible] तू तो मैं [illegible]
[illegible] न भेदों मैं [illegible], अहा०
तुम्हीं [illegible] तुम्हीं दिनकर, तुम्हीं [illegible] हरि [illegible],
[illegible] है [illegible] सब [illegible], अहा०

श्री[illegible]

दीवान बहादुर आर० रघुनाथराव सी० एस० आई० ।

प्रस्तावना ।

[illegible]द्रास प्रान्त के सर्वमान्य राजनैतिक और सामाजिक नेता [illegible]न बहादुर रघुनाथराव रूद्रेगुंडम् के स्वर्गवास से भारत-वर्ष [illegible]एक अत्यन्त अमूल्य पुरुषरत्न उठ गया ! यों तो भारत का ऐसा [illegible] भी प्रान्त नहीं था जहां की सार्वजनिक हलचल में इनका हाथ [illegible]हता हो, परन्तु खास कर मद्रास प्रान्त की सब लोकोपयोगी [illegible]थाओं से इनका सम्बन्ध था । वहां के लोग इन्हें महर्षि कहते [illegible]। ये वृद्ध महर्षि अपनी ८२ वर्ष की अवस्था में, गत तीसरी मई [illegible] इस असार संसार को छोड़ कर, पर-लोक सिधारे । चित्र-[illegible]जगत् के प्रेमी पाठकों को आज हम इस महापुरुष का संक्षिप्त [illegible]त सुनाते हैं । आशा है कि हमारे नवयुवक पाठकगण इनके [illegible]ण-चिन्हों पर चल कर अपना जीवन सार्थक करेंगे ।

जन्म और शिक्षा ।

अमेरिका में कृषिशिक्षा के जो अनेक प्रयत्न हो रहे हैं उनके मुख्य कर दो विभाग किये जा सकते हैं। एक वह, जो राष्ट्रीय सरकार की ओर से प्रत्यक्षतः अथवा सार्वजनिक रीति से हो रहा है और दूसरा वह जो प्रत्येक रियासत की प्रान्तिक सरकार की ओर से सिर्फ उसी रियासत की प्रजा के लिए हो रहा है। प्रस्तुत लेख में हम इन विभागों को सस्थाएं Institutions कहेंगे। इस संस्था

ओं की ओर से दो प्रकार के काम हो रहे हैं:—प्रथम; खाद, यंत्र, बीज, जानवर, चारा, इत्यादि के विषय में, भिन्न भिन्न भागों की स्थिति के अनुसार, प्रयोग करना और दूसरा, सब प्रकार से उपलब्ध किये हुए ज्ञान का, अनेक रीतियों से, सर्वसाधारण में प्रचार करना। ये दोनों काम सरकार की ओर से सतत हो रहे हैं। इनके सिवाय इन संस्थाओं के द्वारा एक और कार्य हो रहा है। वह यह कि 'केवल विज्ञान' (Pure science) में भी कृषिसम्बन्धी आविष्कार किये जा रहे हैं। यह तीसरा कार्य 'केवल विज्ञान' की दृष्टि से और खेती की जगह के सुधार की दृष्टि से, बड़े महत्त्व का है। परन्तु किसानों की आधुनिक दशा के लिए ये आविष्कार कुछ बहुत उपयोगी नहीं हैं क्योंकि इन आविष्कारों का कृषिकर्म में घटित करने के लिए बहुत समय चाहिए। उदाहरणार्थ, उपर्युक्त संस्थाओं के



काष्ठ शिल्प और लोह-शिल्प सीखनेवाली एक श्रेणी।

द्वारा, दस बारह वर्ष पहले जो आविष्कार हुए उनका व्यावहारिक उपयोग अभी एक दो ही वर्ष से होने लगा है। उन संस्थाओं के इन तीन प्रकार के कार्यों में से हम यहां पर सिर्फ एक का ही—अर्थात् कृषिसम्बन्धी ज्ञान के प्रचार का ही—विचार करते हैं।

अमेरिकन लोगों में, कृषिशिक्षा और उसके साधनों का प्रचार होने के लिए जो अनुकूल परिस्थिति है उसके कुछ अंग पहले, यहां पर, जान लेना आवश्यक है। पहला महत्त्वपूर्ण अंग यह है कि



[illegible] दूसरी श्रेणी।

[illegible]

अमेरिका में कृषिशिक्षा के अनुकूल परिस्थिति का
यह है कि यहां राष्ट्र के एक कोने से लेकर दूसरे
ही भाषा—अर्थात् अंगरेजी—का प्रचार है। अतएव
सारे राष्ट्र में, शिक्षा का प्रचार हो जाता है। भारत
प्रजा में ही अनेक भाषाएं प्रचलित हैं, फिर उसमें भी
एक ओर ही भाषा नियत करती है।

अनुकूलता का तीसरा महत्वपूर्ण अंग यह है कि
साधारण (Common) शिक्षा भी ओतप्रोत भरी
कारण सरकार की ओर से कृषिसम्बन्धी जो बातें



पौधे काटने के बाद जड़ें डोरियों से उखाड़ने
कृति सीखनेवाली एक श्रेणी।

जाती हैं वे सब बातें लोग अच्छी तरह समझ लेते हैं।
९०।९.४ सैकड़ा लोगों को लिखना पढ़ना आता है।
रण शिक्षा के कारण कृषिशिक्षा के विषय कितने
इसका प्रत्यय एक ही बात से मालूम हो सकता है।
किसान, अपनी जमीन में, जो रासायनिक द्रव्य



घास मिलाने का यंत्र (मशीन)

[illegible]

सूर्य का प्रकाश पहुँचता है तथा नाइट्रोजन उत्पन्न करनेवाले बैकटीरियों में चैतन्य आता है। परन्तु इस प्रकार के वैज्ञानिक आविष्कार भारत के अपढ़ किसानों को समझाना मानो अपना ही सिर पच्ची करना है। आज कल जिस जमीन पर कम से कम वर्ष में बारह इंच वृष्टि होती है उसमें 'ड्रायफार्मिंग' की रीति से, गेहूं और बाजरा के समान, फसलें अच्छी उपजती हैं। यह बात वहां सप्रयोग सिद्ध हो चुकी है। और इसी कारण उजाड़ प्रदेशों में भी खूब आबादी होने लगी है। परन्तु भारत के किसानों पर वैसी बातों का प्रभाव पड़ने के लिए बहुत समय चाहिए। अमेरिका के लोगों का और भी मत है, कि कृषिशिक्षा वा काम करनेवाले लोग



घास भिगोने का एक दूसरा " सायलो "।

"स्वदेशी ' होने चाहिए। अर्थात् ये लोग जहां काम करते हों उसी विशिष्ट भाग के पैदा हुए, बड़े हुए, और उस भाग की उन्नति में सहानुभूति रखनेवाले होने चाहिए। अमेरिका की शिक्षा-संस्थाओं में लोग ऐसे ही होते हैं। इस कारण लोगों की आवश्यकताएं, अड़चनें, भिन्न भिन्न प्रदेशों की दशा की विशेषता, इत्यादि का उन्हें अच्छा ज्ञान होता है, इस कारण अमेरिका में कृषि शिक्षा का कार्य सफलता से होता रहता है। कृषिशिक्षा यह शास्त्र नहीं है कि जो इतिहास, भूगोल अथवा बीजगणित की तरह सदा एक ही स्थिति

विद्यार्थी एक पौधे की कलम तैयार कर रहे हैं।

[illegible] करना हो और [illegible], भारत, चीन, अफ्रिका आदि देशों में एक रूप से ही [illegible] जा सकता। [illegible] यह शास्त्र भिन्न भिन्न देशों की भिन्न भिन्न [illegible] में भिन्न [illegible], [illegible] रहता है। [illegible]

सकते हैं। परन्तु, जैसा कि हम ऊपर कह चुके हैं, भा[रत] इस विषय में बिलकुल ही भिन्न है। सरकार की ओर से जो थोड़े से हस्तपत्रक प्रसिद्ध होते हैं उनके पढ़ने का लाभ भारत के किसानों में नहीं है। इस पर स्वाभाविक ही यह मह[त्व]पूर्ण प्रश्न उठता है कि तो फिर इस स्थिति का उपाय क्या है? अपन[ी] प्रारम्भिक शिक्षा की दशा, लोगों की दीनावस्था, खेती की अत्यन्त निकृष्ट दशा, इत्यादि बातों पर ध्यान रखते हुए मुझे तो एक ही

विद्यार्थी अंगूर की बेल के गट्ठे तैयार कर रहे हैं।

उत्तम उपाय सूझता है, और वह यह कि, चारों ओर प्रयोगशालाओं, वैज्ञानिक व्याख्यानों और डिमान्स्ट्रेशनों का फैलाव होना चाहिए। भारतीय किसान से सिर्फ यदि यही कहा जाय कि "तू यह 'हैंडबिल' (हस्तपत्रक) पढ़" तो उससे उसे क्या लाभ पहुंच सकता है? क्योंकि वहां तो "काला अक्षर भैंस बराबर" वाली कहावत चरितार्थ हो रही है! अतएव प्रत्यक्ष कृतियों और प्रयोगों से ही भारत के किसानों को कुछ लाभ हो सकता है। ये कृतियां और प्रयोग किसानों की झोंपड़ी में नहीं तो भी गांव पर तो होना चाहिए। इसके सिवाय सरकार को चाहिए कि वह कृषि के नवीन हथियार और यंत्र किसानों को बहुत कम भाड़े पर दिया करे। ऐसा करने से, भारत में, इन नवीन यंत्रों का प्रचार हो सकता है। यह आशा निस्सन्देह सहज ही में सफल हो सकती है। क्योंकि इन यंत्रों से मजदूरों की बहुत बचत होगी और पैदावार भी बढ़ेगी।



गायों के लिए [illegible] की एक श्रेणी [illegible] से दुहने के लिये [illegible] है।

[illegible]

[illegible]

ओं की ओर
वीज, जु
स्थिति
...

क बात और है, कि यंत्रों से जो
से हो भी नहीं सकता। इससे
कि उपर्युक्त कथन में कोई तथ्य
र यांत्रिक क्रिया को उपेक्षा करना
न में रखनी चाहिए कि भारत में
दशा किसी समय अमेरिका में भी
सन् १९१० की वार्षिक रिपोर्ट में
मजदूरी" इस विषय पर एक लेख
ही बातें बड़े महत्व की हैं। पहले
काम हाथ से किया जाता था तब

जिस समय कृषि का बहुत ... एक बुशल मक्का की फसल तैयार करने समय जिस काम के लिए साढ़े चार घंटे लगते थे वह अब यंत्र की सहायता से सिर्फ एक-चालीस मिनट में हो जाता है। पहले मक्का के भुट्टे से एक बुशल अनाज तैयार करने में एक मनुष्य को सौ मिनट लगते थे; परन्तु आज यंत्र से प्रति मिनट एक बुशल अनाज तैयार होता है! पहले साठ पौंड गेहूँ उत्पन्न करने में अनुमान से तीन घंटे, तीन मिनट लगते थे, परन्तु अब सिर्फ दस ही मिनट में साठ पौंड गेहूँ किसान उत्पन्न करता है। यंत्र-सामग्री हाथ में आ जाने के कारण थोड़े ही समय में बहुत सा काम होने लगा और बंजर जमीन भी लोग जोतने लगे; तथा प्रति एकड़ और प्रति मन खर्च भी कम लगने लगा। इससे गेहूँ और मक्का इत्यादि अनाज अमेरिका से बाहर भी सहज में जाने लगे और गेहूँ का व्यापार बढ़ा।

ऊपर की स्थिति के लिए मक्का की फसल का उदाहरण अच्छा होगा। सन् १८६६ में कुल ३,४३,-०३,००० एकड़ जमीन में इसकी फसल बोई गई थी, वही, सन् १८८६ में ७,६,१४०८० एकड़ हो गई और १९१० में १२,४०,०२,००० एकड़ जमीन में लोगों ने मक्का बोई। अर्थात् चालीस वर्ष में मक्का की फसल करीब करीब चौगुनी बढ़ गई! इसी हिसाब से कुल उत्पन्न में वृद्धि हुई। सन् १८६६ में ८६,७१,४१,००० बुशल, १८८६ में १,६६,५४,१,००० बुशल और १९१० में २,१२,५७,१२,००० बुशल मक्का उत्पन्न हुई! अर्थात् ४० वर्ष में कुल पैदावार भी चौगुनी बढ़ी। हाँ, प्रति एकड़ की पैदावार की मक्का की पैदावार में कुछ बहुत सा अन्तर नहीं देख पड़ता। इसका कारण यही है कि यह सब देश का औसत-अंदाज है। सन् १८६६ में प्रति एकड़ २४ बुशल, १८८६ में २२ और १९१० में २७ बुशल का हिसाब लगा था।

अमेरिका की कृषिशिक्षासम्बन्धी जिन संस्थाओं का ऊपर उल्लेख हुआ है उनमें से हम पहले युनाइटेड स्टेट्स् की सरकार के कृषि-विभाग की जो विस्तृत संस्था है उसीका विचार करते हैं। अमेरिकन सरकार के कृषिविभाग के समान बड़ा, उद्योगी, ... और आविष्कारक अन्य कोई विभाग संसार के किसी ... भी नहीं है। यह बात सर्वमान्य है। यह विभाग यद्यपि ... पुराना है, तथापि इसकी अधिक वृद्धि अभी दस ही बारह ... हुई है। कृषिशास्त्र में जो अनेक वादविवाद उत्पन्न हो चुके ... वर्तमान समय में हो रहे हैं उनमें से बहुतों का ... कार का कृषिविभाग ही है। इधर सृष्टि के नाइट्रोजन ... (Fixation of free Nitrogen) जो वाद हो रहा है ... पहल अमेरिकन सरकार के कृषिविभाग की ही ओर ... विचार है कि, मैं फिर कभी, अवकाश मिलने पर, "संसार की कृषिशास्त्रोद्धारक मुख्य संस्थाएं" इस विषय पर एक लेख ... मयजगत्" में लिखूंगा। उसमें, अमेरिकन सरकार के ... का इतिहास और उसकी कृषिशास्त्र-सेवा के समावेश ... विचार है। अतएव यहां पर, इस विषय में विस्तार ... आवश्यकता नहीं है।

अमेरिकन सरकार के ... भाग की ओर से ... जो अनेक प्रयत्न हो रहे ... मुख्य प्रयत्न यह है। ... कृषिशास्त्र ... और अन्य सदैव लोगों में ... किया करती है। देश के भिन्न भागों में अथवा प्रत्येक ... मुख्य गावों में कृषिविभाग ... से कृषिव्यवसाय की ... चने और अन्य सुधार के ... प्रयोग होते रहते हैं। तथा ... के लोग भिन्न भिन्न प्रदेशों ... कर कृषि का अवलोकन ... किसानों को उचित ... करते हैं। कृषि के ...

विद्यार्थियों की एक श्रेणी खेत में मेड़ों की परीक्षा कर रही है।

कृषि के आचार के अनुसार उपर्युक्त बातों पर ... सदा हस्तपत्रक तैयार करते रहते हैं। इस प्रकार के ... मास प्रसिद्ध करके, लोगों में मुफ्त बांटे जाते हैं। इस विभाग ... से सिर्फ वैज्ञानिक स्वरूप के जो अनेक पत्रक ... रहते हैं उनका प्रचार केवल तज्ञ लोगों में ही होता ... उचित कीमत उन लोगों से ली जाती है। परन्तु ... किसानों के लिए जो पुस्तकें उपयोगी होती हैं वे ... बांटी जाती हैं। इसी प्रकार विभाग और अन्तर्विभागों ... तथा छमाही, इत्यादि रिपोर्ट, वायुमंडल-समाचार, ... होते हैं और उनमें अच्छे अच्छे लेख भी रहते हैं। ...

इस विभाग ने कुल ३२ लाख हस्तपत्रक बिना मूल्य ... निकाले और सब प्रकार के विज्ञापनपत्र प्रकाशित करने ... डालर खर्च हुए।

सरलते !

१

[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

२

[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

३

हे [illegible] ! [illegible]-[illegible] !
[illegible] !
[illegible]
[illegible]

४

[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

५

पावन पर्ण-कुटीर पञ्च-सरिता-[illegible]-स्थित,
[illegible]-चंद्रिका-[illegible] आर्य-[illegible]-[illegible]
[illegible]-सुगन्ध-पूर्ण प्रथम जन्म तेरा सुखकारी।
मनो उल्लसित हुई शान्ति जन-मन-[illegible]।

६

देख क्रौञ्च-वध, हाय! आदि कवि ने दुख पाया।
[illegible]-[illegible], [illegible]-[illegible], [illegible] जो था [illegible]
अहा! वहीं से तुम [illegible] के [illegible]
[illegible] हुई प्रकट [illegible]॥

७

[illegible] गूढ़, [illegible]।
[illegible] अधर्म, [illegible]-[illegible], [illegible]
[illegible] हुई [illegible] पट में उनके।
पूर्ण [illegible], यथा पुत्र-[illegible] [illegible]

८

[illegible]-[illegible]! [illegible] तुम्हारी [illegible] कैसे?
[illegible] दिखाता [illegible]! [illegible]
[illegible], [illegible], जीवन [illegible]।
[illegible], [illegible]-[illegible]-[illegible], [illegible]-[illegible]

—[illegible]

स्वर्गीय जापान-सम्राट् मुत्सुहितो।

१ २९ जौलाई को एशिया के सब से बडे प्रभावशाली जापान-
् का शरीरपात होगया। इन्हींकि शासनकाल में और इन्हीं-
त्व में एशिया के जापान ने यूरप के प्रथम श्रेणी के राष्ट्रों को
रों का सन्मान प्राप्त किया। जापान को इस उन्नत दशा पर
ाले, उसके जनक, यही थे। इन्हींका महत्त्वपूर्ण संक्षिप्त चरित
चित्र आज हम अपने प्यारे पाठकों को समर्पण करते हैं।

ास समय जापान देश आत्म-संतुष्ट था, उसे अपना धर्म, अपना
ान, अपना रीति रवाज, अपना साहित्य, इत्यादि सब कुछ
् मालूम होता था और जिस समय बादशाह के प्रतिनिधि की
पर, राजकाज देखनेवाले 'शृगन' दल और अपनी जमीन का
करके अपना पेट भरनेवाली प्रजा से फौजी नौकरी लेने का
ाकार रखनेवाले जमींदार-दल की थेष्ठता थी उस समय मौन
धर सन् १८५२ को स्व-
' जापान-सम्राट् मुत्सु-
ो का जन्म हुआ। सन्
= में, अर्थात् १६ वर्ष
अवस्था में, ये गद्दी पर
. १८६६ में एक सरदार
कन्या 'हारुको' के
थ इनका विवाह हुआ।
ाट् मुत्सुहितो अत्यन्त
शियार और दूरदर्शी थे,
कारण इन्होंने अपने
' में यह बात पूरे तौर
समझ ली कि अब अ-
ो पहले की एकदेशी
ा छोड कर जापान को,
ने में, पश्चिमी राष्ट्रों से
टक्कर लगाने का सा-
र्थ्य लाना चाहिए। इस
ेश्य की पूर्ति के लिए
होंने सैकडों जापानी
रुण यूरप और अमेरिका
भेजे, तथा उनके द्वारा
नेक विषयों और शास्त्रों
ा ज्ञान अपने देश में फै-
ाया। एक बार अमेरिकन
मांडर पेरी ने जापान ब-
ंर पर व्यापार करने के
ए जापान से अधिक
ाधिकार मांगे। परन्तु जा-
न के 'शृगन' दल ने
ब उन अधिकारों के देने
। इन्कार किया तब कमां-
र पेरी ने तोपों के गोले
रसा कर 'शृगन' दल से
' अधिकार प्राप्त कर लिये।
स पर 'शृगन' के विरुद्ध
ापान की प्रजा ने बडी
लचल मचाई। अतएव,
न्त में 'शृगन' ने अपने
ाम से इस्तीफा देकर अ-
ने सब अधिकार राजा के
सिपुर्द कर दिये। इसी प्रकार जमींदार-दल ने भी अपनी
मीन और अपने सब प्राचीन अधिकार राजा को अर्पण कर दिये।
स कारण, अब, सम्पूर्ण राष्ट्र पर जापान-सम्राट् की पूर्ण सत्ता
ो गई। परन्तु सम्राट् मुत्सुहितो ने उस सत्ता का दुरुपयोग नहीं
िया, किन्तु उन्होंने देश और प्रजा के हित के लिए अपने निज के
धिकार भी कम कर लिये। उसी समय जापान की राजधानी
यूटो से टोकियो में उठा ली गई। जापान-सम्राट ने उसी समय
ह यह नीति स्वीकार की कि जनसभा नियत करके राज्यकार्य में प्रजा
ी सम्मति अवश्य लेनी चाहिए, सारा राजकाज इस प्रकार करना
ाहिए, ताकि प्रजा को सुख और समाधान हो, राष्ट्र के कल्याण
े लिए शिक्षा का प्रचार करना चाहिए और पुरानी रीति-भांति में
ी त्रुटियां हों उनका त्याग करके, सब लोगों की सहायता से, अपने

स्वर्गीय जापान-सम्राट मुत्सुहितो।

देश की उन्नति करनी चाहिए। इन सब बातों का उन्होंने अक्षरशः पालन किया। अपराधियों को कष्ट देने की रीति उन्होंने बन्द की। भिन्न देशों की न्यायप्रणाली का निरीक्षण करके उचित न्यायप्रणाली और कायदे-कानून उन्होंने अपने देश में जारी किये। सन् १८७२ में जापान में पहली रेलवे-लाइन तैयार हुई; यूरोपियन कालमापन-प्रणाली स्वीकार की गई; स्कूल और कालेजों के द्वारा सारे देश में अँगरेजी, इत्यादि उन्नत विदेशी भाषाओं का प्रचार किया गया। भिन्न भिन्न भाषाओं का साहित्य, भिन्न भिन्न व्यवहारोपयोगी शास्त्र और व्यवसाय, भिन्न भिन्न प्रकार के कलाकौशल, इत्यादि की भरपूर शिक्षा जापानी लोगों को मिलने के लिए और उस ज्ञान को कार्य-रूप में परिणत करने का सामर्थ्य लाने के लिए, जापान-सम्राट् की ओर से, पराकाष्ठा का प्रयत्न किया गया। इस प्रयत्न में कैसी सफलता प्राप्त हुई यह आज सारे संसार को मालूम है। इंगलैंड की जहाज बनाने और नौसेना रखने की प्रणाली, जर्मनी की सैनिक टोपखाना और वैद्यविद्या, फ्रान्स और इटाली की गायन और ललितकला, इत्यादि भिन्न भिन्न प्रकार का ज्ञान अपनी प्रजा में फैला कर सम्राट् मुत्सुहितो ने अपने देश का उद्धार किया। परदेशी भाषा, परदेशी विचार, परदेशी रीति रिवाज, किंबहुना परदेशी पहनाव तक उन्होंने अपनी प्रजा से स्वीकार कराया; परन्तु ध्यान में रखने की बात यह है कि इस परकीयता से उन्होंने स्वदेशभक्ति और राजभक्ति में कुछ भी धक्का नहीं लगने दिया। उन्होंने जापानी प्रजा को यह सिखा दिया कि जिस विदेशी बात का स्वीकार किया जाय वह सिर्फ स्वदेश के हित के लिए ही होना चाहिए, जिस बात से अपने राष्ट्र का हित नहीं होता होगा उसकी ओर देखना भी न चाहिये। यह बात कुछ सहज नहीं थी, यह कुछ मामूली बात नहीं थी कि पुराणाभिमानी लोगों को पश्चिमी सम्कृति का अमुक स्वीकार कराया जाय और, पश्चिमी समाजों-द्योग से निकलनेवाली ब-दिग से उन्हें दूर रख कर, उनके द्वारा देशोद्धार का पवित्र कार्य करा लिया जाय—नहीं, नहीं, उसमें प्रथम श्रेणी की सफलता भी प्राप्त कर ली जाय अतएव, इसका विचार पाठकगण स्वयं कर सकते हैं कि इस कार्य में सम्राट् मुत्सुहितो ने कितना परिश्रम किया होगा। पुराणाभिमानी लोगों ने सम्राट् के विरुद्ध बार बार बलवा किया; परन्तु सब को शान्त करके उन्होंने अपने सुधार का काम बराबर जारी रखा। वे जापान के सुदृढ तरुण लोगों को भिन्न भिन्न देशों में भेज कर, भिन्न भिन्न प्रकार के विषयों का ज्ञान अपने देश में मंगाते, ऐसे ऐसे उनका कथन सुन कर, उनके भेजे हुए रिपोर्ट पढ़ कर, एकान्त में—रात के दो दो बजे तक—शान्ति के साथ विचार करते और पर निश्चय करते, कि इनमें से जापान के लिये क्या क्या हितकर होगा, और, इसके बाद, योग्य मनुष्यों को, उनके योग्य कर्त्तव्य सौंप कर, उनके कार्यों पर स्वयं दृष्टि रखते और सम्पूर्ण

कर्तव्य सफल करवाते थे।

मुत्सुहितो सर्वसाधारण जापानी की अपेक्षा ऊंचे-पूरे, मजबूत तथा मितभाषणी, गम्भीर विचारवान्, राजनीतिज्ञ और कर्तव्यदक्ष थे। वे बहुत पढ़ते और सुनते थे, पर बहुत ही कम बोलते थे। उनके बर्ताव-व्यवहार में अभिमान प्रकट होता था, और उनका निश्चय दृढ़ था। अपने देश और अपनी प्रजा पर उनका निस्सीम प्रेम था, और उनकी यह महत्वाकांक्षा थी कि हमारी प्रजा सुखसमृद्धि से सम्पन्न हो, तथा हमारा राष्ट्र संसार के बड़े राष्ट्रों में गिना जाय। और उनकी यह महत्वाकांक्षा, उनके गम्भीर और दूरदर्शी मंत्रियों की सलाह से, देशभक्तों की कर्तव्यदक्षता से और स्वयं उनकी कार्यकुशलता से उन्हींके शासनकाल में सफल हो गई। मुत्सुहितो की रहन-सहन बहुत ही सादी थी और वे बड़े नियमित रीति से चलनेवाले थे। पुस्तकावलोकन उनका प्रिय विषय था। प्रति दिन सुबह वे चुने हुए पौर्वात्य ग्रन्थों का परिशीलन करते थे। इसी तरह पाश्चात्य राजनीति और व्यवहार नीति का भी वे प्रति दिन मनन करते थे। वे काव्यरस के बड़े भोक्ता थे और अपनी महारानी के साथ वे सदा काव्यरचना किया करते थे। कहते हैं कि उनकी कुछ कवितायें बहुत ही उत्कृष्ट हुई हैं। वे घोड़े पर बैठने में बड़े प्रवीण और बन्दूक का निशाना मारने में बहुत ही कुशल थे। इनके सिवाय जापानी मल्लविद्या में भी उन्होंने अच्छी पटुता सम्पादन की थी। वे सुबह बहुत जल्द उठते और पांच बजे घोड़े पर बैठ कर हवा खाने के लिए जाते हुए देख पड़ते थे। इसके बाद कुछ जलपान करके वे काम में लगते थे। इसी समय वे प्रधान और पार्लिमेंट के पास से आये हुए रिपोर्ट, परदेश से आये हुए तार, इत्यादि, हजारों कागजपत्र, पढ़ते और उन पर हुक्म चढ़ाते थे। कितने ही लोगों ने देखा कि आधी रात के समय, जब सम्पूर्ण जापानी राष्ट्र निद्रावश है तब, सम्राट् मुत्सुहितो सादे पहनाव में राजमहल के बाहर निकल कर हाते में, गूढ़ विचार में निमग्न हुए, घूम रहे हैं। ऐसे समय में कभी कभी उनको महारानी भी उनके साथ रहती थीं, पर कहते हैं कि, अपने पति के विचार में विघ्न न पड़े, इस लिए वे स्वयं तब तक चुप बैठतीं जब तक कि स्वयं सम्राट उनसे न बोलने लगते। अपने सैनिक लोगों पर भी मुत्सुहितो का बड़ा प्रेम था। उनके खाने पीने आदि के प्रबन्ध पर वे स्वयं ध्यान रखते थे। यह देखने के लिए कि हमारी सेना के सिपाहियों के कपड़े और बूट कैसे हैं, वह सामान कैसा है जो उन्हें ढोना पड़ता है और उनके पास रहनेवाली बन्दूकें वजनदार तो नहीं हैं, मुत्सुहितो स्वयं साधारण सिपाही के कपड़े और बूट पहन कर, सामान और बन्दूक लेकर, राजमहल के बाहर निकलते थे और घंटों तक रास्ते गली में घूम कर प्रथम स्वयं उस कष्ट का अनुभव कर लेते थे।

चीन-जापान और रूस-जापान के युद्ध-प्रसंग पर सम्राट् मुत्सुहितो, अपने सारे सुख-साज छोड़ कर, युद्धस्थल की छावनी में एक मामूली सिपाही की तरह जाकर रहे थे, और वहां से बैठ कर युद्ध के कार्यक्रम पर देखभाल रखते थे। चीन और रूस को पराजित करके जब जापान ने संसार को अपनी एकता और सामर्थ्य का परिचय दे दिया तब इंगलैंड के समान राष्ट्र भी उसका मित्र बन गया। यद्यपि जापान के लोग अपने राजा को ईश्वर का अवतार मानते हैं, तथापि सन् १९०९ में सम्राट् मुत्सुहितो का वध करने के लिए प्रयत्न किया गया; परन्तु परमात्मा ने उस समय उनकी रक्षा की।

मुत्सुहितो में दूरदर्शिता, राजनीतिज्ञता, कर्तव्यदक्षता और स्वार्थत्याग, इत्यादि असाधारण गुण थे। उन्हींकी देखरेख में और उन्हीं के प्रोत्साहन और सहायता से जापानी लोगों का अभ्युदय हुआ और एशिया के लोगों को महत्व प्राप्त हुआ। इसमें कोई सन्देह नहीं कि, जो उनकी मृत्यु से, सिर्फ जापानी लोगों ही को नहीं, किन्तु राष्ट्र और राष्ट्रभक्ति, सुधार और स्वतंत्रता के, सब सभी अभिमानियों को अत्यन्त दुःख हुआ। इंगलैंड के प्रधान मंत्री आस्किथ ने पार्लिमेन्ट में उनकी मृत्यु का उल्लेख करते समय कहा— "जापान के सम्राट् मुत्सुहितो की मृत्यु से जगत् के वर्तमान इतिहास के एक अत्यन्त संस्मरणीय शासन-काल का अन्त हुआ है। साम्राज्याधिपति की सत्ता की दृष्टि से अथवा लोगों की उन्नति की दृष्टि से इनके शासनकाल में, एक के बाद एक, जितने परिवर्तन हुए उतने संसार में इसके पहले कभी नहीं हुए। मुत्सुहितो को पचास वर्ष के भीतर यह अनुभव आ गया कि करीब करीब पूर्ण रूप, परन्तु बन्दोबस्त के साथ एकान्त में रही हुई, ओर उस राष्ट्र के निकट ये यही हम आगे एक बलवान् और तरुण राष्ट्र के साम्राज्याधिपति हुए। इनके शासनकाल में जापान ने अपनी एकदेशीयता का त्याग किया और स्थल तथा जल की सेना में अपना नियमितपन और अलौकिक शौर्य दिखला कर वह आज प्रमुख राष्ट्रमालिका के अग्रस्थान में आ बैठा है। सब बलवान् राष्ट्रों के सब छोटे बड़े व्यवहारों में जापान का बहुत निकट का महत्वपूर्ण सम्बन्ध हो गया है। जिसके एक ही राजा के शासनकाल में इतना व्यापक और, सिर्फ जापानी प्रजा के लिए नहीं, किन्तु सम्पूर्ण मानव जाति के लिए, इतना महत्वपूर्ण स्फूर्तिजनक सुधार हुआ हो, ऐसा कोई भी दूसरा राजा इतिहास में हमें नहीं देख पड़ता।"

मुत्सुहितो के बाद, उनके युवराज, योशीहितो अब जापान के सम्राट् (मिकाडो) हुए हैं।

बम्बई के पारसी वालंटियर्स।

पूने की मूठा नदी में बाढ़ !



श्री ओंकारेश्वर मन्दिर का अगला द्वार ।



देवालय के चौक में नन्दी-मन्दिर का शिखर ।

जुलाई को यहाँ की मुठा नामक नदी में बड़ी भारी बाढ़ आई। है कि [illegible] वर्ष से ऐसी बाढ़ इस नदी में नहीं आई । यह हर के निकट ही है, अतएव इस बाढ़ के कारण अनेक लोगों में पानी भर गया था । लोगों ने पहले ही से अपने अपने घर कर दिये थे । इस लिए कोई हानि नहीं हुई । ओंकारेश्वर महादेव का एक प्राचीन मन्दिर भी इसी नदी के किनारे है । उसमें भी पानी भर गया था । जिस दिन यह बाढ़ आई उस दिन उक्त मन्दिर के आसपास बाढ़ का दृश्य देखने के लिए एक प्रकार का बड़ा भारी मेला ही लग गया था । अतएव, हम अपने पाठकों के मनोविनोदार्थ बाढ़ के समय के उस मन्दिर के दो दृश्य यहां पर देते हैं ।

कुमारी डा० नागूबाई जोशी।

कु० डा० नागूबाई अमरावती के प्रसिद्ध वकील श्रीयुत मोरो विश्वनाथ जोशी की ज्येष्ठ कन्या हैं । जोशी महाशय ने अपनी सब लड़कियों को उच्च श्रेणी की शिक्षा दे कर अपनी स्त्री शिक्षा विषयक प्रशंसनीय सहानुभूति को कार्यरूप में परिणत कर के दिखला दिया है । उसमें भी डा० नागूबाई ने उनके परिश्रम को और भी सार्थक कर दिया है । कुमारी नागूबाई अमरावती में प्रवेशिका की परीक्षा उत्तीर्ण हो कर डाक्टरी का अभ्यास करने के लिए बम्बई के ग्रांट मेडिकल कालेज में भरती हुईं । वहां ४।५ वर्ष रह कर उन्होंने सन् १९०७ में बम्बई विश्वविद्यालय की एल० एम० एण्ड एस० की परीक्षा पास की । इसके बाद सन् १९०८ में आप विलायत को चली गईं । वहां लंडन और डबलिन के विश्वविद्यालयों में ४ वर्ष डाक्टरी का अभ्यास कर के आपने एल० आर० सी० पी०, एल० आर० सी० एस० और एल० एम० की बहुमान-सूचक पदवियां प्राप्त कीं । इसके लिए हम आपका और आपके पिता का हृदय से अभिनन्दन करते हैं ।

कुमारी डा० नागूबाई ६ अगस्त को स्वदेश लौट आई हैं और कुछ दिन विश्रान्ति करने के बाद आप शीघ्र ही बम्बई में डाक्टरी का व्यवसाय प्रारम्भ करनेवाली हैं । परमात्मा करे आपको अपने व्यवसाय में सफलता प्राप्त हो और सदैव आपके द्वारा स्वदेश और स्वधर्म की सेवा होती रहे ।

लोगों के इंग्लिश और मराठी के मुद्रण—सब प्रकार के, उचित कीमत पर, हमारे यहां मिल सकते हैं ।

मैनेजर—चित्रशाला प्रेस, पूना ।

मोहिनी।

(१)

परम सुन्दर सावन मास है,
ऋतु मनोहर है बरसात का।
गिर रहीं फुहियाँ अति मन्द हैं,
समय है सब भाँति सुहावना।

(२)

विपिन की सुषमा लखते बने,
तरु लतादिक हैं लहरा रहे।
अति मनोरम देख पड़े मही,
झर रहे झरने अति रम्य हैं।

(३)

इस मनोरम सुन्दर काल में-
सुमनमयी डाली पर बैठ के
पकड़ रेशम की यह रस्सियाँ,
मुदित होकर झूल रही यहा!

(४)

मुड़ रही कुछ गर्दन गोल है,
बदन की छवि है कमनीय क्या!
पवन [illegible] अंचल हो रहा,
[illegible] के वश जो फहरा रहा!

(५)

[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

(६)

[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

(७)

हृदय-हारक हाव दिखा रही,
परम सुन्दर भाव बता रही,
मधुर मोहन गान सुना रही,
प्रमुद पा कर दोला बढ़ा रही!

(८)

ध्वनि करें शुभ कंकण हाथ के,
लस रहे श्रुति-मौक्तिक हैं महा।
कर रहे पद नूपुर शिंजित,
तिलक-बिन्दु सुशोभित भाल में,

(९)

सब विभूषण हैं इसके यही-
सज रही जिनसे यह मोहिनी।
सुतनु जो स्वयमेव लसे सदा,
न उसको अब भूषण चाहिए।

(१०)

त्रिजग में इसके सम सुन्दरी-
लख नहीं पड़ती सुनती कहीं,
फिर भला हम क्यों न कहें यहाँ,
जगत में बस है इससी यही।

श्री[illegible]धर शर्मा।

* दिन

सूचना।

[illegible] दिल्ली दरबार नं० १ और २ की [illegible] अब हमारे [illegible] है। [illegible]

मैनेजर—[illegible] प्रेस, पूना।

चीनी और जापानी मुद्रण[illegible]
की प्रदर्शिनी।

ब्रिटिश अजायबघर में महाराज[illegible] नालय में २५ मार्च को एक मनोर[illegible] शिनी इस लिए हुई थी कि ब्रि[illegible] मालूम हो कि चीनी मुद्रणकला में [illegible] कैसे कैसे सुधार होते गये। लंद[illegible] में एक लेखक ने कहा है कि यह [illegible] ही वादग्रस्त है कि पहले पहल चीन [illegible] किस समय मुद्रणकला का आविष्क[illegible] प्राचीन काल में गीर्वाण भाषा के [illegible] चीन में पत्थर पर खोद कर लिखे [illegible] इन शिलालेखों से कुछ यह कल्पना [illegible] सकती है कि वहां मुद्रणकला की [illegible] पहले पहल कब शुरू हुई। यद्यपि, [illegible] बात सिद्ध करने के लिए कोई विश[illegible] नहीं है कि मुद्रणकला को मुंग[illegible] प्राप्त हुआ, तथापि यह कह सकते [illegible] घराने के, चीन की गद्दी पर, आने [illegible] छापने की कला का सार्वत्रिक उप[illegible] कर सकते थे-अर्थात् सन् ११८० [illegible] में यह कला चीन देश के लोगों को [illegible] तया मालूम हुई।

ब्रिटिश म्युजियम में चीन देश [illegible] मुद्रणकला के जो नमूने रखे हुए हैं, [illegible] मुद्रणकाल करीब करीब वही है [illegible] नवीं शताब्दी के इस ओर का [illegible] नहीं है। इन नमूनों में कुछ लेख [illegible] जिनसे बौद्ध लोगों के समय की [illegible] की कल्पना की जा सकती है। [illegible] चौड़े कागजों के टुकड़ों पर छपे हुए [illegible] यह बात अभी सन्देहयुक्त है कि [illegible] के राजत्वकाल में चीनी भाषा में [illegible] छापी गई थे आज उपलब्ध हैं या [illegible] घराने के राजत्वकाल में छपी हुई [illegible] बहुत थोड़ी हैं। यह काम, [illegible] १२६० में मंगोल लोगों के [illegible] बहुत ही रंगरूप में आया। [illegible] समय के, आज कल उपलब्ध हुए [illegible] उदाहरणों से व्यक्त होती है। [illegible] यदि हम चीनी लोगों के [illegible] उन्नति का आरम्भ कहें तो [illegible] इसी काल को चीनी [illegible] कहते हैं।

इस प्रदर्शिनी के दूसरे [illegible] स्पष्ट मालूम होता है कि [illegible] घराने के राजत्वकाल में [illegible] किस दशा में थी। यह [illegible] अनुवाद किये हुए अभिधर्म[illegible] २८ वीं जिल्द है। इस ग्रन्थ पर [illegible] जो समय लिखा है वह [illegible] साल है। अर्थात् जान पड़ता है [illegible] में यह ग्रन्थ छापा गया [illegible] भी अच्छी तरह की गई है। [illegible] अक्षर अभी धुंधले नहीं हुए। [illegible] कारण हो सकता है कि [illegible] अच्छी है। ब्रिटिश [illegible] पुस्तकें हैं उनमें यह [illegible] विशेष महत्व की, [illegible] शिनी की नं० ३ में [illegible] प्राचीन मुद्रणकला की [illegible] पुस्तकों का चीनी [illegible] और से क्रमशः सन् ११११ [illegible] १२८३ की छपी हुई हैं। [illegible] जापान के छपे हुए हैं। [illegible] छापों के मुद्रणकार और [illegible] [illegible] के छापों के [illegible] यह दोनों प्रकार के [illegible] बात की कल्पना की जा [illegible] समय मुद्रणकला किस [illegible]

के बाद मंगोल घराने के राजाओं का शासन-काल आया। [illegible] के राजाओं ने ८० वर्ष राज्य किया। इस समय छापने की [illegible] दो प्रकार की थी। प्रदर्शिनी के नम्बर ६ में प्रसिद्ध और [illegible] विद्वान् प्रकाशक हेनयू के प्रकाशित किये हुए ग्रन्थों का [illegible] है। इन ग्रन्थों की सम्पादकता च्यूसी नामक प्रख्यात विद्वान् [illegible] में थी। सन् १२०० में इस ग्रन्थकार की मृत्यु हुई। इन [illegible] में जो जगह की कोताही देखी जाती है वह उस समय की [illegible] का विशेष स्वरूप है। नम्बर ७ में जिन पुस्तकों का संग्रह है [illegible] अक्षर बड़े मोटे हैं और वे संग प्रणाली के अनुसार छपी [illegible] हैं। यह एक विस्तृत ऐतिहासिक ग्रन्थों का भाग है। यह सन् [illegible] में अर्थात् योरप में, मुद्रणकला प्रारम्भ होने के एक शतक [illegible] का छपा हुआ होगा।

[illegible] मंगोल लोग जब चीन देश से भगाये गये और तद्देशीय मिंग-[illegible] का जब चीन में प्रवेश हुआ तब कुछ काल तक गिरी हुई चीनी [illegible] मुद्रणकला का पुनरुज्जीवन हुआ और कैक्सटन तथा गुटेनबर्ग डीवार्ड [illegible] के प्रख्यात मुद्रणकला के अधिष्कारकों के समय में अथवा [illegible] समय के लगभग चीनी मुद्रणकला उच्च दशा में थी। चीन के विस्तृत इतिहास की एक पुस्तक च्यूसी नामक ग्रन्थकार [illegible] प्रसिद्ध ग्रन्थों में है। यह पुस्तक सन् १४७६ में छाप कर इम्पी-[illegible] रियल पैलेस के पुस्तकालय के लिए प्रसिद्ध की गई। नम्बर ६ के [illegible] ग्रन्थों का मूल भाग मोटे अक्षरों में छपा हुआ है और उनकी टीका [illegible] अक्षरों में है। नम्बर १० की पुस्तक सन् १४८६ की छपी हुई [illegible] इसकी छपाई विशेष अच्छी नहीं। तथापि चीनी लाइब्रेरी की [illegible] एक, अत्यन्त प्राचीन, सचित्र पुस्तक है, अतएव यह बड़ी मनो-[illegible] रंजक है। इस पुस्तक के प्रत्येक पन्ने पर शाक्यमुनि बुद्ध के चरित्र-[illegible] सम्बन्धी कुछ प्रसंगों का एक एक 'वुडकट' दिया गया है और [illegible] के नीचे, उसके अनुसार, मूल ग्रन्थ का मुख्य भाग दिया है।

नम्बर १७ की पुस्तक सन् १६०१ की प्रकाशित हुई और बड़ी [illegible] है। यह ग्रन्थ पहले पहल सन् १३३१ में छापा गया है। [illegible] में बहुत से 'वुड-कट्स' दिये हुए हैं। ये वुडकट्स सद्धर्म पुंड-[illegible] सूत्र के, चित्ररूप से स्पष्ट किये हुए, कुछ भाग हैं।

[illegible] टाइप का उपयोग चीन देश में ग्यारहवीं शताब्दी से होने लगा। [illegible] उस समय पीशेंग नामक एक व्यक्ति ने, टाइप की सहायता [illegible] कुछ ग्रन्थ छापे। वुडब्लाक की प्रणाली का प्रचार नष्ट करने में [illegible] टाइप की नवीन प्रणाली का कुछ उपयोग नहीं हुआ। इस नवीन [illegible] प्रणाली का प्रचार सिर्फ कोरिया में हुआ। अस्तु। सन् १६०० में [illegible] का स्मरणीय कोश प्रकाशित हुआ और यही इस [illegible] प्रदर्शिनी की १६ वें नम्बर की पुस्तक है। नम्बर १३ की पुस्तक में धान लगाने और बुनावट के काम का सचित्र वर्णन है। यह उसकी पहली आवृत्ति है। यह ग्रन्थ राजा कंगसी ने स्वयं तैयार करके प्रकाशित किया है। इसी प्रकार का एक दूसरा ग्रन्थ [illegible] लंग के नाती का लिखा हुआ है। इसमें सूती कपड़े तैयार करने की रीति के विषय में कुछ चित्र दिये हैं।

कपड़े पर भिन्न भिन्न रंग चढ़ाने की कला के आविष्कार करने का श्रेय जापानी लोगों को है। इस काम में जापानी लोगों ने खूब उन्नति की। नम्बर १६ से २५ तक चीनी लोगों की ड्राइंग की पुस्तकें हैं। इन पुस्तकों के अगले भाग सन् १६७१ से १७०१ तक प्रसिद्ध हुए हैं। इन पुस्तकों में पक्षी, वनस्पति, इत्यादि भिन्न भिन्न रंगों में बहुत ही मनोरंजक रीति से दिखलाये गये हैं। जापान का पहला, भिन्न भिन्न रंगों में चित्र छापनेवाला, चित्रकार 'कीओनोबु' है। यह सन् १७१० से १७६१ तक प्रसिद्ध रहा।

इससे पाठकों को मालूम हो जायगा कि रंगीन काम छापने की कल्पना पहले पहल चीन में निकली। चीनी लोगों से, फिर यह कल्पना, यूकीयोई-पंथ के जापानी चित्रकलाभिज्ञों ने ग्रहण की। नम्बर २० की पुस्तक एक बड़ा कोश है। यह पुस्तक सन् १७२६ में, दो लाख ताँबे के टाइप ढाल कर, उनकी सहायता से छापी गई है। साधारण अनुमान है कि इन्साइक्लोपीडिया की अर्वाचीन आवृत्ति का विषय इस प्रचण्ड ग्रन्थ में है। इस ग्रन्थ के बड़े भाग, बहुत से चित्र देकर, स्पष्ट किये गये हैं। इस ग्रन्थ की दूसरी आवृत्ति की एक जिल्द ब्रिटिश-म्युज़ियम में है। यह आवृत्ति सन् १८६४ में अथवा उसके करीब, वुडनब्लाक्स् बना कर, प्रकाशित की गई है।

प्रदर्शिनी में जापानी सचित्र ग्रन्थों का भी संग्रह किया गया है। इनमें से पहला ग्रन्थ सन् १६०८ में लिखा हुआ 'ईसेमनो गतरि' नामक एक उपन्यास है। इसमें मध्यकालीन वीरता का वर्णन है। सन् १७३० और १७७१ में प्रकाशित हुई पुस्तकों से, रंगीन छपाई की पुस्तकों के प्रकाशित करने का काम आरम्भ होता है। जब टोरियामा, सेकियेन और उसके प्रसिद्ध शिष्य उतामारो की रंगीन छपाई की तुलना की जाती है तब बड़ा कौतुक होता है। उसमें भी जब यह मालूम होता है कि ये दोनों चित्रकार बाप-बेटे हैं तब तो और भी कौतूहल होता है। नम्बर १६ की पुस्तक में येडो प्रान्त के दृश्य दिखलाये गये हैं। ये दृश्य होकोसाई नामक चित्रकार ने, अपनी बिलकुल तरुणावस्था में, बनाये हैं। नम्बर २१ और २२ की पुस्तकों में कुनीसादा नामक चित्रलेखक ने चित्रकला की कुशलता उत्तम रीति से दिखलाई है।

परलोकवासी ह्यूम महोदय।

भारत के हित-चिन्तक और राष्ट्रीय सभा के एक उत्पादक मि० [illegible] गत ३१ जौलाई को परलोकवासी हुए। [illegible] का संक्षिप्त चरित आज हम अपने पाठकों [illegible] समर्पण करते हैं।

मि० ह्यूम का जन्म सन् १८२९ में हुआ। इनके [illegible] डा० जोसेफ ह्यूम 'एम० पी०' थे। [illegible] पास करके भारत के सरकारी पद पर [illegible] में नौकरी करने के लिए आये। नौकरी की [illegible] समाप्त करके, स्वदेश लौट जाने पर, वे [illegible] 'के सभासद हुए। वे [illegible] उदार मत के थे। उनकी राय थी कि [illegible] का सुधार हो, उदार मतों का प्रचार हो [illegible] राज्य-कार्य में कम व्यय किया जाया करे। [illegible] निर्भीक थे कि उन्होंने पार्लिमेंट के सभा-[illegible] की हैसियत से यह सूचना भी कर दी कि [illegible] रानी विक्टोरिया के पति प्रिंस अल्बर्ट की [illegible] पेंशन बहुत कम कर देना चाहिए। डा० [illegible] अपने [illegible] बहुत [illegible] और अपनी [illegible] भी वे [illegible] की सहायता [illegible] थे। स्वर्गीय ह्यूम महोदय ऐसे पिता के पुत्र [illegible] उनमें सद्गुणों का वास होना स्वाभा-[illegible] ही था।

[illegible] के 'युनिवर्सिटी कालेज-स्कूल' और [illegible] इंडिया कम्पनीज़ कालेज' में रहकर [illegible] मि० ह्यूम ने शिक्षा प्राप्त की। [illegible] बीस वर्ष की उम्र में सन् १८४९ में [illegible] भारत की सिविलसर्विस में भरती हुए। [illegible] वे बहुत बड़े पद पर [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]



[illegible]

[illegible], नायब दारोगा, थानेदार, इत्यादि के काम किये। इसके बाद वे 'असिस्टेंट मैजिस्ट्रेट एंड डिप्टी-कलेक्टर' की जगह पर नियत किये गये। बलवे के समय में वे इटावा के 'मजिस्ट्रेट एंड डिप्टी-कलेक्टर' थे। बलवे में इनका वध करने के लिए बलवाई लोग इन्हें ढूँढ़ते फिरते थे, पर उस समय कई देशी [illegible] और एक ग्रामीण पुरुष ने इनके प्राण बचाये। मि० ह्यूम को इन [illegible] से बचने के लिए भारतीय कपड़े पहनने पड़े थे। इटावा से भागने के बाद वे [illegible] आगरे में रहे। [illegible] के हुक्म से [illegible] में वे फिर इटावा में आये और [illegible] भक्त [illegible] भारतीय लोगों की एक [illegible] और घुड़सवार सेना तैयार करके उन्होंने उनकी राजभक्ति से अच्छा काम उठा लिया। इसके उपलक्ष्य में उन्हें कमांडर आफ बाथ (C. B.) की पदवी मिली। सन् १८६७ में वे [illegible] प्रान्त, पंजाब और मध्यप्रान्त के 'कमिश्नर आफ कस्टम्स' हुए और सन् १८७०-७१ में वे भारत सरकार के [illegible] डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी बनाये गये। इसके बाद [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

[illegible]

ग सिर्फ गप्प समझते थे; परन्तु अब कई विश्वसनीय प्रमाणियों ने उसका यह जलसा प्रत्यक्ष देखा है, अतएव अब उसमें शंका करने की जगह नहीं रही।

जंगली शिंपजी का इससे अधिक हाल अभी तक नहीं जाना गया। परन्तु पली हुई दशा में ये बन्दर जो कुछ कर सकते हैं वह बहुत कुछ बतलाया जा सकता है। शिंपजी बन्दर ताले में चाभी ... र कर ताला खोलते हैं; गीले कपड़े निचोड़ते हैं, मालिक के

ख

...रों से बूट निकाल कर उन्हें नियत स्थान पर रखते हैं; गीले कपड़े से खिड़कियों के शीशे पोंछ कर स्वच्छ करते हैं और भी इसी प्रकार के अनेक घर के काम काज शिंपजी बन्दर, सिखाने पर, कर सकते हैं। इस जाति के बन्दर जमीन पर उतान या करवट लेकर सोते हैं। ये लोग सोते समय तकिया भी लगाते हैं। इस जाति का बन्दर

(ग)

...र फीट तक बड़ा होता है। (क) नम्बर का चित्र इसी जाति का है।

ओरांगउटन बन्दर का आकार साढ़े चार फीट से कुछ अधिक होता है। इसकी दोनों बांह का घेर करीब साढ़े तीन फीट होता है। ...पंजी के बाल बड़े होते हैं और उसके शरीर के बाल काले रंग के होते हैं; परन्तु ओरांगउटन के बाल छोटे और लाल भूरे रंग के होते हैं। इसी भेद से इन दो जातियों के बानर पहचाने जाते हैं। ओरांग-उटन जाति के बन्दर हिन्द महासागर के सुमात्रा और बोर्नियो के टापुओं में पाये जाते हैं। ये बन्दर वृक्षों की डालियों पर अपना बहुत सा समय व्यतीत करते हैं। सिर्फ पानी पीने के लिए इन्हें पृथ्वी पर उतरना पड़ता है।

ये बन्दर वृक्षों की डालियां तोड़ कर उन्हें वृक्षों के दुभागों पर, पलँग के आकार में, रख कर उस पर उतान सोते हैं। (ग) नम्बर के चित्र में, एक लड़के के साथ, इस बन्दर का दृश्य दिखलाया जाता है।

घ

पली हुई दशा में ये बन्दर बड़े प्रेमी होते हैं और मनुष्यों के बीच में रहना इन्हें पसन्द भी आता है। खेल करके धन कमानेवाले लोग इन्हें नाना प्रकार के काम सिखाते हैं और ये बन्दर कोई १५।२० ही दिन में बड़ी सफाई के साथ खेल के बहुत से काम करने लगते हैं।

गिबन बन्दर के हाथ बड़े लम्बे होते हैं। इसके शरीर का रंग काला होता है; परन्तु हाथों और पैरों के तलवे तथा मुहँ अवश्य ही सफेद होता है। (घ) नम्बर का चित्र इसी बन्दर का है।

पं० प्रतापनारायण मिश्र की

कहावतें।

१

बिन ब्यवहार कुसलता सिखे,
  होइहि कछु न पढ़े हूँ लिखे।
हँसिहैं बात बात पर लोग,
  "ब्राह्मन साठ बरस लौं पोंग।"

२

काम निकासिय साम दाम भय भेद ते,
  सह सौंग इक ते रहन मरन सब खेद ते।
पर कहु मांखि चालिबो चतुरन की बान है,
  "आंधर देत अँवाय के जौना जान है"॥

३

आपन चरित सुधारत नाहीं,
  जग कहँ उपदेसत न लजाहीं।
धिक पंडितपन धिक चतुराई,
  "चाकिर के जोगी माई भाई॥"

साहित्य-चर्चा।

१ सत्यग्रन्थमाला—हमारे पाठकों को मालूम होगा कि यह ग्रन्थमाला महाशय सत्यदेवजी ने निकाली है। प्रति मास इस ग्रन्थमाला का कोई न कोई सुन्दर ग्रन्थ-पुष्प आर्यभाषा-संसार को सौरभित करने के लिए विकसित होता है। अब तक इस ग्रन्थमाला के कुल पांच ग्रन्थ निकल चुके हैं:- (१) अमरीकापथप्रदर्शक; (२) आश्चर्य-जनक घंटी और अन्य रोचक कथाएं, (३) अमरीका दिग्दर्शन; (४) अमेरिका के निर्धन विद्यार्थियों के परिश्रम, और (५) जातीय शिक्षा। छठवां ग्रन्थ "मनुष्य के अधिकार" निकलने वाला है। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि ये सभी ग्रन्थ प्रायः अपने अपने ढँग में अनूठे हैं। कर्तव्यजागृति और स्वदेशाभिमान की शिक्षा से ये पुस्तकें परिप्लुत हैं। परन्तु श्रीयुत सत्यदेवजी को, पुस्तक लिखते समय, अपने देश की सामाजिक, राजनैतिक और शिक्षाविषयक दशा पर विशेष ध्यान रखना चाहिए; क्योंकि अमेरिकन स्थिति के जोश में आकर, कभी कभी आप स्वकीय देशदशा से बहुत दूर निकल जाते हैं। अस्तु। प्रत्येक देशभक्त स्त्री-पुरुष को इस ग्रन्थमाला का प्रचार करके सत्यदेवजी का उत्साह बढ़ाना चाहिए। वार्षिक मूल्य ४) रु०। मिलने का पता – मैनेजर सत्यग्रन्थमाला काशी।

२ लिपिबोध—(१) आकृति खण्ड, और (२) विवरण खण्ड-लेखक पं० गौरीशंकरजी भट्ट। मूल्य दोनों भागों का मिल कर १।≈)। भट्टजी नागरी अक्षरों को सुन्दरता के साथ लिखने में बहुत प्रसिद्धि पा चुके हैं। आपके इसी गुण पर लुब्ध होकर गुरुकुल काँगड़ी ने आपको अपने यहां सुलेखाध्यापक के पद पर नियत किया है। आपने लिपिबोध के आकृतिखण्ड में रेखाओं से लेकर अलंकृत अक्षरों तक की आकृतियां वैज्ञानिक रीति से दिखलाई हैं। प्रत्येक अक्षर की बनावट-उसकी मोड़ इत्यादि-... दिखला कर उसके बनाने का ढँग बतलाया है। अलंकृत अक्षरों की आकृतियां कैसे हो बनती हैं। लिपिबोध के विवरणखण्ड को आकृतिखण्ड की कुंजी कह सकते हैं। इस खण्ड में प्रत्येक आकृति को अच्छी तरह समझाया है। भट्टजी महाशय ने "ओ३म्," "स्वागतम्," "वर्णमाला," ... ज्ञानमयम्," इत्यादि भी रंगीन कागज पर अलंकृत अक्षरों में बहुत सुन्दर बनाये हैं। भट्टजी के पास ये सब चीजें गुरुकुल, कांगड़ी, ...द्वार के पते पर मिल सकती हैं।

३ श्रीरामकृष्ण परमहंस का चरित्र—...काशक श्रीयुत आनन्दमोहन चौधरी। मूल्य ... आना। इस पुस्तक में प्रस्तावना, जन्मविवरण, ईश्वरानुराग, साधनावस्था, ईश्वर...दर्शन और लोकशिक्षा, इत्यादि, विषयों... करके परमहंसजी का अलौकिक ...त वर्णन किया गया है। पुस्तक के अन्त ... सुन्दर कविताएं भी दी हुई हैं। एक ...ना पं० सिद्धिनाथजी दीक्षित की और ... "चि० म० अ०" सम्पादक की लिखी हुई ...त्येक मुमुक्षु को इस महात्मा का चरित्र ...र जीवन पवित्र करना चाहिए। प्रका...क राम सीताबर्डी, नागपुर के पते पर ... मिल सकती है।

... सम्राट् पंचम जार्ज—लेखक श्रीयुत ...नारायण वाजपेयी। इस पुस्तक में सम्राट् ...। ...इसमें ...का बड़ी मनोरंजक ... रीति से वर्णन किया गया ...सम्राट् के भारत विषयक महत्त्वपूर्ण

भाषण भी बीच बीच में दिये हैं। पुस्तक उपयोगी है। इस ३५ पृष्ठ की पुस्तक का मूल्य ।) आना कुछ अधिक जान पड़ता है।

५ प्राचीन भारतवासियों की विदेश-यात्रा और वैदेशिक व्यापार—लेखक पं० उदयनारायण वाजपेयी। पुस्तक का विषय उसके लम्बे चौड़े नाम ही से प्रकट है। आर्यभाषा के साहित्य में यह पुस्तक अपने ढँग की नवीन और महत्वपूर्ण है। इसके पढ़ने से आर्य पाठकों को अपने पूर्वजों का गौरव भली भांति मालूम हो सकता है। यह पुस्तक सम्भवतः किसी बंगाली ग्रन्थ के आधार पर लिखी गई है। इस ७१ पेज की पुस्तक का मूल्य भी यही ॥) आने है। ये, ४ और ५ नं० की, दोनों पुस्तकें "मैनेजर हिन्दी ग्रन्थप्रकाशक मंडली औरैया जि० इटावा" के पते पर मिल सकती हैं।

६ घेरण्डसंहिता—अनुवादक स्वामी रामचरण पुरी। प्रकाशक पं० धर्मदत्त त्रिपाठी केशव यंत्रालय काशी। पृष्ठसंख्या १४२। मूल्य एक रुपया। इस पुस्तक में आसन, मुद्रा, इत्यादि, योग के विषयों का संस्कृत में वर्णन है। आर्यभाषा में अनुवाद भी है। योग के प्रेमियों को अवश्य देखना चाहिए।

७ तुलसीराम स्वामी के चार व्याख्यान—आर्यसमाज के प्रसिद्ध विद्वान् पं० तुलसीरामस्वामी ने 'वैदिक देवपूजा,' 'ईश्वर और उसकी प्राप्ति,' 'मुक्ति और पुनर्जन्म' तथा 'नमस्ते,' पर जो व्याख्यान समय समय पर दिये हैं उन्हींका इस पुस्तक में संग्रह है। प्रत्येक आर्य को इन विषयों का विचार करना चाहिए। १२७ पृष्ठ की पुस्तक का मूल्य ।) आने। मिलने का पता स्वामिमेशीन प्रेस मेरठ।

८ महिला प्रबोधिनी—यह पुस्तक श्रीलक्ष्मीनारायण गुप्त रईस, सिकन्दराराऊ की धर्मपत्नी श्रीमती चन्द्रावती की रची हुई है। बाबू कुंजलाल पंड्या को अलीगढ़ के पते पर मिलती है। इस छोटी सी पुस्तक में स्त्रियों के जानने योग्य अनेक बातों का समावेश हुआ है।

९ श्रीराघवगीत—श्रीयुत प्रयागनारायण मिश्रकृत। मूल्य ।–) आने। मिलने का पता–चौधरी विश्वनाथ मिश्र, दौलतगंज, लखनऊ। श्रीरामचंद्र महाराज की भिन्न भिन्न चरित्र-घटनाओं पर गीत रच कर, उन्हींका इस पुस्तक में संग्रह किया गया है। यद्यपि ग्राम्य शब्दों के बाहुल्य के कारण इन गीतों की रमणीयता में बड़ा धक्का पहुँचा है, तथापि श्रीरघुनाथ के अनन्य भक्तों को, इस पुस्तक में भी, आनन्द आ सकता है।

१० विभक्तिविचार—लेखक पं० गो. विन्दनारायण मिश्र। कुछ काल पूर्व आर्यभाषा-संसार में विभक्ति-विषयक वाद-विवाद समाचारपत्रों में हुआ था। उस समय मिश्रजी ने एक समाचारपत्र में जो लेख लिख कर अपनी लेखनी का सामर्थ्य दिखलाया था उन्हीं लेखों का इस पुस्तक में संग्रह है। हमारी सम्मति में यदि मिश्र जी अन्य किसी उपयोगी विषय में कोई ग्रन्थ लिख कर अपना लेखनकौशल दिखलाते तो आर्यभाषा-साहित्य को इससे अधिक लाभ पहुँचता। यह पुस्तक ।) आने में मिश्रजी से, नं० ११ नारायण ... स्ट्रीट, की गली, कलकत्ता के पते पर मिल सकती है।

११ नाटक रामायण—गोस्वामी नारायण ... कृत। मूल्य १॥)। मिलने का पता—... सुन्दर शृङ्गारकाव्यामय प्रभृत...। इस पुस्तक में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्रजी महाराज का चरित्र नाटक की रीति से दिखलाया गया है। ...रामचंद्र... महानुभावों ...

पुस्तक बहुत उपयोगी है और ... लोगों के लिए भी इसमें मनोरंज... देश की बहुत सी सामग्री है। पु... रामलीला विषयक चित्र भी हैं।

जैनानिबन्धरत्नाकर—इस ग्रन्थ... हुक हैं श्रीयुत कस्तूरचन्द जवरच... दिये। यह ग्रन्थ 'हिन्दी-जैन' के ग्राह... हारस्वरूप दिया गया है। जैनहि... आकार के लगभग ३२० पृष्ठों में ग्रन्थ... हुआ है। श्वेताम्बराचार्यों और धर्... कोई ९ चित्र भी हैं। इसमें सत्तत्वमी... फतलचन्द गणि का जीवनचरित्र, मृत्यु... तुका (तेरहीं) तथा रातेपीढ़ने का ... मनोनिग्रह, जैनशब्द का महत्व, शिक्षामु... ईश्वरभक्ति, देवगुरुधर्म का स्वरूप, और ... विजय सूरि का चरित्र इन ९ निबन्धों का संग्रह है। दो तीन निबन्धों को छोड़कर शेष निबन्धों की भाषा हिन्दी नहीं, किन्तु हिन्दी, गुजराती और मारवाड़ी की खिचड़ी है। उनमें सैकड़ों शब्द ऐसे आये हैं, जिन्हें हिन्दीवाले शायद ही समझें। वाक्यरचना और मुहाविरे भी ... विलक्षण ढंग के हैं। कुछ नमूना लीजिये—"... बाबद नीचे की गुजराती कविता ज्यादा समझ में आयेगा इससे हरेक बान्धवों को ... वांचने की प्रार्थना है।" (पृ० १५८) "... कौम की आहोजलाली बिलकुल नष्ट हो ... है।" (१४७) "बहोत घूमते बाजार में ... से मरे हुए प्राणी का चित्त भंग हो जाता है। जरासा ऊंडा विचार करके देखा जावे ... में मनुष्य को रीतिसर चलना चाहिये, ... न करते हाल की वक्त में अलग बताव होता है।" (१७४) इत्यादि। प्रूफ संशोधन में भी बहुत अशुद्धियां रह गई हैं। सत्तत्वमीमांसा आदि दो तीन निबन्धों को छोड़कर शेष निबन्धों की रचना बेसिलसिले, गौरवहीन और महत्त्वहीन मालूम पड़ती है। 'जैनशब्द का महत्त्व' नामक निबन्ध अपने शीर्षक से बहुत कम सम्बन्ध रखता है। 'ईश्वरभक्ति' का निबन्ध पढ़ कर हमको केवल दुःख ही नहीं आश्चर्य भी हुआ। उसमें डंके की चोट 'एकेश्वरवाद' की पुष्टि की गई है, जो कि जैन धर्म के सिद्धान्त से सर्वथा विरुद्ध है। उसमें साफ साफ कहा गया है कि, सृष्टि की सारी बातें नियमपूर्वक होने के लिये एक ... की आवश्यकता है और वह ईश्वर है। ... एक ईश्वर नहीं मानते हैं, वे ईश्वर माननेवालों की अपेक्षा घाटे में रहते हैं और ... होते हैं। हम नहीं कह सकते, सम्पादक महाशय ने यह लेख आंख बन्द करके कैसे प्रकाशित कर दिया। आपको सोचना चाहिए कि, साधारण बुद्धि के जैनियों पर इसका कितना बुरा प्रभाव पड़ेगा। कहां तो जैनी ... उद्योग कर रहे हैं कि, दूसरे लोगों के ... से कर्तावाद की भ्रमवासना निकल ... और कहां एक जैनपत्र के सम्पादक के ... लेख प्रकाशित होते हैं, जिससे जैनी भी ... वादी बन जायँ।

—जैनहितैषी

प्राप्तिस्वीकार।

मेरठ के प्रसिद्ध वैद्य पं० सूर्यप्रसाद ... कृपापूर्वक, हमारे पास "हिमसागर ..." "नयनामृत अंजन" और "... यन" नामक तीन औषधियां भे... उनकी हमने स्वयं परीक्षा की और ... गुणकारी पाया। पं० सूर्यप्रसादजी ... वर्षों से अपनी आयुर्वेदिक ... से संसार का उपकार कर रहे ... आप को बहुत दिन से जानते हैं ... गये आपके ...

अरोग्यता की देवी

ने रोगियों पर कृपा कर दी है, रोग ग्रस्त स्त्री पुरुषों को अब

पं० ठाकुरदत्त शर्म्मा वैद्य सम्पादक उर्दू तथा हिन्दी

वैद्यक पत्र " देशोपकारक " की ईजाद की हुई सर्वरोगघ्न औषधि

(Registered) **"अमृतधारा"** (रजिस्टर्ड)

को वरत कर रोगों से निवृत्त होना चाहिये। वरन हर मनुष्य को हर ऋतु में, हर देश में, हर घर और हर पाकिट में रखनी चाहिये, क्योंकि अचानक होने वाले रोगों को मिनटों में दूर करती है, और कोई क्या जाने कि किस समय क्या कष्ट अचानक हो जावे। " अमृतधारा " प्रायः सर्व रोगों को, जो वृद्धों, बालकों, जवानों, पुरुषों, तथा स्त्रियों को होते रहते हैं, अचूक इलाज है, बल्कि पशु पक्ष्यादि के रोगों को दूर करती है। लगभग



२० हजार सार्टीफ़िकेट

[illegible]

अभी लिख दो पीछे भूल न जावे।

[illegible]

" अमृतधारा " (न ब्रांच) लाहोर।

सावधान "अमृतधारा" का इस कदर नाम देखकर लोग गुण की औषधियों का पृथक् २ नाम लिखकर रखे हैं, धोखे से बचें, " अमृतधारा " का असल मुकाबला कोई नहीं जनता है, केवल अमृत या धारा नाम पर नहीं भूलना "अमृतधारा" सारा नाम याद रखना। देना चाहते हैं।

[illegible]

[illegible]

ताज्जुब होगा!



होंगे ... [illegible]

दन्तकुसुमाकर।

दांतों पर [illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

वार्षिक मूल्य

माम्‌ली कागज़ की प्रति–सवा तीन रुपये।
एक प्रति का मूल्य–साढ़े चार आने।
मोटे और चिकने कागज़ (आर्टपेपर) की
प्रति–साढ़े पांच रुपये।
एक प्रति का मूल्य आठ आने।

वर्ष २ अंक ९

भाद्रपद, सम्वत १९६९ विक्रमी–सितम्बर, सन् १९१२ ई०।

सूची ।

		पृष्ठ
१ पाप पिता का आदेश २ रामहरण वाक्सुधा	... ...	१४५
३ अमेरिका में कृषिशिक्षा और उसके साधन	... ...	१४७
४ दक्षिण अमेरिका के आदिम निवासी	... ...	१४९
५ मनहर माधव विष्णु ६ प० अनन्तराम पांडय ७ प० प० ना० मि० की कहावतें		१५२ १५३
८ शेक्सपियर और उसके ग्रन्थ	... ...	१५६
९ जनरल ईवन नोगी	... ...	१५७
१० श्रीरंगपट्टन के प्रसिद्ध स्थल	... ...	१५९
११ मनोरंजन १२ साहित्यचर्चा	... ...	
१३ गुजरात प्रतापसिंहराव गायकवाड़	... ...	१६०

चित्रमयजगत् के नियम ।

ग्राहकों के लिये ।

१. प्रति मास इस पत्र के दो संस्करण निकलते हैं। एक साधारण मोटे और चिकने कागज पर और दूसरा बहुत मोटे और चिकने कागज (आर्टपेपर) पर। साधारण कागजवाले का अग्रिम वार्षिक मूल्य डाकव्यय सहित ३।) रु० और एक संख्या का मूल्य ।)॥ तथा आर्टपेपरवाले संस्करण का वार्षिक मूल्य ४॥) और एक संख्या का मूल्य ॥) है।

२ ग्राहकों को अपना नाम और पता स्पष्ट देवनागरी अक्षरों में लिखना चाहिये। दो एक मास के लिये पता बदलवाने को डाक घर का प्रबन्ध कर लेना चाहिये और यदि अधिक समय के लिये पता बदलवाना हो तो कार्यालय को सूचना देनी चाहिये। ग्राहक-नम्बर अवश्य लिखना चाहिये।

लेखकों के लिए।

१. इस पत्र में बहुधा छोटे छोटे शिक्षाप्रद, मनोरंजक और सचित्र ही लेख प्रकाशित होते हैं, इस लिए लेखकों को चाहिए कि एक पृष्ठ से अधिक लेख भेजने का कष्ट न उठावें। किसी लेखक का कोई लेख किसी अंक में प्रकाशित होना-न होना कोई निश्चय नहीं।

२. लेखों के घटाने-बढ़ाने, लौटाने अथवा न लौटाने, और प्रकाशित करने या न करने का सब अधिकार सम्पादक को है। न छपने वाले लेख वापस चाहें उन्हें डाक को टिकट अपने लेख साथ भेजना चाहिए। पुरस्कार अथवा उत्तर के लिए जवाबी कार्ड मिलने पर उत्तर दिया जाता है, अन्यथा नहीं।

विज्ञापनदाताओं के लिए।

	चार पंक्ति	
१. एक मास		१) रु०
तीन "	"	२॥) "
छः "	"	५) "
बारह "	"	९) "
एक पृष्ठ एक कालम=१५x२½x१००		१०) "
छः मास	"	३५) "
तीन "	वर सूचना अग्रिम लिया	

मशहूर एण्ड कम्पनी मथुरा का बनाया बढ़िया इत्रों का
बाल उड़ाने का साबुन
बाल उड़ाने की अतिया नामी वाला बड़ी जगत प्रसिद्ध
इस साबुनको बालों पर लगाने से और किसी तकलीफके २,३ मिनटमें बाल साफ साफ उड़कर चमड़ी साफ, चिकनी, और कोमल होजाती है इसीसे अमीर गरीब सब जातिके नर नारियोंने इसे पसन्द किया है।

कलकत्ते के नामी डाक्टर वर्मन की

धातुपुष्टिकी गोलियां

२१ वर्ष से प्रसिद्ध ... डाक्टरी में ताकत देने ... धातु, स्पर्मेटोरिया, और ... लियां बनी हैं। ... ताकत देने में ... बूढ़े शरीर में जोश लाती हैं। यदि आप सब दवायें ... इनको भी परीक्षा अवश्य करें।

परीक्षा के लिए नमूने की गोलियां ... सेवन के प्रथम ही दिन से ... कीजिये। यदि आप घर बैठे ... मँगा लिया चाहें तो डाकखर्च ... एण्ड रिट्रनी में भेजिए और ... के नाम व ठिकाना स्पष्ट ... कृपया समय नष्ट न करके ... कीजिए। ३० गोलियों की ...



५, ...

मुफ्त ! इनाम !! उपहार ...
मानिकचन्द (सम्पादक) ... मास ... बढ़ाने और ... लाल वा. बड़ा कॉनडर हम ... ग्राहकों के १०-२० नाम और पते ...

वर्ष २] भाद्रपद, सम्वत् १९६९ विक्रमी—सितम्बर, सन १९१२ ईसवी। [अंक ९

परम पिता का आदेश।

[illegible]

रामकृष्ण-वाक्सुधा।

[illegible]

[illegible]

सूची ।

विषय	पृष्ठ
१ परम पिता का आदेश } २ रामकृष्ण-वाक्सुधा	१४५
३ अमेरिका में कृषिशिक्षा और उसके साधन	१४७
४ दक्षिण अमेरिका के आदिम निवासी	१५१
५ गृहस्थ-मोहन विष्णु ६ पं० अनन्तराम पांडेय ७ पं० प्र० ना० मि० की कहावतें	१५२
८ शेक्सपियर और उनके ग्रन्थ	१५३
९ जनरल ईरन नोगी	१५६
१० श्रीरंगपट्टन के प्रसिद्ध स्थल	१५७
११ मनोपदेश } १२ साहित्यचर्चा	१५९
१३ युवराज प्रतापसिंहराव गायकवाड़	१६०

चित्रमयजगत् के नियम ।

ग्राहकों के लिये ।

१. प्रति मास इस पत्र के दो संस्करण निकलते हैं। एक साधारण मोटे और चिकने कागज पर और दूसरा बहुत मोटे और चिकने कागज (आर्टपेपर) पर। साधारण कागजवाले का अग्रिम वार्षिक मूल्य डाकव्यय सहित ३।) रु० और एक संख्या का मूल्य ।)॥ तथा आर्टपेपरवाले संस्करण का वार्षिक मूल्य ५॥) और एक संख्या का मूल्य ॥) है।

२. ग्राहकों को अपना नाम और पता स्पष्ट देवनागरी अक्षरों में लिखना चाहिये। दो एक मास के लिए पता बदलवाने को डाकघर से प्रबन्ध कर लेना चाहिये और यदि अधिक समय के लिये पता बदलवाना हो तो हमें सूचना देनी चाहिये। ग्राहक-नम्बर अवश्य लिखना चाहिये।

लेखकों के लिए।

१. इस पत्र में बहुधा छोटे छोटे शिक्षाप्रद मनोरंजक और सचित्र ही लेख प्रकाशित होते हैं। इस लिए लेखकों को चाहिए कि उक्त गुणों से विहीन लेख भेजने का कष्ट न उठावें। किसी लेखक का कोई लेख किस अंक में प्रकाशित होगा-इसका कोई निश्चय नहीं।

२. लेखों के घटाने-बढ़ाने, लौटाने अथवा न लौटाने, और प्रकाशित करने या न करने का सब अधिकार सम्पादक को है। जो लेखक अपने लेख वापस चाहें उन्हें डाकव्यय अवश्यही भेजना चाहिए। पत्र का उत्तर टिकट या जवाबी कार्ड मिलने पर दिया जाता है, अन्यथा नहीं।

विज्ञापनदाताओं के लिए।

१. एक मास	चार पंक्ति	१) रु०
तीन ,,	,,	२॥) ,,
छै ,,	,,	४) ,,
बारह ,,	,,	६) ,,
एक वर्ष एक कालम=१२०)(१००)		,,
छै मास	,,	६०) ,,
तीन ,,	,,	३५) ,,

२. विज्ञापन छपाई का रुपया अग्रिम लिया जाता है। अधिक जानने के लिए पत्रव्यवहार कीजिए।

मैनेजर-हिन्दी-चित्रमयजगत्, पूना सिटी।

※ बाल उड़ाने की शर्तिया गारंटी वाला वही जगत प्रसिद्ध ※

वैश्य एण्ड कम्पनी मथुराका बनाया बढ़िया इत्रोंका

बाल उड़ाने का साबुन

इस साबुनको बालों पर लगाने से बगैर किसी तकलीफके २, ३ मिनटमें बाल साफ उड़कर चमड़ी साफ, चिकनी, और कोमल होजातीहै इसीसे अमीर गरीब सब जातके नर नारियोंने इसे पसन्द कियाहै कीमतयों है।

गुलाब का फी टिकिया ॥) आना	३ टिकिया का बक्स १।=) रु०	१२ टिकिया का फी बक्स ५।) रु०
केवड़े का फी टिकिया ॥) आना	३ टिकिया का बक्स १।=) रु०	१२ टिकिया का फी बक्स ५।) रु०
हिना, खसका फी टिकिया॥) आना	३ टिकिया का बक्स १।=) रु०	१२ टिकिया का फी बक्स ५।) रु०
मोतिया का फी टिकिया ॥) आना	३ टिकिया का बक्स १।=) रु०	१२ टिकिया का फी बक्स ५।) रु०
संतरे का फी टिकिया ।=) आना	३ टिकिया का बक्स १) रु०	१२ टिकिया का फी बक्स ३॥।) रु०
नीबूकपूरका फी टिकिया ।-) आना	३ टिकिया का बक्स ॥।-) आ०	१२ टिकिया का फी बक्स ३।) रु०

डांक महसूल और वी० पी० एकसे छः टिकिया तक ।) आ० १२ टिकिया मगानेसे वी० पी० खर्च ।-) आ०

जरूरतहै एजेन्टों की जरूरतहै एजेन्टोंको कमसे कम १०) रु. का माल मंगानेसे २८) रु. सैकड़ा कमीशन मिलेगा और सब खर्च माफ रहेगा और साबुनके इश्तिहार साइनबोर्ड मुफ्त भेजा जाता है।

मंगाने का पताः—एम. बी. गुप्त वैश्य एण्ड कम्पनी मथुरा. सिटी.

कलकत्ते के नामी डाक्टर बर्मन की बनाई

धातुपुष्ट की गोलियां

२९ वर्ष से प्रसिद्ध हैं।

डाक्टरी में ताकत देनेवाली प्रसिद्ध दवायें फास्फरस, डेकालिया, और डेमिनिया मिलाकर ये गोलियां बनी हैं। मगज दौड़, मांस और खून की ताकत देने में विशेष दावा रखती हैं। ये गोलियां टूटे शरीर में जोश लाती हैं। यदि आप सब दवायें खाकर निराश हुए हैं तो एक दफ इनकी भी परीक्षा अवश्य करें।



परीक्षा के लिए नमूने की गोलियां बिना मूल्य मिलती हैं। सेवन के प्रथमही दिन से गुण दिखाती हैं, अतएव एकबार परीक्षा अवश्य कीजिये। यदि आप घर बैठे बिना मूल्य इन गोलियों की परीक्षा किया चाहें तो डाकखर्च के लिये आध आने का टिकट एक चिट्ठी में भेजिए और साथही दस लिफाफे पर अपने नाम व ठिकाना स्पष्टरूप से लिख भेजिये।

वृथा समय नष्ट न करते हुए आज ही पत्र लिखिये ... ... कीजिए। ३० गोलियों की शीशी मोल १) डा० म० ।-)

डाक्टर एस० के० बर्मन,

५, ताराचन्द दत्त स्ट्रीट, कलकत्ता।

मुफ्त ! इनाम !! उपहार !!!

शरीररक्षा (तनुरक्षणी) भग मात्र प्रतिष्ठा बढ़ाने और सुख का मार्ग दिखानेवाले ... नीति के उपदेश छाप सवे ... का बड़ा केलेंडर सब ग्राहकों को मुफ्त में देते हैं ... वर्षों के हिन्दी जाननेवालों के १०—२० नाम और पते साफ २ लिख भेजें।

पता-पं० सूर्यप्रसाद शर्मा (जि० १) ...

वर्ष २] भाद्रपद, सम्वत् १९६९ विक्रमी—सितम्बर, सन १९१२ ईसवी। [अंक ९

परम पिता का आदेश।

मा भ्राता भ्रातरं द्विक्षन् मा स्वसारमुत स्वसा।
सम्यञ्च सव्रता भूत्वा वाचं वदत भद्रया॥

[illegible]

[illegible]

रामकृष्ण-वाक्यसुधा।

[illegible]

(१) कोई मनुष्य [illegible]

[illegible]

पण ने क्या दिया? उन्होंने एक पत्ते में चुपके से राम-नाम लिख कर उसे वह पत्ता दे दिया और कहा, "इसे चुपके अपने कपड़े में मजबूती के साथ बांध लो। इसके योग से तुम निश्चिन्त समुद्र को पार कर सकोगे। परन्तु यह ध्यान में रखना कि यह पत्ता खोल कर देखना न चाहिए। जहां तुमने उसे खोल कर देखा कि बस गये पाताल को!"

उस भक्त ने अपने मित्र के वचनों पर विश्वास (श्रद्धा) रखा। और सुरक्षित रीति से वह कुछ देर तक समुद्र में चलता गया। परन्तु पीछे से, दुर्भाग्यवश, उसे दुर्बुद्धि सूझी। और उसके सिर में यह कल्पना उठी कि जिसके सामर्थ्य से इतना बड़ा समुद्र सहज ही पार किया जा सकता है वह कौन सी ऐसी चीज है, उसे देखना चाहिए। उसने वह पत्ता खोला और तुरन्त ही समुद्र के पेट में वह चला गया!

अतएव, श्रद्धा कर्तुमकर्तुं समर्थ है। उसके सामने सृष्टि के सम्पूर्ण बल लटपटा कर लंगड़े हो जाते हैं! उसके बल पर आप, बिना किसी डर के और सुरक्षित रीति से, मेरु का उल्लंघन कर सकते हैं, समुद्र पार कर सकते हैं। यही नहीं; किन्तु पाप, अन्याय, अज्ञान, संसारासक्ति, इत्यादि सब उसके सामने से डर कर भागते हैं।

देखिये, श्रद्धा के बल का आश्रय मिले बिना धर्ममार्ग का आक्रमण कदापि नहीं हो सकता। चाहे और कुछ न हो, केवल श्रद्धा चाहिए।

परमात्मा पर श्रद्धा रखना चाहिए, इससे तत्काल ही सम्पूर्ण पाप भस्म हो जाते हैं।

मेरी माता का—विश्वेश्वरी का—भक्त इस लोक में भवबन्धन से छूटता है—जीवन्मुक्त होता है। वह केवल आनन्दस्वरूप ही रहता है।

मुख्य श्रद्धा चाहिए। वैसी ही भक्ति भी। ईश्वर की सहायता बिना—साक्षात्कार बिना—सिर्फ विचार के—सदसद्विवेक के—बल पर माता की प्राप्ति होना, विशेषतः इस कलियुग में, अत्यन्त कठिन है।

इतना कह कर महाराज ने एक गीत गाया। उसे सब लोग सहृदय वृत्ति से सुनने लगे। प्रत्येक का हृदय भर आया। गीत समाप्त होने पर कोई कुछ नहीं बोला। बिलकुल स्तब्धता छाई हुई थी। महाराज का मन बड़ी देर तक माता के पदकमलों में लगा रहा।

× × × ×

महाराज—(विद्यासागर से) अच्छा, देवता के सम्बन्ध में आपका क्या विचार है?

पंडित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर।

विद्यासागर—(सब लोगों की ओर एक बार दृष्टि डालकर)—माफ कीजिए, महाराज, इस विषय में आप से बातचीत करने के लिए मुझे अकेले ही कभी न कभी कोई मौका निकालना चाहिए। (हंसी)

महाराज—आपको यह सब अवश्य ही मालूम होगा। परन्तु, सिर्फ आपको उसकी कुछ बहुत कीमत नहीं जान पड़ती। सागराधिपति वरुण की सम्पत्ति अगणित होती है—न जाने कितना सोना, हीरे, माणिक, इत्यादि उसके अधिकार में होते हैं। पर, यह थोड़े ही है कि उस सागराधिपति को अपने साम्राज्य के—अपने रत्नाकर के—सम्पूर्ण रत्नों की जानकारी हो! (हंसी)

अच्छा, किसी धनवान् जमींदार ही का लीजिए। कभी कभी तो उसे अपने नौकरों के ठीक ठीक नाम भी मालूम नहीं रहते! (हंसी) वह जमींदार समझता है कि ऐसे हलके लोगों से परिचय रखना अपने बड़प्पन में बट्टा लगाना है! (हंसी)

× × × × ×

महाराज—(विद्यासागर से) आप क्या एक बार दक्षिणेश्वर के बाग में न आवेंगे? वह रम्य स्थान है, बहुत ही भव्य और सुन्दर है।

विद्यासागर—अवश्य! आप, कृपा करके, जब हमारे यहां पधारे, तब आपकी भेंट के लिए आना क्या मेरा कर्तव्य ही नहीं?

[महारा]ज—(हंस कर) यह देखिये, पंडितजी, मैं आपको बतलाये देता हूं। हम ठहरे मछुआरों की डोंगियां, छोटी छोटी—चाहे जहां जाने के लिए तैयार हैं! (हंसी) और आप बड़ी नाव की तरह! आप यदि नदी में इधर उधर जाने लगें तो कौन कह सकता है, आप कदाचित् बालू की किसी रेती में ही धर रहें! (हंसी)

विद्यासागर—(हंस कर)—हां, ठीक ही है। मैं पानी खाल ही में बस्ता हूं! (हंसी)

प्रयाण।

रात के आठ बजने आये। दक्षिणेश्वर के मन्दिर में महाराज को ले जाने के लिए गाड़ी तैयार हुई। महाराज कुछ देर के लिए ... हुए। उन्होंने माता का ध्यान किया होगा। अपने यजमान (... जी) पर कृपादृष्टि रखने के लिए उन्होंने माता की प्रार्थना तो नहीं की ...

वह श्रावण महीने का कृष्ण पक्ष था। महाराज चलने के ... उठे। विद्यासागर हाथ में लालटेन लेकर महाराज के आगे ... जीने से उतर कर अपने द्वार के फाटक तक आये। वहां ... और उनके शिष्यों को ले जाने के लिए गाड़ी खड़ी थी।

ये लोग जब फाटक के पास आये तब उन्हें वहां एक विचित्र दृश्य देख पड़ा। करीब ४० वर्ष के उम्रवाला एक मनुष्य ... खड़ा था। वह अपने दोनों हाथ जोड़े हुए था। वह सब सफेद ... पहने हुए था और सिक्खों का सा साफा बांधे हुए ... हास्ययुक्त, रंग गोरा और नेत्र तेजस्वी थे। महाराज को ... वह, भारी सत्कार से युक्त अपना शिर पृथ्वी पर लंबा कर ... चरणों में लीन हुआ।

महाराज—कौन? बलराम, क्या तू है? अरे, तू यहां! ...

बलराम—(हंस ...) महाराज, आपके ... दर्शन के लिए मैं इस ... पास, बड़ी देर से खा...

महाराज—अरे! ... क्यों नहीं आया!

बलराम—(हंस ...) देर से आया, ... उचित नहीं समझा ... ही आकर आपके ... लिए यहां खड़ा रहा।

× ×

महाराज शिष्यवर्ग ... गाड़ी में बैठे।

विद्यासागर (धर्म...) गाड़ीवाले को मैं भाड़ा ...

एम्—अहं! पंडितजी ... तकलीफ न कीजिए। भा... एक ने पहले ही दे दिया ...

इसके बाद पंडितजी ... जोड़ कर और कई बार ... कर महाराज को प्रणाम ... अन्य लोगों ने भी ऐसा ... किया। गाड़ीवाले ने चाबुक लगा कर घोड़े छोड़ दिये, और ... उत्तर की ओर जाने लगा।

हाथ में लालटेन लिए हुए पंडित विद्यासागर, फाटक के पास ... हुए अन्य लोगों के साथ कुछ देर तक उसी तरफ देखते रहे। ... ये चकित उनके मन में इसे विचार आये,—देखिये तो, ... रूप में रंगे हुए मनुष्यों को! इतना ज्ञानी है, पर ... सरल है! कितना मृदुल! कितना आनन्दी! कितना ... परायण है!

गृहस्थी का भार ढोते हुए सूख कर अंतःपुर ही ... के लोगों में संजीवनी भर कर उन्हें तेजःसम्पन्न बनाने ... क्या प्रत्यक्ष विष्णु ने ही तो इसके रूप में अवतार नहीं ... मनुष्य के शुष्क और तृषाक्रान्त हृदय में प्रेम के ... लाने के लिए क्या स्वयं प्रेम ने ही तो मूर्तस्वरूप धारण नहीं ... हताश और आतुर होनेवाले मनुष्य से यह कहने के लिए ... "बेटा, पुनर्जन्म लेकर तुझे शुद्ध ... फिर प्रेम (अर्थात ... करना सीखना चाहिए" यह आकाशवाणी तो नहीं ... अथवा आधुनिक विचित्र सुधार के मद से उन्मत्त होनेवाले ... आंखों में नया अंजन लगाने के लिए परलोक से यह कौन ... आया है? अथवा, ब्रह्माण्ड का कौतुक इस रूप के समान ... कोई विभूति है? हम इसे क्या कहें?

अमेरिका में कृषि-शिक्षा और उसके साधन।

नं० २

(श्रीयुत अनंत माधव गुर्जर, बी० एस० सी०, अमेरिका।)

राष्ट्रीय और प्रान्तिक सरकारों के मेल से जो कृषि-कालेज खोले गये हैं वे कृषिशिक्षा का प्रचार करनेवाली दूसरी महत्त्वपूर्ण संस्थाएं हैं। ये कालेज प्रत्येक रियासत में राष्ट्रीय राजनियम से स्थापित हुए हैं। कई रियासतों में ये कालेज स्वयं रियासत की युनिवर्सिटी में शामिल हैं। जिस प्रमाण से रियासत की सरकार इन कालेजों को आर्थिक सहायता करती है उसी हिसाब से उनकी उन्नति भी होती है। अमेरिकन राष्ट्र में कुल ६५ कृषि-कालेज हैं। सन् १९१० में इन कालेजों में ६९८४ लोग शिक्षक का काम करते थे। सब कालेजों में ४५१५० विद्यार्थी थे। इनके सिवाय कालेजों की देखरेख में, अपने घर पर ही रह कर, कृषिशास्त्र सीखनेवाले लोगों के सहित कुल १,२८,१५० विद्यार्थी कृषिविद्या का अध्ययन करते थे। सन् १९१० में कृषिशास्त्र में, बी० एस० सी० का अध्ययन करने वाले ३६१४ उम्मेदवार थे। इस प्रकार की विस्तृत कृषिशिक्षा का कर्तव्य पूर्ण करने में इन कालेजों के लिए सन् १९०९ में कितना राष्ट्र का धन व्यय हुआ, यह बात नीचे दिये हुए अंकों से मालूम होगी।



एक श्रेणी सुअरों की परीक्षा कर रही है।

नकद

राष्ट्रीय सरकार	प्रान्तिक सरकार		लोगों का दिया हुआ स्थिर कोश
२८१८२० डालर	चलत् खर्च	१४६११२	१०८५८०४० डालर।
	नवीन इमारतें	२६४४७१३	
	स्थिर कोश का व्याज	७८३७२०	
	फीस	११३९९१७	
	अधिक	१०२००५२	
	फुटकर	२३८५१६८	
	मीज़ान	१८०८२८१४ डालर।	

सन् १९०९ में निम्नलिखित स्थायर सम्पत्ति कालेजों के अधिकार में थी। प्रत्येक सम्पत्ति के सामने उसकी कीमत भी दी हुई है।

	डालर।	
खेतों की जमीन और कालेज मैदान	१५१८९१९८	मीज़ान ६९०१८१४८
इमारतें	३८३८९१२८ "	
शिक्षण-सामग्री	३४५३९८९ "	
हथियार	२८.३६३० "	
पुस्तकालय	४१३६३२९ "	
पशु	१४४२४६ "	
फुटकर सामान	४१८६७१८ "	

यही बात यदि थोड़े में कही जाय तो सन् १९०९ में राष्ट्रीय सरकार ने २१ लाख डालर सब कृषिकालेजों को दिए। इसी साल में



कालेज के खेत में उत्पन्न की हुई मक्का की प्रदर्शिनी।

प्रान्तिक सरकारों ने उक्त साल में दो करोड़ डालर खर्च किये। और कालेजों के अधिकार में कुल स्थायर सम्पत्ति ७ करोड़ डालर की थी!

उपर्युक्त अंकों से कितने ही महत्त्वपूर्ण अनुमान निकल सकते हैं। यूनाइटेड स्टेट्स् में जोती बोई जानेवाली खेतियों की संख्या ५७,३७,३७२ है। उपर्युक्त अंकों के अनुसार कुल नकद रकम ३,१०,५५,०९६ थी। अब यदि यह कल्पना की जाय कि सरकार ने कृषिशिक्षा के लिए जो यह खर्च किया वह खेती का उद्धार करने के लिए किया तो प्रति खेती के लिए सन् १९०९ में साढ़े ५ डालर खर्च हुआ। और इन खेतों पर कुल ५६९८९०१ कुटुम्ब रहते थे। तथा उनके मनुष्यों की संख्या २४७,८४८३४ था। यद्यपि इसमें सन्देह नहीं, कि ये सभी लोग अलग अलग कालेजों में नहीं जा सके, तथापि यदि यह मान लिया जाय कि कालेजों की शिक्षा का फायदा, एक प्रकार से सभी ने उठाया तो यह कहा जा सकता है कि अमेरिकन सरकार ने सिर्फ कृषिशिक्षा के लिए सन् १९०९ में प्रति मनुष्य डेढ़ डालर खर्च किया।

कालेजों की कृषिशिक्षा का मुख्य हेतु यह है कि नवयुवक लोगों को कृषि और उससे सम्बन्ध रखनेवाले भौतिक शास्त्रों की शिक्षा



विद्यार्थियों के क्षेत्र में उत्पन्न की गई नॅरकाग-भाजी की प्रदर्शिनी।

दी जाय। इस शिक्षा के चक्र से तीन प्रकार के लोग निकलते हैं। प्रथम तो वे लोग जो कृषिशास्त्र का उद्धार करने के लिए अपना जीवन अर्पण करते हैं, दूसरे वे लोग जो अपनी शिक्षा समाप्त करके खेती के व्यवसाय में पड़ते हैं और अपने देशभाइयों को अपनी कृति से हाथ का योग्य मार्ग दिखलाते हैं, तथा तीसरे लोग वे हैं

तो कृपिशिक्षा की संस्थाओं में या सरकारी कृपिविभाग में काम करके अपने देश की सेवा करते हैं। यद्यपि इन तीनों प्रकार के लोगों का महत्व बराबर ही है, तथापि कृपिशिक्षा और उसकी संस्थाएं ज्यों ज्यों अधिकाधिक पुरानी होती जाती हैं त्यों त्यों दूसरे प्रकार के लोगों की ही अधिक चाह होती जाती है। इधर कुछ दिनों से अमेरिकन कालेजों से निकलनेवाले पदवीधरों में से बहुत लोग दूसरे ही प्रकार के निकलते हैं। सन् १९१० में 'आयोवा' नामक रियासत के कृपिकालेज से एक शाखा में ३८ पदवीधर निकले। उनमें से २० कृपि के निजी व्यवसाय में प्रविष्ट हुए।

कालेजों के द्वारा कृपि-शिक्षा-प्रचार करने का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि कृपि-व्यवसायी लोगों को योग्य और उपयोगी शिक्षा दी जाय, ताकि वे देशहित-तत्पर नागरिक बनें। कृपिकालेज से

एक विद्यार्थी ने अपने खेतों की दलदली जगह में मक्का तैयार की है।

निकलनेवाले पदवीधरों में सरकारी नौकरी या शिक्षक का व्यवसाय करने की स्वाभाविक ही रुचि होती है और समाज-हित की दृष्टि से कितने ही पदवी-धरों का उपर्युक्त व्यवसाय में प्रवेश होना आवश्यक भी है। परन्तु इन सबों पर एक बड़ी सार्वजनिक जवाबदारी है, वह यह कि, स्वयं प्राप्त किया हुआ ज्ञान अनजान और गरीब किसानों में, अनेक प्रकार से, फैलाना चाहिए। और इस जवाबदारी अथवा इस कर्तव्य के पूर्ण करने में एक विशेष गुण की आवश्यकता होती है। वह गुण यही है कि उन शिक्षित लोगों में [illegible] कठोर मिहनत करने की आदत और [illegible] होना चाहिए। यह समझना चाहिए कि जिनमें कृपि-

[illegible]

[illegible]

पदवीधरों को कालेज में जो शिक्षा मिलती है उसमें [illegible] बॉटनी, फिज़िक्स, इत्यादि शास्त्रों को विशेष महत्व दिया [illegible] क्योंकि इन शास्त्रों पर ही सम्पूर्ण कृपिशास्त्र की इमारत [illegible]

[illegible]

अर्थशास्त्र, व्यापार, आदि विषय भी सिखलाये जाते [illegible] कृपि से सम्बन्ध रखनेवाले, बागों के काम और [illegible] इत्यादि विषयों में भी स्वतंत्र रीति से शिक्षा दी जाती है।

फलवृक्षों के कृमि मारने के लिये विषारी छिड़काव [illegible] प्रयोग किया जा रहा है।

कृपिशिक्षा की संस्थाओं में विद्यार्थियों को कृपि के पशु [illegible] animals) और बीज आदि की परीक्षा करना, [illegible] बढ़ई का काम करना, बंधाई (Construction) [illegible] करना भी थोड़ा-बहुत जानना चाहिए। अतएव इन बातों [illegible] भी अमेरिका में बहुत ध्यान दिया जाता है। तथा [illegible] के कलम लगाना, [illegible] तैयार करना, इत्यादि काम भी [illegible] से कराये जाते हैं। प्रस्तुत लेख में ये सब भिन्न भिन्न [illegible] स्वयं देख लेंगे।

[illegible]

[illegible]

इस प्रकार की शिक्षा को यहां 'शार्ट कोर्स' नाम दिया गया है। इस विषय का चित्र अन्यत्र दिया गया है। इस शार्ट कोर्स की प्रणाली में कृषिसम्बन्धी भिन्न भिन्न व्यवहारु शिक्षा के अतिरिक्त, भिन्न [illegible] सम्बन्धी पशुओं की परीक्षा, कालेज का [illegible] प्रदर्शन, आस पास के महत्वपूर्ण कृषिप्रयोग, इत्यादि बातों में भी बहुत समय देते हैं। उसी प्रकार भिन्न भिन्न कृषिक्रिया सम्बन्धी प्रत्यक्ष प्रयोग (Demonstration) भी कर दिखलाते हैं।

जाड़े में दूसरी तरह की जो शिक्षा कालेजों में दी जाती है वह सिर्फ वयस्क किसानों के लिए है। यह शिक्षा दो अठवाड़े तक चलती है। इस शिक्षा को एक स्वतंत्र व्याख्यानमाला अथवा 'कृषीवलपरिषद' कह सकते हैं। सुबह किसी न किसी विषय पर तीन घंटे तक व्याख्यान होता है और शाम को उसी विषय पर आवश्यक प्रयोग कर दिखलाये जाते हैं। उदाहरणार्थ, [illegible] यदि 'फल वृक्षों के कीटक और उनके रासायनिक छिड़काव' (The Fruit tree insects and chemica-spraying for the same) इस विषय पर [illegible] हुआ तो शाम के [illegible] कालेज के बाग में 'यह कैसे करना चाहिए,' रासायनिक द्रव्य कैसे मिलाना चाहिए, इत्यादि के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष कृति करके दिखलाई जाती है। इस प्रकार के वयस्क किसानों के लिए जो व्याख्यानमाला यहां होती है उसे [illegible] up) कहते हैं। इस [illegible] ही व्याख्यान नहीं [illegible] और वनस्पती लोगों [illegible] करने से उसके विशिष्ट [illegible]

[illegible] मत के मुख्य स्थान पर, निश्चित तारीख को, पहुँच कर किसानों की सभा करते हैं और इस सभा के द्वारा उपर्युक्त प्रकार से अपना शिक्षा-प्रचार का कार्य करते हैं। इस प्रकार की सभाओं में 'मैजिक लेन्टर्न' की सहायता से सचित्र व्याख्यान होते हैं।

सम्पूर्ण राष्ट्र की उपर्युक्त प्रकार की शिक्षा का सन् १९१० का वृत्तान्त अंकों के सहित प्रसिद्ध हुआ है। उक्त साल में इस प्रकार की शिक्षा के काम में एक हजार से अधिक शिक्षक लगे थे, और इस काम में कुल ४,३२,००० डालर खर्च हुआ। किसानों की कुल ५६५१ सभाएं हुईं और उनमें कुल २३ ९४,९०० किसान श्रोता उपस्थित थे। सन् १९०९ में इन सभाओं में करीब २२,४०,००० किसान उपस्थित थे। अर्थात् १९१० में डेढ़ लाख किसान बढ़ गये; तथा १९०९ में ३,४४,६०० डालर खर्च हुआ था। अर्थात् १९१० में यह खर्च .६४०० डालर बढ़ गया।

कालेज के अन्तर्गत कपास के खेत में विद्यार्थी काम कर रहे हैं।

इस लेख को समाप्त करने के पहले यदि हम एक दो बातों की और भी चर्चा करें तो कोई हर्ज नहीं देख पड़ता। पहली बात यह है कि अमेरिका में इन कृषि-कालेजों में ही स्त्री-शिक्षा की भी दिन पर दिन [illegible] हो रही है और दूसरी बात यह है कि अमेरिकन जनसंख्या में जो कुछ नीग्रो लोगों का भाग है उसमें भी कृषिशिक्षा का प्रचार हो रहा है।

मानव जाति की उन्नति कभी रुक नहीं सकती। बराबर उसका पग आगे ही बढ़ता जायगा, इसमें कोई सन्देह नहीं। इस उन्नति का कुछ यह हाल नहीं है कि अमुक एक स्थल या बिन्दु पर पहुँच कर इसकी 'इति श्री' हो जाय। आज तक जो मानवी उन्नति और सुधार हुआ है उसका यदि कोई सब से बड़ा कारण है तो वह समाज की स्त्री-शिक्षा ही है। उन्नति-सुधार और शिक्षा में वही सम्बन्ध है जो कि धुआं और अग्नि में है। जहां शिक्षा का प्रचार होगा वहां उन्नति और सुधार होगा ही। गत दस पन्द्रह वर्ष से भारतीय समाज की, सब प्रकार से, बराबर उन्नति हो रही है।

पाकशाला में लड़कियों की एक श्रेणी।

यहां तक तो उन प्रयत्नों का वर्णन हुआ जो कृषिशिक्षा-प्रचार के लिए कालेज के द्वारा किंबहुना उसकी इमारत में होते हैं। परन्तु अमेरिका की कृषिशिक्षा यहीं पर समाप्त नहीं हो गई। इससे भी अधिक महत्व के प्रयत्न कालेजों की ओर से रियासत के गवर्नमेंटों में होते हैं। प्रत्येक कालेज का एक एक एक्स्टेंशन डिपार्टमेंट (Extention Dipt) रहता है। यह विभाग और उसका कर्तव्य यद्यपि विशिष्ट और स्वतंत्र है, तथापि उसके शिक्षक, इत्यादि लोग स्वतंत्र नहीं रहते। कालेज के, सदैव के, शिक्षक ही इस विभाग का कार्य सम्पादन करते हैं। इस विभाग के काम का मुख्य समय जाड़े का ऋतु है और तीन चार डब्बों की एक रेलगाड़ी तथा उन डब्बों में भरी गई प्रदर्शिनी के पदार्थ, इत्यादि उसका मुख्य सामान है।



सीना सीखनेवाली लड़कियों की एक श्रेणी।

और इस से शिक्षा भी बढ़ रही है। आज तक हमारी, किंबहुना सम्पूर्ण जगत् की, जो उन्नति हुई है, उससे यह और भी अधिक वेग से हुई होती; परन्तु यह ध्यान में रखना चाहिए कि देश की राजकीय परिस्थिति जिस प्रकार कई तरह से मदद करती है वैसे ही वह कई प्रकार से विघ्न भी डालती है।

मानवी समाज की उन्नति में स्त्री-शिक्षा का विषय भी बड़े महत्व का है। स्त्री और पुरुष दोनों को यदि बराबर शिक्षा नहीं मिलती है तो वही हाल होता है जैसे किसी सुधारकर्ता गाड़ी के जुए में एक ओर बछड़ा और दूसरी ओर बैल जोता जाय। ऐसी दशा में उस गाड़ी की जो दशा होती है उसे सभी जानते हैं। भारतवर्ष में [illegible] स्त्री-शिक्षा का जो हाल है वही हाल अमेरिका में भी [illegible]

जो कृषिशिक्षा की संस्थाओं में या सरकारी कृषिविभाग में काम करके अपने देश की सेवा करते हैं। यद्यपि इन तीनों प्रकार के लोगों का महत्व बराबर ही है, तथापि कृषिशिक्षा और उसकी संस्थाएं ज्यों ज्यों अधिकाधिक पुरानी होती जाती हैं त्यों त्यों दूसरे प्रकार के लोगों की ही अधिक चाह होती जाती है। इधर कुछ दिनों से अमेरिकन कालेजों से निकलनेवाले पदवीधरों में से बहुत लोग दूसरे ही प्रकार के निकलते हैं। सन् १९१० में 'आयोवा' नामक रियासत के कृषिकालेज से एक शाखा में ३८ पदवीधर निकले। उनमें से ३० कृषि के निजी व्यवसाय में प्रविष्ट हुए।

कालेजों के द्वारा कृषि-शिक्षा-प्रचार करने का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि कृषि-व्यवसायी लोगों को योग्य और उपयोगी शिक्षा दी जाय, ताकि वे देशहित-तत्पर नागरिक बनें। कृषिकालेज से



एक विद्यार्थी ने अपने खेतों की दलदली जगह में मका तैयार की है।

निकलनेवाले पदवीधरों में सरकारी नौकरी या शिक्षक का व्यवसाय करने की स्वाभाविक ही रुचि होती है और समाज-हित की दृष्टि से कितने ही पदवी-धरों का उपर्युक्त व्यवसाय में प्रवेश होना आवश्यक भी है। परन्तु इस वर्षों पर एक [illegible] तथा यहां के [illegible] कि [illegible] "कला और शास्त्र" (Domestic Science) नाम के विभाग स्थापित हुए हैं। अतएव, आज कल यहां के कृषिकालेजों में लड़कों के समान ही लड़कियों की भी भरती होती जाती है।



[illegible] के बच्चे बाग में काम कर रहे हैं।

कृषिकालेज के स्त्री विद्यार्थियों को "घरू कला और शास्त्र" विभाग की पुस्तकों की भी सर्वसाधारण-शिक्षा, अर्थात् [illegible] के मूल तत्त्व, भाषा, [illegible], इत्यादि की शिक्षा मिलती है, उसी विषय विद्यार्थियों को जिस प्रकार [illegible] की शिक्षा मिलती है उसी प्रकार लड़कियों को "घरू कला और शास्त्र" विभाग की शिक्षा मिलती है। लड़कों की तरह लड़कियों को भी, कालेज के नियमानुसार, [illegible] है। इस विभाग में [illegible] सिखलाया जाता है। इन विषयों के लिये [illegible]।

[illegible] के लिये [illegible] जिस प्रकार [illegible] है [illegible] प्रकार की [illegible] है। [illegible] में स्त्रियों की [illegible]

पदवीधरों को कालेज में जो शिक्षा मिलती है उसमें केमिस्ट्री, बॉटनी, फिजिक्स, इत्यादि शास्त्रों को विशेष महत्व दिया जाता है, क्योंकि इन शास्त्रों पर ही सम्पूर्ण कृषिशास्त्र की इमारत खड़ी है। ये शास्त्र सिखलाते समय प्रयोगशालाओं की ओर विशेष ध्यान रखा जाता है। कितने ही लोग समझते हैं कि कृषिकालेजों में यही सिखलाया जाता है कि "हल कैसे पकड़ना चाहिए" परन्तु वास्तव में अमेरिका के कृषिकालेजों में इतिहास, भाषा, [illegible] अर्थशास्त्र, व्यापार, आदि विषय भी सिखलाये जाते हैं। [illegible] कृषि से सम्बन्ध रखनेवाले, बागों के काम और [illegible] इत्यादि विषयों में भी स्वतंत्र रीति से शिक्षा दी जाती है।

फलवृक्षों के कृमि मारने के लिये विषारी छिड़काव का प्रयोग किया जा रहा है।

[illegible] से व्यवसाय करने का स्त्रियों में [illegible] कालेजों की उपर्युक्त शिक्षा के कारण यह प्रवृत्ति दिन दिन [illegible] रही है और आज दस-पांच एकड़ की जमीन में खेती का व्यवसाय करनेवाली और अच्छा लाभ उठानेवाली बहुत सी स्त्रियां [illegible] करने पर देखी जाती हैं। फल फलवृक्ष उत्पन्न करना, मुर्गियां [illegible] कर उनके अंडे उत्पन्न करना, दूध दही बना कर बेचना, [illegible]

लड़कियों को कृषिशास्त्र के मूलतत्त्व सिखाये जाते हैं।

लिए पुष्पवृक्ष तैयार करना, इत्यादि अनेक [illegible] हैं। यह उत्पन्न करने का व्यवसाय अब बिलकुल [illegible] हाथ में आ गया है और इस विषय की [illegible] कालेजों में मिलने लगी है।

सामाजिक दृष्टि से जब हम अमेरिका की [illegible] अवलोकन करते हैं तब हमें उसमें अनेक [illegible] देते हैं। [illegible] की दृष्टि से [illegible] करने पर इन [illegible] का [illegible] देख पड़ता है। [illegible] हुए हैं। परन्तु [illegible] की [illegible] भी नहीं [illegible] है। [illegible] को राजकीय अधिकार, [illegible] इत्यादि [illegible]

स प्रकार की शिक्षा को यहाँ 'शार्ट कोर्स' नाम दिया गया है। स विषय का चित्र अन्यत्र दिया गया है। इस शार्ट कोर्स की णाली में कृषिसम्बन्धी भिन्न भिन्न साधारण शिक्षा के अतिरिक्त, भिन्न भिन्न कालेज प्रान्तिक महत्वपूर्ण विषयों पर विशिष्ट पाठ भाषण देते हैं। उदाहरणार्थ, दक्षिण-भाग की रियासतों में कपास की पैदावार अधिक होती है, और वहाँ के कालेज अपने शार्ट कोर्स में कपास के विषय में विशिष्ट (Special) कोर्स देते हैं। उसी मौके पर कृषि-सम्बन्धी पशुओं की परीक्षा, कालेज की भिन्न भिन्न प्रदर्शिनी, आसपास के महत्वपूर्ण कृषिप्रयोग, इत्यादि बातों में भी बहुत समय देते हैं। उसी प्रकार भिन्न भिन्न कृषिक्रिया सम्बन्धी प्रत्यक्ष प्रयोग (Demonstration) भी कर दिखलाते हैं।

जाड़े में दूसरी तरह की जो शिक्षा कालेजों में दी जाती है वह सिर्फ वयस्क किसानों के लिए है। यह शिक्षा दो हफ्ते तक चलती है। इस शिक्षा को एक स्वतंत्र व्याख्यानमाला अथवा 'कृषीचलपरिषद' कह सकते हैं। सुबह किसी न किसी विषय पर तीन घंटे तक व्याख्यान होता है और शाम को उसी विषय पर आवश्यक प्रयोग कर दिखलाये जाते हैं। उदाहरणार्थ, सुबह यदि 'फल वृक्षों के कीटक और उनके रासायनिक छिड़काव' (The Fruit tree insects and chemica-spraying for the same) इस विषय पर ... हुआ तो शाम को ... के बाग में 'यह कैसे करना चाहिए,' रासायनिक द्रव्य कैसे मिलाना चाहिए, इत्यादि के सम्बन्ध में प्रत्यक्ष कृति करके दिखलाई जाती है। इस प्रकार

कालेज के अन्तर्गत कपास के खेत में विद्यार्थी काम कर रहे हैं।

गया उनके आतारके सेकंडरि प्रारम्भिक ... युक्त होती है उसे संस्थाओं में भी, विद्यार्थियों की शारीरिक और मानसिक शक्ति के अनुसार, कृषि के मूलतत्व सिखलाये जाते हैं। बाहरी सृष्टि-निरीक्षण (Nature study) के द्वारा भी छोटे छोटे लड़कों को खेतों पर ले जाकर कृषि का प्राथमिक पाठ सिखलाते हैं। इसी तरह कन्या-पाठशालाओं की लड़कियों को भी थोड़ी थोड़ी कृषिशिक्षा दी जाती है। पाठशालाओं के पास यहाँ जो छोटे छोटे बाग होते हैं उनके द्वारा इस शिक्षा का बहुत सा कार्य होता है। इसके सिवाय रियासतों के छोटे छोटे परगनों में केवल कृषिशिक्षा की प्रारम्भिक पाठशालाएं खोली गई हैं। ऐसी एक पाठशाला का चित्र अन्यत्र दिया जाता है। इन प्रारम्भिक पाठशालाओं में लड़के लड़कियों को

... स्थल के मुख्य स्थान पर, निश्चित तारीख को, पहुँच कर किसानों की सभा करते हैं और इस सभा के द्वारा उपर्युक्त प्रकार से अपना शिक्षा-प्रचार का कार्य करते हैं। इस प्रकार की सभाओं में 'मैजिक लेन्टर्न' की सहायता से सचित्र व्याख्यान होते हैं।

सम्पूर्ण राष्ट्र को उपर्युक्त प्रकार की शिक्षा का सन् १९१० का वृत्तान्त अंकों के सहित प्रसिद्ध हुआ है। उक्त साल में इस प्रकार की शिक्षा के काम में एक हजार से अधिक शिक्षक लगे थे, और इस काम में कुल ४,३२,००० डालर खर्च हुआ। किसानों की कुल ४६५१ सभाएं हुई और उनमें कुल २३ १४,९०० किसान श्रोता उपस्थित थे। सन् १९०६ में इन सभाओं में करीब २२,५०,००० किसान उपस्थित थे। अर्थात् १९१० में डेढ़ लाख किसान बढ़ गये; तथा १९०६ में ३,४४,९०० डालर खर्च हुआ था। अर्थात् १९१० में यह खर्च ८९५०० डालर बढ़ गया।

इस लेख को समाप्त करने के पहले यदि हम एक दो बातों की ओर भी चर्चा करें तो कोई हर्ज नहीं देख पड़ता। पहली बात यह है कि अमेरिका में इन कृषि-कालेजों में ही स्त्री-शिक्षा की भी दिन पर दिन वृद्धि हो रही है और दूसरी बात यह है कि अमेरिकन जनसंख्या में जो कुछ नीग्रो लोगों का भाग है उनमें भी कृषिशिक्षा का प्रचार हो रहा है।

मानव जाति की उन्नति कभी रुक नहीं सकती। बराबर उसका पग आगे ही बढ़ता जायगा, इसमें कोई सन्देह नहीं। इस उन्नति का कुछ यह हाल नहीं है कि अमुक एक स्थल या बिन्दु पर पहुँच कर इसकी 'इति श्री' हो जाय। आज तक जो मानवी उन्नति और ... हुआ है उसका यदि कोई सब से बड़ा कारण है तो वह ... है। उन्नति-सुधार और शिक्षा में वृद्धि की जा सकती है। ... शिक्षा का प्रचार और किसानों में खेती के ज्ञान का प्रचार होगा। ... हैं और सरकारी खजाने पर प्रजा का अधिकार नहीं है, इस ... अमेरिका की तरह कृषिशिक्षा की भारी भारी संस्थाएं नहीं स्थापित हो सकतीं। परन्तु "खाऊंगा तो घी शक्कर ही, नहीं तो भूखों मरूंगा" ऐसा कह कर आत्मघात करना ठीक नहीं है। वर्तमान दशा में जितना कुछ हो सकता है उतना ही यदि किया जाय तो भी हमारा बहुत सा कल्याण हो सकता है।

दक्षिण अमेरिका के आदिम निवासी।



ऊपर के चित्रों में यह दिखलाया गया है कि अपर एमेजन (दक्षिणी अमेरिका) भाग के आदिम निवासी वृक्षों के खोखलों की डोंगियों में बैठ कर नदी में घूम रहे हैं। इन लोगों की ऊँचाई योरोपियन लोगों से कुछ कम होती है, और इनका मुख्य व्यवसाय मछली मारना है। ... है। इस व्यसन से इनकी और भी हानि ... नाक में छोटे छोटे पत्थरों के लटकन पहनते। इनकी पैदा ... इनका भोलापन ... के विषय में इन का हृदय जिज्ञासापूर्ण ... ही इनके नाश का कारण हुआ है। महा-

जो कृषिशिक्षा की संस्थाओं में या सरकारी कृषिविभाग में काम करके अपने देश की सेवा करते हैं। यद्यपि इन तीनों प्रकार के लोगों का महत्व बराबर ही है, तथापि कृषिशिक्षा और उसकी संस्थाएं ज्यों ज्यों अधिकाधिक उन्नत होती जाती हैं त्यों त्यों दूसरे प्रकार के लोगों की ही अधिक चाह होती जाती है। इधर कुछ दिनों से अमेरिकन कालेजों से निकलनेवाले पदवीधरों में से बहुत लोग दूसरे ही प्रकार के निकलते हैं। सन १९१० में 'आयोवा' नामक रियासत के कृषिकालेज से एक साल में ३८ पदवीधर निकले। उनमें से ३० कृषि के निजी व्यवसाय में प्रविष्ट हुए।

कालेजों के द्वारा कृषि-शिक्षा-प्रचार करने का मुख्य उद्देश यह होता है कि कृषि-व्यवसायी लोगों को योग्य और उपयोगी शिक्षा दी जाय, ताकि वे देशहित तत्पर नागरिक बनें। कृषिकालेज से

एक विद्यार्थी ने अपने खेतों की दलदली जगह में मक्का तैयार की है।

निकलनेवाले पदवीधरों में सरकारी नौकरी या शिक्षक का व्यवसाय करने की स्वाभाविक ही रुचि होती है और समाज-हित की दृष्टि से कितने ही पदवी-धरों का उपर्युक्त व्यवसाय में प्रवेश होना आवश्यक भी है, परन्तु इन सबों पर एक ... तथा यहां के ... है। वह यह कि "... कला और शास्त्र" (Domestic ... science) नाम के विभाग स्थापित हुए हैं। अतएव, आज कल यहां के कृषिकालेजों में लड़कों के समान ही लड़कियों की भी भरती देखी जाती है।

आरम्भिक स्कूल के बच्चे बाग में काम कर रहे हैं।

कृषिकालेज के अन्य विद्यार्थियों की तरह "घराऊ कला और शास्त्र" विभाग की छात्राओं को भी सर्वसाधारण-शिक्षा, अर्थात् भिन्न भिन्न शास्त्रों के मूल तत्व, भाषा, इतिहास, साहित्य, अर्थशास्त्र, इत्यादि की-शिक्षा मिलती है। इसके सिवाय, विद्यार्थियों को जिस प्रकार खेती में विशिष्ट प्रकार की ...
लड़कियों को " ...
है। लड़कों की ...
पदवियां (Deg ...
काम और भोजन बनाना, इत्यादि सिखलाया जाता है। इन विषयों के चित्र अन्यत्र देखिये।

कालेज की ओर से जाड़े के दिनों में जिस प्रकार अन्य गावों में शिक्षा के लिए प्रयत्न किया जाता है वैसे ही उपर्युक्त प्रकार की स्त्री-शिक्षा के सम्बन्ध में भी प्रयत्न होता है। जाड़े में स्त्रियों को

पदवीधरों को कालेज में जो शिक्षा मिलती है उसमें ... [illegible] ... इत्यादि शास्त्रों की शिक्षा ... [illegible]
...
है। ...
... [illegible]
यहां सिखलाया जाता है कि "... [illegible] ... कालेज में ... [illegible] अर्थशास्त्र, व्यापार, ... [illegible] ... कृषि से ... [illegible] इत्यादि विषयों में भी ... [illegible] शिक्षा दी जाती है।

फलवृक्षों के कृमि मारने के लिये विषारी छिड़काव का प्रयोग किया जा रहा है।

... में व्यवसाय करने की स्त्रियों में ... कालेजों की उपर्युक्त शिक्षा के कारण यह प्रवृत्ति दिन पर दिन ... रही है और आज दस-पांच एकड़ की जमीन में खेती का ... करनेवाली और अच्छा लाभ उठानेवाली बहुत सी स्त्रियां ... करने पर देखी जाती हैं। ... फलझाड़ उत्पन्न करना, मुर्गियां ... कर उनके अंडे उत्पन्न करना, दूध दही बना कर बेचना, ...

लड़कियों को कृषिशास्त्र के मूलतत्त्व सिखाये जाते हैं।

लिए पुष्पवृक्ष तैयार करना, इत्यादि अनेक कृषिसम्बन्धी ... हैं। अंडे उत्पन्न करने का व्यवसाय अब बिलकुल स्त्रियों ... हाथ में जा रहा है और इस विषय की विशिष्ट शिक्षा भी ... कालेजों में मिलने लगी है।

सामाजिक दृष्टि से जब हम अमेरिका की जनसंख्या का ... लोकन करते हैं तब हमें उसमें अनेक अत्यन्त भिन्नभिन्न भेद दिखा देते हैं। नागरिकता की दृष्टि से जनसंख्या के भेदों का अवलोकन करने पर उन भेदों का सम्बन्ध हाथ की उँगलियों के ... देख पड़ता है। हाथ की उँगलियां एक दूसरे से बिलकुल भिन्न हैं; परन्तु उन सब का मिलाप तलवे में हुआ है। अमेरिका की जनसंख्या के भेदों का भी यही हाल है। जनसंख्या के विभिन्न ... को राजकीय अधिकार, राज्य नियमों की समानता ... स्थान, इत्यादि चाहे बराबर न हों, तथापि शिक्षा-

शेक्सपियर और उसके ग्रन्थ।

(२)

केवल यही नहीं कहा जा सकता कि शेक्सपियर और उसकी पत्नी से बनती नहीं थी, इसी कारण वह ग्राम त्याग करके गया होगा। किन्तु कदाचित् उसने यह भी समझा होगा कि जीविका-निर्वाह के लिए उसे लंडन का आश्रय करना ही चाहिए; और इसी कारण कदाचित् उसने सन् १५८५ में अपना गावँ छोड़ दिया हो। सन् १५९६ तक फिर स्ट्राटफर्ड गावँ को उसके लौट जाने का कोई प्रमाण नहीं मिलता।

चाहे शेक्सपियर स्ट्राटफर्ड गावँ को बहुत दिन पहले से छोड़ने की इच्छा रखता हो, तथापि उसके छोड़ते समय एक तात्कालिक कारण भी उपस्थित हो गया था। वह यह कि हरिन चुराने की से चोरी लगी। सर टामस् ल्यूसी नामक एक धनवान् मनुष्य सके गावँ के पास ही रहता था। इस धनवान् पुरुष ने अपने गल में कुछ हरिन शिकार के लिए रखे थे। उस समय शेक्सपि- र के कई साथी बड़े व्यसनी और विचित्र थे। इन्हींकी बातों में ाकर सर टामस ल्यूसी के हरिनों में से एक हरिन उसने चुरा गया। इस पर ल्यूसी ने शेक्सपियर पर नालिश की, और शेक्स- ीयर पकड़ा गया। इतना ही नहीं, बल्कि, कहते हैं कि, कुछ मय तक उसे कारागृह-वास भी करना पड़ा। उस समय बड़े बड़े ारदार लोग शिकार के लिए जंगल रक्षित रखते थे और उनमें रिन आदि जानवर भी खास तौर पर रखवा लेते थे। उन जान- रों का शिकार कभी कभी शौकीन और गरीब लोग भी चुरा-छिपा र कर लेते थे। शेक्सपियर ने भी इसी तरह अपने चार छै नव- ुवक मित्रों के साथ यह हाल किया होगा और इसी कारण उस िन जंगल के मालिक सर टामस ल्यूसी ने उसे पकड़ कर लाया। इस पर सहज ही उस कवि को ल्यूसी पर बड़ा क्रोध गया।

शेक्सपियर के समय के लंडन की रंगभूमि का आदर्श।

महाकवि जिन पर प्रसन्न होते हैं उनको अथवा जिन पर रुष्ट होते हैं उनको भी अपनी स्तुति अथवा निन्दा से अजरामर कर डालते हैं। वे जिन लोगों की स्तुति करते हैं वे लोग प्रशंसनीय और सम्माननीय होते हैं तथा जिनकी निन्दा करते हैं वे निन्दनीय और असम्माननीय होते हैं। यदि कुछ लोग उनके प्रेमपात्र होते हैं तो कुछ अन्य लोग उपहास के पात्र भी होते हैं। शेक्सपियर कवि को सतानेवाला सर टामस ल्यूसी उसके दो नाटकों में जस्टिस शालो 'शेलो' के नाम से अजरामर हो गया है; क्योंकि कवि ने उसकी खूब ही खबर ली है। शेक्सपियर ने सर टामस ल्यूसी के नाम का और उसकी निशानी के ल्यूस का (बिरद-चिन्ह— वाली किनारियों का) खास तौर पर उल्लेख किया है, जिससे नाटक के प्रेक्षकों और वाचकों को पूर्णतया यह मालूम हो जाय कि 'शालो' नामक पात्र सर टामस ल्यूसी ही है। यह उल्लेख "विंडसर की विनोदी स्त्रियाँ" नामक नाटक के बिलकुल आरम्भ के ही प्रवेश में है। वह इस प्रकार है:—* सर जोन फालस्टाफ नामक एक पुरुष ने जस्टिस 'शालो' के आखेट-वन में जाकर बिना आज्ञा लिए हरिन का शिकार किया, इस कारण जस्टिस शालो क्रोधित हुए और उस पर नालिश करके उसे नीचा दिखाने के लिए विंडसर को आये। जस्टिस 'शालो' का ही पहला भाषण है। वे खूब अकड़ अकड़ कर कहते हैं—"हम यह मामला

एक होटल के अहाते में नाटक हो रहा है।

बिलकुल अन्त तक पहुँचायेंगे। एक नहीं, बीस सर जोन फालस्टाफ, क्यों न आ जायँ! उसे नीचा दिखाना ही चाहिए। मैं अपने गावँ का रईस हूँ, मुखिया हूँ। हमारा घराना बहुत बड़ा है। हमारे घर में 'आमा' है। उस पर तीन ल्यूस् का—झालेदार किनारियों का—बिरद-चिन्ह है।"

---

* Shallow Sir Hugh, persuade me not, I will make a Star-Chamber matter of it If he were twenty Sir Jhon Falstaffs, he shall not abuse Robert Shallow Esquire.

Slender In the county of Gloucester, Justice of peace. .... and a gentleman born, master parson who writes himself Armigero in any bill, warrant quittance or obligation Armigero.

Shallow, Ay that I do and have done any time these three hundred years.

Slender All his successors gone before him, have done it and all his ancestors that come after him, may they may give the dozen white luces in their coat

Shallow It is an old coat

Evans The dozen white louses do become an old coat well it agrees well passant it is a familiar beast to man and signifies love

उपर्युक्त अवतरण के coat इस अंगरेजी शब्द का अर्थ हिन्दी में [illegible] है। [illegible] "आमा" शब्द से काम [illegible] गया है। [illegible] कि शेक्सपियर ने यह दिखलाने के लिए कि [illegible] Lucy है, उसके [illegible] और उसके चिन्ह का उल्लेख [illegible] दिखलाते हुए सर टामस ल्यूसी की [illegible] दिखलाई [illegible] है। [illegible] एक [illegible] कि शेक्सपियर ने [illegible] के लिए एक कविता [illegible] उसके आखेट-वन के [illegible] पर लिखा [illegible] थी। वह सम्पूर्ण कविता [illegible] किन्तु उसका कुछ अंश एक वृद्ध पुरुष के [illegible] है। वह यहाँ [illegible] के लिए दिया जाता है—

A Parliament member a justice of peace,
At home a poor scarecrow, at London an asse,
If lowsie is Lucy, as some folks miscalle it,
Then Lucy is lowsie whatever befall it.
He thinks himself great
Yet an asse in his state
We allow by his eares but with asses to mate
If Lucy is lowsie as some folks miscall it
Sing lowsie Lucy whatever befall it.

[illegible]

मा तुलसीदासजी ने कहा ही है। —"कबहुँ सुधारहु यह दोउ" । इस [illegible] करने के लिये [illegible]
[illegible] एजेंट तथा एजंटों के सहकारी इन गरीब लोगों से काम लेते समय [illegible] जो कष्ट देते हैं उसका वर्णन पढ़ने से शरीर पर रोंगटे खड़े हो जाते हैं: —ये बिचारे बिना अन्न पानी के भूखे रखे जाते हैं, उनके [illegible] बहुत [illegible] रहे जाते हैं, [illegible] इतनी मार देते हैं कि रक्त बहने लगता है, [illegible] देते हैं, शरीर पर मिट्टी का तेल डाल कर जला देते हैं, शरीर के भाग [illegible] काट कर [illegible] प्राण लेते हैं, छोटे बच्चों के [illegible] तोड़ कर भेजा निकालते हैं, गोली मार कर, सिर काट कर या फाँसी देकर मार डालते हैं—कहाँ तक बतलाया जाय अनेक प्रकार के अत्याचार, अपने को सभ्य कहलानेवाली जाति के लोग, इन गरीबों पर करते हैं । इतना ही नहीं, किन्तु स्त्रियों पर ऐसे ऐसे भयंकर [illegible]कार ये लोग करते हैं जो [illegible] हैं । इस अत्याचार का परिणाम यह हुआ है कि जिस प्रान्त में रबर उत्पन्न होता है उस प्रान्त [illegible] इंडियनों की जनसंख्या १२ वर्ष में ५०००० से घट कर ८००० पर आ गयी है! इस अत्याचार की जाँच करने के लिए ब्रिटिश सरकार [illegible] एक अधिकारी को नियत किया था, उन्होंने इस सारे अत्याचार का वृत्तान्त संसार के सामने प्रकट किया है । ईश्वर करे [illegible] कि ब्रिटिश सरकार को यह [illegible] सफल हो और यह अत्याचार शीघ्र ही बंद हो ।

गरुड़-वाहन विष्णु ।

(१)
यह छवि जग-लोचन-सुखदायी,
मेरे मन को अतिशय भाई ।
बैठ गरुड़ पर श्रीविश्वम्भर,
व्योम-मार्ग में सैर रहे कर।

(२)
मुख प्रसन्न है, हिय विकसित है,
वक्षःस्थल भूषण-भूषित है ।
है शृंगार श्रीश का सुन्दर,
गले बीच है हार मनोहर ।

(३)
श्रुति-कुंडल ये सुहा रहे हैं,
तिलक, मुकुट, छवि बता रहे हैं ।
दो हाथों में गदा पद्म हैं,
दो हाथों में शंख चक्र हैं

(४)
देव-सुताएं चंवर डुलातीं,
फूली तन में नहीं समातीं ।
मधुर मधुर मन में मुसकातीं,
दर्शन कर लोचन फल पातीं ।

(५)
जिनको हरि ने अपनाया हो,
अपने ही सँग बिठलाया हो,
दायें बायें, बैठ गरुड़ पर,
होवें मुदित नहीं वे क्यों कर?

(६)
दोनों ही ये सुर-कन्यायें,
अपनी २ दृष्टि लगायें-
पीती हैं हरि रूप-सुधारस,
वारे हो देती हैं सरवस ।

(७)
देहभान तक भूल गई हैं,
ऐसी तन्मय बनी हुई हैं ।
हरि के कर का पाय सहारा
इनने निज को धन्य विचारा ।

(८)
हरि-निदेश जैसा पाता है,
गरुड़ उड़ा वैसा जाता है ।
दृश्य अनोखा दिखलाता है,
सो सब के जी को भाता है ।

श्रीगिरिधर शर्मा ।

(१)
सुकवि सुप्रेमी साधुवर,
शीलवान गुणधाम ।
सत्यप्रिय स्वर्गीय थे,
पंडित अनन्तराम ।

(२)
मध्यप्रदेश के थे बड़े,
हिन्दी-सेवक एक ।
अब भी रखनी चाहिये,
इनकी यह शुभ टेक ।

लोचनप्रसाद पांडेय ।

पंडित प्रतापनारायण मिश्र की कहावतें ।

(१)
जनसमूह महँ आदर लहै,
सांचहुँ परतिष्ठित सो अहै ।
मृषा अहंकृति रतवडकव है,
"अपने घर के राजा सब हैं" ।

(२)
इष्ट-सिद्धि महँ परै जो विघ्न,
तबहूं मन न करौ उदविग्न ।
होइहि अवसि अटूट श्रम करौ,
"सेतुवा बांधि के पाछे परौ ।"

(३)
सत्य योग्यता-हित चित देहु,
छांड़हु मृषा ख्याति कर नेहु ।
झूठी पदवी सुख केहि ठाम?
"चलै न पावैं कूदन नाम !"

(४)
देस काल गति के अनुसार,
बरतैं सदा सुबुद्धि उदार ।
हठी सुजन सुख सकत न पाय,
"बांधे मरै कि टका बिकाय"

शेक्सपियर और उसके ग्रन्थ।

(२)

केवल यही नहीं कहा जा सकता कि शेक्सपियर और उसकी पत्नी से बनती नहीं थी, इसी कारण वह ग्राम त्याग करके गया होगा। किन्तु कदाचित् उसने यह भी समझा होगा कि जीविका-निर्वाह के लिए उसे लंडन का आश्रय करना ही चाहिए; और इसी कारण कदाचित् उसने सन् १५८५ में अपना गाँव छोड़ दिया हो। सन् १५९६ तक फिर स्ट्राटफर्ड गाँव को उसके लौट जाने का कोई प्रमाण नहीं मिलता।

चाहे शेक्सपियर स्ट्राटफर्ड गाँव को बहुत दिन पहले से छोड़ने की इच्छा रखता हो, तथापि उसके छोड़ते समय एक तात्कालिक [illegible]ण भी उपस्थित हो गया था। वह यह कि हरिन चुराने की [illegible] चोरी लगी। सर टामस् ल्यूसी नामक एक धनवान् मनुष्य [illegible] के गाँव के पास ही रहता था। इस धनवान् पुरुष ने अपने [illegible]ल में कुछ हरिन शिकार के लिए रखे थे। उस समय शेक्सपि[illegible] के कई साथी बड़े व्यसनी और विक्षिप्त थे। इन्हींकी बातों में [illegible]र सर टामस ल्यूसी के हरिनों में से एक हरिन उसने चुरा [illegible]। इस पर ल्यूसी ने शेक्सपियर पर नालिश की; और शेक्स[illegible]र पकड़ा गया। इतना ही नहीं, बल्कि, कहते हैं कि, कुछ [illegible]य तक उसे कारागृह-वास भी करना पड़ा। उस समय बड़े बड़े [illegible]दार लोग शिकार के लिए जंगल रक्षित रखते थे और उनमें [illegible]न आदि जानवर भी खास तौर पर रखवा लेते थे। उन जान[illegible] का शिकार कभी कभी शौकीन और गरीब लोग भी चुरा-छिपा [illegible] कर लेते थे। शेक्सपियर ने भी इसी तरह अपने चार छः नव[illegible]क मित्रों के साथ यह हाल किया होगा और इसी कारण उस [illegible]न जंगल के मालिक सर टामस ल्यूसी ने उसे पकड़ कर [illegible]या। इस पर सहज ही उस कवि को ल्यूसी पर बड़ा क्रोध [illegible]था।

शेक्सपियर के समय के लंडन की रंगभूमि का आदर्श।

महाकवि जिन पर प्रसन्न होते हैं उनको अथवा जिन पर क्रुद्ध होते हैं उनको भी अपनी स्तुति अथवा निन्दा से अजरामर कर डालते हैं। वे जिन लोगों की स्तुति करते हैं वे लोग प्रशंसनीय और सम्माननीय होते हैं तथा जिनकी निन्दा करते हैं वे निन्दनीय और अपमाननीय होते हैं। यदि कुछ लोग सब के प्रेमपात्र होते हैं तो कुछ अन्य लोग उपहास के पात्र भी होते हैं। शेक्सपियर कवि को सतानेवाला सर टामस ल्यूसी उसके दो नाटकों में जस्टिस 'शालो' के नाम से अजरामर हो गया है, क्योंकि कवि ने उसकी खूब ही खबर ली है। शेक्सपियर ने सर टामस ल्यूसी के नाम का और उसकी निशानी के ल्यूस का ([illegible]) अनेक बार पर उल्लेख किया है, जिससे [illegible] हो [illegible] 'शालो' [illegible] सर टामस ल्यूसी ही है। यह उल्लेख 'विंडसर की विनोदी स्त्रियाँ' नामक नाटक के बिलकुल प्रारम्भ

के ही प्रवेश में है। वह इस प्रकार है—* सर जोन फालस्टाफ नामक एक पुरुष ने जस्टिस 'शालो' के आखेट-वन में जाकर बिना आज्ञा लिए हिरन का शिकार किया, इस कारण जस्टिस शालो क्रोधित हुए और उस पर नालिश करके उसे नीचा दिखाने के लिए विंडसर को आये। जस्टिस 'शालो' का ही पहला भाषण है। वे खूब अकड़ अकड़ कर कहते हैं—"हम यह मामला

एक होटल के अहाते में नाटक हो रहा है।

बिलकुल अन्त तक पहुँचायेंगे। एक नहीं, बीस सर जोन फालस्टाफ क्यों न आ जायँ! उसे नीचा दिखाना ही चाहिए। मैं अपने गाँव का जज हूँ, मुखिया हूँ। हमारा घराना बहुत बड़ा है। हमारे घर में 'आमा' है। उस पर तीन ल्यूस् का—भालेदार किनारियों का—चिह्न-चिह्न है।"

---

* Shallow Sir Hugh, persuade me not. I will make a Star-Chamber matter of it If he were twenty Sir Jhon Falstaffs, he shall not abuse Robert Shallow Esquire

Slender In the county of Gloucester, Justice of peace. ...... and a gentleman born master parson who writes himself Armigero in any bill warrant quittance or obligation Armigero.

Shallow. Ay that I do and have done any time these three hundred years.

Slender All his successors gone before him have done it and all his ancestors that come after him, may they may give the dozen white luces in their coat

Shallow It is an old coat

Evans The dozen white louses do become an old coat well [illegible] agrees [illegible] it is a familiar beast to man and signifies love

[illegible]

[illegible]

इस पर दूसरे एक पात्र ने 'जामा' शब्द पर फोटेक्रम करके कहा है, " इनका जामा अब बिलकुल पुराना हो गया है। उसमें चिलटे (ल्यूस = लाउसेस् = चिलटे या जूं) हो गये हैं। यह ठीक ही है। "

सारांश, युवावस्था में जिस आदमी ने शेक्सपियर को, सिर्फ एक हरिन चुरा कर मार लेने पर इतना कष्ट दिया उसका उस महाकवि ने खूब ही बदला लिया है।

कई लोग इस आख्यायिका को बनावटी समझते हैं; परन्तु इसे वैसा कभी न समझना चाहिए। क्योंकि सन् १७०८ में बिलकुल बुढ़ापे में मरे हुए एक पादरी महाशय की नोटबुक में वह आख्यायिका लिखी हुई मिली है। इस पादरी ने लिखा है कि, " सर टामस ल्यूसी ने शेक्सपियर को पकड़ कर चाबुक से पीटा। शेक्सपियर ने भी इसका अच्छा बदला दिया। उसने अपने एक नाटक में जास्टिस 'पाले-सिर' नाम का पात्र रख कर सर टामस ल्यूसी की इस प्रकार फिरकैरी की है कि उसका विरुद Iouses rampant (भुकातुर तीन जुएं) था। " एक बात और भी ध्यान में रखने योग्य है कि सन् १५८५ में सर टामस ल्यूसी ने ही पार्लिमेन्ट में बहुत ज़ोर देकर कहा था कि, " शिकार की चोरी के अपराध के लिए सख्त सजा देनेवाला कायदा चाहिए। "

अस्तु। कुछ भी हो; किसी न किसी कारण से सन् १५८५ में शेक्सपियर ने स्ट्राटफर्ड अवश्य छोड़ा। गावँ छोड़ कर शेक्सपियर एकदम लंडन को ही नहीं गया, किन्तु, कहते हैं कि, उसने बीच में कुछ दिन किसी गाँव में स्कूल-मास्टरी का काम भी किया। कोई कहते हैं, उसने कुछ दिन कोलेसवर्थ के मालिक अर्ल आफ लीस्टर के यहां सिपहगीरी की नौकरी भी की। तात्पर्य यह जान पड़ता है स्ट्राटफर्ड से चल कर लंडन पहुँचने तक के मध्य में शेक्सपियर ने कहीं न कहीं कोई व्यवसाय किया होगा, और यह साधारण बात है। क्योंकि लंडन में पहुँचते ही तुरन्त किसीने पाली नहीं परोस रखी होगी। जब तक कोई न कोई योग्य व्यवसाय लग कर निर्वाह के लिए द्रव्यप्राप्ति न होने लगे तब तक महीना-पन्द्रह दिन निर्वाह तो होना चाहिए। इस निर्वाह भर के लिए, शेक्सपियर ने उपर्युक्त कोई न कोई व्यवसाय करके, अवश्य ही द्रव्य प्राप्त किया होगा।



सन् १५९६ का ' स्वान ' नामक नाटकघर।

स्ट्राटफर्ड छोड़ने के तीन कारण तो स्पष्ट दिख रहे हैं। एक दरिद्रता, दूसरा सर टामस ल्यूसी का सताना और तीसरा कौटुम्बिक सुख का अभाव। परन्तु इनके सिवाय चौथा बड़ा कारण यह होना चाहिए कि, शेक्सपियर को स्ट्राटफर्ड में चैन ही न पड़ती होगी। शेक्सपियर की बुद्धि और प्रतिभा विलक्षण थी, इस कारण, चौबीस वर्ष की उम्र होने के बाद, स्ट्राटफर्ड में उसकी वैसी दशा हो गई होगी जैसी कटघरे में बन्द किये हुए किसी सिंह की हो जाती है। ऐसे प्रतिभावान् पुरुष का तेज एक छोटी सी जगह में कितने दिन तक दबा रह सकता है? लंडन के समान नगर की ओर उसकी दौड़ जाना ही चाहिए। जिसके शरीर में अणुरेणु मात्र भी गुण और कर्तृत्वशक्ति है वे संकुचित जगह में कभी नहीं रह सकते। गरुड़पक्षी का छौना घोंसले में कब तक बैठा रहेगा? पंख फूटते ही वह आकाश में फड़फड़ाने का प्रयत्न अवश्य ही करेगा।

सन् १५८६ में शेक्सपियर पैदल चल कर लंडन को आया। लंडन आते समय बीच में वह एक भोजनगृह में विश्रान्ति लेने के लिए ठहरा था। इस भोजनगृह की जगह आक्सफर्ड में बहुत वर्षों तक दिखलाई जाती थी।

यह कहा जा सकता है कि लंडन में शेक्सपियर की पहचान का विशेष कर कोई नहीं था। सिर्फ उसके पिता के मित्र फील्ड का लड़का था। यह सन् १५७९ में लंडन आकर एक छापेखाने में उमेदवार (apprentice) के तौर पर रहता था। बाद को उसने [illegible] छापखाना खोला। शेक्सपियर लंडन में आकर [illegible] ही उसके पास चला गया, क्योंकि वे दोनों एक ही गाँव के थे। कोई कहते हैं उसने इसी छापेखाने में नौकरी [illegible]। इसके बाद [illegible] एक वकील के यहां मुहर्रिरी की। [illegible] बहुत [illegible] है, परन्तु वे साधार नहीं जान पड़तीं।

शेक्सपियर के समय का लंडन।

अब हम यहां पर शेक्सपियर के समय के लंडन का [illegible] करते हैं, ताकि पाठकगण वर्तमान लंडन का वर्णन [illegible] समय के लंडन का कल्पना-चित्र अपने नेत्रों के सामने [illegible]

उस समय के लंडन की आबादी करीब तीन लाख थी, वर्तमान् बम्बई का तीसरा हिस्सा लंडन था। उसके मुख्य मार्गों पर फर्शबन्दी थी; परन्तु मार्गों में दीपक लगाने की बिलकुल ही न थी। रात को बाहर निकलनेवाले लोग से लालटेन इत्यादि लेकर निकलते थे। शहर के [illegible] और कोट था; भिन्न भिन्न नामों के दरवाजे थे। घर बहुधा लकड़ी के बने हुए थे और लाल रंग के छप्परों से आच्छादित [illegible] उनके भीतर, दरियों और कालीनों की जगह, चटाइयां [illegible] थीं। कुर्सियां बिलकुल ही न रहती थीं, बेंचें रहती थीं। [illegible] के वाहन, अर्थात् श्रीमन्ती साज से सजी हुई घोड़े-गाड़ियां [illegible] समय लंडन में बिलकुल ही न थीं। गरीब लोग पैदल, [illegible] लोग घोड़ों पर और धनवान् लोग मियाने के समान वाहन [illegible] चलते थे। टेम्स नदी में हजारों छोटी छोटी डोंगियां और [illegible] पड़ी रहती थीं और उनके मालिक " ईस्टवर्ड हो! " " [illegible] हो! " (कोई पूर्व की तरफ आनेवाला है? कोई पश्चिम की [illegible] आनेवाला है?) चिल्ला चिल्ला कर मुसाफिरों को बुला[illegible] उनके इस व्यापार से नदी के घाट सदा भरे हुए देख पड़[illegible] नदी में जगह जगह सिढ़ि[illegible] घाट बने हुए थे। उनमें [illegible] लगती थीं। उनसे उतर कर [illegible] घाट चढ़ कर शहर में आ[illegible] होता वहां जाते थे। बस्ती [illegible] बिलकुल तंग, उनके फर्श टू[illegible] और बिलकुल हद्दि थे। इस [illegible] रास्तों से जाने की अपेक्षा डोंगियों से ही जाना अधिक [illegible] करते थे। लंडन के एक सि[illegible] दूसरे सिरे को जाने में रास्[illegible] अपेक्षा नदी का अधिक उ[illegible] होता था। लंडन में उस [illegible] टेम्स नदी में सिर्फ एक ही पु[illegible] इस पुल के दोनों ओर घर थे [illegible] जिन्हें शिरच्छेद का दण्ड [illegible] जाता उनके शिर काट लेने के [illegible] ये शिर, पुल के मुहरे के, ऊप[illegible] दरवाजे के बुर्ज पर लगा दिये [illegible] थे, ताकि सब कोई उन्हें देख [illegible] चोरी-छिनारे इत्यादि के स[illegible] अपराधों के लिए भी शिरच्छे[illegible] दण्ड दिया जाता था।

आज कल जहां [illegible] मन्दिर है वहीं उस समय लंडन [illegible] का मुख्य चौक था। वहीं [illegible] (Exchange) था। वहीं [illegible] लोग काम-धंधा मिलने की [illegible] से जमा होते थे। यहीं से [illegible] भर की नाना प्रकार की [illegible] उड़ा करती थीं। सारे संसार की विचित्र घटनाओं की गप्पें [illegible] नहीं था और [illegible] [illegible] के समय, [illegible] चाहे फौजी हो, [illegible] नदी में अपनी [illegible] नौका के द्वारा घूमती थी, कभी अपनी गाड़ी में बैठ कर घू[illegible] इसीके जमाने में पहली घोड़ा-गाड़ी इंगलैंड में आई। और [illegible] ही गाड़ी बस लंडन में कई वर्ष तक थी। यह गाड़ी [illegible] पुराने ढंग की रही थी।

स्त्रीपुरुषों के कपड़े रंगबिरंगे देख पड़ते थे। स्त्रियां मुंह [illegible] रंग लगाती थीं। रानी एलिजाबेथ अपने बालों में [illegible] जाल लगाती थी। यह एक फैशन था। दीवालों में [illegible] की चाल पड़ रही थी। कोई कोई अंगीठियां [illegible] पलंग कहीं कहीं देखे जाते थे। घास की गाड़ियां [illegible] कर उजाले में लकड़ी के बोटे रख लिए जाते थे। [illegible] से भरी पानी आती थी, किन्तु कपड़े के पर्दों से [illegible] सुबह ११ बजे मुख्य भोजन का समय था। [illegible] शिष्टाचार का लक्षण समझा जाता था। [illegible] आने, लकड़ी की तश्तरी, लकड़ी के चमचे, लकड़ी के [illegible] का उपयोग होता था। भोजन में बहुत और [illegible] न था। हाथ से ही भोजन करते थे। [illegible]

हो रहा था और वह कैसे खाना तथा पीना चाहिए, इसकी शिक्षा देनेवाली दुकानें खुल रही थीं।

नाटक, नाटकवाले और नाटकघर।

शहर में नाटकघर बनाने की आशा बिलकुल ही न मिलती थी। नाटक का व्यवसाय बिलकुल ही हलका माना जाता था। लोग समझते थे कि इससे तो मुर्गों और बैलों की लड़ाई ही अच्छी! इस कारण शहर के बिलकुल बाहर-टेम्स नदी के पार-नाटकघर बनाये जाते थे। नाटक लिखना कोई बड़ा अन्यकर्तव्य नहीं माना जाता था। 'नाटक' की साहित्य के भाग में गणना नहीं थी और न साहित्य में उसकी कोई योग्यता थी; अर्थात् नाटक-कार कोई बड़ा सम्मान्य पुरुष नहीं समझा जाता था।

'रेडबुल' नामक नाटकघर की रंगभूमि।

नाटक-पात्रों की दशा तो कुछ पूछिये ही नहीं। उन्हें कोई न कोई बड़े और धनवान् पुरुषों के आश्रित रहने का सार्टिफिकेट अथवा लाइसेन्स रखना पड़ता था। यदि इनके पास ऐसा लाइसेन्स नहीं रहता तो पकड़ लिये जाते थे। यह कायदा था! सन् १५७१ में पार्लिमेन्ट ने यह कायदा बनाया था, परन्तु यह अच्छी तरह जारी न होता था, इस कारण, अथवा उसे अधिक कठोर करने के लिए, सन् १५९९ ई० में यह फिर एक बार पास किया गया। इस कारण प्रत्येक नट-मंडली किसी न किसी उमराव अथवा किसी बड़े सरदार के स्वाधीन रहने लगी। ऐसे नाटक-पात्रों की मंडलियां होती थीं और ये मंडलियां किसी न किसी उमराव के नाम से प्रसिद्ध रहती थीं। मंडलियां बना कर नाटक करने की प्रणाली पहले पहल रानी एलिज़ाबेथ के ही ज़माने में पड़ी। अर्ल आफ लीस्टर, इत्यादि पांच बड़े बड़े उमराव थे। उनके आश्रय में-उन्हीं के नाम पर प्रसिद्ध-पांच मंडलियाँ थीं, और एक स्वयं रानी एलिज़ाबेथ के आश्रय में उसके नाम की थी। उस समय स्त्रियों का पार्ट लड़के लेते थे। स्त्रियां नहीं लेती थीं। कभी कभी स्त्रियों का पार्ट बड़े बड़े मुछन्दर भी लेते थे। परन्तु वे स्त्रियों के कपड़े पहन कर मुहँ में चेहरा लगाते थे! शेक्सपियर के नाटकों में इस विषय के स्पष्ट उल्लेख मिलते हैं। "As you like it" नामक नाटक की नायिका रोज़ालिंड नाटक समाप्त होने पर दर्शकों को सम्बोधन करके एक अन्तवाक्य कहती है, उसमें एक वाक्य यह है:—

If I were a woman, I would kiss as many of you as had beards. मैं सचमुच स्त्री होती तो तुम में से जितने दढ़ियल हैं उन सब का मैंने चुम्बन लिया होता!

इसी प्रकार "Antony and Cleopatra"* अन्टनी और क्लीओपाट्रा" नामक नाटक में रानी क्लीओपाट्रा रूम में अपनी दुर्दशा पर दुःख करते हुए कहती है —

"चलाक नाटकी तभी अपना नाटक बनावेंगे और फिर कोई कोई वाचाल लड़का मेरा पार्ट लेकर मेरा मज़ाक करेगा!

शेक्सपियर जिस समय लंडन आया उस समय सिर्फ वहां दो ही स्वतंत्र नाटकघर थे। लंडन को छोड़ कर अन्य किसी शहर में कोई भी नाटकघर नहीं थे। सरायों के अहातों में अथवा कहीं खुली जगह में नाटक होते थे। अहातेवाले के एक सिरे सोरों में एक बनाने का प्रबन्ध रहता था। उसके ऊपर इत्यादि बांध कर एक चबूतरा बनाते थे। उस पर बीचों बीच एक पड़दा रहता था। इसी पड़दे से निकल कर पात्र अपना अभिनय करते थे। कितनी ही कम्पनियों के तो बड़े बड़े दुमंजिले गाड़े रहते थे। नीचे के खंड में पार्ट बनाते और ऊपर जाकर नाटक करते थे! ऊपर आकाश की छत रहती और नीचे गाड़े का दृश्य रहता!! जब नाटकघरों ही का यह हाल था तब 'सीनसीनरी' इत्यादि का तो नाम ही न लीजिए। दर्शकों के तीन दर्जे रहते थे:—१ खड़े रह कर देखनेवाले; २ अपने घर से स्टूलें लाकर उन पर बैठनेवाले। खड़े रह कर देखनेवालों के लिये रंगभूमि के आगे की खुली जगह रहती थी। इसे पिट कहते थे। इन दो के सिवाय एक तीसरा बड़े आदमियों का वर्ग रहता था। ये दर्शक उपर्युक्त दो वर्गों में न बैठते थे। ये महाशय रंगभूमि के दोनों ओर स्टूलें डाल कर बैठते थे!

यह हम ऊपर कह ही चुके हैं कि शेक्सपियर जिस समय लंडन में आया, उस समय सिर्फ दो ही स्वतंत्र नाटकघर पहले के बने हुए मौजूद थे। पुराने घरों में कुछ फेरफार करके ही नवीन नाटक-घर बना लिये जाते थे। उन दो नाटकघरों में से एक का नाम दि थियेटर ही था और दूसरे का नाम The curtain पड़दा था। सन् १५९२ के प्रारम्भ में 'Rose' रोज़ नाम का एक तीसरा नाटकघर बनाया गया! इसी प्रकार फिर नाटक खेलने की ही गरज से नाटकघर बनने लगे। रानी एलिज़ाबेथ के शासनकाल के अन्त तक कुल १८ नाटकघर हो गये। ये नाटकघर कुछ अच्छे थे। साधारण तौर पर ये तिमंजिले होते थे। नीचे के भाग को पिट कहते थे। वास्तव में पिट, चौक या आंगन की खुली हुई जगह को कहते हैं। इसमें इतने लोग खड़े होते थे कि बिलकुल रंगभूमि तक उनकी भीड़ जम जाती थी। दूसरे और तीसरे मंजिल पर साधारण लोग तथा बोर्ड पर दोनों तरफ धनवान् लोग स्टूल डाल कर बैठते थे। खड़े रहने की जगह के लिए एक पेनी या दो पेन्स दर और इसी हिसाब से बढ़ते बढ़ते शिलिंग, दो शिलिंग के भीतर दर रहता था। नाटकघरों का आकार चौकोना, षट्कोना, अठकोना, और गोल भी रहता था। जितनी देर नाटक होता रहता उतनी देर नाटक-घर के ऊपर एक पताका फहराता रहता था। नाटक दिन को खेले जाते थे। शाम के पहर दो तीन बजे से प्रारम्भ होकर ६ बजे खतम होते थे। यह प्रकट करने के लिए, कि अब नाटक शुरू होता है, एक आदमी सहनाई बजाता था। नाटक होते समय, स्टेज पर आजवाज़ू की ओर "यह वेनिस शहर है" "यह वेरोना का मुख्य चौक है" इत्यादि के बोर्ड लगा देते थे! इससे दर्शकों को यह मालूम हो जाता था कि अब कौन सा प्रवेश हो रहा है। सब नटों के वस्त्र भड़कीले होते थे।

नाटक के पात्र लोग सिर्फ अपनी अपनी नकलें याद कर लेते थे और इतने ही से उनका काम चल जाता था, पर आज कल इतने से पूरा नहीं हो सकता। अब तो, जिस समय का नाटक होता है, उस समय की, और नाटक में वर्णन किये हुए प्रसंगों की, सब परिस्थिति दर्शकों के सामने जैसे की तैसी खड़ी करने के लिए पड़दे और दृश्य तैयार करने में हज़ारों रुपये नाटकवाली मंडलियों को खर्च करने पड़ते हैं। नाटक दृश्यकाव्य है। आज ही नहीं है, यह बात मन में लाकर सब दृश्य बिलकुल प्रसंगोचित और कालोचित दिखलाने का नाटकवालों को हौसला होता है। हेतु यह कि दृष्टि के सामने आये हुए दृश्य से और पात्रों के पहनावे से दर्शकों की वृत्ति एकदम तल्लीन होनी चाहिए। दर्शकों को पूर्णतया यह मालूम होना चाहिए कि जिस काल का नाटक हम देख रहे हैं उस काल में हम अपनी देह के सहित जा रहे हैं और उसी स्थिति में सब बातें हम अपने सामने देख रहे हैं। यही आज के नाटकवालों की इच्छा रहती है।

परन्तु करीब ३० वर्ष पहले हमारे यहां के नाटकों की, नाटकवालों की और उनके सामान आदि की जो दशा थी, वही दशा शेक्स-पियर के समय इंग्लैंड में थी।

शेक्सपियर के समय में नाटक का सम्पूर्ण निर्भर शीघ्रभाषक पर, भाषणों पर और अभिनय पर था। उसमें परिस्थिति और सामग्री आदि की ओर नहीं थी। नाटकवालों के सामान में सिर्फ थोड़े से कपड़े, तलवारें, कमरपट्टे, एक आध पलंग या बेंचें, इत्यादि चीज़ें रहती थीं। यदि कहीं बाग का दृश्य दिखलाना होता तो किसी के

[illegible]

इस पर दूसरे एक पात्र ने 'जामा' शब्द पर फोटिकम करके कहा है, " इनका जामा अब बिलकुल पुराना हो गया है। उसमें चिलटे ([illegible]) हो गये हैं। यह ठीक ही है। "

[illegible] इसी ने शेक्सपियर को, सिर्फ इतना कष्ट दिया उसका उस [illegible] । [illegible] नावटी समझते हैं; परन्तु इसे वैसा कभी न समझना चाहिए। क्योंकि सन् १७०८ में बिलकुल बुढ़ापे में मरे हुए एक पादरी महाशय की नोटबुक में वह आख्यायिका लिखी हुई मिली है। इस पादरी ने लिखा है कि, " सर टामस ल्यूसी ने शेक्सपियर को पकड़ कर चाबुक से पीटा। शेक्सपियर ने भी इसका अच्छा बदला दिया। उसने अपने एक नाटक [illegible] जस्टिस 'पाले-सिर' नाम का पात्र रख कर सर टामस ल्यूसी की इस प्रकार फिराकेरी की है कि उसका बिरुद Iouses rampant (भुकातुर तीन जुएं) था। " एक बात और भी ध्यान में रखने योग्य है कि सन् १५८५ में सर टामस ल्यूसी ने ही पार्लिमेन्ट में बहुत जोर देकर कहा था कि, " शिकार की चोरी के अपराध के लिए सख्त सजा देनेवाला कायदा चाहिए। "

अस्तु। कुछ भी हो; किसी न किसी कारण से सन् १५८५ में शेक्सपियर ने स्ट्राटफर्ड अवश्य छोड़ा। गावँ छोड़ कर शेक्सपियर एकदम लंडन को ही नहीं गया, किन्तु, कहते हैं कि, उसने बीच में कुछ दिन किसी गाँव में स्कूल-मास्टरी का काम भी किया। कोई कहते हैं, उसने कुछ दिन कोनेलवर्थ के मालिक अर्ल आफ लीस्टर के यहां सिपहगीरी की नौकरी भी की। तात्पर्य यह जान पड़ता है स्ट्राटफर्ड से चल कर लंडन पहुँचने तक के मध्य में शेक्सपियर ने कहीं न कहीं कोई व्यवसाय किया होगा, और यह साधारण बात है। क्योंकि लंडन में पहुँचते ही तुरन्त किसीने थाली नहीं परोस रखी होगी। जब तक कोई न कोई योग्य व्यवसाय लग कर निर्वाह के लिए द्रव्यप्राप्ति न होने लगे तब तक महीना-पन्द्रह दिन निर्वाह तो होना चाहिए। इस निर्वाह भर के लिए, शेक्सपियर ने उपर्युक्त कोई न कोई व्यवसाय करके, अवश्य ही द्रव्य प्राप्त किया होगा।

ला और 'यन्त्रमन्दिर' (ग्रहादिदर्शन-स्थान) अर्थात् ज्योतिषशालय है। दूसरे सवाई जयसिंह ने काशी, मथुरा, दिल्ली, उज्जैन र में वेधशालाएं बनवाई थीं। उनमें यह सब से बड़ा है। [ल]म्बा चौड़ा आंगन ज्योतिष यंत्रों से पूर्ण है। वर्तमान महाराज [साहब] ने बेकाम यंत्रों का सुधार और उद्धार भी अब कुछ है। इसीसे लगा हुआ शाही अस्तबल है।

बाद हवामहल नामक प्रसिद्ध इमारत है। (चि० नं० ३) एक आंगन में राज्यप्रेस का आफिस, यहीं का पुर्ज और सड़ा-मान है। किन्तु प्रेस अब जेल में चला गया है। दीवान ए-आम [ब]ड़े की भूमि है और उसके पीछे कानून की कचहरियां [हो]कर ही सुप्रसिद्ध गोविन्ददेवजी के मन्दिर का रास्ता [है]। यद्यपि शहर में गोविन्ददेवजी, गोकुलनाथजी, गोपीनाथजी [विहारी]जी, मदनमोहनजी, राधादामोदरजी और रामचन्द्रजी आदि [अने]क सुविशाल सुन्दर देवमंदिर हैं, तथापि गोविन्दजी, गोपी[नाथजी] और राधादामोदरजी के यात्री अधिक आते हैं। उनमें भी [गोविन्दज]ी के दर्शनार्थ हजारों नरनारी प्रतिदिन आते हैं।

[गोविन्द]देवजी के दर्शनों से लौट कर 'त्रिपोलिया बाजार' में हवा-[महल के] सामने महाराजाकालेज है। यह सम्वत् १९०१ में स्थापित [हुआ] था। उस समय इसमें केवल ४० लड़के पढ़ते थे। इस समय १३०० लड़के पढ़ते हैं। अन्यत्र की अपेक्षा यहां पढ़ाई का [ख]र्च कम होता है। यहां पर दूसरी चौपड़ है। इसे 'माणकचौक' [कह]ते हैं। इस चौपड़ के चारों ओर पहले सराफ लोग, सोना [चांदी] के ढेर के ढेर तथा रुपये, पैसे, मुहर, आदि बेचते थे और [उनके] पास खोंचेवालों का जमाव था। इससे शहर निवासियों को, [एक]ही के साथ, रुपये, पैसे जुड़ाने-तुड़ाने, और निम्बू, नारंगी, [आदि] सब प्रकार के रसाल फल लेने देने और साग-भाजी-

[चि]० नं० ५) यह " रामनिवासबाग का महल " है। इसे 'आलबर्ट' हाल भी कहते हैं। संसार की विविध वस्तुओं का संग्रह इसीमें है। अढ़ाई हजार वर्ष की एक स्त्री की लाश भी यहीं है। इस महल के देखने से जयपुरीय शिल्पियों की सब प्रकार की सुन्दर कारीगरी स्पष्ट विदित होती है।

[तरका]री खरीदने बेचने का अच्छा संयोग जँच रहा था। किन्तु अब [वे] सब दूकानें तितर-बितर कर दी गई हैं। इस कारण लेनेवालों [को दू]र जाकर लाने में कष्ट, बेचनेवालों को बिक्री न होने से हानि, [और] चौपड़ की स्वाभाविक सुन्दरता का तिरोभाव हो गया है। [य]दि मार्केट चौपड़ के चारों ओर बनाया जाता तो सुभीते-स-[हित] दूनी शोभा और अधिक बिक्री होने का संयोग अच्छा बन [जाता]। अस्तु।

[इ]स चौपड़ को पार करके सूर्यपोल दरवाजे से बाहर, शहर से [एक] मील पर, समीपीय मैदान से साढ़े तीन सौ फीट ऊंचे पहाड़ [पर] सूर्य का मन्दिर है। उसके आगे के अधोभाग में यहीं पर [गल]ता स्थान है। गलता से फिर वापस इसी चौपड़ में आइये।

[चि]० नं० ४) इस चौपड़ से दक्षिण-तरफ जौहरी बाजार और [सां]गानेर-दरवाजा है। दरवाजे के बाहर 'मिंटोपार्क,' 'पुरानाघाट' [मो]तीडूंगरी, ' 'मेयो-हास्पिटल,' रामनिवास बाग,' 'गैसघर' और [अजायब]घर' हैं। अस्पताल में रोगियों की सेवा का सर्वोत्तम प्रबन्ध [है] और इसीमें अन्धे रोगियों का इलाज भी अच्छा होता है। यदि [रोगी] स्वीकार करता है तो उसके खानपानादि का सब खर्चा राज्य [से] मिलता है।

रामनिवासबाग महाराजा रामसिंह के नाम से ५ लाख रुपये खर्च से बना है और ३० हजार रुपये प्रतिवर्ष अन्य खर्च होता [है]। बाग में विविध प्रकार के पशुपक्षी, जलजन्तु, वनपशु वृक्षलता [औ]र अन्य प्रकार के अनेकों अद्भुत दृश्य हैं। एक जगह "सावन-[भा]दव" नाम का विचित्र बँगला है। इसमें चौमासे की कृत्रिम [ब]हार सदैव वर्तमान रहती है। कहीं मेघ की झड़ी, कहीं पहाड़ों से पानी की झड़ी और कहीं नाना प्रकार के चातुर्मासिक पुष्पों की हरियाली है। यह स्थान मनुष्य के सूने मन को हरा कर देता है। (चि० नं० ५) इसीमें एक सुन्दर और सुविशाल महल है। उसमें देशदेशान्तर की विविध वस्तुएं भले प्रकार सुव्यवस्थित हैं। इस महल का एक एक कमरा ध्यानपूर्वक देखने योग्य है। शहर में अजमेरी दरवाजे की सड़क पर " अजबघर " नाम का जो भारी मकान है उसमें भी शिल्पकला का उत्तमोत्तम काम, सिखाया, दिखाया और बनाया जाता है। रामनिवास बाग के अजायबघर में बहुत सी वस्तुएं यहीं से बन कर जाती हैं।

गैसघर से शहर में रोशनी पहुँचाई जाती है। उसमें राज्य का चार पांच सौ रुपया रोज व्यय होता है। शहर से बाहर पोस्ट-आफिस, तारघर, रेजीडेन्सी, जेलखाने, पागलघर, राजा-रईसों की कोठियां, डाक्बंगला, काटनमिल, और 'पंपींग स्टेशन' अर्थात् जलनल का कल आदि हैं।

रेजीडेन्सी में यहां के रेजीडेन्ट रहते हैं। सेन्ट्रलजेल में कैदियों से दरी, कालीन, कपड़े बनाने और पुस्तकें छापने आदि के अनेकों उत्तमोत्तम काम करवाये जाते हैं। इससे जेलखाना जो दुखानेवाला नहीं रहा है और निरपराधी भले आदमी भी इस जेल में नित्य जाने लगे हैं।

रईसों की कोठियों में " चौमूँनरेश की कोठी " सुन्दर, मनोहर और दर्शनीय है। बाग की बनावट, महलों की मनोहरता, रोशनी की चमक-दमक और कार्य की बाहुल्यता आदि सब बातें अच्छी हैं।

काटनमिल में रुई के गट्ठे बांधे जाते हैं और कपास से बिनौले भी निकाले जाते हैं। पंपींग स्टेशन से शहर में पीने का पानी पहुँचाया जाता है। यहीं पर नवाघाट है। यह वृक्षों की अधिकाई,



(चि० नं० ६) यह " आम्बेर " शहर है। चारो ओर से पहाड़ों से घिरा हुआ है। महाल, मकान, मंदिर सब प्राचीन हैं। यहां पर ' मावठा ' नामक बड़ा जलाशय है। दूसरे चित्र में आम्बेर के पहाड़ी किले और महलों का दृश्य है। वह इस चित्र का ऊर्ध्व दक्षिणी भाग है।

जल की सिचाई और दर्शकों के आवागमन से आदरणीय हो गया है। बस, अब शहर की उसी दूसरी चौपड़ में चलिये।

चौपड़ में खड़े होकर देखिये, पहाड़ की पश्चिमी शिखा पर " नाहरगढ़ " नाम का भारी किला है। उत्तरी शिखा पर " आमा-गढ़ " नाम का पुराना और बड़ा किला है। और पूर्वी शिखा पर " रघुनाथगढ़ " नाम का किला है। इनके अतिरिक्त और भी किले हैं। परन्तु किसीमें कोई दर्शक नहीं जा सकता है।

चौपड़ से उत्तर की ओर शहर से बाहर ५ मील की दूरी पर जयपुर की पुरानी राजधानी " आम्बेर " है। (चि० नं० ६) इसमें पहाड़ के ऊपर राज्य का किला, कैदखाना, खजाना, देवमन्दिर और राजप्रासाद आदि हैं। राजमहल राज्य की आज्ञा से देखे जाते हैं। इनमें पुराना महल एक बड़ी इमारत है। इसका काम सम्वत् १६५१ के लगभग राजा मानसिंह ने आरम्भ किया था। पुराने महल से ४०० फीट ऊपर पहाड़ी पर बड़ा किला है। एक बड़े आंगन से सीढ़ियों-द्वारा प्रवेश करने पर सुन्दर दीवानखाना आता है। इसके दाहने भाग में कालीजी का मन्दिर है। इस मूर्ति को ' शिलादेवी ' कहते हैं और यह राजा मानकी संस्थापित है। (चि० नं० ७) एक ऊंचे स्थान पर सवाई जयसिंह का खास कमरा है। इसके सिवाय मार्बल के काम के मनोहर मकान और सुन्दर कमरे और भी बहुत हैं। यहां पर महलों से घिरा हुआ एक सब्ज और शीतल छोटा सा बाग है। इसकी सिंचाई में सैकड़ों रुपये लगते हैं। आम्बेर देखने के लिए अंग्रेज लोग अकसर आया करते हैं। अत यहां की सड़क का इस समय सुधार हो रहा है।

बस, देखने योग्य प्रधान प्रधान स्थानों का उल्लेख हो चुका। अब परिशिष्ट में यहां के धर्माचरण, रीतिनीति, आदि का उल्लेख करते हैं।

यहां के वर्तमान महाराज माधवसिंह बहादुर प्राचीन रीतिनीति के पक्षपाती, प्रजा-पालक, उदार, गुणज्ञ और धर्मात्मा हैं। अतः प्रजा में भी सदाचरण और धार्मिकता का प्रचार अधिक बना रहता है। यहां शिक्षा का प्रबन्ध सर्वोत्तम होने पर भी यहां के लोग 'गोट घूघरी,' 'नुकता' और ब्याह शादी में अधिक अपव्यय तो करते ही हैं; परन्तु सन्तति शिक्षा में समुचित ध्यान नहीं देते। भगवान जैन समिति ने बनाये रखनेवाले प्रधान बाबू अर्जुनलाल बी० ए० ने जैन जाति में शिक्षा फैला कर उसे समुज्ज्वल कर दिया है।

आमेर के महल।

(चि० न० ७) यह आमेर के 'पहाड़ी किले और राजप्रासाद' हैं। नीचे 'मौटा' नामक जलाशय भरा हुआ है।

यहां 'गोट घूघरी' जिवनारें सदैव हुआ ही करती हैं। इनमें हजारों मन खांड जैपुरी जिमकड़ों के पेट में प्रति वर्ष चली जाती है। यहां रामनवमी, श्रावण, भाद्रपद और आश्विन शुक्ल ६।१०।११ के बड़े मेले होते हैं। किसी भी मेले को देखिये, सुसज्जित स्त्रियों का जमघट ही यहां अधिक होता है। यहां की स्त्रियों में कवित्वशक्ति, गायन-प्राबल्य और स्वच्छन्दविचरण अधिक है। यह जब चाहें तब ही छोटे-बड़े किसीकी भी कीर्ति अपकीर्ति के समुचित वर्णन का गीत बना कर शहर भर में बिजली की तरह फैला देती हैं।

यहां का कलाकौशल अच्छा और प्राचीन है। मूर्तियां, मीनाकारी के बर्तन, हस्तलिखित चित्र और रंगरेजी कशीदाकारी आदि कला प्रवीण विख्यात हैं। यहां पर प्राचीन कारीगर बहुत और अच्छे हैं। मीनाकारी के आभूषण, चित्रकारी, कपड़े की रंगाई, और मांजी हुई मोरियां, बुनाई और धागाई इत्यादि यहां से विदेशों में जाते हैं।

नाटाणियों की हवेली। (प्रस्तुत कोतवाल !

जयपुर में 'नाटाणी' बड़े नामी प्रभावशाली और धनवान हुए, उनके बनाये हुए बड़े गुणिवान, सुन्दर और बृहदाकार मकान उनका महत्त्व प्रगट कर रहे हैं। यह चित्र भी उन्हीं का है। नाम हवेली है; परंतु सैंकड़ों मकानों का काम और बड़ा लम्बा रोकने वाली है।

यह सब कुछ होने पर भी यहां व्यापार-व्यवसाय शहर को देखते हुए, बहुत ही कम है। इस कमी राज्यकृत उपेक्षा, अल्पविद्या और लोगों का अनुत्साह भी होना बतलाया जाता है। जो कुछ हो, राज्यकृत उ... प्रशंसक है, और शहर अवश्य ही सुन्दर तथा दर्शनीय है।

श्रीहनुमान शर्मा, जयपुर

शेक्सपियर और उसके ग्रन्थ।

(३)

लंडन आने पर

शेक्सपियर अपना गावँ छोड़ कर जिस समय लंडन आया उस समय के लंडन की और नटों के व्यवसाय की दशा ऊपर बतलाई गई। लंडन आने पर उसने पहले पहल किस व्यवसाय में प्रवेश किया, इसका ठीक ठीक पता उसके किसी चरित्रकार को भी नहीं मिला। हां, तर्क अनेकों ने अनेक किये हैं। उसके नाटकों में कानून का वर्णन अच्छा दिया हुआ है, इसी आधार से कई लेखकों ने यह तर्क किया है कि लंडन में आकर वह किसी वकील के पास मुहर्रिर के तौर पर रहा था। परन्तु यदि इस प्रकार के अनुमान लगाये जायँ कि उसके नाटक में अमुक एक व्यवसाय की सूक्ष्म जानकारी पाई जाती है, इस लिए उसने वह व्यवसाय किया होगा, तो बिचारे शेक्सपियर को क्या क्या बनना पड़ेगा, इसकी कुछ गणना ही नहीं की जा सकती।

कुछ भी हो; यह निश्चय है कि लंडन में आने पर शेक्सपियर ने शीघ्र ही नट के व्यवसाय में प्रवेश किया। यह आख्यायिका है कि पहले पहल उसने अपने मित्र फील्ड की सहायता से नाटकगृह के बाहर दर्शकों के घोड़े सम्हालने का काम स्वीकार किया। उस समय मध्यम और उच्च वर्ग के लोग घोड़े पर चढ़ कर नाटक देखने आते थे। अब यह स्पष्ट ही है कि उन लोगों के नाटकघर में जाने पर बाहर कोई न कोई घोड़े सम्हालनेवाला चाहिए। अतएव बहुत से लोग यह व्यवसाय किया करते थे। कहते हैं कि शेक्सपियर ने भी पहले यही धंधा करके अपने पेट भरने का प्रबन्ध किया। इस व्यवसाय में उसे बड़ी सफलता हुई और आगे चल कर उसने दर्शकों के घोड़े सम्हालने की एजन्सी ही खोल दी और अपने यहां बहुत से मजदूर इस काम पर रख लिए। यह भी आख्यायिका है। उसके कई चरित्रकार कहते हैं कि इन दोनों आख्यायिकाओं में कुछ भी तात्पर्य नहीं। यह सम्भव नहीं कि उसने एजंसी खोल कर और नौकर रख कर घोड़े सम्हालने का इतना बड़ा व्यवसाय किया हो। परन्तु इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि लंडन आते ही शेक्सपियर के ... के मन में यह बात आई हो कि अपने गरीब मित्र पर ... का भार डालना ठीक नहीं और इसी कारण ... से, कि जो व्यवसाय पहले सामने आवेगा वही करूंगा, चार दिन नाटक-दर्शकों के घोड़े सम्हाल कर कुछ रुपया कमा लिया हो और हां, आगे चल कर, नाटकगृह ... प्रवेश करने की सन्धि मिलते ही उसने वह कार्य ... क्योंकि थोड़े ही दिनों में नट की हैसियत से वह ... नौकरी करने लगा; इसका उल्लेख कागजपत्रों में पाया ...

कहते हैं कि घोड़े पकड़ने का काम छोड़ कर पहले ... नटों के मदद देने के काम पर थियेटर नामक नाटक... इसके बाद प्राम्टर को मदद करने पर रहा। उसका काम ... जिस नट को जिस मौके पर रंगभूमि में जाना होता उ... ध्यान रख कर उसे वह तुरन्त ही इशारा करता। ... स्वयं नट हो गया। सन् १५९३ में वह लार्ड चेम्बरलेन ... मंडली में था; और १६०३ में तो वह उस मंडली के मुखि... यह कागजपत्रों से सिद्ध होता है। अतएव यह अनुमान ... सकता है कि वह लंडन में आकर इसी कम्पनी में ... और नट का कार्य करता रहा। शेक्सपियर की कम्पनी ने ... नामक नाटकगृह में और फिर रोज नामक नाटकगृह में ... रोज नाम का थियेटर उसकी मंडली ने सन् १५९२ में ... इसीमें वह पहले नट और नाटककार के नाते से प्रसि... इसमें कोई सन्देह नहीं। इस रोज नामक नाटकघर में सन् ... तक उसके खेल हुए। बाद को उसके मित्र उस समय के प्रसिद्ध करुणरसाभिनयी नट रिचर्ड बार्बेज ने पुराना ... नामक नाटकघर गिरा कर उसकी जगह पर ग्लोब नामक ... बनाया। यह अठपहलू बनाया गया था। इसी नाटकगृह में ... पियर ने अपने पांचवें हेनरी नाटक का पहला प्रयोग किया ... इस नाटक के आरम्भ में जो दर्शक प्रार्थना है उसमें यह क... है,—" दर्शको! बड़े बड़े ऐतिहासिक प्रसंगों के दृश्य ... दरिद्री मल्लयुद्ध के अखाड़े में आपको कल्पित करने पड़ें, ... लिए आप लोग क्षमा करें। तथा जिन शूरवीरों ने आजिन... रणभूमि में भिड़ करके अपने शत्रुओं का सत्यानाश किया ... हम अपने लकड़ी के "O" में हम प्रदर्शन करनेवाले ... लिए क्षमा दो।

Can this cockpit hold the vasty fields of France? or may we cram within this wooden O the very casques that did affright the air at Agincourt?

बहुतों का मत है कि इन पंक्तियों का लकड़ी का O शेक्सपियर का ग्लोब थियेटर ही है। यह ग्लोब थियेटर शीघ्र ही बहुत लोकप्रिय हो गया।

शेक्सपियर की नाटक मंडली सिर्फ लंडन में ही रह कर अपना व्यवसाय नहीं करती थी। उस समय की सभी कंपनियां आज कल की कम्पनियों की तरह-इंगलैंड के भिन्न भिन्न शहरों में जा कर अपने नाटक दिखलाया करती थीं। परन्तु यह दिखलाने के लिए कहीं आधार नहीं है कि इन कंपनियों के साथ शेक्सपियर भी घूमता था। कितने ही लोगों का कथन है कि वह स्काटलैंड गया था; और कई लोग तो कहते हैं कि वह फ्रांस, जर्मनी, इत्यादि देशों में भी गया था, उनके इन विधानों के लिए आधार क्या है? यही कि उसने स्काटलैंड देश के जलवायु का कहीं कहीं वर्णन किया है; और अन्य देशों के रीतिरवाजों का भी उसने वर्णन किया है; और यह वर्णन स्वानुभव-ज्ञान के बिना वह कैसे कर सकता था? परन्तु यह आधार कुछ सबल नहीं जान पड़ता और शेक्सपियर के उक्त देशों में घूमने का वाद भी कुछ बहुत महत्वपूर्ण नहीं है। हमारे कोई प्रवासी मित्र जब कहीं से घूम कर आते हैं तब हम स्वाभाविक ही उनके प्रवासवाले देशों का हाल पूछ लेते हैं। उपन्यास और नाटक लिखनेवाले कवि उस वृत्तान्त का उपयोग भी करते हैं। उनके वर्णन अथवा उल्लेखों से यह अनुमान करना कि उन्होंने वे देश देखे ही होंगे, ठीक नहीं हो सकता। शेक्सपियर के समान महा प्रतिभावान् कवि के वर्णनों से यह समझना बहुत कठिन है कि विशिष्ट विषयों का उसका ज्ञान स्वानुभवजन्य है या परानुभवजन्य है। पाठक लोग यदि ऐसे ही अनुमान निकालने लगें तो कवियों को किन किन रूपों में वे अपने सामने देखेंगे, इसका कोई ठिकाना नहीं। शेक्सपियर स्काटलैंड देश में चाहे कभी गया भी हो, परन्तु इटली इत्यादि देशों में वह कभी न गया होगा। क्योंकि उन देशों के शहरों की वास्तविक दशा के विषय में उसका अज्ञान कहीं कहीं प्रकट भी हो गया है। टेम्पेस्ट नाटक में उसने उल्लेख किया है कि मिलन समुद्र के किनारे है। टू जेंटलमेन आफ वेरोना नाटक में, वेरोना से मिलन को एक पात्र के जलमार्ग से जाने का उल्लेख है। यह उन शहरों की वास्तविक स्थिति से बिलकुल विरुद्ध है।

यह सच है कि शेक्सपियर नट था, इसमें सन्देह नहीं, परन्तु यह कहने के लिए कोई विश्वसनीय आधार नहीं कि उसने स्वय [illegible] के नाटकों में अमुक पात्रों के [illegible] के उल्लेखों से यह स्पष्ट [illegible] अपने नाटकों और अपने [illegible] के नाटकों के पार्ट अवश्य लिये हैं। बेनजानसन के एक दो नाटकों के प्रारम्भ में नाटक कर दिखानेवाले नटों की सूची दी हुई है। उसमें शेक्सपियर का नाम मुख्य नटों में दिया हुआ है। तथा शेक्सपियर का पहला चरित्रकार रो कहता है कि हैम्लेट नाटक में शेक्सपियर हैम्लेट के बाप के पिशाच का पार्ट लेता था। पुराने कागज-पत्रों में ऐसे भी उल्लेख मिलते हैं कि शेक्सपियर बहुत अच्छा नट था। उसके नाट्य से लोगों के मन पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता था। तथा शेक्सपियर का छोटा भाई गिल्बर्ट अपने भाई का नाट्य देखने के लिए खास तौर पर लंडन को आता था। वह बुढ़ापे में अपने मित्रों से कहा करता कि हमारा भाई As you like it नामक अपने नाटक के Adam नामक अत्यन्त सच्चे और स्वामिभक्त नौकर का काम बहुत ही उत्तम रीति से करता। सन् १६२३ में शेक्सपियर के ग्रन्थों की जो फोलियो प्रति छप कर प्रकाशित हुई उसके प्रारम्भ में मुख्य नटों की फिहरिस्त दी हुई है। इस सूची में शेक्सपियर का नाम है। शेक्सपियर के समकालीन जान डेवीज नामक एक पुरुष ने लिखा है कि शेक्सपियर राजाओं के पार्ट लेता था। तात्पर्य, इसमें कोई सन्देह नहीं कि शेक्सपियर नट का काम करता था। उसने अपने हैम्लेट नाटक में हैम्लेट के ही मुख से इस विषय में अपना मत दिखलाया है कि नटों को अपने काम कैसे करना चाहिए और उन्हें अपने वचन कैसे कहना चाहिए। उस भाषण में यह भी सूचित किया गया है कि नटों के दोष किस प्रकार सुधर सकते हैं।

शेक्सपियर ने नट की दृष्टि से अच्छा नाम कमाया; इस बात के रुकेवारों से उपर्युक्त विधान किये गये हैं। परन्तु उसके काव्यों में अत्यन्त सुप्रसिद्ध काव्यों की कुछ पंक्तियों से जान पड़ता है कि नट के व्यवसाय में पहले ही कुछ उसने इतनी लोकमान्यता न प्राप्त कर ली होगी। जब कोई तेजस्वी पुरुष देखता है कि हममें गुण हैं और उनका पूरा पूरा आदर नहीं होता; यही नहीं कि लोग उन गुणों का आदर न करते हों; किन्तु वे उलटे हमारा उपहास भी करते हैं, तब वह कभी कभी बहुत खिन्न होता है और उसके मुख से दुःखोद्गार निकलते हैं, ऐसे उद्गार शेक्सपियर के "Sonnets (चौदहचरणी वृत्त में लिखे हुए काव्य) के ११० व १११ सॉनेट में हैं।

Alas, 'tis true I have gone here and there
And made myself motley to the view,
Gor'd mine own thoughts, sold cheap
what is most dear.
Sonn : 110

O for my sake do you with fortune chide,
The guilty goddess of my harmful deeds,
That did not better for my life provide
Than puplic means which public manners breeds.

११० वें सॉनेट में कवि ने कहा है—"इधर उधर खटपट करके मैंने लोगों में विदूषक की तरह अपनी हँसी करा ली; मैंने अपने निज के विचार दूर करके जो वस्तुत महँगा बिकना चाहिए उसे सस्ता बेचा, यह सब सत्य है।"

और १११ वें सॉनेट में कहा है कि "साधारण लोगों के मनोरंजन के लिए जो व्यवसाय उत्पन्न हुआ है वही मैंने किया है, और कुछ नहीं किया; यह मेरा दुर्भाग्य है-मेरी मूर्खता ही का यह परिणाम है। अतएव तुम मेरे इस दुर्भाग्य को दोष दो।"

चौदहचरणी वृत्तों में लिखे हुए इस काव्य-समूह में शेक्सपियर ने अपने हृदय की बातें खोल कर कही हैं। यह बात उसके बहुत से भक्त मानते हैं; और इसी विचार से उपर्युक्त दो उद्गारों का ऐसा अर्थ किया जाता है कि अपने व्यवसाय से घृणा करके ही शेक्सपियर ने उपर्युक्त वचन कहे होंगे। जान पड़ता है कि जब वह अपने व्यवसाय में पड़ा तब पहले पहल लोगों को उसकी सच्ची कीमत न मालूम हुई होगी और इसी कारण उनकी ओर से उसका उपहास हुआ होगा; और इसी लिए शेक्सपियर को जान पड़ा होगा कि मैं इस व्यवसाय में क्यों पड़ा, और उसने ही समय में खिन्नता के कारण उसके मुख से वैसे वचन निकल गये होंगे। नटों के काम के विषय में और नाटक-रचना के विषय में शेक्सपियर के विचार उस समय के साधारण नटों और नाटककारों के विचारों से बिलकुल भिन्न थे; अतएव वे विचार जब तक लोगों में मान्य न हो गये होंगे तब तक उसके व्यवसायबन्धुओं अथवा सर्वसाधारण लोगों के द्वारा उसका उपहास होना और उसके लिए स्वयं उसे खेद होना स्वाभाविक है।

सॉनेटों के विषय में शीघ्र ही बहुत सा लिखना है, उससे पाठकों को उनका महत्व मालूम हो जायगा और उनके दिव्य रस का आस्वाद भी पाठकों को मिलेगा; अतएव उनके विषय में यहां विशेष लिखने की आवश्यकता नहीं। यहां पर सिर्फ इतना ही कह देना है कि उन काव्यों के अर्थ के विषय में बहुत ही विलक्षण मतभेद है।

शेक्सपियर जब नट के कामों में उच्च श्रेणी तक पहुँच कर स्थिर हो गया, तब उसके मुखियों ने शीघ्र ही उसे उससे भी श्रेष्ठ दर्जे का काम देना प्रारम्भ किया। यह काम उसकी कम्पनी के स्वामित्व के नाटकों में सुधार करना है।

उस समय यह चाल थी कि जहाँ कोई कवि नाटक लिखता कि तुरन्त ही वह नाटक कोई कम्पनी मोल ले लेती और फिर कवि का उस नाटक पर कोई अधिकार न रहता। ऐसे नाटकों पर उन नाटककम्पनियों की ही पूर्ण सत्ता चलती थी। इस कारण नाटककम्पनियां समय समय पर अपने स्वामित्व के पुराने नाटक नवीन बुद्धिमान नाटककारों के द्वारा अथवा अपने बुद्धिमान् नटों के द्वारा दुरुस्त करवाती थीं। उनमें सुधार करवाती थीं अथवा उनमें चाहे जो न्यूनाधिक करवाती थीं।

ज्योंही यह देख पड़ा कि शेक्सपियर की बुद्धिमत्ता और प्रतिभा इस काम के लिए बहुत अच्छी है त्योंही उसकी मंडलियों ने उसके द्वारा अपने स्वामित्व के पुराने नाटक सुधरवाने अथवा बदलवाने का काम शुरू किया; और यह देख पड़ा कि उस काम में उसे अच्छी सफलता हुई और इस कारण कम्पनियों को भी फायदा होने लगा। यह मालूम होते ही पुराने प्रसिद्ध नाटककारों के मन में उसके विषय में मत्सर भी उत्पन्न होने लगा। ग्रीन नामक एक बड़ा नाटककार सन् १५६२ में दरिद्रता से पीड़ित होकर मरा। मरने के पहले-अपने व्यवसायबन्धुओं को अन्तिम उपदेश देने के लिए उसने एक छोटी सी पुस्तक लिख रखी थी। यह पुस्तक उसके पीछे चेटल नामक एक महाशय ने प्रकाशित की। मार्लो, नाश, और पील नाम के तीन नाटककार शेक्सपियर के पूर्व प्रसिद्ध हुए। इन्हीं तीनों को ग्रीन ने यह उपदेश किया है कि, "मित्रो, मेरी तंगी और सारी दरिद्रता का कारण ये पूर्व नट और नाटककम्पनियां हैं! मैंने उन पर अगणित उपकार किये, परन्तु इन्होंने मुझे धोखा देकर मुसीबत के धांधों में डाल दिया! अतएव यदि तुम अपनी भलाई चाहते हो तो इनके विश्वास में न आना। ये तुम्हारी भी दुर्दशा करेंगे!"

इस प्रकार की प्रस्तावना करके फिर वह आगे लिखता है:—

"Yes, trust them not; for there is an upstart crow beautified with our feathers, that with his tiger's heart wrapped in a player's hide, supposes he is as well able to bombast out as blank verse as the best of you; and being an absolute Johannes Factotum, is in his own conceit the only SHAKE-SCENE in a country.

"हां, तुम से कहे देता हूं कि तुम उन पर कभी विश्वास न रखना। क्योंकि उनमें आज कल एक हमारे ही पंखों से सुन्दर [illegible] उस हुए [illegible] से उत्तम [illegible] डालेंगे; [illegible] है। अत- [illegible] नट और [illegible]!"

उपर्युक्त अवतरण के Shake-Scene शब्द से बिलकुल स्पष्ट हो जाता है कि यह सब शेक्सपियर के ही ऊपर उपरोध से लिखा गया है। ग्रीन की यह पुस्तिका जब प्रकाशित हुई तभी यह बात सब लोग समझ गये। परन्तु पीछे से उस पुस्तक के प्रकाशक को बहुत बुरा लगा। उसने साफ तौर पर शेक्सपियर से माफी माँग ली और ग्रीन के लिखे हुए लेख के प्रकाशित करने पर खेद प्रदर्शित किया।

इस खेदप्रदर्शन के समय चेटल ने जो कुछ लिखा उससे शेक्सपियर के नाट्य-कौशल और स्वभाव-सारल्य का अच्छा पता चलता है, अतएव उससे कुछ वाक्य यहां पर दिये जाते हैं —

With neither of them that take offence was I acquainted; and with one of them [Marlowe] I care not [illegible]

professes; besides divers of worship have reported his honesty, and his facetious grace in writing that approves his art'

"ग्रीन की जो पुस्तक मैंने प्रकाशित की उसके उल्लेखों से जिन दो सज्जनों के मन बहुत दुःखित हुए हैं उन दोनों से मेरी प्रत्यक्ष पहचान न थी। उनमें से एक की (मार्लो की) पहचान फिर कभी नहीं हुई, तथापि उसकी मुझे कोई परवा नहीं। परन्तु दूसरे के मन को न दुखाया होता तो अच्छा हुआ होता—ऐसा मुझे आज जान पड़ता है, क्योंकि वह जिस व्यवसाय में है उसमें वह उत्तम है और बर्ताव में बहुत सभ्य है। यह मुझे स्वयं देख पड़ा है। इसके सिवाय कई सन्मान्य लोगों ने मुझ से कहा भी है कि वह व्यवहार में बहुत अच्छा है। इससे उसकी सच्चाई प्रकट होती है। तथा उसका सुलभ सुन्दर लेखन-कौशल देख कर विश्वास हो जाता है कि उसकी विद्वत्ता बड़ी है।"

जान पड़ता है कि शेक्सपियर ने यह सोच कर, कि दूसरे कवियों के लिखे हुए नाटक सुधार कर रंगभूमि में लाने से बिना कारण आपस में मत्सर बढ़ता है, आगे चल कर बहुत जल्द अपने स्वतंत्र नाटकों का लिखना प्रारम्भ किया होगा। यह विश्वासपूर्वक कहने के लिए कोई प्रमाण नहीं है कि उसने अपना अमुक नाटक अमुक वर्ष में ही लिखा होगा। परन्तु शेक्सपियर के काव्यनाटकों का अभ्यास जिन्होंने वर्षानुवर्ष बड़ी मिहनत से किया है उनके अनुमानों के आधार से तथा शेक्सपियर की मृत्यु से अ[illegible] उसके विषय में जो कुछ वृत्तान्त उपलब्ध हुआ है उसके से विद्वानों ने उसके ग्रन्थों की रचना का जो कालक्रम किया है वह नीचे दिया जाता है। इसी क्रम से आगे हम ग्रन्थों का निरीक्षण करना है। उसके ग्रन्थों का विवेचन करते हुए प्रथमतः उसके काव्य लेने का विचार है, अतएव उन्हीं के सन् दिये जाते हैं।

काव्य।

काव्य का नाम	सन्	काव्य का नाम
वीनिटस (कुछ)*	१५९२	ए लवर्स कंप्लेंट
वीनस व आडोनिस्	१५९३	दी प्यासोनेट् पिल्ग्रिम
रेप आफ़ ल्युक्रिस	१५९४	फीनिक्स व टर्टल

नाटक।

नाटक का नाम,	सन्	नाटक का नाम,
१ छठवाँ हेनरी भाग २ (यार्क और लेंकास्टर वंशों का झगड़ा)	१५९१	१९ पांचवाँ हेनरी २० जुलियस सीजर २१ मेरी वाइव्ज आफ़ विंडसर
२ छठवाँ हेनरी भाग ३ ३ छठवाँ हेनरी भाग १	१५९२	२२ ऐज़ यू लाइक इट् २३ हैम्लेट २४ ट्वेल्फ्थ नाइट आर व्हाट यू विल
(इस वर्ष जून से दिसम्बर तक प्लेग के कारण नाटकघर बन्द रहे)		२५ ट्रायलस व क्रेसिडा २६ आल्स् वेल दैट एण्ड्स् वेल्
४ तीसरा रिचर्ड ५ तीसरा एड्वर्ड † (कुछ भाग शेक्सपियर का।) ६ कामेडी आफ़ एरर्स (फेब्रुअरी से दिसम्बर तक प्लेग के कारण नाटक बन्द)	१५९३	(मार्च सन् १६०२ में रानी एलिज़बेथ मरी, इस लिए शोकप्रदर्शनार्थ नाटकघर बन्द रहे। परन्तु प्लेग के कारण बन्द रखने पड़े।)
७ टायटस् अंड्रोनिकस (फेब्रुअरी और मार्च में प्लेग के कारण नाटक बन्द) ८ टेमिंग आफ़ दी थ्रू ९ लव्ज़् लेबर्स लॉस्ट १० रोमियो और जुलियट	१५९४	२७ मेज़र फार मेज़र २८ ऑथेल्लो २९ मैक्बेथ ३० किंग लियर ३१ एंटनी और क्लिओपात्रा ३२ कोरियोलेनस्
११ ए मिड्समर नाइट्स ड्रीम १२ टू जेंटल मेन आफ़ वेरोना १३ किंग जान	१५९५	३३ टायमन् आफ़ एथेन्स (अपूर्ण)
१४ दूसरा रिचर्ड १५ दि मर्चंट आफ़ वेनिस	१५९६	३४ पेरिक्लीज़ (कुछ भाग) ३५ सिंबेलइन्
१६ चौथा हेनरी (भाग १) (इस वर्ष के प्रारम्भ में नटों की कुचाल से जुलाई से अक्टूबर तक नाटकघर बन्द)	१५९७	३६ दि विंटर्स टेल् ३७ दि टेम्पेस्ट ३८ दि टू नोबल किन्स्मेन् (कुछ भाग)
१७ चौथा हेनरी (भाग २) १८ मच् अडो अबाउट नथिंग	१५९८	३९ आठवाँ हेनरी † (कुछ भाग)

* 'कुछ' शब्द कोष्टक में रखने का कारण यह है कि कुल सॉनिट्स एकसाथ नहीं लिखे गये। वे सन् १५९२ से १६०९ तक धीरे धीरे लिखे गये। यह [illegible] मत है।

† इस चिन्हवाले नाटक सम्पूर्ण शेक्सपियर के लिखे हुए नहीं हैं; किन्तु कुछ भाग उसका लिखा हुआ है।

भिन्न भिन्न कवियों के समानार्थवाची पद्य।

(शरद्वर्णन)

पतंति नास्मिन् विशदाः पतत्रिणो।
धृतेन्द्रचापा न पयोदपंक्तयः॥
तथापि पुष्णाति नभः श्रियं परां।
न रम्यमाहार्यमपेक्षते गुणम्॥

—महाकवि भारवि—किरातार्जुनीय।

—Loveliness.
Needs not the foreign aid of ornament,
But is, when unadorned,
adorned the most—*Thomson autumn.*

न उड़ती अब हैं बकमालिका,
न घन इन्द्र-शरासन शोभित;
तदपि व्योम महा रमणीय है,
न धरता गुण कृत्रिम रम्य है। —पं० श्रीगिरिधर शर्मा।

आषाढ़गाली न बकावलीहो:
मेघीं नभें नेघि धनुष्यकांति;
तरी किती ते रमणीय कांति!
आल्हा धुणामा नच बाहर साने। —एक मराठी-कवि।

(दृष्टिसौन्दर्य)

प्रवातनीलोत्पलनिर्विशेष—
मधीरविप्रेक्षितमायताक्ष्या।
तया गृहीतं नु मृगांगनाभ्य—
स्ततो गृहीतं नु मृगांगनाभिः॥

म० क० कालिदास—कुमारसम्भव।

Too nicely Jonson knew the critic's part
Nature in him was almost lost in art.

— Collins.

वायुवेग से कम्पित सुन्दर नील कमल की छवि वाली,
उस विशाल नयनों की चञ्चल चितवन की मैं बलिहारी!
ऐसी चपल दृष्टि क्या उसने मृग-किशोरियों से ली!
अथवा मृग किशोरियों ही को यही स्वयं है दे डाली!

—पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी—कुमारसम्भवसार।

खिले हुए नील सरोज का सा—
है देखना चंचल सुन्दरी का।
सीखा इसीसे मृगनारियों ने,
किया सिखा है इसने उन्हीं से। —पं० [illegible]

श्रीकृष्ण का राई-लोन।

(१)

निशा अँधेरी घिरी, घोर घहरें घन काले,
फिरें श्रान्तिवश पथिक, कठिनता से पथ पाते ।
चपला की है चमक पथिक का एक सहारा,
यही दिखाती पंथ, यही आशा, बल सारा ॥

(२)

घिरे मेघ चहुँ ओर, शोर केकी [illegible],
कोकिल के प्रिय बोल सभी का मन हैं हरते ।
झिल्ली की झनकार [illegible] होती प्यारी,
दादुर बैठा रटन रहे हैं अपनी न्यारी ॥

(३)

ऐसे में घर रम्य, चलें अब उसके भीतर—
जहाँ कृष्ण आसीन यशोमति की गोदी पर ।
माता आज उदास पुत्र का वदन निहारे ।
करके तनु को स्पर्श चित्त में यही विचारे:—॥

(४)

" हुआ आज क्या इसे ? दुखी क्यों मेरा प्यारा,
मम प्राणों का प्रेय, जीवनाधार दुलारा ?
क्यों यह आज उदास, हुआ क्या चिन्तातुर है ?
खाता खेले नहीं, न दिखलाता इसका मन है !

(५)

" ' हाँ हाँ ' करता हुआ नहीं यह आज विहँसता ।
मेरा ऐसा हृदय नहीं है सुख से बसता ॥
चौथेपन में लाल एक गोदी में आया;
उस पर भी हा ईश ! मेघ चिन्ता का छाया ॥

(६)

" यहे दया की वायु, दुःख घन दूर भगावे ।
दयासिन्धु, जगदीश ताप से सदा बचावे ॥
यह है कुल का दीप, आँख का यह तारा है ।
इसके सुख में लगा सौख्य मेरा सारा है ॥

(७)

" दुखी देख कर इसे हाल जैसा कुछ होता,
करते उसका ध्यान उमड़ता दुख का सोता ।
सब दुख व्यापें मुझे, ईश, पर, इसे बचावें ।
मेरे रहते इसे शीश में पीर न आवे ॥ "

(८)

करती हुई विचार प्रेम में व्याकुल हो कर
खोकर सारा धैर्य, रखे सिर पै दोनों कर,
मूर्छित हो तत्काल यशोदा गिरीं मही पर ।
किये गये उपचार स्वस्थ वे हुई कहीं फिर ॥

(९)

धाये सब चहुँ ओर दास, आराधक, दासी ।
फैल गई यह बात नगर में तुरत ज़रा सी ॥
' माधव आज उदास ' सुना यह जब लोगों ने,
प्रबल प्रेम में पगे लगे व्याकुल सब होने ॥

(१०)

ग्वालिन, गोपी, ग्वाल सभी सुनते ही धाये ।
वनिता, बालक, वृद्ध—सभी पलभर में आये ॥
कर कर विविध विचार कहा सब ने मनमाना,
ओझा करते रहे ' लगा है भूत पुराना । '

(११)

वृद्धा कहतीं ' नहीं, लाल को दीठि लगी है । '
वैद्य विचारें ' इसे पेट में पीर उठी है । '
निज निज मति अनुसार कहा सब ने मन भाया,
पर, क्या है सब बात—श्याम के मन न आया ॥

(१२)

यह समाचार सब, हुई ' दीठि ' की मेल उतारें,
लाओ ' राई लोन '—उन्हीं से इसको झारें । '
तत्क्षण फिर गईं लोन राई मँगवाई,
सिर से उसे उतार आग में डाल जलाई ॥

(१३)

दासी ने सब दीप धार कर थाल भारी-
देखो दीठि उतार रही है वृद्धा नारी ।
दीप देख कर अहा ! कृष्ण ने विहँस दिया है ।
पैसा कर फिर हाथ माता को सुखी किया है ॥

(१४)

माता देखो यहाँ [illegible] चपल-चरण को ।
[illegible] में लगी भूल कर तन, मन, धन को ॥
वे ही उनके प्रेम, [illegible] ।
(सुख-सागर के चन्द्र, [illegible], राजदुलारे ॥)

(१५)

जिन्हें निरन्तर नित्य, निरञ्जन [illegible],
जिनके गुण की पार [illegible] ।
श्री कृष्ण [illegible] ।
[illegible] ॥

श्री[illegible] मिश्र ।

जापान के नवीन सम्राट्।

जापान के नवीन सम्राट् को नवीन प्रकार की पाश्चात्य शिक्षा मिली है। आपने सम्पूर्ण जापान और कोरिया का अनेक बार भ्रमण [illegible] किया है। [illegible] देखी [illegible] नहीं गये हों और वहाँ की स्थिति प्रत्यक्ष न देखी हो। आपका स्वभाव बहुत [illegible] है। [illegible] प्रेम है। आपको [illegible] में प्रवास करने का बड़ा [illegible] [illegible] है। [illegible] आपकी प्रजा के [illegible] चाहिए। [illegible] है। [illegible] करने की प्रतिज्ञा की है।

जापान की नवीन सम्राज्ञी।

[जा]पान की नवीन सम्राज्ञी का नाम 'नागाको' है। सम्राट् की तरह आपको भी अंगरेज़ी रीति से शिक्षा मिली है। आप टोकियो के [पी]र कालेज में पढ़ती थीं। सब विषयों में आपका नम्बर सदा पाँच के अन्दर रहता। भूगोल ही से आपको पूर्ण ज्ञान और स्वभ-[ाव] साधारण तथा गर्वरहित है। अन्य लड़के-लड़कियों की तरह आप भी पैदल ही स्कूल को जातीं और सब विद्यार्थियों के साथ हिल[मिल]कर बात चीत करतीं। अपने गुरु पर आपकी बहुत भारी श्रद्धा है और अब भी मौका आने पर आप उन्हें बुलातीं और उनका आदर-[सत्]कार करती हैं। अपने बच्चों को आप स्वयं शिक्षा देती हैं। आपकी शिक्षाप्रणाली अत्यन्त सरल और सुबोध है। राजकुमार [illegible] को [प]ढ़ने के लिए स्कूल जाते हैं। बाकी सब समय वे अपनी माता के साथ पढ़ने और खेलने में व्यतीत करते हैं। इन राजकुमारों को अनेक रूप चित्र देखने का बड़ा उत्साह रहता है।

है। सेब, नाशपाती, नारंगी, इत्यादि फल बहुत समय तक टिक सकते हैं, परन्तु आम, अमरूद, शरीफा, केले की फलियां, इत्यादि ल बहुत दिन नहीं टिकते। यह बात सदा ही देखी जाती है। सी जाति के भी दो फल ठीक ठीक एक ही समान मिलना कठिन । इसका मुख्य कारण सजीव वस्तुओं के विभेदीभवन का नियम । यह नियम सब वनस्पतियों और प्राणिमात्र में सर्वव्यापी है। भिन्न भिन्न जाति के फलों में तो विभेदीभवन पाया ही जाता है, न्तु एक ही जाति के फलों में भी यह देखा जाता है। सेबफल गुणों के अनुसार बहुत से अन्तर्भेद हैं और उनका टिकाऊपन भिन्न भिन्न प्रमाण का होता है। यही नियम अन्य फलों के लिए लग सकता है। निम्बू के भी अनेक छोटे छोटे भेद हैं; उनमें का पटनेश्वरीय निनोहा बिम्बल विम्बलो इत्यादि प्रसिद्ध . . . जातियों के ही . . . जातीय विभेदी- . . . भिन्न जाति के म्ब के विभेदीभवन का विचार यदि न भी किया जाय, तो भी एक जाति के अथवा एक ही वृक्ष के निम्बू में भी यह विभेदीभवन या जाता है और ऐसे विभेद को व्यक्तिविषयक विभेदीभवन Individual Variation) कहते हैं। केलिफोर्निया में परीक्षा रने पर यह जान पड़ा कि एक वृक्ष के भिन्न भिन्न निम्बू का टि-काऊपन भिन्न भिन्न है। विभेदीभवन के विवेचन से बहुतों को ऐसा लूम होगा कि परमेश्वर ने सजीव वस्तुओं के पीछे यह व्यर्थ की पदा लगा दी है। परन्तु वास्तविक दशा ऐसी नहीं है। विभेदी-भवन का नियम तो मानो मनुष्यमात्र के लिए परमात्मा का दिया आ एक वरदान ही है।

यह विभेदीभवन का नियम फलवृक्षों अथवा फलों के लिए यदि होता तो फलों में बहुत सा सुधार हो ही न सकता था। पाश्चा-त्यों ने फलों के व्यापार में जो उन्नति की है वह उक्त नियम के अनु-सार फलों में सुधार करके ही की है। इस नियम का पूर्ण ज्ञान दाचित् अभी लोगों को न हुआ होगा, तथापि शास्त्रज्ञों को, प्रयोग रने पर यह मालूम हो गया है कि उसका स्रोत अन्तस्थ और ह्य (Internal and external influences) संस्कारों के ग से बदलता रहता है। अन्तस्थ संस्कारों में चैतन्यकेन्द्र Nucleus) आद्य पिंडांश (Protoplasm) इत्यादि से जो गुण वृक्षों में आते हैं उनका समावेश होता है। अन्तस्थ संस्कार हुधा अनुवंशिक (Hereditary) होते हैं, और इस कारण, जिन जों से नयवृक्षों की उत्पत्ति होती है उनके गुणों पर ही भावी क का निर्भर रहता है। यही कारण है कि प्रत्येक जाति के वृक्ष लगाते समय उत्तम बीज की आवश्यकता होती है। यह अन्त-स्थ संस्कार व्यक्ति (Individual) अथवा जाति (Race) दोनों के लिए बराबर लगता है। फलों में सुधार करने का विचार मन में आने पर पहले इस बात का निर्णय करना चाहिए कि किसी विशिष्ट फलवृक्ष में सुधार किया जाय अथवा उस जाति के फल-वृक्षों में कोई उपयोगी गुण लाया जाय। व्यक्ति और जाति दोनों में यदि सुधार करना है तो पहले आवश्यक गुण रखनेवाले वृक्षों का नाव करना आवश्यक है और इन चुने हुए वृक्षों से सर्वोत्तम वृक्ष फिर चुनना चाहिए। इन सर्वोत्तम वृक्षों में बीज, कलम, इत्यादि जना से अनेक वृक्ष चुनना चाहिए और जब तक आवश्यक गुण क वृक्ष में चिरस्थायिक न हों तब तक यह काम बराबर जारी रखना चाहिए। जहां एक वृक्ष में आवश्यक चिरस्थायिक गुण आ गये कि बस फिर उससे उसी वृक्ष की एक नवीन अन्तर्जाति बनाई जा सकती है। ऐसी ही क्रिया से निर्बीज सन्तरे, लाल-पीले गुलाब फूल, इत्यादि नवीन नवीन प्रकार के वृक्ष उत्पन्न किये गये हैं। अमेरिका में मि० बरबैंक महाशय नवीन नवीन वृक्षों की उत्पत्ति करके बहुत ही प्रसिद्धि पा चुके हैं। यूरप में भी ऐसे बहुत से प्रसिद्ध पुरुष हैं। सारांश, फलों में यदि सुधार करना है तो पहले एक ही फलवृक्ष में अच्छे आनुवंशिक गुणों का एकीकरण करना चाहिए, यह काम कृत्रिम वृक्षोत्पादन (artificial plant breeding) क्रिया से सफल होता है। कृत्रिम वृक्षोत्पादन क्रिया का विस्तृत वर्णन इस लेख की मर्यादा से बाहर है। इस बात की कुछ कल्पना आने के लिए, कि अन्तस्थ संस्कारों का फलों पर कैसा परिणाम होता है, उपर्युक्त वर्णन बस है। भारतवर्ष के निम्बू के टिकाऊपन में परदेश के निम्बू के वृक्षों की सहायता से सुधार किया जा सकता है, परन्तु पहले इस बात का सर्वांग निर्णय हो जाना आवश्यक है कि भारतवर्ष का निम्बू आनुवंशिक अन्तस्थ संस्कारों के कारण टिकाऊ नहीं है या अन्य बाह्य संस्कारों के कारण पर टिकाऊ नहीं है। हम अनुमान करते हैं कि भारतवर्ष का निम्बू कदाचित् बाह्य संस्कारों के कारण ही खराब होता होगा।

इस बात का विचार करने के लिए, कि बाह्य संस्कारों का फलों के टिकाऊपन पर क्या परिणाम होता है, यह जानना चाहिए कि, विभेदीभवन पर उसका क्या परिणाम होता है, क्योंकि टिकाऊपन विभेदीभवन का ही एक गुण है। यह सभी को मालूम है कि भिन्न भिन्न प्रकार की जमीन में भिन्न भिन्न फसलें होती रहती हैं। जमीन का बाह्य परिणाम वृक्षों की बाढ़ पर और पोषण पर होता है, इस कारण भिन्न भिन्न तरह की फसल भिन्न भिन्न प्रकार की जमीन में होती रहती है। उष्णता का भी परिणाम वृक्षों पर होता रहता है और इसी कारण उष्ण और शीत प्रदेशों के वृक्ष भिन्न भिन्न तरह के होते हैं। सूर्यप्रकाश, वायु, पानी, प्रदेश की ऊँचाई, इत्यादि बाहरी परिस्थितियों का भी परिणाम वृक्षों पर होता रहता है। उपर्युक्त परिस्थितियों का प्रभाव जैसा वृक्षों पर होता है वैसा ही फलों पर भी होता है। शास्त्रीय ज्ञान से यह जाना जाता है कि उन परि-स्थितियों का प्रभाव भिन्न भिन्न वृक्षों पर कैसा पड़ता है, और इससे यथासम्भव प्रत्येक परिस्थिति में सुधार किया जा सकता है। पाश्चा-त्यों ने उपर्युक्त ज्ञान का लाभ उठा लिया और हमारे किसान अथवा माली लोग ही नहीं, किन्तु सुशिक्षित लोगों में भी उक्त ज्ञान का लवलेश नहीं है। यह हमारी वर्तमान अधोगति का एक कारण है। जैसे काले मनुष्य अभ्यास से बिलकुल शीत प्रदेश में रह सकते हैं और गोरे लोगों को भी धीरे धीरे अति उष्ण देश का जल-वायु सहन हो सकता है उसी प्रकार वृक्षों में भी यह गुण धीरे धीरे लाया जा सकता है। भिन्न जलवायु और परिस्थितिवाले देशों के वृक्ष यदि हमें अपने देश में लगाना है तो कृत्रिम रीति से अन्तस्थ और बाह्य संस्कार, दोनों देशों की परिस्थितियों के अनुसार थोड़े-बहुत प्रमाण पर स्थिर रख कर पहले बिलकुल थोड़े वृक्ष लगाना चाहिए। इसके बाद उन थोड़े वृक्षों से भिन्न भिन्न अधिक वृक्ष पैदा करने चाहिए। भारतवर्ष के आम अमेरिका में उपर्युक्त रीति से ही लगाये गये हैं और लगाये जा रहे हैं। अमेरिका की संयुक्त रियासतों (U. S. A.) के फ्लोरिडा, आदि स्थानों में आज आम की थोड़ी बहुत फसल भी होती है। केलिफोर्निया और दक्षिण की कुछ रियासतों में इटली के निम्बू भी उपर्युक्त रीति से ही लगाये गये हैं। इस रीति से वृक्ष उत्पादन करने के लिए अनुभव, शास्त्रीय ज्ञान और द्रव्य का मेल जमना चाहिए।

तोड़े हुए फलों का टिकाऊपन अथवा खराब होना।

वृद्धावस्था प्राप्त होने पर जैसे मरण प्राप्त होता है, वैसे ही फल पक कर जब उतर जाते हैं तब वे खराब होते ही हैं। कुछ कच्चे (पोढ़े) फल अधिक दिन टिकते हैं। इसका कारण यह है कि उनकी बाढ़ की शक्ति उनमें भरी रहती है। फलों की जीवनशक्ति (टिकाऊपन) आनुवंशिक कैसी है सो ऊपर लिखा ही जा चुका है। अब इसका विचार करना है कि जितनी जीवनशक्ति फलों में है उतनी स्थिर कैसे रखी जा सकती है। फल तोड़ने के बाद उन पर हवा, उष्णता, प्रकाश, वाष्पसंचय (Humidity) इत्यादि वायु-मंडल की शक्तियों का प्रभाव शुरू हो जाता है। हवा में सर्वत्र फैले हुए सूक्ष्मजन्तु (Micro-organism) भी फलों पर आक्रमण करते रहते हैं। ये बाहर के कारण हुए, परन्तु स्वयं फलों में भी योग्य परिस्थिति मिलते ही रासायनिक क्रिया (Chemical change) अथवा निर्जीव परिवर्तकों (Enzymes) का कार्य प्रारम्भ हो जाता है और फल खराब होते रहते हैं। इन अन्तस्थ और बाह्य विनाशक शक्तियों से क्रमशः फलों की मूल जीवनशक्ति कम होती जाती है। भिन्न भिन्न रोग उन पर अपना अधिकार जमाते जाते हैं, और फलों पर उनका चिह्न देख पड़ने लगता है। इसी स्थिति के अधिक बिगड़ जाने पर लोग कहते हैं कि अब फल सड़ने . . . -यह मनुष्य को किसी . . . दिला भोजन दिया . . . है और यह मनुष्य की ओर चल बसा है, इसी प्रकार बहुत अच्छे अच्छे फलों को, लोगों की अज्ञानता से कच्चे अथवा लापरवाही से कच्चे-सड़ने की नौबत आ पहुँचती है। उपर्युक्त विनाशी शक्तियों से फलों को बचाना ही उनको अधिक दिन टिकाना है। इससे किसी को यह न समझना चाहिए कि स्वाभाविक ही शीघ्र खराब होनेवाले फल अपनी आयुर्मर्यादा से भी अधिक दिन टिकाए जा सकते हैं। फलों की यदि आयुर्मर्यादा ही बढ़ाना हो तो 'टिकाऊ फलों की उत्पत्ति' शीर्षक में वर्णन किये हुए दीर्घ प्रयत्न के किये बिना काम नहीं चल सकता। यहां पर हमें सार रूप इसी बात का विचार करना है कि फलों की स्वाभाविक आयुर्मर्यादा स्थिर कैसे रखी जा सकती है। परन्तु निरोगी फलों पर आक्रमण करनेवाली विनाशी शक्तियों का कुछ न कुछ वर्णन किये बिना उक्त प्रश्न नहीं हल किया जा सकता।

कालरा, मलेरिया, प्लेग, क्षय, इत्यादि रोगों के जन्तु (Micro organisms) पानी, हवा, अन्न इत्यादि पदार्थों के द्वारा जैसे सर्वत्र फैल जाते हैं वैसे ही फलों पर आक्रमण करने वाले जन्तु फैले रहते हैं। इनमें से उद्भिज्ज जन्तु (Bacteria) खमीर परिवर्तक जन्तु (Fermenting yeast या Saccharomyces इत्यादि) और सड़ानेवाले जन्तु (Hyphomycetes या mould-fungi इत्यादि) फलों के टि-काऊपन के प्रधान शत्रु हैं। इनका निवासस्थान बहुधा सर्वत्र ही पाया जाता है। सूक्ष्मावस्था में ये आँखों से तो किसी तरह भी नहीं, किन्तु कम शक्तिवाले सूक्ष्मदर्शक यन्त्र से भी नहीं, दिख सकते। इनकी परीक्षा करना बड़ी झंझट का वैज्ञानिक काम है। मनुष्य की जिन्दगी के लिए जैसे भोजन, पानी, हवा, इत्यादि पदार्थों की आव-

निम्बू आदि फल टिकाऊ कैसे किये जायँ ?

(श्रीयुत पांडुरंग सदाशिव गानगोजे बी० एस० सी० अमेरिका।)

भारतवर्ष में यद्यपि निम्बू बहुत उत्पन्न होते हैं, तथापि यहां विदेशी निम्बू की ही खपत अधिक होता है। इसका कारण विदेशी निम्बू का टिकाऊपन ही है। इटली, सिसली, अमेरिका, इत्यादि देशों का निम्बू छे से आठ महीने तक टिकता है, इसी लिए इन देशों के निम्बू की खपत संसार के अन्य देशों में भी होती है। पश्चिमी विद्वान और वनस्पतिशास्त्रज्ञों का मत है कि भारतवर्ष के निम्बू के वृक्षों से ही अन्य देशों के निम्बू के वृक्षों की उत्पत्ति हुई है और यह मत सच्चा भी मालूम पड़ता है। यह बात हमारे पूर्वजों की कीर्ति को बढ़ानेवाली है, परन्तु हमने अपने पूर्वजों की इस कीर्ति में उन्नति करने का कितना प्रयत्न किया है? इटली, अमेरिका, इत्यादि देशों के निम्बू के व्यापार से टक्कर लगाना तो दूर ही रहा, परन्तु भारत के निम्बू का व्यापार क्या उसकी बराबरी ही कर सकता है? हमारे देश का निम्बू टिकाऊ नहीं होता, अतएव स्वदेश में ही उसका बिकना कठिन हो जाता है। पश्चिमी देशों के निम्बू का टिकाऊपन देख कर हमारे देश के विद्वान् लोग भी चकित हो जाते हैं! बाजीगर जिस हिकमत और हाथ की सफाई से मिट्टी का रुपया बना देता है और दर्शकों को उस पर आश्चर्य मालूम होता है, यही हाल परदेशी निम्बू के टिकाऊपन का है। पश्चिमी लोग अपने शास्त्रीय (वैज्ञानिक) ज्ञान से निम्बू का सच्चा गुण लोगों के सामने प्रकट कर देते हैं और इसी कारण लोग चकित हो जाते हैं। वास्तव में कुछ यह हाल नहीं है कि परमेश्वर ने भारत का निम्बू जल्दी सड़ने वाला और परदेश का निम्बू अधिक दिन टिकनेवाला बनाया हो। निम्बू के टिकाऊपन का प्रश्न दैव पर अवलम्बित नहीं है। किन्तु यह लोगों के प्रयत्न पर ही अवलम्बित है। पश्चिमी लोगों ने अपने दीर्घोद्योग से निम्बू के उत्तम गुण उसमें रक्षित रखने का प्रयत्न किया, इसी कारण उनका निम्बू हमारे निम्बू से उत्तम है। भारत के सुशिक्षित लोगों का ध्यान ऐसे व्यापार की ओर यदि जाय तो हमारे देश के फलों की भी उन्नति हो सकती है; परन्तु जब तक अशिक्षित, अज्ञानी लोगों के हाथ में हमारे उद्योग धंधे हैं, तब तक उन्नति की कोई आशा न रखनी चाहिए। भारत का निम्बू जो अधिक दिन नहीं टिकता इसका सच्चा कारण शास्त्रीय ज्ञान का अभाव ही है।

केलिफोर्निया–निम्बू के टिकाऊपन का इतिहास।

आधुनिक शास्त्रों का पठन कुछ पुराण-पठन नहीं है, अथवा सुगा-रटन रट कर अपने नाम के आगे पदवियों की पूँछ लगाना भी नहीं है, किन्तु शास्त्र-पठन का मूल उद्देश यही है कि ज्ञान सम्पादन करके उसके योग से संसार की उन्नति की जाय। जो राष्ट्र आज वैज्ञानिक और व्यावहारिक ज्ञान में बढ़ा हुआ है वही राष्ट्र वर्तमान प्रतियोगिता के काल में उन्नत होता है। आज कल पश्चिमी लोग जो फलों के व्यापार में बढ़े हुए हैं उसका सच्चा कारण उपर्युक्त सिद्धान्त ही है। केलिफोर्निया के निम्बू के टिकाऊपन का और व्यापार का इतिहास उपर्युक्त सिद्धान्त को अधिक स्पष्ट करेगा।

अमेरिका में निम्बू की खेती भारतवर्ष को तरह पुरातन काल से नहीं होती; यह बिलकुल ही इधर की है। कोई ३० वर्ष पहले से ही अमेरिका में निम्बू का व्यापार शुरू हुआ है। केलीफोर्निया में तो उस समय तक निम्बू के व्यापार का नाम निशान भी न था। केलिफोर्निया में पहले निम्बू के वृक्ष शौक के लिए, शोभा के लिए अथवा घराऊ उपयोग के लिए लगाये जाते थे। भारत के लोगों का जैसा आज भ्रम है कि देशी निम्बू अधिक दिन तक टिक नहीं सकते उसी प्रकार उस समय केलीफोर्निया के लोग भी अपने देश के निम्बू के विषय में समझते थे। केलीफोर्निया के निम्बू की यह बुराई अमेरिका की अन्य रियासतों में भी बहुत फैली हुई थी। क्योंकि यहां का निम्बू जल्दी ही सड़ कर खराब हो जाता था। निम्बू के बहुत से व्यापारी हताश हुए और बहुत लोग निराशा से अन्य फलों के उद्योग में लगे। सन् १८९७ में तो निम्बू के कितने ही व्यापारियों ने निम्बू के वृक्ष तोड़ कर उन पर सन्तरों के कलम बांध कर सन्तरों का ही व्यापार हाथ में लिया। सन् १९०१ से सन् १९०५ तक तीस सैकड़ा निम्बू सड़ने लगा। कई जगह तो निम्बू की फसलें की फसलें सड़ गई। लोग निराश होकर यह कहने लगे कि 'निम्बू का व्यापार करना मानो अपने रुपये को कुएं में

फेंकना है, इस कारण निम्बू का व्यापार दिन दिन इसे
उन्हीं दिनों, अर्थात् १९०४–१९०५ में, परदेशी ...
ही मन्द पड़ गई, इस कारण कीमत बढ़ी और केलीफो...
लोगों को कुछ अधिक लाभ हुआ। थोड़े फायदे में ही ...
होकर इस उद्योग में सुधार करने की ओर लोगों का मन ...
थोड़े ही दिनों में सुधार के विचार को मूर्तस्वरूप प्राप्त हुआ ...
फोर्निया भर में व्यापार की लहर उठने लगी। जगह ...
के कुछ स्थापन किये गये। निम्बू की कम्पनियों ने तो निम्बू ...
पार के फायदे का नगाड़ा जोर से बजाना शुरू कर दिया ...
विज्ञापनों के द्वारा ही स्तुति स्तोत्र गा कर व्यापारी लोग ...
हुए। क्योंकि वे जानते थे कि उपर्युक्त प्रकार का ...
सर्वदा ही हाथ में नहीं आया करता। वे यह अच्छी तरह ...
थे कि जब तक निम्बू का टिकाऊपन नहीं बढ़ेगा तब तक ...
व्यापार से लाभ नहीं होगा। इसी लिए उन्होंने केलि...
विश्वविद्यालय के विद्वान् वैज्ञानिकों से यह सलाह पूछी कि ...
का टिकाऊपन बढ़ाने के लिए क्या उपाय करना चाहिए। ...
विद्यालय की सरकारी प्रयोगशाला में अन्वेषण का कार्य ...
हुआ। इतने ही से लोग सन्तुष्ट नहीं हुए, किन्तु निम्बूवा...
सभा (The Lemon men's Club) ने निम्बू के टिका...
उन्नति करने के लिए एक निजी प्रयोगशाला भी खोली, और ...
सा रुपया खर्च करके सब प्रकार की अन्वेषण-सामग्री ...
भारी भारी वेतनवाले विद्वान् अन्वेषकों को अन्वेषण (Rese...
का काम सौंपा। 'लिमोनेरिया लेमन कम्पनी' और '...
सिटस एसोसियेशन' के बगीचों में भी अन्वेषण का काम ...
हुआ। सन् १९०५ की बरसात में विटियर में एक अन्वेषण-
शाला (Research laboratory) स्थापन की गई। मि० ...
एम० एस० ई० बी० बाबकाक, बी० ए० और सी० ओ० ...
एस० नामक विद्वान् वृक्षरोगचिकित्सक सज्जनों ने बागों में ...
... मिथ, एम० एस०
... कों का पर्यवे...
... न रसोईघर के
... अत्यन्त विद्वा...

... हा कि केलीफो...
... आनुवंशिक गुण ...
... उसका कारण
... तनी नहीं रखी ...
... बिचारी यंत्र ...
... आते हैं और ...
... प्रयोगों से ही ...
... ण सम्हालने का ...
... म्भव है और यदि
... और भी अधिक ...
... उसी राष्ट्र पर ...
... र में भिद गया है। ...
... खलाई, परन्तु इससे ...
वाले लोग कुछ उन पर नाराज नहीं हुए; किन्तु उलटे उनको ...
वाद देकर उन्होंने अपनी भूल को सुधार लिया। इसका ...
यह हुआ कि केलीफोर्निया का निम्बू उत्तम और टिकाऊ ...
इटली और सिसली के निम्बुओं को लजा रहा है; यही क्यों, ...
वे अन्य देशों के निम्बुओं की अपेक्षा कीमती भी अधिक ...
जाते हैं। शिक्षित विद्वान् लोगों ने यदि इस व्यवसाय में ...
रीति से सुधार न किया होता तो केलिफोर्निया को निम्बू के ...
पार में सफलता प्राप्त होना असम्भव था। भारतवर्ष में भी ...
के व्यापार में सफलता मिल सकती है; परन्तु माली लोगों के ...
खोले बिना सफलता का कोरा जप करना व्यर्थ है। पहले ...
ठीक कारण ढूँढना चाहिए कि देशी निम्बू खराब क्यों होता ...
मैं तो समझता हूँ कि भारत का निम्बू जो अधिक दिन ...
टिकना, इसका सच्चा कारण केलिफोर्निया की भांति होता।

टिकाऊ फलों की उत्पत्ति।

विभेदी भवन (Variation)–यह तो सब को मालूम ही ...
भिन्न भिन्न प्रकार के फलों का टिकाऊपन भी भिन्न ही भिन्न ...

है। सेब, नासपाती, नारंगी, इत्यादि फल बहुत समय तक टिक
सकते हैं, परन्तु आम, अमरूद, शरीफा, केले की फलियां, इत्यादि
फल बहुत दिन नहीं टिकते। यह बात सदा ही देखी जाती है।
किसी जाति के भी दो फल ठीक ठीक एक ही समान मिलना कठिन
[इस]का मुख्य कारण सजीव वस्तुओं के विभेदीभवन का नियम
[य]ह नियम सब वनस्पतियों और प्राणिमात्र में सर्वव्यापी है।
भिन्न जाति के फलों में तो विभेदीभवन पाया ही जाता है,
[परन्तु] एक ही जाति के फलों में भी यह देखा जाता है। मेवफल
[जाति]यों के अनुसार बहुत से अन्तर्भेद हैं और उनका टिकाऊपन
भिन्न भिन्न प्रमाण का होता है। यही नियम अन्य फलों के लिए
[लग] सकता है। निम्बू के भी अनेक छोटे छोटे भेद हैं; उनमें
[ग]ा, एथरेग्रसिया, जिनोआ, लिसबन, मिसली, इत्यादि प्रसिद्ध
परन्तु इनमें युरेका, जिनोआ, लिसबन, इत्यादि जातियों के ही
[फल] टिकाऊ हैं। जाति जाति के विभेदीभवन को जातीय विभेदी-
[भव]न (Racial Variation) कहते हैं। भिन्न भिन्न जाति के
[फलों] के विभेदीभवन का विचार यदि न भी किया जाय, तो भी एक
[ही] जाति के अथवा एक ही वृक्ष के निम्बू में भी यह विभेदीभवन
[पाया] जाता है और ऐसे प्रभेद को व्यक्तिविषयक विभेदीभवन
[(I]ndividual Variation) कहते हैं। केलिफोर्निया में परीक्षा
[कर]ने पर यह ज्ञात हुआ कि एक वृक्ष के भिन्न भिन्न निम्बू का टि-
[का]ऊपन भिन्न भिन्न है। विभेदीभवन के विवेचन से बहुतों को ऐसा
[भ्र]म होगा कि परमेश्वर ने सजीव वस्तुओं के पीछे यह व्यर्थ की
[ब]खेड़ा लगा दी है। परन्तु वास्तविक दशा ऐसी नहीं है। विभेदी-
[भव]न का नियम तो मानो मनुष्यमात्र के लिए परमात्मा का दिया
[हुआ] एक वरदान ही है।

[illegible] अथवा फलों के लिए यदि
[illegible] हो न सकता था। पाश्चा-
[illegible] है यह उक्त नियम के अनु-
[सा]र फलों में सुधार करके दिखा दिया है। इस नियम का पूर्ण ज्ञान
[क]दाचित् अभी लोगों को न हुआ होगा, तथापि शास्त्रज्ञों को प्रयोग
[कर]ने पर यह मालूम हो गया है कि उसका आंत अन्तस्थ और
[बा]ह्य (Internal and external influences) संस्कारों के
[कार]ण से बदलता रहता है। अन्तस्थ संस्कारों में चैतन्यकेन्द्र
[(]Nucleus) आद्य पिंडांश (Protoplasm) इत्यादि से जो गुण
[न]ववृक्षों में आते हैं उनका समावेश होता है। अन्तस्थ संस्कार
[ब]हुधा आनुवंशिक (Hereditary) होते हैं, और इस कारण, जिन
[बी]जों से नववृक्षों की उत्पत्ति होती है उनके गुणों पर ही भावी
[वृ]क्ष का निर्भर रहता है। यही कारण है कि प्रत्येक जाति के वृक्ष
[क]ो लगाते समय उत्तम बीज की आवश्यकता होती है। यह अन्त-
[स्थ] संस्कार व्यक्ति (Individual) अथवा जाति (Race) दोनों
[के] लिए बराबर लगता है। फलों में सुधार करने का विचार मन
[म]ें आने पर पहले इस बात का निर्णय करना चाहिए कि किसी
[वि]शिष्ट फलवृक्ष में सुधार किया जाय अथवा उस जाति के फल-
[वृ]क्षों में कोई उपयोगी गुण लाया जाय। व्यक्ति और जाति दोनों में
[य]दि सुधार करना है तो पहले आवश्यक गुण रखनेवाले वृक्षों का
[च]ुनाव करना आवश्यक है और इन चुने हुए वृक्षों से सर्वोत्तम वृक्ष
फिर चुनना चाहिए। इन सर्वोत्तम वृक्षों से बीज, कलम, इत्यादि
[य]ोजना से अनेक वृक्ष चुनना चाहिए और जब तक आवश्यक गुण
एक वृक्ष में चिरस्थायिक न हों तब तक यह क्रम बराबर जारी
रखना चाहिए। जहां एक वृक्ष में आवश्यक चिरस्थायिक गुण आ
[illegible]

करके बहुत ही प्रसिद्धि पा चुके हैं। यूरप में भी ऐसे बहुत से
प्रसिद्ध पुरुष हैं। सारांश, फलों में यदि सुधार करना है तो पहले
एक ही फलवृक्ष में अच्छे आनुवंशिक गुणों का एकीकरण करना
चाहिए; यह काम कृत्रिम वृक्षोत्पादन (artificial plant bree-
ding) क्रिया से सफल होता है। कृत्रिम वृक्षोत्पादन क्रिया का
विस्तृत वर्णन इस लेख की मर्यादा से बाहर है। इस बात की कुछ
कल्पना आने के लिए, कि अन्तस्थ संस्कारों का फलों पर कैसा
परिणाम होता है, उपर्युक्त वर्णन बस है। भारतवर्ष के निम्बू के
टिकाऊपन में परदेश के निम्बू के वृक्षों की सहायता से सुधार
किया जा सकता है; परन्तु पहले इस बात का सप्रयोग निर्णय हो
जाना आवश्यक है कि भारतवर्ष का निम्बू आनुवंशिक अंतस्थ
संस्कारों के कारण टिकाऊ नहीं है या अन्य बाह्य संस्कारों के
कारण वह टिकाऊ नहीं है। हम अनुमान करते हैं कि भारतवर्ष
का निम्बू कदाचित् बाह्य संस्कारों के कारण ही खराब होता होगा।

इस बात का विचार करने के लिए, कि बाह्य संस्कारों का फलों
के टिकाऊपन पर क्या परिणाम होता है, यह जानना चाहिए कि,
विभेदीभवन पर उसका क्या परिणाम होता है, क्योंकि टिकाऊपन
विभेदीभवन का ही एक गुण है। यह सभी को मालूम है कि भिन्न
भिन्न प्रकार की जमीन में भिन्न भिन्न फसलें होती रहती हैं। जमीन
का बाह्य परिणाम वृक्षों की बाढ़ पर और पोषण पर होता है, इस
कारण भिन्न भिन्न तरह की फसल भिन्न भिन्न प्रकार की जमीन
में होती रहती है। उष्णता का भी परिणाम वृक्षों पर होता रहता
है और इसी कारण उष्ण और शीत प्रदेशों के वृक्ष भिन्न भिन्न तरह
के होते हैं। सूर्यप्रकाश, वायु, पानी, प्रदेश की उंचाई, इत्यादि बाह्य
परिस्थितियों का भी परिणाम वृक्षों पर होता रहता है। उपर्युक्त
परिस्थितियों का प्रभाव जैसा वृक्षों पर होता है वैसा ही फलों पर
भी होता है। शास्त्रीय ज्ञान से यह जाना जाता है कि इन परि-
स्थितियों का प्रभाव भिन्न भिन्न वृक्षों पर कैसा पड़ता है, और इससे
यथासम्भव प्रत्येक परिस्थिति में सुधार किया जा सकता है। पाश्चा-
त्यों ने उपर्युक्त ज्ञान का लाभ उठा लिया और हमारे किसान अथवा
माली लोग ही नहीं, किन्तु सुशिक्षित लोगों में भी उक्त ज्ञान का
लवलेश नहीं है। यह हमारी वर्तमान अधोगति का एक कारण है।
जैसे काले मनुष्य अभ्यास से बिलकुल शीत प्रदेश में रह सकते हैं
और गोरे लोगों को भी धीरे धीरे अति उष्ण देश का जल-
वायु सहन हो सकता है उसी प्रकार वृक्षों में भी यह गुण धीरे धीरे
लाया जा सकता है। भिन्न जलवायु और परिस्थितिवाले देशों के
वृक्ष यदि हमें अपने देश में लगाना है तो कृत्रिम रीति से अन्तस्थ
और बाह्य संस्कार, दोनों देशों की परिस्थितियों के अनुसार थोड़े-
बहुत प्रमाण पर मिला कर पहले बिलकुल थोड़े वृक्ष लगाना
चाहिए। इसके बाद उन थोड़े वृक्षों से भिन्न भिन्न अधिक वृक्ष पैदा
करने चाहिए। भारतवर्ष के आम अमेरिका में उपर्युक्त रीति से
ही लगाये गये हैं और लगाये जा रहे हैं। अमेरिका की संयुक्त
रियासतों (U. S. A.) के फ्लोरिडा, आदि स्थानों में आज आम
की थोड़ी बहुत फसल भी होती है। केलिफोर्निया और दक्षिण की
कुछ रियासतों में इटली के निम्बू भी उपर्युक्त रीति से ही लगाये
गये हैं। इस रीति से वृक्ष उत्पादन करने के लिए अनुभव, शास्त्रीय
ज्ञान और द्रव्य का मेल जमना चाहिए।

तोड़े हुए फलों का टिकाऊपन अथवा खराब होना।

वृद्धावस्था प्राप्त होने पर जैसे मरण प्राप्त होता है, वैसे ही फल
पक कर जब उतर जाते हैं तब वे खराब होते ही हैं। कुछ कच्चे
(थोड़े) फल अधिक दिन टिकते हैं। इसका कारण यह है कि
उनकी बाढ़ की शक्ति उनमें भरी रहती है। फलों की जीवनशक्ति
(टिकाऊपन) आनुवंशिक कैसी है सो ऊपर लिखा ही जा चुका
है। अब इसका विचार करना है कि जितनी जीवनशक्ति फलों में है
उतनी स्थिर कैसे रखी जा सकती है। फल तोड़ने के बाद उस पर
हवा, उष्णता, प्रकाश, बाष्पसंचय (Humidity) इत्यादि वायु-
मंडल की शक्तियों का प्रभाव शुरू हो जाता है। हवा में सर्वत्र फैले
हुए सूक्ष्मजन्तु (Micro-organism) भी फलों पर आक्रमण करते
रहते हैं। ये बाहर के कारण हुए, परन्तु स्वयं फलों में भी योग्य
परिस्थिति मिलते ही रासायनिक क्रिया (Chemical change)
अथवा निर्जीव परिवर्तकों (Enzymes) का कार्य प्रारम्भ हो
जाता है और फल खराब होते रहते हैं। इन अन्तस्थ और बाह्य
विनाशक शक्तियों से क्रमशः फलों की मूल जीवनशक्ति कम
होती जाती है। भिन्न भिन्न रोग उन पर अपना अधिकार जमाते
जाते हैं, और फलों पर उनका चिह्न देख पड़ने लगता है। इसी
स्थिति के अधिक बिगड़ जाने पर लोग कहते हैं कि अब फल सड़ने
[illegible]

श्यकता है उसी प्रकार जन्तुओं को भी उनकी आवश्यकता है। मनुष्य के खाने के पदार्थ धान्य, तरकारीभाजी, फलफलहरी, इत्यादि उच्च रासायनिक द्रव्यों के बने हुए हैं; परन्तु जन्तुओं के खाद्य बिलकुल ही सादे रासायनिक द्रव्यों का बना हुआ है। मनुष्य का जो खाद्य है वह तो जन्तुओं का भी खाद्य है ही, किन्तु इसके सिवाय, हवा, पानी, नाली, तालाब, कुएं, इत्यादि में भी उन्हें खाद्य मिलने में बहुत कठिनाई नहीं पड़ती। जिन पदार्थों में नाइट्रोजन अधिक रहता है उन पदार्थों में उनका प्रवेश जल्दी हो जाता है और उन पदार्थों को खाकर उनके पोषणद्रव्य से वे पुष्ट होते हैं। इसी कारण दूध, भात, दाल, तरकारी-भाजी, इत्यादि पदार्थ शीघ्र ही खराब हो जाते हैं। पका हुआ अन्न गर्मी में जो शीघ्र ही खराब होकर महँक उठता है उसका कारण भी ये जन्तु ही हैं। पके हुए पदार्थों के अन्न-पानी और ग्रीष्म ऋतु की तपन से इनकी वृद्धि में उत्तेजना आती है। वही अन्न यदि बिलकुल ठंढी जगह में रखा जाता है तो जल्द खराब नहीं होता। क्योंकि इन जीवाणुओं की वृद्धि बहुत ठंढी जगह में अच्छी तरह नहीं होती। अन्न की तरह फल भी जीवाणुओं का खाद्य है, परन्तु फलों में शर्करा (Sugars) आम्ल (Acids) अथवा लवण (Salts), इत्यादि होने के कारण उनमें उद्भिज जन्तुओं (Bacteria) की वृद्धि जल्द नहीं होती, परन्तु सजीव परिवर्तक ज[illegible]
भिथिन [illegible]
लता से [illegible]

होती है। जहां एक बार सजीवपरिवर्तक जन्तु अथवा जीवाणुओं का प्रवेश फलों में हो गया कि बस फिर धीरे धीरे [illegible]द्भिज जन्तुओं का भी आक्रमण उन पर होता है। निम्बू, इत्यादि फलों में आम्ल (Acid) अधिक होने के कारण [illegible]
[illegible] (Bacteria) [illegible]
[illegible] और फि[illegible]
धीरे वे भीतर प्रविष्ट होते हैं।

उपर्युक्त जीवाणुओं में से बहुत से २१२ (फारेन हाइ[illegible] की उष्णता से मर जाते हैं और ३२ अंश उष्णता में उनकी [illegible] बन्द हो जाती है। इन दो बातों का फायदा उठा कर पाश्[illegible] फलों के व्यापार में फलसंरक्षा (Fruit preserving) और [illegible] दिन फल टिकने के लिए शीतगृह (cold storoage pl[illegible] इन दो उपायों की योजना की है। फल रखने के स्थानों की [illegible] और उनके योग्य प्रबन्ध के विषय में पाश्चात्य लोग जितनी [illegible]दारी रखते हैं उतनी यदि भारतवर्ष के लोग रखें तो फलों के [illegible]पार में भारत का नम्बर संसार के सब देशों में प्रथम रहे। [illegible] व्यापार में हमारे देश के सुशिक्षित लोग जब तन, मन, धन [illegible]कर परिश्रम करेंगे वह भारत के सौभाग्य का दिन होगा।*

* यह उपयोगी विषय अगली संख्या में पूर्ण होगा और वर्णन के अनु[illegible] सादे तथा रंगीन चित्र भी उसमें दिये जायँगे। सम्पादक।

द्वितीय श्वेताम्बर-जैन साधु-परिषद् झालरापाटन।

अभी थोड़े समय पहिले झालरापाटन में यह सभा तीन दिन तक हुई। और उसमें ६ ठहराव पास हुए। साधु श्रीनन्दलालजी, साधु श्रीगजमलजी और साधु श्रीप्रतापमलजी क्रमशः तीनों दिन सभापति हुए थे। श्री गिरिधर शर्मा।

तरणकौशल।

इस चित्र में जो दृश्य [illegible] देख पड़ता है वह अपनी [illegible] के कारण [illegible] देख पड़ता है। [illegible] कोई [illegible] में [illegible] नहीं देख पड़ता। यह दृश्य झालरापाटन के [illegible] का है। [illegible]

पं० प्रतापनारायण मिश्र की

कहावतें।

(१)

तजि निज तन मन धन कर लोभा,
पर-उपकार पुरुष कै सोभा।
को न चतुर केवल निज हेत,
'अपन पेट गदही भर लेत'।

(२)

केवल धन-मद के मतवार,
बिन विद्या बिन बुद्धि विचार।
तिन सपनेहु न प्रेमपथ छुआ,
'हिजड़ों के कब लड़का हुआ।'

(३)

जो कछु लाभ न परै निज हानि,
तौ समाज की तजौ न कानि।
क्यों बिन स्वारथ साहिये बिलग्री,
'पंच कहैं बिल्ली तौ बिल्ली।'

(४)

समय को अपने जो सतसंग में बिताता है,
हरेक बात में वह दक्ष हो ही जाता है।
किसीको क्या कोई शिक्षा सदैव देता है!
'धीवरा आप ही कुलावली सिखा लेता है।'

(५)

मित्रहिं सरल भाव अनुसरौ,
रिपु सन कल बल छल सब करौ।
जग महँ सुगम निबाह विधि ये है,
'मीन देखि कै चित्र उरे है'।

(६)

दुरबल के निज होहु सहाय,
हरि तुठें जग जसु है जाय।
नाहिं सतावे धमहु प्रकाप,
'बगुला मारे पखना हाथ।'

(७)

काम नहीं श्रम निज दिन रैन,
काम कर्म करै दूजन देन।
बुद्धि आलस न पै गई बैठ,
'माचि न आवै आँगन टेढ़।'

वालकन युद्ध।

युद्धस्थल दिखलानेवाला नक्शा।

यूरप के आग्नेय ओर का भाग योरोपियन तुर्किस्तान है। तुर्की साम्राज्य का यह भाग
न चालीस पचास वर्ष से क्रिश्चियन राष्ट्रों की आँखों में चुभ रहा है। दो तीन शताब्दियों
पहले यूरप का बहुत भाग मुसलमानों ने घेर लिया था। आष्ट्रिया और रूस के राष्ट्रों से
नों लोगों के कई युद्ध हुए और बालकनपर्वत के आसपास का भाग क्रिश्चियन राष्ट्रों ने
अपरिहार्य अर्थ" कह कर तुर्की सुलतान के अधिकार में रक्खा। रेलगाड़ियां, तारायंत्र,
यादि नवीन आविष्कारों से और यंत्रसामर्थ्य से जब क्रिश्चियन राष्ट्र वैभवशाली हुए तब
ये और यह कोलाहल मचा कि अब यूरप में मुसलमानों का अड्डा क्यों चाहिए? तुर्की
जधानी कान्स्टेन्टीनोपल के आसपासवाले आड्रियानोपल जिलों में सिर्फ मुसलमानों की
धिक आबादी रह गई; अन्य जगहों में मुख्य बस्ती क्रिश्चियन लोगों की हो गई,
ार अमल मुसलमानों का रहा, यह दशा वैभवशाली क्रिश्चियन राष्ट्रों को कैसे सहन हो?
वर्ष पहले इँगलेंड के मुख्य प्रधान ग्लाडस्टन साहब ने तो, क्रिश्चियन लोगों पर के इस
को शासन के विरुद्ध इँगलेंड में बड़ी हलचल मचा दी। परन्तु स्वधर्मियों का कल्याण करने
लिए स्फुरण पानेवाली शक्ति की अपेक्षा अन्य राजकीय विषय लार्ड बिकन्सफील्ड को
धिक महत्व के मालूम हुए, इस कारण वह कोलाहल वहां का वहीं ठंढा पड़ गया! आ-
्ट्रिया की यह महत्वाकांक्षा थी, और है, कि तुर्की राज्य में अपने पैर फैला कर भूमध्यसागर
के किनारा आष्ट्रिया की सत्ता में मिला लिया जाय, और रूस की भी यही अभिलाषा है।
स की विस्तृत सत्ता को यह चाहना स्वाभाविक है कि ब्लाकसी और भूमध्यसागर को
मिलानेवाली बासफरस की सामुद्रधुनी अपने अधिकार में आ जाय, जिससे ब्लाकसी के रूसी
जहाजों को भूमध्यसागर में स्वच्छन्दतापूर्वक संचार करने में अड़चन न पड़े। तीस वर्ष
हले लार्ड बिकन्सफील्ड ने, भूमध्यसागर में इँगलेंड की जलशक्ति की प्रबलता रखने के
लिए ऐसा उद्योग किया था कि जिसमें भूमध्यसागर में उक्त दोनों राष्ट्रों का प्रवेश न रहे।
ौर इँगलेंड के राजनीतिज्ञ पुरुषों की नीति उक्त उद्योग के अनुसार ही आज तक स्थिर
ही है। इसी नीति के कारण जीर्ण हुए तुर्की साम्राज्य का अस्तित्व अभी तक स्थिर रहा।
ीन वर्ष पहिले जिस समय तुर्किस्तान में कुचल डाल दी और नवीन राज्यपद्धति तथा यंत्र-
... यह शंका उत्पन्न हुई
... स्थिर हो जायगा;
... यसागर को मिला
... आफ्रिका के तुर्की
ाम्राज्य का त्रिपोली प्रान्त छीन हो लिया! इटली के युद्ध से तुर्की सत्ता त्रस्त हुई ...
ालकनपर्वत के आसपास के बलगेरिया, सर्विया, माउटनिग्रो, ग्रीस इत्यादि ...
शों ने अपना संघ बना कर, बालकनपर्वत के दक्षिण ओर के मैसीडोनिया प्रान्त ...
न प्रजा की ओर से, अक्टूबर के दूसरे अठवाड़े में युद्ध का आरम्भ कर दिया ...
तान ने १४ तारीख के करीब इटली से सुलह करके इन छोटे छोटे देशों को ...
स्वरूप दिखलाने का निश्चय किया। बलगेरिया, सर्विया, माउटनिग्रो और ग्रीस ...
कि तुर्किस्तान मैसेडोनिया को यदि पूर्ण स्वतन्त्रता न दे तो एक प्रकार का स्वतं- ...
त्रता दे। तुर्किस्तान को यह कहना अनुचित मालूम हुआ। वहां के सुलतान ...
ो बहुत से महत्वपूर्ण अधिकार देने को तैयार है; परन्तु उनका कहना है ...

साम्राज्य के राजकाज में हस्तक्षेप करनेवाले ये छोटे छोटे पड़ोसी कौन हो सकते हैं? ये छोटे देश यद्यपि सैनिक सामर्थ्य में तुर्किस्तान से बहुत नीचे दरजे के हैं तथापि मैसीडोनिया के क्रिश्चियन निवासियों के सहारे से और योरोपियन राष्ट्रों की सहानुभूति के बल पर सफलता प्राप्त करने की उन्हें आशा है। गत पखवाड़े में माउटनिग्रो की सेना ने दो तीन साधारण लड़ाइयों में विजय प्राप्त किया है। अब बलगेरिया, सर्विया और ग्रीस की सेना का मुख्य तुर्की सेना से जब तक सामना नहीं होता तब तक यूरोपियन सहानुभूति की सच्ची कीमत और आष्ट्रिया तथा रूस की नीति का सच्चा स्वरूप नहीं प्रकट हो सकता —अर्थात् तब तक यह नहीं कहा जा सकता कि यूरप के आग्नेय कोण में लगी हुई इस चिनगारी से कितनी बड़ी आग उत्पन्न होगी। यह आग की चिनगारी ज्वालाग्राही पदार्थों की बखारी के समीप ही पड़ गई है; अतएव योरोपियन राष्ट्रों के प्रधान मंडल भयग्रस्त होकर आज कल अत्यन्त सावधानी से चलते हैं।

श्रीयुक्त श्रीरंग मोरेश्वर साने
बी० ए०, बी० एससी० (प्रयाग)
पीएच० डी० (बर्लिन)

पेशवाई राज्य में जो महाराष्ट्र कुटुम्ब उत्तर भारत में जाकर स्थायिक हुए उन्हीं में से श्रीयुक्त साने का घराना अभी तक प्रयाग में बना हुआ है। साने महाशय प्रयाग-विश्व-विद्यालय से बी० ए० और बी० एससी० की परीक्षा पास करके, अब से पांच वर्ष पहले, रसायनशास्त्र का—विशेष कर औद्योगिक रसायनशास्त्र का—अधिक अभ्यास करने के लिए जर्मनी गये थे। बर्लिन युनिवर्सिटी में उक्त विषय का मई सन् १९१० तक अभ्यास करने पर और आगे भी कुछ और शर्तें पूरी करने पर आपको उक्त विषय की पीएच० डी० की पदवी मिली। इसके बाद फ्रांकफार्ट के रंग के तीन कारखानों में आपने आठ महीने स्वयं काम करके उक्त विषय का अनुभव प्राप्त किया। चार्लटनबर्ग की टेकनिकल ...

जंगली फीजी लोगों का नृत्य ।



पाठक ऊपर जो चित्र देख रहे हैं वह फीजी के जंगली लोगों का है । ये लोग पहले बिलकुल ही नग्न रहते थे । अब भी ये लोग शरीर में सिवाय एक लुंगी के और कुछ नहीं पहनते । इस चित्र में देखिये ये लोग गाना गाते हुये बड़े मजे से नाच रहे हैं । केला और नारियल के पत्ते छील कर अपने शरीर में ये लोग पहने हुए हैं । हाथों में एक एक लकड़ी की कुबड़ी लिए हुए हैं । गर्दन में कोई कोई कौडी या जंगली फलों को गूँथ कर पहने हुए हैं । यह चित्र श्रीयुत बाबू रामसिंहजी ने फीजी टापू के सुवा मुकाम से चित्रमय-जगत् के लिए कृपा करके भेजा है । अतएव हम आपको अनेक धन्यवाद देते हैं ।

साहित्य-चर्चा ।

मासिक साहित्य ।

१ श्रीउदुम्बरः—यह " सर्वोपयोगी " मासिक पत्र श्रीयुत हरिभाऊ उपाध्याय ने काशीपुरी से निकाला है । अभी तक इसके ७ पुष्प निकल चुके हैं । इसमें नैतिक और साहित्य-विषयक उत्तम उत्तम लेख निकलते हैं । सामयिक विषय भी लिये जाते हैं । इस सातवें पुष्प से श्रीयुत बाबू गोकुलदास एम० ए० प्रोफेसर होल्कर कालेज इन्दौर ने श्रीयुत महेन्द्रचरण सिंह प्रोफेसर गुरुकुल विद्यालय कांगड़ी के " रसायनशास्त्र " की मार्मिक समालोचना आरम्भ की है । परमात्मा करे यह पत्र चिरंजीव हो । वा० मूल्य २) रुपये ।

२. अग्रवालहितकारक—यह सामाजिक मासिक पत्र [illegible] के अनन्य [illegible] बिजनौर के श्रीयुत श्री-[illegible] ने सम्पादित किया । उनके देहान्त हो जाने पर भय था कि यह पत्र बन्द न हो जाय, परन्तु उनके सुयोग्य पुत्र [illegible] और उनकी पत्नी बड़े उत्साह से इस पत्र को चला रही हैं । [illegible] सचित्र [illegible] कर दिया गया है । [illegible] से महानुभूति [illegible] इसके प्रचार का यत्न करना चाहिए ।

३ भास्कर—इस मासिक पत्र के दूसरे वर्ष का चौथा अंक अभी हाल ही में हमें मिला है । इसमें बड़े विद्वानों के [illegible] लेख और कवितायें हैं । प्राचीन आर्यावर्त पर इस मासिक पत्र में [illegible] लेख निकला करते हैं । [illegible] [illegible] । [illegible] है यह पुस्तक हिन्दी में अपूर्व है । इस वर्ष "[illegible]" [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ।

४ [illegible]—[illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

बँगला से अनुवादित रहते हैं । इसीके आधार पर पं० ईश्वरीप्रसादजी हिन्दी ' मनोरंजन ' निकालेंगे । हिन्दी-संसार को आपका उत्साह बढ़ाना चाहिए । ' मनोरंजन ' का वार्षिक मूल्य २।) रु० होगा ।

साप्ताहिक साहित्य ।

१ जयाजी प्रताप—" जिसमे व्यापार-समाचार भी शामिल हो गया है । " यह एंग्लो-हिन्दी साप्ताहिक पत्र ग्वालियर राज्य की ओर से नवीन रूप में निकला है । इसके सम्पादक हिन्दी-भाषा के कोई बड़े प्रेमी ज्ञान पड़ते हैं । पत्र मे कविता, सामयिक लेख, समाचार, मार्मिक टिप्पणियां निकलती हैं । व्यापार-विषयक और वैज्ञानिक लेख भी उपयोगी निकलते हैं । चित्र भी रहते हैं । वार्षिक मूल्य ३) है । आर्यभाषा मे यह साप्ताहिक अपने ढंग का निराला, मनोरंजक और उपयोगी है । इसके निकलने से हिन्दी-संसार मे एक अच्छे सामयिक पत्र की वृद्धि हुई है ।

२ भारतसुदशाप्रवर्तक—यह आर्यभाषा का प्राचीनतम पत्र है । कोई ३४ वर्ष पहले आर्यभाषा के अनन्य प्रेमी श्रीमद्दयानन्द सरस्वती जी ने फतेहगढ़ मे इसे स्थापित किया । अभी तक यह मासिकरूप मे निकलता था; परन्तु अब यह साप्ताहिक हो गया है । इसमे विद्वत्तापूर्ण वैदिक लेख निकलते हैं । समाचार और सम्पादकीय टिप्पणियां भी अब विशेषरूप से निकलने लगी हैं । वार्षिक मूल्य दो रुपया है । आर्यों को इसके प्रचार का प्रयत्न करना चाहिए ।

३. हिन्दीजैनः—यह साप्ताहिक पत्र कोई दो वर्ष से बम्बई मे निकल रहा है । इसके सम्पादक श्रीयुत कस्तूरचन्द जयचन्द [illegible] उत्साही सज्जन हैं । [illegible] [illegible] मार्मिक और विचारपूर्ण होती हैं । " हिन्दीजैन " के कार्टून भी बड़े मजेदार होते हैं । जैन [illegible] मे द्रव्य बहुत है । यदि ये लोग चाहें तो देशहित के बड़े बड़े महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं । आशा है कि हिन्दीजैन से उक्त उद्देश्य मे बहुत सहायता मिलेगी । इसका वा० मू० १।=) है । [illegible] [illegible] को देख कर " हिन्दीकेसरी " की याद आती है ।

४. मारवाड़ी:—यह कलकत्ते का [illegible] पत्र है । [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] । [illegible] [illegible]-[illegible] मे [illegible] पं० दुर्गा-[illegible] सिंह के बन्धु पं० [illegible] सिंह, [illegible] के [illegible] पं० [illegible] और पं० [illegible] की [illegible], [illegible] है । [illegible] [illegible] की [illegible] और [illegible] [illegible], विचारपूर्ण, [illegible]

सामयिक रहते हैं कि बहुत कम देशी [illegible] इतनी योग्यता से सम्पादित होते होंगे । दैनिक [illegible] यह सम्मति हमने साप्ताहिक संस्करण से ही [illegible] क्योंकि प्रायः दैनिक के ही लेखादि इसमे रहते हैं । एवं इसमें कोई सन्देह नहीं कि दैनिक सम्बन्ध [illegible] से इसके साप्ताहिक संस्करण मे भी बहुत उन्नति [illegible] इस पत्र का जितना ही प्रचार हिन्दीभाषियों में [illegible] ना ही सामयिक ज्ञान बढ़ेगा । पर हमें [illegible] इसके दैनिक की दशा अभी सन्तोषदायक नहीं है । [illegible] कारण सिवाय इसके और क्या हो सकता है कि [illegible] भाषियों मे जो लोग स्वदेशप्रेमी हैं उनके [illegible] नहीं है और जो [illegible]प्रेमी हैं उनके [illegible] है ।

राजधानी में सद्धर्मप्रचारक ।

यह जान कर किसको हर्ष न होगा कि " सद्धर्मप्रचारक " ने अंगरेजी राज्य की [illegible] आर्यों की प्राचीन, राजधानी दिल्ली में [illegible] अड्डा जमाया है । अंगरेजी और उर्दू के दो [illegible] राजधानी में पहले ही से जमने का प्रयत्न [illegible] ऐसी दशा में आर्यभाषा का कोई भी पत्र [illegible] धानी से न निकलता तो हिन्दीसंसार के [illegible] की बात होती; परन्तु सहयोगी सद्धर्मप्रचारक [illegible] की लाज रख ली । इस सफलता के लिए हम [illegible] का हृदय से अभिनन्दन करते हैं और [illegible] राजधानी में वह और भी अधिक प्रभावशाली [illegible] सब प्रकार से अपनी उन्नति कर सकेगा । यह [illegible] का एक उदारमतवादी और सर्वप्रिय पत्र [illegible] नीति, क्या सनातनधर्मी और क्या आर्यसमाजी [illegible] समान अनुकरणीय है । अतएव सम्पूर्ण [illegible] नियों को इसकी उन्नति मे दत्तचित्त होना [illegible] सुयोग्य सम्पादक स्नातक इन्द्र महाशय को [illegible] लिए अनुभवी " साहित्यसेवी " पं० [illegible] का जोड़ मिल जाना भी मानो सोने में सुगन्ध [illegible]

आर्य सहयोगियों के ऋषि अंक ।

दीपावली के दिन आर्यसमाज के संस्थापक [illegible] नन्दजी का शरीरपात हुआ । इस कारण [illegible] कुछ आर्यपत्र प्रतिवर्ष ऋषि के स्मरणार्थ [illegible] निकालते हैं । इस वर्ष आर्यजगत् में ऋषि-अंक [illegible] धूम है । लाहौर के उर्दू सहयोगी " प्रकाश " [illegible] गुरुकुल कांगड़ी के सद्धर्मप्रचारक के [illegible] स्वामीजी के और उनके मत के विषय में [illegible] और विवेचनापूर्ण लेख निकले थे । इस [illegible] योगियों के अतिरिक्त "भास्कर" और " [illegible] प्रवर्तक " ने भी उक्त विशेष अंक निकाले [illegible] दी है । सहयोगी ' प्रकाश ' ने तो [illegible] का भेद न रखते हुए, जिनके गद्य-पद्यमय [illegible] निकलेंगे उन सब लेखकों के लिए, [illegible] दिये हैं । क्या हमारे सनातनधर्मी सहयोगी [illegible] अनुकरण न करेंगे ? महात्मा [illegible] सनातनधर्मप्रवर्तकों के ग्रन्थों से कितने ही [illegible] मालिक मालामाल हो रहे हैं; परन्तु [illegible] कि उक्त महात्माओं की कीर्ति [illegible] किया जाय । और सनातनधर्म [illegible] होली के हुड़दंगे की [illegible] और [illegible] लेख लिखने ही में अपना गौरव समझते हैं ! [illegible] अन्य हिन्दी सहयोगी आर्य सहयोगियों [illegible] का अब भी अनुकरण न करेंगे ?

' जगत् ' पर एक बंगाली महाशय [illegible]

चित्रमयजगत् नामक [illegible] पत्र पाठ्यों । एक [illegible] हिन्दी [illegible] हइते प्रकाशित हइतेछे । [illegible] साधारण कागजे मुद्रित [illegible] टोका एवं [illegible] पाँच टाका । इहाते [illegible] बसन) [illegible] [illegible] [illegible] हय । [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] —

सुहृत्, (बंगला) [illegible] संख्या ।

राजा रविवर्मा के प्रसिद्ध चित्र।

राजा साहब का नाम किस चित्रकला-प्रेमी को न मालूम होगा। आपके चित्र इसी देश में नहीं, किन्तु विलायत तक में नाम पा चुके हैं परन्तु सर्वसाधारण लोगों को उनके चित्रों का दर्शन प्रायः दुर्लभ ही था। अब यह आवश्यकता पूर्ण कर दी गई। राजा साहब के उत्तमोत्तम ८८ चित्रों की पुस्तक अव्वल नम्बर के मोटे और चिकने कागज (आर्टपेपर) पर, प्रकाशित हो गई है। प्रत्येक चित्र के साथ उसकी ऐतिहासिक और पौराणिक कथा भी दी हुई है। हिन्दी भाषा में यह पुस्तक बिलकुल नवीन वस्तु है। इस पुस्तक के आवरण-पृष्ठ पर राजा रविवर्मा का प्रसिद्ध चित्र 'शकुन्तला-जन्म' तीन रंगों में दिया गया है। पुस्तक की शोभा देखते ही बनती है। तिस पर भी मूल्य सब के सुभीते के लिए सिर्फ १) ही रुपया रक्खा गया है।

मैने०—चित्रशाला, पूना सिटी।

कामशास्त्र।



सब प्रकार के शारीरिक क्लेश और दुराचरणों से बचने के लिए हमारी 'कामशास्त्र' पुस्तक पढ़िये। यह पुस्तक आरोग्य, सम्पत्ति और सुख की मार्गदर्शक है। वैद्य डा० मणिशंकर गोविन्द जी, जामनगर, काठियावाड़।

डा० बाटलीवाले की रामबाण औषधें।

हर एक जात के बुखार के वास्ते एग्यूमिक्श्चर और एग्यू पिल्स तैयार हैं। कीमत की सीसी रु० एक। शक्ति देनेवाली टॉनिक पिल्स कीमत रु० १-८-० दंतमंजन जो दांत की सर्व पीड़ाओं को अत्यन्त लाभदायक है। की० ०-४-० दद्रु का उत्तम मलहम जिसके सेवन से २ दिन में रोग नष्ट होता है की० ०-४-० यह दवा बाजार में हरएक दूकानों पर मिलती हैं।

डा० एच० एल० बाटली वाला,
वरली नाका, बम्बई।

चित्रमय-जापान।

(एक रुपये में घरबैठे जापान की सैर।)

इस पुस्तक में जापान-विषयक ८४ चित्र दिये गये हैं। इन चित्रों के दृश्य भिन्न भिन्न नव भागों में बांट गये हैं। (१) भाग में जापान के सृष्टिसौन्दर्य-सम्बन्धी और प्रसिद्ध स्थानों के चित्र दिये गये हैं। (२) भाग में जापान के प्रसिद्ध और सार्वजनिक बागों आदि के चित्र हैं। (३) भाग में जापानी घर, घरों की टीपटाप, भोजन की रीति, विवाहोत्सव, शयन, वाचन, वादन, भिन्न भिन्न प्रकार के नृत्य और भिन्न भिन्न पहनावे में जापानी सुन्दर स्त्रियाँ, इत्यादि के २१ चित्र हैं। (४) भाग में चाय पीना, तम्बाकू पीना, सार्वजनिक दृश्य और यात्राओं के दृश्य हैं। (५) भाग में मल्लविद्या-सम्बन्धी चित्र, (६) भाग में भिन्न भिन्न सवारियाँ, (७) भाग में जापान के उद्योग धंधों और दूकानों के दृश्य हैं। (८) भाग में जापान के धर्ममन्दिर और धर्मोपदेशकों के चित्र हैं। (९) भाग में जापान के स्वर्गीय सम्राट्, वर्तमान सम्राट् और राजमाता के चित्र हैं इनके सिवाय इस भाग में रूसजापान-युद्ध के प्रसिद्ध जापानी वीरों और राजनीतिज्ञों के भी चित्र हैं। इतनी उपयोगी और मनोरंजक पुस्तक का मूल्य सिर्फ एक रुपया है।

मैनेजर, चित्रशाला प्रेस, पूना।

मंगलसमाचार

हिन्दी-संसार बहुत दिनों से जिस ग्रन्थरत्न की प्रतीक्षा कर रहा था वही अलौकिक ग्रन्थरत्न अब छप कर तैयार हो जायगा। महाराष्ट्रकेसरी छत्रपति शिवाजी महाराज के गुरु समर्थ श्रीरामदास स्वामी का नाम हिन्दीसाहित्यप्रेमियों को मालूम है। उन्हींके रचे हुए, ग्रन्थराज दासबोध के हिन्दी-अनुवाद होने की सूचना अब से कोई दो वर्ष पहले "सरस्वती" मासिक पत्रिका के द्वारा दी गई थी। यह ग्रन्थ आगामी दिसम्बर मास के अन्त तक प्रकाशित हो जायगा। यह ग्रन्थ हिन्दी भाषा में अपने ढंग का अद्वितीय होगा। श्रीसमर्थ ने अपनी प्रभावशालिनी वाणी से इसमें मनुष्यमात्र के लिए धार्मिक, सांसारिक और ईश्वरसम्बन्धी उपदेश दिया है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष चारों पदार्थों के पाने का इस ग्रन्थ में सुगम उपाय बतलाया गया है। श्रीसमर्थ इस ग्रन्थ के पहले समास में स्वयं प्रस्तावना के तौर पर लिखते हैं:—

"इस ग्रन्थ के सुनने से (पढ़ने से) अज्ञान, दुःख और भ्रान्ति नाश होती है, तथा शीघ्र ही ज्ञान प्राप्त होता है। १०॥ योगियों का परम भाग्य वैराग्य प्राप्त होता है और विवेकसहित, यथायोग्य, चातुर्य का ज्ञान हो जाता है ॥ ११ ॥ जो लोग अज्ञान, अवगुणी और कुलक्षणी हैं वे भी इस ग्रन्थ के पढ़ने से सुलक्षणी हो जाते हैं और चतुर, तार्किक तथा विचक्षण लोग अवसर पहचानने लगते हैं ॥ १२ ॥ जो आलसी हैं वे उद्योगी हो जाते हैं। पापी पछताते हैं। भक्तिमार्ग की निन्दा करनेवाले उसीकी प्रशंसा करने लगते हैं ॥ १३ ॥ बद्ध मनुष्य मुमुक्षु बन जाते हैं, मूर्ख अत्यन्त दक्ष हो जाते हैं और अभक्त लोग भी, भक्तिमार्ग पर आकर मोक्ष पाते हैं ॥ १४ ॥ इस ग्रन्थ से नाना प्रकार के दोष नाश होते हैं। पतित लोग पावन हो जाते हैं और इसके श्रवणमात्र से प्राणी उत्तम गति पाते हैं ॥ १५ ॥

बस, इससे अधिक और हम स्वयं इसकी प्रशंसा नहीं कर सकते। इस ग्रन्थ का अनुवाद प्रसिद्ध साहित्यसेवी पं० माधवराव सप्रे बी० ए० और पं० लक्ष्मीधरजी वाजपेयी (भू० पू० सम्पादक "हिन्दी-केसरी" और वर्तमान सम्पादक "हिन्दी-चित्रमयजगत") ने मिल कर किया है। इससे पाठकगण पुस्तक के अन्तरंग का अनुमान सहज ही में कर सकते हैं। पुस्तक के बहिरंग के विषय में हम यह विश्वास दिलाते हैं कि "चित्रशाला प्रेस" के नाम के अनुरूप ही यह होगा। रेमी अठपेजी साइज के लगभग ५०० से अधिक पृष्ठ होंगे। श्रीसमर्थ का सचित्र चरित्र भी रहेगा। इतनी बड़ी और उपयोगी पुस्तक का मूल्य हमने सिर्फ २) रु० रखने का विचार किया है। इतनी कम कीमत रखने से हमारा तात्पर्य यही है कि जिससे यह राष्ट्रीय और ऐतिहासिक ग्रन्थ प्रत्येक हिन्दीभाषी के घर घर में प्रविष्ट हो जाय और संपूर्ण लोग इस अलौकिक ग्रन्थ का पाठ करके अपने जीवन को सार्थक कर सकें।

मैनेजर, चित्रशाला स्टीमप्रेस, पूना सिटी।

मुफ्त! इनाम!! उपहार!!!

शरीररक्षा (तन्दुरुस्ती) धन मान प्रतिष्ठा बढ़ाने और सुख का मार्ग दिखानेवाले सुन्दर २ नीति के उपदेश और नये साल का बड़ा केलेंडर उन मनुष्यों को मुफ्त में देंगे जो अपने यहाँ के हिन्दी जाननेवालों के १०-२० नाम और पते साफ २ लिख भेजेंगे।

पता-पं०सूर्यप्रसाद शर्मा (चि० ३) मेरठ सिटी।

कन्या महाविद्यालय पुस्तकालय।

जालन्धर शहर में खास तौर पर कन्यापाठशालाओं के लाभार्थ सर्वोत्तम पुस्तकें छपी हैं, और स्त्रीशिक्षासम्बन्धी और पुस्तकें भी बिक्रयार्थ रक्खी हुई हैं।

मिलने का पता—
मैनेजर, कन्यामहाविद्यालय पुस्तकालय।

वेस्टर्न मैनुफेक्चरिंग कम्पनी के

स्वदेशी बटन।

शर्टोंकोट के कालरबटन, ई-सीबट (कालें, सीपी, मूंगे, हरे इत्यादि)। कीमत सवा आना दर्जन से लेकर दो आना दर्जन तक। व्यापारियों के लिये अधिक सुभीते का दर रक्खा गया है। इस पते पर पत्रव्यवहार कीजिये:—

मैनेजर—चित्रशाला, पूना सिटी।

संस्कृत-प्रबोध।

यदि आप सरल हिन्दी-भाषा में संस्कृत-व्याकरण का रहस्य जानना चाहते हैं, तो संस्कृतप्रबोध के चारों भागों को देख जाइये। यह आपको अनायास संस्कृत में प्रवेश करा देगा। मूल्य चारों भागों का ।।।=)

पता—बदरीदत्त शर्मा।

कार्यकर्ता, देवी पाठक, पान कुंज

न रोगियों पर कृपा कर दी है, रोग-ग्रस्त स्त्री पुरुषों को अब
पं० ठाकुरदत्त शर्म्मा वैद्य सम्पादक उर्दू तथा हिन्दी
वैद्यक पत्र "देशोपकारक" की ईजाद की हुई सर्वरोगघ्न औषधि

(Registered) "अमृतधारा" (रजिस्टर्ड)

को बरत कर रोगों से निवृत्त होना चाहिये। बरन हर मनुष्य को हर ऋतु में, हर देश में, हर घर और हर पाकिट में रखनी चाहिये, क्योंकि अचानक होने वाले रोगों को मिनटों में दूर करती है, और कोई क्या जाने कि किस समय क्या कष्ट अचानक हो जावे। "अमृतधारा" प्रायः सर्व रोगों को, जो बूढ़ों, बालकों, जवानों, पुरुषों, तथा स्त्रियों को होते रहते हैं, अचूक इलाज है, प्रत्युत पशु पक्षादि के रोगों को दूर करती है। लगभग

२० हजार सार्टीफिकेट

हमारे पास मौजूद हैं—जगत भर में यह अपनी किस्म की पहली ईजाद है—कीमत १॥) की शीशी, आधी शीशी १।) नमूना की छोटी शीशी ॥)

अभी लिख दो पीछे भूल न जावे।

पत्र तथा तार का पता—

"अमृतधारा" (च ब्रांच) लाहोर।

सावधान ...गुण की औषधियाँ का
...रते हैं, धोखे से बचें,
...मेरे कोई नहीं जनता है,
नहीं भूलना.
...देना चाहते हैं॥

...हैलन्स पारिये पर (गुल कु...)...

ताज्जुब होगा!

'अगर' दन्त कुसुमाकर के ... सेवे भी आप दातों की शिकायत करेंगे! यह इन बीमारियों के अतिरिक्त दातों की हरएक बीमारियों के लिये 'एकमात्र' औषध है। दाम बड़ी डिब्बी का ... छोटी डिब्बी का ...

...गा।

...

मोहर ... पोस्टकार्ड।

१००००	...	...	...	...)
५०००	...	...	...	...)
१०००	...	...	...	...)
१००	...	...	...	...)

मैनेजर ...

वार्षिक मूल्य

मामूली कागज़ की प्रति-सवा तीन रुपये।
एक प्रति का मूल्य-साढ़े चार आने।
मोटे और चिकने कागज़ (आर्टपेपर की
प्रति-साढ़े पांच रुपये।
एक प्रति का मूल्य आठ आने।

वर्ष २

कार्तिक, सम्वत् १९८९ विक्रमी–नवम्बर, सन् [illegible] अंक ११[illegible]



वर्ष २] कार्तिक, सम्वत् १९६९ विक्रमी—नवम्बर, सन् १९१२ ईसवी। [अंक ११

परमपिता का आदेश।

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति ॥
अथर्व० कां० ६ सू० ६४ मं० ३।

सम बहुल तुम्हारा बुद्धि का हो विधान,
सम हृदय तुम्हारा प्रेम का हो निधान।
अतिशय समता हो चित्त में भी तुम्हारे,
समुचित जिससे हों पूर्ण कर्तव्य सारे ॥

रामकृष्ण-वाक्सुधा।

बिन्दु १४।

(नरेन्द्र आदि शिष्यों के साथ कीर्तनानन्द में)

तीसरा पहर हुआ। नरेंद्र कुछ भक्तिपूर्ण पद गाने लगा। राखाल, लाटू, ... नरेंद्र का ब्रह्मसमाज-बन्धु प्रिय और हाजरा इत्यादि लोग उपस्थित

नरेन्द्र गाने लगा, मृदंग ठनकने लगीः—

पद

ध्याइये मन ! आत्माराम, भक्त विश्राम ! ॥ ध्रु० ॥
सच्चिद्घन जो भवभयभंजन,
पूर्ण परात्पर निखिल निरंजन,
सुन्दर मूर्ति निजजनरंजन,
कमलेक्षण घनश्याम, रूपललाम ! ॥ १ ॥
राग सुरंजित रूप चमकता,
कोटि-चन्द्रसम तेज विलसता,
चपला भी नहिं करती समता,
लखकर हो निष्काम, तेजोधाम ॥ २ ॥
हृदय-कमल में सोज्वल रूप—
रखकर पाओ मोद अनूप,
बनो सर्वथा पुण्यस्वरूप,
पूज रे मन ! आठों याम, पूरणकाम ॥ ३ ॥
चिदानन्द-सरसिज मकरन्द-
सेवन कर पाओ आनन्द,
बनो मुक्त तोड़ो भवबन्ध,
गाइये शुभ गुण अभिराम, पावन नाम ॥ ४ ॥

नरेन्द्र दूसरा पद गाने लगाः—

पद

उस जगदीश की हो ! मूर्ति मन मन्दिर में लाओ ॥ ध्रु० ॥
प्रशान्त सोज्वल नयन मनोहर सौन्दर्यातिरूप,
मज्जन करिये उसमें सज्जन ! हो आनन्द अनूप ॥ उस० ॥ १ ॥
अखिल इन्द्रियां नयन बना कर आतुरता से मित्र !
देखो उसको भक्तिपूर्ण हो तन मन करो पवित्र ॥ उस० ॥ २ ॥
जैसे रवि प्रकाश से सारा होता है तम दूर,
वैसे ही प्रभु के दर्शन से होगा सब भ्रम दूर ॥ उस० ॥ ३ ॥
चकोर शशि में, भ्रमर कमल में रखता है ज्यों प्रेम,
अनन्य होकर प्रभु में त्यों ही रक्खो निश्चल नेम ॥ उस० ॥ ४ ॥

पद

पावन हरि का नाम ॥ जप जप० ॥ ध्रु० ॥
महा मधुर है सेवन कर लो, खर्च न एक छदाम ॥ १ ॥
प्रेमानंद से नाम सुमिर लो, हो जाओ निष्काम ॥ २ ॥
रे मन क्यों चिन्ता है करता ? है समर्थ वह राम ॥ ३ ॥
हरिस्मरण से पाप कटेंगे होगा हृत्त अभिराम ॥ ४ ॥

मृदंग और करताल बज रही थीं। कीर्तन का घोष हो रहा था। कीर्तन के रंग में नरेंद्र और अन्य शिष्य महाराज के पास आनन्द से नाचने लगे। नाचने के साथ साथ यह पदखंड भी सब मिलकर गाते जाते थे—

चिदानन्द सरसिज-मकरन्द-
सेवन कर पाओ आनन्द,
बनो मुक्त तोड़ो भवबन्ध,
गाइये शुभ गुण अभिराम, पावन नाम ॥

इसके बाद फिर वे एक दूसरा पद खंड गाने लगेः—

उस जगदीश की हो! मूर्ति मन मन्दिर में लाओ।

अन्त में, नरेंद्र ने कीर्तन-रंग में बेभान हो मृदंग को अपने गले में लटका लिया और महाराज के साथ यह पद खंड गाने लगा—

पावन हरि का नाम। जप जप० ॥ ध्रु० ॥
महा मधुर है सेवन करलो, खर्च न एक छदाम ॥ १ ॥

कीर्तन के अन्त में महाराज ने नरेंद्र का बार बार आलिंगन करके कहा—"बेटा, तुझे अखंड शान्ति और सदानन्द की प्राप्ति हो ! तू ने आज जो अनिर्वचनीय आनन्द मुझे दिया है उसका कहां तक वर्णन करूं !"

महाराज के हृदय का भक्तिसागर आज जोर से उमड़ आया और स्वच्छन्दगति से वह अपनी मर्यादा के बाहर उछलने लगा।

रात के आठ बजने आये। तथापि भक्तिहृत के मद से उन्मत्त हो कर वे उत्तरवाली दालान में बराबर डोल रहे थे। किसी नवयुवक की तरह वे दालान के एक सिरे से दूसरे सिरे तक सरपट के साथ घूम रहे थे और बीच बीच में वे माता से बोलते भी जाते थे। किसी पागल हुए मनुष्य की तरह वे एक बार अचानक जोर से बोल उठे, "तू मेरा क्या करेगी ?"

महाराज के उपर्युक्त उद्गार का यही अर्थ तो न होगा कि माता ने जिसे अपनी कृपा की शाल ओढ़ा दी है उसे माया का जादू कैसे लगेगा ?

उस दिन रात को सब लोग वहीं रहनेवाले थे। इसलिए श्रीराम कृष्ण के आनन्द की सीमा नहीं रही। यह जान कर, कि आज नरेन्द्र भी यहीं रहेगा, उन्हें बहुत हर्ष हुआ।

रात को भोजन की तैयारी हुई। महाराज की मा भी वहीं रहती थीं। उन्होंने रोटी दाल आदि तैयार करके भोजन के लिए सब को बुलाया। शिष्य लोग दक्षिणी कमरे में जहां रह जाते थे। वहीं का प्रायः बहुत सा काम हुआ करता था।

महाराज की कोठरी के ... और दालान में ... गये थे। नरेंद्र और कुछ शिष्य कोठरी के पूर्व और वाले दरवाजे में खड़े हुए बातचीत कर रहे थे।

पण्डित गणपति शर्मा ।

दुःख का विषय है कि आर्यसमाज के सुप्रसिद्ध विद्वान पण्डित गणपतिशर्मा का, गत २७ जून को, ३५ वर्ष की अवस्था में स्वर्गवास हो गया। प्रशंसित पण्डितजी दर्शनों के बहुत अच्छे ज्ञाता थे। व्याकरण और साहित्य का भी आपको असाधारण ज्ञान था। बड़े निर्लोभ, स्पष्टवक्ता सरलस्वभाव और दबंग ब्राह्मण थे।

पण्डितजी राजपुताना बीकानेर-राज्यान्तर्गत 'चूरू' नामक प्रसिद्ध नगर के निवासी थे। आप पाराशरगोत्री, पारीक ब्राह्मण थे। पिता का शुभ नाम श्री पं० भानीराम वैद्य था। पण्डित भानीरामजी ईश्वर के सच्चे भक्त और पक्के आस्तिक ब्राह्मण थे। पिता का यह प्रधान गुण पण्डित गणपतिजी में भी मुख्यतया वर्तमान था। वह ईश्वरभक्त और आस्तिक परले दर्जे के थे। भगवद्भक्ति उनके व्याख्यानों का मुख्य विषय था। इस विषय पर बोलते हुए वह स्वयं भी गद्गद हो जाया करते थे और श्रोताओं को भी पुलकित और चित्रलिखित सा बना देते थे। नास्तिकता वाद को वह परिहास में भी सहन नहीं कर सकते थे। 'वेदों की अपौरुषेयता' और 'ईश्वरसिद्धि' पर भाषण करते हुए उनकी वाणी में अलौकिक बल का संचार और प्रतिभा का अद्भुत विकास होने लगता था। इन विषयों का प्रतिपादन वह बड़े ही हृदयङ्गम प्रकार से युक्तिप्रमाणद्वारा सफलतापूर्वक, किया करते थे। अनेक बार कई प्रसिद्ध साइण्टिफ़िक नास्तिकों के साथ इनका शास्त्रार्थ हुआ और विजयी हुए।



व्याख्यानशक्ति इनमें गज़ब की थी। बड़े बड़े गहन विषयों पर, १४-१५ सहस्र श्रोताओं की उपस्थिति में, चार चार घण्टे तक हृदयहारिणी ओजस्विनी भाषा में, धाराप्रवाह भाषण करना, इनके लिए साधारण बात थी। व्याख्यान में फ़ेल होना यह जानते ही न थे। उत्सवों पर व्याख्यान के लिए इन्हें प्रायः ऐसा अवसर दिया जाता था कि जब सभाभंग होने का समय हो, श्रोता बैठे बैठे और सुनते सुनते उकता चुके हों, और उठने की फ़िक्र में हों, परन्तु ज्यों ही पण्डितजी उठते, सब लोग फिर जम कर बैठ जाते, और घन्टों तक सुनते रहते। पण्डितजी के व्याख्यान के पश्चात् फिर किसी दूसरे वक्ता का रंग जमना ज़रा मुश्किल होता था!

शास्त्रार्थ करने का प्रकार भी इनका बड़ा विचित्र और प्रभावशाली था। भाषण में अपने प्रतिपक्षी के प्रति किसी प्रकार कटुप्रयोग या असद् व्यंग्य न करते थे, किन्तु उस समय भी इनका व्यवहार बड़ा प्रेमपूर्ण और सद्भावभरित रहता था। इस सौजन्य के कारण भिन्नधर्मी प्रबलप्रतिपक्षी भी इनके मित्र बन जाते थे। गत वर्ष महाविद्यालय ज्वालापुर के उपोत्सव पर, रुड़की के सुप्रसिद्ध पादरी रेवरेण्ड जे० डी० फ्रेन्क साहब बी० ए० से पण्डितजी का शास्त्रार्थ हुआ। पादरी साहब अपना पक्ष समर्थन नहीं कर सके, पर पण्डितजी के मधुरभाषण सद्व्यवहार और पाण्डित्य का पादरी साहब पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वह उनके गाढ़े मित्र बन गये। पण्डितजी की मृत्यु पर पादरी साहब ने एक अंगरेज़ी पत्र में बड़ा ही शोक, समवेदना और करुणापूर्वक पत्र प्रकाशित कराया है, जिसके प्रत्येक शब्द से प्रेम और प्रतिष्ठा का भाव प्रकट हो रहा है।

शास्त्रार्थ में पण्डितजी अपने प्रतिपक्षी को छल, जाति या निग्रहस्थान द्वारा निगृहीत करने की कभी चेष्टा न करते थे। परन्तु यदि कोई वैतण्डिक विवादी धूर्तता से अपना सिक्का बिठाना चाहता तो फिर उसकी ख़बर भी ऐसी लेते थे कि आयु भर याद करे।

जिन्हें रात दिन व्याख्यान देने और शास्त्रार्थ करने का काम रहता है, ऐसे कई प्रसिद्ध उपदेशकों को भी देखा गया है कि किसी प्रबल प्रतिपक्षी से सामना होने पर लम्बी लम्बी नियमावली निर्माण करके, या पूरी न होनेवाली कोई शर्त लगा कर, शास्त्रार्थ टालने की कोशिश किया करते हैं, परन्तु पण्डितजी उलटा ऐसे शिकार की तलाश में रहते थे। जितने ही प्रबल प्रतिपक्षी का सामना हो, उतना ही उनका उत्साह और जोश बढ़ता था, स्मरणशक्ति तीव्र और प्रतिभा प्रदीप्त हो उठती थी। वास्तव में उनकी गुणगरिमा, अगाध वैदुष्य और प्रत्युत्पन्नमतिता का परिचय ऐसे समय मिलता था जब कि किसी प्रबल प्रतिभट का मुक़ाबला हो।

एक बार वह काश्मीर (श्रीनगर) में गये हुए थे, दैवात् उन्हीं दिनों वहाँ काशी के सुप्रसिद्ध वावदूक और असाधारण-संस्कृत-भाषणपटु, पादरी "जानसन" साहब भी जा पहुँचे। पादरी साहब ने अपने स्वभावानुसार काश्मीर के पण्डितों को शास्त्रार्थ के लिए ललकारा और 'हिन्दूधर्म की निःसारता' तथा "संस्कृत भाषा की अपूर्णता" का पुराना राग अलापना शुरू कर दिया।

शास्त्रार्थ की नई प्रक्रिया से अनभिज्ञ, काश्मीर के पुराने फ़ैशन के पण्डित लोग, पादरी साहब को परास्त करने का साहस न कर सके, मजबूरी समझ कर चुप हो रहे, इस पर पादरी साहब की और बन आई, और वह महाराजाधिराज काश्मीर (जो उन दिनों श्रीनगर में ही विराजमान थे) के पास पहुँचे कि "या तो अपने पण्डितों से मेरा शास्त्रार्थ कराइए, नहीं मुझे विजयपत्र प्रदान कीजिए"।

परन्तु महाराजसाहब की प्रेरणा से भी पण्डितमण्डल शास्त्रार्थ करने को उद्यत न हुआ और प्रतिज्ञानुसार, महाराजा साहब पादरी को विजयपत्र देने का वचन दे चुके, और इसकी ख़बर पण्डित गणपतिजी को मिली, तब वह काश्मीर के प्रधान पण्डितों से मिले, और कहा कि "मुझे महाराज साहब के पास ले चलिए, आप सब का प्रतिनिधि बन कर मैं पादरी से शास्त्रार्थ करूंगा"—जब पादरी साहब को इसका पता चला तो बहुत सटपटाये, क्योंकि वह पण्डितजी को अच्छी तरह जानते थे, और कहने लगे कि "मेरा शास्त्रार्थ तो काश्मीर के पण्डितों से ठहरा है, इन से नहीं," पर पादरी साहब की यह चालाकी चल न सकी, और उन्हें महाराजा साहब के सभापतित्व में, एक बड़ी भारी सभा के बीच, पण्डितजी से शास्त्रार्थ करना ही पड़ा। पादरी साहब को पण्डितजी ने ऐसा छकाया कि अब तक याद करते हैं। शास्त्रार्थ के समय पा० सा० ऐसे घबराये कि संस्कृत भूल कर हिन्दी बोलने लगे। यह लीला देख कर सभापति और सभ्यजन अपने हास्य को रोक न सके! पादरी जी न अपना पक्ष समर्थन कर सके, न पण्डितजी के प्रश्नों का ही कुछ समाधान कर सके! निदान "विजयपत्र" की जगह विशुद्ध "पराजय" पादरी साहब के पल्ले पड़ी और आशा के विरुद्ध क्षणभर में "विजेता" के स्थान पर "विजित" बन कर साहब बहादुर को काश्मीर से कूच करना पड़ा! सुना है, इस बने बनाये खेल के बिगड़ने का उन्हें अब तक अफ़सोस है। गुणज्ञ महाराजा साहब ने अपने यहां के नियमानुसार बड़े आदर-सत्कार-पूर्वक पण्डितजी को विदा किया, और अनुरोध किया कि कभी फिर भी यहां पधारिए।

बहुत दिनों के बाद, एक बार फिर पण्डितजी काश्मीर जाने पर

घनाक्षरी।

भारत का रत्न भारती का बड़भागी भक्त,
"शंकर" प्रसिद्ध सिद्ध सागर सुमति का।
मोह-तम-हारी ज्ञान-पूषण प्रतापशील,
दूषण-विहीन शिरोभूषण विरति का॥
लोकहितकारी पुण्य-कानन विहारी वीर,
धीर धर्मधारी अधिकारी शुभगति का।
देख लो विचित्र चित्र बांच लो चरित्र मित्र,
नाम लो पवित्र स्वर्गगामी गणपति का॥

पण्डित गणपति शर्मा ।

दुःख का विषय है कि आर्यसमाज के सुप्रसिद्ध विद्वान् पण्डित गणपतिशर्मा का, गत २७ जून को, ३६ वर्ष की अवस्था में स्वर्गवास हो गया । प्रशंसित पण्डितजी दर्शनों के बहुत अच्छे ज्ञाता थे । व्याकरण और साहित्य का भी आपको असाधारण ज्ञान था । बड़े निर्लोभ, स्पष्टवक्ता सरलस्वभाव और दबंग ब्राह्मण थे ।

पण्डितजी राजपुताना बीकानेर-राज्यान्तर्गत 'चूरू' नामक प्रसिद्ध नगर के निवासी थे । आप पाराशरगोत्री, पारीक ब्राह्मण थे । पिता का शुभ नाम श्री पं० भानीराम वैद्य था । पण्डित भानीरामजी ईश्वर के सच्चे भक्त और पक्के आस्तिक ब्राह्मण थे । पिता का यह [illegible] स्पष्टतया वर्तमान था । यह [illegible] । भगवद्भक्ति उनके व्या- [illegible] बोलते हुए यह स्वयं भी [illegible] भी पुलकित और चित्र लिखित [illegible] सा बना देते थे । नास्तिकता वाद को [illegible] परिहास में भी सहन नहीं कर सकते थे । 'वेदों की अपौरुषेयता' और 'ईश्वरसिद्धि' पर भाषण करते हुए उनकी वाणी में अलौकिक बल का सञ्चार और प्रतिभा में अद्भुत विकास होने लगता था । इन विषयों का प्रतिपादन यह बड़े ही हृदयङ्गम प्रकार से युक्तिप्रमाणद्वारा सफलतापूर्वक, किया करते थे । अनेक बार कई प्रसिद्ध सायन्टिस्ट नास्तिकों के साथ इनका शास्त्रार्थ हुआ और विजयी हुए ।

व्याख्यानशक्ति इनमें गजब की थी । बड़े बड़े गहन विषयों पर, १४-१५ सहस्र श्रोताओं की उपस्थिति में, चार चार घण्टे तक हृदयहारिणी ओजस्विनी भाषा में, धाराप्रवाह भाषण करना, इनके लिए साधारण [illegible]

[illegible] का समय हो, श्रोता बैठे बैठे और सुनते सुनते उकता चुके हों, और उठने की फ़िक्र में हों, परन्तु ज्यों ही पण्डितजी उठते, सब लोग फिर [illegible] कर बैठ जाते, और घण्टों तक सुनते रहते । पण्डितजी के व्याख्यान के पश्चात् फिर किसी दूसरे वक्ता का [illegible] जमना ज़रा मुश्किल होता था !

शास्त्रार्थ करने का प्रकार भी [illegible] बड़ा विचित्र और प्रभावशाली था । भाषण में अपने प्रतिपक्षी के प्रति किसी प्रकार कटुप्रयोग या असद् [illegible] न करते थे, किन्तु उस समय भी इनका व्यवहार बड़ा प्रेमपूर्ण और सद्भावभरित रहता था । इस सौजन्य के कारण विधर्मी, प्रबलप्रतिपक्षी भी इनके मित्र बन जाते थे । गत वर्ष [illegible] विद्यालय ज्वालापुर के उत्सव पर, रुड़की के सुप्रसिद्ध पादरी [illegible] जे० बी० ग्रेफ़ साहब बी० ए० [illegible] पण्डितजी का शास्त्रार्थ [illegible] । पादरी साहब अपना पक्ष समर्थन नहीं कर सके, पर पण्डितजी के मधुरभाषण सद्व्यवहार और पाण्डित्य का पादरी साहब पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वह उनके गाढ़ मित्र बन गये । [illegible] पण्डितजी की मृत्यु पर पादरी साहब ने एक अंग्रेज़ी पत्र में बड़ा [illegible], समवेदना और कष्ट-पूर्वक एक प्रस्ताव छपाया है, [illegible] प्रेम और श्रद्धा का भाव प्रकट हो रहा है । शास्त्रार्थ में पण्डितजी अपने प्रतिपक्षी को [illegible] द्वारा निरुत्तर करने की कभी चेष्टा न करते थे । [illegible] विचारों [illegible] अपना सिद्ध [illegible] [illegible] फिर उनको [illegible] देते थे कि [illegible] ।

जिन्हें रात दिन व्याख्यान देने और शास्त्रार्थ करने का काम रहता है, ऐसे कई प्रसिद्ध उपदेशकों को भी देखा गया है कि किसी प्रबल प्रतिपक्षी से सामना होने पर लम्बी लम्बी नियमावली निर्माण करके, या पूरी न होनेवाली कोई शर्त लगा कर, शास्त्रार्थ टालने की कोशिश किया करते हैं, परन्तु पण्डितजी उलटा ऐसे शिकार की तलाश में रहते थे । जितने ही प्रबल प्रतिपक्षी का सामना हो, उतना ही उनका उत्साह और जोश बढ़ता था, स्मरणशक्ति तीव्र और प्रतिभा प्रदीप्त हो उठती थी । वास्तव में उनकी गुणगरिमा, अगाध वैदुष्य और प्रत्युत्पन्नमतिता का परिचय ऐसे समय मिलता था जब कि किसी प्रबल प्रतिभट का मुकाबला हो ।

एक बार यह काश्मीर (श्रीनगर) में गये हुए थे, दैवात् उन्हीं दिनों वहाँ काशी के सुप्रसिद्ध वावदूक और असाधारण-संस्कृत-भाषणपटु, पादरी "जानसन" साहब भी जा पहुँचे । पादरी साहब ने अपने स्वभावानुसार काश्मीर के पण्डितों को शास्त्रार्थ के लिए ललकारा और 'हिन्दूधर्म की निःसारता' तथा "संस्कृत भाषा की अपूर्णता" का पुराना राग अलापना शुरू कर दिया ।

शास्त्रार्थ की नई प्रक्रिया से अनभिज्ञ, काश्मीर के पुराने फ़ैशन के पण्डित लोग, पादरी साहब को परास्त करने का साहस न कर सके, मजबूरी समझ कर चुप हो रहे, इस पर पादरी साहब की और बन आई, और यह महाराजाधिराज काश्मीर (जो उन दिनों श्रीनगर में ही विराजमान थे) के पास पहुँचे कि "या तो अपने पण्डितों से मेरा शास्त्रार्थ कराइए, नहीं मुझे विजयपत्र प्रदान कीजिए" ।

परन्तु महाराजसाहब की प्रेरणा से भी पण्डितमण्डल शास्त्रार्थ करने को उद्यत न हुआ और प्रतिज्ञानुसार, महाराजा साहब पादरी को विजयपत्र देने का वचन दे चुके, और इसकी ख़बर पण्डित गणपतिजी को मिली, तब यह काश्मीर के प्रधान पण्डितों से मिले, और कहा कि "मुझे महाराज साहब के पास ले चलिए, आप सब का प्रतिनिधि बन कर [illegible] पादरी से शास्त्रार्थ करूँगा"—जब पादरी साहब को इसका पता चला तो बहुत घबराये, क्योंकि यह पण्डितजी को अच्छी तरह जानते थे, और कहने लगे कि "मेरा शास्त्रार्थ तो काश्मीर के पण्डितों से ठहरा है, इन से नहीं," पर पादरी साहब की यह चालाकी चल न सकी, और उन्हें महाराजा साहब के सभाभवन में, एक बड़ी भारी सभा के बीच, पण्डितजी से शास्त्रार्थ करना ही पड़ा । पादरी साहब को पण्डितजी ने ऐसा छकाया कि अब तक याद करते होंगे । शास्त्रार्थ के समय [illegible] ऐसे घबराये कि संस्कृत भूल कर हिन्दी बोलने लगे । यह [illegible] देख कर सभापति और सभ्यगण [illegible] साहब को रोक न सके ! पादरी जी न अपना पक्ष समर्थन कर सके, न पण्डितजी के प्रश्नों का ही कुछ समाधान कर सके ! [illegible] "विजयपत्र" की जगह [illegible] 'पादरी साहब के पल्ले पड़ी और [illegible] के [illegible] में "[illegible]" के स्थान पर '[illegible]' [illegible] साहब [illegible] [illegible] काश्मीर में कुछ [illegible] नहीं सूझा है, [illegible] के [illegible] उन्हें [illegible] है । [illegible] महाराजा साहब ने उसी दरबार में नियमानुसार बड़े आदर-सत्कार-पूर्वक पण्डितजी को विदा किया, और अनुरोध किया कि कभी फिर भी यहाँ पधारिए ।

बहुत दिनों के बाद, [illegible] फिर पण्डितजी काश्मीर [illegible]



घनाक्षरी ।

भारत का रत्न भारती का बड़भागी भक्त,
"शंकर" प्रसिद्ध सिद्ध सागर सुमति का ।
मोह-तम-हारी ज्ञान-पुञ्ज प्रभापुञ्ज,
दूषण-विहीन शिरोभूषण विरति का ॥
लोकोपकारी पुण्य-शासन विहारी धीर,
धीर धर्मधारी अधिकारी शुभगति का ।
देख लो विचित्र चित्र खींच लो चरित्र मित्र,
नाम लो पवित्र स्वर्गगामी गणपति का ॥

विचार कर रहे थे, कि उस बड़े काश्मीर (स्वर्गलोक) की महायात्रा ने यह विचार बीच में ही दबा दिया।

पण्डित गणपतिशर्मा, आर्यसमाज के अनुयायी थे, इस लिए उन्हें कभी कभी सनातनी पण्डितों के साथ भी शास्त्रार्थ करना पड़ता था, इस प्रकार के कई शास्त्रार्थ, महाराजाधिराज झालरापाटन, धार और देवास आदि के सभापतित्व में समय समय पर हुए हैं।

पण्डितजी में प्रतिभा और स्मरणशक्ति बड़ी विचित्र थी, पहले से बिना किसी विशेष प्रकार की तयारी किये या नोट लिए, निर्दिष्ट गहन विषयों पर, अव्याहतगति से घंटों बोल सकते और शास्त्रार्थ कर सकते थे।

स्वभाव के वे बहुत सरल और निरभिमान थे, परन्तु मक्कार और दुरभिमानी जनों के, श्रीभारतेन्दु के शब्दों में, वे " नक़द दामाद " थे। चाहे कोई कितना ही बड़ा आदमी हो, वह यदि उन पर अपनी श्रीमत्ता या लीडरी का प्रभाव डाल कर दबाने की कोशिश करता तो वे बेतरह उसकी खबर लेते थे। प्राचीन भावों के पोषक और अपने विचारों के बड़े दृढ़ थे। समय के प्रवाह में तृण की तरह बहनेवाले, प्राचीनता-विनिन्दक, नई रोशनी के वायुसम्प्रदाय से उनकी अक्सर नहीं बनती थी। वह एक प्राचीनआदर्श के स्पष्ट-वक्ता ब्राह्मण थे। आज कल सभासोसाइटियों में काम करनेवाले लोगों को प्राय जिस विसर्प-रोग ने ग्रस रखा है उस 'लीडरबनने की लालसा' और 'शोहरत पसन्दी' के रोग से वह रहित थे। अपने नाम की धूम मचाने और टका कमाने से उन्हें घृणा थी। ग्रामोफोन की तरह पेट में भरे हुए दो एक पेटेन्ट लेक्चर सुनानेवाले कई लेक्चरार देखते देखते थोड़े ही दिनों में हजारों के स्वामी और श्रीमान् बन बैठे, और वह वैसे के वैसे ही बने रहे!

कष्ट उठाया, पर आमरण अपने अयाचित व्रत को न छोड़ा, पर-गुणासहिष्णु, प्रभुताप्रिय, लीडरम्मन्य दुर्जनों के निन्दावाद और र मिथ्यापवाद का लक्ष्य बने, पर पाखण्डियों की र्हा में [illegible] अपने करोगन की दाग़ नहीं लगाया, दुःख उठाया पर [illegible] के आगे हाथ नहीं फैलाया!

पण्डितजी का चरित्र अपने उदात्त उदाहरण से भर्तृहरि की उक्ति की सत्यता का प्रमाण दे रहा है —

" अधिगतपरमार्थान् पण्डितान् मावमंस्था-
स्तृणमिव लघुलक्ष्मीर्नैव तान् संरुणद्धि। "

खेद है कि एक ऐसा विद्वद्रत्न आर्यजाति से असमय में [illegible] गया, जिसकी जगह को पूरा करनेवाला, मुश्किल से पैदा होगा।

पण्डितजी के कोई सन्तान नहीं। उनकी धर्मपत्नी और [illegible] का देहान्त कई वर्ष हुए, हो गया था। वृद्धा माता और [illegible] भाई, 'चूरू' में हैं।

[illegible]

महाविद्यालयसभा ने पण्डितजी की यादगार में दसहज़ार [illegible] रुपये की लागत से एक " गणपतिभवन " [illegible] है और उनकी वृद्धा माता तथा असहाय भाई [illegible] फ़न्ड खोला है। " गणपतिभवन " के लिए केवल दो मा[illegible] थोड़े से प्रयत्न से तीन (३) सहस्र से अधिक धन एकत्र [illegible] है। आशा है शेष की पूर्ति भी नियत समय तक हो जायगी। पण्डित जी के मित्र और भक्त महाशयों को पण्डितजी की कीर्तिरक्षा [illegible] इस पुण्यकार्य में सहायक होकर अपनी उदारता और कृतज्ञ[illegible] पालनता का परिचय देना चाहिए।

पद्मसिंह शर्मा।

म नो प दे श।

१

मनो धारयाशां सदा राघवस्य।
　ततोऽन्यं नरं नैव संकीर्तय त्वम् ॥
पुराणानि वेदाश्च यं वर्णयन्ति।
　नरः श्रूयतामिति तद्वर्णनेन ॥

२

मनो रामभक्तेः पथा यास्यसि त्वम्।
　तदा श्रीहरिं प्राप्स्यसे सत्स्वभावात् ॥
जनैर्निन्दितं यत्त्वया तन्न कार्यम्।
　नरैः श्लाघितं कर्म यत्नेन सेव्यम् ॥

३

मनो दुःखजालं समस्तं विमुञ्च।
　तथा शोकचिन्ते विनाशैकमूले ॥
ततो देहबुद्धिं परित्यज्य दूरात्।
　विदेहस्थितो सर्वदा संरमस्व ॥

४

भवस्यास्य भीत्या मनः किं बिभेषि।
　जहीमां धियं धैर्यमेवावलम्ब्य ॥
प्रभौ रक्षके रामचन्द्रे स्थितस्ये।
　भयं किंनु ते दण्डहस्तात्कृतान्तात् ॥

५

मनो मास्तु ते क्रोधदः कोपलेशो।
　मनो मास्तु कामो विकारस्य मूलम्।
मनो नो मदं दुष्टसंगीकुरु त्वम्।
　मनो मास्तु ते मत्सरो मा च दम्भः ॥

१

मना! राम को छोड़ आशा न राखे,
　कभी मानवों की न तू कीर्ति भाखे।
बखानें जिसे वेद औ शास्त्र भाई!
　उसीकी स्तुती से सदा है भलाई।

२

मना! भक्ति का मार्ग जो तू चलेगा;
　तुझे राम तो शीघ्रता से मिलेगा।
तजे वे सभी कार्य जो निन्दनीय;
　करे यत्न से कार्य जो वन्दनीय।

३

नहीं चित्त में चाहिए दुःख पाना,
　मना! सर्वथा शोक चिन्ता न लाना।
तजे देहबुद्धी करे तू विचार,
　विदेही बने; मुक्ति भोगे अपार।

४

जगत्-भीति से चित्त! क्यों रे डरे तू?
　तजे धाक, औ धीर क्यों ना धरे तू?
मिला राम-सा स्वामि है रक्षपाल;
　तुझे काल भी भीति क्यों है कराल?

५

तजे तू मना! 'क्रोध' है खेदकारी,
　न राखे कभी 'काम' है जो विकारी।
'मद' त्यागना चाहिए दुःखदायी,
　नहीं 'दम्भ' औ 'मत्सर' प्यारा भाई!

एकता पर शरीर का दृष्टान्त

हम को पहिले अपने शरीर से एकता [illegible] पाठ सीखना चाहिए। जैसे जब हम को [illegible] काटने दौड़ता है तब सब से प्रथम कान उ[illegible] पैरों की आहट या उसके भूँकने का शब्द [illegible] कर मन को सचेत कर देते हैं। फिर [illegible] उसके पास या दूर होने का समाचार मन [illegible] देती है। इन दो दूतोंद्वारा जब मन को [illegible] आकस्मिक विपत्ति का पता लगता है [illegible] वह सामना करने या भाग जाने का वि[illegible] करने लगता है। यदि वह सामना करने [illegible] भला समझता है तो हाथों को आज्ञा देता [illegible] कि वे पत्थर या लकड़ी से कुत्ते को मारें। [illegible] हाथ ऐसा करने में असमर्थ हुए तो मन तत्[illegible] पैरों को आज्ञा देता है कि वे इस सारे श[illegible] को लेकर किसी रक्षित स्थान में भागें। [illegible] पैर भागने लगते हैं और हम कुत्ते के क[illegible] से बच जाते हैं। देखिये एक शरीर के रक्ष[illegible] लिए ये इंद्रियां कितना उद्योग करती हैं। [illegible] इंद्रियाँ विपत्ति के समय पर अपना क[illegible] छोड़ दें तो शरीर को अवश्य आघात [illegible] सकता है। यही दशा जाति की है। [illegible] शरीर के समान है और हम लोग, [illegible] जाति संगठित हुई है, इंद्रियों के समान [illegible] जाति पर विपत्ति आने पर यदि हम [illegible] उसकी रक्षा न करेंगे तो जाति छिन्न भिन्न [illegible] जायगी। हम सब को उचित है कि इंद्रियों [illegible] समान शरीररूपी जाति की रक्षा करें। [illegible] के किसी भाई के दुख में दुखी और सुख [illegible] सुखी होना सीखें। जैसे जब पैर चलते च[illegible] थक जाते हैं तब सब इंद्रियाँ उनके दुख [illegible] दुखी हो कर उनके साथ विश्राम लेती हैं। [illegible] हम लोगों में जातीयता की बड़ी ज़रूरत [illegible]

मदनलाल नेवटिया, [illegible]

विचार कर रहे थे, कि उस बड़े काश्मीर
यात्रा से यह विचार बीच में ही रह गया कि

पण्डित गणपतिशर्मा, आर्यसमाज के
उन्हें कभी कभी सनातनी पण्डितों के सा
था, इस प्रकार के कई शास्त्रार्थ, मदार
धार और देवास आदि के सभापतित्व में

पण्डितजी में प्रतिभा और स्मरणशक्ति
से बिना किसी विशेष प्रकार की तय
निर्दिष्ट गहन विषयों पर, अव्याहतगति
और शास्त्रार्थ कर सकते थे।

स्वभाव के वे बहुत सरल और निरभि
दुरभिमानी जनों के, श्रीभारतेन्दु के शब्द
थे। चाहे कोई कितना ही बड़ा आदमी
श्रीमत्ता या लीडरी का प्रभाव डाल कर
तो वे बेतरह उसकी खबर लेते थे। प्राची
अपने विचारों के बड़े दृढ़ थे। समय के
बहनेवाले, प्राचीनता-विनिन्दक, नई रोश
उनकी अक्सर नहीं बनती थी। वह एक
वक्ता ब्राह्मण थे। आज कल सभासोसा
लोगों को प्रायः जिस विसर्प-रोग ने ग्रस्त
की लालसा' और 'शोहरत-पसन्दी' के
अपने नाम की धूम मचाने और डंका
ग्रामोफोन की तरह पेट में भरे हुए दो एक
कई लेक्चरार देखते देखते थोड़े ही दिनों
श्रीमान् बन बैठे, और वह वैसे के वैसे ही

कष्ट उठाया, पर आमरण अपने अयाचि
गुणासहिष्णु, प्रभुतात्रिय, लीडरम्मन्य दु

मनो

१

मनो धारयाशां सदा राघवस्य।
ततोऽन्यं नरं नैव संकीर्तय त्वम्।
पुराणानि वेदाश्च यं वर्णयन्ति।
नरः श्लाघ्यतामेति तद्वर्णनेन॥

२

मनो रामभक्तेः पथा यास्यसि त्वम्।
तदा श्रीहरिं प्राप्स्यसे सत्स्वभावा
जनैर्निन्दितं यत्त्वया तन्न कार्यम्।
नरैः श्लाघितं कर्म यत्नेन सेव्यम्

३

मनो दुःखजालं समस्तं विमुच्य।
तथा शोकचिन्तां विनाशैकमूले।
ततो देहबुद्धिं परित्यज्य दूरात्।
विदेहस्थितो सर्वदा सरमस्व॥

४

भवस्यास्य भीत्या मनः किं बिभेषि।
जहीमां धियं धैर्यमेवात्रलम्ब्य॥
प्रभौ रक्षके रामचन्द्रे शिरस्थे।
भयं किमु ते दण्डहस्तान्कृतान्तात्

५

मनो मास्तु ते क्रोधतः क्रोधसंगो।
मनो मास्तु कामो विरागस्य मूलम्

चि० टि० चि० सं० १
'बादामी गड़न' नामक रोग से दूषित होनेवाला निम्बू-निम्बू के
उसके रंग पर ध्यान देने से उपर्युक्त नाम सार्थ जान पड़ता है।

चि० टि० चि० सं० २
(क)
(ख)

A इस निम्बू-डाल से तोड़े हुए निम्बू का इसी चित्र की तरह हुए
निम्बू का ... नहीं हुआ; और इस कारण इसके ऊपर की ...
से किये हुए आधे निम्बू के चित्र से मालूम हो सकता है।

B ... की ... से पकाया हुआ निम्बू-हरे निम्बू का ...
नहीं है। निम्बू ... और कुछ ... है। चिरे हुए आधे
... की ... के ... का अनुमान हो सकता है।

निम्बू इत्यादि फल टिकाऊ कैसे किये जायँ ?

(२)

निम्बू का टिकाऊपन।

निम्बू के टिकाऊपन का प्रश्न बहुत ही कठिन है। क्योंकि टिकाऊपन' शब्द केवल निम्बू के एक दो गुणों का दर्शक नहीं है। साधारण लोग समझते हैं कि यदि निम्बू सड़ गये तो वे टिकाऊ नहीं, सूखकर उड़े तो वे टिकाऊ नहीं अथवा तोड़नेवाले की लापरवाही से खराब हुए तो भी वे टिकाऊ नहीं। अतएव लोगों की समझ के अनुसार ही हमें इस विषय का विचार करना चाहिए। कर इन चार जगहों में निम्बू के खराब होने की सम्भावना —१ बाग में रहते समय, २ निम्बू जमा रखने की जगह में—गोदाम में या शीतगृह में, ३ आने जाने में-रेल में या अन्य वाहनों में और ४ दूसरे गाँव के बाजार में या दुकान में।

१ बाग में निम्बू खराब होने के कारण।

बीमारी जीवाणुओं की बाग में एक बार प्रबलता हुई कि समझ लेना चाहिए कि अब निम्बू का बचना बहुत कठिन है। जीवाणु छोटी अवस्था (Shore) में ही निम्बू पर अपना जमाते हैं। बहुत समय तक तो ये अदृश्य स्वरूप में रहते हैं, दृष्टि में भी नहीं आते। फल एकत्रित कर रखने के बहुत बाद इनका उग्र स्वरूप प्रकट होता है। कभी कभी तो बिलकुल भिन्न निम्बू पर इनकी प्रजोत्पत्ति होती है और क्रमशः परिस्थिति प्राप्त होते ही ये लोग अपने परिवारसहित निम्बू पर आक्रमण उठाते हैं और फल वृक्ष में लगे ही लगे खराब होने लगते हैं। समय पर औषधिसिञ्चन (Spraying) और अन्य



निम्बू का बाग और निम्बू तोड़ने की रीति—निम्बू हाथ से तोड़ कर थैले में रखे जाते हैं। ये थैले ऐसे अच्छे बने होते हैं कि इनमें रखने जाने से फल खराब नहीं होते। हाथ जब उस स्थान पर नहीं पहुँचता तब सीढ़ियों पर चढ़ कर फल तोड़ते हैं, वृक्ष पर नहीं चढ़ते। (चि० नं० २)

उपाय करने से इन जीवाणुओं से बचाव हो सकता है। रोग यदि उग्र स्वरूप न होगा तो उक्त उपाय से अगला नुकसान न होगा। सभी जीवाणु एक जाति के नहीं होते; इस लिए उनसे रक्षा करने में भी भिन्न भिन्न उपाय करने पड़ते हैं। कालिफोर्निया में निम्बू … उन्हें (निम्बू का … "(Brown rot) … "पिथियासिस्टिस … है। इस 'बादामी … नुकसान हुआ; इस … न होगा। यह सन्तरा, मोसं निम्बू, निम्बू, इत्यादि फलों पर होता रहता है। … से अधिक हानि इसके कारण निम्बू ही की होती है। बन्द किए हुए कुल बकस में यदि एक भी रोगी फल होता है तो उसके … से सारे सन्दूक के फल खराब हो जाते हैं। जहां यह रोग … होता है वहां छोटी छोटी मक्खियां भी बहुत रहती हैं। सड़े फलों में वे अपनी प्रजोत्पत्ति (Breeding) करती रहती हैं। मक्खियां दूसरे अच्छे फलों की सन्दूकों में भी यह रोग फैलाती हैं। फलों में जब यह रोग बढ़ने लगता है तब उनमें एक भिन्न प्रकार की गंध आने लगती है। मक्खियों के झुंड और यह भिन्न गन्ध, इत्यादि चिन्ह निम्बू के उक्त रोग के दर्शक हैं। इस रोग के अणु (Spores) गीली जमीन पर रहते हैं। वहां से वे … वृक्ष की नीचली डालियों के फलों पर आकर धीरे धीरे … र जाते हैं। निम्बू पर आक्रमण होते ही यह रोग दृष्टि में नहीं आता; पर कुछ काल बाद, (चित्र नं० १ देखो) रंगीन पीले चित्र में जैसा कि दिखलाया गया है, उस पर बादामी दाग दीख पड़ने लगता है। रोगदूषित वृक्ष के नीचेवाली जमीन पर बिछौना-घास अथवा अन्य कोई आच्छादन- डालने से इस रोग का फैलाव वृक्ष पर बहुत नहीं होता; क्योंकि जीवाणु आच्छादन के नीचे पड़ जाते हैं और ऊपर नहीं आ सकते। इसके सिवाय, रोगपीड़ित वृक्ष के नीचे की जमीन को अच्छी तरह जोतना इस रोग के रोकने का दूसरा उपाय है। इससे जमीन में जलसंचय होता है और जीवाणु भी नीचे दब जाते हैं। यह दूसरा उपाय बागों के लिए उत्तम है; पर इसकी पूर्ण सफलता जोतनेवाले पर अवलम्बित है। सिर्फ ऊपर ही ऊपर जमीन जोत देने से कुछ बहुत लाभ नहीं हो सकता। इस रोग से बचने का तीसरा उपाय पृथ्वी पर लटकनेवाली डालियों का छेदन करना है। इस उपाय से निम्बू जमीन में रहने वाले जीवाणुओं का स्पर्श नहीं करता। जीवाणु का प्रत्यक्ष स्पर्श हुए बिना फल खराब नहीं होता। चौथा उपाय जमीन पर चना, मटर, इत्यादि प्रकार के अनाजों का बो देना है। इस उपाय से निम्बू के बगीचे में दूसरी लाभदायक फसल पैदा होगी और रोग से भी कुछ बचाव होगा। ये सब उपाय कैलिफोर्निया में किये गये हैं, और अनुभव हो जाने पर इनकी उपयुक्तता के विषय में कोई शंका नहीं रही है। भारत के निम्बू के बाग का रोग कदाचित् दूसरा होगा; तथापि अमेरिका के इस अनुभव से हमारे देशभाई उचित लाभ उठा सकते हैं।

एक ही वृक्ष के भिन्न भिन्न निम्बुओं का टिकाऊपन भी भिन्न भिन्न होता है। उत्तम, सतेज, और अच्छे आकार के निम्बू का टिकाऊपन

कैलिफोर्निया में निम्बू धोने का यंत्र-और पैकघरा के टेबल पर निम्बुओं को छाँट करके भिन्न भिन्न प्रकार के निम्बू भिन्न भिन्न सन्दूकों में रखने की रीति।

(चि० नं० ४)

भी अधिक रहता है और भद्दे, छोटे तथा सूर्यप्रकाश में बढ़े हुए या पके हुए निम्बू टिकाऊपन में भी खराब होते हैं। यह कैलिफोर्निया के लोगों का मत है। थोड़े ही अनुभव से उन्होंने यह मत बना लिया है, परन्तु इसको पुष्टि देनेवाला सप्रयोग प्रमाण अभी तक किसीने नहीं प्रकट किया। उपर्युक्त मत में यदि कोई सत्यांश है तो वह विभेदीकरण के नियम के कारण है। इस दृष्टि से निम्बू का टिकाऊपन, निम्बू की घटना (Structure) और रचना (Texture) पर अवलम्बित है; अतएव इन दोनों बातों का भिन्न भिन्न विचार करना ठीक होगा।

(१) निम्बू की छाल की घटना:—निम्बू की छाल, (त्वचा अथवा ऊपर का आवरण Rind) निम्बू के टिकाऊपन की दृष्टि से महत्व की है। यह सभी को मालूम है कि निम्बू की साधारण कच्ची अवस्था में इस आवरण का रंग हरा और पक्व अवस्था में पीला होता है। इसके सिवाय यह भी सबको मालूम होगा कि छाल के दाबने पर उससे निम्बू का तेल और अन्य द्रव पदार्थ बाहर निकल पड़ते हैं। इस तेल से निम्बू के टिकाऊपन में एक प्रकार की सहायता मिलती है। छाल के भीतरी ओर स्पंज की तरह मुलायम परन्तु सफेद रंग का जाल फैला हुआ देखा जाता है। यह जाल कुछ बहुत रोगप्रतिबन्धक नहीं होता, परन्तु छाल के ऊपर का पृष्ठभाग बहुत कुछ रोगप्रतिबन्धक है। छाल का बिलकुल बारीक टुकड़ा यदि छुरी से काट कर देखा जाय तो उसमें हरे अथवा पीले रासायनिक द्रव्य और तेल के बिन्दु पाये जायँगे। निम्बू की छाल के भीतरवाले तैलबिन्दुओं और रासायनिक द्रव्यों के कारण भीतर पानी का प्रवेश नहीं होता। परमेश्वर ने निम्बू की छाल में ऐसी

विचार कर रहे थे, कि उस बड़े काश्मीर यात्रा से यह विचार बीच में ही दबा गि

पण्डित मदनदत्तशर्मा, आर्यसमाज के उन्हें कभी कभी सनातनी पण्डितों के सा था, इस प्रकार के कई शास्त्रार्थ, मद्रा धार और देवास आदि के सभाभवनों में

पण्डितजी में प्रतिभा और स्मरणशक्ति से बिना किसी विशेष प्रकार की तय निर्दिष्ट गहन विषयों पर, अध्यात्मगति और शास्त्रार्थ कर सकते थे।

स्वभाव के वे बहुत सरल और निरभि दुरभिमानी जनों के, श्रीभारतेन्दु के शब्द थे। चाहे कोई कितना ही बड़ा आदमी ह श्रीमत्ता या लीडरी का प्रभाव डाल कर तो वे बेतरह उसकी खबर लेते थे। प्राचं अपने विचारों के बड़े दृढ़ थे। समय के बदलनेवाले, प्राचीनता विनिन्दक, नई रो उनकी अक्सर नहीं बनती थी। वह एक पक्का ब्राह्मण थे। आज कल सभासोसा लोगों को प्राय जिस विसर्प-रोग ने ग्रस की लालसा ' और ' शोहरत पसन्दी ' के अपने नाम की धूम मचाने और डंका ग्रामोफोन की तरह पेट में भरे हुए शेर पढ़ कई लेक्चरार देखते देखते थोड़े ही दिनों श्रीमान् बन बैठे, और वह वैसे के वैसे ही

कष्ट उठाया, पर आमरण अपने अयाचि गुणानुरागी, प्रभुताप्रिय, लीडरम्मन्य दु

म ने

१

मनो धारयाशो सदा राघवस्य।
ततोऽन्यं नरं नैव संकीर्तय त्वम्।
पुराणानि वेदाश्च यं वर्णयन्ति।
नरः श्रूयतामेति तद्वर्णनेन॥

२

मनो रामभक्तः यदा यास्यसि त्वम्।
तदा श्रीहरिं प्राप्स्यसे सत्स्वभावा
जनैर्निन्दितं यत्त्वया तन्न कार्यम्।
नरः श्लाघितं कर्म यत्नेन सेव्यम्

३

मनो दुःखजाले समस्तं विमुच्य।
तथा शोकचिन्तं विनाशैकमूले।
ततो देहबुद्धिं परित्यज्य दूरात्।
विदेहस्थितौ सर्वदा संरमस्व॥

४

भवस्यास्य भीत्या मनः किं बिभेषि।
जहीमां धियं धर्ममेवावलम्ब्य॥
प्रभौ रक्षके रामचन्द्रे स्थिरस्य।
भयं किन्नु ते दण्डहस्तान्कृतान्तात्

५

मनो मास्तु ते हेतवः कोपलेशो।
मनो मास्तु कामो विकारस्य मूलम्

नि० दि० चि० सं० १

' पाशामी सड़न ' नामक रोग से दूषित होनेवाला निम्बू-निम्बू के उसके रंग पर ध्यान देने से उपर्युक्त नाम सार्थ जान पड़ता है।



A



B

नि० दि० चि० सं० २

(अ)

